जैन वाङ्मय में धवल, जयधवल, *महाधवल* (*महाबन्ध*) इन सिद्धान्त ग्रन्थों का अत्यधिक सम्मान और श्रद्धापूर्वक नाम स्मरण किया जाता है। ये परम पूज्य शास्त्र मूडबिद्री, दक्षिण कर्णाटक के सिद्धान्त मन्दिर के शास्त्रभण्डार को समलंकृत करते हैं। इन ग्रन्थरत्नों के प्रभाववश सम्पूर्ण भारत के जैन बन्धु मूडबिद्री को विशेष पूज्य तीर्थस्थल सदृश समझ वहाँ की वन्दना को अपना विशिष्ट सौभाग्य मानते हैं, और वहाँ जाकर इन शास्त्रों के दर्शनमात्र से अपने को कृतार्थ मानते हैं। भगवद्भक्त जिस ममत्व, श्रद्धा तथा प्रेमभाव से पावापुरी, चम्पापुरी सम्मेदशिखर, राजगिरि आदि तीर्थस्थलों की वन्दना करते हैं, प्रायः उसी प्रकार की समुज्ज्वल भावनाओं सहित उत्तर भारत के श्रुतभक्त श्रावक तथा श्राविकाएँ दक्षिण भारत के पश्चिम कोण में मंगलूर बन्दर के पार्श्ववर्ती मूडबिद्री की वन्दना करते हैं। उसे वे श्रुतदेवता की भूमि सोचते हैं। जिन व्यक्तियों को सिद्धान्त ग्रन्थों के कारण पूज्य मानी गयी मूडबिद्री को जाने का सौभाग्य नहीं मिला, वे उक्त स्थल की परोक्षवन्दना करते हुए उस सुअवसर की बाट जोहा करते हैं कि, वे कब वहाँ पहुँचकर अपने चक्षुओं को सफल कर सकें।

कहते हैं, ये सिद्धान्तशास्त्र पहले जैनबद्री—श्रमणवेलगोला के महनीय ग्रन्थागार को अलंकृत करते थे। पश्चात् ये ग्रन्थ मूडबिद्री पहुँचे। इन ग्रन्थों की प्रतिलिपि भारतवर्ष-भर में अन्यत्र कहीं भी नहीं थी। इन शास्त्रों का प्रमेय क्या है, यह किसी को भी पता नहीं था। बहुत लोग तो यह सोचते थे कि इन शास्त्रों में आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कार सदृश चमत्कारप्रद एवं भौतिक आनन्दवर्धक सामग्री-निर्माण का वर्णन किया गया होगा। हवाई जहाज, रेडियो, टेलीफोन, ग्रामोफोन, सोना बनाना आदि सब कुछ इन शास्त्रों में होंगे। इस काल्पनिक महत्ता के कारण साधारण व्यक्ति भी श्रुतदेवता की वन्दना को सोत्कण्ठ सन्नद्ध रहते थे।

दुर्लभ दर्शन

ये ग्रन्थ अपनी महत्ता, अपूर्वता तथा विशेष पूज्यता के कारण बड़े आदर के साथ निधि अथवा रत्नराशि के समान सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखे जाते थे। जिस प्रकार विशेष भेंट लेकर भक्त गुरु के समीप जाता है, उसी प्रकार वन्दक व्यक्ति भी यथाशक्ति उचित द्रव्य-अर्पण करके ग्रन्थराज की वन्दना करता था। शास्त्रभण्डार खुलवाने के लिए द्रव्यार्पण आवश्यक था। सिद्धान्त मन्दिर मूडबिद्री के व्यवस्थापक लोग ही शास्त्रों पर अपना स्वत्व समझते थे, उनकी ही कृपा के फलस्वरूप दर्शन हुआ करते थे। शास्त्रों की एकमात्र प्रति पुरानी (हळेकन्नड) कनड़ी लिपि में थी, अतः उस लिपि से सुपरिचित तथा प्राकृत भाषा का परिज्ञाता हुए बिना ग्रन्थ का यथार्थ रस लेने तथा देनेवाला कोई भी समर्थ व्यक्ति ज्ञात न था। ग्रन्थ को उठाकर दर्शन करा देना और चोरों से या बाधकों से शास्त्रों को बचाना, इतना ही कार्य व्यवस्थापक करते थे। इसका फल यह हुआ कि अत्यन्त जीर्ण तथा शिथिल ताड़पत्र पर लिखे ग्रन्थों की पुनः प्रतिलिपि कराकर सुरक्षा की ओर ध्यान न गया, इससे दुर्भाग्यवश *'महाधवल'-'महाबन्ध'* के लगभग तीन, चार हजार श्लोक नष्ट हो गये; किन्तु इसका पता किसी को भी नहीं हुआ।

जैन कुलभूषण श्रावकरत्न स्व. सेठ माणिकचन्दजी जे.पी. बम्बई से सन् १८८३ में वन्दनार्थ मूडबिद्री पहुँचे। वे एक विचारक दानी श्रीमान् थे। शास्त्रों का दर्शन करते समय उनकी भावना हुई कि ग्रन्थ को किसी विद्वान् से पढ़वाकर सुनना चाहिए, किन्तु योग्य अभ्यासी के अभाववश उस समय उनकी कामना पूर्ण न हो पायी। उनके चित्त में यह बात उत्कीर्ण-सी हो गयी कि किसी भी तरह इन शास्त्रों का उद्धार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करके जगत् के समक्ष यह निधि अवश्य आनी चाहिए। तीर्थयात्रा से लौटते हुए उक्त सेठजी ने अपने हृदय की सारी बातें अपने अत्यन्त स्नेही सेठ हीराचन्द नेमचन्दजी सोलापुरवालों को सुनायीं। सेठ हीराचन्दजी के अन्तः करण में दक्षिणयात्रा की बलवती इच्छा हुई। अतः आगामी वर्ष वे मूडबिद्री के लिए रवाना हो गये। ब्रह्मसूरि शास्त्री नामक प्रकाण्ड जैन विद्वान् जैनबद्री (श्रमणवेलगोला) में रहते थे। वे इन शास्त्रों को बाँचकर समझा सकते थे। अतः सेठ हीराचन्द जी ने उक्त शास्त्रीजी को जैनबद्री से अपने साथ ले लिया था। जब ग्रन्थों का मंगलाचरण पढ़कर उनका अर्थ सुनाया गया, तब श्रोतृमण्डली को इतना आनन्द मिला कि उसका वाणी के द्वारा वर्णन नहीं किया जा सकता, कारण उन्हें साक्षात् जिनेन्द्र के वचनामृत के रसपान का सौभाग्य मिला।

प्रतिलिपि का संरम्भ

प्रवास से लौटने पर सेठ हीराचन्दजी के चित्त में ग्रन्थों की प्रतिलिपि कराने की इच्छा हुई, किन्तु लौकिक कार्यों में संलग्नता के कारण बहुत समय व्यतीत हो गया और मन की बात कृतिका रूप धारण न कर सकी। इस बीच में धनकुबेर सेठ नेमीचन्दजी सोनी (अजमेर) पं. गोपालदासजी वरैया को साथ लेकर तीर्थयात्रार्थ निकले और मूडबिद्री पहुँचे। उनके प्रभाव तथा सत्प्रयत्न से स्थानीय व्यवस्थापक पंचमण्डली ने पं. ब्रह्मसूरि शास्त्री के द्वारा देवनागरी लिपि में प्रतिलिपि कराने की स्वीकृति प्रदान की। अत्यन्त मन्दगति से कार्य प्रारम्भ किया गया और थोड़ी नकल मात्र हो पायी कि अन्तराय कर्म ने विघ्न उत्पन्न कर दिया।

सेठ हीराचन्दजी के प्रयत्न से प्रतिलिपि निमित्त लगभग चौदह हजार रुपयों की समाज-द्वारा सहायता की व्यवस्था हुई। अतः ब्रह्मसूरि शास्त्री के साथ गजपति उपाध्याय महाशय मिरजनिवासी के द्वारा पूर्वोक्त स्थगित कार्य पुनः चालू हुआ। कुछ काल व्यतीत होने पर दुर्भाग्य से ब्रह्मसूरि शास्त्री का स्वर्गवास हो गया। अतः पं. गजपतिजी ही कार्य करते रहे। धवला और जयधवला टीकाओं की नकल लगभग १६ वर्षों में पूर्ण हो पायी। इस बीच में श्रीदेवराज सेट्टि, शान्तप्पा उपाध्याय और ब्रह्मराज इन्द्र ने कनड़ी भाषा में एक प्रतिलिपि कर ली।

देवनागरी में प्रतिलिपि

इधर गजपति उपाध्याय मूडबिद्री के सिद्धान्त मन्दिर में विराजमान करने के लिए देवनागरी लिपि में प्रतिलिपि करते थे, उधर गुप्त रूप से अपनी विदुषी धर्मपत्नी लक्ष्मीबाई के सहयोग से कनड़ी में भी एक प्रतिलिपि तैयार कर ली, जिसका किसी को रहस्य अवगत न था। वह प्रति उपाध्यायजी ने विशेष पुरस्कार लेकर परमधार्मिक स्वर्गीय लाला जम्बूप्रसादजी रईस (सहारनपुर) को प्रदान की। उन्होंने पं. विजय चन्द्रय्या और पं. सीताराम शास्त्री के द्वारा उस कनड़ी प्रतिलिपि से देवनागरी में जो प्रतिलिपि लिखवायी, उसमें सात वर्ष का समय व्यतीत हुआ। पं. विजयचन्द्रय्या से कनड़ी प्रति बँचवाकर सीताराम शास्त्री नकल करते थे। शीघ्र कार्य निमित्त सीतारामजी साधारण कागज पर पहले लिख लेते थे, पीछे लाला जम्बूप्रसादजी के भण्डार के लिए नकल करते थे। सीताराम शास्त्री ने अपने पास के साधारण कागज पर लिखी गयी नकल पर से अन्य प्रतिलिपि की। उसके आधार पर अन्य प्रतियाँ लिखाकर आरा, सागर, सिवनी, दिल्ली, बम्बई, कारंजा, इन्दौर, ब्यावर, अजमेर, झालरापाटन आदि स्थानों में पहुँचायी गयीं। इससे जयधवल और धवल शास्त्रों के दर्शन तथा स्वाध्याय का सौभाग्य अनेक व्यक्तियों को प्राप्त होने लगा।

'महाबन्ध' पर विशेष प्रतिबन्ध

मूडबिद्रीवालों को अन्धकार में रखकर जिस ढंग से पूर्वोक्त दो सिद्धान्त शास्त्र मूडबिद्री से बाहर गये और उनका प्रचार किया गया, उससे मूडबिद्री के पंचों के हृदय को बड़ा आघात पहुँचा। मूडबिद्री की विभूति के अन्यत्र चले जाने से मूडबिद्री के प्रति आकर्षण कम हो जाएगा, यह बात भी उनके चित्त में अवश्य रही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होगी, इस कारण अब उन्होंने *'महाधवल'– 'महाबन्ध'* की प्रतिलिपि के विषय में पूर्ण सतर्कता से कार्य लिया। 'दूधका जला छाँछ को भी फूँककर पीता है,' इस कहावत के अनुसार उन्होंने *'महाबन्ध'* को शास्त्र भण्डार में इतना अधिक सुरक्षित कर दिया कि भेंट देनेवाले व्यक्ति भी *'महाबन्ध'* के स्थान में अनेक बार अन्य शास्त्र का दर्शन कर अपने मन को काल्पनिक सन्तोष प्रदान करते थे कि हमने भी *'महाधवल'*जी आदि की वन्दना कर ली। अब जब *'महाबन्ध'* का यथार्थ दर्शन कठिन हो गया, तब प्रतिलिपि की उपलब्धि की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

प्रतिलिपि में समय

सेठ हीराचन्दजी के सत्प्रयत्न से *'महाबन्ध'* की देवनागरी प्रतिलिपि का कार्य पं. लोकनाथजी शास्त्री मूडबिद्री के ग्रन्थागार के लिए करते जाते थे। यह कार्य सन् १९१८ से १९२२ पर्यन्त चला। इसी बीच में पं. नेमिराजजी ने इसकी कनड़ी प्रतिलिपि भी बना ली। तीनों सिद्धान्त ग्रन्थों की प्रतिलिपि कराने में लगभग बीस हजार रुपये खर्च हुए और छब्बीस वर्ष का लम्बा समय लगा।

तीनों ग्रन्थों की देवनागरी तथा कनड़ी प्रतिलिपि के हो जाने से अब सुरक्षण सम्बन्धी चिन्ता दूर हो गयी, केवल एक ही जटिल समस्या श्रुतभक्त समाज के समक्ष सुलझाने को थी कि *'महाबन्ध'* को बन्धनमुक्त करके किस प्रकार उस ज्ञाननिधि के द्वारा जगत् का कल्याण किया जाए? इस कार्य में महान् प्रयत्नशील सेठ माणिकचन्दजी (बम्बई) तथा सेठ हीराचन्दजी (सोलापुर) सफल मनोरथ होने के पूर्व ही स्वर्गीय निधि बन गये।

जैन महासभा का उद्योग

दिगम्बर जैन महासभा ने इस विषय में एक प्रस्ताव पास करके प्रयत्न किया, किन्तु वह अरण्यरोदन रहा। महासभा का एक वार्षिक उत्सव सन् १९३६ में इन्दौर में रावराजा दानवीर श्रीमन्त सर सेठ हुकमचन्दजी की जुबली के अवसर पर हुआ। वहाँ *'महाबन्ध'* के विषय में हमने प्रस्ताव पेश करने का प्रयत्न किया, तो महासभा के अनेक अनुभवी व्यक्तियों ने यह कहकर विरोध किया कि यह अनावश्यक है, क्योंकि वह ग्रन्थ मूडबिद्री की समाज देने को बिलकुल तैयार नहीं है। विशेष श्रम करने पर सौभाग्य से पुनः प्रस्ताव पास हुआ और उसमें प्राण-प्रतिष्ठा निमित्त एक उपसमिति का निर्माण हुआ। उसके संयोजक जिनवाणी भूषण धर्मवीर सेठ रावजी सखारामजी दोशी बनाये गये। लेखक भी उसका अन्यतम सदस्य था। सेठ रावजी भाई ने दो बार मूडबिद्री का लम्बा प्रवास करके एवं हजारों रुपया भेंट करने का अभिवचन देकर भी सफलता निमित्त प्रयास किया, किन्तु दुर्भाग्यवश मनोरथ पूर्ण न हो पाया। कुछ ऐसी बातें उत्पन्न हो गयीं, जिन्होंने परस्पर के मधुर सम्बन्धों में भी शैथिल्य उत्पन्न कर दिया। *'महाबन्ध'* उपसमिति के समक्ष यहाँ तक विचार आने लगा कि जिनवाणी माता की रक्षा निमित्त व्यक्तिगत अनुनय-विनय का मार्ग छोड़कर अब न्यायालय का आश्रय लेना चाहिए। किन्हीं व्यक्तियों के विचित्र ग्रन्थ-मोह की पूर्ति निमित्त विश्व की अनुपम निधि को अब अधिक समय तक बन्धन में नहीं रखा जा सकता।

न्यायालय के द्वार खटखटाने के विचार पर हमारी आत्मा ने सहमति नहीं दी। सहसा हृदय में यह भाव उदित हुए कि अदालत के द्वार पर मूडबिद्रीवालों को घसीटकर कष्ट देना योग्य नहीं है, कारण इनके ही विवेकी, धर्मात्मा तथा चतुर पूर्वजों के प्रयत्न और पुरुषार्थ के प्रसाद से ग्रन्थराज अब तक विद्यमान हैं, और अब भी वे यथामति उनकी सेवा कर ही रहे हैं। उनकी श्रुत-भक्ति तथा सेवा के प्रति कृतज्ञतावश हमारा मस्तक नम्र हो जाता है। यदि हम पुनः उनसे सस्नेह अनुरोध करेंगे और अपनी सद्भावनापूर्ण बात समझाएँगे, तो वे लोग अवश्य हमारी हृदय की ध्वनि को ध्यान से सुनेंगे। न मालूम क्यों, हृदय बार-बार यह कहता था कि प्रेम-पूर्ण प्रयत्न के पथ में ही सफलता है। यह सूक्ति महत्त्वपूर्ण है: "मृदुना दारुणं हन्ति, मृदुना हन्त्यदारुणम्। नासाध्यः मृदुना किञ्चित्, तस्मात् तीक्ष्णतरं मृदुः॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जटिल समस्या

कुछ समय के बाद पुरुषार्थ धर्मवीर सेठ रावजी भाई का स्वर्गवास हो गया। इससे आत्मा बहुत व्यथित हुई। हमने सोचा—भगवन्! अब यह *'महाबन्ध'* की प्राप्ति की अत्यन्त कठिन तथा जटिल समस्या कब तक और कैसे सुलझती है?

सुदैव से ग्रन्थराज की प्रतिलिपि प्राप्ति के मार्ग की बाधाओं का अभाव होना तथा अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण आरम्भ हुआ।

नवीन परिस्थिति

सन् १९३९ की बात है। श्रमणवेलगोला में १००८ भगवान् बाहुबलिस्वामी की भुवनमोहिनी, वैश्वातिशायिनी दिव्य मूर्ति के महाभिषेक की पुण्यवेला आयी। किन्तु मैसूर प्रान्त में स्व. सेठ एम. एल. वर्धमानैय्या सदृश कार्यकुशल, प्रभावशाली, उदार तथा समर्थ नेता के अभाव होने से आदरणीय भट्टारक श्री चारुकीर्ति पण्डिताचार्य (पूर्व में जो ब्र. नेमिसागरजी वर्णी के रूप में विख्यात थे) महाराज श्रमणवेलगोला तथा उनके सहयोगी महानुभाव, अन्तरायों की अपरिमित राशि देख सचिन्त थे, और गोम्मटेश्वर स्वामी से पुनः-पुनः प्रार्थना करते थे—'देवाधिदेव, आपके चरणों के प्रसाद से यह मंगलकार्य सम्यक् प्रकार सम्पन्न हो, कोई भी विघ्न नहीं आने पाए।'

उस समय दिगम्बर जैन महासभा के मुखपत्र जैन गजट के सम्पादक तथा अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन राजनीतिक स्वत्वरक्षक समिति के मन्त्री के रूप में हमने यथाशक्ति महाभिषेक की सफलता निमित्त पत्र-द्वारा आन्दोलन किया, विघ्नकारियों का तीव्र प्रतिवाद किया तथा मैसूर राज्य के दीवान सा. सर मिर्जा स्माइल आदि उच्च अधिकारियों से पत्र व्यवहार द्वारा अनुरोध किया। उस समय हमारे लेखों आदि का कनड़ी अनुवाद मैसूर राज्य के आस्थान महाविद्वान् पं. शान्तिराजजी शास्त्री के कनड़ी पत्र *'विवेकाभ्युदय'* में छपता था। इस कारण कर्णाटक प्रान्तीय जैन बन्धुओं से हमारा आन्तरिक स्नेह-सम्बन्ध सहज ही स्थापित हो गया। यही स्नेह आगे सफलता में प्रमुख हेतु बना।

महाभिषेक-महोत्सव का पुण्य अवसर आया। लाखों वन्दक विश्ववन्दनीय विभूति की वन्दना द्वारा जीवन सफल करने के लिए भारतवर्ष के कोने-कोने से आये। उस महाभिषेक के अपूर्व तथा दिव्य समारोह को कौन भूल सकता है? बड़े सौभाग्य से हम भी अपने पूज्य पिता श्री सिंघई कुँवरसेनजी आदि के साथ वहाँ पहुँचे। जब भट्टारकजी से मिलने गये, तब उनके समीप उस प्रान्त के प्रमुख जैन बन्धु बैठे हुए थे। वहाँ स्वामीजी ने (भट्टारक महाराज का बड़ा प्रभाव तथा सम्मान है। मैसूर महाराज भी उनकी बड़ी प्रतिष्ठा करते हैं, उनको वहाँ स्वामीजी कहते हैं।) हमारे प्रति प्रगाढ़ प्रेम प्रकट किया। उन्होंने बड़े गौरवपूर्ण शब्दों द्वारा लोगों को हमारा परिचय देते हुए इस महाभिषेक को सम्पन्न कराने का विशेष श्रेय हमें प्रदान किया

हम चकित हो गये। महाराज से कहा—"हमने क्या कार्य किया, जिसका आप इतना उल्लेख कर रहे हैं। हमारा इतना पुण्य नहीं है। गोम्मटेश्वर स्वामी के चरणों के प्रति भक्तिवश कुछ सेवा बन गयी, उसे अधिक मूल्यवान् बताना आपकी ही महत्ता है।" स्वामीजी ने अपनी कर्णाटकी ध्वनि (tone) में कहा है, "क्या आपकी स्तुति करके हमें कुछ प्राप्त करना है, जो हम यहाँ अतिशयोक्तिपूर्ण बात कहते ?" हमें चुप हो जाना पड़ा।

वहाँ से चलते समय स्वामीजी ने हृदय से मंगल आशीर्वाद दिया और 'फलेन फलमालभेत्'—इन फलों के द्वारा तुम्हें महाफल मिले—कहते हुए कुछ पक्व फल हमें दिये। वह पर्व का दिन था। हमारे हाथों में फलों को देखकर एक शास्त्रीजी ने व्यंग्य में कहा—"क्या अँगरेजी की शिक्षा ने आपकी प्रवृत्ति बदल तो नहीं दी?" हमने भट्टारकजी से फल-प्राप्ति की बात सुनायी, तो वे बोल उठे—"आप खूब मिले, और लोग तो भट्टारकजी को फल चढ़ाते हैं, भेंट देते हैं और भट्टारकजी आपको देते हैं।" हँसते हुए हम अपने स्थान पर आ गये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यवस्थापकों से मधुर सम्बन्ध-निर्माण

महाभिषेक बड़े वैभव और अपूर्व आनन्दपूर्वक सम्पन्न हुआ। अभिषेक के कलशों की बोली से प्राप्त रकम मैसूर स्टेट के अधिकारियों के पास जमा हो गयी। किन्तु बहुत-से धर्मबन्धु अपने धन को अपने ही अधिकार में रखने की बात सोचते थे। अर्थ-व्यवस्था निमित्त रावराजा श्रीमन्त सर सेठ हुकमचन्दजी के स्थान पर एक बैठक हुई। उसमें कर्णाटक प्रान्त के महान् प्रभावशाली व्यक्ति श्री डी. मंजैय्या हेगड़े, बी.ए., धर्मस्थल तथा उस प्रान्त के विशेष श्रीमन्त राजवंशीय श्रीरघुचन्द्रबल्लाल, मेंगलोर भी शामिल हुए थे। वह मीटिंग उक्त दोनों महानुभावों के साथ हमारे स्निग्ध सम्बन्धों के स्थापन तथा संवर्धन में कारण बनी। यहाँ यह लिख देना उचित होगा कि *'महाबन्ध'* के व्यवस्थापकों में उन लोगों का प्रमुख स्थान था, इसलिए उनके साथ का परिचय तथा मैत्री सम्बन्ध भावी सफलता के मार्ग के लिए अनुकूलता को सूचित करते थे।

महाभिषेक-महोत्सव पूर्ण होने के पश्चात् मूडबिद्री, कार्कल आदि की वन्दना निमित्त हम पिताजी के साथ मेंगलोर पहुँचे। वहाँ माननीय श्रीबल्लाल महाशय से अकस्मात् भेंट हो गयी। प्रसंगवश हमने उनसे कहा—"पहले तो आपके बल्लाल वंश ने दक्षिण भारत में राज्य किया था। आपको भी उस वंश की प्रतिष्ठा के अनुरूप अपूर्व कार्य करना चाहिए। देखिए, आपके यहाँ मूडबिद्री के शास्त्रभण्डार में संसार की अपूर्व विभूति *'महाबन्ध'* शास्त्र है। इसका उद्धार कार्य करने से विश्व आपका आभार मानेगा।" इसके अनन्तर कुछ और भी धार्मिक बातें हुईं। शायद वे उन्हें पसन्द आयीं। उन्होंने हमसे कहा—"हम मूडबिद्री में आपका भाषण कराना चाहते हैं, क्या आप बोलेंगे?" हमने विनोदपूर्वक कहा—"जब भी आप भाषण के लिए कहेंगे, तब ही हम बोलने को तैयार हैं, किन्तु इसके बदले में आपको *'महाबन्ध'* शास्त्र देना होगा।" वे हँसने लगे।

सक्रिय उद्योग

हम मूडबिद्री पहुँचे। वहाँ जैन नरेशों के औदार्य तथा भक्तिवश निर्माण कराये गये त्रिलोकचूड़ामणि चैत्यालय (चन्द्रनाथवसदि) की भव्यता तथा विशालता को देख बड़ा आनन्द आया। उस मन्दिर में अफ्रीका के कारीगरों ने आकर प्राचीन समय में शिल्प का कार्य किया था। हमें बताया गया कि पहले जैनियों की वहाँ बहुत समृद्धिपूर्ण स्थिति थी। बड़े-बड़े जहाजों के वे अधिपति थे। उनसे वे विदेश जाकर रत्नों का व्यापार करते थे और श्रेष्ठ वस्तु जिनशासन के उपयोग में लाते थे। इस प्रकार वहाँ की अमूल्य अपूर्व मूर्तियाँ बनायी गयी थीं। पुरातन जैन वैभव की चर्चा सुन-सुनकर हृदय हर्षित हो रहा था। उस समय वयोवृद्ध परमधार्मिक श्री नागराज श्रेष्ठी से भेंट हुई। उन्होंने बड़ा स्नेह व्यक्त किया। हमने विनीत भाव से कहा—"बड़ी दया हो, यदि इस बार के महाभिषेक की स्मृति में आप लोग *'महाबन्ध'* की प्रतिलिपि करने की अनुज्ञा दे दें। आपके पूर्वजों का ही पुण्य था जो रत्नराशि से भी अधिक मूल्यवान् इस ग्रन्थरत्न की अब तक रक्षा हुई।" हमारी बात सुनकर उन्होंने कहा—"प्रयत्न करो, आपको ग्रन्थ मिल जाएगा।" हमने कहा, "आपके आशीर्वाद और कृपा द्वारा ही यह कठिन कार्य सम्भव हो सकता है।" उन्होंने हमें उत्साहित करते हुए कहा—"अगर आप मंजैय्या हेगड़े तथा रघुचन्द्र बल्लाल को यहाँ ला सकें, तो सरलता से काम बन जाएगा। उन लोगों का यहाँ की समाज पर विशेष प्रभाव है। हेगड़ेजी का प्रभाव तो असाधारण है।" अतः दूसरे दिन सबेरे हम अपने छोटे भाई चिरंजीव (प्रोफेसर) सुशीलकुमार दिवाकर (बी. काम., एम. ए., एल-एल. बी.) को तथा ब्र. फतेहचन्दजी परवारभूषण नागपुरवालों को साथ लेकर धर्मस्थल गये तथा श्री मंजैय्या हेगड़े से मूडबिद्री चलने का अनुरोध किया। बड़े आग्रह करने पर उन्होंने हमारा निवेदन स्वीकार किया। धर्मस्थल में धर्ममूर्ति हेगड़ेजी के वैभव, प्रभाव तथा पुण्य को देखकर आनन्द हुआ।

धर्मस्थल से वापस होते समय हम वेणूर की बाहुबलि स्वामी की विशाल तथा उच्च कलापूर्ण मूर्ति के दर्शनार्थ ठहरे। वहाँ सौभाग्य से दानवीर रावराजा श्रीमन्त सर सेठ हुकमचन्दजी से भेंट हो गयी। हमने उन्हें सिद्धान्तशास्त्र सम्बन्धी चर्चा सुनाकर सन्ध्या के समय मूडबिद्री पहुँचने का अनुरोध किया और अपने स्थान पर वापस आये। पश्चात् हम श्रीमन्त बल्लाल महोदय से मिलने मैंगलोर पहुँचे। उन्होंने पूछा—"कैसे आये?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हमने विनोदपूर्वक कहा—"उस दिन आपने कहा था कि मूडबिद्री में हम आपका व्याख्यान कराना चाहते हैं। आप अबतक नहीं आये। हमें अपने देश वापस जल्दी जाना है, इससे आपको लेने आये हैं कि आज सन्ध्या को हमारा व्याख्यान सुन लें।" वे मुस्करा पड़े। अनन्तर हमने सब कथा उनको सुनाकर शीघ्र चलने की प्रेरणा की। वे सहर्ष तैयार हो गये। उनकी मोटर में उनके साथ हम मूडबिद्री के लिए रवाना हुए। मार्ग में हमने सब विषय उनके समक्ष स्पष्ट किया, तो उन्हें अपनी स्वीकृति प्रदान करने में विलम्ब न लगा। उन्होंने अपार प्रेम दिखाया।

मूडबिद्री वापस आने पर हमें श्री हेगड़ेजी और सर सेठ हुकमचन्दजी मिल गये। रात्रि को पूर्वोक्त त्रिलोकचूड़ामणि चैत्यालय-चन्द्रनाथवसदि के प्रांगण में सर सेठ हुकमचन्दजी की अध्यक्षता में एक सभा बुलायी गयी। अनेक प्रतिष्ठित महानुभाव पधारे थे। मूडबिद्री मठ के अधिपति आदरणीय भट्टारकजी चारुकीर्ति पण्डिताचार्य स्वामी भी उस सभा में आये थे। हमने *'महाबन्ध'*-सम्बन्धी चर्चा प्रारम्भ की, उस समय ज्ञात हुआ कि मूडबिद्री सिद्धान्त शास्त्रमन्दिर के ट्रस्टी वर्ग तथा पंच महानुभावों के चित्त में इस बात की गहरी ठेस लगी कि एक जैन पत्र में यह वृत्तान्त प्रकाशित किया गया था कि *'महाबन्ध'* शास्त्र न देने में मूडबिद्रीवालों का व्यक्तिगत स्वार्थ कारण है। वे शास्त्र-विक्रय (Traffic in literature) करके लाभ उठाना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में भ्रमनिवारण किया गया कि जिन लोगों के पूर्वजों ने त्रिलोकचूड़ामणि चैत्यालय-जैसा विशाल जिन मन्दिर बनवाया, धर्मसेवा के उज्ज्वल कार्य निःस्वार्थ भाव से सम्पन्न किये, उनके विषय में दूषित कल्पना करना तथा मिथ्या प्रचार करना ठीक नहीं है।

मूडबिद्री में भाषण

इसके पश्चात् हमने अपने भाषण में मूडबिद्री के प्राचीन पुरुषों एवं वर्तमान धर्मपरायण समाज के प्रति आन्तरिक अनुराग तथा आदर का भाव व्यक्त करते हुए कहा—"जब लोग धार्मिक अत्याचार करते थे, उस संकट के युग में जिन्होंने शास्त्रों को छिपाकर श्रुत की रक्षा की, उनके प्रति हम हार्दिक श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं। किन्तु जगत् में बड़ा परिवर्तन हो गया। लोग ज्ञानामृत के पिपासु हैं। भूतबलिस्वामी ने जगत् के कल्याण निमित्त महान् कष्ट उठाकर इतना बड़ा और अत्यन्त गम्भीर शास्त्र बनाया। उसके प्रकाश में आने पर जगत् में ग्रन्थकर्ता की कीर्ति व्याप्त होगी तथा मुमुक्षुगण अपना हित सम्पन्न करेंगे। पूज्य पुरुषों की निर्मल कीर्ति का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। सोमदेवसूरि ने बताया है—'यशोवधः प्राणिवधात् गरीयान्' प्राणिघात की अपेक्षा यश का घात करना गुरुतर दोष है, कारण यशोवध-द्वारा कल्पान्तस्थायी यशःशरीर का नाश होता है। भूतबलिस्वामी के साहित्य को छिपाने से उनके प्राणघात से भी बढ़कर दोष प्राप्त होता है। भूतबलिस्वामी ने विश्वकल्याण के लिए यह रचना की थी। इस अमूल्य कृति का क्या उन्होंने कुछ मूल्य रखा था? हमारी भक्ति का अर्थ है—श्रुत का संरक्षण तथा सुप्रचार। उसे बन्धन में रखकर दीमक आदि द्वारा नष्ट होते देखना कभी भी श्रुतभक्ति नहीं कही जा सकती।" इतने में किसी ने कहा—"हमारे यहाँ लोग गरीब हैं, उनकी सहायतार्थ द्रव्य आवश्यक है"। इसे सुनते ही हमने कहा—"इन वाक्यों को सुनकर मुझे बहुत दुःख हुआ कि हमारे दक्षिण के कोई-कोई बन्धु अपने को गरीब समझ रहे हैं। जिनके पास भगवान् गोम्मटेश्वर-जैसी अनुपम प्रभावशाली मूर्ति है, क्या वे गरीब हैं? जिनके पास बहुमूल्य तथा अपूर्व जिनबिम्ब विद्यमान हैं, वे क्या गरीब हैं? जिनके पास धवल, *'महाधवल'* सदृश श्रेष्ठ ग्रन्थराज हैं, वे भी क्या गरीब हैं? यदि इसे ही गरीबी कहा जाता है, तो हम ऐसी गरीबी का अभिनन्दन करते हैं, अभिवन्दन करते हैं। लीजिए भौतिक संसार की समृद्धि को और हमें यह गरीबी दे दीजिए।" हमने यह भी कहा—"बताइए, इन ग्रन्थों का आपने क्या मूल्य रखा है? रुपयों का मूल्य तो जाने दीजिए, हम तो जीवन-निधि तक अर्पण कर इस आगम-निधि को लेने आये हैं। बताइए, इससे भी अधिक और मूल्य आपको क्या चाहिए? हम जानते हैं, *'महाबन्ध'* सदृश श्रुत की रक्षा निमित्त हमारे सदृश सैकड़ों व्यक्तियों का जीवन नगण्य है। लोग राष्ट्रप्रेम के कारण जीवन-उत्सर्ग करते हैं, तो सकल सन्तापहारी श्रुतरक्षार्थ जीवन अर्पण करने में क्या भीति है? कहिए, ग्रन्थ के लिए आप और क्या मूल्य चाहते हैं?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वीकृति

इस पर विवेकमूर्ति परम सज्जन श्री मंजैय्या हेगड़े ने द्रवित होकर कहा "You have given us more than we wanted—जो कुछ हम चाहते थे, उससे अधिक मूल्य आपने दे दिया। श्री हेगड़ेजी की अनुकूलता होने पर आदरणीय भट्टारक महाराज, श्री बल्लाल आदि सबने स्वीकृति प्रदान कर दी। हमारे पूज्य बड़े भाई सिंघई अमृतलालजी ने हमसे कहा—"यह महान् कार्य है। परिणामों में परिवर्तन का पदार्पण होते विलम्ब नहीं लगता, अतः लिखित स्वीकृति आवश्यक है। वह सर्व आशंकाओं को दूर कर देगी। हमने सब समाज से विनय की—"आज आप लोगों ने *'महाधवल'* जी की बिना मूल्य प्रतिलिपि प्रदान करने की पवित्र स्वीकृति दी है। समाचार पत्रों में प्रामाणिकता पूर्वक समाचार प्रकाशित करने के लिए आप लोगों की लिखित स्वीकृति महत्त्वपूर्ण होगी, और लोगों को तनिक भी सन्देह नहीं रहेगा।" सबका हृदय पूर्णतया पवित्र था। स्वीकृति अन्तःकरण से दी गयी थी, अतः प्रमुख पुरुषों ने सहर्ष शीघ्र हस्ताक्षर करके स्वीकृतिपत्रक हमें दिया। उसे पा हमने अपने को धन्य तथा कृतार्थ समझा। इस कार्य को सम्पन्न करने में हमें अपने पूज्य पिताजी (सिंघई कुँवरसेनजी) से विशिष्ट पथ-प्रदर्शन प्राप्त हुआ था, कारण वे महान् शास्त्रज्ञ, लोक-व्यवहार-प्रवीण एवं अपूर्व कार्यकुशलता सम्पन्न थे। उनका प्रभाव भी कार्य सम्पन्न करने में बड़ा साधन बना।

मूडबिद्री के पत्रों की महान् उदारता को घोषित करनेवाला समाचार जब जैन समाज ने सुना, तब चारों ओर सबने महान् हर्ष मनाया और मूडबिद्री की समाज के कार्य की प्रशंसा की। किन्तु दुर्भाग्य से एक समाचार पत्र में कुछ ऐसे समाचार निकल गये, जिससे पुरातन विरोधाग्नि पुनः प्रदीप्त हो उठी। इससे दक्षिण के एक प्रमुख पुरुष ने हमें लिखा—"अब आप प्रतिलिपि ले लेना, देखें, कौन देता है?" इससे हमारी आत्मा काँप उठी। यह ज्ञात कर बड़ा दुःख हुआ, कि व्यक्तिगत विशेष मान की रक्षार्थ हमारे विज्ञबन्धु ऐसे महत्त्वपूर्ण विषय को पुनः विरोध और विवाद की भँवर में फँसा रहे हैं। इसके अनन्तर ज्ञात हुआ कि न्यायदेवता के आह्वान निमित्त कानूनी कार्रवाई भी प्रारम्भ होने लगी। उस समय श्रुतभक्त ब्र. श्री जीवराज गौतमचन्दजी दोशी और मुनि समन्तभद्रजी के (जो उस समय क्षुल्लक थे) प्रभाव तथा सत्प्रयत्न से विरोध शान्त किया गया। यह चर्चा हमने इससे की कि लोग यह देख लें, कि बना-बनाया धर्म का कार्य किस प्रकार अकारण अवांछनीय संकटों में घिर जाता है। सोमदेव सूरि की उक्ति बड़ी अनुभवपूर्ण है। वे 'नीतिवाक्यामृत' में लिखते हैं—'धर्मानुष्ठाने भवति, अप्रार्थितमपि प्रातिलोम्यं लोकस्य' (१,३५) 'धर्मकार्य में लोग बिना प्रार्थना किये गये स्वयमेव प्रतिकूलता धारण करते हैं'। ऐसी प्रवृत्ति पापानुष्ठान के विषय में नहीं होती।

और भी विपत्तियों का वर्णन करके हम लेख को बढ़ाना उचित नहीं समझते। संक्षेप में इतना ही कहना है कि बड़े-बड़े विचित्र विघ्न आये, किन्तु श्रुतदेवता के प्रसाद से वे शरद्ऋतु के मेघों के सदृश अल्पस्थायी रहे।

आबाधाकाल

वर्ष बीत गया, फिर भी प्रतिलिपि का कार्य प्रारम्भ नहीं हो रहा था। एक बार श्री मंजैय्या हेगड़े ने अपने धर्मस्थल के सर्वधर्म-सम्मेलन में मुझे बुलाया। वहाँ पहुँचने से प्रतिलिपि का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने में विघ्न नहीं आता, किन्तु कारण विशेष से पहुँचना न हो सका। कुछ समय के अनन्तर दिसम्बर सन् १९४१ में गोम्मटेश्वर महामस्तकाभिषेक फण्ड सम्बन्धी कमेटी की बैठक में सम्मिलित होने को हमें बैंगलोर जाना पड़ा। उत्तर भारत से केवल श्रीमन्त सर सेठ हुकमचन्दजी, सर सेठ भागचन्दजी सोनी पहुँचे थे। मीटिंग के पश्चात् हम ग्रन्थप्राप्ति की आशा से श्री मंजैय्या हेगड़े, श्री रघुचन्द बल्लाल, श्री जिनराज हेगड़े एडवोकेट, एम. एल.ए., श्री शान्तिराज जी शास्त्री आस्थान महाविद्वान् (मैसूर) के साथ मूडबिद्री के लिए रवाना हुए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सब लोग आवश्यक कार्यवश अपने-अपने घर चले गये। अतः हम अकेले मूडबिद्री पहुँचे। दो-तीन दिन प्रयत्न करने पर भी प्रतिलिपि का कार्य प्रारम्भ न हो सका। आगे कब तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी, यह भी पता नहीं चलता था। इससे चित्त में विविध संकल्प-विकल्प उत्पन्न होते थे। चित्त अपार चिन्ता-निमग्न था। जिनेन्द्र भक्ति का एकमात्र अवलम्बन था।

चिरस्मरणीय दिवस

परम सौभाग्य से तीन दिन की प्रबल प्रतीक्षा के पश्चात् व्यवस्थापक बन्धु श्री धर्मपालजी श्रेष्ठि की विशेष कृपा हुई। उन्होंने भण्डार खोलकर *'महाबन्ध'* शास्त्र की ताड़पत्रीय प्रति हमारे समक्ष विराजमान कर दी। जिनेन्द्रदेव तथा जिनवाणी की पूजा के अनन्तर हमने स्वयं देवनागरी लिपि में प्रतिलिपि प्रारम्भ करने का परम सौभाग्य प्राप्त किया। वह ३० दिसम्बर, १९४१ का दिन जैन साहित्य के इतिहास में चिरस्मरणीय रहेगा।

कृतज्ञता

अनन्तर प्रतिलिपि का कार्य पं. लोकनाथजी शास्त्री के तत्त्वावधान में सम्पन्न होता रहा। ३० दिसम्बर सन् १९४२ तक कार्य पूर्ण हो गया। पहले मूडबिद्री के भण्डार के लिए यही कापी ४ वर्ष में तैयार की गयी थी। यह कार्य शीघ्र सम्पन्न करने का श्रेय उक्त शास्त्रीजी के सहयोगी विद्वान् पं. नागराजजी तथा देवकुमारजी को भी है। भट्टारक महाराज तथा व्यवस्थापकों की भी विशेष कृपा रही जो उन्होंने इस कार्य में कोई भी बाधा नहीं उत्पन्न होने दी। इस सम्बन्ध में श्री मंजैय्या हेगड़े के हम अत्यन्त कृतज्ञ हैं कि उन्होंने सर्वदा इस पुण्य कार्य में सर्व प्रकार का सहयोग प्रदान किया। कुछ विद्वानों ने उत्तर भारत से श्री हेगड़ेजी को प्रतिलिपि न देने का अप्रार्थित बहुमूल्य परामर्श दिया, किन्तु विद्वान् हेगड़े महाशय के उत्तर से उन लोगों को चुप होना पड़ा। जब हम आपत्तियों से आकुलित होकर हेगड़ेजी को लिखते थे, तो उनके उत्तर से निराशा दूर हो जाती थी। उन्होंने हमें लिखा था—"आप भय न करें, ग्रन्थ-प्रकाशन के विषय में कोई भी बाधा न आएगी। प्रतिलिपि का कार्य आपकी इच्छानुसार होता रहे, इस पर मैं विशेष ध्यान रखूँगा।" उन्होंने अपने वचन का पूर्णतया रक्षण किया। यथार्थ में वे महापुरुष थे। कुछ भी भेंट लिये बिना प्रतिलिपि की अनुज्ञा प्रदान करने की उदारता तथा कृपा के उपलक्ष में हम सिद्धान्त मन्दिर के ट्रस्टियों तथा मूडबिद्री के पंचों को हार्दिक धन्यवाद देते हैं। भट्टारक महाराज के भी हम अत्यधिक कृतज्ञ हैं। मूडबिद्री के महानुभवों के हार्दिक प्रेम, कृपा तथा उदार भाव की स्मृति चिरकाल पर्यन्त अन्तःकरण में अंकित रहेगी।

मूडबिद्री में प्रतिलिपि कराने में जो द्रव्य-व्यय हुआ, वह सेठ गुलाबचन्दजी हीराचन्दजी (सोलापुर) के पास से प्राप्त हुआ था। इसके लिए उन्हें धन्यवाद है। ब्र. श्री जीवराजजी ने इस श्रुत-रक्षा या सेवा के कार्य में जो सत्परामर्श तथा सर्व प्रकार का सहयोग दिया, उसके लिए हम अत्यन्त अनुगृहीत हैं।

दानवीर साहू श्री शान्तिप्रसादजी जैन की वदान्यता से स्थापित भारतीय ज्ञानपीठ काशी ने इस टीका के प्रकाशन की उदारता की, इसके लिए हम साहू शान्तिप्रसादजी के अत्यन्त अनुगृहीत हैं। पं. महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्य ने प्रकाशन निमित्त जो श्रम किया, उसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद है।

इस शास्त्र का तेजी के साथ शब्दानुवाद प्रथम बार वैद्यराज पं. कुन्दनलालजी परवार, न्यायतीर्थ तथा पं. परमानन्दजी साहित्याचार्य (सौंरई निवासी) के सहयोग से लगभग सवा माह में पूर्ण हुआ था। इसके पश्चात् पं. कुन्दनलालजी के अस्वस्थ हो जाने के कारण उनका बहुमूल्य सहयोग न मिल सका। पं. परमानन्दजी का लगभग दो-एक सप्ताह और सहयोग बड़ी कठिनता से मिला, और आगे वे सहयोग न दे पाये। उन विद्वानों के अमूल्य सहयोग के लिए हम अत्यन्त आभारी हैं।

आद्य अनुवाद की प्रति देखकर अनेक अनुभवी विद्वानों ने सलाह दी कि सम्पूर्ण टीका पुनः लिखी जानी चाहिए। यह ग्रन्थ महान् है। हमने भी जब विशेष शास्त्रों का अभ्यास किया और रचना का सूक्ष्मतया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निरीक्षण किया, तब नवीन रूप से टीका निर्माण करना ही उचित जँचा। *'महाबन्ध'* की टीका को मुख्य कार्य समझ हम उसमें संलग्न हो गये। लगभग तीन वर्ष में यह कार्य बन पाया। बना या नहीं, यह हम नहीं कह सकते। हमारा भाव यह है कि इसमें पूर्वोक्त समय लगा। इस अनुवाद में विशेषार्थ, टिप्पणी, शुद्ध पाठ–योजना आदि भी कार्य हुए। इस अपेक्षा से यह टीका पूर्णतया नवीन समझना चाहिए।

सन् १९४५ के ग्रीष्मावकाश में न्यायालंकार, सिद्धान्त महोदधि, गुरुवर पं. वंशीधरजी शास्त्री (महरौनीवालों) ने सिवनी पधारकर अनुवाद को ध्यानपूर्वक देखा। उनके संशोधन के उपलक्ष में हम हृदय से कृतज्ञ हैं। यह उनकी ही कृपा है जो यह महान् कार्य हम-जैसे व्यक्ति से सम्पन्न हो गया।

पं. हीरालालजी शास्त्री, साढूमलने अनेक बहुमूल्य परामर्श तथा सुझाव प्रदान किये थे। पं. फूलचन्द्रजी शास्त्री ने सिवनी पधारकर अनेक महत्त्वास्पद बातें सुझायी थीं। इसके लिए हम दोनों विद्वानों के अनुगृहीत हैं। अन्य सहायकों के भी हम आभारी हैं।

हमें स्वप्न में इस बात का भान न था कि *'महाबन्ध'* की प्रति मूडबिद्री से प्राप्त करने का परम सौभाग्य हमें मिलेगा और उसकी टीका करने का भी अमूल्य अवसर आयेगा। जैन धर्म के प्रसाद से और चारित्र चक्रवर्ती प्रातःस्मरणीय पूज्य आचार्य १०८ श्री शान्तिसागर महाराज के पवित्र आशीर्वाद से यह मंगलमय कार्य सम्पन्न हुआ। प्रमाद अथवा अज्ञानवश टीका में जो भूलें हुई हों, उन्हें विशेषज्ञ विद्वान् क्षमा करेंगे और संशोधनार्थ हमें सूचित करने की कृपा करेंगे, ऐसी आशा है। ऐसे महान् कार्य में भूलें होना असम्भव नहीं हैं। 'को न विमुह्यति शास्त्रसमुद्रे।'

पौष कृ. ११, वीर संवत् २४७३ —सुमेरुचन्द्र दिवाकर
१८ दिसम्बर, १९४६; सिवनी (म.प्र.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

(प्रथम संस्करण से)

'महाबन्ध' पर प्रकाश

जिनेन्द्रदेव की निर्दोष वाणी रूप होने के कारण सम्पूर्ण आगम ग्रन्थ समान आदर तथा श्रद्धा के पात्र हैं, फिर भी जैन संसार में धवल, जयधवल, *'महाधवल'* नामक शास्त्रों के प्रति उत्कट अनुराग एवं तीव्र भक्ति का भाव विद्यमान है। इस विशेष आदर का कारण यह है कि तीर्थंकर भगवान् महावीर प्रभु की दिव्यध्वनि को ग्रहण कर गणधरदेव ने ग्रन्थ-रचना की। वह मौखिक परम्परा के रूप में, विशेष ज्ञानी मुनीन्द्रों की चमत्कारिणी स्मृति के रूप में, हीयमान होती हुई, विद्यमान थी। महावीर निर्वाण के छह सौ तिरासी वर्ष व्यतीत होने पर अंगों और पूर्वों के एक देश का भी ज्ञान लुप्त होने की विकट स्थिति आ गयी। उस समय अग्रायणीयपूर्व के चयनलब्धि अधिकार के चतुर्थ प्राभृत 'कम्मपयडि' के चौबीस अनुयोग द्वारों से *'षट्खण्डागम'* के चार खण्ड बनाये गये, जिन्हें वेदना, वर्गणा, खुद्दाबन्ध तथा *'महाबन्ध'* कहते हैं। बन्धक अनुयोग द्वार के अन्यतम भेद बन्धविधान से जीवट्ठाण का बहुभाग और तीसरा बन्धसामित्तविचय निकले। इस प्रकार *'षट्खण्डागम'* का द्वादशांग वाणी से सम्बन्ध है। इसी प्रकार ज्ञानप्रवाद नामक पंचमपूर्व के दशम वस्तु अधिकार के अन्तर्गत तीसरे 'पेज्जदेसपाहुड' से कषायप्राभृत की रचना की गयी। इन ग्रन्थों का द्वादशांगवाणी से अविच्छिन्न सम्बन्ध होने के कारण द्वादशांगवाणी के समान श्रद्धा तथा भक्तिपूर्वक आदर किया जाता है। *'षट्खण्डागम'* के *'महाबन्ध'* को छोड़कर पाँच खण्डों पर जो वीरसेनाचार्य रचित टीका है, उसे धवल टीका कहते हैं। *'महाबन्ध'* पर कोई टीका उपलब्ध नहीं है।[1] *'कषाय प्राभृत'* में गुणधर आचार्य रचित एक सौ अस्सी गाथाएँ हैं।[2] इनमें तिरेपन गाथाएँ और जोड़ने पर गुणधर आचार्य रचित कुल गाथाओं की संख्या दो सौ तैतीस हो जाती है। जयधवला टीका में कहा है—"कसायपाहुडे सोलसपदसहस्साणि (१६०००)। एदस्स अवसंहारगाहाओ गुणहर-मुह-कमल- विणिग्गियायो तेत्तीसाहिय-विसदमेत्तीओ (२३३)" (भाग १, पृ. ६६)। यतिवृषभ आचार्य ने छह हजार श्लोकप्रमाण चूर्णि सूत्र बनाये। इसकी बहत्तर हजार श्लोकप्रमाण टीका वीरसेनाचार्य तथा उनके शिष्य भगवज्जिनसेन स्वामी ने बनायी, उसका नाम जयधवला टीका है।

सूत्र-रचना— *'षट्खण्डागम'* में जीवट्ठाण के प्रारम्भिक सत्प्ररूपणा अधिकार के केवल एक सौ सतहत्तर सूत्रों की रचना पुष्पदन्त आचार्य ने की है, शेष समस्त रचना भूतबलि स्वामीकृत है। जीवट्ठाण, खुद्दाबन्ध, बन्धसामित्त, वेदना और वर्गणा—इन सूत्ररूप पाँच खण्डों की श्लोक संख्या छह हजार प्रमाण है। छठे खण्ड *'महाबन्ध'* में चालीस हजार श्लोक प्रमाण सूत्र हैं। साधाराणतया सम्पूर्ण धवला, जयधवला टीका को द्वादशांग से साक्षात् सम्बन्धित समझा जाता है।

महाबन्ध का प्रमाण—द्वादशांग वाणी से सम्बन्ध रखनेवाले प्राचीन साहित्य की दृष्टि से गुणधर

---

१. वप्पदेव ने आठ हज़ार पाँच श्लोक प्रमाण महाबन्ध की टीका रची थी।
व्यलिखत् प्राकृतभाषारूपां सम्यक्पुरातनव्याख्याम्।
अष्टसहस्रग्रन्थां व्याख्यां पञ्चाधिकां महाबन्धे ॥१७६॥—इन्द्र. श्रुता.।

२. गाहासदे असीदे अत्थे पण्णरसधा विहत्तम्मि।
वोच्छामि सुत्तगाहा जयि गाहा जम्मि अत्थम्मि ॥—जयध. १,१५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य रचित दो सौ तैतीस गाथाओं को जो विशेषता प्राप्त होगी, वह उनपर रची गयी बहत्तर हजार श्लोक प्रमाण टीका को नहीं होगी। इसी दृष्टि से यदि धवला टीका पर भी प्रकाश डाला जाय, तो कहना होगा कि साठ हजार श्लोक प्रमाण टीका भी नौवीं सदी की है, प्राचीन अंश पाँच खण्डों के रूप में केवल छह हजार श्लोक प्रमाण हैं। '*महाबन्ध*' ग्रन्थ की सम्पूर्ण चालीस हजार श्लोक प्रमाण रचना भूतबलि स्वामीकृत होने के कारण अत्यन्त प्राचीन तथा महत्त्वपूर्ण है। इस प्रकार सबसे प्राचीन जैनवाङ्मय की दृष्टि से *'महाबन्ध'* सूत्र की रचना धवला, जयधवला टीकाओं के मूल की अपेक्षा लगभग सातगुनी है। ब्रह्म हेमचन्द्र रचित श्रुतस्कन्ध में लिखा है—

"सत्तरिसहस्सधवलो जयधवलो सट्ठिसहस्स बोधव्वो।
महबंधं चालीसं सिद्धंततयं अहं वंदे ॥"

'धवलशास्त्र सत्तर सहस्र प्रमाण है, जयधवल साठ हजार प्रमाण है तथा *'महाबन्ध'* चालीस हजार प्रमाण है। इन सिद्धान्तशास्त्रत्रय की मैं वन्दना करता हूँ।'

इन्द्रनन्दि ने *'महाबन्ध'* को तीस हजार[1] कहा और ब्रह्म हेमचन्द्र चालीस हजार श्लोक[2] प्रमाण बताते हैं। इस मतभेद का कारण यह विदित होता है कि सम्भवतः इन्द्रनन्दि ने *'महाबन्ध'* में उपलब्ध अक्षरों की गणनानुसार अपनी संख्या निर्धारित की, ब्रह्म हेमचन्द्र ने *'महाबन्ध'* के संक्षिप्त किये सांकेतिक अक्षरों को, सम्भवतः पूर्ण मानकर गणना की। 'ओरालियसरीर' को *'महाबन्ध'* में 'ओरा०' लिखा है। इसे इन्द्रनन्दि ने दो अक्षर माने और ब्रह्म हेमचन्द्र ने सात अक्षर रूप गिना। समस्त ग्रन्थ में पुनः-पुनः प्रकृति आदि के नामों की गणना हुई है, इस कारण भूतबलि स्वामी ने सांकेतिक संक्षिप्त शैली का आश्रय लिया। अतः इन्द्रनन्दि और हेमचन्द्र की गणना में भिन्नता तात्त्विक भिन्नता नहीं है।

महाधवल—जैन समाज में *'महाबन्ध'* शास्त्र *'महाधवल'* जी के नाम से विख्यात है। *'महाबन्ध'* नाम को पढ़कर कुछ लोग तो भ्रम में पड़ेंगे। यथार्थ में ग्रन्थ का नाम *'महाबन्ध'* के अनुभागबन्ध खण्ड के अन्त की प्रशस्ति से प्रमाणित होता है। वहाँ लिखा है—

"सकलधरित्री-विनुत-प्रकटितमधीशे मल्लिकव्वे वेरिसि सत्पुण्याकर-*'महाबन्ध'*-पुस्तकं श्रीमाघनंदिमुनि-पतिगित्तलु।"

यह *'महाबन्ध'* भूतबलि स्वामी-द्वारा रचित है, इस बात का निश्चय धवला टीका (सिवनी प्रति, पृ. १४३७) के इस अवतरण से होता है—

"जं तं बंधविहाणं तं चउव्विहं। पयडिबंधो, ट्ठिदिबंधो, अणुभागबंधो, पदेसबंधो चेदि। एदेसिं चदुण्हं बंधाणं भूदबलिभडारएण महाबंधे सप्पवंचेण लिहिदं ति अम्हेहि ति अम्हेहि एत्थ ण लिहिदं।"

'धवला' टीका *'महाबन्ध'* शास्त्र के रचयिता के रूप में भूतबलि का नाम बताती है। *'महाबन्ध'* नामका परिज्ञान पूर्वोक्त अनुभागबन्ध की प्रशस्ति से होता है; अतः यह स्पष्ट हो जाता है कि इस *'महाबन्ध'* के निर्माता भूतबलि स्वामी हैं। इसी *'महाबन्ध'* की *'महाधवल'* के नाम से ख्याति है। संवत् १६१७ तक *'महाधवल'* की प्रसिद्धि विदित होने का प्रमाण उपलब्ध है। कारंजा के प्राचीन शास्त्र भण्डार से प्रतिक्रमण नाम की एक पोथी है। उसमें यह उल्लेख पाया जाता है—

"धवलो हि महाधवलो जयधवलो विजयधवलश्च।
ग्रन्थाःश्रीभद्भिरमी प्रोक्ताः कविधातरस्तस्मात् (?) ॥१३॥

---

१. प्रविरच्य महाबन्धाह्वयं ततः षष्ठकं खण्डम्। त्रिंशत्सहस्रसूत्रं व्यरचयदसौ महात्मा ॥ —इन्द्र. श्रुता. १३९।

२. समस्त महाबन्ध गद्यमय रचना है। अनुष्टुप् छन्द के ३२ अक्षरों को एक श्लोक का माप मानकर समस्त ग्रन्थ की गणना की गयी। इसे ही श्लोकों के नाम से कहा जाता है। *'महाबन्ध'* सूत्र छन्दोबद्ध रचना नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धवल, जयधवल तथा *'महाधवल'* के साथ 'विजयधवल' का नवीन उल्लेख है जो अनुसन्धान का विषय है। आगे लिखा है—

"तत्पट्टे धरसेनकस्समभव सिद्धान्तगः सेंशुभः (?)
तत्पट्टे खलु वीरसेनमुनिपो यैश्चित्रकूटे परे।
येलाचार्यसमीगं कृततरं सिद्धान्तमल्पस्य ये
वाटे चैत्यवरे द्विसप्ततिमति सिद्धाचलं चक्रिरे ॥१४॥"

संवत् १६३७ आश्विनमासे कृष्ण पक्षे अमावस्यातिथौ शनिवासरे शिवदासेन लिखितम्।

कवि वृन्दावनजी ने *'महाधवल'* नाम प्रयुक्त किया है।[1]

पण्डितप्रवर टोडरमलजी की गोम्मटसार कर्मकाण्ड की टीका में भी *'महाधवल'* नाम आया है। "तहाँ गुणस्थान विषै पक्षान्तर जो महाधवला का दूसरा नाम कषायप्राभृत (?) ताका कर्ता यतिवृषभाचार्य ताके अनुसार ताकरि अनुक्रम तें कहिए हैं।" *'कषाय प्राभृत'* पर वीरसेनाचार्य ने जो *'जयधवला'* टीका लिखी है, उससे विदित होता है कि कषायपाहुड के गाथा सूत्रों पर यतिवृषभ आचार्य ने चूर्णिसूत्र बनाये थे। इसे पण्डित टोडरमलजी ने *'महाधवल'* ग्रन्थ रूप में कह दिया। प्रतीत होता है, सिद्धान्तग्रन्थों का साक्षात्कार न होने के कारण 'कषाय-प्राभृत' का नामान्तर *'महाधवल'* लिखा गया।

'महाधवल' नाम प्रचार का कारण

यहाँ यह विचार उत्पन्न होता है कि *'महाबन्ध'* शास्त्र का नाम *'महाधवल'* प्रचलित होने का क्या कारण है? इस सम्बन्ध में यह विचार उचित जँचता है कि *'महाबन्ध'* में भूतबलि स्वामी ने अपने प्रतिपाद्य विषय का स्वयं अत्यन्त विशद तथा स्पष्टतापूर्वक प्रतिपादन किया है। इसी कारण वीरसेन आचार्य अपनी *'धवला'* टीका में लिखते हैं[2]—इन चार बन्धों का विस्तृत विवेचन भूतबलि भट्टारक ने *'महाबन्ध'* में किया है, अतएव हम यहाँ इस सम्बन्ध में कुछ नहीं लिखते। *'महाबन्ध'* के विशेषण रूप में *'महाधवल'* शब्द का प्रयोग अनुचित नहीं दिखता। यह भी सम्भव दिखता है कि विशेष्य के स्थान में विशेषण ने ही लोकदृष्टि में प्राधान्य प्राप्त कर लिया हो। यह भी प्रतीत होता है कि परम्परा शिष्य सदृश वीरसेन, जिनसेन स्वामी ने अपनी सिद्धान्त शास्त्र की टीकाओं के नाम धवला, जयधवला रखे, तब स्वयं स्पष्ट प्रतिपादन करनेवाले गुरुदेव भूतबलि की महिमापूर्ण कृति को भक्ति तथा विशिष्ट अनुरागवश *'महाधवल'* कहना प्रारम्भ कर दिया गया होगा।

'महाबन्ध' के *'महाधवल'* नाम के बारे में सन् १९४५ में, चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री १०८ शान्तिसागर महाराज के समक्ष चर्चा करने का अवसर आया था। इस ग्रन्थ की प्रस्तुत हिन्दी टीका का आचार्य महाराज

---

१. अग्रणीपूर्व के, पाँचवें वस्तु का, महाकरमप्रकृति नाम चौथा।
इस पराभृत का, ज्ञान तिनके रहा, यहाँ लग अंग का, अंश तौ था॥
सो पराभृत्त को भूतबलि पुष्परद, दोय मुनि को सुगुरु ने पढ़ाया।
तास अनुसार, षट्खण्ड के सूत्र को, बाँधि के पुस्तकों में मढ़ाया ॥४६॥
फिर तिसी सूत्र को, और मुनिवृन्द पढ़ि, रची विस्तार सों तासु टीका।
धवल महाधवल जयधवल आदिक सु, सिद्धान्तवृत्तान्त परमान टीका॥
तिरुन हि सिद्धान्त को, नेमिचन्द्रादि आचार्य, अभ्यास करिके पुनीता।
रचे गोमट्टसारादि बहुशास्त्र यह, प्रथम सिद्धान्त-उतपत्ति-गीता ॥४७॥
—श्रीप्रवचनसार-परमागम, कवि वृन्दावन, पृ. ६,७।

२. एदेसिं चदुण्हं बंधाणं विहाणं भूदबलिभडारएण महाबन्धे सप्पवंचेण लिहिदंति, अम्हेहि एत्थ ण लिहिदं"—ध.टी., सि. १४३७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ध्यानपूर्वक स्वाध्याय कर चुके थे, अतः ग्रन्थराज से प्राप्त परिचय के आधार पर आचार्य महाराज ने कहा था—सचमुच में यह ग्रन्थ *'महाधवल'* है। बन्ध पर स्पष्टतापूर्वक प्रतिपादन करनेवाला शास्त्र यथार्थ में महान् है। बन्ध का ज्ञान होने पर ही मोक्ष का बराबर ज्ञान होता है। *'समयसार'* पहले नहीं चाहिए। पहले *'महाबन्ध'* चाहिए। पहले सोचो हम क्यों दुःख में पड़े हैं, क्यों नीचे हैं? तीन सौ त्रेसठ पाखण्ड मतवाले भी पूर्ण सुख चाहते हैं, किन्तु मिलता नहीं। हमें कर्मक्षय का मार्ग ढूँढ़ना है। भगवान् ने मोक्ष जाने की सड़क बतायी है। चलोगे तो मोक्ष मिलेगा, इसमें शंका क्या?" यह *'महाबन्ध'* शास्त्र वस्तुतः *'महाधवल'* है। इस विषय को स्पष्ट करने के लिए आचार्य महाराज ने एक विद्वान् ब्राह्मण पुत्र की कथा सुनायी थी, जिसको उसके पिता ने, जो राजपण्डित था, अपने जीवन काल में अर्थकरी विद्या नहीं सिखायी थी; केवल इतनी बात सिखायी थी कि अमुक कार्य करने से अमुक प्रकार का बन्ध होता है। बन्धशास्त्र में पुत्र को प्रवीण करने के अनन्तर पिता की मृत्यु हो गयी। अब पितृविहीन विप्रपुत्र को अपनी आजीविका का कोई मार्ग नहीं सूझा। अतः वह धनप्राप्ति निमित्त राजा के यहाँ चोरी करने पहुँचा। उसने रत्न, सुवर्णादि बहुमूल्य सामग्री हाथ में ली तो पिता के द्वारा सिखाया गया पाठ उसे स्मरण आ गया कि इस कार्य के द्वारा अमुक प्रकार का दुःखदायी बन्ध होता है। अतः बन्ध के भय से उसने राजाकोष का कोई भी पदार्थ नहीं चुराया। उसे वापिस निराश लौटते समय मार्ग में भूसा मिला। भूसा के लेने में क्या दोष है, यह पिता ने नहीं सिखाया था, इसलिए वह भूसा का ही गट्ठा बाँधकर साथ ले चला। पहरेदारों ने उसे पकड़कर राजा के समक्ष उपस्थित किया। राजा ने पूछा—तुमने स्वर्ण, रत्नादि को छोड़कर भूसा की चोरी क्यों पसन्द की? तब ब्राह्मणपुत्र ने बताया कि मेरे पिताजी ने अपने जीवन में मुझे केवल बन्ध का शास्त्र पढ़ाया था। उसमें भूसा को लेने में दोष का कोई उल्लेख न पाकर मैंने उसे ही चुराना निर्दोष समझा। अपने राजपुरोहित के पुत्र को इतना अधिक पापभीरु देख राजा प्रभावित हुआ और उसने उसको अत्यन्त विश्वासपूर्ण उच्च पद देकर निराकुल कर दिया।" इस कथा को सुनाते हुए आचार्य श्री ने कहा—बन्धका ज्ञान होने से जीव पाप से बचता है, इससे कर्मों की निर्जरा भी होती है। बन्धका वर्णन पढ़ने से मोक्ष का ज्ञान होता है। बन्धका वर्णन करनेवाला यह शास्त्र वास्तव में *'महाधवल'* है। इससे बहुत विशुद्धता होती है।"

'महाबन्ध' का अध्ययन बुद्धि का विलास या बौद्धिक व्यायाम की सामग्री मात्र उपस्थित करता है, यह धारणा अयथार्थ है। इस आगम रूप महान् शास्त्र से आत्मा का वास्तविक कल्याणप्रद अमृत का निर्मल निर्झर प्रवाहित होता है। उसमें निमग्न होनेवाला मुमुक्षु महान् शान्ति तथा आह्लाद को प्राप्त करता है। उसके असंख्यात गुणश्रेणी रूप कर्मों की निर्जरा भी होती है।

आचार्य यतिवृषभने *'तिलोयपण्णत्ति'* में कहा है कि परमागम के अध्ययन-द्वारा अनेक लाभ होते हैं। उससे 'अण्णाणस्स विणासं' अज्ञान का विनाश होता है; 'णाणदिवायरस्स उप्पत्ती'—ज्ञान सूर्य की प्राप्ति होती है तथा 'पडिसमयमसंखेज्ज-गुणसेढि-कम्मणिज्जरणं'—प्रतिक्षण असंख्यात गुणश्रेणी रूप कर्मों की निर्जरा होती है। (१, गाथा ३६, ३७)

इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि *'महाबन्ध'* का परिशीलन विचारों को, बुद्धि को एवं आत्मा को धवल ही नहीं, महाधवल बनाता है। इस दृष्टि ने *'महाधवल'* इस नाम के प्रचार में भी सहायता या प्रेरणा प्रदान की होगी।

'महाबन्ध' का परिशीलन तथा मनन करते समय यह बात समझ में आयी कि जब तक मनोवृत्ति पवित्र तथा निराकुल न हो, तब तक ग्रन्थ का पूर्वापर गम्भीर विचार नहीं हो पाता। महाधवल मनोवृत्तिपूर्वक *'महाबन्ध'* का रसास्वादन किया जा सकता है, अतः इस मनोवृत्ति को लक्ष्य में रखकर भी यह *'महाधवल'* नाम प्रचलित हो गया प्रतीत होता है। चारित्रचक्रवर्ती, मुनीन्द्र शांतिसागर महाराज ने जो यह कहा था कि सचमुच में 'यह ग्रन्थ महाधवल है', वह अक्षरशः यथार्थ है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'महाबन्ध' के अवतरण का इतिहास

कवि की कल्पना या विचारों के द्वारा जैसे काव्य की रचना होती है, उसी प्रकार यह *'महाबन्ध'*-शास्त्र भूतबलि स्वामी के व्यक्तिगत अनुभव, विचार या कल्पनाओं की साकार मूर्ति नहीं है। इस ग्रन्थ का प्रमेय सर्वज्ञ भगवान् महावीर स्वामी ने अपनी दिव्यध्वनि-द्वारा प्रकाशित किया था।[1] श्रावण कृष्णा प्रतिपदा के प्रभात में विपुलाचल पर्वत पर सर्वज्ञ महावीर तीर्थंकर की कल्याणकारिणी धर्म-देशना हुई थी। उसे गौतमगोत्री चतुर्विध निर्मल ज्ञानसम्पन्न, सम्पूर्ण दुःश्रुति में पारंगत इन्द्रभूति ब्राह्मण ने वर्धमान भगवान् के पादमूल में उपस्थित हो सुना और अवधारण किया था। अनन्तर गौतम स्वामी ने[2] उस वाणी की द्वादशांग तथा चतुर्दश पूर्वरूप ग्रन्थात्मक रचना एक मुहूर्त में की 'एक्केण चेव मुहुत्तेण कमेण रयणा कदा'। उत्तरपुराण में गुणभद्र स्वामी ने कहा है कि अंगों की रचना पूर्वरात्रि में की गयी थी और पूर्वों की रचना रात्रि के अन्तिम भाग में की गयी थी:—'अंगानां ग्रन्थसन्दर्भ पूर्वरात्रे व्यधाम्यहम्। पूर्वाणां पश्चिमे भागे...' (७४-३७१, ३७२) इस सम्बन्ध में भगवान् महावीर को अर्थकर्त्ता कहा गया है और गौतम स्वामी को ग्रन्थकर्त्ता। गौतम ने द्रव्यश्रुत की रचना की थी। तिलोयपण्णात्तिकार का कथन है—

"इय मूलतंतकत्ता सिरिवीरो इंदभूदिविप्पवरो।
उवतंते कत्तारो अणुतंते सेसआइरया ॥"१,८०

'इस प्रकार श्री वीर भगवान् मूलतन्त्रकर्त्ता, विप्रशिरोमणि इन्द्रभूति उपतन्त्रकर्त्ता तथा शेष आचार्य अनुतन्त्रकर्ता हैं।'

गणधर का व्यक्तित्व—इस द्वादशांग रूप परमागम का प्रमेय सर्वज्ञ भगवान् वर्धमान जिनेन्द्र की दिव्यध्वनि से प्राप्त होने से वह प्रमाण रूप है। गणधर का भी व्यक्तित्व लोकोत्तर था। गौतम गणधर के विषय में 'जयधवला' में लिखे गये ये शब्द ध्यान देने योग्य हैं :—

जो आर्य क्षेत्र में उत्पन्न हुए हैं, मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यय—इन चार निर्मल ज्ञानों से सम्पन्न हैं, जिन्होंने दीप्त, उग्र और तप्त तप को तपा है, जो अणिमा आदि आठ प्रकार की वैक्रियिक लब्धियों से सम्पन्न हैं, जिनका सर्वार्थसिद्धि में निवास करनेवाले देवों से अनन्तगुणा बल है, जो एक मुहूर्त में बारह अंगों के अर्थ और द्वादशांग रूप ग्रन्थों के स्मरण और पाठ करने में समर्थ हैं, जो अपने हाथरूपी पात्र में दी गयी खीर को अमृत रूप में परिवर्तित करने में या उसे अक्षय बनाने में समर्थ हैं, जिन्हें आहार और स्थान के विषय में अक्षीण ऋद्धि प्राप्त है, जिन्होंने सर्वावधिज्ञान से समस्त पुद्गल द्रव्य का साक्षात्कार कर लिया है, जिन्होंने अपने तप के बल से विपुलमति मनःपर्यय ज्ञान उत्पन्न कर लिया है, जो सप्त प्रकार के भय से रहित हैं, जिन्होंने क्रोध, मान, माया तथा लोभ रूप कषायों का क्षय किया है, जिन्होंने पाँच इन्द्रियों को जीत लिया है, जिन्होंने मन, वचन तथा काय रूपी तीन दण्डों को भग्न कर दिया है, जो छहकायिक जीवों की दया पालने में तत्पर हैं, जिन्होंने कुलमद आदि अष्ट मदों को नष्ट कर दिया है, जो क्षमा आदि दस धर्मों में निरन्तर उद्यत हैं, जो पाँच समिति और तीन गुप्ति रूप अष्टप्रवचन मातृकाओं का पालन करते हैं, जिन्होंने क्षुधादि बाईस परीषहों को जीत लिया है और जिनका सत्य ही अलंकार है—"सच्चालंकारस्स"; ऐसे आर्य इन्द्रभूति के लिए उन महावीर भट्टारक ने अर्थ का उपदेश दिया। (जयधवला टीका भाग १, पृ. ८३, ७४)। ऐसी महनीय विभूति गुरु गौतम गणधर रचित होने से समस्त द्वादशांगवाणी पूज्य तथा विश्वसनीय है।

---

१. वासस्स पढममासे सावणणामम्मि बहुलपडिवाए।
अभिजीणक्खत्तम्मि य उप्पत्ती धम्मतित्थस्स॥—ति.प. १।६९

२. पुणो तेणिंदभूतिणा भावसुदपज्जयपरिणदेण बारहंगाणं चोद्दसपुव्वाणं च गंथाणमेक्केण चेव मुहुत्तेण कमेण रयणा कदा। तदो भावसुदस्य अत्थपदाणं च तित्थयरो कत्ता। तित्थयरादो सुदपज्जाएण गोदमो परिणदो त्ति दव्वसुदस्स गोदमो कत्ता। तत्तो गंथरयणा जादेत्ति।—ध. टी. १,६५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह द्वादशांग समुद्र के समान विशाल तथा गम्भीर है। सम्पूर्ण द्वादशांग की 'मध्यमपद' के रूप में गणना करने पर जो संख्या प्राप्त होती है, उसे कविवर द्यानतरायजी इस प्रकार बताते हैं—

"एक सौ बारह कोडि बखानो। लाख चौरासी ऊपर जानो ॥
ठावनसहस पंच अधिकानो। द्वादश अंग सर्व पद मानो ॥"

सम्पूर्ण श्रुतज्ञान में पदों की संख्या ११२,८४,५८००,५ होती है। बारह अंगों में निबद्ध अक्षरों के अतिरिक्त अक्षरों का प्रमाण ८०१०८१७५ है। इनकी अनुष्टुप् छन्दरूप गणना करें, तो २५०३३८०$\frac{१५}{३२}$ श्लोकों का प्रमाण होता है।

प्रथम अंग का नाम आचारांग है। इसमें अठारह हजार पद कहे गये हैं। ये मध्यम पद रूप हैं। एक मध्यम पद में कितने श्लोक होंगे, इसके विषय में कहा है—

"कोडि इक्कावन आठ हि लाखं। सहस चुरासी छह सौ भाखं॥
साढ़े इक्कीस श्लोक बताये। एक एक पद के ये गाये ॥"

इन श्लोकों की संख्या से अचारांग के १८००० पदों का गुणा करने के अनन्तर आचारांग के अपुनरुक्त अक्षर विशिष्ट श्लोकों की प्राप्ति होगी। जिस *'व्याख्याप्रज्ञप्ति'* नामक पंचम अंग का उपदेश धरसेन आचार्य ने भूतबलि पुष्पदन्त को दिया था और जो इस ग्रन्थराज के बीज स्वरूप है, उसमें पदों की संख्या इस प्रकार कही है—

"पंचम व्याख्याप्रगपति दरसं। दोय लाख अट्ठाइस सरसं।"

धरसेन गुरु द्वारा दृष्टिवाद नामक बारहवें अंग के चौथे पूर्व अग्रायणी सम्बन्धी उपदेश दिया गया था। उस दृष्टिवाद का भी बड़ा विशाल रूप है।

"द्वादस दृष्टिवाद पनभेदं, एक सौ आठ कोडिपन बेदं।
अडसठ लाख सहस छप्पन हैं, सहित पंच पद मिथ्या हन हैं।"

'व्याख्याप्रज्ञप्ति'[1] अंग में जिनेन्द्र भगवान् के समीप में गणधरदेव से जो साठ हजार प्रश्न किये गये थे, उनका वर्णन है। *'दृष्टिवाद'* में तीन सौ तिरेसठ कुवादों का वर्णन तथा निराकरण किया गया है।[2] इस अंग के पूर्वगत भेद का उपभेद अग्रायणीपूर्व है। उसमें सुनय, दुर्नय, पंचास्तिकाय, षड्द्रव्य, सप्ततत्त्व, नवपदार्थों आदि का वर्णन किया गया है।[3] इस पूर्व के विषय में श्रुतस्कन्ध विधान में इस प्रकार कथन आया है—षण्णवति—लक्षसुपदं मुनि-मानसरत्न-कांचनाभरणमु, अंगाग्रार्थनिरूपकमर्च्यं चाग्रायणीयमिदम् ॥ द्वादशांग वाणी में दिव्यध्वनि का अधिक से अधिक सार संगृहीत रहता है। सर्वज्ञ भगवान ने विश्व के समस्त तत्त्वों का प्रतिपादन किया था, इस कारण द्वादशांग वाणी में भी सभी विषयों का विशद प्रतिपादन किया गया है। जब रत्नत्रय धर्म की विशुद्ध साधना होती थी, तब पवित्र आत्माओं में चमत्कारी ज्ञान की ज्योति जगती थी। अब राग-द्वेष-मोह के कारण आत्मा की मलिनता बढ़ जाने से महान् ज्ञानों की उपलब्धि की बात तो दूर है, वह चर्चा भी चकित कर देती है।

द्वादशांग वाणी की मर्यादा—द्वादशांग वाणी के अत्यन्त विस्तृत विवेचन के होते हुए भी समस्त पदार्थ का प्रतिपादन उसके द्वारा नहीं हो सका। कारण—

---

१. षष्टिसहस्राणि भगवदर्हत्तीर्थंकरसन्निधौ गणधरदेवप्रश्नवाक्यानि प्रज्ञाप्यन्ते कथ्यन्ते यस्यां सा व्याख्याप्रज्ञप्ति नाम।

२. द्वादशमङ्गं दृष्टिवाद इति। दृष्टिशतानां त्रयाणां त्रिषष्ट्युत्तराणां प्ररूपणं निग्रहश्च दृष्टिवादे क्रियते।—त. रा., पृ. ५१।

३. अग्रस्य द्वादशाङ्गेषु प्रधानभूतस्य वस्तुनः अयनं ज्ञानं अग्रायणं तत्प्रयोजनं अग्रायणीयम्। तच्च सप्तशतसुनयदुर्नय-पञ्चास्तिकायषड्द्रव्यसप्ततत्त्व-नवपदार्थादीन् वर्णयति।—गो. जीव. जी., गा. ३६५, पृ. ७७८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"पण्णवणिज्जा भावा अणंतभागो दु अणभिलप्पाणं।
पण्णवणिज्जाणं पुण अणंतभागो सुदणिबद्धो ॥"—गो. जी., गा. ३३४

पदार्थों का बहुभाग वाणी के परे है। वह केवलज्ञान गोचर है। अनिर्वचनीय पदार्थों का अनन्तवाँ भाग सर्वज्ञवाणी के गोचर है। इसका भी अनन्तवाँ भाग श्रुतरूप में निबद्ध किया गया है। श्रुतकेवली के ज्ञान के अगोचर पदार्थ का निरूपण दिव्यध्वनि में होता है। उस दिव्यध्वनि के भी अगोचर पदार्थ केवलज्ञान के विषय होते हैं।[1]

यह द्वादशांग वेद है, कारण यह किसी प्रकार के दोष से दूषित नहीं है। हिंसा का वर्णन करनेवाला वेद नहीं है। उसे तो कृतान्त (यम) की वाणी कहना चाहिए। महर्षि जिनसेन का कथन है—

"श्रुतं सुविहितं वेदो द्वादशाङ्गमकल्मषम्।
हिंसोपदेशि यद्वाक्यं न वेदोऽसौ कृतान्तवाक् ॥"—महापु. ३६,२२

गुरु-परम्परा—गौतमस्वामी ने द्वादशांग ग्रन्थ का सुधर्माचार्य को व्याख्यान किया। धवलाटीका में सुधर्माचार्य के स्थान में लोहाचार्य का नाम ग्रहण किया गया है। कुछ काल के अनन्तर गौतमस्वामी केवली हुए।[2] उन्होंने बारह वर्ष पर्यन्त विहार करके निर्वाण प्राप्त किया। उसी दिन सुधर्माचार्य ने जम्बूस्वामी आदि अनेक आचार्यों को द्वादशांग का व्याख्यान किया और केवलज्ञान प्राप्त किया। इस प्रकार महावीर भगवान् के निर्वाण के बाद गौतमस्वामी, सुधर्माचार्य तथा जम्बूस्वामी—ये तीन सकलश्रुत के धारक हुए; पश्चात् केवलज्ञान-लक्ष्मी के अधिपति बने। परिपाटी क्रम से ये तीन सकलश्रुत के धारक कहे गये हैं[3] और अपरिपाटी क्रम से सकलश्रुत के ज्ञाता संख्यात हजार हुए।[4] जयधवला में बताया है कि सुधर्माचार्य ने अनेक आचार्यों को द्वादशांग का व्याख्यान किया। इसे ही धवलाटीका में स्पष्ट करते हुए कहा है कि अपरिपाटी की अपेक्षा संख्यात हजार श्रुतकेवली हुए। जम्बूस्वामी ने विष्णु आदि अनेक आचार्यों को द्वादशांग का व्याख्यान किया।

सुधर्माचार्य ने बारह वर्ष विहार किया और जम्बूस्वामी ने अड़तीस वर्ष विहार किया, पश्चात् जम्बूस्वामी ने मोक्ष प्राप्त किया। जम्बूस्वामी के बारे में जयधवलाकार लिखते हैं—'एसो एत्थोसप्पिणीए अंतिमकेवली।'—ये इस अवसर्पिणी काल के अन्तिम केवली हुए। इस कथन से यही अर्थ निकाला जाता है कि जम्बूस्वामी के निर्वाण के पश्चात् अन्य महापुरुष निर्वाण को नहीं गये। 'तिलोयपण्णत्ति' में लिखा है कि जम्बूस्वामी के निर्वाण जाने के पश्चात् अनुबद्ध केवली नहीं हुए।

"तम्मि कदकम्मणासे जंबूसामित्ति केवली जादो।
तम्मि सिद्धिं पत्ते केवलिणो णत्थि अणुबद्धा॥"—४,१४७७

गौतमस्वामी, सुधर्माचार्य तथा जम्बूस्वामी—ये तीन अनुबद्ध-क्रमबद्ध परिपाटीक्रम युक्त (In

---

१. श्रुतकेवलिनामपि अगोचरार्थप्रतिपादनशक्तिर्दिव्यध्वनेरस्ति। तद्दिव्यध्वनेरपि अगोचरजीवाद्यर्थ ग्रहणशक्तिः केवलज्ञानेऽस्तीत्यर्थः—गो. जीव., संस्कृतटीका, पृ. ७३१

२. 'तेण गोदमेण दुविहमवि सुदणाणं लोहज्जस्स संचारिदं।' —ध. टी., १,६५
तदो तेण गोअमगोत्तेण इंदभूदिणा सुहमा (म्मा) इरियस्स गंथो वक्खाणिदो। —ज. ध., १,८४

३. 'परिवाडिमस्सिदूण एदे तिण्णि वि सयलसुदधारया भणिया।
अपरिवाडीए पुण सयलसुदपारगा संखेज्जसहस्सा ॥' —ध. टी., १,६५

४. तद्दिवसे चेव सुहम्माइरियो जंबूसामियादीणमणेयाणमाइरियाणं वक्खाणिददुवालसंगो घाइचउक्कक्खएण केवली जादो।
—ज. ध., १,८४
"तद्दिवसे चेव जंबूसामिभडारओ विट्टु (विण्णु) आइरियादीणमणेयाणं वक्खाणिददुवालसंगो केवली जादो ॥"
—ध. टी., १,६५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

succession) केवली हुए। अननुबद्ध-अक्रमपूर्वक[1] कैवल्य उपार्जन करनेवाले अन्य भी हुए हैं, जिनमें अन्तिम केवल श्रीधरमुनि ने कुण्डलगिरि से मुक्ति प्राप्त की।[2]

"कुंडलगिरिम्मि चरिमो केवलणाणीसु सिरिधरो सिद्धो।
चारणारिसीसु चरिमो सुपासचंदाभिधाणो य॥"—ति. प. ४,१४७९

तीन केवलियों में बासठ वर्ष व्यतीत हुए और विष्णु, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन तथा भद्रबाहु इन पाँच श्रुतकेवलियों में सौ वर्ष का समय पूर्ण हुआ। इन पाँच श्रुतकेवलियों की गणना भी परिपाटी क्रम-अनुबद्धरूप से की गयी, जो इस बात को सूचित करती है कि यहाँ अपरिपाटी क्रम की अपेक्षा नहीं ली गयी है। इन पाँच श्रुतकेवलियों में प्रथम श्रुतकेवली के नाम के विषय में 'तिलोयपण्णत्ति' तथा 'उत्तरपुराण' में भिन्न कथन आया है। उक्त दोनों ग्रन्थों में 'विष्णु' के स्थान पर 'नन्दि' का कथन किया गया है। धवला, जयधवला, हरिवंशपुराण, श्रुतावतार में विष्णु नाम दिया गया है। ये पाँच महापुरुष पूर्ण श्रुतज्ञान के पारगामी हुए। इनके अनन्तर अनुक्रम से एकादश महामुनि ग्यारह अंग और दश पूर्व के पाठी हुए। निम्नलिखित इन एकादश मुनीश्वरों का काल एक सौ तिरासी वर्ष कहा गया है—१. विशाखाचार्य, २. प्रोष्ठिल, ३. क्षत्रिय, ४. जय, ५. नागसेन, ६. सिद्धार्थ, ७. धृतिषेण, ८. विजय, ९. बुद्धिल, १०. गंगदेव, ११. धर्मसेन। ये ग्यारह नाम गिनाये गये हैं। इन नामों के विषय में उत्तरपुराण, धवला, हरिवंशपुराण एकमत हैं, किन्तु 'तिलोयपण्णति' तथा 'श्रुतावतार' में विशाखाचार्य की जगह क्रमशः विशाख तथा विशाखदत्त नाम आया है। बुद्धिल के स्थान पर श्रुतावतार में बुद्धिमान शब्द प्रयुक्त हुआ है। 'तिलोयपण्णत्ति' में धर्मसेन की जगह सुधर्म नाम आया है। इन मुनियों के विषय में आचार्य गुणभद्र ने लिखा है कि ये—"द्वादशांगार्थ-कुशला दशपूर्वधराश्च ते।" (उ. पु. पर्व ७६, श्लोक ५२३)—द्वादशांग में कुशल तथा दश पूर्वधर थे।

इनके अनन्तर एकादशांग के ज्ञाता नक्षत्र, जयपाल, पांडु, ध्रुवसेन और कंस ये पाँच महापुरुष दो सौ बीस वर्ष में हुए। इन नामों के विषय में तिलोयपण्णत्ति, उत्तरपुराण तथा धवला एकमत हैं। जयधवला में 'जयपाल' के स्थान में 'जसपाल' तथा हरिवंशपुराण में 'यशःपाल' नाम आये हैं। श्रुतावतार में 'ध्रुवसेन' की जगह 'द्रुमसेन' नाम आया है।

इनके पश्चात् आचारांग के ज्ञाता सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु और लोहाचार्य एक सौ अठारह वर्ष में हुए। इन नामों में श्रुतावतार में इतनी भिन्नता है कि 'यशोभद्र' की जगह 'अभयभद्र' तथा 'यशोबाहु' की जगह 'जयबाहु' नाम प्रयुक्त हुए हैं। शेष ग्रन्थकार भिन्नमत नहीं हैं।

महावीर भगवान् के निर्वाण के पश्चात् अनुबद्ध क्रम से उपर्युक्त अट्ठाईस महाज्ञानी मुनीन्द्र छह सौ तिरासी वर्ष में हुए थे। क्रमबद्ध परम्परा को ध्यान में रखकर ही वीर निर्वाण के पश्चात् होनेवाले महापुरुषों का कथन किया गया है।

'श्रुतावतार' कथा में लोहाचार्य के पश्चात् विनयधर, श्रीदत्त, शिवदत्त, अर्हद्दत्त, अर्हद्बलि तथा

---

१. जयधवलाकारने परिपाटीक्रमका पर्यायवाची 'अतुट्टसंताणेण' (१, ८५) जिसकी संतान या परम्परा अत्रुटित है, ऐसा कहा है।

२. अपने *'जैन साहित्य और इतिहास'* के पृ. १४, १५ पर श्री नाथूरामजी प्रेमी लिखते हैं—"भगवान् महावीर के बाद तीन ही केवलज्ञानी हुए हैं, जिनमें जम्बूस्वामी अन्तिम थे। ऐसी दशामें यह समझ में नहीं आता, कि यहाँ श्रीधर को क्यों अन्तिम केवली बतलाया और ये कौन थे तथा कब हुए हैं। शायद ये अन्तःकृत केवली हों।" इस शंका का निवारण पूर्वोक्त वर्णन से हो जाता है, कारण श्रीधर मुनि अननुबद्ध अन्तिम केवली हुए हैं, जिनका निर्वाणस्थल कुंडलगिरि है। इनको अन्तःकृत केवली मानने में कोई आगम का आधार नहीं है। सामान्यतया नन्दी, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन तथा भद्रबाहु—ये पाँच श्रुतकेवली कहे गये हैं, किन्तु धवलाटीका से ज्ञात होता है कि अपरिपाटी क्रम की अपेक्षा ये द्वाशांग के पाठी संख्यात हजार थे। *'जयधवला'* से भी इस अधिक संख्या की पुष्टि होती है। यही युक्ति केवलियों के विषय में लगेगी। शास्त्रों में अनुबद्धकेवली तथा श्रुतकेवली की मुख्यता से प्रतिपादन किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माघनन्दि, इन छह महापुरुषों को अंगपूर्व के एकदेश के ज्ञाता कहा है। अन्य ग्रन्थों में ये नाम नहीं दिये गये हैं। सम्भवतः ये नाम अनुबद्ध परम्परा के क्रम से और भी अक्रमबद्ध परम्परावाले मुनीश्वर रहे होंगे।

अंग-पूर्वों के एकदेश ज्ञाता- जयधवला टीका में लिखा है कि लोहाचार्य के पश्चात् अंग और पूर्वों का एकदेश ज्ञान आचार्य परम्परा से आकर गुणधर आचार्य को प्राप्त हुआ था। जयधवलाकार के ये शब्द ध्यान देने योग्य हैं—"तदो अंग-पुव्वाणमेगदेसो चेव आइरिय-परंपराए आगंतूण गुणहराइरियं संपत्तो" (जय. ध. भाग १, पृ. ८७)। धवलाटीका में इस सम्बन्ध में लिखा है—, "तदो सव्वेसिं-भंग-पुव्वाणमेगदेसो आइरियपरंपराए आगच्छमाणो धरसेणाइरियं संपत्तो"—(१, ६७)—लोहार्य के पश्चात् आचार्य परम्परा से सम्पूर्ण अंग और पूर्वों का एकदेशज्ञान धरसेन आचार्य को प्राप्त हुआ। आचार्य धरसेन अथवा गुणधर स्वामी भी विनयधर, श्रीदत्त, शिवदत्त, अर्हद्दत्त, अर्हद्बलि तथा माघनन्दि मुनीश्वरों के समान अंग-पूर्व के एकदेश के ज्ञानी थे। ये नाम सम्भवतः क्रमबद्ध परम्परागत न होने से हरिवंशपुराण, उत्तरपुराण, तिलोयपण्णत्ति आदि ग्रन्थों में नहीं पाये जाते हैं। प्रतीत होता है कि इन मुनीश्वरों के समय में कोई विशेष उल्लेखनीय अन्तर न रहने से इनके काल का पृथक् रूप से वर्णन नहीं पाया जाता है। आचारांग के पाठी आचार्य वीरनिर्वाण के पश्चात् छह सौ तिरासी वर्ष तक हुए। स्थूल रीति से वही समय धरसेनस्वामी तथा गुणधर आचार्य का रहा होगा।

विचारणीय विषय—इस विषय में यह कथन विचारणीय है; वीर निर्वाण के छह सौ पाँच वर्ष तथा पाँच माह व्यतीत होने पर शकराजाकी उत्पत्ति कही गयी है। 'त्रिलोकसार' में लिखा है—

"पण-छस्सयवस्सं षणमास जुदं गमिय वीरणिव्वुइदो।
सगराजो तोकक्की चदु-णव-तिय-महियसगमासं ॥८५०॥"

वीरभगवान् के निर्वाण जाने के छह सौ पाँच वर्ष, पाँच माह पश्चात् शक राजा हुआ। उसके अनन्तर तीन सौ चौरानवे वर्ष, सात माह के पश्चात् कल्की हुआ। इस गाथा की टीका में माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव कहते हैं—**"श्रीवीरनाथनिर्वृत्तेः सकाशात् पंचोत्तरषट्शतवर्षाणि (६०५) पंच (५) मासयुतानि गत्वा पश्चात् विक्रमांकशकराजो जायते"**—यहाँ शकराजा का अर्थ विक्रमराजा किया गया है। इस कथा के प्रकाश में आचारांग के पाठी मुनियों का सद्भाव विक्रम संवत् ६८३-६०५=७८ आता है। विक्रम संवत् के सत्तावन वर्ष पश्चात् ईसवी सन् प्रारम्भ होता है; अतः ७८-५७=२१ वर्ष ईसा के पश्चात् आचारांगी लोहाचार्य हुए। उसके समीप ही धरसेन स्वामी का समय अनुमानित होने से उनका काल ईसवी की प्रथम शताब्दी पूर्वार्ध होना चाहिए।

दो परम्परा—श्वेताम्बर परम्परा के अनुसार विक्रम के चार सौ सत्तर वर्ष पूर्व भगवान् महावीर का निर्वाण कहा जाता है। इस प्रकार दिगम्बर परम्परा श्वेताम्बर मान्यता से एक सौं पैंतीस वर्ष पूर्व वीरनिर्वाण को मानती है। इतिहासकारों के मध्य प्रचलित वीरनिर्वाण काल ईसवी पूर्व पाँच सौ सत्ताईस वर्ष श्वेताम्बर परम्परा के आधार पर अवस्थित है। ४७० + ५७=५२७ वर्ष ईसा के पूर्व महावीर भगवान् हुए।

मुख्य विचारणीय विषय है कि 'शकराज' का क्या अर्थ किया जाय?[1] यदि शालिवाहन शक अर्थ किया जाता है, तो महावीर भगवान् का निर्वाण काल ईसवी के पाँच सौ सत्ताईस वर्ष पूर्व होता है। उसके आधार पर यदि धरसेन स्वामी का समय निकाला जाएगा, तो ईसवी सन् इक्कीस में एक सौ पैंतीस और जोड़ने पड़ेंगे। इस प्रकार वह समय एक सौ छप्पन ईसवी होगा अर्थात् ईसा की दूसरी शताब्दी हो जाएगा। दिगम्बर आगम के कथन में श्रद्धा करनेवालों की दृष्टि में वीरनिर्वाण काल विक्रम संवत् से छह सौ पाँच वर्ष पाँच माह पूर्व माना जाएगा। अतः विक्रम संवत् २०२० में वीरनिर्वाण संवत् २०२० + ६०५ =२६२५ होगा।

---

१. इस सम्बन्ध में विशेष विवेचन आस्थान महाविद्वान् पण्डित शान्तिराज शास्त्री ने मैसूर राज्य-द्वारा मुद्रित तत्त्वार्थसूत्र की भास्करनन्दी रचित टीका की संस्कृत भूमिका में किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिगम्बर-श्वेताम्बर परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए डॉ. जेकोवी ने लिखा था—"The traditional date of Mahavira's nirvana is 470 years before Vikrama according to the Śvetāmbaras and 605 according to the Digambaras"—श्वेताम्बर सम्प्रदाय के अनुसार महावीर का निर्वाण विक्रम से चार सौ सत्तर वर्ष पूर्व हुआ था तथा दिगम्बरों की परम्परा के अनुसार वह छह सौ पाँच वर्ष पूर्व हुआ था।

पुरावृत्तज्ञ श्री राइस ने अपने शिलालेख संग्रह की प्रस्तावना में महावीर भगवान् के निर्वाण के छह सौ पाँच वर्ष बाद उज्जैन के विक्रमादित्य का उल्लेख करते हुए लिखा है :—"There was born Vikramaditya in Ujjayini and he by his knowledge of astronomy, having made an almanac established his own era from the year Rudhirodgāri, the 605 year after the death of Vardhamana.

उज्जैनी में एक विक्रमादित्य राजा उत्पन्न हुआ था, जिसने अपने ज्योतिष ज्ञान के बलपर एक पंचांग बनाकर रुधिरोद्गारी वर्ष से अपना संवत् चलाया था, जिसका समय वर्धमान के निर्वाण के छह सौ पाँच वर्ष बाद था।

सूत्रकार का समय—

अतः दिगम्बर परम्परा को ध्यान में रखते हुए आचार्य धरसेन का समय ईसा की प्रथम शताब्दी का पूर्वार्ध मानना होगा तथा वही समय उनके पास में 'महाकम्मपयडिपाहुड' के रहस्य का अभ्यास करनेवाले महाज्ञानी पुष्पदन्त, भूतबलि मुनीश्वरों का मानना सम्यक् प्रतीत होता है। इस प्रकाश में *'महाबन्ध'* के रचयिता आचार्य भूतबलि का समय ईसा की प्रथम शताब्दी स्वीकार करना होगा।

'महाबन्ध' शास्त्र की रचना भूतबलि आचार्य ने की थी। इस सम्बन्ध में *'धवला'* टीका में कहा है कि सौराष्ट्र देश के गिरिनगर पत्तन की चन्द्रा गुफा में अंग तथा पूर्व के एकदेश के ज्ञाता धरसेन आचार्य विराजमान थे।[1] वे अष्टांग महानिमित्त विद्या के पारगामी थे। उनके चित्त में यह भय उत्पन्न हुआ कि आगे श्रुतज्ञान का विच्छेद हो जाएगा। अतः प्रवचनवत्सल उन महर्षि ने दक्षिणापथ के निवासी तथा महिमा नगरी में एकत्रित आचार्यों के पास अपना एक लेख भेजा, जिसमें उनका मनोगत भाव सूचित किया गया था।

'श्रुतावतार' कथा में लिखा है—धरसेन आचार्य को अग्रायणी पूर्व के अन्तर्गत पंचम वस्तु के चतुर्थ भाग महाकर्म प्राभृत का ज्ञान था। अपने निर्मलज्ञान में जब उन्हें यह भासमान हुआ कि मेरी आयु थोड़ी शेष रही है। यदि कोई प्रयत्न नहीं किया जाएगा, तो श्रुत का विच्छेद हो जाएगा। ऐसा विचारकर उन्होंने देशेन्द्र देश के वेणातटाकपुर में निवास करनेवाले महामहिमाशाली मुनियों के निकट एक ब्रह्मचारी के द्वारा पत्र भेजा। उस पत्र में लिखा था—"स्वस्ति श्री वेणाकतटवासी यतिवरों को उर्ज्जयन्त तट निकटस्थ चन्द्रगुहानिवासी धरसेनगणि अभिवन्दना करके यह सूचित करता है कि मेरी आयु अत्यन्त अल्प रह गयी है। इससे मेरे हृदयस्थ शास्त्र की व्युच्छित्ति हो जाने की सम्भावना है, अतएव उसकी रक्षा के लिए आप शास्त्र के ग्रहण-धारण में समर्थ तीक्ष्ण बुद्धि दो यतीश्वरों को भेज दीजिए।" पश्चात् योग्य विद्वान् मुनीश्वरों के आने पर धरसेन स्वामी ने अपनी ज्ञाननिधि उन दोनों को सौंप दी थी।

बृहत्कथाकोश में विशेष कथन—'आराधना कथाकोश' में दक्षिणापथ से आगत महिमा नगरी में विराजमान संघ के प्रमुख आचार्य का नाम महासेन दिया गया है। हरिषेण कृत बृहत्कथाकोश (पृ. ४२) में लिखा है कि उस समय सौराष्ट्र देश में धर्मसेन राजा का शासन था तथा उनकी रूपवती रानी का नाम धर्मसेना था। उसके गिरिनगर के समीप चन्द्रगुहा में धरसेन महामुनि रहते थे।

---

१. "तेण वि सोरट्ठविसय-गिरिणयरपट्टणचंदगुहाठिएण अट्ठंगमहाणिमित्तपारएण गंथवोच्छेदो होहदि त्ति जादभयेण पवयणवच्छलेण दक्खिणावहाइरियाणं महिमाए मिलियाणं लेहो पेसिदो।" —ध. टी., १,६७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"ततः सौराष्ट्रदेशेऽस्ति नगरं गिरिपूर्वकम्। धर्मसेननृपस्तत्र धर्मसेनास्य सुन्दरी ॥१॥
तत्पत्तनसमीपे च चन्द्रोपपदिका गुहा। सन्तिष्ठते गुरुस्तस्यां धरसेनो महामुनिः ॥२॥

विबुध श्रीधर रचित 'श्रुतावतार' (पृ. ३१६) से ज्ञात होता है कि धरसेन महामुनि के समीप भेजे गये दो शिष्यों का नाम 'सुबुद्धि' और 'नरवाहन' था। सुबुद्धि दीक्षा के पहले श्रेष्ठिवर थे और नरवाहन नरेश थे।

जिस दिन मुनियुगल धरसेन मुनीन्द्र के समीप पहुँचे थे, उसके प्रभाव काल में धरसेन स्वामी ने एक स्वप्न देखा था कि दो सुन्दर धवलवर्ण बैलों ने उनके समीप आकर उनकी तीन प्रदक्षिणा दी और नम्रतापूर्वक उनके चरणों में पड़ गये। इस स्वप्न को देखकर स्वप्नशास्त्र के अनुसार उन्होंने उसे अत्यन्त शुभसूचक स्वप्न समझा। उन्होंने "जयउ सुददेवदा"—श्रुतदेवता की जय हो, ये शब्द उच्चारण किये। कुछ क्षण के अनन्तर महिमानगरी से आगत धारणा तथा ग्रहण शक्ति में प्रवीण मुनियुगल ने गुरुदेव को प्रणाम करके अपने आने का कारण निवेदन किया, "अणेण कज्जेणम्हा दोवि जणा तुम्हं पादमूलमुवगया"। आचार्य महाराज ने कहा, "सुट्ठु, भद्दं"—ठीक है, कल्याण हो। (ध.टी., १,६८) हरिषेण कथाकोश (पृष्ठ ४२) में लिखा है—

"उपविश्य क्षणं स्थित्वा प्रोचतुस्तौ मुनीश्वरम्।
नाथ! ग्रहीतुमायातौ त्वत्तो विद्यां मनोद्भवाम् ॥६॥"

वे क्षण-भर गुरु के चरणों में बैठे; पश्चात् खड़े होकर उन्होंने मुनीश्वर धरसेन स्वामी से कहा, "नाथ! आपके अन्तःकरण से प्रसूत विद्या को ग्रहण करने को हम लोग आये हैं।"

यह सुनकर धरसेन स्वामी ने समागत साधुयुगल की सत्पात्रता की परीक्षा करना उचित समझा, क्योंकि श्रुतज्ञान सामान्य वस्तु नहीं है। वह अमृत से भी विशेष महत्त्वपूर्ण है। आज जो पात्रता-अपात्रता का विशेष विचार किये बिना श्रुतदान का कार्य चलता है, उसका फल प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है कि किन्हीं के द्वारा पान किया गया श्रुतज्ञान रूप दुग्ध विषरूप परिणमन को प्राप्त होता है, अतः ऐसे लोग परमागम के द्वारा स्व-परकल्याण साधन के स्थान में अपनी शक्ति का उपयोग आगम निषिद्ध कार्यों में करते हैं। परम विवेकी धरसेन स्वामी ने सोचा—'जहाछंदाईणं विज्जादाणं संसारभयवद्धणं'—स्वच्छन्द वृत्तिवालों को विद्यादान संसार भय का संवर्धक है, अतः उन्होंने उन साधुयगल की सत्पात्रता, वीतरागता, विवेकशीलता तथा निर्भीकता आदि की परीक्षा के हेतु कोई शास्त्रीय प्रश्न न पूछकर दो विद्याएँ सिद्ध करने को दीं। एक का मन्त्र हीनाक्षर था, दूसरे का मन्त्र अधिक अक्षर वाला था। आचार्य ने कहा था—दो उपवासपूर्वक इनको सिद्ध करो। जब उन्होंने विद्या सिद्ध की, तब एक के समक्ष कानी देवी आयी और अधिक अक्षरवाले साधक के समक्ष दन्तुरा—लम्बे दाँतोंवाली देवी आयी। उस समय वे साधकयुगल विचार करने लगे—

"विलोक्य देवतां व्यग्रामेताभ्यां चिन्तितं तदा। काणिकोदन्तुरा देवी दृश्यते न कदाचन ॥१०॥
शोधयित्वा पुनर्विद्यां मन्त्रव्याकरणेन तु। ऊनाधिकाक्षरं दत्वा हित्वा ताभ्यां विचिन्तितम् ॥११॥
भूयोऽपि चिन्तिता विद्या ताभ्यां देवी समागता। सर्वलक्षणसम्पूर्णा किंकर्तव्यसमाकुला ॥१२॥
विसृज्य देवतां साधू सिद्धविद्यौ तपस्विनौ। गुरोः समीपतां प्राप्य प्रोचतुस्तौ यथाक्रमम् ॥१३॥"

इन्होंने देवता के व्यग्र स्वरूप को देखकर विचार किया कि कोई भी देवी एकाक्षी नहीं होती तथा विकृत दन्तवाली नहीं होती, इसलिए उन्होंने मन्त्र के व्याकरण के अनुसार विद्यासाधन हेतु दिये गये मन्त्र को शुद्ध किया। न्यूनाक्षर मन्त्र में अक्षर जोड़े और अधिक अक्षरवाले में कम किये। इसके पश्चात् उन्होंने पुनः मन्त्र का चिन्तवन किया। उस समय सर्वलक्षणों से समलंकृत देवता का आगमन हुआ और उन्होंने उनसे अपने योग्य कर्त्तव्य बताने का अनुरोध कया। उन तपस्वियों ने विद्या सिद्ध कर उनका सम्यक् प्रकार विसर्जन किया और गुरु के समीप आकर निवेदन किया—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"भवद्भिर्दत्तविद्यायां दत्तमेकं मयाक्षरम्। तथा निरस्तमेकं च महातीचारकारिणा ॥१४॥
कृतातीचारपापस्य प्रायश्चित्तं त्वमावयोः। प्रदेहि साम्प्रतं तेन स्वचेतः शुद्धिमिच्छतोः ॥१५॥"

भगवन्! आपके द्वारा दी गयी विद्या में मैंने एक अक्षर जोड़ दिया। दूसरे साधक ने कहा—मैंने एक अक्षर कम कर दिया। ऐसा करने से हमारे-द्वारा महान् दोष हुआ है। इस प्रकार अतिचाररूपी पाप करने के कारण आप हमें अभी प्रायश्चित्त दीजिए, जिससे हमारी मानसिक मलिनता दूर हो।

उसे सुनकर धरसेन आचार्य ने कहा—

"ऊनाधिकाक्षरे विद्ये परीक्षार्थं यथाक्रमम्।
वितीर्णे ते भवद्भ्यां मे न वा दोषोऽल्पकोऽपि सः ॥१७॥"

मैंने तुम्हारी परीक्षा करने के लिए क्रमशः ऊन अक्षर और अधिक अक्षर युक्त विद्या तुम्हें दी थी। इसमें तुम्हारा तनिक भी दोष नहीं है।

धरसेन स्वामी की परीक्षा में वे दोनों साधु विशुद्ध सुवर्ण सदृश प्रमाणित हुए। उन्होंने यह देख लिया कि साधु-युगल का चरित्र अत्यन्त निर्मल है। वे अत्यन्त बुद्धिमान, विवेकी ज्ञानवान् हैं तथा उनका मन विषयों के प्रति पूर्णतया विरक्त है। उन्हें विश्वास हो गया कि इनको दी गयी विद्या का मधुर परिणाम ही होगा, इसलिए उन्होंने—'सोमतिहि-णक्खत्त-वारे गंथो पारद्धो'—शुभ तिथि, शुभ नक्षत्र तथा शुभ दिन में ग्रन्थ का पढ़ाना प्रारम्भ किया। आचार्य धरसेन स्वामी ने यह नहीं सोचा कि हमें धर्मरूप पवित्र ज्ञाननिधि इन्हें सौंपनी है, इसमें मुहूर्त आदि देखना अर्थहीन है। ऐसा न सोचकर उन परम विवेकी महाज्ञानी गुरुदेव ने शुद्ध काल रूप बाह्य सामग्री को अपने ध्यान में रखा। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि किसी भी सत्कार्य करने में बाह्य योग्य सामग्री की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। वादीभसिंह सूरिने 'क्षत्रचूड़ामणि' काव्य में लिखा है, "पाके हि पुण्य-पापानां, भवेद् बाह्यं च कारणम्" ॥११-१४॥ पुण्य तथा पाप के उदय में बाह्य सामग्री भी कारण रूप होती है। उन महामेधावी, प्रतिभाशाली तथा लोकोत्तर व्यक्तित्व समलंकृत साधुयुगल को महाज्ञानी मुनीन्द्र धरसेन स्वामी ने उपदेश देना प्रारम्भ कर दिया, जिसे उन महर्षियों ने अपने स्मृति पटल में पहले पूर्णतया अंकित कर लिया। इस प्रसंग में द्रव्य, क्षेत्र, काल तथा भावरूप सामग्रीचतुष्य श्रेष्ठ रूप से विद्यमान थी, अतः धरसेनाचार्य का मनोरथ पूर्ण हो गया।

आषाढ़सुदी एकादशी का महत्त्व—आषाढ़ सुदी एकादशी के पूर्वाह्न में 'महाकम्म-पयडि पाहुड' गत कर्म-साहित्य का उपदेश पूर्ण हो चुका। प्रवचन प्रेमवश धरसेन स्वामी के मन में जो पहले भय उत्पन्न हुआ था, वह भय अब दूर हो गया। उनकी श्रुतप्रेमी आत्मा को अवर्णनीय आनन्द हुआ। उन्होंने परम शान्ति तथा सन्तोष का अनुभव किया।

देवों द्वारा पूजा—'धवला' टीका में लिखा है—"विणएण गंथो समाणिदोत्ति" (१,७०) विनयपूर्वक ग्रन्थ समाप्त हुआ। "तुट्ठेहि भूदेहि तत्थेयस्तु महती पूजा पुष्प-बलि-संख-तूर-रव-संकुला कदा"—इससे सन्तोष को प्राप्त हुए भूतजाति के व्यन्तर देवों ने पुष्प, बलि, शंखों की उच्च ध्वनियुक्त वैभवपूर्ण पूजा की। पवित्र कार्य पूर्ति होने पर इस पंचमकाल में देवताओं का आगमन होकर पूजा का कार्य सम्पन्न होना असामान्य घटना थी।

नामकरण—उस मंगल वेला में धरसेनाचार्य के मन में अपने श्रुतज्ञान निधि के उत्तराधिकारी उन शिष्य-युगल के नवीन नामकरण की भावना उत्पन्न हुई।

'धवला' टीका में लिखा है—"तं दट्ठूण तस्स 'भूदवलि' त्ति भडारएण णामं कयं। अवरस्स वि भूदेहि पूजिदस्स अत्थ-वियत्थ-ट्ठिय-दंत-पंति-भोसारिय भूदेहि समीकय दंतस्स 'पुप्फयंतो' त्ति णामं कयं। (१,७१)

उस महान् पूजाको देवताओं के द्वारा सम्पन्न हुई देखकर भट्टारक धरसेन स्वामी ने भूतजाति के देवों द्वारा पुष्पादि से पूजा की जाने के कारण उन मुनीश्वरों को 'भूतबलि', यह संज्ञा प्रदान की तथा अस्त-व्यस्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दन्तपंक्ति दूर कर भूत देवों ने जिनके दन्तों को समानरूपता प्रदान की, ऐसे देवपूजित द्वितीय साधुराज का नाम पुष्पदन्त रखा।

विबुध[1] श्रीधर विरचित 'श्रुतावतार' में कहा है कि नरवाहन राजा ने मुनि पद को स्वीकार किया था। वे 'भूतबलि' इस संज्ञा-युक्त किये गये तथा सद्बुद्धि नामक द्वितीय मुनि का नाम पुष्पदन्त रखा था। पहले गृहस्थ जीवन में वे श्रेष्ठिवर थे।

धरसेन स्वामी का मनोगत—अष्टांग-निमित्त-विद्या के पारगामी धरसेन स्वामी को यह ज्ञात हो गया कि अब रत्नत्रय साधक उनका शरीर अधिक काल तक नहीं टिकेगा। अब उनका मरण समीप है। ऐसे अवसर पर ये दोनों मुनि यदि मेरे समीप रहेंगे, तो इनके चित्त में मेरे वियोग की व्यथा उत्पन्न होना सम्भव है, अतः उन वीतराग गुरुदेव ने मोहभाव का त्याग कर उन शिष्यों को उसी दिन प्रस्थान कर अन्यत्र चातुर्मास करने का आदेश दिया। धवला टीका में लिखा है—"पुणो तद्दिवसे चेव पेसिदा संतो-गुरुवयणमलंघणिज्जं इदि चिंतिऊणागदेहि अंकुलेसरे वरिसाकालो कओ" (१,७१) गुरु की आज्ञानुसार वे भूतबलि-पुष्पदन्त मुनिराज उसी दिन यह सोचकर कि 'गुरु के वचन अलंघनीय होते हैं' वहाँ से रवाना हो गये और उन्होंने अंकलेश्वर में चातुर्मास किया।

इन्द्रनन्दि आचार्य ने लिखा है—"दूसरे दिन गुरु ने यह सोचकर कि मेरी मृत्यु निकट है, यदि ये समीप रहेंगे तो दुःखी होंगे। उन दोनों को कुरीश्वर भेज दिया। तब वे ६ दिन चलकर इस नगर में पहुँच गये और वहाँ पंचमी को योग ग्रहण करके उन्होंने वर्षाकाल समाप्त किया।"

विबुध श्रीधर ने धवलाकार के अनुसार उन मुनिद्वय का अंकुलेसर में चातुर्मास लिखा है। इसका कारण उन्होंने यह लिखा है कि धरसेन स्वामी ने अपनी मृत्यु को निकट ज्ञात किया तथा उससे इन मुनिद्वय को क्लेश न हो, इसलिए उनका वहाँ से प्रस्थान कराया।[2]

वीतराग चित्तवृत्ति—इस प्रकरण से जिनेन्द्र के शासन में गुरु की वाणी का महत्त्व घोषित होता है। धरसेन आचार्य की वीतरागता का सजीव स्वरूप समझ आता है। अपने शिष्यों को मनोव्यथा न हो, यह विचार उनकी परम कारुणिक मनोवृत्ति को व्यक्त करता है। उनके वीतराग हृदय में यह मोहभाव नहीं रहा कि मेरे स्वर्ग प्रयाण करते समय मेरे शिष्य मेरे समीप में रहें। समाधिमरण के लिए तत्पर धरसेन स्वामी अपने को शरीर से भिन्न चैतन्य ज्योति स्वरूप एकाकी आत्मा सोचते थे, इसलिए उन्होंने विशुद्ध भावों के साथ उन अत्यन्त गुणी तथा महाज्ञानी साधुओं को सदा के लिए अपने पास से अलग भेज दिया। अब उनका विशुद्ध मन जिनेन्द्र-चरणों का स्मरण करते हुए कर्मजाल से विमुक्त चैतन्य की ओर विशेष रूप से केन्द्रित हो रहा था।

चातुर्मास का काल व्यतीत होने पर भूतबलि भट्टारक द्रमिल देश—तामिल देश को गये—'भूदबलि-भडारो दमिलदेस गदो' तथा पुष्पदन्ताचार्य वनवास देशको गये। प्रतीत होता है कि इस चातुर्मास के भीतर ही महामुनि धरसेन स्वामी का स्वर्गवास हो गया होगा; अन्यथा उनके जीवित रहते हुए कृतज्ञ शिष्य-युगल गुरुदेव के पुण्य दर्शन हेतु गये बिना न रहते।

---

१. विबुध श्रीधर के शब्दों में इन्द्रभूति गणधर ने श्रेणिक महाराज से षट्खण्डागम सूत्र की उत्पत्ति के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा था :—"धरसेनभट्टारकः कतिपयदिनैर्नरवाहन-सद्बुद्धिनाम्नोः पठनाकर्णन-चिन्तनक्रियां कुर्वतोरषाढ-श्वेतैकादशीदिने शास्त्रं परिसमाप्तिं यास्यति। एकस्य भूता रात्रौ बलिविधिं करिष्यन्ति, अन्यस्य दन्तचतुष्कं सुन्दरम्। भूतबलिप्रभावाद् भूतबलिनामा नरवाहनो मुनिर्भविष्यति। समदन्तचतुष्टयप्रभावात् सद्बुद्धिः पुष्पदन्तनामा मुनिर्भविष्यति।

—श्रुतावतार, पृ. ३१७।

२. आत्मनो निकटमरणं ज्ञात्वा धरसेन एतयोर्मा क्लेशो भवतु इति मत्वा तन्मुनिविसर्जनं करिष्यति।

—श्रुतावतार, पृ. ३१७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुष्पदन्तस्वामी की रचना—'धवलाटीका' में लिखा है कि वनवास देश में पहुँचकर पुष्पदन्त स्वामी ने जिनपालित को दीक्षा दी।[1] बीस प्ररूपणा गर्भित सत्प्ररूपणाके १७७ सूत्र बनाये और उन्हें जिनपालित के द्वारा भूतबलि स्वामी के समीप भेजे।

जिनपालित—इन्द्रनन्दि श्रुतावतार के कथनानुसार जिनपालित पुष्पदन्त स्वामी के भानजे थे। विबुधश्रीधर के श्रुतावतार में जिनपालित का नाम निजपालित आया है।[2] धर्मकीर्ति शिलालेख नं. १ में (पट्टावली बागड़ा संघ या लालवागढ़) जिनपालित को 'योगिराट्'—योगियों के अधीश्वर लिखा है।

"तेषां नामानि वच्मीतः शृणु भद्र महान्वय।
भद्रो भद्रस्वभावश्च धरसेनो यतीश्वरः ॥६॥
भूतबलिः पुष्पदन्तो जिनपालितयोगिराट्।
समन्तभद्रो धीधर्मा सिद्धिसेनो गणाग्रणीः ॥७॥"

भूतबलि की रचना—[3]भूतबलि स्वामी ने जिनपालित के पास वीसदि सूत्रों को देखा, उसमें अन्तिम १७७वाँ सूत्र यह है—'अणाहारा चदुसु ट्ठाणेसु विग्गहगइसमावण्णाणं, केवलीणं वा समुग्घादगदाणं अजोगिकेवली, सिद्धा चेदि।' उन्हें जिनपालित के द्वारा ज्ञात हुआ कि पुष्पदन्त का जीवन-प्रदीप शीघ्र बुझनेवाला है। इससे उनके हृदय में विचार उत्पन्न हुए कि अब 'महाकम्मपयडिपाहुड' का लोप हो जाएगा, अतः उन्होंने 'दव्वपमाणाणुगममादि काऊण गंथरचणा कदा'—द्रव्यप्रमाणानुगम को आदि लेकर ग्रन्थरचना की। *'षट्खण्डागम'* में भूतबलि स्वामी रचित आदि सूत्र यह है—'दव्वपमाणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य।'—ध. टी. २,१

इस सूत्र के प्रारम्भ में वीरसेनाचार्य धवलाटीका में लिखते हैं—

"संपहि चोद्दसण्हं जीवसमासाणमत्थित्तमवगदाणं सिस्साणं तेसिं चेव पिरमाणपडिवोहणट्ठं भूदबलियाइरियो सुत्तमाह" (२,१)

'अब चौदह जीवसमासों के अस्तित्व को जाननेवाले शिष्यों को परिमाण का अवबोध कराने के लिए भूतबलि आचार्य सूत्र कहते हैं।'

पूर्वोक्त सूत्र को आदि लेकर शेष समस्त *'षट्खण्डागम'* सूत्र भूतबलि स्वामी की उज्ज्वल कृति हैं।

श्रुत पंचमी पर्व—इन्द्रनन्दिकृत 'श्रुतावतार' से विदित होता है कि जब यह रचना पूर्ण हो गयी, तब चतुर्विध संघ सहित भूतबलि स्वामी ने ज्येष्ठ सुदी पंचमी को ग्रन्थराज की बड़ी भक्तिपूर्वक पूजा की।[4] उस समय से श्रुतपंचमी पर्व प्रचलित हो गया; जब कि श्रुत-देवता की सर्वत्र अभिवन्दना की जाती है। इसके पश्चात् भूतबलि स्वामी ने यह रचना जिनपालित के साथ पुष्पदन्त स्वामी के पास भेजी। सौभाग्य की बात हुई, जो दुर्दैव ने पुष्पदन्ताचार्य को उस समय तक नहीं उठाया था। आचार्य पुष्पदन्त ने रचना देखी। अपना

---

१. तदो पुप्फदंताइरिएण जिणवालिदस्स दिक्खं दाऊण वीसदिसुत्ताणि कारिय पढाविय पुणो सो भूदवलिभयवंतस्स पासं पेसिदो।—ध. टी. १,७१

२. Documents produced by Digambaris bebore the court of Dhwajadand Commissioner Udaipur, pp. 29-30

३. भूदबलिभयवदा जिणवालिदासे दिट्ठवीसदिसुत्तेण अप्पाउओ त्ति अवगयजिणवालिदेण महाकम्मपयडिपाहुडस्स वोच्छेदो होहदि त्ति समुप्पण्ण-बुद्धिणा पुणो दव्वपमाणाणुगममादिं काऊण गंथ रचणा कदा। —ध. टी., १,७१

४. ज्येष्ठसितपक्षपञ्चम्यां चातुर्वर्ण्यसंघसमवेतः। तत्पुस्तकोपकरणैर्व्यधात् क्रियापूर्वकं पूजाम् ॥१४३॥
श्रुतपंचमीति तेन प्रख्यातिं तिथिरियं परामाप। अद्यापि येन तस्यां श्रुतपूजां कुर्वते जैनाः ॥१४४॥
—इ. श्रु.।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मनोरथ सफल हुआ ज्ञात कर वे अत्यन्त आनन्दित हुए। उन्होंने भी चातुर्वर्णसंघ सहित सिद्धान्तशास्त्र की पूजा की।[1]

इस महाशास्त्र के रक्षण कार्य में जिनपालित की भी महत्त्वपूर्ण सेवा विदित होती है। हम देखते हैं कि चातुर्मास पूर्ण होने के पश्चात् पुष्पदन्त अपने साथी भूतबलि को छोड़कर जिनपालित के पास वनवास देश में पहुँचते हैं। वे विंशतिसूत्रों की रचना करके अपना मन्तव्य भूतबलि के पास प्रेषित करते हैं। भूतबलि जब ग्रन्थराज का निर्माण पूर्ण कर लेते हैं, तब वे इन्हीं जिनपालित के साथ अपनी अमूल्य जीवन निधि-ज्ञाननिधि को पुष्पदन्ताचार्य के समीप भेजते हैं, ताकि उनका भी इस आगम-रचना के विषय में अभिप्राय ज्ञात हो जाय। जिनपालित योगिराज थे तथा पुष्पदन्त-जैसे महामुनि के अत्यन्त विश्वासपात्र थे। भूतबलि स्वामी ने भी उन्हें योग्य समझ अपने समीप स्थान दिया था और अपनी रचना उनके ही साथ पुष्पदन्त स्वामी के पास भिजवायी थी। इससे हमें प्रतीत होता है कि महान् ग्रन्थ-रचनाकार्य में वे भूतबलि स्वामी के समीप अवश्य रहे होंगे। बहुत सम्भव है कि भूतबलि स्वामी के तत्त्व प्रतिपादन को लिखने का कार्य जिनपालित-द्वारा सम्पन्न हुआ हो। कम से कम इतना तो दृढ़तापूर्वक कहा जा सकता है कि इस सिद्धान्तशास्त्र के उद्धार कार्य में जिनपालित मुनिराज का विशेष स्थान रहा। इसका वर्णन इसलिए नहीं मिलता कि पहले लोग कार्य को प्रधान मानते थे, नाम की ओर प्रायः कम ध्यान रहता था। इतना बड़ा *'षट्खण्डागम'* महाशास्त्र निर्माण करते हुए भी ग्रन्थ में जब भूतबलि स्वामी का नाम कहीं नहीं आया, तब जिनपालित का नाम न आना विशेष आश्चर्यप्रद बात नहीं है।

ग्रन्थ की प्रामाणिकता

'महाबन्ध' शास्त्र में सम्पूर्ण चर्चा आगमिक तथा अहेतुवाद-आश्रित है। आगम की निम्नलिखित परिभाषा प्रस्तुत शास्त्र के विषय में पूर्णतया चरितार्थ होती है–

"पूर्वापरविरोधादेर्व्यपेतो दोषसन्ततेः।
द्योतकः सर्वभावनामाप्तव्याहृतिरागमः ॥"–ध. टी., पृ. ८७५

–जो पूर्वापरविरोधादि दोषपरम्परा से रहित हो, सर्व पदार्थों का प्रकाशक हो तथा आप्त की वाणी हो, उसे आगम कहते हैं।

कुन्दकुन्दस्वामी ने 'नियमसार' में कहा है–

"तस्स मुहग्गयवयणं पुव्वावरदोसविरहियं सुद्धं।
आगममिदि परिकहियं तेण दु कहिया हवंति तच्चत्था ॥८॥"

अरहन्त परमात्मा के मुख से विनिर्गत, पूर्वापर दोष रहित शुद्धवाणी को आगम कहा है। उस आगम के द्वारा तत्त्वार्थ का कथन किया गया है। यह आगम सम्यक्त्व की उत्पत्ति में निमित्त कारण कहा गया है। (नियमसार गाथा ५३)

षट्खण्डासगम सूत्रों की, विशेषकर *'महाबन्ध'* की चर्चा बहुत सूक्ष्म है। उसमें कहीं भी पूर्वापर विरोध का दर्शन नहीं होता। जितना सूक्ष्म चिन्तक एवं विचारक *'महाबन्ध'* का पारायण करेगा, वह ग्रन्थ के विवेचन से उतना ही अधिक प्रभावित होगा। ग्रन्थ की महत्ता यथार्थ में पूर्वापर अविरोधिता में है। अपने विषय पर प्रकाश डालने मे आचार्य ने किंचित् भी न्यूनता नहीं प्रदर्शित की है। ग्रन्थराज आप्त की कृति है, अतः यह स्वतः प्रमाण है। किसी हेतुवादरूप साधन-सामग्री की आवश्यकता नहीं है। आप्तमीमांसाकार समन्तभद्र स्वामी का कथन है–

---

१. विबुध श्रीधरकृत 'श्रुतावतार' से ज्ञात होता है कि पुष्पदन्त आचार्य के साथ चतुःसंघ ने तीन दिन पर्यन्त बड़े उत्साहपूर्वक पूजा प्रभावना की थी। धार्मिक समाज ने व्रतादि का परिपालन भी किया था। पृ. ३१६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"वक्तर्यनाप्ते यद्धेतोः साध्यं तद्धेतुसाधितम्।
आप्ते वक्तरि तद्वाक्यात्साध्यमागमसाधितम् ॥७८॥"

—वक्ता यदि अनाप्त है, तो युक्ति-द्वारा जो बात सिद्ध की जाएगी, वह हेतुसाधित की जाएगी। और यदि वक्ता आप्त है, तो उनके वचनामत्र से ही बात सिद्ध होगी। इसे आगमसाधित कहते हैं।

भूतबलि को आप्त किस कारण माना जाय, इस सम्बन्ध में धवला टीका में सुन्दर तर्कणा की गयी है। शंकाकार कहता है; सूत्र की परिभाषा है—

"सुत्तं गणहरकहियं तहेव पत्तेयबुद्धकहियं च।
सुदकेवलिणा कहियं अभिण्णदसपुव्विकहियं च ॥"

—गणधर का कथन, प्रत्येकबुद्ध मुनिराज की वाणी, श्रुतकेवली का कथन, अभिन्नदशपूर्वी का कथन सूत्र है।

"ण च भूदबलिभडारओ गणहरो, पत्तेयबुद्धो, सुदकेवली, अभिण्णदसपुव्वी वा येणेदं सुत्तं होज्ज? जदि एदं सुत्तं ण होदि तो...पमाणत्तं कुदो णव्वदे?" भूतबलि भट्टारक गणधर नहीं हैं। न वे प्रत्येक बुद्ध, श्रुतकेवली अथवा अभिन्न दशपूर्वी हैं, जिससे यह शास्त्र 'सूत्र' हो जाय। यदि यह शास्त्र सूत्र नहीं होता है, तो इसमें प्रामाणिकता का किस प्रकार ज्ञान होगा?

इस शंका के समाधान में कहते हैं—"रागदोसमोहाभावेण पमाणीभूदपुरिसपरंपराये आगत्तादो" (ध. टी., पृ. १२८२) 'यह ग्रन्थ प्रमाण है, कारण राग-द्वेष-मोहरहित प्रामाणिकता-प्राप्त पुरुषपरम्परा से यह प्राप्त हुआ है।

इस ग्रन्थ में अप्रामाणिकता का लेश भी नहीं है। इस सम्बन्ध में वीरसेनाचार्य का कथन महत्त्वपूर्ण है। वे लिखते हैं[1]—इस प्रकार प्रमाणीभूत महर्षिरूप प्रणालिका के द्वारा प्रवाहित होता हुआ महाकर्म-प्रकृतिप्राभृतरूप अमृत-जल-प्रवाह धरसेन भट्टारक को प्राप्त हुआ। उन्होंने भी गिरिनगरी की चन्द्रगुफा में भूतबलि, पुष्पदन्त को सम्पूर्ण महाकर्म-प्रकृति-प्राभृत सौंपा। तदनन्तर श्रुतनदी का प्रवाह व्युच्छिन्न न हो जाय, इस भय से भव्य जीवों के अनुग्रह के लिए उन्होंने 'महाकम्मपयडि पाहुड' का उपसंहार करके षट्खण्ड बनाये। अतः यह त्रिकालगोचर समस्त पदार्थों को ग्रहण करनेवाले प्रत्यक्ष तथा अनन्त केवलज्ञान से उत्पन्न हुआ है, प्रमाणस्वरूप आचार्य प्रणालिका के द्वारा आगत है और प्रत्यक्ष तथा अनुमान प्रमाण से अबाधित है। अतः यह शास्त्र प्रमाण है। इसलिए मोक्षाभिलाषी भव्यात्माओं को इसका अभ्यास करना चाहिए।

पुनः शंकाकार कहता है—"सूत्र विसंवादी क्यों नहीं है?" उत्तर में कहते हैं—"सूत्र में विसंवादीपना नहीं है, कारण यह विसंवाद के कारण सम्पूर्ण दोषों से मुक्त भूतबलि के वचनों से विनिर्गत है।"[2] पुनः शंकाकार तर्क करता है—"कदाचित् भूतबलि ने असम्बद्ध देशना की हो?" इसके निराकरण में वीरसेन स्वामी कहते हैं—"ण चासंबद्धं भूदबलिभडारओ परूवेदि, महाकम्मपयडिपाहुड-अभियधाणेण ओसारिदासेसराग-दोस

---

१. एवं पमाणीभूदमहरिसिपणालेण आगंतूण महाकम्मपयडिपाहुडामियजलपहावो धरसेणभडारयं संपत्तो। तेण वि गिरिणयरचंदगुहाए भूदबलिपुप्फदंताणं महाकम्मपयडिपाहुडं सयलं समप्पिदं। तदो भूदबलिभडारएण सुद-णइ-पवाहवोच्छेदभीएण भवियलोगाणुग्गहट्ठं महाकम्मपयडिपाहुडमुवसंहरियऊण छखंडाणि कयाणि, तदो तिकालगोयरासेस-पयत्थविसय-पच्चक्खाणंत-केवलणाणप्पभवादो पमाणीभूदआइरियपणालेणादत्तादो, दिट्ठिट्ठविरोहाभावादो पमाणमेसो गंथो, तम्हा मोक्खत्थिणा अब्भसेयव्वो।

—ध. टी., सि., पृ. ७६२।

२. विसंवादी सुत्तं किण्ण जायदे? ण, विसंवादकारण-सयलदोसमुक्क भूदबलि-वयणविणिग्गयस्स सुत्तस्स विसंवादत्तविरोहादो।
—ध. टी. सि., पृ. १०३३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोहत्तादो"—भूतबलि भट्टारक असम्बद्ध प्ररूपण नहीं करेंगे, कारण उन्होंने महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के अवधारण करने से रागद्वेष तथा मोह का निराकरण कर दिया है।

महाधवल मनोवृत्ति—वक्ता का जब विशिष्ट व्यक्तित्व स्थापित हो जाता है, तब उनकी वाणी में भी स्वयं विशेषता का अवतरण हो जाता है। इस चर्चा से यह बात भी ज्ञात हो जाती है कि महाकर्मप्रकृति प्राभृत के परिशीलन से राग, द्वेष तथा मोह का विनाश होता है, तब उस महाशास्त्र के उपसंहाररूप इस ग्रन्थराज के द्वारा भी रागद्वेष-मोह की विशेष मन्दता होती है। कषायादि की विशेष तीव्र अवस्था में तो मनोवृत्ति *'महाबन्ध'* का अवगाहन भी नहीं कर सकेगी। इसके लिए अन्तःकरण वृत्ति की निर्मलता तथा निश्चिन्तता की परम आवश्यकता है। गृहस्थ सदृश आकुलतापूर्ण श्रमण भी इस शास्त्र का रसास्वाद नहीं कर सकता। श्रमणसदृश मनोवृत्ति तथा पवित्र परिणतियुक्त व्यक्ति इस महाशास्त्र का सम्यक् परिशीलन करने में समर्थ होगा। गार्हस्थिक आकुलतावाला व्यक्ति इस अमृतनिधि का आनन्द न ले सकेगा। प्रतीत होता है, इस बात को लक्ष्य में रखकर सर्वसाधारण को इस ज्ञानसिन्धु में अवगाहन करने का पात्र नहीं कहा। *'महाबन्ध'* का रसास्वादन करनेवाले की मनोवृत्ति *'महाधवल'* होनी चाहिए। इस ग्रन्थराज के द्वारा जीवन महाबन्ध से मुक्त हो महाधवल रूप होता है।

मंगल-चर्चा

जैन शास्त्रकार अपने शास्त्र के प्रारम्भ में जिनेन्द्र भगवान् के गुणस्मरणरूप मंगल-रचना करते हैं। इसका कारण आचार्य विद्यानन्दि यह बताते हैं कि—

"अभिमतफलसिद्धेरभ्युपायः सुबोधः प्रभवति स च शास्त्रात्तस्य चोत्पत्तिराप्तात्।
इति भवति स पूज्यः तत्प्रसादप्रबुद्धैर्न हि कृतमुपकारं साधवो विस्मरन्ति ॥"

—श्लो. वा., पृ.२

'अभिमतफल-सिद्धि का उपाय सुबोध है, वह शास्त्र से प्राप्त होता है और शास्त्र की उत्पत्ति आप्त से होती है, अतः शास्त्र के प्रसाद से प्रबोध प्राप्त पुरुषों का कर्तव्य है कि आप्त को अपनी प्रणामांजलि अर्पित करें, कारण सत्पुरुष अपने पर किये गये उपकार को नहीं भूलते।'

मंगल के विषय में तिलोयपण्णत्ति में कहा है—

"पढमे मंगलवयणे सिस्सा सत्थस्स पारगा होंति।
मज्झिम्मे णिव्विग्घं विज्जा, विज्जाफलं चरिमे ॥१,२९"

ग्रन्थ के आरम्भ में मंगल पाठ से शिष्य लोग शास्त्र के पारगामी होते हैं। मध्य में मंगल के करने से निर्विघ्न विद्या की उपलब्धि होती है तथा अन्त में मंगल करने से विद्या का फल प्राप्त होता है। *'महाबन्ध'* का प्रथम पत्र नष्ट हो गया है, अतः ग्रन्थ के आदि में क्या मंगल श्लोक या सूत्र रहे, इसका परिज्ञान नहीं हो सकता। यह भी कल्पना हो सकती है कि *'कषायप्राभृत'* के समान यहाँ भी मंगल न किया गया हो।

कषायप्राभृत में मंगल का अभाव—कषायप्राभृत की टीका में वीरसेन स्वामी लिखते हैं—"ववहारणयमस्सिदूण गुणहरभडारयस्स पुण एसो अहिप्पाओ, जहा-कीरउ अण्णत्थ सव्वत्थ णियमेण अरहंतणमोक्कारो, मंगलफलस्स पारद्धकिरियाए अणुवलंभादो। एत्थ पुण णियमो णत्थि, परमागमुवजोगम्मि णियमेण मंगलफलोवलंभादो। एदस्स अत्थविसेसस्स जाणावणट्ठं गुणहरभडारएण गंथस्सादीए ण मंगलं कयं।" (१।९)।

"व्यवहार नय की अपेक्षा गुणधर भट्टारक का यह अभिप्राय है कि परमागम के अतिरिक्त अन्यत्र सर्वत्र नियम से अरहन्त-नमस्कार करना चाहिए, कारण प्रारब्धक्रियाओं में मंगलफलविघ्नध्वंसकता की अनुपलब्धि है। यहाँ इस बात का नियम नहीं है। परमागम में उपभोग लगने पर नियम से मंगल के फल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की प्राप्ति होती है। इस अर्थविशेष का परिज्ञान कराने के लिए गुणधर भट्टारक ने ग्रन्थ के आदि में मंगल नहीं किया।

यह विवेचन आपाततः विरोधात्मक दृष्टिगोचर होता है; किन्तु अनेकान्त शैली के प्रकाश में इनका समाधान स्वयं हो जाता है।

महाबन्ध का मंगल—*'महाबन्ध'* के मंगल के विषय में *'धवला'* टीका के चतुर्थ वेदना नामक खण्ड में महत्त्वपूर्ण सामग्री प्राप्त होती है। उसमें आचार्य वीरसेन स्वामी लिखते हैं—"निबद्ध और अनिबद्ध के भेद से मंगल दो प्रकार का है।"[१]

अनिबद्ध मंगल—तब फिर वेदना खण्ड के आदि में 'णमो जिणाणं' आदि मंगल सूत्र हैं, वे निबद्ध मंगल हैं या अनिबद्ध मंगल? वे निबद्धमंगलरूप नहीं हैं। कृति आदि चौबीस अनुयोग हैं अवयव जिसके, ऐसे महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के आदि में गौतमस्वामी-द्वारा प्ररूपित मंगल को भूतबलि भट्टारक ने वहाँ से उठाकर वेदना खण्ड के प्रारम्भ में स्थापित कर दिया, इस कारण इसे निबद्ध मंगल मानने में विरोध आता है। वेदनाखण्ड तो महाकर्मप्रकृति प्राभृत नहीं है। अवयव को अवयवी मानने में विरोध है। अर्थात् वेदनाखण्ड अवयव है, उसे महाकर्म प्रकृति प्राभृत रूप अवयवी मानने में विरोध आता है। भूतबलि तो गौतम हैं नहीं, विकल श्रुत के धारी धरसेनाचार्य शिष्य भूतबलि को सकल श्रुतधारी वर्धमान भगवान् शिष्य गौतम मानने में विरोध है। निबद्ध मंगल मानने में कारण रूप अन्य प्रकार है नहीं, अतः यह अनिबद्ध मंगल है।"

आचार्य अपनी तर्कशैली से इसे निबद्धमंगल भी सिद्ध करते हैं। महापरिमाणवाले गणधरदेव रचित वेदना खण्ड के उपहसंहाररूप वेदनाखण्ड में वेदना का अभाव सर्वथा नहीं है। उनमें प्रमेय की दृष्टि से कथंचित् ऐक्य है। आचार्य भूतबलि और गौतम में भी कथंचित् अभिन्नता द्योतित करते हुए कहते हैं—"अथवा भूदवली गोदमो चेव, एगाहिप्पायत्तादो; तदो सिद्धं णिवद्धमंगलत्तमपि।" अथवा भूतबलि गौतम है, कारण उनके अभिप्राय में एकत्व है।

विशेष विचार—वेदना खण्ड में मंगल के दो भेद टीकाकार ने कहे हैं—"णिबद्धा-णिबद्धभेएण दुविहं मंगलं" (पृ. ३१, ताम्रपत्र प्रति)। मंगल के इन दो भेदों का कथन जीवट्ठाण प्रथम खण्ड में (पृष्ठ ७ ताम्रपत्रीय प्रति में) इस प्रकार आया है—"तच्च मंगलं दुविहं णिबद्धमणिबद्धमिदि"—वह मंगल निबद्ध, अनिबद्ध के भेद से दो प्रकार हैं। वेदना खण्ड में निबद्ध, अनिबद्ध शब्दों का उल्लेख करके उनकी परिभाषा नहीं दी गयी है। वहाँ इतना ही कहा है कि 'णमो जिणाणं' आदि सूत्र 'महाकम्मपयडि पाहुड' में गौतम स्वामीने रचे थे। उनकी वेदना, वर्गणा तथा *'महाबन्ध'* इन तीन खण्डों का मंगल भूतबलि स्वामी ने माना है। भूतबलि स्वामी ने अन्य मंगल नहीं लिखे। जब ये मंगल सूत्र अन्य रचित हैं (borrowed) तथा अन्य ग्रन्थ से उद्धृत किये गये हैं, तब ये अनिबद्ध मंगल हैं, ऐसा स्पष्ट धवला टीका में उल्लेख किया गया है।

जीवट्ठाण की टीका में मंगल के दो भेदों का उल्लेख करके इस प्रकार स्पष्ट किया है—"तत्थ णिबद्धं णाम, जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण कय-देवदा-णमोक्कारो तं णिबद्धमंगलं। जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण णिबद्धो देवदा-णमोक्कारो तमणिबद्धमंगलं।" (पृ.७, ताम्रपत्र प्रति) —जो सूत्र के आरम्भ में सूत्रकर्ता के द्वारा किया गया अर्थात् रचा गया देवता का नमस्कार है, वह निबद्ध मंगल है तथा जो सूत्र के आदि में सूत्रकर्ता के द्वारा निबद्ध अर्थात् उद्धृत (borrowed) देवता का नमस्कार है, वह अनिबद्ध मंगल है। ऐसी स्थिति में यह प्रश्न होता है कि जीवट्ठाण के प्रारम्भ में पुष्पदन्त आचार्य ने जो 'णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं,

---

१. णिबद्धाणिबद्धभेएण दुविहं मंगलं। तत्थेदं किं णिबद्धमाहो अणिबद्धमिदि। ण ताव णिबद्धमंगलमिदं? महाकम्मपयडिपाहुडस्स कदिआदिचउवीस-अणियोगावयवस्स आदीए गोदमसामिणा परूविदस्स भूदबलिभडारएण वेयणाखंडस्स आदीए मंगलट्ठं तत्तो आणेदूण ठविदस्स णिबद्धत्तविरोहादो। ण च वेयणाखण्डं महाकम्मपयडिपाहुडं, अवयवस्स अवयवित्तविरोहादो। ण च भूदबली गोदमो, विगलसुदधारयस्स धरसेणाइरियसीसस्स भूदबलिस्स सयलसुदाधारवड्ढमाणंतेवासिगोदमत्तविरोहादो। ण च अण्णो पयारो णिबद्धमंगलत्तस्स हेदुभूदो अत्थि। तम्हा अणिबद्धमंगलमिदं। (ताम्रपत्र प्रति, भाग ४, पृ. ३१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं' सूत्र लिखा है उसे कौन-सा मंगल माना जाए? वेदना खण्ड में गणधर-रचित 'णमोजिणाणं' आदि सूत्र उद्धृत होने से जैसे अनिबद्ध मंगल है, उसी प्रकार 'णमो अरिहंताणं' आदि को भी पारिभाषिक अनिबद्ध मंगलरूपता प्राप्त होती है।

शंका—इस सम्बन्ध में शंकाकार कहता है कि यह मान्यता भ्रमपूर्ण है। णमोकार मन्त्र निबद्ध मंगल है, ऐसा वीरसेन स्वामी ने जीवट्ठाण की टीका में लिखा है—'इदं पुण जीवट्ठाणं णिबद्धमंगलं'। (पृ. ७, ताम्र पत्र प्रति)—यह जीवट्ठाण निबद्ध-मंगल है, अतः यह पुष्पदन्त आचार्यकृत है। यह उनसे पूर्व में रचित मंगल नहीं है।

समाधान—यह धारणा भ्रान्त है। खण्डागम के प्रथम खण्ड का नाम जीवट्ठाण है। वह ग्रन्थ निबद्ध मंगल अर्थात् पारिभाषिक निबद्ध मंगल रूप नहीं है। वहाँ निबद्ध मंगल शब्द बहुव्रीहि समास रूप है; 'निबद्धं मंगलं जत्थ एवंभूतं जीवट्ठाणं'—जीवट्ठाण ग्रन्थ मंगल युक्त है। यदि निबद्धमंगल रूप पारिभाषिक मंगल अपेक्षित होता तो पाठ होता—'इदं जीवट्ठाणं सणिबद्ध-मंगलं'। किन्तु ग्रन्थगत पाठ है—'जीवट्ठाणं णिबद्धमंगलं'। अतः बहुव्रीहि समास की अपेक्षा जीवट्ठाण मंगल युक्त है, इतना ही अर्थ होता है। इससे इस कथन के आधार पर णमोकार मन्त्र को पुष्पदन्ताचार्य की कृति मानना अनुचित है। जिस तरह 'णमोजिणाणं' आदि वेदना खण्ड के प्रारम्भ में निबद्ध सूत्र गौतम गणधर रचित हैं, वही बात णमोकारमन्त्र के विषय में भी है।

प्रश्न—'जीवट्ठाणं णिबद्धमंगलं'—इन शब्दों-द्वारा जीवट्ठाण रूप प्रथम ग्रन्थ में 'निबद्ध मंगलं' शब्द देने का क्या प्रयोजन है?

समाधान—टीकाकार का अभिप्राय यह है कि ग्रन्थ के आरम्भ में मंगल होना चाहिए—इस सामान्य शिष्टाचार की मान्यता का परिपालन जीवट्ठाण में हुआ है। उसका उल्लंघन नहीं हुआ है। यह उन्होंने सूचित किया है।

प्रश्न—जब मंगल के निबद्ध, अनिबद्ध ये दो भेद जीवट्ठाण में किये गये, तब आचार्य ने टीका में वेदना खण्ड के समान णमोकार मन्त्र को अनिबद्ध मंगल क्यों नहीं कहा? यदि *'णमो जिणाणं'* आदि मंगल सूत्रों के समान णमोकार मन्त्र को भी अनिबद्ध मंगल कह देते तो भ्रम ही उत्पन्न न होता।

समाधान—णमोकार मन्त्र निबद्ध मंगल है या अनिबद्ध है, यह चर्चा टीकाकार ने नहीं की; क्योंकि णमोकार मन्त्र अनादि मूल मन्त्र रूप में सर्वत्र प्रसिद्ध है, अतः उसके विषय में चर्चा करना धवलाकार को अनावश्यक प्रतीत हुआ। 'णमो जिणाणं' आदि मंगल सूत्रों के कर्तृत्व के विषय में अवबोध न रहने से वीरसेन स्वामी ने अपनी वेदना खण्ड की टीका में यह स्पष्ट किया कि ये मंगल सूत्र उद्धृत किये गये हैं, अतः ये अनिबद्ध मंगल हैं, अर्थात् भूतबलि स्वामी की रचना नहीं है। जहाँ सन्देह या भ्रम की सम्भावना हो, वहाँ स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है।

प्रश्न—यदि णमोकार मन्त्र अनादि मूल मन्त्र है तथा वह द्वादशांग वाणी का अंग है, तो णमोकार मन्त्र को पुष्पदन्त आचार्यरचित सूचित करने के लिए जो मुद्रित धवलाटीका के प्रथम खण्ड में आदर्श प्रतियों के पाठ में परिवर्तन किया गया, वह कैसा है?

समाधान—आदर्श प्रतियों में जो पाठ हैं, उसके अर्थ में पूर्ण संगति बैठने से उसमें फेरफार करने की कोई भी आवश्यकता नहीं थी। उसमें परिवर्तन करने का ही यह फल हुआ, कि जब से धवला टीका हिन्दी में मुद्रित हुई, तब से कोई-कोई लोग इस भ्रम में आ गये कि णमोकार मन्त्र पुष्पदन्त आचार्य की रचना है तथा उसे अनादि मूल मन्त्र मानना ठीक नहीं है। मूडबिद्री की ताड़पत्र की प्रतियों में इस प्रकार पाठ है—'जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण कयदेवदा-णमोक्कारो तं णिबद्धमंगलं' इसका पाठ इस प्रकार बदला गया—'जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण णिबद्धदेवदा-णमोक्कारो तं णिबद्धमंगलं।'

मूल पाठ यह था—'जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण णिबद्धो देवदा-णमोक्कारो तमणिबद्धमंगलं।'

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

परिवर्तित पाठ यह किया गया—'सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण कय-देवदा-णमोक्कारो तमणिबद्धमंगलं' (पृ. ४१, ध. टी. १)।

प्रश्न—इस छोटे-से परिवर्तन से क्या बाधा हो गयी?

समाधान—सूत्रकर्ता के द्वारा स्वयं रचित देवता का नमस्कार निबद्ध मंगल है तथा जीवट्ठाण निबद्ध मंगल है, इससे सामान्य बुद्धि के पाठकों को यह भ्रम हो गया कि णमोकार रूप मंगल निबद्ध मंगल है। यथार्थ बात यह है कि टीकाकार वीरसेन स्वामी ने णमोकार मन्त्र कौन-सा मंगल है, यह चर्चा ही नहीं की। उन्होंने मंगल के दो भेद कहने के पश्चात् मात्र सूचित किया कि जीवट्ठाण में मंगल है। वह ग्रन्थ मंगलरहित नहीं है। 'कसायपाहुड' में मंगलाचरण नहीं रचा गया; ऐसी अवस्था इस जीवट्ठाण की नहीं है, इसे स्पष्ट करने को आचार्य ने कहा—'जीवट्ठाणं णिबद्धमंगलं' (१।४१)—यह जीवट्ठाण ग्रन्थ मंगलाचरण युक्त है। यह ग्रन्थ निबद्ध मंगल नहीं है।

भूतबलि स्वामी की विशिष्ट दृष्टि—भूतबलि स्वामी-जैसे महाज्ञानी, प्रतिभासम्पन्न तथा परम विवेकी आचार्य ने वेदनाखण्ड, वर्गणाखण्ड और *'महाबन्ध'*—इन तीन खण्डों के लिए स्वतन्त्र मंगल रचना न करके गौतम गणधर रचित 'महाकम्मपयडि पाहुड' के अन्तर्गत वेदना खण्ड के आरम्भ में दिये णमो जिणाणं, णमो ओहिजिणाणं आदि सूत्रों को वहाँ से उठाकर अपनी रचना में मंगलरूप में स्थापित किया, इससे यह सूचित होता है कि वे महर्षि परम वीतरागभावसम्पन्न थे। वे अपनी रचना-द्वारा अपना पाण्डित्य प्रदर्शन करने की कल्पना नहीं सोचते थे। प्रतीत होता है कि वे गौतम गणधर के उन सूत्रों से विशेष प्रभावित थे। अतः उन्हें अन्य मंगल रचना करने की आवश्यकता नहीं प्रतीत हुई। अपनी रचना को वे स्वयं की कृति न सोचकर जिनेन्द्र की वाणी मानते थे। जैसे समस्त ग्रन्थ गणधर रचित 'महाकम्म-पयडि पाहुड' का अवयव है, उसी प्रकार उन्हीं गणधर की रचना रूप मंगलसूत्र को लेना किसी प्रकार भी अनुचित नहीं प्रतीत हुआ।

'णमो जिणाणं' आदि सूत्रों को वीरसेन आचार्य गौतम गणधर की कृति स्वीकार करते हैं। उन्होंने वेदनाखण्ड की *'धवला टीका'* में लिखा है "महाकम्म-पयडि-पाहुडस्स कदिआदि-चउवीस-अणियोगावयवस्स आदीए गोदमसामिणा परूविदस्स भूदबलि भडारएण वेयणाखंडस्स आदीए मंगलट्ठं ततो आणेदूण ठविदस्स णिबद्धत्त विरोहादो—तम्हा अणिबद्धमंगलमिदं" (पृ. ३१, ताम्रपत्रीय प्रति)। वेदनाखण्ड, वर्गणा खण्ड तथा *'महाबन्ध'* के मंगलरूप गौतम गणधर रचित 'णमो जिणाणं' आदि सूत्र हैं। अतः उनके मूलकर्त्ता भूतबलि स्वामी नहीं हैं। अन्य कृत रचना को अपने ग्रन्थ में निबद्ध करने के कारण उन सूत्रों को अनिबद्ध मंगल माना गया है। अलंकार चिन्तामणि में लिखा है—

"स्वकाव्यमुखे स्वकृतं पद्यं निबद्धं परकृतमनिबद्धम्"

नय-दृष्टि—*'महाबन्ध'* का प्रथम मंगलसूत्र 'णमो जिणाणं' द्रव्यार्थिक नयाश्रित लोगों के अनुग्रह हेतु गौतम स्वामी ने रचा था। इसके पश्चात् रचित ४३ सूत्रों को पर्यायार्थिक नयाश्रित जीवों के अनुग्रह हेतु रचा था। उनमें 'णमो ओहिजिणाणं' प्रथम सूत्र है। वेदना खण्ड में टीकाकार वीरसेन स्वामी ने कहा है—"एवं दव्वट्ठिय-जणाणुग्गहट्ठं णमोक्कारं गोदमभडारओ महाकम्म-पयडि-पाहुडस्स आदिम्हि काऊण पज्जवट्ठिय-णयाणुग्गहणट्ठमुत्तर-सुत्ताणि भणदि" (ताम्रपत्रीय प्रति, पृ. ४)—इस प्रकार द्रव्यार्थिक दृष्टि युक्त जीवों के अनुग्रह हेतु गौतम भट्टारक ने *'महाकर्म प्रकृति'* प्राभृत के आरम्भ में नमस्कार करके पर्यायार्थिक नयवालों के अनुग्रह के हेतु उत्तरसूत्र कहते हैं। इस प्रकार स्याद्वाद दृष्टि को श्रद्धा की दृष्टि से देखनेवाले महर्षि ने दोनों नयों के प्रति समान आदरभाव व्यक्त किया।

---

१. जयधवला भाग १, पुस्तक १, पृ. ८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गौतम गणधर की दृष्टि

गणधरदेव गौतम स्वामी ने जो मंगलसूत्रों की रचना की थी, वह व्यवहार नय की अपेक्षा से की थी, क्योंकि उन्होंने व्यवहार नय को अनेक जीवों का कल्याणकारी मानकर उसका आश्रय लिया है। जयधवला टीका के ये शब्द विशेष महत्त्वपूर्ण हैं[1]—"ववहारणयं पडुच्च पुण गोदमसामिणा चदुबीसण्हमणियोगद्दाराणमादीए मंगल कदं" व्यवहार नय का आश्रय लेकर गौतम स्वामी ने चौबीस अनुयोगद्वारों के प्रारम्भ में (णमो जिणाणं आदि) मंगल किया है।

यहाँ यह शंका होती है कि गणधर देव ने अभूतार्थ व्यवहार नय का आश्रय क्यों लिया, वह तो छोड़ने योग्य नय है; क्योंकि वह असत्य है।

समाधान—"ण च ववहारणओ चप्पलओ। तत्तो सिस्साण-पउत्तिदंसणादो। जो बहुजीवाणुग्गहकारी ववहारणओ, सो चेव समस्सिदव्वो त्ति मणेणावहारिय गोदमथेरेण मंगलं तत्थकयं"[1]—"व्यवहार नय चपल अर्थात् असत्य नहीं है। क्योंकि उससे शिष्यों की प्रवृत्ति देखी जाती है। गौतम स्थविर ने इस बात को मन में अवधारण करके वहाँ मंगल रचना की कि व्यवहार नय बहुत जीवों का अनुग्रहकारी है और उस व्यवहार नय का आश्रय लेना चाहिए। इसके द्वारा व्यवहार नय का महत्त्व स्पष्ट हो जाता है।

णमोकार मन्त्र की प्राचीनता पर प्रकाश—णमोकार मन्त्र अनादि मूलमन्त्र है। इसके लिए जैन परम्परा में यह प्रसिद्धि है—

"अनादिमूलमन्त्रोऽयं सर्वविघ्नविनाशनः।
मंगलेषु च सर्वेषु प्रथमं मंगलो मतः ॥"

इसके सिवाय मूलाराधना टीका में अपराजित सूरि ने (पृ. २) कहा है कि गणधर ने 'णमो अरहंताणं' इत्यादि शब्दों-द्वारा सामायिक आदि *'लोकबिन्दुसार'* पर्यन्त समस्त परमागम में पंच परमेष्ठियों को नमस्कार किया है।" ग्रन्थ में ये शब्द आये हैं—"यद्येवं सकलस्य श्रुतस्य सामायिकादेर्लोकबिन्दुसारान्तस्यादौ मंगलं कुर्वद्भिर्गणधरैः णमो अरहंताणमित्यादिना कथं पंचानां नमस्कारः कृतः ?"

प्रायश्चित्त में णमोकार का उपयोग—मुनि-जीवन में प्रतिक्रमण रूप अन्तरंग नय का महत्त्वपूर्ण स्थान है। भगवान् ऋषभदेव और अन्तिम तीर्थंकर महावीर के तीर्थ में अपराध न करनेवाले भी श्रमणों को प्रतिक्रमण रूप प्रायश्चित्त करने का विधान है। शेष बाईस तीर्थंकरों के तीर्थ में होनेवाले मुनियों के लिए ऐसा कथन नहीं आया है। उनके तीर्थ में दोष लगने पर ही प्रतिक्रमणरूप प्रायश्चित्त किया जाता था, किन्तु आदि जिन और अन्तिम जिन के तीर्थ में दोष लगाने की सदा सम्भावना रहने से प्रायश्चित्त कहा है। प्रायश्चित्त के भेद प्रतिक्रमण में णमोकार मन्त्र के जाप का आवश्यक और महत्त्वपूर्ण स्थान है। मूलाचार में कहा है—

"सपडिक्कमणो धम्मो पुरिमस्स य पच्छिमस्स य जिणस्स।
अवराहे पढिकमणं मज्झिमयाणं जिणवराणं ॥७,१५४॥"

आदि जिन तथा पश्चिम जिन अर्थात् वीरभगवान् ने प्रतिक्रमण युक्त धर्म का उपदेश दिया है। अपराध न होने पर भी प्रतिक्रमण करना ही चाहिए, ऐसी आद्यन्त तीर्थंकरों ने शिष्यों को आज्ञा दी है। मध्यम तीर्थंकरों ने अपराध होने पर प्रतिक्रमण कहा है।

इसका हेतु मूलाचार में यह दिया है—

"मज्झिमया दिढबुद्धी एयग्गमणा अमोहलक्खा य।
तम्हा हु जमाचरंति तं गरहंता विसुज्झंति ॥७,१५७॥"

---

१. कोश में 'चपल' शब्द का अर्थ 'असच्च'—असत्य किया है—दे. नाममाला ३-२०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मध्यम तीर्थंकरों के शिष्य दृढ़बुद्धि अर्थात् मजबूत स्मरण शक्ति युक्त थे, एकाग्रमन थे, मोहरहित होते थे। इससे उनसे जो अतिचार होता था, उस दोष की वे गर्हा करते थे और शुद्ध चारित्रवाले बनते थे।

"पुरिम-चरिमा दु जम्मा चलचित्ता चेव मोहलक्खा च।
तो सव्वपडिक्कमणं अंधलम-घोडय-दिट्ठंता ॥१५८॥"

आद्यन्त तीर्थंकरों के शिष्य चंचलचित्त हैं। उनका मन दृढ़ नहीं है। मोह से उनका मन आक्रान्त है। वे ऋजुजड़ और वक्रजड़ हैं। अतः सर्व प्रतिक्रमण दण्डकों का वे उच्चारण करते हैं। उनके लिए अन्धे घोड़े का दृष्टान्त है। जैसे वैद्य पुत्र ने अन्धे घोड़े की औषधि का ज्ञान होने से नेत्र की भिन्न-भिन्न दवाओं को क्रम-क्रम से लगा, उसे रोगमुक्त कर दिया, उसी प्रकार सर्व प्रतिक्रमणों का उच्चारण करते हैं, क्योंकि सर्व प्रतिक्रमण दण्डक कर्मक्षय के कारण हैं।

उच्छ्वास का उपयोग—दैवसिक, रात्रिक, पाक्षिक आदि प्रतिक्रमणों में णमोकार के जप की आवश्यकता कही गयी है। 'मूलाचार' में लिखा है—"दैवसिक प्रतिक्रमण के कायोत्सर्ग में एक सौ आठ उच्छ्वास करना चाहिए। अर्थात् छत्तीस बार पंच नमस्कार का जाप करना चाहिए। एक बार णमोकार का पाठ करने में तीन उच्छ्वास का काल लगता है। 'णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं' में एक उच्छ्वास, 'णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं' में दूसरा उच्छ्वास तथा 'णमो लोए सव्वसाहूणं' पदोच्चारण में तीसरा उच्छ्वास होता है। प्राण वायु को भीतर लेना और बाहर छोड़ना, यह उच्छ्वास का लक्षण है। रात्रिक प्रतिक्रमण में चौवन उच्छ्वास करना चाहिए अर्थात् १८ बार पंच नमस्कार मन्त्र को चौवन उच्छ्वासों में पढ़ना चाहिए। पाक्षिक प्रतिक्रमण तीन सौ उच्छ्वासों में अर्थात् सौ बार णमोकार पढ़ना चाहिए। चातुर्मासिक प्रतिक्रमण में चार सौ उच्छ्वास, सांवत्सरिक में पाँच सौ उच्छ्वास कहे हैं। (मूलाचार पृ. ३३८, अ. ७, गा. १८५, १८६)

अनगारधर्मामृत टीका (अ. ८, पृ. ६७५) में यह पद्य उद्धृत किया गया है,

"सप्तविंशतिरुच्छ्वासाः संसारोन्मूलनक्षमे।
सन्ति पंचनमस्कारे नवधा चिन्तिते सति ॥"

पंचनमस्कार मन्त्र का नौ बार चिन्तवन करने में २७ उच्छ्वास होते हैं। इस प्रकार इसका चिन्तवन संसार का उच्छेद करने में समर्थ होता है।

णमोकार मन्त्र के पाठ में तीन उच्छ्वास प्रमाण काल लगता है। यह उच्छ्वास व्यवहार काल का भेद कहा है। 'आवलि असंखसमया संखेज्जावलि समूहमुच्छ्वासो'—असंख्यात समय प्रमाण आवलि होती है तथा संख्यात आवली प्रमाण उच्छ्वास होता है। चरणानुयोग रूप आगम में णमोकार के जाप की गणना को उच्छ्वास के माध्यम से भी कहा गया है। जैसे नौ बार णमोकार का जाप करे, इसको इस रूप से कहेंगे कि २७ उच्छ्वास करते हैं। अनगारधर्मामृत में लिखा है—

"उच्छ्वासा : स्युस्तनूत्सर्गे नियमान्ते दिनादिषु।
पंचस्वष्ट—शतार्ध-त्रि-चतुःपंचशतप्रमाः ॥८-७२॥"

दिन, रात्रि, पक्ष, चतुर्मास, संवत्सर इन पाँच अवसरों पर वीर भक्ति करते समय जो कायोत्सर्ग किया जाता है, उसमें क्रम से एक सौ आठ, चौअन, तीन सौ, चार सौ, और पाँच सौ उच्छ्वास हुआ करते हैं।

अनादि मन्त्र मानने में हेतु—जैनधर्म का प्राण श्रमण धर्म है। उस मुनिधर्म को निर्दोष बनाने के लिए साधुगण संदा प्रतिक्रमणादि-द्वारा अपनी आत्मा को परिशुद्ध करते हैं। उस प्रतिक्रमण कार्य में पंच णमोकार का स्मरण अत्यन्त आवश्यक अंग है। भगवान् ऋषभनाथ तीर्थंकर के समय में भी जो साधुराज होते थे, वे प्रतिक्रमण करते समय णमोकार मन्त्र को पढ़ा करते थे। अतः यह णमोकार मन्त्र गौतम गणधर से ही सम्बन्धित नहीं है, किन्तु इसका सम्बन्ध प्रथम गणधर वृषभसेन स्वामी से भी रहा है। यथार्थ में यह अनादि मूल मन्त्र है। चौदह पूर्व के अन्तर्गत जो विद्यानुवाद नाम का दशम पूर्व है, उसमें णमोकार मन्त्र को पैंतीस अक्षरों से युक्त मन्त्र के रूप में निरूपण किया गया है। अतः चरणानुयोग रूप परमागम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के प्रकाश में भी णमोकार मन्त्र अनादि मूल मन्त्र निश्चित होता है। ऐसी स्थिति में मुद्रित हिन्दी धवला टीका के नाम पर जिन्होंने यह धारणा बना ली है कि यह णमोकार पुष्पदन्त आचार्य की रचना है, वह योग्य नहीं है। यह णमोकार मन्त्र उसी प्रकार अनिबद्ध मंगल रूप है, जिस प्रकार णमो जिणाणं, णमो ओहिजिणाणं आदि वेदना खण्ड, वर्गणा खण्ड तथा *'महाबन्ध'* के मंगल सूत्र अनिबद्ध मंगल हैं।

प्रश्न–*'षट्खण्डागम'* के प्रारम्भ में पुष्पदन्त आचार्य णमोकार मन्त्र रूप मंगल सूत्र को उद्धृत करके जीवट्ठाण को अलंकृत किया गया, चौथे, पाँचवें तथा छठे खण्ड में भूतबलि स्वामी ने भी ग्रन्थान्तर का मंगल उद्धृत किया, तो क्या दूसरे और तीसरे खण्ड में भी इसी प्रकार अनिबद्ध मंगल को अपनाने की पद्धति अंगीकार की गयी है?

समाधान–दूसरे तथा तीसरे खण्ड में भूतबलि स्वामी ने स्वयं मंगल पद्यों को रचकर उन खण्डों को निबद्ध मंगल युक्त किया है। इस प्रकार *'षट्खण्डागम'* सूत्र में निबद्ध और अनिबद्ध दोनों प्रकार के मंगल पाये जाते हैं। अन्य ग्रन्थों में निबद्ध मंगल ही पाया जाता है।

निबद्ध मंगल–दूसरे खण्ड में क्षुद्रबन्ध में यह महत्त्वपूर्ण मंगल श्लोक है–

"जयउ धरसेणणाहो जेण महाकम्मपयडि-पाहुड-सेलो।
बुद्धिसिरेणुद्धरिओ समप्पिओ पुप्फयंतस्स॥"

वे धरसेन स्वामी जयवन्त हों, जिन्होंने महा-कर्मप्रकृति-प्राभृत रूप पर्वत को अपनी बुद्धिरूपी मस्तक के द्वारा धारण करके उसे पुष्पदन्त को सौंपा।

इस गाथा में भूतबलि आचार्य ने 'महाकम्म-पयडि-पाहुड' ग्रन्थ की पर्वत से तुलना की है। पर्वत विशाल होता है, यह दुर्गम होता है, असमर्थ तथा दुर्बल हृदयवाले उस पर्वत के पास नहीं जाते हैं, इसी प्रकार यह कर्मविषयक ग्रन्थ महान् है, गम्भीर है तथा सर्व साधारण की पहुँच के परे है। यह महाज्ञानियों की बुद्धि के द्वारा गम्य है।

भूतबलि आचार्य की महत्ता–इस ग्रन्थ का उपदेश धरसेन स्वामी ने पुष्पदन्त के साथ भूतबलि को भी दिया था, किन्तु अत्यन्त विनम्र भाव से भूषित हृदय होने से भूतबलि स्वामी अपना कोई भी उल्लेख न करके अपने साथी का ही वर्णन करते हैं।

बन्ध-स्वामित्व-विचय नाम के तीसरे खण्ड की मंगल गाथा इस प्रकार है–

"साहू–वज्झाइरिए अरहंते वंदिऊण सिद्धे वि।
जे पंच लोगवाले वोच्छं बंधस्स सामित्तं॥"

साधु, उपाध्याय, आचार्य, अरहंत तथा सिद्ध–इन पंच लोकपालों की वन्दना करके मैं बन्ध-स्वामित्व विचय ग्रन्थ का कथन करता हूँ।

पाँचों परमेष्ठी का जीवन त्रस तथा स्थावर जीवों का रक्षक होने से उनको लोकपाल कहा है। वे प्राणीमात्र का रक्षण करते हैं।

'षट्खण्डागम' सूत्र के विषय में यह बात ज्ञातव्य है कि जीवट्ठाण के १७७ सूत्रों के सिवाय द्रव्यप्रमाणानुगम आदि समस्त ग्रन्थ भूतबलि मुनीन्द्र की रचना होते हुए भी उन्होंने प्रकारान्तर से भी अपने नाम की झलक तक नहीं दी। (वेदना खण्ड, ताम्रपत्र, पृ. ४०, ४१) में टीकाकार वीरसेन-स्वामी ने कहा है–'एवं पमाणीभूदमहरिसि–पणालेण आगंतूण महाकम्मपयडि-पाहुडामिय-जलप्पवाहो धरसेणभडारयं संपत्तो। तेण वि गिरिणयर-चंदगुहाए भूदबलि-पुप्फदंताणं महाकम्मपयडिपाहुडं सयलं समप्पिदं। तदो भूदबलिभडारयेण सुदणईपवाह-वोच्छेदभीएण भवियलोगाणुग्गहट्ठं महाकम्म-पयडिपाहुडं उवसंहरिय छखंडाणि कयाणि"–इस प्रकार प्रमाणरूप महर्षिरूप प्रणालिका से आता हुआ महाकर्म-प्रकृतिप्राभृतरूप अमृत जल का प्रवाह धरसेनाचार्य को प्राप्त हुआ। उन्होंने गिरिनगर की चन्द्रगुहा में भूतबलि तथा पुष्पदन्त को सम्पूर्ण महाकर्मप्रकृतिप्राभृत प्रदान किया। इसके अनन्तर भूतबलि भट्टारक ने श्रुतज्ञान रूप नदी के प्रवाह के व्युच्छेद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के भय से भव्यलोक के अनुग्रह के हेतु महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का उपसंहार करके छह खण्ड रूप रचना की।" इस प्रकार धवलाटीकाकार भूतबलि भट्टारक के विषय में प्रकाश डालते हैं, जिससे यह प्रतीत हो जाता है कि इस ग्रन्थरचना में उनका बहुत बड़ा हाथ था। फिर भी, वे महापुरुष अपने विषय में मौन धारण करते हैं; ऐसी विश्वपूज्य आत्माओं का जीवन धन्य माना गया है। यथार्थ में धरसेन स्वामी, पुष्पदन्त स्वामी, भूतबलि स्वामी ये रत्नत्रय तुल्य थे–

आचार्य धरसेन की विशेषता–वीरसेन स्वामी धरसेन भट्टारक के विषय में लिखते हैं–

"पसियउ यहु धरसेणो पर-वाइ-गओह-दाण-वर-सीहो।
सिद्धंतामिय–सायर-तरंग-संघाय-धोय-मणो ॥४॥"

वे धरसेन आचार्य मुझ पर प्रसन्न हों जो परवादी रूप गजसमूह के मद को नष्ट करने के लिए श्रेष्ठ सिंह के समान हैं तथा जिनका अन्तःकरण सिद्धान्त रूपी अमृत के सागर की तरंगों के समूह से परिशुद्ध हो चुका है।

पुष्पदन्त को प्रणामांजलि–

"पणमामि पुप्फदंतं दुकयंतं दुण्णयंधयार-रविं।
भग्ग-सिव-मग्ग कंटयनिसि-समिइ-वइं सया दंतं ॥५॥"

मैं उन पुष्पदंत आचार्य को प्रणाम करता हूँ जो दुष्कृतों का अन्त करनेवाले हैं, कुनयरूपी अन्धकार के लिए सूर्य के समान हैं, जिन्होंने मोक्षमार्ग के कंटकों को नष्ट कर दिया है, जो ऋषि समाज के स्वामी हैं तथा निरन्तर इन्द्रियों का दमन करते हैं।

भूतबलि भट्टारक–

भूतबलि स्वामी के विषय में आचार्य वीरसेन कहते हैं–

"पणमह कय-भूय-बलिं भूयबलिं केस-वास परिभूय-बलिं।
विणिहय-वम्मह पसरं वड्ढाविय विमल-णाण-वम्मह-पसरं ॥६॥"

जो प्राणिमात्र अथवा भूत जाति के व्यन्तर देवों से पूजे गये हैं, जिन्होंने अपने केशपाश के द्वारा जरा आदि से उत्पन्न हुई शिथिलता को तिरस्कृत किया है, जिन्होंने कामभाव के प्रसार को नष्ट करके वर्द्धमान, निर्मल ज्ञान के द्वारा ब्रह्मचर्य के प्रसार को बढ़ाया है, ऐसे भूतबलि स्वामी को प्रणाम करो।

जैनी दीक्षा में उपयोग–इस महामन्त्र णमोकार का जैन संस्कृति में दीक्षा प्रदान करते समय उपयोग किया जाता है। *'महापुराण'* में नवीन जैन दीक्षा लेनेवाले व्यक्ति के लिए इस प्रकार संस्कार का वर्णन आया है–"जिनेन्द्र भगवान् के समवसरण में मंगल की पूजा हो जाने के उपरान्त आचार्य उस भव्य पुरुष को जिनेन्द्रदेव की प्रतिमा के सम्मुख बैठाएँ और बार-बार उसके मस्तक को स्पर्श करता हुआ कहें कि यह तेरी श्रावक की दीक्षा है–"तवोपासकदीक्षेयं" (पर्व ३९, श्लोक ४१)। पंच गुरु मुद्रा के विधानपूर्वक उसके मस्तक का स्पर्श करें तथा तू दीक्षा से पवित्र हुआ है–"पूतोऽसि दीक्षया", इस प्रकार कहकर उससे पूजा के शेषाक्षत ग्रहण कराएँ।

"ततः पंचनमस्कारपदान्यस्मा उपादिशेत्।
मन्त्रोऽयमखिलात्पापात्त्वां पुनीतादितीरयन् ॥४३॥"

इसके पश्चात् आचार्य उस भव्य को पंचनमस्कार पदों का उपदेश दें तथा उसके पूर्व यह आशीर्वाद दें कि यह मन्त्र समस्त पापों से तुझे पवित्र करे।

यह अड़तालीस प्रकार की दीक्षान्वय क्रिया के अन्तर्गत तीसरी स्थानलाभ नाम की क्रिया कही गयी है।

गणधर कथित पर्युपासना में णमोकार–गौतम गणधर रचित 'प्रतिक्रमण ग्रन्थत्रयी' में प्रतिक्रमण करते समय यह पाठ पढ़ा जाता है–"जाव अरहंताणं भयवंताणं णमोक्कारं करेमि, पज्जुवासं करेमि ताव कायं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पावकम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि"—जब तक मैं अरहन्त भगवान् को नमस्कार करता हूँ, पर्युपासना करता हूँ, तब तक मैं पापकर्म तथा दुश्चरित्र के कारण शरीर के प्रति 'उदासीनो भवामि'—मैं उदासीनता धारण करता हूँ। पर्युपासना के विषय में टीकाकार आचार्य प्रभाचन्द इस प्रकार प्रकाश डालते हैं—"एकाग्रेण हि विशुद्धेन मनसा चतुर्विंशत्युत्तर- शतत्रयाद्युच्छ्वासैरष्टोत्तरशतादिवारान् पञ्चनमस्कारोच्चारणमर्हतांपर्युपासनकरणं"—(बृहत्प्रतिक्रमण, पृष्ठ १५१)। एकाग्रचित्त हो विशुद्ध मनोवृत्तिपूर्वक तीन सौ चौबीस उच्छ्वास में एक सौ आठ बार पंचनमस्कार का उच्चारण करना अर्हन्त की पुर्यपासना है।" इससे स्पष्ट होता है कि प्रतिक्रमण करते समय १०८ बार णमोकार का जापरूप पर्युपासना का कार्य आवश्यक है। अतः णमोकार मन्त्र की रचना *'षट्खण्डागम'* सूत्रों के मंगल रूप में आचार्य पुष्पदन्त-द्वारा की गयी है, यह धारणा पूर्णतया भ्रान्त प्रमाणित होती है। यह द्वादशांगवाणी का अंग है।

यह णमोकार मन्त्र जैन संस्कृति का हृदय है। श्रमणों तथा उपासकों के लिए प्राणसदृश है। धर्मध्यान के दूसरे भेद पदस्थ ध्यान में मन्त्रों के जाप और ध्यान का कथन किया गया है। पंचपरमेष्ठी के वाचक पैंतीस अक्षर रूप मन्त्र का ध्यान तथा जप का उल्लेख आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती ने द्रव्यसंग्रह गाथा ४९ में किया है। उसकी टीका में द्वादश सहस्र श्लोकप्रमाण पंचनमस्कार ग्रन्थ का उल्लेख किया गया है।[1]

निष्कर्ष—इस प्रकार णमोकार मन्त्र की प्राचीनता के विषय में शास्त्राधार तथा गुरुपरम्परा सद्भाव होने से उसे द्वादशांग वाणी का अंग मानना चाहिए। इस चर्चा से यह ज्ञात होता है कि सत्प्ररूपणा के १७७ सूत्रों के प्रारम्भ में महाज्ञानी मुनीन्द्र पुष्पदन्त स्वामी ने णमोकारमन्त्र रूप अनिबद्ध मंगल को निबद्ध किया था तथा वेदना, वर्गणा तथा *'महाबन्ध'* रूप तीन खण्डों के लिए 'णमो जिणाणं' आदि ४४ मन्त्रों को भूतबलि स्वामी ने मंगल सूत्र बनाये, जो कि णमोकार मन्त्र के समान ही द्वादशांग वाणी के ही साक्षात् अंग रूप हैं। वास्तव में यह हमारा अनादिमूलमन्त्र है तथा यथार्थ में यह अपराजित मन्त्रराज है। 'अनादिमूलमन्त्रोऽयम्' यह पाठ पूजा के समय पढ़ा जाता है; वह वास्तविकता से सम्बन्ध रखता है।

यह भी स्मरणीय बात है कि श्वेताम्बर जैन साहित्य में भी इस महामन्त्र को दिगम्बरों के समान ही पूज्य और प्राचीन माना गया है।

जिस प्रकार गौतम गणधर के मंगलसूत्रों को भूतबलि स्वामी ने अपनी रचना का मंगल बनाया, तदनुसार इस हिन्दी टीका में भी वीरसेन स्वामी के मंगलपद्यों को हमने विघ्न-विनाश निमित्त अपने मंगलरूप में ग्रहण किया।

प्रतिलिपि के विषय में

'महाबन्ध' की मूल प्रति ताड़पत्र पर कन्नड़ लिपि में है। भाषा प्राकृत है। प्राचीन प्रति होने के कारण उसकी लिपि भी पुरातन कन्नड़ है। *'महाबन्ध'*ग्रन्थ २१९ ताड़पत्रों में है। इसके आरम्भ के २६ ताड़पत्रों का *'महाबन्ध'* से कोई सम्बन्ध नहीं है। उसमें सत्कर्मपंजिका है जो *'षट्खण्डागम'* के अन्य विषय स्थलों पर प्रकाश डालती है। *'महाबन्ध'* का प्रारम्भिक ताड़पत्र अनुपलब्ध है। सम्पूर्णग्रन्थ के १४ पत्र नष्ट हो चुके हैं। इससे लगभग तीन-चार सहस्र श्लोक प्रमाण शास्त्र तो सदा के लिए हमारे दुर्भाग्य से चला गया। कहीं-कहीं पत्र इतस्ततः त्रुटित भी हैं। इसके कारण अनेक महत्त्वपूर्ण स्थलों का अवबोध नहीं हो सकता तथा किसी विषय का सहसा रस भंग हो जाता है, कारण प्रसंग-परम्परा का अभाव हो गया है। ऐसे अवसर पर हृदय में अवर्णनीय वेदना होती है कि हमारी असावधानी के कारण उस द्वादशांग वाणी की महानिधि का वह अंश लुप्त हो गया जो जगत् के कल्याण निमित्त धरसेन स्वामी ने भूतबलि मुनीन्द्र के द्वारा बड़ी कठिनता से नष्ट होने से बचाया था। आज उस लुप्त अंश की पूर्ति की कथा ही दूर, उसकी पंक्तियों की पूर्ति करना भी असम्भव है। कारण भूतबलि स्वामीसदृश क्षयोपशम किसे प्राप्त है?

१. "द्वादश-सहस्र-प्रमित-पंचनमस्कारग्रन्थ-कथितक्रमेण लघुसिद्धचक्रं, बृहत्सिद्धचक्रमित्यादिदेवार्चन—विधानं भेदाभेद-रत्नत्रयाराधक-गुरुप्रसादेन ज्ञात्वा ध्यातव्यम् ॥" बृहत् द्रव्यसंग्रह, २०४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य शान्तिसागर महाराज की श्रेष्ठ श्रुतसेवा—इस सम्बन्ध में यह कथन उल्लेखनीय है कि चारित्रचक्रवर्ती आचार्य शान्तिसागर महाराज ने सन् १९४३ के दशलक्षण पर्व के समय स्वर्गीय ब्रह्मचारी फतेचन्द्रजी परवारभूषण के द्वारा एक पत्र भिजवाया था। उसमें यह लिखा था कि '१०८ पूज्य आचार्य महाराज *'महाबन्ध'* के सूत्रों की प्रतिलिपि चाहते हैं, अतः उसको लिखकर शीघ्र भिजवाएँ।' उस समय हमने आचार्य महाराज को समाचार भेजा था कि *'महाबन्ध'* भूतबलि स्वामी रचित सूत्ररूप ही है। उस पर कोई टीका नहीं है। चालीस हजार प्रमाण ग्रंथ की प्रतिलिपि के लिए लेखक भिजवाना आवश्यक होगा। दुर्भाग्य से ग्रन्थ के १४ ताड़पत्र नष्ट हो जाने से तीन-चार हजार श्लोक सदा के लिए विलुप्त हो गये।"

हमारे पत्र को प्राप्त कर प्रवचनभक्ति-भावना-भूषित आचार्य महाराज के हृदय में अपार चिन्ता उत्पन्न हो गयी। उन्होंने कहा था—"तुम्हारे पत्र को पाकर हमें ऐसी ही चिन्ता हो गयी थी, जैसी चिन्ता धरसेन स्वामी के मन में शास्त्र के उद्धार हेतु हुई थी। रात्रि को नींद नहीं आयी। हमने सोचा तीन, चार हजार श्लोक तो नष्ट हो चुके। यदि शीघ्रता से ग्रन्थों की रक्षा का कार्य नहीं किया गया, तो और भी अपार क्षति हो जाएगी। इससे हमने कुन्थलगिरि में संघपति गेंदनमल, भट्टारक जिनसेन (नाँदणी मठ), चन्दूलाल सराफ, बारामती आदि के समक्ष कहा था कि हमारी इच्छा है कि धवल, *'महाधवल'* और जयधवल, इन आगम-ग्रन्थों को ताम्रपत्र में खुदवाकर उनकी रक्षा की जाए, जिससे वे चिरकाल तक सुरक्षित रह सकें। उस समय संघपति सेठ गेंदनमल ने कहा कि वे इस काम के लिए सारा खर्चा देने को तैयार हैं; किन्तु हमने कहा कि यह काम एक का नहीं है। समाज के द्वारा यह कार्य होना चाहिए। लोगों ने रात्रि के समय बैठक करके इस कार्य के लिए अर्थ की व्यवस्था की। इस कार्य के लिए जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्था की स्थापना की गयी। 'महाराज ने हमसे कई बार कहा था कि इन सिद्धान्त ग्रन्थों को ताम्रपत्र में उत्कीर्ण किये जाने में मुख्य कारण तुम हो। तुम्हारे पत्र के कारण ही हमारा ध्यान ताम्रपत्र में ग्रन्थ को उत्कीर्ण कराने को गया था।" उक्त संस्था के मन्त्री श्री बालचन्द्र देवचन्द शहा, बी. ए. सोलापुर ने महत्त्वपूर्ण सेवा की।

उन जगद्वंद्य, बालब्रह्मचारी, श्रमणशिरोमणि आचार्य महाराज की प्रेरणा से एक लाख सत्तर हजार श्लोक के लगभग सिद्धान्त शास्त्र ताम्रपत्र में उत्कीर्ण हो गये तथा उनकी पाँच सौ प्रतियाँ भी कागज में मूल रूप में मुद्रित हो गयीं। उन प्रभावक मनस्वी गुरुदेव के प्रभाव से जैनधर्म तथा रत्नत्रय की ज्योति बहुत दीप्तिमान् हुई थी, किन्तु उनके कार्यों में सिद्धान्त-शास्त्र-संरक्षण तथा उसका प्रचार कार्य सर्वोपरि गिना जाएगा। उन्हीं साधुराज की इच्छानुसार सम्पूर्ण मूल रूप, *'महाबन्ध'* के संशोधन, सम्पादन का कार्य करके ताम्रपत्र में उत्कीर्ण कराने में हमें भी अपनी नम्र ऑनरेरी सेवा अर्पण करने का परम सौभाग्य मिला। हमने सम्पूर्ण *'महाबन्ध'* मुद्रित कराकर सन् १९५४ के दशलक्षण पर्व में फलटण के जिनालय में, आचार्य शान्तिसागर महाराज के कर-कमलों में सविनय समर्पण कर उनका हार्दिक आशीर्वाद प्राप्त किया था। हमारे द्वारा एक वर्ष में ही सम्पूर्ण कार्य को सम्पन्न देखकर उन गुरुदेव को अपार आनन्द तथा सन्तोष हुआ था।[1]

---

१. श्री १०८ चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शान्तिसागर दिगम्बर जैन जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्था की रिपोर्ट में लिखा है—"आचार्य शान्तिसागर महाराज ने अनेक बार यह कहा था कि इस जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्था के कार्यपूर्ति के कारण दिवाकरजी हैं, क्योंकि इनके द्वारा जब पूज्यश्री को महाधवल ग्रन्थ के चार, पाँच हजार श्लोकों के नष्ट होने की सूचना प्रेषित की गयी, तब आचार्यश्री के मन में श्रुतरक्षण की ऐसी ही तीव्र भावना उत्पन्न हुई, जिस प्रकार आचार्य धरसेन स्वामी को श्रुतरक्षण की चिन्ता उत्पन्न हुई थी। श्री पं. सुमेरचन्दजी दिवाकर शास्त्रीजी ने महाधवल के सम्पादन, प्रकाशन आदि का कार्य बहुत धर्मप्रेमवश परिश्रमपूर्वक किया और उसके बदले में किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता या भेंट स्वीकार नहीं की। फलटण में उक्त पण्डित जी को आचार्यश्री के समक्ष संवत् २०१० भाद्रपद वदी ५ को सम्मानित किया। आचार्यश्री ने पं. दिवाकरजी की निःस्वार्थ सेवा और किसी प्रकार की भेंट स्वीकार न करने पर अत्यन्त हर्ष प्रदर्शित करते हुए पण्डितजी को मंगलमय पवित्र आशीर्वाद प्रदान किया।" (पृष्ठ ६ तथा ७, संवत् २०१० से २०१६ का अहवाल, प्रकाशक, बालचन्द देवचन्द शहा, बी.ए. मन्त्री तथा माणिकचन्द मलूकचन्द दोशी, बी.ए. एल-एल बी, उपमन्त्री, फलटण (महाराष्ट्र)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाबन्ध की प्रतिलिपि—*'महाबन्ध'* आदि सिद्धान्त ग्रन्थों की जो कन्नड़ लिपि में ताड़पत्र में उत्कीर्ण प्रति मूडबिद्री के सिद्धान्त मन्दिर में विद्यामन है, वह यथार्थ में मूल प्रति नहीं है। वह प्रति सात या आठ सौ वर्ष पुरानी कही जाती है। उस प्रति के आधार पर अन्य प्रतियाँ तैयार कराकर कुछ स्थानों पर भेजी गयी हैं। हमने मूडबिद्री जाकर इन ग्रन्थों को देखा, कारण ताम्रपत्र की प्रति तैयार करने में कोई त्रुटि न रह जाए, अतः मूडबिद्री की कॉपी का सूक्ष्म निरीक्षण आवश्यक था। *'महाबन्ध'* की हमारी प्रति में पाठ कहीं-कहीं दूसरा था, ज्ञानपीठ काशी से मुद्रित प्रति में भिन्न था। इससे मूडबिद्री के ताड़पत्र के शास्त्र का क्या पाठ है, यह जानना आवश्यक तथा पुण्य कर्त्तव्य था। हम अपने साथ में सन् १९५३ में छोटे भाई अभिनन्दनकुमार दिवाकर एम.ए., एल-एल. बी, एडवोकेट को भी मूडबिद्री ले गये थे, क्योंकि ग्रन्थ का सम्यक्-परिशीलन बड़े उत्तरदायित्व का कार्य था। पं. चन्द्रराजैय्या कन्नड़ी भाषा के विशेषज्ञ से ग्रन्थ को हम बँचवाते थे। उस समय हमें ज्ञात हुआ था कि ताड़पत्र की प्रतियाँ कहीं-कहीं अशुद्ध पाठयुक्त भी हैं। पं. लोकनाथजी शास्त्री, पं. नागराजजी शास्त्री तथा पं. चन्द्रराजेन्द्रजी ने पहले हमारे लिए देवनागरी लिपि में प्रतिलिपि तैयार की थी। उसमें कुछ त्रुटियों को देखकर ताड़पत्र की प्रतिलिपि के साथ अपनी प्रतिलिपि का दोबारा सन्तुलन का कार्य पं. चन्द्रराजेन्द्र शास्त्री ने बड़े परिश्रम से सम्पन्न किया था। फलतः महत्त्वपूर्ण भूलों को सुधारा गया है।

महारानी मल्लिका देवी का शास्त्र-दान—मूडबिद्री में विद्यमान ताड़पत्रीय प्रति के विषय में यह बात ज्ञातव्य है कि वनितारत्न महारानी मल्लिकादेवी ने अपने पंचमी व्रत के उद्यापन में उक्त प्रतिलिपि तैयार कराकर यतिपति मुनिराज श्रीमाघनन्दि महाराज को अर्पण की थी। अतः भूतबलि स्वामी के द्वारा लिखित *'महाबन्ध'* की मूल प्रति मूडबिद्री में है, ऐसी कल्पना अयथार्थ है। प्रथम प्रति के जीर्ण होकर नष्ट होने के पूर्व दूसरी प्रति श्रुतभक्त व्यक्तियों-द्वारा तैयार की गयी थी। ऐसा ही क्रम अन्य ग्रन्थों के विषय में रहा है। अतः ग्रन्थों के पाठों में संशोधन आदि कार्य करते समय जो यह सोचा जाता है कि यह परिवर्तन भूतबलि, पुष्पदन्त रचित मूल सूत्रों के विषय में किया गया है, यथार्थ में यह बात नहीं है। वास्तव में बात यह है कि मूडबिद्री की प्रतियाँ भी प्रतिलिपियाँ ही हैं। इतने बड़े ग्रन्थों को ताड़पत्र में उत्कीर्ण करने के अनेक वर्ष के परिश्रमसाध्य कार्य में प्रमाद, क्षयोपशम की मन्दता अथवा शारीरिक परिस्थिति आदि अनेक कारणों से कहीं कुछ अयथार्थ लिखा जाना असम्भव नहीं है। पापभीरु, आगमभक्त, श्रुतसेवी विद्वान् पूर्वापर सम्बन्ध, परम्परा आदि के प्रकाश में कार्य किया करते हैं।

मूड़बिद्री की प्रति—पूर्ण *'महाबन्ध'* २१९ ताड़पत्रों में अंकित है। उसमें २७ पत्र पंजिका के हैं, जिसका *'महाबन्ध'* से कोई सम्बन्ध नहीं है। ग्रन्थ के १४ ताड़पत्र नष्ट हो गये; इस प्रकार *'महाबन्ध'* की ताड़पत्रीय प्रति १७८ पत्रों में विद्यमान है।

'महाबन्ध' में प्रकृतिबन्ध का कथन ताड़पत्र ५० पर्यन्त है। *'महाबन्ध'* के इस प्रथम खण्ड में २२ ताड़पत्रों का मूल तथा अनुवाद छापा जा रहा है। स्थितिबन्ध का वर्णन ताड़पत्र ११३ पर्यन्त है, अनुभाग बन्ध का वर्णन एक सौ तेरह ताड़पत्र तक है तथा प्रदेशबन्ध दो सौ उन्नीस ताड़पत्र पर्यन्त है। मूड़बिद्री के पण्डित लोकनाथ जी शास्त्री के नेतृत्व में हमने देवनागरी लिपि में प्रतिलिपि तैयार करायी थी। उन्होंने हमें लिखा था कि ताड़पत्र की प्रति लगभग सात सौ या आठ सौ वर्ष प्राचीन होगी। *'महाबन्ध'* की ताड़पत्र की राशि में चार-पाँच त्रुटित ताड़पत्र भी अलग हैं, जो किसी-किसी प्रकरण के त्रुटित अंश के पूरक प्रतीत होते हैं।

'महाबन्ध' शास्त्र द्वादशांगवाणी से साक्षात् सम्बन्ध रखता है। इस ग्रन्थराज पर कोई भी टीका उलब्ध नहीं होती है। कहते हैं, तुम्बुलुर नामक आचार्य ने *'महाबन्ध'* पर सात हजार श्लोक प्रमाण टीका रची थी, किन्तु उसकी अब तक उपलब्धि नहीं हुई है। *'महाबन्ध'* के सूत्र गद्यरूप हैं। इसके प्रारम्भ में सोलह गाथाएँ आयी हैं। स्थितिबधाधिकार में तीन गाथाएँ और पायी जाती हैं।

महाबन्ध में भिन्न परम्परा का संकेत—यह चालीस हजार श्लोकप्रमाण *'महाबन्ध'* शास्त्र भूतबलि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वामी की अनुपम रचना है। इस ग्रन्थ में आचार्य भूतबलि स्वामी ने कहीं-कहीं भिन्न गुरुपरम्परा का द्योतक उल्लेख भी किया है। वे काल प्ररूपणा में (ताम्रपत्र, पृ. १२, १३) तेजोलेश्या की अपेक्षा प्ररूपणा करते हैं—"थीणगिद्धितिगं अणुंताणुबं. ४ एय.। उक्क. वेसागरोव. सादिरे.। णवरि केसिं च जह. एगस.।" पद्मलेश्या का कथन करते हुए आचार्य लिखते हैं—"थीणगिद्धि. अणंताणु. ४ एगसं (स.)। उक्क. अट्ठारस. सादि.। णवरि के सिं च एगस.।" यहाँ 'केसिं च' शब्द-द्वारा अन्य पक्ष का प्रतिपादन किया गया है। यह अन्य पक्ष किनका है, इसका उल्लेख नहीं हुआ है। यह प्रकृतिबन्ध खण्ड का कथन है।

'महाबन्ध' के स्थिति बन्ध खण्ड में (ताम्रपत्र प्रति ७७) *'अद्धच्छेद परूवणा'* का निरूपण करते हुए कहते हैं—"सुहुमसं. पंचणाणा. चदुदंस. पंचंतरा उक्क. ट्ठिदि. मुहुत्तपुधत्तं, अंतोमु. आबधा. णिसे.। सादावे. जसगि. उच्चागो. उक्क. ट्ठिदि. मासपुधत्तं अंतो. आबा. णिसे.। अथवा पंचणा. चदुदंस. पंचंतरा. उक्क. ट्ठिदि. दिवसपुधत्तं अंतो. आबा. णिसे.। सादा. जसगि. उच्चा. उक्क. ट्ठिदि. वासपुधत्तं, अंतो आबा. णिसे." यहाँ 'अथवा' के द्वारा भिन्न परम्परा का कथन किया प्रतीत होता है।

यतिवृषभ आचार्य का भिन्न मत

'गोम्मटसार' में भूतबलि आचार्य के कथन से भिन्न *'कषाय प्राभृत'* के चूर्णिसूत्रकार यतिवृषभ का कथन मिलता है। यतिवृषभ आचार्य कहते हैं कि नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देव में उत्पन्न हुए जीव के प्रथम समय में क्रमशः क्रोध, माया, मान तथा लोभ का उदय होता है अर्थात् नारकी के क्रोध का, तिर्यंच के माया का, मनुष्य के मान का और देव के लोभ का उदय प्रथम समय में पाया जाता है, किन्तु भूतबलि आचार्य का कथन है कि इस विषय में कोई नियम नहीं है। नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती ने दोनों मान्यताओं का प्रतिपादन इस गाथा में किया है—

"णारय-तिरिक्ख-णर-सुरगईसु उप्पण्ण-पढमकालम्हि।
कोहो माया माणो लोहुदओ अणियमो वापि ॥गा. २८८॥"—जीवकाण्ड

इस काल में, इस क्षेत्र में केवली, श्रुतकेवली का असद्भाव रहने से 'गोम्मटसार' में दोनों मान्यताओं का कथन किया है। संस्कृत टीकाकार के शब्द महत्त्वपूर्ण हैं:—"अस्मिन् भरते तीर्थंकर-श्रुतकेवल्याभावात्; आरातीयाचार्याणां सिद्धान्तशास्त्रकर्तृभ्यो ज्ञानातिशयवतामभावाच्च"—इस भरत क्षेत्र में तीर्थंकर तथा केवली का अभाव है और उक्त सिद्धान्तशास्त्रों के कर्ताओं से अधिक ज्ञानियों के पश्चात्वर्ती आचार्यों का अभाव है। ऐसी स्थिति में दोनों मतों का कथन करने के सिवाय अन्य मार्ग नहीं है।

'गोम्मटसार कर्मकाण्ड' में भी भूतबलि स्वामी का मत प्रतिपादन के साथ दूसरा मत भी प्रदर्शित किया है। उदय—व्युच्छित्ति का वर्णन करते हुए भूतबलि आचार्य का मत इस गाथा-द्वारा व्यक्त किया है—

"पण-णव-इगि-सत्तरसं-अड-पंच च चउर छक्क छच्चेव।
इगि-दुग-सोलस-तीसं बारस उदये अजोगंता ॥२६४॥"

मिथ्यात्व गुणस्थान में ५, सासादन में ९, मिश्र में १, अविरत में १७, देशविरत में ८, प्रयत्तसंयत में ५, अप्रमत्तसंयत में ४, अपूर्वकरण में ६, अनिवृत्तिकरण में ६, सूक्ष्मसाम्पराय में १, उपशान्तकषाय में २, क्षीणकषाय में १६, सयोगीजिन में ३० तथा अयोगकेवली में १२ प्रकृति की व्युच्छित्ति कही है।

अन्य आचार्य-परम्परा का कथन इस गाथा में किया है—

"दस-चउ-रिगि-सत्तरसं अट्ठ य तह पंच चेव चउरो य।
छच्छक्क-एक्क-दुग-दुग-चोद्दस उगुतीस तेरसुदयविधिः ॥२६३॥"

मिथ्यात्वादि गुणस्थानों में दस, चार, एक, सत्रह, आठ, पाँच, चार, छह, छह, एक, दो, दो, चौदह, उन्तीस तथा तेरह प्रकृतियों की उदय च्युच्छित्ति कही है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'महाबन्ध' का प्रभाव

समस्त जैनवाङ्मय में बन्ध के विषय में *'महाबन्ध'* श्रेष्ठ रचना है। इतना ही नहीं, किन्तु विश्व के कर्म-सम्बन्धी साहित्य में यह श्रेष्ठ कृति ही अत्यन्त प्राचीन, पूज्य तथा प्रामाणिक ग्रन्थ होने के कारण यह महाशास्त्र भूतबलि स्वामी के पश्चाद्वर्ती प्रायः सभी महान् शास्त्रकारों का बन्ध के विषय में मागदर्शक रहा है। 'तत्त्वार्थवार्तिकालंकार' के देखने से ज्ञात होता है कि अकलंक स्वामी पर *'महाबन्ध'* का प्रभाव पड़ा है। वे *'महाबन्ध'* को 'आगम' शब्द से संकीर्तित करके अपना आदर तथा श्रद्धा का भाव व्यक्त करते हुए प्रतीत होते हैं–

"आगमे ह्युक्तं मनसा मनः परिच्छिद्य परेषां संज्ञादीन् जानाति, इति मनसात्मनेत्यर्थः। तमात्मनावबुध्यात्मन परेषां च चिन्ता-जीवित-मरण-सुख-दुःख-लाभालाभादीन् विजानाति। व्यक्तमनसां जीवानामर्थं जानाति, नाव्यक्तमनसाम्।"

–त. रा., पृ. ५८।

"मणेण माणसं पडिविंदइत्ता परेसिं सण्णासदिमदिचिंतादि विजाणदि। जीविदमरणं लाभालाभं सुहदुक्खं णगरविणासं देहविणासं जणपदविणासं अदिवुट्ठि-अणावुट्ठि-सुवुट्ठि-दुवुट्ठि-सुभिक्खं दुभिक्खं खेमा-खेमं भयरोगं उब्भमं इब्भमं संभमं। वत्तमाणाणं जीवाणं, णोअवत्तमणाणं जीवाणं जाणदि।"

– *'महाबन्ध'*, ताम्रपत्र प्रति, पृ. २

'गोम्मटसार' पर भी *'महाबन्ध'* का प्रभाव स्पष्टतया दृग्गोचर होता है। उदाहरणार्थ, इस प्रकृतिबन्धाधिकार के बन्धसामित्तविचय अध्याय से तुलना करें, तो पता चलेगा, कि यहाँ वर्णित कर्मप्रकृतियों के बन्धकों, अबन्धकों आदि का कथन 'गोम्मटसार' कर्मकाण्ड की 'मिच्छत्तहुंडसंढा' आदि गाथा ९५ से १२० तक पद्यरूप में निबद्ध हैं। *'महाबन्ध'* में बन्ध के सादि-अनादि, ध्रुव-अध्रुवरूप भेदों का वर्णन ३३-४३ पृष्ठ पर किया गया है। वह गोम्मटसार कर्मकाण्ड गाथा १२२ से १२४ में निरूपित हुआ है।

'महाबन्ध' के पृ. २१-२४ में 'ओगाहणा जहण्णा' आदि सोलह गाथाएँ हैं, वे तनिक परिवर्तन के साथ गोम्मटसार जीवकाण्ड की ज्ञानमार्गणामें वर्णित हैं।

अन्य आगम पर *'महाबन्ध'* का प्रभाव प्रकट ज्ञात होगा। वहाँ भी उनमें *'महाबन्ध'* के प्रमेयसम्बन्धी चर्चा की गयी है, कारण बन्धविषय के विशदरूप से प्रतिपादक *'महाबन्ध'* से प्राचीन ग्रन्थराज की अनुपलब्धि है।

ग्रन्थ की उपयोगिता

भौतिक उपयोगितावादी *'महाबन्ध'* को देखकर आनन्दामृत पान नहीं कर सकेगा, कारण उसकी दृष्टि में बाह्य पदार्थों की उपलब्धि ही आत्मोपलब्धि है। अनेक व्यक्तियों की यह धारणा रही है कि इन सिद्धान्तग्रन्थों में अपूर्व तथा अश्रुतपूर्व विद्या का भण्डार है, जिसके बल से लोहा सोना रूप में परिणत किया जा सकता है, आकाश में विमान उड़ाये जा सकते हैं, आदि विविध वैज्ञानिक चमत्कारों का आकर होने की मधुर कल्पना के कारण लोगों की इन शास्त्रों के प्रति अत्यधिक ममता रही; किन्तु प्रत्यक्ष परिचय के द्वारा जब यह ज्ञात होता है कि *'महाबन्ध'* में केवल प्रकृति, स्थिति, अनुभाग तथा प्रदेशरूप बन्धचतुष्टय का सूक्ष्म एवं विस्तृत वर्णन है, तब वह सोचता है कि इससे हमें क्या करना है? अपना काम करो, ऐसी रचनाओं में अपने बहुमूल्य समय का व्यय क्यों किया जाए? आपाततः यह दृष्टि प्रिय तथा आकर्षक मालूम पड़ती है, किन्तु ज्ञानवान् व्यक्ति को यह विचार अविद्यान्धकार पूर्ण प्रतीत होता है। लौकिक अर्थभक्त, अनर्थ की जननी तथा आत्मनिधि का लोप करनेवाली सामग्री को सर्वस्व मानता है। वह इन ग्रन्थों में भौतिक विज्ञान की सामग्री न पाकर निराश होता है, किन्तु ज्ञानवान् तथा आत्मनिधि के वैभव को समझनेवाला सत्पुरुष यह अनुभव करता है कि वास्तविक वैज्ञानिक चमत्कारपूर्ण सामग्री से यह महाशास्त्र आपूर्ण है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आत्मा अपने प्रयत्न से कर्मों के जाल में फँसता है। जो ज्ञान नामक सामग्री बन्धन को और पुष्ट करती है, वह तो महान् अविद्या है। श्रेष्ठ कला, विद्या, विज्ञान या चमत्कार तो इसमें है कि यह आत्मा कर्मों की राशि को पृथक् करके अपने अनन्त तथा अमर्यादित विभूतियों से अलंकृत 'आत्मत्व' को अभिव्यक्त करे। भगवान् वृषभदेव ने आसमुद्रान्त विशाल साम्राज्य को छोड़कर 'आत्मवान्' की प्रतिष्ठा प्राप्त की थी।[1] अर्थशास्त्री रुपयों के हानि-लाभ पर ही दृष्टि रखता है, किन्तु ज्ञानी जीव आत्मा के स्वरूप को ढकनेवाले आस्रव को हानि तथा संवर और निर्जरा को अपना लाभ समझता है। वही सच्चा सम्पत्तिशाली है, जिसे आत्मत्व की उपलब्धि है और वही चमत्कारपूर्ण शक्ति विशिष्ट है, जिसने कर्म-राशि को चूर्ण किया है तथा इसमें उद्योग करता रहता है।

नाटक समयसार में कितनी सुन्दर बात कही गयी है—

"जे जे जगवासी जीव थावर जंगम रूप, ते ते निज बस करि राखे बल तोरिके।
महा अभिमानी ऐसो आस्रव अगाध जोधा, रोपि रणथम्भ ठाड़ो भयो मूछ मोरिके॥
आयो तिहि थानक अचानक परमधाम, ज्ञान नाम सुभट सवायो बल फेरिके।
आस्रव पछास्यो रणथम्भ तोड़ि डास्यो ताहि निरखि बनारसि नमत कर जोरिके।"

अभिमानी आस्रव सुभट को पछाड़कर विजय प्राप्त करनेवाले आत्मज्ञानी को *'महाबन्ध'* सदृश शास्त्र अपूर्व बल प्रदान करते हैं। कर्मों का आत्मा के साथ जो बन्ध है, वह इतना सुदृढ़ और सूक्ष्म है कि भयंकर से भयंकर अस्त्र-शस्त्रादि के प्रहार होने पर भी उस पर कुछ भी असर नहीं होता। आध्यात्मिक शक्ति के जागृत होते ही कर्मों का सुदृढ़ बन्धन ढीला होने लगता है। ऐसे ग्रन्थ उस आत्मीक तेज को प्रवृद्ध करते हैं, जिसके द्वारा यह आत्मा कर्मबन्धन के प्रपंच से मुक्त होने के मार्ग में लग जाता है। कर्मों के प्रपंच से छूटने का उपाय ही यथार्थ में सबसे बड़ा चमत्कार है। संसार के समस्त भौतिक चमत्कार और अन्वेषण एक ओर रखकर दूसरी ओर कर्मनाश करने की आत्मचातुरी अथवा चमत्कार को रख सन्तुलन किया जाए, तो वह आत्मबोध की कला ही श्रेष्ठ निकलेगी, जो अनन्तभव से बँधे हुए अनन्त दुःखों के मूलकारण कर्मों का पूर्णतया उन्मूलन कर आत्मा में अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तवीर्य तथा अनन्तसुख को अभिव्यक्त कर देती है। भौतिकता की आराधना से आत्मत्व का ह्रास ही हुआ करता है। इसका ही कारण है जो जीव अपने 'स्व' को भूलकर 'पर' का उपासक बनता है। अनादि काल से मोह-महाविद्यालय में अभ्यास करनेवाला यह जीव जहाँ भी जाता है और जिस किसी पदार्थ के सम्पर्क में आता है, वहाँ वह या तो आसक्ति धारण करता है या द्वेषभाव रखता है। वीतरागता का प्रकाश कभी भी इसकी जीवनवृत्ति को आलोकित नहीं कर पाया।

'महाबन्ध' सदृश शास्त्र के परिशीलन से आत्मा को पता चलता है कि किस-किस कर्म का मेरे साथ सम्बन्ध होता है, उसके स्वरूपादि का विशद बोध होने से राग, द्वेष तथा मोह का अध्यास एवं अभ्यास मन्द होने लगता है। आर्त और रौद्र नामक दुर्ध्यानों का अभाव होकर धर्मध्यान की विमल चन्द्रिका का प्रकाश तथा विकास होता है जो आनन्दामृत को प्रवाहित करती है और मोह के सन्ताप का निवारण करती है। समुद्र के तल में डुबकी लगाने वालों को बाह्यजगत् की शुभ, अशुभ बातों का पता नहीं चलता; इसी प्रकार कर्मराशि का विशद तथा विस्तृत विवेचन करने वाले इस ग्रन्थार्णव में निमग्न होने वाले मुमुक्षु के चित्त में राग-द्वेषादि सन्तापकारी भाव नहीं उत्पन्न होते। वह बड़ी निराकुलता तथा विशिष्ट शान्ति का अनुभव करता है।

व्यायामादि का सम्यक् अभ्यासशील व्यक्ति व्याधियों के आक्रमण से प्रायः बचा रहता है; इसी प्रकार

---

१. "विहाय यः सागरवारिवाससं वधूमिवेमां वसुधावधूं सतीम्।
मुमुक्षुरिक्ष्वाकुकुलादिरात्मवान् प्रभुः प्रवव्राज सहिष्णुरच्युतः॥"—बृहत्स्व. ३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऐसे पुण्यानुबन्धी वाङ्मय के परिशीलन-द्वारा भव्य जीव उस आध्यात्मिक परिशुद्ध व्यायाम को करता है, जिससे आत्मा बलिष्ठ होती है और भौतिक चमक-दमक चित्त में चमत्कृति या विकृति उत्पन्न नहीं कर पाती तथा काम-क्रोध-मोहादि दोष आत्मशक्ति को न्यून नहीं कर पाते।

विपाकविचय धर्मध्यान का साधक—शास्त्रकारों ने धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान को निर्वाण का कारण बताया है।[1] धर्म ध्यान के चार भेदों में विपाकविचय नाम का ध्यान कहा गया है। आचार्य अकलंक लिखते हैं—"कर्मफलानुभवनविवेकं प्रति प्रणिधानं विपाकविचयः। कर्मणां ज्ञानावरणादीनां द्रव्यक्षेत्रकाल-भव-भावप्रत्ययफलानुभवनं प्रति प्रणिधानं विपाकविचयः।" —त. रा., ३५३। "कर्मों के फलानुभव विवेक के प्रति उपयोग का होना विपाकविचय है। ज्ञानावरणादिक कर्मों का द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव, भाव के निमित्त से जो फलानुभवन होता है, उस ओर चित्तवृत्ति को लगाना विपाकविचय है।" कर्मों के विपाक आदि के विषय में अनुचिन्तन करने से रागादि की मन्दता होती है और कषायविजय का कार्य सरल हो जाता है। समय प्राभृतकार के शब्दों में जीव विचारता है—

"जीवस्स णत्थि वग्गो ण वग्गणा णेव फड्ढया केई।
णो अज्झप्पट्ठाणा णेव य अणुभायठाणाणि ॥५२॥
जीवस्स णत्थि केई जोयट्ठाणा ण बंधठाणा वा।
णेव य उदयट्ठाणा मग्गट्ठाणया केई ॥५३॥
णो ठिदिबंधट्ठाणा जीवस्स ण संकिलेसठाणा वा।
णेव विसोहिट्ठाणा णो संजमलद्धिठाणा वा ॥५४॥
णेव य जीवट्ठाणा ण गुणट्ठाणा य अत्थि जीवस्स।
जेण दु एदे सव्वे पुग्गलदव्वस्स परिणामा ॥५५॥"

इस जीव के न तो वर्ग है, न वर्गणा है, न स्पर्धक है, न अध्यवसायस्थान है, न अनुभागस्थान है। जीव के न योगस्थान है, न बन्धस्थान है, न उदयस्थान है, न मार्गणास्थान है, न स्थितिबन्धस्थान है, न संक्लेशस्थान है, न विशुद्धिस्थान है, न संयमलब्धिस्थान है। जीव के न जीवस्थान है, न गुणस्थान है, कारण ये सब पुद्गलद्रव्य के परिणाम हैं।

यह है—परिशुद्ध परमार्थ दृष्टि। मुमुक्षु व्यवहार दृष्टि को भी दृष्टिगोचर रखता है। यदि एकान्त शुद्ध दृष्टि पर आश्रित हो जाए, तो फिर वह मोक्षमार्ग के विषय में अकर्मण्य बनकर विषयादि में प्रवृत्ति कर पाप-पंक में अधिक निमग्न होता है। जिसने अपूर्ण अवस्था में भी अपने को साक्षात् पूर्ण मान लिया है, उसका विकास अवरुद्ध हो जाता है; इसी प्रकार निश्चयैकान्त का आश्रय ह्रास का हेतु बन जाता है। व्यवहारैकान्तवाला तात्त्विक दृष्टि को सर्वथा भुला अपने को 'दासोऽहं' का पाठ पढ़ने वाला समझता है। 'सोऽहं' की विमल दृष्टि उसे नहीं प्राप्त होती है। 'सोऽहं' का भक्त यदि कल्याण चाहता है, तो उसे 'दासोऽहं' के पूर्व में 'उदासोऽहं' का पथ भी पकड़ना आवश्यक है; अन्यथा एकान्तवाद की महामारी उसका पिण्ड नहीं छोड़ती है। इस कारण समन्तभद्र स्वामी कहते हैं—

"निरपेक्षा नया मिथ्याः सापेक्षा वस्तु तेऽर्थकृत्॥" —आ. मी., १०८

विवेकी साधक व्यवहार दृष्टि से विचारता है—

"ववहारेण दु एदे जीवस्स हवंति वण्णमादीया।
गुणठाणंता भावा ण दु केई णिच्छयणयस्स ॥समयपाहुड. गा. ५६॥

ये वर्ण आदि गुणस्थान पर्यन्त भाव व्यवहार नय से पाये जाते हैं। निश्चय नय की अपेक्षा वे कोई नहीं हैं।

---

१. "परे मोक्षहेतू"—त. सू. ९, २९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अल्पज्ञानी पुरुषों के के लिए बन्ध के विषय में परिज्ञान कराने के लिए सूत्रकार उमास्वामी ने लिखा है—

"प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशास्तद्विधयः॥"—त. सू. ८,३

उस बन्ध के प्रकृति, स्थिति, अनुभाग तथा प्रदेश बन्ध ये चार भेद हैं। विस्तृतरुचि एवं सूक्ष्मबुद्धिधारी महाज्ञानियों के लिए सही तत्त्व महर्षि भूतबलि ने चालीस हजार श्लोक प्रमाण *'महाबन्ध'* शास्त्र-द्वारा निबद्ध किया है। *'महाबन्ध'* के विमल और विपुल प्रकाश से साधक अपनी आत्मा के अन्तस्तल में छिपे हुए अज्ञान एवं मोहान्धकार को दूर कर जीवन को *'महाधवल'* बनाता है। जिस प्रकार जिनेन्द्रदेव की आराधना के द्वारा पूजक जिनेन्द्र का पद प्राप्त करता है, उसी प्रकार *'महाधवल'* के सम्यक् परिशीलन तथा स्वाध्याय से जीवन भी *'महाधवल'* हो जाता है। अनुभागबन्ध की प्रशस्ति में ग्रन्थ को 'सत् पुण्याकर' बताया है। यथार्थ में यह सातिशय पुण्य की उत्पत्ति का कारण है। प्रशस्त पुण्य का भण्डार है। श्रेयोमार्ग की सिद्धि का निमित्त है। *'प्रवचनसार'* में कुन्दकुन्द स्वामी ने अर्हन्त की पदवी को पुण्य का फल कहा है। *'पुण्णफला अरहंता'* (गाथा १, ४५)। अमृतचन्द्र सूरि ने टीका में पुण्य को 'कल्पवृक्ष' कहते हुए उसके पूर्ण परिपक्व फल को 'अर्हन्त' कहा है। 'अर्हन्तः खलु सकल-सम्यक् परिपक्व-पुण्य-कल्पपादपफला एव' (प्रवचनसार टीका, पृष्ठ ५८)

प्रशस्ति-परिचय

'महाबन्ध' ग्रन्थ में ऐतिहासिक उल्लेख का दर्शन नहीं होता। प्रकृतिबन्ध-अधिकार के प्रारम्भिक अंश के नष्ट हो जाने से उसके ऐतिहासिक उल्लेख का परिज्ञान होना असम्भव है। इस अधिकार के अन्त में प्रशस्तिरूप में भी कोई उल्लेख नहीं है। स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध तथा प्रदेशबन्ध—इन तीन अधिकारों के अन्त में ही प्रशस्ति पायी जाती है।

प्रशस्ति में ग्रन्थ कर्ता का नाम तक नहीं आया है। स्थितिबन्ध के पद्य नं. ७ और प्रदेश-बन्ध के पद्य नं. ५ से, जो समान हैं, विदित होता है, कि सेनवधू वनितारत्न मल्लिका देवी ने अपने पंचमी व्रत के उद्यापन में शान्त तथा यतिपति माघनन्दि महाराज को इस ग्रन्थ की प्रतिलिपि अर्पण की थी।

मल्लिका देवी को शीलनिधान, ललनारत्न, जिनपदकमलभ्रमर, सिद्धान्त शास्त्र में उपयुक्त अन्तःकरणवाली तथा अनेकगुणगण अलंकृत बताया है। उन्होंने पुण्याकर *'महाबन्ध'* पुस्तक जिन माघनन्दि मुनीश्वर को भेंट की थी। वे गुप्तित्रयभूषित, शल्यरहित, कामविजेता, सिद्धान्तसिन्धु की वृद्धि करने को चन्द्रमा तुल्य तथा सिद्धान्त शास्त्र के पारंगत विद्वान् थे।

वे मेघचन्द्र व्रतपति के चरणकमल के भ्रमर-सदृश थे।

मल्लिका देवी सारे जगत् में अपने गुणों के कारण विख्यात थी। 'सत्कर्ष-पंजिका' से ज्ञात होता है कि प्रशस्ति में आगत 'सेन' का पूरा नाम शान्तिषेण है। वे राजा थे। राजपत्नी मल्लिका देवी-द्वारा व्रतोद्यापन के अवसर पर शास्त्र का दान इस बात को सूचित करता है कि उस समय महिला जगत् के हृदय में जिनवाणी माता के प्रति विशेष भक्ति थी।[1]

राजा शान्तिषेण सद्गुण-भूषित थे। प्रशस्ति में गुणभद्रसूरि का भी उल्लेख आया है। उनको कामविजेता, निःशल्य बताया है। उग्रादित्य नाम के लेखक ने *'महाबन्ध'* की कापी लिखी थी, यह बात सत्कर्मपंजिका से ज्ञात होती है। प्रशस्ति इस प्रकार है—

---

१. कर्नाटक के गंगवंश की महिलाओं ने प्राचीन काल में महत्त्वपूर्ण कार्य किये हैं। इस वंश की महिला अतिमब्बेने अपने द्रव्य के द्वारा महाकवि पोन्न रचित शान्तिनाथ पुराण की एक हजार प्रतियाँ लिखवाकर दान की थीं। ऐसी प्रसिद्धि है कि उस वीरांगना ने सोना, चाँदी, जवाहरात आदि की बहुमूल्य सैकड़ों मूर्तियाँ मन्दिरों में विराजमान की थीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थितिबन्धाधिकार के अन्त की प्रशस्ति

नमस्सिद्धेभ्यः। नमो वीतरागाय शान्तये
यो दुर्जयस्मरमदोत्कटकुम्भिकुम्भसंचोदनोत्सुकतरोग्र-मृगाधिराजः।
शल्यत्रयादपगतस्त्रयगौरवारिः संजातवान्स भुवने गुणचन्द्रसूरिः ॥१॥
दुर्वारमारमदसिन्धुरसिन्धुरारिः शल्यत्रयाधिकरिपुस्त्रयगुप्तियुक्तः।
सिद्धान्तवार्धिपरिवर्धन-शीतरश्मिः श्रीमाघनन्दिमुनिपोऽजनि भूतलेऽस्मिन् ॥२॥

स्रग्धरावृत्तम् (कन्नड़)

वरसम्यक्त्वद-देशसंयमद-सम्यग्बोधदत्यन्तभासुरहारत्रिकसौख्यहेतु-वेनिसिर्दा-दानदौदार्यदेल्तरदिं गी (दी) तने जन्मभूमि येनुतं सानंददिंक्कर्तुभूभरमेल्लं पोगकुत्तमिर्पुदभिमानाधीननं सेननम् ॥३॥ सुजनते सत्यमोलपुदयेशील-गुणोन्नति पेंपु जैन-मार्गज गुणमेंब सद्गुणमिवत्यधिकं तनगोप्पनूतनधर्मजनिवनेंदुं कित्ते सुमतीधरे मेदिनि गोप्पे तोर्ब्बेचित्तजसमरूपनं नेगल्दद 'सेनन' नुद्धगुणप्रधानम् ॥५॥

कन्नड़ कन्दपद्य

अनुपमगुणगणदतिवर्मन शीलनिदानमेसेव जिनपदसत्को-
कनद-शिलीमुखियेने मांतनदिदं 'मल्लिकब्बे ललनारत्नम्' ॥६॥
आवनिता रत्नदो, पेंपावंगं पोगललरिदु जिनपूजये नाना-
विधद-दानदमलिन-भावदोला 'मल्लिकब्बेयं' पोल्ववरार
श्री पंचमियं नोंतुद्यापनमं माडि बरेसि रांद्धांतगना [राद्धांतमना]।
रूपवती 'सेनवधू' जितकोपं श्रीमाघनंदियतिपति-गित्तलू ॥७॥

अनुभागबन्धाधिकार के अन्त की प्रशस्ति

स्रग्धरावृत्तम्

जितचेतोजातनुर्वीश्वर-मुकुटतटोद्घृष्टपादारविन्द-
द्वितयं वाक्कामिनी-पीवरकुचकलशालंकृतोदारहार-
प्रतिमं दुर्द्धीरसंसृत्यतुल-विपिनदावानलं माघनन्दि-
व्रतिनाथं शारदाभ्रोज्ज्वलविशदयशोराजिता शान्तकान्तम् ॥१॥

कन्दपद्य

भावभवविजयि-वरवाग्देवीमुखनूलरत्नदर्पनान-
म्नावनि-पालकनेनिसिद-नला विश्रुतकित्ते माघनंदिमुनीन्द्रम् ॥२॥

महास्रग्धरावृत्तम्

वरराद्धान्तांमृताम्भोनिधि-तरल-तरंगोत्कर-क्षालितान्तः-
करणं श्रीमेघचन्द्रव्रतिपतिपदपंकेरुहासक्तसत्स (त्व)
ट्चरणं तीव्र प्रतापोद्धत-विततबलोपेत-पुष्पेषुभृतसं-
हरणं सैद्धान्तिकाग्रेसरनेने नेगल्दं माघनन्दिव्रतीन्द्रम् ॥३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कन्दपद्य

महनीय गुणनिधानं, सहजोन्नतबुद्धिविनयनिधियेन नेगब्दं
महि बिनुतकित्ते कित्तित (मही) महिमानं मानिताभिमानं सेनम् ॥४॥
विनयद-शीलदोल गुणदोलादिय पेंपिन पुड्डिजंमनो-
जनरतिरूपि नोल्यनिलिसिर्द-मनोहरमप्पुदोंदु-
रूपिनमने दानदा (सा) गरमेमिप्प वधूत्तमे यप्प संदसे-
ननन सति मल्लिकब्बेगे धरित्रियोलादोरे सद्गुणंगलिं ॥५॥
सकलधरित्रीविनुत-प्रकटितयशे मल्लिकब्बे बरेयिसि सत्पु-
ण्याकर महाबन्धद पुस्तकमं श्रीमाघनंदि मुनिपति गित्तल् ॥६॥

प्रदेशबन्धाधिकार के अन्त की प्रशस्ति

कन्दपद्य

श्रीमलधारिमुनीन्द्रपदामलसरसीरुहभृंगनमलिकित्ते।
प्रेमं मुनिजनकैरवासोमनेनल्माघनंदियतिपतियेसेदं ॥१॥
जितपपंचेषु-प्रतापानलमलतरोत्कृष्टचरित्रारा-
जिततेतं भारती-भासुर-भासुरकुचकलशालीढ-भाभारनूत्ना।
यत् तारोदारहारं समदमनियमालंकृतं माघनंदि-
व्रतिनाथं शारदाभ्रोज्ज्वलविशदयशो-वल्लरी-चक्रवालम् ॥२॥
जिनवक्त्रांभोज-नीनिर्गत-हितनुतराद्धान्तकिंजल्कसुस्वादन-
... ... जपदनत भूपेन्द्रकोटीरसेना।
तिनिकायभ्राजितांघ्रिद्वयनखिल-जगद्भव्यनीलोत्पलाल्हादन-
ताराधीशनें केवलमें भुवनदोलु माघनंदिव्रतीन्द्रम् ॥३॥
वरराद्धान्तामृतांभोनिधितरलतरंगोत्करक्षालितांतः-
करणं श्रीमेघचंद्रव्रतपतिपपंकेरुहासक्तषट्चरणं ॥
... ... त्स।
च्चारणं सैद्धान्तिकाग्रेसरनेने नेगदंमाघनंदिव्रतीन्द्रम् ॥४॥
श्री पंचमियं नोंतुद्यापनमं माडि बरेसि राद्धांतमना
रूपवती सेनवधू जितकोपं श्रीमाघनंदियतिपतिगित्तल् ॥५॥

कर्मबन्धमीमांसा

"जह भारवहो पुरिसो वहइ भरं गेहिऊण कावडियं।
एमेव वहइ जीवो कम्मभरं कायकावडियं[1] ॥"—गो. जी., गा. २०१

१. जैसे कोई बोझा ढोनेवाला पुरुष काँवड़ को ग्रहण कर बोझा ढोता है, इसी प्रकार यह जीव शरीर रूप काँवड़ में कर्म-भार को रखकर ढोता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'महाबन्ध' शास्त्र का प्रमेय बन्ध तत्त्व है। *'षट्खण्डागम'* के द्वितीय खण्ड 'खुद्दाबन्ध' (क्षुद्रबन्ध) की अपेक्षा षष्ठखण्ड में बन्ध के विषय में विस्तारपूर्वक प्रतिपादन होने के कारण प्रतीत होता है कि उसे *'महाबन्ध'* कहा गया है। *'तत्त्वार्थसूत्र'* बन्ध के विषय में यह व्याख्या करता है–

"सकषायत्वात् जीवः कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्धः।" ८,२

'जीव कषायसहित होने से कर्मरूप परिणत होने योग्य पुद्गलों को–कार्मण वर्गणाओं को ग्रहण करता है, उसे बन्ध कहते हैं।'

यहाँ बन्ध को समझने के पूर्व कर्मसिद्धान्त पर प्रकाश डालना उचित जँचता है। कारण, बन्ध के विवेचन की आधारभूमि कर्मतत्त्व को हृदयंगम करना परमावश्यक है। कर्म की अवस्था-विशेष का ही नाम बन्ध है।

कर्मविषयक मान्यताएँ

जैन आगम में कर्मसाहित्य का अतीव महत्त्वपूर्ण स्थान है। यहाँ कर्म के विषय में सर्वांगीण, सुव्यवस्थित एवं वैज्ञानिक (Scientific) पद्धति से विवेचन किया गया है। अन्य धर्मों तथा दर्शनों ने भी कर्म को महत्त्व प्रदान किया है। अज्ञ जगत् में भी कर्मसिद्धान्त की मान्यता पायी जाती है। 'जैसा करो, तैसा भरो' यह सूक्ति इसी सिद्धान्त की ओर निर्देश करती है। अँगरेजी भाषा में 'As you sow, so you reap'–'जैसा बोओ, तैसा काटो'–कहावत प्रचलित है। तुलसीदास का कथन है–

"तुलसी काया खेत है, मनसा भयो किसान।
पाप पुण्य दोउ बीज हैं, बुवै सो लुनै निदान॥"

कहते हैं एक बार गौतम बुद्ध भिक्षार्थ किसी सम्पन्न किसान के यहाँ गये। इस कृषक ने कहा–"आप मेरे समान किसान बन जाइए। मेरे समान आपको धन-धान्य की प्राप्ति होगी। ऐसा करने से भीख माँगने का प्रसंग नहीं प्राप्त होगा। बुद्ध ने कहा–"भाई! मैं भी तो किसान हूँ। मेरा खेत मेरा हृदय है। इसमें सत्कर्मरूपी बीज बोकर मैं विवेकरूपी हल चलाता हूँ। मैं विकार-वासनारूपी घास आदि की निराई करता हूँ और प्रेम तथा आनन्द की अपार फसल काटता हूँ।"

दार्शनिक ग्रन्थों के परिशीलन से ज्ञात होता है कि 'कर्म' शब्द का अनेक अर्थों में प्रयोग हुआ है। मीमांसा दर्शन पशुबलि आदि यज्ञ तथा अन्य क्रियाकाण्ड को कर्म मानते हैं। वैयाकरण पाणिनि अपने 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' (१,४,७९) सूत्र-द्वारा कर्ता के लिए अत्यन्त इष्ट को कर्म कहते हैं। वैशेषिक दर्शन ने अपने सप्तपदार्थों की सूची में कर्म को भी स्थान प्रदान किया है। वैशेषिक दर्शनकार कणाद कहते हैं[1]–"जो एक द्रव्य हो–द्रव्यमात्र में आश्रित हो, जिसमें कोई गुण न रहे तथा जो संयोग और विभाग में कारणान्तर की अपेक्षा न करे, वह कर्म है।[2] उसके उत्क्षेपण, अवक्षेपण, आकुंचन, प्रसारण तथा गमन ये पाँच भेद कहे गये हैं। नित्य, नैमित्तिक तथा काम्य क्रियाओं को भी कर्म-कहते हैं। सांख्यदर्शन ने संस्कार अर्थ में 'कर्म' को ग्रहण किया है। ईश्वर कृष्ण की सांख्यकारिका में लिखा है[3]–'सम्यक्ज्ञान की प्राप्ति होने पर भी पुरुष संस्कारवश–कर्म के वश से शरीर धारण करके रहता है, जैसे गति प्राप्त चक्र संस्कार के वश से भ्रमण करता रहता है।"

वाचस्पति मिश्र का कथन है–"[4] क्लेशरूपी जल से सिंचित बुद्धिरूपी भूमि में कर्मरूपी बीज अंकुरों

---

१. एकद्रव्यमगुणं संयोगविभागेष्वनपेक्षकारणमिति कर्मलक्षणम्।" १,७। –सभाष्य वैशेषिक दर्शन ४,३५

२. "उत्क्षेपणं ततोऽवक्षेपणमाकुञ्चनं तथा। प्रसारणं च गमन कर्माण्येतानि पञ्च च॥" –सि. मुक्तावली ६

३. "सम्यक्ज्ञानाधिगमाद्धर्मादीनामकारणप्राप्तौ। तिष्ठति संस्कार वशाच्चक्रभ्रमिवद्धृतशरीरः॥" –सां. त. कौ. ६७

४. "क्लेशसलिलावसिक्तायां हि बुद्धिभूमौ कर्मबीजान्यङ्कुरं प्रसुवते। तत्त्वज्ञाननिदाघनिपीतसकलक्लेशसलिलायामूषरायां कुतः कर्मबीजानामङ्कुरप्रसवः?" –सां. त. कौ., पृ. ३१५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को उत्पन्न करते हैं। तत्त्वज्ञानरूपी ग्रीष्मकाल के द्वारा जिसका सम्पूर्ण क्लेशरूप जल सूख चुका है, उस शुष्क भूमि में कर्मबीजों का अंकुर कैसे उत्पन्न होगा?"

गीता में कार्यशीलता (activity) को कर्म बताया है।[1] कहा है—"अकर्मण्य रहने की अपेक्षा कर्म करना श्रेयस्कर है।[2] संन्यास और कर्मयोग ये दोनों ही कल्याणकारी हैं; किन्तु कर्मसंन्यास की अपेक्षा कर्मयोग विशेष महत्त्वास्पद है।"[3]

महाभारत शान्तिपर्व में लिखा है—

"कर्मणा बध्यते जन्तुः, विद्यया तु प्रमुच्यते।" (२४०,७)

—यह प्राणी कर्म से बँधता है, विद्या के द्वारा मुक्ति लाभ करता है।

पतंजलि योगसूत्र में कहते हैं[4]—"क्लेश का मूल कर्माशय—कर्म की वासना है। वह इस जन्म में वा जन्मान्तर में अनुभव में आती है। अविद्यादिरूप मूल के सद्भाव में जाति, आयु तथा भोगरूप कर्मों का विपाक होता है। वे आनन्द तथा सन्ताप प्रदान करते हैं, क्योंकि उनका कारण पुण्य तथा अपुण्य है।" योगी के अशुक्ल तथा अकृष्ण कर्म होते हैं। संसारी जीवों के शुक्ल, कृष्ण तथा शुक्ल-कृष्ण कर्म होते हैं।

न्यायमंजरी में लिखा है[5]—"जो देव, मनुष्य तथा तिर्यंचों में शरीरोत्पत्ति देखी जाती है, जो प्रत्येक पदार्थ के प्रति बुद्धि उत्पन्न होती है, जो आत्मा के साथ मन का संसर्ग होता है, वह सब प्रवृत्ति के परिणाम का वैभव है। सर्व प्रवृत्ति क्रियात्मक है, अतः क्षणिक है; फिर भी उससे उत्पन्न होनेवाला धर्म, अधर्म पदवाच्य आत्म-संस्कार कर्म के फलोपभोग पर्यन्त स्थिर रहता ही है।"

अशोक के शिलालेख नं. ८ में लिखा है—"इस प्रकार देवताओं का प्यारा प्रियदर्शी अपने भले कर्मों से उत्पन्न हुए सुख का उपभोग करता है।[6]

भिक्षु नागसेनने मिलिन्द सम्राट् से जो प्रश्नोत्तर किये थे, उनसे कर्मों के विषय में बौद्ध दृष्टि का अवबोध होता है[7]—

---

१. "योगः कर्मसु कौशलम्।"

२. "कर्मज्यायो ह्यकर्मणः।" —गी. ३,८

३. "संन्यास कर्मयोगश्चय निःश्रेयसकरावुभौ। तयोस्तु कर्मसंन्यासात् कर्मयोगो विशिष्यते॥" —गी. ५,२

४. "क्लेशमूलः कर्माशयः दृष्टादृष्टजन्यवेदनीयः। सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः। ते ह्लादपरितापफलाः पुण्यापुण्य-हेतुत्वात्।"—यो.सू. २,१२-१४। "कर्माशुक्लकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम्"—यो.द. कैवल्यपाद.७

५. "यो ह्ययं देव-मनुष्य-तिर्यग्भूमिषु शरीरसर्गः, यश्च प्रतिविषयं बुद्धिसर्गः, यश्चात्मना सह मनसा संसर्गः स सर्वः प्रवृत्तेरेव परिणामविभवः। प्रवृत्तेश्च सर्वस्याः क्रियात्वात् क्षणिकत्वेऽपि तदुपहितो धर्माधर्मशब्दवाच्य आत्मसंस्कारः कर्मफलोपभोगपर्यन्तस्थितिरस्त्येव।"—न्या. म., पृ. ७०

६. बुद्ध और बुद्धधर्म, पृ. २५६

७. "राजा आह—भन्ते नागसेन, केन कारणेन मनुस्सा न सब्बे समका, अञ्ञे अप्पायुका, अञ्ञे दीघायुका, अञ्ञे बह्वाबाधा अञ्ञे अप्पाबाधा, अञ्ञे दुब्बण्णा, अञ्ञे वण्णवन्तो, अञ्ञे अप्पेसक्खा, अञ्ञे महेसक्खा, अञ्ञे अप्पभोगा, अञ्ञे महाभोगा, अञ्ञे नीचकुलीना, अञ्ञे महाकुलीना, अञ्ञे दुप्पञ्ञा, अञ्ञे पञ्ञावन्तीति।"
थेरो आह, किस्स पन, महाराज! रुक्खा न सब्बे समका, अञ्ञे अंविला, अञ्ञे लवणा, अञ्ञे तित्तका, अञ्ञे कटुका, अञ्ञे कसावा, अञ्ञे मधुराति।
मञ्ञामि भंते! बीजानां नानाकरणेनाति।
एवमेव खो महाराज कम्मानं नानाकरणेन मनुस्सा न सब्बे समका.। भासितं पेतं महाराज! भगवता कम्मस्स कामाणवसत्ता, कम्मदायादा, कम्मयोनी, कम्मबंधु, कम्मपरिसरणा, कम्मं सत्ते विभजति यदिदं हीनप्पणीततायीति। कल्लोसि भंते नागसेनाति।"
—Pali Reader p. 39 मिलिन्दपञ्ह in अंगुत्तनिकाय, मिलिन्दप्रश्न ८१
Thus spoke king Milinda: 'How comes it, reverend Sir, that men are not alike? some

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजा बोला—भन्ते! क्या कारण है, कि सभी आदमी एक ही तरह के नहीं होते? कोई कम आयुवाले, कोई दीर्घ आयुवाले, कोई बहुत रोगी, कोई नीरोग, कोई भद्दे, कोई बड़े सुन्दर, कोई प्रभावहीन, कोई बड़े प्रभाववाले, कोई गरीब, कोई धनी, कोई नीच कुलवाले, कोई ऊँच कुलवाले, कोई मूर्ख, कोई बुद्धिमान क्यों होते हैं?

स्थविर बोले—महाराज! क्या कारण है कि सभी वनस्पतियाँ एक-सी नहीं होतीं? कोई खट्टी, कोई नमकीन, कोई तिक्त, कोई कड़वी, कोई कषायली और कोई मधुर क्यों होती हैं?"

भन्ते! मैं समझता हूँ कि बीजों की भिन्नता के कारण ही वनस्पतियों में भिन्नता है।

महाराज! इसी प्रकार सभी मनुष्यों के अपने-अपने कर्म भिन्न-भिन्न होने से वे सभी एक ही प्रकार के नहीं हैं। महाराज! बुद्धदेव ने भी कहा है—हे मानव! अपने कर्मों का सभी जीव उपभोग करते हैं। सभी जीव अपने कर्मों के स्वामी हैं। अपने कर्मों के अनुसार नाना योनियों में जन्म धारण करते हैं। अपना कर्म ही अपना बन्धु है, अपना आश्रय है। कर्म से ही लोग ऊँचे-नीचे हुए हैं।

भन्ते—"आपने ठीक कहा।"

इस प्रकार दार्शनिक साहित्य के अवगाहन से और सामग्री प्राप्त होगी जो यह ज्ञापित करेगी कि कर्मसिद्धान्त की किसी-न-किसी रूप में दार्शनिक जगत् में अवस्थिति अवश्य है। जैनवाङ्मय में कर्मसिद्धान्त पर बड़े-बड़े ग्रन्थ बने हैं। उनसे विदित होता है कि जैनसिद्धान्त में कर्म का सुव्यवस्थित, शृंखलाबद्ध तथा विज्ञानदृष्टिपूर्ण वर्णन किया गया है।

जैनदर्शन में कर्म

जैन दृष्टि से कर्म पर विचार करने के पूर्व यदि हम इस विश्व का विश्लेषण करें, तो हमें सचेतन (जीव), तथा अचेतन (अजीव) ये दो तत्त्व उपलब्ध होते हैं। पुद्गल (matter), आकाश, काल तथा गमन और स्थिति के माध्यमरूप धर्म और अधर्म ये पाँच द्रव्य अचेतन हैं। ज्ञान-दर्शन गुणसमन्वित जीव द्रव्य है। इस प्रकार छह द्रव्यों में जीव और पुद्गल ये दो द्रव्य परिस्पन्दात्मक क्रियाशील हैं। धर्म, अधर्म, आकाश तथा काल ये चार द्रव्य निष्क्रिय हैं। इनमें प्रदेश-संचलन रूप क्रिया नहीं पायी जाती। इनमें अगुरुलघु गुण के कारण षड्गुणीहानिवृद्धिरूप परिणमन अवश्य पाया जाता है। इस परिणमन को अस्वीकार करने पर द्रव्य का स्वरूप परिणमनहीन कूटस्थ बन जाता है।

इसी बात को पंचाध्यायीकार दूसरे शब्दों में प्रकट करते हैं—

"भाववन्तौ क्रियावन्तौ द्वावेतौ जीवपुद्गलौ।
तौ च शेषचतुष्कं च षडेते भावसंस्कृताः॥

---

live long and some are short lived; some are hale and some weak, some comely and some ugly; some powerful and some with no power; some rich, some poor; some born of noble stock, some meanly some wise born; and some foolish.'

To whom Nagasena the Elder made answer :

'How comes it that all plants are not alike? Some have a sour taste and some are salt, some are acid, some bitter and some sweet'. 'It must be, I take it, reverend sir, that they spring from various kinds of seed.'

'Even so, O Maharaja, it is beccause of differences of action that men are not alike: for some live long, and some are short-lived; some are hale and some weak; some comely and some ugly; some powerful, and some without power; some rich, some poor; some born of noble some meanly born; stock, some wise and some foolish.'

—The Heart of Buddhism, p. 85

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्र क्रिया प्रदेशानां परिस्पन्दश्चलात्मकः।
भाववस्तत्परिणामोऽस्ति धारावाह्येकवस्तुनि॥ –२,२५-२६

–"जीव तथा पुद्गल में भाववती तथा क्रियावती शक्ति पायी जाती है। शेष चार द्रव्यों में तथा पूर्व के दो द्रव्यों में भी भाववती शक्ति उपलब्ध होती है। प्रदेशों के संचालन रूप परिस्पन्दन को क्रिया कहते हैं। धारावाही एक वस्तु में जो परिणमन है, वह भाव है।"

इससे यह स्पष्ट होता है, कि जीव पुद्गल में ही प्रदेशों का हलन-चलन पाया जाता है। जीव और पुद्गल-विशेष का परस्पर में बन्धन होता है, कारण जीव में बन्ध का कारण वैभाविक शक्ति का सद्भाव है। यदि वैभाविक शक्ति न होती, तो जीव और पुद्गल का संश्लेष नहीं होता।[1]

जिस प्रकार चुम्बक लोहे को अपनी ओर आकर्षित करता है, उसी प्रकार वैभाविक शक्ति विशिष्ट जीव रागादि भावों के कारण कार्मणवर्गणा तथा आहार, तैजस, भाषा तथा मनरूप नोकर्मवर्गणाओं को अपनी ओर आकर्षित करता है।[2] पुद्गलद्रव्य के तेईस प्रकारों में कार्मण वर्गणा नाम का एक भेद है।[3] अनन्तानन्त परमाणुओं के प्रचयरूप वर्गणा होती है। रागादिभावों के कारण जीव का कर्मों के साथ सम्बन्ध होता है। जीव का अहित धर्म, अधर्म, आकाश तथा काल द्रव्यों-द्वारा नहीं होता है। पद्मनंदि पंचविंशतिका में कहा है–

"धर्माधर्मनभांसि काल इति मे नैवाहितं कुर्वते
चत्वारोऽपि सहायतामुपगतास्तिष्ठन्ति गत्यादिषु।
एकः पुद्गल एव सन्निधिगतो नोकर्म-कर्माकृतिः
वैरी बन्धकृदेष सम्प्रति मया भेदासिना खण्डितः ॥"–आलोचनाधिकार २५

–धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये द्रव्य मेरा अहित नहीं करते। ये चारों गमनादि कार्यों में मेरी सहायता करते हैं। एक पुद्गल द्रव्य ही कर्म तथा नोकर्म रूप होकर मेरे समीप रहता है। अब मैं उस बन्ध के कारण रूप कर्म शत्रु का भेदविज्ञानरूपी तलवार के द्वारा विनाश करता हूँ।

परिभाषा

'परमात्मप्रकाश' में कर्म की इस प्रकार परिभाषा की गयी है–

"विसयकसायहिं रंगियहं, जे अणुया लग्गंति।
जीवपएसहं मोहियहं, ते जिण कम्म भणंति ॥६२॥"

प्रवचनसार टीका में अमृतचन्द्रसूरि लिखते हैं–"क्रिया खल्वात्मना प्राप्यत्वात्कर्म, तन्निमित्तप्राप्तपरिणामः पुद्गलोऽपि कर्म।" (पृ. १६५)

–"आत्मा के द्वारा प्राप्य होने से क्रिया को कर्म कहते हैं। उसके निमित्त से परिणमन को प्राप्त पुद्गल भी कर्म कहा जाता है।" इसका अभिप्राय यह है कि आत्मा में कम्पनरूप क्रिया होती है। इस क्रिया के निमित्त से पुद्गल के विशिष्ट परमाणुओं में जो परिणमन होता है, उसे कर्म कहते हैं। यह व्याख्या आध्यात्मिक दृष्टि से की गयी है।

---

१. "अयस्कान्तोपलाकृष्टसूचीवत्तद्द्वयोः पृथक्। अस्ति शक्तिः विभावाख्या मिथो बन्धाधिकारिणी ॥
–पंचा. २,४२

२. "देहोदयेण सहिओ जीवो आहरदि कम्मणोकम्मं।
पडिसमयं सव्वंगं तत्तायसपिंडओव्व जलं॥"–गो. क., गा. ३

३. "परमाणूहिं अणंताहि वग्गणसण्णा दु होदि एक्का हु।" –गो. जी., गा. २४४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव के परिणामों का निमित्त पाकर पुद्गल की अवस्था, जिससे जीव परतन्त्र—सुख-दुःख का भोक्ता किया जाता है, कर्म कहलाती है।

आचार्य अकलंकदेव अपने राजवार्तिक (पृ. २६४) में लिखते हैं—"यथा भाजनविशेषे प्रक्षिप्तानां विविधरसबीजपुष्पफलानां मदिराभावेन परिणामः, तथा पुद्गलानामपि आत्मनि स्थितानां योगकषायवशात् कर्मभावेन परिणामो वेदितव्यः।" जैसे पात्रविशेष में डाले गये अनेक रसवाले बीज, पुष्प तथा फलों का मदिरारूप में परिणमन होता है, उसी प्रकार योग तथा कषाय के कारण आत्मा में स्थित पुद्गलों का कर्मरूप परिणाम होता है।

महर्षि कुन्दकुन्द *'समयसार'* में लिखते हैं—

"जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पुग्गला परिणमंति।
पुग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमदि ॥८०॥"

—"जीव के परिणामों का निमित्त पाकर पुद्गल का कर्मरूप परिणमन होता है। इसी प्रकार पौद्गलिक कर्म के निमित्त से जीव का भी परिणमन होता है।"

केशवसिंह ने 'क्रियाकोष' में कहा है—

"सूरज सन्मुख दरपण धरै, रुई ताके आगे करै।
रवि-दर्पण को तेज मिलाया, अगन उपज रुई बलि जाय ॥५४॥
नहि अगनी इकली रुइ माहिं, दरपन मध्य कहूँ है नाहिं।
दुहुयनि को संयोग मिलाय, उपजै अगनि न संशै थाय ॥५५॥"

'समयसार' में कहा है—

"ण वि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो कम्मं तहेव जीवगुणे।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाण दोण्हंपि॥ ८१॥"

—"तात्त्विक दृष्टि से विचार किया जाए, तो जीव न तो कर्म में गुण करता है और न कर्म ही जीव में कोई गुण उत्पन्न करता है। जीव तथा पुद्गल का एक-दूसरे के निमित्त से विशिष्ट परिणमन हुआ करता है।"

प्रत्येक द्रव्य अपने स्वभाव में स्थित है। उसके परिणमन में अन्य द्रव्य उपादान कारण नहीं बन सकता। जीव न पुद्गल का कारण है और न पुद्गल जीव का उपादान हो सकता है। इनमें उपादान-उपादेयभाव के स्थान में निमित्त-नैमित्तिकपना पाया जाता है। इससे जो सिद्धान्त स्थिर होता है, उसके विषय में कुन्दकुन्द स्वामी का कथन है—

"एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण।
पुग्गलकम्मकदाणं दु कत्ता सव्वभावाणं ॥८२॥"

—"इस कारण आत्मा अपने भाव का कर्त्ता है। वह पुद्गलकर्मकृत समस्त भावों का कर्त्ता नहीं है।"

इस विषय पर अमृतचन्द्रसूरि इन शब्दों में प्रकाश डालते हैं—

"जीवकृतं परिणामं निमित्तमात्रं प्रपद्य पुनरन्ये।
स्वयमेव परिणमन्तेऽत्र पुद्गलाः कर्मभावेन ॥" —पु. सि., १२

—"जीवके रागादि परिणामों का निमित्त पाकर पुद्गलों का कर्म रूप में परिणमन स्वयमेव हो जाता है।"

जैसे मेघ के अवलम्बन से सूर्य की किरणों का इन्द्रधनुषादिरूप परिणमन हो जाता है; उसी प्रकार स्वयं अपने चैतन्यमय भावों से परिणमनशील जीव के रागादिरूप परिणमन में पौद्गलिक कर्म निमित्त पड़ा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करता है।[1] यदि जीव और पुद्गल में निमित्त भाव के स्थान में उपादान उपादेयत्व हो जाए, तो जीव द्रव्य का अभाव होगा अथवा पुद्गल द्रव्य नहीं रहेगा। दोनों में भिन्नत्व का अभाव होकर स्थापित होगा। भिन्न द्रव्यों में उपादान-उपादेयता नहीं पायी जाती है।

'प्रवचनसार' में लिखा है–

"कम्मत्तण-पाओग्गा खंधा जीवस्स परिणइं पप्पा।
गच्छंति कम्मभावं ण हि ते जीवेण परिणमिदा ॥" –प्रवचनसार, गा. २,७७ (१६९)

–"जीव की रागादिरूप परिणतिविशेष को प्राप्त कर कर्मरूप परिणमन के योग्य पुद्गलस्कन्ध कर्म भाव को प्राप्त करते हैं। उनका कर्मत्वपरिणमन जीव के द्वारा नहीं किया गया है।"[2]

"ते ते कम्मत्तगदा पोग्गलकाया पुणो वि जीवस्स।
संजायंते देहा देहंतरसंकमं पप्पा।" –प्रवचनसार, गा. २,७८ (१७०)

–"कर्मत्व को प्राप्त पुद्गलकाय जीव के देहान्तररूप संक्रम-परिवर्तन को पाकर पुनः देहरूप को प्राप्त करते हैं।"

"आदा कम्ममलिमसो परिणामं लहदि कम्मसंजुत्तं।
तत्तो सिलसदि कम्मं तम्हा कम्मं तु परिणामो।" –प्रवचनसार, गा. १२१

–"कर्म के कारण मलिनता को प्राप्त आत्मा कर्म-संयुक्त परिमाण को प्राप्त करता है। इससे कर्मों का सम्बन्ध होता है। अतः परिणाम को भी कर्म कहते हैं।"

इस विषय को स्पष्ट करते हुए अमृतचन्द्रसूरि लिखते हैं–

'परमार्थ दृष्टि से देखा जाए, तो जीव आत्मपरिणामरूप भाव कर्म का कर्ता है। पुद्गल परिणामरूप द्रव्यकर्म का कर्ता नहीं है। द्रव्यकर्म का कर्ता कौन है? पुद्गल का परिणाम स्वयं पुद्गल रूप है। इससे परमार्थ दृष्टि से पुद्गलात्मक द्रव्य कर्म का पुद्गल का परिणाम स्वयं है। वह आत्मपरिणाम स्वरूप भाव कर्म का कर्ता नहीं है। इससे जीव आत्मस्वरूप से परिणमन करता है, पुद्गल रूप से परिणमन नहीं करता है।'

कर्म के द्रव्यकर्म और भावकर्म ये दो भेद कहे गये हैं। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती कहते हैं[4]–पुद्गल का पिण्ड द्रव्यकर्म है। उस पिण्ड स्थित शक्ति से उत्पन्न अज्ञानादि भावकर्म हैं।[3] अध्यात्म शास्त्र की दृष्टि से आत्मा के प्रदेशों का सकम्प होना भावकर्म है। इस कम्पन के कारण पुद्गल की विशिष्ट अवस्था की उत्पत्ति को द्रव्यकर्म कहा है।

बन्ध का स्वरूप

कर्मों की अवस्थाविशेष को बन्ध कहते हैं। जीव और कर्मों के सम्बन्ध होने पर दोनों के गुणों में विकृति की उत्पत्ति होना बन्ध है। उदाहरणार्थ, हल्दी और चूना के सम्बन्ध से जो विशेष लालिमा की उत्पत्ति हुई है, वह वर्ण एक जात्यन्तर है। वह न हल्दी में है और न चूने में ही पाया जाता है। इसी प्रकार राग-द्वेषादि

---

१. "परिणममानस्य चितश्चिदात्मकैः स्वयमपि स्वकैर्भावैः।
भवति हि निमित्तमात्रं पौद्गलिकं कर्म तस्यापि ॥"–पु. सि., १३

२. यतो हि तुल्यक्षेत्रावगाढ-जीवपरिणाममात्रं बहिरंगसाधनमाश्रित्य जीवं परिणमयितारमन्तरेणापि कर्मत्वपरिणमनशक्तियोगिनः पुद्गलस्कन्धाः स्वयमेव कर्म भावेन परिणमन्ति। ततोऽवधार्यते न पुद्गलपिण्डानां कर्मत्वकर्ता पुरुषोऽस्ति– अमृतचन्द्रसूरिकृत–प्रवचनसार टीका तत्त्व-प्रदीपिकावृत्तिः, पृ. २३१

३. कर्मभावं ज्ञानावरणादिद्रव्यकर्मपर्यायम्–जयसेनाचार्य।

४. "पोग्गलपिंडो दव्वं तस्सत्ती भावकम्मं तु ॥" –गो.क., गा.६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विकारी भाव न शुद्ध आत्मा में उपलब्ध होते हैं और न जीव से असम्बद्ध पुद्गल में उनकी प्राप्ति होती है। बन्ध की अवस्था में जिन दो वस्तुओं का परस्पर में बन्ध्य-बन्धक भाव उत्पन्न होता है, उन दोनों के स्वगुणों में विकृति उत्पन्न होती है। कहा भी है–

"हरदी ने जरदी तजी, चूना तज्यो सफेद।
दोऊ मिल एकहि भए, रह्यो न काहू भेद ॥"

'पंचाध्यायी' में कहा है–

"बन्धः परगुणाकारा क्रिया स्यात् पारिणामिकी।
तस्यां सत्यामशुद्धत्वं तद्द्वयोः स्वगुणच्युतिः ॥२,१३०॥"

–'अन्य के गुणों के आकार रूप परिणमन होना बन्ध है। इस परिणमन के उत्पन्न होने पर अशुद्धता आती है। उस समय उन दोनों बन्ध होने वालों के स्वगुणों का विपरिणमन होता है।'

जीव के रागादि भाव न शुद्ध जीव के हैं और न शुद्ध पुद्गल के हैं। 'बन्धोऽयं द्वन्द्वजः स्मृतः'–यह बन्ध दो से उत्पन्न होता है। एक द्रव्य का बन्ध नहीं होता।

इस प्रसंग में *'बृहद्द्रव्यसंग्रह'* टीका का यह कथन विशेष उद्बोधक है–आगम में बन्ध के कारण मोह, राग और द्वेष कहे गये हैं। *'मोह'* शब्द दर्शनमोहनीय अर्थात् मिथ्यात्व का सूचक है। राग और द्वेष चारित्र मोह रूप हैं–'मोहो दर्शनमोहो मिथ्यात्वमिति यावत्...चारित्र-मोहो रागद्वेषौ भण्येते।'

प्रश्न–चारित्रमोह शब्द से राग-द्वेष किस प्रकार कहे जाते हैं–

"चारित्रमोह शब्देन रागद्वेषौ कथं भण्येते? इति चेत्।"

उत्तर–"कषायमध्ये क्रोध-मानद्वयं द्वेषाङ्गम्, मायालोभद्वयं च रागाङ्गम्, नोकषायमध्ये तु स्त्री पुं-नपुंसकवेदत्रयं हास्य-रतिद्वयं च रागाङ्गम्, अरति-शोकद्वयं भयजुगुप्साद्वयं च द्वेषाङ्गमिति ज्ञातव्यम्।"– कषाय में द्वेष के अंग रूप क्रोध तथा मान अन्तर्भूत हैं। राग के अंग माया तथा लोभ अन्तर्भूत हैं। नोकषाय में स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद ये तीन तथा हास्य और रतिद्वय राग के अंगरूप हैं। अरति, शोक तथा भय और जुगुप्सा युगल द्वेष के अंग हैं।

प्रश्न–राग-द्वेष आदिक परिणाम क्या कर्मजनित हैं अथवा जीव से उत्पन्न हुए हैं?

उत्तर–स्त्री और पुरुष के संयोग से उत्पन्न हुए पुत्र के समान, चूना तथा हल्दी के संयोग से उत्पन्न हुए वर्ण-विशेष के समान राग और द्वेष जीव और कर्म के संयोग से उत्पन्न हुए हैं। नय की विवक्षा के अनुसार विवक्षित एकदेश शुद्ध निश्चय से राग-द्वेष कर्मजनित कहलाते हैं तथा अशुद्ध-निश्चयनय से जीवजनित कहलाते हैं। यह अशुद्ध निश्चयनय शुद्ध निश्चयनय की अपेक्षा से व्यवहारनय ही है।[1]

प्रश्न–साक्षात् शुद्ध निश्चयनय से ये राग-द्वेष किसके हैं?

उत्तर–स्त्री और पुरुष के संयोग बिना पुत्र की अनुत्पत्ति के समान तथा चूना और हल्दी के संयोग बिना रंगविशेष की अनुत्पत्ति के समान साक्षात् शुद्ध निश्चयनय की अपेक्षा से राग-द्वेषादि की उत्पत्ति ही नहीं होती, क्योंकि शुद्ध निश्चयनय की दृष्टि में जीव और पुद्गल दोनों ही शुद्ध हैं और इनके संयोग का अभाव है।

नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती कहते है–

---

१. अत्राह शिष्यः–रागद्वेषादयः किं कर्मजनिताः, किं जीवजनिता इति? तत्रोत्तरम्-स्त्री-पुरुषसंयोगोत्पन्नपुत्र इव सुधा-हरिद्रासंयोगोत्पन्नवर्णविशेष इवोभयसंयोगजनिता इति। पश्चान्नयविवक्षावशेन विवक्षितैक-देशशुद्धनिश्चयेन कर्मजनिता भण्यन्ते। तथैवाशुद्धनिश्चयेन जीवजनिता इति। स चाशुद्धनिश्चयः शुद्धनिश्चयापेक्षया व्यवहार एव। अथ मतम्-साक्षाच्छुद्धनिश्चयनयेन कस्येति पृच्छामो वयम्? तत्रोत्तरम्-साक्षाच्छुद्धनिश्चयेन स्त्री पुरुष-संयोगरहितपुत्रस्येव सुधाहरिद्रासंयोगरहितरङ्ग विशेषस्येव तेषामुत्पत्तिरेव नास्ति कथमुत्तरं प्रयच्छाम इति। बृहद्द्रव्यसंग्रह, गाथा ४८ की टीका, पृष्ठ २०१-२०२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"बज्झदि कम्मं जेण दु चेदणभावेण भावबंधो सो।
कम्मादपदेसाणं अण्णोण्णपवेसणं इदरो ॥"—द्रव्यसंग्रह, गा. ३२

जिस चैतन्य परिणति से कर्मों का बन्ध होता है, उसे भावबन्ध कहते हैं। आत्मा और कर्म के प्रदेशों का परस्पर में प्रवेश हो जाना द्रव्यबन्ध है।

सूक्ष्मदृष्टि से विचार करने पर विदित होता है कि जिस प्रकार कर्मों को यह जीव बाँधता है—पराधीन करता है, उसी प्रकार कर्म भी इस जीव को पराधीन बनाते हैं। बन्ध में दोनों की स्वतन्त्रता का परित्याग होता है। दोनों विवश किये जाते हैं।

पण्डितप्रवर आशाधरजी लिखते हैं—

"स बन्धो बध्यन्ते परिणतिविशेषेण विवशी—
क्रियन्ते कर्माणि प्रकृतिविदुषो येन यदि वा।
स तत्कर्माम्नातो नयति पुरुषं यत् स्ववशतां
प्रदेशानां यो वा स भवति मिथः श्लेष उभयोः ॥" —अन. धर्मा. २,३८

—"जिस परणति विशेष से कर्म अर्थात् कर्मत्व परिणत पुद्गल- द्रव्यकर्म विपाक-अनुभव करने वाले जीव के द्वारा परतन्त्र बनाये जाते हैं--योगद्वार से प्रविष्ट होकर पुण्य-पापरूप परिणमन करके भोग्यरूप से सम्बद्ध किये जाते हैं, वह बन्ध है। अर्थात् आत्मा के जिन भावों से कर्मत्वपरिणत पुद्गल जीव के द्वारा परतन्त्र किया जाता है, वह बन्ध है। अथवा जो कर्म जीव को अपने अधीन करता है, वह बन्ध है अथवा जीव और पुद्गल के प्रदेशों का परस्पर मिल जाना बन्ध है।"

बन्ध के विषय में यह बात तो सर्वसाधारण के दृष्टिपथ में रहती है कि जीव कर्मों को बाँधता है, किन्तु कर्म भी जीव को बाँधते हैं, प्रायः यह बात ध्यान में नहीं लायी जाती। पं. आशाधरजी ने यही विषय बताया कि बन्ध में दोनों की स्वतन्त्रता का परित्याग होता है। जीव तथा कर्म दोनों स्वतन्त्र नहीं रहते हैं। अर्थात् वे परतन्त्र हो जाते हैं।

यह बन्ध आत्मा और कर्म की परस्पर अनुकूलता होने पर ही होता है। प्रतिकूलों का बन्ध नहीं होता है। यही बात पंचाध्यायी कही गयी है—

"सानुकूलतया बन्धो न बन्धः प्रतिकूलयोः ॥" —२,१०२

मुनीन्द्र कुन्दकुन्द कहते हैं—

"फासेहिं पुग्गलाणं बंधो जीवस्स रागमादीहिं।
अण्णोण्णमवगाहो पुग्गलजीवप्पगो भणिदो ॥" —प्रवचनसार, गा. २,८५ (१७७)

--"यथायोग्य स्निग्धरूक्षत्वरूप स्पर्श से पुद्गल-कर्म-वर्गणाओं का परस्पर में पिण्डरूप बन्ध होता है। रागद्वेष मोहरूप परिणामों से जीव का बन्ध होता है। जीव के परिणामों का निमित्त पाकर जीव पुद्गल का बन्ध होना जीव पुद्गल का बन्ध है।"[1]

"सपदेसो सो अप्पा तेसु पदेसेसु पुग्गला काया।
पविसंति जहाजोग्गं चिट्ठंति य जंति बज्झंति ॥" —२,८६(१७८)

यह आत्मा असंख्यातप्रदेशी है। उसके प्रदेशों में आत्मप्रदेश-परिस्पन्दनरूप योग के अनुसार

---

१. यस्तावदत्र कर्मणां स्निग्धरूक्षत्वस्पर्शविशेषैरेकत्वपरिणामः स केवल पुद्गलबन्धः। यस्तु जीवस्योपाधिक-मोह-राग द्वेषपर्यायैरेकत्वपरिणामः स केवल जीवबन्धः। यः पुनः जीवकर्म-पुद्गलयोः परस्परनिमित्तमात्रत्वेन विशिष्टतरः परस्परमवगाहः स तदुभयबन्धः—अमृतचन्द्र सूरि कृत प्रवचनसार टीका, २,९५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मन-वचन-कायवर्गणाओं की सहायता से पुद्गल कर्म-वर्गणारूप पिण्ड आकर प्रविष्ट होता है। वे कर्म-वर्गणाएँ राग-द्वेष तथा मोह के अनुसार अपनी स्थिति प्रमाण ठहरकर क्षीण हो जाती हैं।

यथार्थ बात यह है कि राग-द्वेष, मोह के कारण आत्मा में एक उत्तेजना विशेष उत्पन्न होती है। उससे वह कर्मों को आकर्षित कर बाँधता है; जैसे गरम लोहपिण्ड जलराशि को आत्मसात् किया करता है।

रागादि से बन्ध होता है

'समयसार' में संक्षेप में बन्धतत्त्व को इस प्रकार समझाया है—

"रत्तो बंधदि कम्मं, मुंचदि कम्मेहिं रागरहिदप्पा।
एसो बंधसमासो जीवाणं जाण णिच्छयदो ॥१५०॥"—प्रवचनसार, गा. १७९

रागपरिणाम विशिष्ट जीव कर्मों का बन्ध करता है। रागरहित आत्मा कर्मों से मुक्त होता है। जीवों के बन्ध का संक्षेप में यहीं तात्त्विक वर्णन है।

राग-द्वेष से बन्ध होता है, रागादि के अभाव होने पर क्रियाओं के होते हुए भी बन्ध नहीं होता, इसे सोदाहरण कुन्दकुन्द स्वामी इन शब्दों में स्पष्ट करते हैं—

"जह णाम कोवि पुरिसो णेहभत्तो दु रेणुबहुलम्मि।
ठाणम्मि ठाइदूण य करेदि सत्थेहि वायामं ॥
छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकलिवंसपिंडीओ।
सच्चित्ताचित्ताणं करेदि दव्वाणमुवघादं ॥
उवघादं कुव्वंतस्स तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं।
णिच्छयदो चिंतिज्जदु किं पच्चयगो दु तस्स रयबंधो ॥
जो सो दु णेहभावो तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो।
णिच्छयदो विण्णेयं ण कायचेट्ठाहिं सेसाहिं ॥
एवं मिच्छादिट्ठी वट्टंतो बहुविहासु चेट्ठासु।
रायादी उवओगे कुव्वंतो लिप्पदि रयेण ॥" —समयसार, गा. २३७-२४१

—आचार्य महाराज के कथन का भाव यह है कि कोई व्यक्ति अपने शरीर में तेल लगाता है तथा धूलिपूर्ण स्थल में जाकर शस्त्र-संचालनरूप व्यायाम करता है तथा ताड़, केला, बाँस आदि के वृक्षों का छेदन-भेदन करता है। इन क्रियाओं के करते हुए जो धूलि उड़कर उसके शरीर पर चिपकती है, उसका कारण व्यायाम क्रिया नहीं है। उसका वास्तविक कारण है—शरीर में तेल का लगाना। इसी प्रकार मिथ्यात्वी जीव अनेक चेष्टाओं को करता है। अपने उपभोग-परिणामों में रागादि धारण करता है, इससे वह कर्म रूपी धूलि के द्वारा लिप्त होता है।

यहाँ यह शंका उत्पन्न होती है कि शरीर में रज-लेपका कारण तेल के स्थान में व्यायाम क्रिया को क्यों न माना जाए? इसका समाधान स्वामी कुन्दकुन्द अधिक स्पष्टतापूर्वक करते हुए लिखते हैं—

"जह पुण सो चेव णरो णेहे सव्वह्मि अवणिये संते।
रेणुबहुलम्मि ठाणे करेदि सत्थेहि वायामं ॥
छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकदलिवंसपिंडीओ।
सच्चित्ताचित्ताणं करेदि दव्वाणमुवघादं ॥—समयसार, गा. २४२-२४३
उवघादं कुव्वंतस्स तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं।
णिच्छयदो चिंतिज्जहु किं पच्चयगो ण तस्स रयबंधो ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो सो दु णेहभावो तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो।
णिच्छयदो विण्णेयं ण कायचेट्ठाहिं सेसाहिं ॥
एवं सम्मादिट्ठी वट्टंतो बहुविहेसु जोगेसु।
अकरंतो उवओगे रागादी णेव बज्झदि रयेण ॥—समयसार, गा. २४५-२४६

इसका भाव यह है कि वही पूर्वोक्त पुरुष अपने शरीर के तेल को पोंछकर उसी प्रकार धूलिपूर्ण प्रदेश में शस्त्र द्वारा व्यायाम तथा वृक्ष-छेदनादि कार्य करता है। अब तेल का अभाव होने से उसके शरीर पर धूलि नहीं जमती है। इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीव अनेक प्रकार के योगों में विद्यमान रहता है, किन्तु उसके उपयोग में रागादि का अभाव रहता है, इस कारण वह कर्म-रज से लिप्त नहीं होता।[1]

शरीर पर धूलि जमने का कारण व्यायाम नहीं है, कारण शस्त्रसंचालन का अन्वय-व्यतिरेक धूलि जमने के साथ नहीं देखा जाता। शस्त्र-संचालन दोनों अवस्थाओं में होते हुए भी धूलि लेप तब होता है, जब शरीर पर तेललिप्त रहता है। शरीर पर तेल के अभाव में धूलि का लेप भी नहीं पाया जाता, इससे यह स्पष्ट विदित हो जाता है कि धूलि के जमने में कारण तेल का लेप है। इसी प्रकार रागादि के होने पर कर्मों का लेप होता है। आसक्तिजनक रागादि के अभाववश कर्मों का भी लेप नहीं होता। पं. आशाधरजी ने कहा है—

"भूरेखादिसदृक्कषायवशगो यो विश्वदृश्वाज्ञया
हेयं वैषयिकं सुखं निजमुपादेयं त्विति श्रद्दधत्
चौरो मारयितुं धृतस्तलवरेणेवात्मनिन्दादिमान्
शर्माक्षं भजते रुजत्यपि परं नोत्तप्यते सोऽप्यधैः ॥" —सागरधर्मा. १,१३

अप्रत्याख्यानावरणादि कषाय के अधीन रहनेवाला अविरत सम्यक्त्वी सर्वज्ञदेव के वचनानुसार विषय-सुख को त्याज्य और आत्मीक आनन्द को ग्राह्य श्रद्धान करता हुआ भी, जैसे कोट्टपाल के द्वारा मारने के लिए पकड़ा गया चोर आत्मनिन्दा-गर्हा आदि में प्रवृत्ति करता है, उसी प्रकार वह कषायोद्रेकवश इन्द्रियजन्य सुख का अनुभव करने में प्रवृत्त होता है और प्राणियों को पीड़ा भी देता है, किन्तु वह पापों से पीड़ित नहीं होता।[2] अनासक्त भाव से विषय सेवन करने के कारण वह बन्ध की तीव्र व्यथा नहीं उठाता। इसका भाव यह नहीं है कि चतुर्थगुणस्थानवाला सर्वथा बन्ध-विमुक्त हो जाता है। अनन्तानुबन्धी का उदय न होने से उस सम्बन्ध से होनेवाला बन्ध नहीं होता है। एकान्त नहीं है।

कर्मबन्ध पर परमार्थदृष्टि

जीव परमार्थदृष्टि अपने भावों का कर्ता है, फिर उसे कर्म का कर्ता क्यों कहते हैं? इसके समाधानार्थ समयसारकार कहते हैं—

"जीवम्हि हेदुभूदे बंधस्स दु पस्सिदूण परिणामं।
जीवेण कदं कम्मं भण्णदि उवयारमत्तेण ॥
जोधेहि कदे जुद्धे राएण कदं ति जंपदे लोगो।
तह ववहारेण कदं णाणावरणादि जीवेण॥"—समयसार, गा. १०५-१०६॥

---

१. "तैल-म्रक्षणा भावे यथा रजोबन्धो न भवति, तथा वीतरागसम्यग्दृष्टेर्जीवस्य रागाद्यभावाद्बन्धो न भवति"—जयसेनाचार्यकी टीका पृ. ३३६, स.सा. गाथा २४६। जैसे तेल की चिकनाई के अभाव में धूलिका बन्ध नहीं होता, उसी प्रकार वीतराग सम्यक्त्वी जीव के रागादिके अभाव से बन्ध नहीं होता है, अर्थात् सरागी सम्यक्त्वीके रागके कारण बन्ध होता है।

२. "नोत्तप्यते नोत्कृष्टं क्लिश्यते। कोऽसौ, सोऽपि अविरतसम्यग्दृष्टिः, किं पुनः त्यक्तविषयसुखः सर्वात्मनैकदेशेन वा हिंसादिभ्यो विरतश्चेत्यपि शब्दार्थः।" —स्वोपज्ञ टीका सा.ध. १,१३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'जीव के निमित्त को पाकर कर्मबन्ध रूप परिणमन देखकर उपचारवश कहते हैं कि जीव ने कर्मबन्ध किया। उदाहरणार्थ, यद्यपि योद्धा लोग ही युद्ध करते हैं, किन्तु लोग कहते हैं राजा युद्ध करता है, इसी प्रकार व्यवहारनय से कहते हैं कि जीव ने ज्ञानावरणादि का बन्ध किया है।'[1]

अमृतचन्द स्वामी की इसी प्रसंग पर बड़ी सुन्दर उक्ति है–

"जीवः करोति यदि पुद्गलकर्म नैव कस्तर्हि तत्कुरुत इत्यभिशङ्क्यैव।
एतर्हि तीव्ररजमोहनिवर्हणाय संकीर्त्यते शृणुत पुद्गलकर्म कर्तृ ॥३।१८।"

'यदि जीव पुद्गलकर्म का कर्ता नहीं है, तो उसका कर्ता कौन है? ऐसी आशंका होने पर शीघ्र मोह निवारणार्थ कहते हैं, उसे सुन लो कि पौद्गलिक कर्मों का कर्ता पुद्गल ही है।'

आत्मा परभावों का कर्ता नहीं होगा, वह अपने निज भाव का कर्ता है, यह बात समझाते हुए कहते हैं–

"आत्मभावान् करोत्यात्मा परभावान् परः सदा।
आत्मैव ह्यात्मनो भावाः परस्य पर एव ते ॥"–समयसार, पृ. १४४

'आत्मा सदा अपने भावों का कर्ता है, पर अर्थात् पुद्गल सदा पौद्गालिक भावों का कर्ता है। आत्मा के भाव आत्मरूप ही हैं, इसी प्रकार पुद्गल के भाव भी पुद्गलरूप हैं।'

उपरोक्त सत्य को हृदयंगम करनेवाले जीव के विषय में कुन्दकुन्द स्वामी कहते हैं–

"परमप्पाणमकुव्वं अप्पाणं पि य परं अकुव्वंतो।
सो णाणमओ जीवो कम्माणमकारगो होदि।"–समयसार, गा. ६३

'ज्ञानी जीव पर को आत्मरूप नहीं मानता है और न आत्मा को पर ही करता है, वह कर्मों का अकर्ता होता है।' जयसेनाचार्य अपनी टीका में यह स्पष्ट करते हैं–"स निर्मलात्मानुभूतिलक्षणभेदज्ञानी जीवः कर्मणामकर्ता भवतीति"–निर्मल आत्मानुभूति स्वरूप भेदज्ञानी जीव कर्मों का अकर्ता होता है।

यहाँ यह गम्भीर बात समझाते हैं कि जब आत्मा अपने भाव के सिवाय परमार्थ से परभावों का कर्ता नहीं है, तब जीव में कर्मों का कर्तृत्व एवं भोक्तृत्व नहीं रहेगा।

नाटक समयसार में कहा है–

"जोलों ज्ञान को उदोत तोलों नहिं बन्ध होत बरतै मिथ्यात्व तब नानाबन्ध होहि है।
ऐसो भेद सुन के लग्यो तू विषय भोगन सूं जोगनि सूं उद्यम की रीति तै बिछोहि है॥
सुनो भैया सन्त तू कहे मैं समकितवन्त यहू तो एकन्त परमेश्वर का द्रोही है।
विषै सुं विमुख होहि अनुभव दशा आरोहि मोक्ष सुख ढोहि तोहि ऐसी मति सोही है ॥३९॥"

जिस आत्मा के हृदय में सम्यग्ज्ञान की निर्मल ज्योति प्रदीप्त होती है, उस आत्मा का जीवन सहज पवित्रता के रस से शोभित होता है। वह विषय-सुखों में आसक्त होता है, ऐसा जिन्हें भ्रम है, उनके समाधान निमित्त कविवर बनारसीदासजी कहते हैं–

"ज्ञानकला जिसके घट जागी। ते जग माहिं सहज बैरागी ॥
ज्ञानी मगन विषै सुख माहीं। यह विपरीत सम्भवै नाहीं ॥४०॥

ज्ञानशक्ति वैराग्यबल शिवसाधे समकाल।
ज्यों लोचन न्यारे रहें, निरखे दोऊ ताल ॥४१॥"

---

१. अनादिबन्धपर्यायवशेन वीतरागस्वसंवेदनलक्षण-भेदज्ञानाभावाद् रागादिपरिणामस्निग्धः सन्नात्मा कर्मवर्गणायोग्य-पुद्गलद्रव्यं कुम्भकारो घटमिव द्रव्यकर्मरूपेणोत्पादयति करोति स्थितिबन्धं बध्नात्यनुभागबन्धं परिणमयति प्रदेशबन्धं तप्तायःपिण्डो जलवत् सर्वात्मप्रदेशैर्गृह्णाति चेत्यभिप्रायः॥ –जयसेनाचार्य-तात्पर्यवृत्ति टीका।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अमृतचन्द्रस्वामी ने कहा है–

"सम्यग्दृष्टेर्भवति नियतं ज्ञानवैराग्य-शक्तिः
स्वं वस्तुत्वं कलयितुमयं स्वान्यरूपाप्तिमुक्त्या।
यस्माद् ज्ञात्वा व्यतिकरमिदं तत्त्वतः स्वं परं च
स्वस्मिन्नास्ते विरमति परात्सर्वतो रागयोगात् ॥"–समयसार कलश, १३६

सम्यक्त्वी के नियम से ज्ञान और वैराग्य की शक्ति होती है, क्योंकि यह सम्यग्दृष्टि अपने वस्तुपना--यथार्थ स्वरूप का अभ्यास करने को अपने स्वरूप का ग्रहण और पर के त्याग की विधि कर 'यह तो अपना स्वरूप है और यह पर द्रव्य का है,' ऐसे दोनों का भेद परमार्थ से जानकर अपने स्वरूप में ठहरता है और पर द्रव्य से सब तरह राग का योग छोड़ता है।

आत्मा सर्वथा अकर्ता नहीं है

कोई लोग कर्म के मर्म को यथार्थ रूप से समझकर आत्मा को सर्वथा अकर्ता मानते हैं–और कहते हैं कि जो कुछ भी परिणमन होता है, सब का कर्तृत्व कर्म पर है। जड़ की क्रिया होती है। सांख्यदर्शन भी पुरुष को कमलपत्र सम मानकर कर्म-जल से उसे पूर्णतया अलिप्त बताता है। वह प्रकृति को ही सब कुछ कर्ता-धर्ता मानता है। इस प्रकार की दृष्टि को महर्षि कुन्दकुन्द एकान्तवादी कहते हैं–

"कम्मेहिं दु अण्णाणी किज्जदि णाणी तहेव कम्मेहिं।
कम्मेहिं सुवाविज्जदि जग्गाविज्जदि तहेव कम्मेहिं ॥"–समयसार, गा. ३३२

–'यह जीव कर्म के ही द्वारा अज्ञानी किया जाता है। उसके द्वारा ही वह ज्ञानी किया जाता है। कर्म ही जीव को सुलाता है, कर्म ही उसे जगाता है।'

"कम्मेहिं भमाडिज्जदि उड्ढमहं चावि तिरियलोयं च।
कम्मेहिं चेव किज्जदि सुहासुहजे त्तियं किंचि ॥"–समयसार, गा. ३३२

–'कर्म के कारण ही जीव ऊर्ध्व, मध्य तथा अधोलोक में भ्रमण करता है। जो कुछ भी शुभाशुभ कर्म हैं, वे भी कर्म के ही द्वारा किये जाते हैं। इस प्रकार कर्मैकान्त मानने वाले के अनुसार कर्म को ही कर्ता, हर्ता, दाता आदि माना जाए, तो क्या आपत्ति है? इस पर कुन्दकुन्द स्वामी कहते हैं–

"जम्हा कम्मं कुव्वदि कम्मं देदि हरत्ति जं किंचि।
तम्हा सव्वे जीवा अकारगा होंति आवण्णा ॥"–समयसार, गा. ३३५

'यतः कर्म ही सब कुछ करता है, देता है, हरण करता है, अतः सर्व जीवों में अकारकत्व आ गया।' पुनः उस एकान्त मान्यता में दोषोद्भावन कहते हैं–

"पुरिसित्थियाहिलासी इत्थीकम्मं च पुरिसमहिलसदि।
एसा आयरियपरंपरागदा एरिसी दु सुदी ॥३३६॥"
तम्हा ण कोवि जीवो अबंभचारी दु तुम्हमुवदेसे।
जम्हा कम्मं चेव हि कम्मं अहिलसदि जं भणिदं ॥३३७॥
जम्हा घादेदि परं परेण घादिज्जदे य सा पयडी।
एदेणत्थेण दु किर भण्णदि परघादणामेत्ति ॥३३८॥
तम्हा ण कोवि जीवो उवघादगो अत्थि तुम्ह उवदेसे।
जम्हा कम्मं चेव हि कम्मं घादेदि इदि भणियं ॥३३९॥
एवं संखुवदेसं जेदु परूविंति एरिसं समणा।
तेसिं पयडी कुव्वदि अप्पा य अकारगा सव्वे ॥३४०॥"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस विषय में आचार्य कहते हैं—'पुरुष नामक कर्म के उदय से स्त्री की अभिलाषा उत्पन्न होती है। स्त्री कर्म के कारण पुरुष की वांछा होती है। ऐसी बात स्वीकार करने पर कोई भी अब्रह्मचारी नहीं होगा, कारण कर्म ही कर्म की अभिलाषा करता है, यह कहा जाएगा।

कोई जीव दूसरे को मारता है या मारा जाता है, इसका कारण परघात, उपघात नाम की प्रकृतियाँ हैं। यह मानने पर कोई वध करने वाला न होगा। कारण यह कथन किया जाएगा कि कर्म ही कर्म का घात करने वाला है। इस प्रकार जो सांख्य सिद्धान्त के अनुसार मानते हैं, उनके यहाँ प्रकृति ही करती है और सर्व आत्मा अकारक हुए।

समन्वय पथ—इस जटिल समस्या को सुलझाते हुए अनेकान्त विद्या के मार्मिक आचार्य अमृतचन्द कहते हैं—

"माऽकर्तारममी स्पृशन्तु पुरुषं सांख्या इवाप्यार्हताः
कर्तारं कलयन्तु तं किल सदा भेदावबोधादधः।
ऊर्ध्वं तूद्धतबोधधामनियतं प्रत्यक्षमेव स्वयं
पश्यन्तु च्युतकर्मभावमचलं ज्ञातारमेकं परम् ॥" —समयसारकलश, २०५

—'अर्हन्त भगवान् के भक्तों को यह उचित है कि वे सांख्यों के समान जीव को सर्वथा अकर्ता न मानें, किन्तु उनको भेदविज्ञान होने के पूर्व आत्मा को सदा कर्ता स्वीकार करना चाहिए। जब भेदविज्ञान की उत्पत्ति हो जाए, तब आत्मा को कर्म भावरहित, अविनाशी, प्रवृद्ध ज्ञान का पुंज, प्रत्यक्षरूप एक ज्ञातारूप में दर्शन करो।'

आचार्य महाराज की देशना का भाव यह है कि जब तक भेदविज्ञान ज्योति के प्रकाश से आत्मा आलोकित नहीं हुई है, तब तक आत्मा को रागादिरूप भाव कर्मों का कर्ता मानो। भेद-विज्ञान की उपलब्धि के पश्चात् आत्मा को ज्ञाता—द्रष्टा मानो। बहिरात्मा में कर्म-कर्तृत्व का भाव मानना चाहिए। परिग्रह-रहित योगीरूप अन्तरात्मा को अपने ज्ञान स्वभाव का कर्ता जानना उचित है। आत्मा निर्विकल्प समाधि की अवस्था में अकर्ता कहा गया है। भेद-ज्ञान निर्विकल्प समाधिरूप अवस्था का ज्ञापक है। जयसेनाचार्य समयसार टीका में कहते हैं—"ततः स्थितमेतत्, एकान्तेन सांख्यमतवदकर्ता न भवति किं तर्हि रागादिविकल्परहित-समाधि लक्षण-भेदज्ञानकाले कर्मणः कर्ता न भवति, शेष काले कर्तेति" (गाथा ३४४)—अतः यह बात जाननी चाहिए कि आत्मा सांख्यमत के समान अकर्ता नहीं है। वह रागादि विकल्परहित समाधिरूप भेद-विज्ञान के काल में कर्मों का कर्ता नहीं है; शेषकाल में कर्ता होता है। यह विकल्परहित समाधि गृहस्थावस्था में असम्भव है। मुनिपद में ही वह होती है। इस प्रकार दृष्टिभेद से आत्मा में कर्तृत्व और अकर्तृत्व का समन्वय किया जाता है। अकर्तापने का एकान्तपक्ष सांख्यदर्शन की मान्यता है। स्याद्वादशासन की मान्यता एकान्तवाद रूप नहीं हो सकती है।

सांख्यतत्त्वकौमुदी में कहा है—

"तस्मान्न बध्यतेऽसौ न मुच्यते नापि संसरति कश्चित्।
संसरति बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृतिः ॥६२॥"

इससे कोई भी पुरुष न बँधता है, न मुक्त होता है, न परिभ्रमण करता है। अनेक आश्रयों को ग्रहण करने वाली प्रकृति का ही संसार होता है, बन्ध होता है तथा मोक्ष होता है।

भेदज्ञान का रहस्य—इस पद्य से स्पष्ट हो जाता है कि जो आत्मा की निश्चयनय की अपेक्षा प्रतिपादित शुद्धता को ही एकान्त रूप से ग्रहण कर उसे सर्वथा कर्मबन्ध रहित मानते हैं, वे यथार्थ में सांख्यदर्शनवाले बन जाते हैं। सर्वज्ञ अरहन्त भगवान् की वाणी अनेकान्त तत्त्व को सत्य का स्वरूप बताती है। इस कारण जयसेनाचार्य ने कहा है—"ततः स्थितमेतत्, एकान्तेन सांख्यमतवदकर्ता न भवति। किं तर्हि? रागादिविकल्परहित-समाधिलक्षणभेदज्ञानकाले कर्मणः कर्ता न भवति, शेषकाले भवति" (समयसार, गाथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४४-टीका)—अतः यह बात निर्णीत है कि आत्मा एकान्तरूप से सांख्यमत के समान अकर्ता नहीं है। फिर आत्मा कैसी है? रागादि विकल्परहित समाधिरूप भेदज्ञान के समय यह कर्मों का कर्ता नहीं है; शेष काल में आत्मा कर्मों का कर्ता होता है। अर्थात् जब वह अभेद समाधिरूप नहीं होता है, तब उसके रागादि के कारण बन्ध हुआ करता है। भेदज्ञान का अर्थ अविरत सम्यक्त्वी का ज्ञान समझने से यह भ्रम होता है कि अविरत सम्यक्त्वी के बन्ध नहीं होता है। भेदविज्ञान निर्विकल्प समाधि का द्योतक है जो मुनिपद धारण करने के उपरान्त ही प्राप्त होती है। विकल्पजालपूर्ण गृहस्थावस्था में उसकी सम्यक् कल्पना भी अशक्य है।

आत्मा कर्मस्वरूप नहीं होता

मुनीन्द्र कुन्दकुन्द का कथन है—

"जह सिप्पिओ दु कम्मं कुव्वदि ण य सो दु तम्मओ होदि।
तह जीवो वि य कम्मं कुव्वदि ण य तम्मओ होदि ॥" —समयसार, गा. ३४९

—जैसे शिल्पकार आभूषण आदि के निर्माण कार्य को करता है, किन्तु वह स्वयं आभूषण स्वरूप नहीं होता; उसी प्रकार यह जीव कर्मों को बाँधता हुआ भी कर्मस्वरूप नहीं होता है।

शिल्पकार सुनार आभूषण निर्माण में निमित्त कारण है, अतः वह अपने स्वरूप से भी च्युत नहीं होता और निमित्त कारण भी बनता है। इसी प्रकार जीव भी अपने स्वरूप का नाश नहीं करता है और कर्मों के बन्धन में निमित्त रूप भी रहा आता है। उपादान-उपादेय भाव का यहाँ निषेध किया गया है, निमित्त-नैमित्तिक-भाव की अपेक्षा कर्ता, कर्म, भोक्ता, भोग्यपने का व्यवहार उपयुक्त माना है। अमृतचन्द्रसूरि कहते हैं—

"ततो निमित्तनैमित्तिकभावमात्रेणैव तत्र कर्तृकर्मभोक्तृभोग्यत्वव्यवहारः"।

—समयसार, पृ. ४५५

शंका—सच्चा नय तो निश्चय नय है। व्यवहार तो अभूतार्थ है; मिथ्या है, अतः सांख्यदर्शन की तरह आत्मा को सदा पुरुष के समान निर्लेप शुद्ध मानना चाहिए। प्रत्यक्ष स्वीकार करने में भय नहीं करना चाहिए।

समाधान—सम्यग्ज्ञान के अंग होने से जितना सत्यपना निश्चय नय में है, उतना ही समीचीनपना व्यवहार नय में भी है। जो नय परस्पर में निरपेक्ष हो, अन्य नयको मिथ्या मानता है, वह स्वयं मिथ्या रूपता को प्राप्त होता है। निश्चय का यह कथन यथार्थ है कि जीव शुद्ध है, किन्तु व्यवहार का कथन भी सम्यक् है कि जीव में कथंचित् कर्तृत्व आदि भाव भी पाये जाते हैं। इस सम्बन्ध में आचार्य पद्मनन्दि का 'पंचविंशतिका' के निश्चय पंचाशत् अधिकार में किया गया प्रतिपादन महत्त्वपूर्ण है। वे कहते हैं—

"व्यवहारोऽभूतार्थो भूतार्थो देशितस्तु शुद्धनयः।
शुद्धनयमाश्रिता ये प्राप्नुवन्ति यतयः पदं परमम् ॥" —समयसार, गा. ९ से उद्धृत

व्यवहार नय अभूतार्थ है तथा शुद्धनय भूतार्थ कहा है। जो मुनीश्वर शुद्धनय का आश्रय लेते हैं, वह परम पद को प्राप्त करते हैं। यहाँ श्लोक में आगत 'यतयः' शब्द महत्त्वपूर्ण है। उससे गृहस्थ की व्यावृत्ति हो जाती है। आकुलता के जाल में फँसा हुआ परिग्रह पिशाच के द्वारा छला गया गृहस्थ शुद्ध दृष्टि का पात्र नहीं है। उसका कल्याण व्यवहार नय द्वारा प्रतिपादित पथ का आश्रय ग्रहण करने में है। सविकल्प अवस्थावाले श्रमण का भी अवलम्बन व्यवहार नय रहा करता है। शुद्धोपयोगी निर्विकल्प समाधिवाला दिगम्बर मुनि अभेद दृष्टि रूप निश्चय नय का आश्रय लेता है। पद्मनन्दि आचार्य कहते हैं—

"तत्त्वं वागतिवर्ति व्यवहृतिमाश्रित्य जायते वाच्यम्।
गुण-पर्यायादि-विवृत्तेः प्रसरति तच्चापि शतशाखम् ॥" —पद्मनन्दिपंच. श्लो. 10

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वास्तविक दृष्टि से अथवा निश्चय नय की अपेक्षा तत्त्व का स्वरूप वचन के अगोचर है, किन्तु व्यवहार नय का आश्रय ले वह कथंचित् वाणी का विषय हो जाता है। गुण, पर्याय आदि के भेद से वह सैकड़ों भेद युक्त हो जाता है। वस्तु का विवेचन भेदग्राही व्यवहार नय के द्वारा ही सम्भव है। एकान्तवादी व्यवहार नय को तिरस्कार और निन्दा का पात्र मानता है, किन्तु अनेकान्त तत्त्वज्ञान का सौन्दर्य समझनेवाला स्याद्वादी व्यवहार नय को भी आदरणीय स्वीकार करता है।

महत्त्व की बात—'पद्मनन्दि पंचविंशतिका' का यह कथन विशेष ध्यान देने योग्य है—

"मुख्योपचार-विवृतिं व्यवहारोपायतो यतः सन्तः।
ज्ञात्वा श्रयन्ति शुद्धं तत्त्वमिति व्यवहृतिः पूज्या ॥११॥"

मुनीश्वर व्यवहारनय की सहायता से मुख्य तथा उपचार के भेद को समझकर शुद्ध तत्त्व का आश्रय लेते हैं, इस कारण व्यवहार-नय पूज्य है। 'व्यवहृतिः पूज्या' शब्द महान् आध्यात्मिक मुनीश्वर के द्वारा कहे गये हैं।

अभेद रत्नत्रयरूप अद्वैत तत्त्व में स्थित निश्चय नयवाला योगी परम पदवी को प्राप्त करता है। एकत्व वितर्क नामक शुक्ल ध्यान के द्वितीय भेद का आश्रय कर शुक्लध्यानी शुद्धोपयोगी मोहनीय कर्म को नष्ट करता है। वास्तव में शुद्ध तत्त्व नयादि के विकल्पों से अतीत है। उस अनुभव की दशा में व्यवहारनय और निश्चयनय दोनों समान रूप से अग्राह्य बन जाते हैं। पद्मनन्दि आचार्य कहते हैं—

"नय-निक्षेप-प्रमिति-प्रभृति-विकल्पोज्झितं परं शान्तम्।
शुद्धानुभूति-गोचरमहमेकं धाम चिद्रूपम् ॥४५॥" निश्चयपंचाशत्

मैं नय, निक्षेप, प्रमाण आदि विकल्पों से रहित, परमशान्त, शुद्धानुभूतिगोचर चिद्रूप-तेजस्वरूप हूँ। जिनागम का रसपान करनेवाले को एकान्तवाद के दलदल से बचना चाहिए। 'तत्त्वज्ञान-तरंगिणी' का यह कथन हृदयग्राही है—

"व्यवहारेण बिना केचिन्नष्टाः केवल निश्चयात्।
निश्चयेन बिना केचित् केवल-व्यवहारतः ॥" —तत्त्वज्ञानतरंगिणी

कोई लोग व्यवहार का लोप करके निश्चय के एकान्त से विनाश को प्राप्त हुए और कोई निश्चय दृष्टि को भूलकर केवल व्यवहार का आश्रय ले विनष्ट हुए। अतएव समन्वय की पद्धति अभिवन्दनीय है। अतः उक्त ग्रन्थकार कहते हैं—

"द्वाभ्यां दृग्भ्यां बिना न स्यात् सम्यग्द्रव्यावलोकनम्।
यथा तथा नयाभ्यां चेत्युक्तं च स्याद्वादिभिः ॥"

जैसे दोनों नेत्रों के बिना सभ्यक् प्रकार से वस्तु का अवलोकन नहीं होता है, उसी प्रकार दोनों नयों के बिना भी यथार्थ रूप में वस्तु का ग्रहण नहीं होता है, ऐसा भगवान् ने कहा है।

महान् भ्रम—लोग प्रायः लोकाचार तथा लौकिक व्यवहार को (formalities) व्यवहार नय सोचते हैं और निश्चय को सुदृढ़ विचार (determination) समझकर भ्रान्त धारणा बनाते हैं। इसी के आधार पर वे कहते हैं कि किसी कार्य के सम्पादन के पूर्व निश्चय नय होता है, पश्चात् उसकी पूर्ति हेतु प्रवृत्ति व्यवहारनय है। यह कथन इतना ही विपरीत है, जितना बकराज को हंसराज बताना मिथ्या है। शब्दों के अनेक अर्थ होते हैं, जिनका आगमानुसार अर्थ करना तत्त्वज्ञ का कर्तव्य है। सम्यग्ज्ञान के भेदनय का उपभेद व्यवहारनय निश्चयन का साधक है। दोनों में साधनसाध्यभाव है। *'तत्त्वानुशासन'* में कहा है—

"मोक्षहेतुः पुनर्द्वेधा निश्चयाद् व्यवहारतः।
तत्राद्यः साध्यरूपः स्याद् द्वितीयस्तस्य साधनम् ॥" —तत्त्वानुशासन, श्लो. २८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोक्षका मार्ग निश्चय तथा व्यवहार के भेद से दो प्रकार का है। उसमें निश्चयमोक्षमार्ग साध्यरूप है तथा व्यवहार मोक्षमार्ग साधनरूप है। *'तत्त्वार्थसार'* में अमृतचन्द्र सूरि ने भी लिखा है–

"निश्चय-व्यवहाराभ्यां मोक्षमार्गो द्विधा स्थितः।
तत्राद्यः साध्यरूपः स्याद् द्वितीयस्तस्य साधनम् ॥" –तत्त्वार्थसार

साधन से साध्य की सिद्धि की जाती है, इससे साधनरूप व्यवहारनय पूर्ववर्ती होगा और साध्यरूप निश्चयनय पश्चाद्वर्ती होगा। इसका विपरीत कथन करना ऐसी ही विचित्र बात होगी, जैसे यह कहना कि पहले मोक्ष होता है, फिर बन्ध होता है। बुद्धिमान् तथा विवेकी व्यक्ति जैसे बन्धपूर्वक मोक्ष को स्वीकार करता है, उसी प्रकार अनेकान्त दृष्टि तत्त्वज्ञ साधनरूप व्यवहार दृष्टि को प्राथमिकता देकर साध्यरूप दृष्टि को पश्चाद्वर्ती मानेगा।

निश्चयनय और व्यवहारनय का आगम में क्या अर्थ है, यह 'तत्त्वानुशासन' में इस प्रकार स्पष्ट किया गया है–

"अभिन्न-कर्तृ-कर्मादि-विषयो निश्चयो नयः।
व्यवहारनयो भिन्न-कर्तृ-कर्मादि-गोचरः ॥२६॥"

निश्चनय में कर्ता, कर्म, कारण आदि भिन्न नहीं होते हैं, अतः वह अभिन्न कर्तृ-कर्मादि विषयक है। वह अभेदग्राही (synthetic approach) है। व्यवहारनय कर्ता–कर्मादि भेद का ग्राहक है। वह (analytic approach) भेद दृष्टि युक्त है। समन्तभद्र स्वामी ने– *'आप्तमीमांसा'* में वस्तु का स्वरूप भेद तथा अभेद रूप माना है–"भेदाभेदौ न संवृती"–भेद तथा अभेद वस्तु रूप हैं; कल्पना नहीं है।

निर्विकल्प समाधि की स्थिति सामान्य बात नहीं है। उस अवस्था में अद्भुत रूप से आत्मनिमग्नता पायी जाती है। भीम, अर्जुन तथा युधिष्ठिर ने मुनिपद को स्वीकार कर जब निर्विकल्प समाधि में तल्लीनता प्राप्त की थी, तब उनके शरीर पर जलते हुए लोहे के आभूषण पहनाये जाने पर भी वे पूर्णतया स्थिर थे। जब सुकुमाल मुनि निर्विकल्प समाधि का रसपान कर रहे थे, तब स्यालनी उनका शरीर भक्षण कर रही थी; फिर भी वे स्वरूप में निमग्न थे। सुकौशल मुनि की भी ऐसी ही अभेद रत्नत्रय रूप परिणति थी, जब व्याघ्री ने उनके शरीर का भक्षण किया था। उस निर्विकल्प समाधि की स्थिति के अनुसार सांख्य का आत्मा का अकर्तृत्व पक्ष निर्दोष तथा यथार्थ है, किन्तु वह सविकल्पदशा में भी अकर्तृत्व कहता है, इससे उसकी मान्यता पूर्णतया अवास्तविक बन जाती है।

अभेद स्वरूप में निमग्न योगी अद्वैत भाव को प्राप्त होता है। वेदान्तदर्शन भी उस अद्वैत का कथन करता है। इस प्रकार शुद्ध निश्चनय की दृष्टि वेदान्त की अद्वैत विचारधारा के सदृश प्रतीत होती है, किन्तु उसमें और जैन विचारधारा में इतना अन्तर है कि जैनदर्शन सविकल्प अवस्था में भेदरूप द्वैत दृष्टि को भी यथार्थ मानता है। वेदान्ती द्वैत दृष्टि को अयथार्थ तथा काल्पनिक बताता है। स्याद्वाद सिद्धान्त में अद्वैत दृष्टि प्राप्त व्यक्ति इस प्रकार अनुभव करता है–

"एकमेव हि चैतन्यं शुद्धनिश्चयतोऽथवा।
कोऽवकाशः विकल्पानां तत्राखण्डैकवस्तुनि ॥१५॥" –पद्मनन्दिपंचविंशति, एकत्वाशीति

शुद्ध निश्चयनय की अपेक्षा चैतन्य एक है, अद्वैत रूप है। उस अखण्ड आत्मस्वरूप में विकल्पों के लिए कोई स्थान नहीं है।

"बद्धो मुक्तोऽहमथ द्वैते सति जायते ननु द्वैतम्।
मोक्षायेत्युभय-मनोविकल्परहितो भवति मुक्तः ॥४६॥" –वही

मैं बद्ध हूँ, मुक्त हूँ, ऐसी द्वैतबुद्धि द्वैतभाव के होने पर होती है। बद्ध और मुक्त के दोनों मानसिक विकल्पों का भय होना मोक्ष का कारण है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"बद्धो वा मुक्तो वा चिद्रूपो नय-विचारविधिरेषः।
सर्वनय पक्षरहितो भवति हि साक्षात्समयसारः ॥५३॥" —वही

चिद्रूप बद्ध है अथवा मुक्त है, यह नय—दृष्टि का कथन है। सर्व प्रकार के नयपक्षरहित साक्षात् समयसार है।

'पंचास्तिकाय' में कहा है—

"जो संसारत्थो जीवो तत्तो दु होदि परिणामो।
परिणामादो कम्मं कम्मादो होदि गदिसुगदी ॥
गदिमधिगदस्स देहो देहादो इंदियाणि जायंते।
तेहिं दु विसयग्गहणं तत्तो रागो य दोसो वा ॥
जायदि जीवस्सेवं भावो संसारचक्कवालम्मि।
इदि जिणवरेहिं भणिदो अणादिणिधणो सणिधणो वा ॥"—गा. १२९-१३०

—'जो जीव संसार में स्थित है, उसके राग-द्वेष रूप परिणाम होते हैं। उन भावों से कर्मों का बन्धन होता है। कर्मों के कारण नरक आदि गतियों में गमन होता है। गतियों में जाने पर शरीर की प्राप्ति होती है। शरीर से इन्द्रियों की प्राप्ति होती है। इन्द्रियों के द्वारा विषयों का ग्रहण होता है। इससे राग-द्वेष उत्पन्न होते हैं। संसार चक्र में परिभ्रमण करते हुए जीव के इस प्रकार के भाव होते हैं। जिनेन्द्र ने कर्म को सन्तति की अपेक्षा अनादि-निधन और पर्याय की अपेक्षा सादि कहा है। इस विवेचन का निष्कर्ष यह है कि यह जीव राग-द्वेष के कारण इस अनादिनिधन संसार चक्र में परिभ्रमण किया करता है।

कर्म को पौद्गलिक एवं मूर्तिक मानने में युक्ति

आत्मा से सम्बद्ध कर्मों को पौद्गलिक प्रमाणित करते हुए—'पंचास्तिकाय' में लिखा है—

"जम्हा कम्मस्स फलं विसयं फासेहिं भुंजदे णियदं।
जीवेण सुहं दुक्खं तम्हा कम्माणि मुत्ताणि ॥" —पंचास्तिकाय., गा. १३२

'जीव कर्मों के फलस्वरूप सुख-दुःख के हेतु स्वरूप विषयों को मूर्तिमान् इन्द्रियों के द्वारा भोगता है, इससे कर्म मूर्तिक हैं।'

एक पुद्गल द्रव्य ही स्पर्श, रस, गन्ध तथा वर्ण विशिष्ट होने के कारण मूर्तिक है। अतः कर्मों में मूर्तिक पना सिद्ध होने पर उनकी पौद्गलिकता स्वयं प्रमाणित होती है।

टीकाकार अमृतचन्द्रसूरि लिखते हैं—'मूर्तं कर्म मूर्तसम्बन्धेनानुभूयमानमूर्तफलत्वादाखुविषवत्, इति'—कर्म मूर्तिक हैं, कारण उसका फल मूर्तिक द्रव्य के सम्बन्ध से अनुभवगोचर होता है, जैसे चूहे के काटने से उत्पन्न हुआ विष। चूहे के काटने से शरीर में जो शोथ आदि विकार उत्पन्न होता है, वह इन्द्रियगोचर होने से मूर्तिमान् है, इससे उसका मूल कारण विष भी मूर्तिमान् होना चाहिए। इसी प्रकार यह जीव मणि, पुष्प, वनितादि के निमित्त से सुख तथा सर्प सिंहादि के निमित्त से दुःखरूप कर्म के विपाक का अनुभव करता है, अतः इस सुख-दुःख का कारण जो कर्म है, वह भी मूर्तिमान् मानना उचित है।[1]

जयधवला टीका (१।५७) में लिखा है—"तंपि मुत्तं चेव। तं कथं णव्वदे? मुत्तोसहसंबंधेण परिणामांतरगमणण्णहाणुववत्तीदो। ण च परिणामांतरगमणमसिद्धं; तस्स तेण विणा जरकुट्ठक्खयादीणं विणासाणुववत्तीए परिणामंतरगमणसिद्धीदो।"—

---

१. "यदाखुविषवन्मूर्तसम्बन्धेनानुभूयते।
यथास्वं कर्मणः पुंसा फलं तत्कर्म मूर्तिमत् ॥" —अन. धर्मा., २,३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'कर्म मूर्त हैं यह कैसे जाना? इसका कारण यह कि यदि कर्म को मूर्त न माना जाय तो मूर्त औषधि के सम्बन्ध से परिणामान्तर की उत्पत्ति नहीं हो सकती। अर्थात् रुग्णावस्था में औषधि ग्रहण करने से रोग के कारण कर्मों की उपशान्ति देखी जाती है, वह नहीं बन सकती है। औषधि के द्वारा परिणामान्तर की, प्राप्ति असिद्ध नहीं है, क्योंकि परिणामान्तर के अभाव में ज्वर, कुष्ठ तथा क्षय आदि रोगों का विनाश नहीं बन सकता, अतः कर्म में परिणामान्तर की प्राप्ति होती है, यह सिद्ध हो जाता है।'

कर्म मूर्तिमान् तथा पौद्गलिक है। जीव अमूर्तिक तथा अपौद्गलिक है, अतः जीव से कर्मों को सर्वथा भिन्न मान लिया जाय, तो क्या दोष है? इस विषय में वीरसेनाचार्य 'जयधवला' में इस प्रकार प्रकाश डालते हैं—'जीव से यदि कर्मों को भिन्न माना जाए, तो कर्मों से भिन्न होने के कारण अमूर्त जीव का मूर्त शरीर तथा औषधि के साथ सम्बन्ध नहीं हो सकता। इससे जीव तथा कर्मों का सम्बन्ध स्वीकार करना चाहिए। शरीर आदि के साथ जीव का सम्बन्ध नहीं है, ऐसा नहीं कह सकते, कारण शरीर के छेदे जाने पर दुःख की उपलब्धि देखी जाती है। शरीर के छेदे जाने पर आत्मा में दुःख की उत्पत्ति से जीवकर्म का सम्बन्ध सूचित होता है। एक के छेदे जाने पर दूसरे में दुःख की उत्पत्ति नहीं पायी जाती। ऐसा मानने पर अव्यवस्था होगी।

भिन्नता का पक्ष मानने पर जीव के गमन करने पर शरीर का गमन नहीं होना चाहिए, कारण दोनों में एकत्व का अभाव है। ओषधिसेवन भी जीव की नीरोगता का सम्पादक नहीं होगा, कारण ओषधि शरीर के द्वारा पिई गयी है। अन्य के द्वारा पिई गयी औषधि अन्य की नीरोगता को उत्पन्न नहीं करेगी। इस प्रकार की उपलब्धि नहीं होती। जीव के रुष्ट होने पर शरीर में कम्प, दाह, गले का सूखना, नेत्रों की लालिमा, भौंहों का चढ़ना, रोमांच का होना, पसीना आना आदि बातें शरीर में नहीं होनी चाहिए, कारण उनमें भिन्नता है। जीवन की इच्छा से शरीर का गमनागमन, हाथ, पाँव, सिर तथा अंगुलियों का हलन-चलन भी नहीं होना चाहिए। कारण वे पृथक् हैं। सम्पूर्ण जीवों के केवलज्ञान, केवलदर्शन, अनन्तवीर्य, विरति, सम्यक्त्वादि हो जाना चाहिए, कारण सिद्धों के समान जीव से कर्मों का पृथक्पना है। अथवा सिद्धों में अनन्तगुणों का अभाव मानना होगा; किन्तु ऐसी बात नहीं पायी जाती; इससे कर्मों को जीव से अभिन्न श्रद्धान करना चाहिए।

अमूर्त स्वभाव आत्मा को मूर्तिक कर्मों ने क्यों बाँधा?

प्रस्तुत समस्या पर प्रकाश डालते हुए अकलंकदेव आत्मा को कथंचित् मूर्तिक और कथंचित् अमूर्तिक बताते हैं। उन्होंने लिखा है :

"अनादिकर्मबन्धसन्तानपरतन्त्रस्यात्मनः अमूर्ति प्रत्यनेकान्तो बन्धपर्यायं प्रत्येकत्वात् स्यान्मूर्तम्, तथापि ज्ञानादिस्वलक्षणापरित्यागात् स्यादमूर्तिः। ...मदमोहविभ्रमकरीं सुरां पीत्वा नष्टस्मृतिर्जनः काष्ठवदपरिस्पन्द उपलभ्यते, तथा कर्मेन्द्रियाभिभवादात्मा नाविर्भूतस्वलक्षणो मूर्त इति निश्चीयते।"—तत्त्वार्थवार्तिक, रा., पृ.८१

"अनादिकालीन कर्मबन्ध की परम्परा के अधीन आत्मा के अमूर्तत्व के विषय में अनेकान्त है। बन्धपर्याय के प्रति एकत्व होने से आत्मा कथंचित् अमूर्तिक है, किन्तु अपने ज्ञानादि लक्षण का परित्याग न करने के कारण कथंचित् अमूर्तिक भी है। मद, मोह तथा भ्रम को उत्पन्न करने वाली मदिरा को पीकर मनुष्य स्मृतिशून्य हो काष्ठ की भाँति निश्चल हो जाता है तथा कर्मेन्द्रियों के अभिभव होने से अपने ज्ञानादि स्वलक्षण का अप्रकाशन होने से आत्मा मूर्तिक निश्चय किया जाता है।"[1]

इस विषय में 'प्रवचनसार' में एक मार्मिक बात कही गयी है—

"रूवादिएहिं रहिदो पेच्छदि जाणादि रूवमादीणि।
दव्वाणि गुणे य जधा तह बंधो तेण जाणीहि ॥२,८२।"

---

१. "वण्ण-रस-पंचगंधा दो फासा अट्ठ णिच्छया जीवे।
णो संति अमुत्ति तदो ववहारा मुत्ति बंधा दो ॥—द्रव्यसंग्रह ।७।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

—"जिस प्रकार रूपादिरहित आत्मा रूपी द्रव्यों तथा उनके गुणों को जानता-देखता है, उसी प्रकार रूपादिरहित जीव पुद्गल कर्मों से बाँधा जाता है। कदाचित् ऐसा न माना जाय, तो यह शंका उत्पन्न होती है कि अमूर्तिक आत्मा मूर्तिक पदार्थों को क्यों देखता जानता है। निष्कर्ष यह है, अमूर्तिक आत्मा अपने विशिष्ट स्वभाव के कारण जैसे मूर्तिक पदार्थों का ज्ञाता-द्रष्टा है, उसी प्रकार वह अपनी वैभाविक शक्ति के परिणमन विशेष से मूर्तिक कर्मों के-से बन्ध को प्राप्त करता है।[1] वस्तुस्वभाव तर्क के अगोचर है।"

'तत्त्वार्थसार' में कहा है—"आत्मा अमूर्तिक है, फिर भी उसका कर्मों के साथ अनादिनित्य सम्बन्ध है। उसके ऐक्यवश आत्मा को मूर्तिक निश्चय करते हैं।"[2]

आत्मा को कर्मबद्ध मानने का कारण

कोई-कोई सोचते हैं यह हमारा भ्रम है जो हम अपनी आत्मा में कर्मों का बन्धन स्वीकार करते हैं। यथार्थ ज्ञान होने पर विदित होता है कि आत्मा कर्मादि विकारों से रहित पूर्णतया परिशुद्ध है। ऐसे विचार वालों के समाधाननिमित्त विद्यानन्दिस्वामी *'आप्तपरीक्षा'* (पृ. १) में लिखते हैं—

"विचार प्राप्त संसारी जीव बँधा हुआ है, कारण यह परतन्त्र है; जैसे हस्तिशाला के स्तम्भ में बँधा हुआ हाथी परतन्त्र रहता है। इसी प्रकार संसारी जीव भी पराधीन होने के कारण बँधा हुआ है।"

जीव की पराधीनता को सिद्ध करने के लिए आचार्य कहते हैं—"यह संसारी जीव पराधीन है, कारण इसने हीनस्थान को ग्रहण किया है। कामवासनावश श्रोत्रिय ब्राह्मण वेश्या के घर को अंगीकार करता है। वेश्या का घर निन्द्य स्थान है। वहाँ उच्च ब्राह्मण की उपस्थिति प्रमाणित करती है कि वह अपनी वासना वेग से अत्यन्त पराधीन बन चुका है। इसी प्रकार हीन स्थान को अंगीकार करने वाला संसारी जीव परतन्त्र सिद्ध होता है।"

हीनस्थान क्या है, इस पर प्रकाश डालते हैं कि "संसारी जीव का शरीर ही हीनस्थान है, कारण वह शरीर दुःख का कारण है। जैसे कारागार दुःखप्रद होने के कारण हीनस्थान माना जाता है, उसी प्रकार यह शरीर भी हीनस्थान है।"

आत्मा यदि स्वतन्त्र होता, तो वह मूत्रपुरीषभण्डाररूप इस महान् अपावन घृणित देह को अपना आवासस्थल कभी न बनाता। विवश हो जीव को इस शरीर में रहना पड़ता है। मोहवश वह फिर इसमें आसक्त हो जाता है। प्रबुद्ध पुरुष शरीर में ममत्व भाव का त्याग करते हैं। जीव को विवश करनेवाला कर्म है।

यह विश्ववैचित्र्य कर्मों के कारण दृष्टिगोचर होता है। कोई धनवान् है, कोई गरीब है, कोई बीमार है, तो कोई नीरोग है, आदि विविधताओं का कारण कर्म है।

"अहं प्रत्ययवेद्यत्वाज्जीवस्यास्तित्वमन्वयात्।
एको दरिद्रः एको हि श्रीमानिति च कर्मणः॥" पंचाध्यायी—२,५०

'मैं हूँ' इस प्रकार अहं प्रत्यय से जीव का अस्तित्व ज्ञात होता है। यह ज्ञान अन्वय रूप से पाया जाता है। एक दरिद्र है, एक श्रीमान्, यह भेद कर्म के कारण है।

यह आत्मा तात्त्विक दृष्टि से विचार करे, तो उससे प्रतीत होगा कि यह जगत् एक रंग-मंच के समान

---

१. येन प्रकारेण रूपादिरहितो रूपीणि द्रव्याणि तद्गुणांश्च पश्यति जानाति च, तेनैव प्रकारेण रूपादिरहितो रूपिभिः कर्मपुद्गलैः किल बध्यते, अन्यथा कथममूर्तो मूर्तं पश्यति जानाति चेत्यत्रापि पर्यनुयोगस्यानिवार्यत्वात् (अमृतचन्दाचार्य की टीका)

२. "अनादिनित्यसम्बन्धात् सह कर्मभिरात्मनः।
अमूर्तस्यापि सत्यैक्ये मूर्तत्वमवसीयते॥" —तत्त्वार्थसार, ५,१७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। यहाँ जीव विविध वेष धारण कर अपना अभिनय दिखाते हैं। अपना खेल दिखाने के अनन्तर वे वेष बदलते हैं। कर्मविपाक के अनुसार उनका वेष और अभिनय हुआ करता है।[1]

विश्ववैचित्य कर्मकृत है

कोई लोग कर्मकृत विश्ववैचित्र्य को स्वीकार करते हुए भी कहते हैं—ईश्वर ही कर्मों के अनुसार इस अज्ञ जीव को विविध योनियों में पहुँचाकर दुःख और सुख देता है। महाभारत में लिखा है—

"अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः।
ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा॥" वनपर्व ३०,२८

कोई ईश्वर को सुख-दुःख का केवल निमित्त कारण मानते हैं। इस विषय में स्वामी समन्तभद्र अपनी 'आप्तमीमांसा' में कहते हैं—

"कामादिप्रभवश्चित्रः कर्मबन्धानुरूपतः।
तच्च कर्म स्वहेतुभ्यो जीवास्ते शुद्ध्यशुद्धितः॥९९॥"

'काम, क्रोध, मोहादिका उत्पत्तिरूप जो भावसंसार है, वह अपने-अपने कर्म के अनुसार होता है। वह कर्म अपने कारण रागादिकों से उत्पन्न होता है। वे जीव शुद्धता, अशुद्धता से समन्वित होते हैं।'

इस पर तार्किक पद्धति से विचार करते हुए आचार्य विद्यानन्दि 'अष्टसहस्री' में लिखते हैं कि अज्ञान, मोह, अहंकाररूप यह भाव-संसार है।[2] यह एक स्वभाववाले ईश्वर की कृति नहीं है, कारण उसके कार्य में सुख-दुःखदि में विचित्रता दृष्टिगोचर होती है। जिस वस्तु के कार्य में विचित्रता पायी जाती है, उसका कारण एक स्वभाव विशिष्ट नहीं होता है। जैसे अनेक धान्य अंकुरादिरूप विचित्र कार्य अनेक शालिबीजादिक से उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार सुख-दुःखविशिष्ट विचित्र कार्यरूप जगत् एक स्वभाव वाले ईश्वरकृत नहीं हो सकता।[3]

जब कारण एक प्रकार का है, तब उससे निष्पन्न कार्य में विविधता नहीं पायी जाती। एक धान्य-बीज से एक ही अंकुर की उद्भूति होती है। इस प्राकृतिक नियम के अनुसार एक स्वभाव वाला ईश्वर क्षेत्र, काल तथा स्वभाव की अपेक्षा भिन्न शरीर, इन्द्रिय तथा जगत् आदि का कर्ता नहीं सिद्ध होता है।[4]

अनादि कर्मबन्ध का अन्त क्यों है?

प्रश्न—जब कर्मबन्ध और रागादिभाव का चक्र अनादि काल से चलता है, तब उसका भी अन्त नहीं होना चाहिए?

समाधान—यह शंका ठीक नहीं है। कारण अनादि की अनन्तता के साथ कोई व्याप्ति नहीं है। अनादि होते हुए भी सान्तता की उपलब्धि होती है। बीज वृक्ष की सन्तति को परम्परा की अपेक्षा अनादि कहते

---

१. All the world's a stage,
And all the men and women merely players;
They have their exits and their entrances;
And one man in his time plays many parts,
Shakespeare :—AS YOU LIKE IT. Act. II, Sc. VII.

२. अष्टस., पृ. २६८-२७३।

३. "संसारोऽयं नैकस्वभावेश्वरकृतः, तत्कार्यसुख-दुःखादिवैचित्र्यात्। न हि कारणस्यैकरूपत्वके कार्यनानात्वं युक्तं शालिबीजवत्",—अष्टशती

४. इस सम्बन्ध में विशद चर्चा तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक, प्रमेयकमलमार्तण्ड, आप्तपरीक्षा आदि जैन ग्रन्थों में की गयी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। बीज को यदि दग्ध कर दिया जाए, तो फिर वृक्ष-परम्परा का अभाव हो जाएगा। कर्म बीज के नष्ट हो जाने पर भवांकुर की उत्पत्ति नहीं हो सकती। तत्त्वार्थसार में कहा है–

"दग्धे बीजे यथाऽत्यन्तं प्रादुर्भवति नाङ्कुरः।
कर्मबीजे तथा दग्धे न प्ररोहति भवाङ्कुरः ॥–तत्त्वार्थसार, ८,७

अकलंक स्वामी का कथन है कि आत्मा में आने वाला कर्ममल प्रतिपक्षरूप है, अतः वह आत्मगुणों के विकास होने पर क्षयशील हैं।[1]

जैसे प्रकाश के आते ही सदा अन्धकाराक्रान्त प्रदेश से अन्धकार दूर होता है अथवा सदा शीत भूमि में गरमी के प्रकर्ष होने पर शीत का अपकर्ष होता है, उसी प्रकार सम्यग्दर्शनादि के प्रकर्ष से मिथ्यात्वादिक विकारों का अपकर्ष होता है। रागादि विकारों के अपकर्ष में हीनाधिकता देखकर तार्किक समन्तभद्र कहते हैं कि ऐसी भी आत्मा हो सकती है जिसमें से रागादि का पूर्णतया क्षय हो चुका हो।[2] उसे ही परमात्मा कहते हैं।[3]

अनादि-सादि बन्धके विषय में अनेकान्त

प्रश्न–शंकाकार कहता है–आपका यह कथन कि 'कामादिप्रभवश्चित्रः कर्मबन्धानुरूपतः' विचित्र कामादिक की उत्पत्ति कर्मबन्ध के अनुसार होती है', निर्दोष नहीं है। हम पूछते हैं, जीव और कर्मों का सम्बन्ध कब से है?

समाधान–द्रव्यदृष्टि अथवा सन्तति की अपेक्षा यह बन्ध अनादि है। पर्याय की अपेक्षा यह सादि कहा जाता है। पंचाध्यायीकार का कथन है–

"यथाऽनादिः स जीवात्मा यथाऽनादिश्च पुद्गलः।
द्वयोर्बन्धोऽप्यनादिः स्यात् सम्बन्धो जीवकर्मणोः ॥" –पञ्चाध्यायी, २,३५

जिस प्रकार जीवात्मा अनादि है, उसी प्रकार पुद्गल भी अनादि है। जीव और कर्मों का सम्बन्ध रूप बन्ध भी अनादि है।

"द्वयोरनादिसम्बन्धः कनकोपलसन्निभः।
अन्यथा दोष एव स्यादितरेतरसंश्रयः ॥" –पञ्चाध्यायी, २,३६

जीव और कर्मों का अनादि सम्बन्ध है; जैसे सुवर्ण-पाषाण में सुवर्ण द्रव्य किट्ट, कालिमादि विशिष्ट पाया जाता है, उसी प्रकार संसारी जीव भी अशुद्ध रूप में उपलब्ध होता है। ऐसा न मानने पर अन्योन्याश्रय दोष आता है।

"तद्यथा यदि निष्कर्मा जीवः प्रागेव तादृशः।
बन्धाभावेऽथ शुद्धेऽपि बन्धश्चेन्निर्वृतिः कथम् ॥" –पञ्चाध्यायी, २,३७

---

१. "प्रतिपक्ष एवात्मनामागन्तुको मलः परिक्षयी, स्वनिर्ह्रासनिमित्तविवर्धनवशात्।"–अष्टशती।

२. "दोषावरणयोर्हानिर्निःशेषाऽस्त्यतिशायनात्।
क्वचिद्यथा स्वहेतुभ्यो बहिरन्तर्मलक्षयः ॥"–आप्तमीमांसा, कारिका ४

३. अमितगति आचार्य कहते हैं–
"यो दर्शन-ज्ञान-सुखस्वभावः समस्त-संसारविकारबाह्यः।
समाधिगम्यः परमात्मसंज्ञः स देवदेवो हृदये ममास्ताम् ॥१३॥"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यदि जीव पूर्व में कर्म रहित माना जाए, तो उसके बन्ध का अभाव होगा। शुद्धात्मा के भी बन्ध मानने पर मुक्ति कैसे होगी?

यहाँ आचार्य का भाव यह है कि पूर्व अशुद्धता के बिना बन्ध नहीं होगा। पूर्व में शुद्ध जीव के भी कर्मबन्ध मान लेने पर निर्वाण का लाभ असम्भव हो जाएगा। जब शुद्ध जीव कर्म बाँधने लगेगा, तब संसार का चक्र पुनः-पुनः चलने से मुक्ति का अभाव हो जाएगा।

यदि पुद्गल को अनादि से शुद्ध माना जाए, तो क्या बाधा है? पंचाध्यायीकार कहते हैं—

"अथ चेत्पुद्गलः शुद्धः सर्वतः प्रागनादितः।
हेतोर्विना यथा ज्ञानं तथा क्रोधादिरात्मनः ॥
एवं बन्धस्य नित्यत्वं हेतोः सद्भावतोऽथवा।
द्रव्याभावो गुणाभावे क्रोधादीनामदर्शनात्! ॥"—पञ्चाध्यायी, २, ३८-३९

—यदि पुद्गल को अनादि से शुद्ध मान लिया जाए तो जैसे बिना कारण के स्वभावतः जीव में ज्ञान पाया जाता है, उसी प्रकार क्रोधादि भी जीव के स्वभाव या गुण हो जाएँगे। क्रोधादि के सदा सद्भाववश बन्ध में नित्यता आ जाएगी। अथवा यदि क्रोधादि गुणों का अभाव माना जाएगा, तो स्वभाववान् या गुणी जीव का भी लोप हो जाएगा। क्रोधादि का अदर्शन पाया जाता है।

यहाँ अभिप्राय यह है कि यदि कामादिक कर्मबन्ध से उत्पन्न नहीं हुए, कारण पुद्गल सदा शुद्ध रहता है, तब ऐसी स्थिति में क्रोधादिक जीव के स्वभाव हो जाएँगे। संयमी पुरुषों में क्रोधादि विकारों का अदर्शन पाया जाता है। क्रोधरूप स्वभाव का अभाव होने पर स्वभाववान् आत्मा का भी लोप हो जाएगा। अतः पुद्गल को अनादि शुद्ध मानकर क्रोधादि को जीव का स्वभाव मानना अनुचित है। क्रोधादि भावों को कर्मकृत मानना ही श्रेयस्कर है। ग्रन्थकार कहते हैं—

"पूर्वकर्मोदयाद्भावो भावात्प्रत्यग्रसंचयः।
तस्य पाकात्पुनर्भावो भावाद् बन्धः पुनस्ततः ॥
एवं सन्तानतोऽनादिः सम्बन्धो जीवकर्मणोः।
संसारः स च दुर्मोच्यो विना सम्यग्दृगादिना ॥"—पञ्चाध्यायी, २,४२-४३

—पूर्वकर्मोदय से रागादि भाव होते हैं। उन भावों से आगामी कर्म का संचय होता है। उस कर्म-विपाक से पुनः रागादिभाव होते हैं। उन भावों से पुनः बन्ध होता है। इस प्रकार जीव तथा कर्म का सम्बन्ध सन्तान की अपेक्षा अनादि है। सम्यग्दर्शनादि के बिना यह संसार दुर्मोच्य है।

निष्कर्ष—आत्मा और कर्म का सादि सम्बन्ध स्वीकार करने पर दोषों का उद्भावन ऊपर किया जा चुका है। यह भी कहा जा चुका है कि वर्तमान आत्मा परतन्त्र है। वह कर्मों के अधीन है। यह कर्मबन्धन सादि स्वीकार करने में भयंकर आपत्तियाँ आती हैं। यदि आत्मा को शुद्ध, बुद्ध, सर्वज्ञ, आनन्दमय तथा अनन्त शक्तिमान माना जाए, तो यह प्रश्न होता है कि वह संसार के बन्धन में कैसे फँस गया? पूर्व में शुद्ध का बन्धन में आना ऐसा ही असंगत और असम्भव है, जैसे बीज के दाह किये जाने पर उससे वृक्ष का प्रादुर्भाव मानना असंगत और असम्भाव्य है। जीव की बन्धन अवस्था स्वयंसिद्ध अनुभव गोचर है। उसके लिए तर्क की जरूरत नहीं है।

ऐसी स्थिति में एक ही मार्ग निरापद बचता है कि कर्म और आत्मा का अनादि सम्बन्ध माना जाए। इसके सिवाय कोई और मध्यम मार्ग नहीं है। आत्मशक्ति के विकसित होने पर कर्मों का बन्धन शिथिल होने लगता है और शक्ति के पूर्ण प्रबुद्ध होने पर कर्मों का नाश हो जाता है। फिर वह शुद्ध जीव कर्मबन्धन में नहीं फँसता है। सर्वज्ञ तथा अनन्तशक्ति युक्त शुद्ध जीव कर्मों के जाल में फँसने का कदापि उद्योग नहीं करेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मों के आस्रव का कारण योग है

इस जीव के कर्मबन्धन का कारण रागादिभावों को कहा है : कर्मों के आगमन में कारण—आत्म-प्रदेशों का परिस्पन्दन होना। मनोवर्गणा, वचनवर्गणा अथवा कायवर्गणा के अवलम्बन से आत्मप्रदेशों में सकम्पपना पाया जाता है। मन, वचन, काय का क्रियारूप योग के द्वारा नवीन कर्मों का आस्रव—आगमन तथा जीव के साथ संयोग होता है। योगों के त्रयात्मक भेदों पर प्रकाश डालते हुए आचार्य वीरसेन धवलाटीका (१,२७६) में लिखते हैं—"कः पुनः मनोयोग इति चेद्भावमनसः समुत्पत्त्यर्थः प्रयत्नो मनोयोगः। तथा वचसः समुत्पत्त्यर्थः प्रयत्नो वाग्योगः। कायक्रियासमुत्पत्त्यर्थः प्रयत्नः काययोगः।" —'मनोयोग का क्या स्वरूप है? भावमन की उत्पत्ति के लिए जो प्रयत्न होता है, उसे मनोयोग कहते हैं। इसी प्रकार वचन की उत्पत्ति के लिए जो प्रयत्न होता है, उसे वचनयोग कहते हैं और काय की क्रिया की उत्पत्ति के लिए जो प्रयत्न होता है, उसे काययोग कहते हैं।' यह योग ध्यानरूप योग से भिन्न है।

पुण्य-पाप का विश्लेषण

प्रश्न—'सर्वार्थसिद्धि' में यह शंका की गयी है कि जिस योग के द्वारा पुण्य कर्म का आस्रव होता है, उसी योग के द्वारा क्या पाप का आस्रव होता है?

समाधान—'शुभः पुण्यस्याशुभः पापस्य' (त. सू. ६,३)—शुभयोग के द्वारा पुण्य का आस्रव होता है तथा अशुभयोग के द्वारा पाप का आस्रव होता है। शुभयोग-अशुभयोग की परिभाषा 'सर्वार्थसिद्धि' में इस प्रकार की गयी है—"शुभपरिणामनिर्वृत्तो योगः शुभः अशुभपरिणामनिर्वृत्तश्चाशुभः"—शुभ परिणामों से रचित योग शुभ है तथा अशुभ परिणामों के द्वारा रचित योग अशुभ है।

जिस शुभ परिणाम के द्वारा पुण्य का आस्रव होता है, उसके विषय में कुन्दकुन्द स्वामी ने *'प्रवचनसार'* में इस प्रकार स्पष्टीकरण किया है—

"देवद-जदि-गुरु-पूजासु चेव दाणम्मि वा सुसीलेसु।
उपवासादिसु रत्तो सुहोवओगप्पगो अप्पा॥"—प्रवचनसार १,६९

जिनेन्द्र भगवान् रूप देवता, इन्द्रियजय के द्वारा शुद्धात्म स्वरूप के विषय में तत्पर यति (इन्द्रियजयेन शुद्धात्मस्वरूप प्रयत्नपरो यतिः), स्वयं भेदाभेदरूप रत्नयत्रय के आराधक तथा उस रत्नत्रय के आकांक्षी भव्यों को जिनदीक्षा देनेवाले गुरु (स्वयं भेदाभेद-रत्नत्रयाराधकस्तदर्थिनां भव्यानां जिनदीक्षादायको गुरुः) तथा उनकी प्रतिमा की द्रव्य तथा भावरूप पूजा (द्रव्य-भावरूपा पूजा), चार प्रकार का दान देना, शीलव्रतादि का परिपालन तथा उपवासादि शुभ अनुष्ठानों में जो व्यक्ति अनुरक्त होता है तथा अशुभ अनुष्ठानों से विरत रहता है, वह जीव शुभ उपयोगवाला होता है।

जीवघात, चोरी आदि अशुभ कार्य, सत्य, पीड़ाकारी हिंसारूप अशुभ वचन तथा ईर्ष्या, जीवबन्धादि रूप अशुभ मन से अशुभ उपयोग होता है। 'प्रवचनसार' में लिखा है—

"धम्मेण परिणदप्पा अप्पा जदि सुद्ध संपयोगजुदो।
पावदि णिव्वाणसुहं सुहोवजुत्तो व सग्गसुहं॥" —प्रवचनसार १,११

धर्म से परिणत आत्मा जब शुद्धोपयोग रूप परिणति को धारण करता है, तब वह निर्वाण सुख को प्राप्त करता है। धर्म से परिणत आत्मा जब शुभोपयोग को प्राप्त होता है, तब वह स्वर्ग सुख को प्राप्त करता है।

इस विषय को स्पष्ट करते हुए जयसेनाचार्य तात्पर्यवृत्ति टीका में कहते हैं—"तत्र यच्छुद्धं सम्प्रयोगशब्द वाच्यं शुद्धोपयोगस्वरूपं वीतरागचारित्रं तेन निर्वाणं लभते"—गाथा में आगत 'शुद्ध सम्प्रयोग' शब्द के द्वारा वाच्य जो शुद्धोपयोग स्वरूप वीतराग चारित्र है, उससे निर्वाण प्राप्त होता है। वीतराग चारित्र ध्यानस्थ मुनि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के ही होता है। आत्मसमाधि में स्थित परमध्यानी मुनिराज के ही शुद्धोपयोग होता है। सरागसंयमी अवस्था में मुनिराज के शुद्धोपयोग नहीं होता है। अतः गृहस्थावस्था में शुद्धोपयोग की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

जब सरागी सकलसंयमी महाव्रती भावलिंगी मुनीश्वर के शुद्धोपयोग का अभाव है, तब असंयमी अथवा देशसंयमी श्रावक के शुद्धोपयोग का अभाव स्वयमेव सिद्ध होता है। "निर्विकल्प समाधिरूप-शुद्धोपयोगशक्त्यभावे सति यदा शुभोपयोगरूप-सरागचारित्रेण परिणमति, तदाऽपूर्वमनाकुलत्वलक्षण-पारमार्थिकसुखविपरीतमाकुलत्वोत्पादकं स्वर्गसुखं लभते, पश्चात् परमसमाधि-सामग्रीसद्भावे मोक्षं च लभते"—निर्विकल्प समाधि (अभेदरत्नत्रयरूपपरिणति) रूप शुद्धोपयोग की सामर्थ्य के अभाव होने पर जब वह जीव शुभोपयोग रूप (भेदरत्नत्रय रूप परिणति) सराग चारित्र को धारण करता है, उस समय वह अपूर्व, अनाकुलतास्वरूप परमार्थ सुख के विपरीत आकुलता का उत्पादक स्वर्ग सुख को प्राप्त करता है। इसके अनन्तर वह परम समाधि (शुद्धोपयोग) को सामग्री का लाभ होने पर मोक्ष को भी प्राप्त करता है। इससे अमृतचन्द्र स्वामी कहते हैं कि शुद्धोपयोग परिणतिके द्वारा निर्वाण का सुख प्राप्त होता है, अतः "शुद्धोपयोग उपादेयः"—शुद्धोपयोग उपादेय है। सविकल्प अवस्थारूप भेद रत्नत्रयस्वरूप शुभोपयोग से आकुलता उत्पादक स्वर्ग का सुख प्राप्त होता है, निर्वाण का सुख नहीं मिलता है; इससे 'शुभोपयोगो हेयः' मुनिराज के लिए कथंचित् शुभोपयोग हेय है। (प्रवचनसार, १.११, पृ. १३)

हेय तथा उपादेय उपयोग—मुनि अवस्था में शुद्धोपयोग और शुभोपयोग दोनों होते हैं, अतः उस अपेक्षा से उपादेय तथा हेय का कथन किया गया है। गृहस्थावस्था में शुद्धोपयोग की पात्रता ही नहीं है; अतः उसकी अपेक्षा एकमात्र शुभोपयोग आश्रय योग्य होगा। शुभोपयोग कथंचित् हेय है, तो कथंचित् उपादेय भी है। निर्विकल्प समाधि निमग्न महामुनि की अपेक्षा शुभोपयोग हेय है, किन्तु उस उच्च ध्यान की प्राप्ति में असमर्थ मुनिराज के लिए शुभोपयोग उपादेय है। ऐसी स्थिति में गृहस्थ के लिए शुभोपयोग को हेय नहीं कहा जा सकता है। परम हेयरूप गृहस्थ की दशा है। उस स्थिति को ध्यान में रखते हुए उस आर्त, रौद्रध्यान के जाल में जकड़े हुए जीव का उद्धार शुभोपयोग के द्वारा ही होगा। यदि शुद्धोपयोग को उपादेय मानते हुए परिग्रह तथा पापाचार के त्याग से विमुख गृहस्थ ने शुभोपयोग को हेय सोचकर उसे छोड़ दिया, तो अशुभोपयोग के द्वारा उस गृहस्थ की दुर्गति होगी। अमृतचन्द्रसूरि कहते हैं, "अत्यन्त हेय एवायमशुभोपयोगः"—अशुभोपयोग अत्यन्त हेय है। शुद्धोपयोग उपादेय है। उसकी अपेक्षा शुभोपयोग हेय है, किन्तु अशुभोपयोग अत्यन्त हेय है। ऐसी स्थिति में अशुभोपयोग की अपेक्षा शुभोपयोग उपादेय है। बुद्धिमान् व्यक्ति अत्यन्त हेय अशुभ का त्याग कर शुभ का आश्रय लेता है, क्योंकि वह Lesser art अपेक्षाकृत अल्प दोषरूप है।

उदाहरणार्थ—सत्पुरुष को ब्रह्मचर्य व्रत धारण करना चाहिए। वह श्रेष्ठ व्रत है, किन्तु जिसकी आत्मा पूर्ण ब्रह्मचर्य पालन में असमर्थ है, उसे स्वस्त्रीसन्तोषव्रती बनने का कथन किया जाता है। यदि वह पर-स्त्री सेवन में प्रवृत्ति करता है, तो सत्पुरुष उसे महापापी कहते हैं। यद्यपि दोनों ही ब्रह्मचर्य व्रत पालन नहीं करते हैं और ब्रह्मचर्य की अपेक्षा स्त्रीमात्र का सेवन हेय है, किन्तु असमर्थ व्यक्ति की अपेक्षा स्वदारसन्तोषव्रती को शीलवान् कहकर उसकी स्तुति की जाती है तथा उसको परस्त्री सेवन का त्यागी होने से आदर का पात्र मानते हैं। इस उदाहरण के प्रकाश में शुद्धोपयोग ब्रह्मचर्य के समान परम उपादेय है। शुभोपयोग स्वदारसन्तोषव्रत के समान कथंचित् उपादेय है तथा अशुभोपयोग परस्त्री सेवन रूप महापाप के समान सर्वथा हेय है—अत्यन्त हेय है। स्वदारसंतोषी तथा परस्त्रीसेवी इन दोनों में स्त्रीसेवनरूपताका सद्भाव होते हुए भी स्वस्त्रीसंतोषी गृहस्थ की अवस्था उपादेय है। किन्तु परस्त्रीसेवन का कार्य अत्यन्त निषिद्ध है। इसी प्रकार अशुद्धोपयोगपना शुभ तथा अशुभ उपयोग में है, किन्तु गृहस्थ के लिए शुभ उपयोग उपादेय है तथा अशुभ उपयोग सर्वथा हेय है। दोनों को समान मानकर अशुभ की प्रवृत्ति से विमुख न होनेवाला अपार कष्ट पाता है। शीलव्रती सीता स्वर्ग गयी। कुशील परिणामवाला रावण नरक गया। दोनों को एक समान मानने वाला

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर व्यक्ति नहीं कहा जाएगा। अशुभोपयोग के विषय में 'प्रवचनसार' में इस प्रकार कथन किया गया है—

"असुहोदयेण आदा कुणरो तिरियो भवीय णेरइयो।
दुक्खसहस्सेहिं सदा अभिंधुदो भमदि अच्चंतं ॥" —प्रवचनसार, १,१२

अशुभोपयोग परिणति के द्वारा आत्मा दीन-दुःखी मनुष्य, तिर्यंच तथा नारकी होकर हजारों दुःखों से दुःखी होता हुआ संसार में निरन्तर भ्रमण करता है।

अशुभोपयोग के कारण संचित पापोदयवश जीव इष्ट-वियोग, अनिष्ट-संयोग, पीड़ाचिन्तवन आदि मलिन सामग्री को प्राप्त कर संक्लेशभाव-द्वारा पुनः पाप का बन्ध करता है।

पुण्य-पाप में समानता तथा भिन्नता—संसर के कारणपने की अपेक्षा यद्यपि शुभोपयोग तथा अशुभोपयोग और उनके द्वारा प्राप्त पुण्य तथा पाप समान हैं, किन्तु उनमें दूसरी अपेक्षा से महान् भिन्नता है। पूर्ण ब्रह्मचर्य की अपेक्षा विचार करने पर स्वस्त्रीसन्तोष तथा परस्त्रीसेवन दोनों में स्त्री के सम्पर्क का त्याग नहीं है, किन्तु जैसे उन दोनों के फल को देखकर उनको भिन्न माना जाता है, उसी प्रकार अशुद्धोपयोग की अपेक्षा शुभ और अशुभ उपयोग यद्यपि समान हैं, किन्तु उनमें महान् भिन्नता भी है। अध्यात्म शास्त्र में निश्चय नय की मुख्यता से शुद्धोपयोग को आदर्श मानकर अन्य उपयोगों को हेय कहा है; किन्तु निर्विकल्प समाधि में असमर्थ व्यक्ति की दृष्टि से शुभोपयोग और अशुभ उपयोग में भिन्नता माननी होगी। अमृतचन्द्रसूरि ने *'तत्त्वार्थसार'* में कहा है—

"हेतु-कार्यविशेषाभ्यां विशेषः पुण्य-पापयोः।
हेतु शुभाशुभौ भावौ कार्ये चैव सुखासुखे ॥"—तत्त्वार्थसार आस्रवतत्त्व, श्लोक १०३

साधन और फल की भिन्नता से पुण्य तथा पाप में भिन्नता है। पुण्य और पाप के कारण भिन्न-भिन्न हैं। पुण्य का कारण शुभ परिणाम है, पाप का कारण अशुभ परिणाम है। पुण्य का फल इन्द्रियजनित सुख की उपलब्धि है तथा पाप का फल दुःख की प्राप्ति है।

तात्त्विक बात—कुन्दकुन्द स्वामी ने 'वारसाणुवेक्खा' में यह महत्त्वपूर्ण कथन किया है—

"सुहजोगेसु पवित्ती संवरणं कुणदि असुहजोगस्स।
सुहजोगस्स णिरोहो सुद्धुवजोगेण संभवदि ॥" —वारसाणुवेक्खा, गा. ६३

शुभ योगों में प्रवृत्ति होने पर अशुभ योग का संवर होता है। शुभ योग का संवर शुद्धोपयोगरूप परमसमाधि-द्वारा सम्भव है। सामान्यतया अध्यात्मशास्त्र का ऊपरी पल्लवग्राही परिचय प्राप्त व्यक्ति पूजा, दान, स्वाध्याय आदि सत्कार्यों को शुभोपयोगरूप कहकर उसके विरुद्ध अमर्यादित आक्षेपपूर्ण शब्द कहता है, किन्तु वह स्वयं को विकथा, पंचपाप, सप्तव्यसन आदि अशुभोपयोग के महान् दूतों के हाथों में सौंपता है। उसे यह ज्ञात होना चाहिए कि शुभोपयोग शुद्धोपयोग के द्वारा रुकेगा। शुद्धोपयोगरूप अभेद रत्नत्रय की आराधना महान् मुनीन्द्रों को भी कठिन है, परिग्रही गृहस्थ को वह उसी प्रकार असम्भव है, जिस प्रकार देव पर्यायवाले जीव को मोक्ष की प्राप्ति असम्भव है। इसी कारण भव्य जीवों के कल्याणार्थ आचार्यों ने शुभोपयोग-द्वारा पुण्यसंचय को प्रशस्त मार्ग कहा है। हिन्दी के कुछ लेखकों और कवियों ने पुण्यबन्ध और शुभोपयोग के विरुद्ध इतना अतिरेकपूर्ण प्रतिपादन किया है कि वह एकान्तवाद की सीमा का स्पर्श कर जाता है।

पुण्य-संचय की प्रेरणा—अध्यात्मशास्त्र के मार्मिक आचार्य पद्मनन्दि भव्य जीव को पुण्यसंचय के लिए प्रेरणा करते है। अपनी 'पंचविंशतिका' के दानपंचाशत् अध्याय में वे कहते हैं—

"दूरादभीष्टमभिगच्छति पुण्ययोगात्
पुण्याद्विनाकरतलस्थमपि प्रयाति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्यत्परं प्रभवतीह निमित्तमात्रं
पात्रं बुधा भवत निर्मलपुण्यराशेः ॥" –पद्मनन्दिपंचविंशविक्रका, श्लोक १७

पुण्य के होने पर दूर से भी अभीष्ट वस्तु का लाभ होता है। पुण्य के बिना अर्थात् पापोदय होने पर हाथ में रखी हुई वस्तु भी उपयोग में नहीं आ पाती। पुण्य को छोड़कर अन्य सामग्री निमित्तमात्र है। अतः विवेकियो! निर्मल पुण्य की राशि के पात्र बनो; अर्थात् पवित्र पुण्य का संग्रह करो।

वे पुनः कहते हैं–

"ग्रामान्तरं व्रजति यः स्वगृहाद् गृहीत्वा
पाथेयमुन्नततरं स सुखी मनुष्यः।
जन्मान्तरं प्रविशतोऽस्य तथा व्रतेन
दानेन चार्जितशुभं सुखहेतुरेकम् ॥" –वही, श्लोक २६

जो व्यक्ति अपने घर से देशान्तर को जाते समय बढ़िया पाथेय-(कलेवा) साथ में रखता है, वह सुखी रहता है। इसी प्रकार इस भव को छोड़कर अन्य भव में यदि सुख चाहिए तो व्रत-पालन और पात्रदान करो। इससे प्राप्त किया गया शुभ अर्थात् पुण्य ही सुख का हेतु होगा।

उनका यह कथन विशेष ध्यान देने योग्य है–

"नार्थः पदात्पदमपि व्रजति त्वदीयो
व्यावर्तते पितृवनादपि बन्धुवर्गः।
दीर्घे पथि प्रवसतो भवतः सखैकं
पुण्यं भविष्यति ततः क्रियतां तदेव ॥" –वही, श्लोक ४३

अरे जीव! तेरा धन एक डग भी तेरे साथ नहीं जाता है। बन्धुवर्ग श्मशान तक जाकर लौट जाते हैं। एक तेरा मित्र पुण्य ही तेरे साथ दूर तक जाएगा। इससे उस पुण्य को प्राप्त करो। आचार्य के ये शब्द ध्यान देने योग्य हैं। "पुण्यं भवतः सखा भविष्यति"–पुण्य ही तेरा मित्र रहेगा, क्योंकि वह तेरा साथ देगा।

वे महान् आचार्य जिनेन्द्र की स्तुति करते समय अपने को "पुण्य-निलयोऽस्मि" –मैं पुण्य का घर हूँ, ऐसा कहते हैं।

"धन्योऽस्मि पुण्यनिलयोऽस्मि निराकुलोऽस्मि
शान्तोऽस्मि नष्टविपदस्मि विदस्मि देव।
श्रीमज्जिनेन्द्र भवतोऽङ्घ्रियुगं शरण्यं
प्राप्तोऽस्मि चेदहमतीन्द्रिय-सौख्यकारि ॥९॥"–क्रियाकाण्डचूलिका।

हे जिनेन्द्र! मैं अतीन्द्रिय आनन्द के प्रदाता आपके चरणों की शरण को प्राप्त हुआ हूँ, इससे मैं धन्य हूँ। मैं पुण्य का भवन हूँ। मैं निराकुल हूँ। मैं शान्त हूँ। मैं संकटमुक्त हो गया हूँ तथा मैं ज्ञानवान् बन गया हूँ।

'कल्याणमन्दिर स्तोत्र' में जिनेन्द्र भगवान् को करुणा तथा पुण्य की निवास भूमि कहा है–

"त्वं नाथ! दुःखि-जन-वत्सल हे शरण्य!
कारुण्य-पुण्यवसते वशिनां वरेण्य!।
भक्त्यानते मयि महेश दयां विधाय
दुःखाङ्कुरोद्दलन-तत्परतां विधेहि ॥३९॥"

हे स्वामिन्! आप दुःखी जीवों के प्रति प्रेमभाव धारण करते हैं, अतः आप दुःखीजनवत्सल हैं। हे शरण्यरूप भगवन्! हे करुणा और पुण्य की निवासभूमि, जितेन्द्रियों के शिरोमणि महेश, भक्तिपूर्वक मुझ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विनत पर आप दयाभाव धारण करके तत्काल मेरे दुःखों के अंकुरों को उच्छेद करने की कृपा कीजिए!

भगवज्जिनसेन स्वामी ने *'सहस्रनाम पाठ'* में जिनेन्द्र भगवान् को पुण्यगी अर्थात् पुण्यवाणी युक्त, पुण्यवाक् पुण्यनायक, पुण्यधी, पुण्यकृत्, पुण्यशासन आदि नामयुक्त बताया है–

"गुणादरी गुणोच्छेदो निर्गुणः पुण्यगीर्गुणः।
शरण्यः पुण्यवाक् पूतो वरेण्यः पुण्यनायकः ॥
अगण्यः पुण्यधीर्गण्यः पुण्यकृत्पुण्यशासनः।
धर्मारामो गुणग्रामः पुण्यापुण्य-निरोधकः" ॥ –महाशोकध्वजादिशतकम्, ४-५

भगवान् को पुण्यराशि भी कहा है–

"शुभंयुः सुखसाद्भूतः पुण्यराशिरनामयः।
धर्मपालो जगत्पालो धर्मसाम्राज्यनायकः" ॥ –दिग्वासादिशतम्, १०

अनेकान्त शैली का मर्म न समझकर कोई-कोई निश्चयाभासी व्रतशून्य गृहस्थ पुण्य को पाप के समान घृणा योग्य मानते हुए पुण्य को छोड़कर पाप की ओर प्रवृत्त होते हुए ऐसे लगते हैं, मानो वे गंगा को छोड़कर वैतरिणी की ओर प्रवृत्ति करते हैं अथवा अमृतघट को फोड़कर विषकुम्भ के रस को प्रेम तथा श्रद्धा से सेवन करते हैं।

पुण्य के फल की कथा विकथा नहीं है। वह तो धर्मकथा का अंग है, उसे संवेदनी कथा कहा है। "काणि पुण्णफलाणि? तित्थयर-गणहर-रिसिचक्कवट्टि-बलदेव-वासुदेव-सुर-विज्जाहर-रिद्धाओ" (ध.टी. १,१०५)

पुण्य के फल क्या हैं? तीर्थंकर, गणधर, ऋषि, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, सुर, विद्याधर की ऋद्धियाँ पुण्य के फल हैं। इन पुण्यफलों की प्राप्ति शुभोपयोग से होती है।

जिनेन्द्रदेव की आराधना-द्वारा पुण्य की प्राप्ति होती है। भरत चक्रवर्ती ने समवसरण में जाकर आदिनाथ भगवान् का स्तवन करते हुए कहा था–

"भगवंस्त्वद् गुणस्तोत्राद् यन्मया पुण्यमर्जितम्।
तेनास्तु त्वत्पदाम्भोजे परा भक्तिः सदापि मे ॥" –आ. जिनसेन, आदिपुराण, प. ३३,१६६

हे भगवान्! आपके गुणस्तवन-द्वारा जो मैंने पुण्य प्राप्त किया है, उसके फलस्वरूप आपके चरण कमलों में मेरी सदा श्रेष्ठ भक्ति होवे। भगवज्जिनसेन की यह वाणी इस विषय के अज्ञानान्धकार को दूर कर देती है कि विवेकी गृहस्थ को पुण्यरूपी वृक्ष का रक्षण करना चाहिए या उसका उच्छेद करके पाप रूप विष का वृक्ष बोना चाहिए। आचार्य जिनसेन कहते हैं–

"पुण्याच्चक्रधर-श्रियं विजयिनीमैन्द्रीं च दिव्यश्रियं
पुण्यात्तीर्थकरश्रियं च परमां नैःश्रेयसीं चाश्नुते।
पुण्यादित्यसुभृच्छ्रियां चतसृणामाविर्भवेद् भाजनं
तस्मात्पुण्यमुपार्जयन्तु सुधियः पुण्याज्जिनेन्द्रागमात् ॥"–आदिपुराण, प. ३०, श्लोक १२६

पुण्य से सर्वविजयिनी चक्रवर्ती की लक्ष्मी प्राप्त होती है। पुण्य से इन्द्र की दिव्यश्री प्राप्त होती है। पुण्य से ही तीर्थंकर की लक्ष्मी प्राप्त होती है तथा परम कल्याणरूप मोक्षलक्ष्मी भी पुण्य से प्राप्त होती है। इस प्रकार पुण्य से ही जीव चार प्रकार की लक्ष्मी को प्राप्त करता है। इसलिए हे सुधीजनो! तुम लोग भी जिनेन्द्र भगवान् के पवित्र आगमन के अनुसार पुण्य का उपार्जन करो।

प्रश्न–आगम में पुण्य प्राप्ति का क्या उपाय कहा है? यह प्रश्न उत्पन्न होता है।

समाधान–महाकवि जिनसेन इस विषय का समाधान इस महत्त्वपूर्ण पद्य-द्वारा करते हैं–

"पुण्यं जिनेन्द्र-परिपूजनसाध्यमाद्यं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुण्यं सुपात्र-गत-दानसमुत्थमन्यत्।
पुण्यं व्रतानुचरणादुपवासयोगात्
पुण्यार्थिनामिति चतुष्टयमर्जनीयम् ॥" –आदिपुराण, प. २८, श्लोक २१९

जिनेन्द्र भगवान् की पूजा से उत्पन्न होने वाला पुण्य प्रथम है। सुपात्र को दान देने से उत्पन्न पुण्य दूसरा है। व्रतों के पालन से उत्पन्न पुण्य तीसरा है। उपवास करने से चौथा पुण्य होता है। इस प्रकार पुण्यार्थी पुरुष को पूजा, दान, व्रत तथा उपवास-द्वारा पुण्य का उपार्जन करना चाहिए।

प्रश्न–पूजा, दान, व्रत तथा उपवास से आत्मा को क्या लाभ होगा?

समाधान–इन चार कारणों से कषायभाव मन्द होते हैं। आत्मा की विभाव परणति न्यून होने लगती है। उससे अशुभ का संवर होता है। पूर्वबद्ध पापराशि प्रलय को प्राप्त होती है। इसी प्रकार पुण्य बन्ध के साथ मोक्ष के अंगरूप संवर और निर्जरा तत्त्वों की भी प्राप्ति होती है।

मुमुक्षु को मोक्षाभाव–जैन धर्म का कथन निरपेक्ष नहीं है। शुद्धोपयोगरूप परम समाधि की स्थिति में पुण्य उपादेय नहीं रहता है। उस अवस्था में यह जीव मुमुक्षु भी नहीं कहा जा सकता है। सूक्ष्म दृष्टि से विचारने पर यह कहना होगा कि मोक्ष जानेवाले व्यक्ति को मुमुक्षु की भी उपाधि से विमुक्त होना पड़ेगा। जब तक यह जीव मुमुक्षु रहेगा, तब तक उसे मोक्ष नहीं प्राप्त होगा और वह संसार में परिभ्रमण करेगा। "मोक्तुमिच्छुः मुमुक्षुः" –जिसके मोक्ष की इच्छा है, वह मुमुक्ष है। जब तक मोक्ष की इच्छा है, तब तक राग भाव है, क्योंकि इच्छा रागरूप परिणाम है। रागी को मोक्ष नहीं प्राप्त होता है; विरागी ही मोक्ष प्राप्त करता है।

पद्मनन्दिने *'पंचविंशतिका'* में कहा है–

"मोक्षेऽपि मोहादभिलाषदोषो विशेषतो मोक्षनिषेधकारी।
यतस्ततोऽध्यात्मरतो मुमुक्षुर्भवेत्किममन्यत्र कृताभिलाषः ॥" –पद्मनन्दिपंचविंशतिका, श्लोक ५५

मोहवश मोक्ष की इच्छा भी दोष रूप है, जो विशेष रूप से मोक्ष की प्राप्ति में बाधक है; इससे आत्मतत्त्व में लीन मुमुक्षु अन्य पदार्थ की इच्छा कैसे करेगा?

उन्होंने यह भी कहा है कि परिग्रहधारी के सच्चा कल्याण असम्भव है। "परिग्रहवतां शिवं यदि तदानलः शीतलः" –यदि परिग्रही व्यक्ति को कल्याण का लाभ हो जाए, तो कहना होगा कि अग्नि शीतल हो गयी।

परम प्रवीण वीतराग ऋषियों ने संसारी विषयलोलुपी जीव की मनोदशा को सम्यक् प्रकार ज्ञात कर उसे पुण्य के माध्यम से श्रेष्ठ इन्द्रियजनित सुखों की ओर आकर्षित करते हुए धर्म की ओर आकर्षित किया है तथा पश्चात् विषयसुख की निःस्सारता का उपदेश देकर उसे निर्वाण दीक्षा की ओर आकर्षित करते हैं और शुद्धोपयोगी बना मुक्तिश्री का स्वामी बना देते हैं। उनकी तत्त्वदेशना की पद्धति यह है कि जीव को सर्वप्रथम पापों से विमुख बनाकर पुण्य की ओर उन्मुख कर उसके फल वैभव को भी त्याग कर अकिंचन भांवना द्वारा उसे त्रिलोकीनाथ बनाया जाए। जो व्यक्ति हीनप्रवृत्ति को अपनाकर पाप में निमग्न हो रहा है, उसे कोई पाप से विमुख न बनाकर पुण्यक्रियाओं से विमुख बनाता है, तो वह उस जीव के कल्याण के प्रति महान् शत्रुता दिखाता है।

पूज्यपाद स्वामी का यह कथन स्मरणीय है–

"अपुण्यमव्रतैः पुण्यं व्रतैर्मोक्षस्तयोर्व्ययः।
अव्रतानीव मोक्षार्थी व्रतान्यपि ततस्त्यजेत् ॥" –समाधिशतक, श्लोक ८३

असंयमी जीवन-द्वारा पाप का संचय होता है। अहिंसादि व्रतों के द्वारा पुण्य की प्राप्ति होती है। पुण्य-पाप दोनों के क्षय होने पर मोक्ष होता है। इससे मोक्षार्थी मुनि अभेद रत्नत्रयरूप निर्विकल्प समाधि का आश्रय लेकर अव्रत के समान विकल्पात्मक व्रतों को भी त्यागे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विकास-क्रम—कोई-कोई सद्गुरु का शरण न मिलने से पाप को तो जोर से पकड़ते हैं और पुण्य को छोड़कर यह सोचते हैं कि उन्होंने मोक्षमार्ग को प्राप्त कर लिया है। उन्हें पूज्यपाद स्वामी-द्वारा *'समाधिशतक'* में प्रतिपादित त्याग का यह क्रम हृदयंगम करना चाहिए—

"अव्रतानि परित्यज्य व्रतेषु परिनिष्ठितः।
त्यजेत्तानपि सम्प्राप्य परमं पदमात्मनः ॥"—समाधिशतक, श्लोक ८४

सर्वप्रथम प्राणातिपात, अदत्तादान, असत्यभाषण, कुशील सेवन, परिग्रहासक्तिरूप पाप के कारणों को—अव्रतों को छोड़कर अहिंसा, अचौर्य, सत्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रहरूप व्रतों में पूर्णता प्राप्त करनी चाहिए। इसके पश्चात् आत्मा के निर्विकल्प स्वरूप में लीन हो परम समाधि को प्राप्त करता हुआ उन विकल्परूप व्रतों को छोड़कर आत्मा के परम पद को प्राप्त करे।

जब सविकल्प दशावाले परिग्रह-त्यागी मुनीश्वरों के लिए पुण्य का कारण शुभयोग अथवा शुभोपयोगयुक्त सरागसंयम आश्रयणीय है, तब प्रमादमूर्ति परिग्रही गृहस्थ के लिए आर्त, रौद्र ध्यान से सम्बन्धित अशुभयोग का त्याग करते हुए पुण्य हेतु शुभयोग सदा उपादेय रहता है। शुद्धोपयोग सर्वश्रेष्ठ निधि है, किन्तु विषय कषायों के कारण जिसकी आत्मा अत्यन्त अशक्त है, वह निर्विकल्प परम समाधिरूप अप्रमत्त दशाको नहीं प्राप्त कर सकता है, अतः उसके लिए शुभोपयोग कथंचित् उपादेय है तथा अशुभयोग दुर्गति का बीज होने से सर्वथा तथा सर्वदा हेय है। अमृतचन्द्रसूरि की यह वाणी सर्वदा स्मरण योग्य है—"अत्यन्तहेय एवायमशुभोपयोगः"।

'आत्मानुशासन' में गुणभद्राचार्य कहते हैं—

"परिणाममेव कारणमाहुः खलु पुण्य-पापयोः प्राज्ञाः।
तस्मात्पापापचयः पुण्योपचयश्च सुविधेयः ॥"

ज्ञानी पुरुष पुण्य तथा पाप का कारण जीव का परिणाम ही कहते हैं, अतः निर्मल परिणामों के द्वारा पूर्वसंचित पाप का विनाश तथा आगामी पुण्य का संचय करना चाहिए।

उन्होंने कहा है—

"शुभाशुभे पुण्य पापे सुख-दुःखे च षट् त्रयम्।
हितमाद्यमनुष्ठेयं शेषत्रयमथाहितम् ॥" —वही, श्लोक २३९

शुभ-अशुभ, पुण्य-पाप, सुख-दुःख से छह अर्थात् तीन युगल हैं। इनमें आद्यशुभ, पुण्य तथा सुख—ये तीन उपादेय हैं तथा शेष अशुभ, पाप और दुःख त्याज्य हैं।

"तत्राप्याद्यं परित्याज्यं शेषौ न स्तः स्वतः स्वयम्।
शुभं च शुद्धे त्यक्त्वाऽन्ते प्राप्नोति परमं पदम् ॥" —वही, श्लोक २४०

पूर्वोक्त शुभ, पुण्य और सुख इनमें से प्रथम शुभ का त्याग होने पर पुण्य तथा इन्द्रियजनित सुख स्वयमेव दूर हो जाएँगे। राग-द्वेषरहित उदासीनतारूप शुद्ध परिणति को प्राप्त होने पर शुभ का त्याग कर मोक्षरूप उत्कृष्ट पद को प्राप्त होता है।

यह बात स्मरण योग्य है कि योग्य के द्वारा कर्मों का आस्रव होता है। इसके पश्चात् आत्मा और कर्मों का एक क्षेत्रावगाह सम्बन्ध रूप बन्ध है।[1] उस समय की अवस्था को पंचाध्यायीकार इस प्रकार समझाते हैं—

---

१. "आत्माकर्मणोरन्योन्यानुप्रवेशात्मको बन्धः" —स.सि.।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"जीवः कर्मनिबद्धो हि जीवबद्धं हि कर्म तत् ॥"—२।१०४

—जीव कर्म से निबद्ध हो जाता है और कर्म जीव से बद्ध हो जाता है। दोनों का परस्पर में संश्लेष होता है। इस संश्लेष तथा परस्पर बन्धनबद्धता का भाव यह है कि कर्म अपना फलोपभोग दिये बिना आत्मा से पृथक् नहीं होते।

शंका—तत्त्वार्थसूत्र में मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग को बन्ध का कारण कहा है (अ.८,सू.१०) । इसी प्रकार समयसार में भी मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग बन्ध का कारण गिनाया है। कहा भी है—

"सामण्णपच्चया खलु चउरो भण्णंति बंधकत्तारो।
मिच्छत्तं अविरमणं कसाय-जोगा य बोधव्वा ॥१०९॥"

'गोम्मटसार' कर्मकाण्ड में मिथ्यात्व आदि को आस्रवरूप कहा है—

"मिच्छत्तं अविरमणं कसाय-जोगा य आसवा होंति।
पण बारस पण बीसं पण्णारसा होंति तब्भेया ॥७८६॥"

इस प्रकार भिन्न कथनों में कैसे समन्वय किया जा सकता है?

समाधान—इस विषय में 'अध्यात्मकमलमार्तण्ड' से इस प्रकार समाधान प्राप्त होता है। उसमें कहा है कि मिथ्यात्व आदि चारों कारण बन्ध और आस्रव में हेतु हैं, क्योंकि उनमें दोनों प्रकार की शक्तियाँ पायी जाती हैं; जिस प्रकार अग्नि में दाहकत्व और पाचकत्वरूप शक्तियों का सद्भाव पाया जाता है। जो मिथ्यात्वादि प्रथम समय में आस्रव के कारण होते हैं, उन्हीं से द्वितीय क्षण में बन्ध होता है, इसलिए पूर्वोक्त कथनों में अपेक्षा भेद है; वस्तुतः देशना में भिन्नता नहीं है। 'अध्यात्मकमलमार्तण्ड' के निम्नलिखित पद्य ध्यान देने योग्य हैं—

"चत्वारः प्रत्ययास्ते ननु कथमिति भावास्रवो भावबन्ध-
श्चैकत्वाद्वस्तुतस्तो बत मतिरिति चेतन्न शक्तिद्वयात्स्यात्।
एकस्यापीह वह्नेर्दहन-पचन-भावात्म-शक्तिद्वयाद्वै
वह्निः स्याद्दाहकश्च स्वगुणगणबलात्पाचकश्चेति सिद्धेः।
मिथ्यात्वाद्यात्मभावाः प्रथमसमय एवास्रवे हेतवः स्युः
पश्चात्तत्कर्मबन्धं प्रतिसमसमये तौ भवेतां कथञ्चित्।
नव्यानां कर्मणागमनमिति तदात्वे हि नाम्नास्रवः स्याद्
आयत्यां स्यात्स बन्धः स्थितिमिति लयपर्यन्तमेषोऽनयोर्मित् ॥" —परिच्छेद ४

शंका—श्लोकवार्तिक में एक शंका उत्पन्न करके समाधान किया गया है। शंकाकार कहता है, "योग एव आस्रवः सूत्रितो न तु मिथ्यादर्शनादयोऽपीत्याह"—योग ही आस्रव कहा गया है, मिथ्यादर्शनादि को आस्रव नहीं कहा गया है, इसका क्या कारण है?

समाधान—ज्ञानावरणादि कर्मों के आगमन का कारण मिथ्यादर्शन, मिथ्यादृष्टि ही होता है; सासादन सम्यग्दृष्टि आदि के नहीं होता है। अविरति पूर्णतया असंयत के ही पूर्णतया तथा एकदेश रूप से पायी जाती है, संयत के नहीं पायी जाती है। प्रमाद भी प्रमत्तपर्यन्त पाया जाता है; अप्रमत्तादि के नहीं। कषाय सकषाय के ही पायी जाती है, उपशान्त कषायादि के नहीं पायी जाती है। भोगरूप आस्रव सयोगकेवली पर्यन्त सबके पाया जाता है। अतः उसे आस्रव कहा है। मिथ्यादर्शनादि का संक्षेप से भोग में ही अन्तर्भाव हो जाता है। (६,२,पृ. ४४३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आस्रव के भेद—*'द्रव्यसंग्रह'* में कहा है—जीव के जिन भावों से कर्मों का आगमन होता है उनको भावास्रव कहते हैं। कर्मों का आगमन द्रव्यास्रव है। भावास्रव में मिथ्यात्वादि का समावेश किया गया है।

"मिच्छत्ताविरदि-पमाद-जोग-कोधादओ अथ विण्णेया।
पण-पण-पण-दस-तिय-चदु कमसो भेदा दु पुव्वस्स ॥"—द्रव्यसंग्रह, गा.३०

मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, योग तथा क्रोधादि कषाय ये भावास्रव के भेद हैं। उनके क्रमशः पाँच, पाँच पन्द्रह, तीन तथा चार भेद कहे गये हैं।

"णाणावरणादीणं जोग्गं जं पुग्गलं समासवदि।
दव्वासवो स णेओ अणेयभेओ जिणक्खादो ॥"—द्रव्यसंग्रह, गा. ३१

ज्ञानावरणादि आठ कर्मों रूप परिणमन करने योग्य जो पुद्गल आता है, वह द्रव्यास्रव है। उसके अनेक भेद होते हैं, ऐसा जिनेन्द्र ने कहा है।

आस्रव के उत्तर क्षण में बन्ध

आस्रव और बन्ध के पौर्वापर्य के विषय में विचार करते हुए पण्डितप्रवर आशाधरजी अपने 'अनगारधर्मामृत' में लिखते हैं—

"प्रथमक्षणे कर्मस्कन्धानामागमनमास्रवः, आगमनानन्तरं द्वितीयक्षणादौ जीवप्रदेशेष्ववस्थानं बन्ध इति भेदः।"—पृ. ११२

प्रथम क्षण में कर्मस्कन्धों का आगमन—आस्रव होता है। आगमन के पश्चात् द्वितीय क्षणादिक में कर्मवर्गणाओं की आत्मप्रदेशों में अवस्थिति होती है, उसे बन्ध कहते हैं। यह उनमें अन्तर है। और भी ज्ञातव्य बात यह है—

"आस्रवे योगो मुख्यो बन्धे च कषायादिः। यथा राजसभायामनुग्राह्यनिग्रह्ययोः प्रवेशने राजादिष्टपुरुषो मुख्यः, तयोरनुग्रहनिग्रहकरणे राजादेशः" (११२)।

"आस्रव में योग की मुख्यता है तथा बन्ध में कषायादिक की प्रधानता है। जैसे राजसभा में अनुग्रह करने योग्य तथा निग्रह करने योग्य पुरुषों के प्रवेश कराने में राज्य-कर्मचारी मुख्य है; किन्तु प्रवेश होने के पश्चात् उन व्यक्तियों को सत्कृत करना या दण्डित करना इसमें राजाज्ञा मुख्य है।"

इस प्रकार योग की मुख्यता से कर्मों के आगमन का द्वार खोल दिया जाता है। आगत कर्मों का आत्मा के साथ एकक्षेत्रावगाह सम्बन्ध होना कषायादि की मुख्यता से होता है।

योग की प्रधानता से आकर्षित किये गये तथा कषायादि की प्रधानता से आत्मा से सम्बन्धित कर्म किस भाँति जगत् की अनन्त विचित्रताओं को उत्पन्न करने में समर्थ होता है? कोई एकेन्द्रिय है, कोई दो इन्द्रिय है, आदि ८४ लाख योनियों में जीव कर्मवश अनन्त वेष धारण करता फिरता है। यह परिवर्तन किस प्रकार सम्पन्न होता है; इस विषय को कुन्दकुन्दस्वामी इन शब्दों-द्वारा स्पष्ट करते हैं—

"जह पुरिसेणाहारो गहिओ परिणमदि सो अणेयविहं।
मंसवसारुहिरादीभावे उदरग्गिसंजुत्तो ॥
तह णाणिस्स दु पुव्वं जे बद्धा पच्चया बहुवियप्पं।
बज्झंते कम्मं ते णयपरिहीणा दु ते जीवा ॥"—समयसार, गा. १७९-१८०

जैसे पुरुष के द्वारा खाया गया भोजन जठराग्नि के निमित्तवश मांस, चर्बी, रुधिर आदि पर्यायों को प्राप्त होता है, उसी प्रकार ज्ञानवान् जीव के पूर्वबद्ध द्रव्यास्रव बहुत भेदयुक्त कर्मों को बाँधते हैं। वे जीव परमार्थ दृष्टि से रहित हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य पूज्यपाद तथा अकलंक स्वामी ने सर्वार्थसिद्धि (८,२) और राजवार्तिक (६,७) में भी यही लिखा है।[1]

जिस प्रकार भोज्यवस्तु प्रत्येक के आमाशय में पहुँचकर भिन्न-भिन्न रूप में परिणत होती है, उसी प्रकार योग के द्वारा आकर्षित किये गये कर्मों का आत्मा के साथ संश्लेष होने पर अनन्त प्रकार परिणमन होता है। इस परिणमन की विविधता में कारण रागादि परणति की हीनाधिकता है।

क्या बन्ध का कारण अज्ञान है?

आत्मा के बन्धन-बद्ध होने का कारण कोई लोग अज्ञान या अविद्या को बताते हैं। अज्ञान से ही बन्ध होता है और ज्ञान से मुक्ति लाभ होता है[2]—इस विचार की मीमांसा करते हुए स्वामी समन्तभद्र कहते हैं—

"अज्ञानाच्चेद् ध्रुवो बन्धो ज्ञेयानन्त्यान्न केवली।
ज्ञानस्तोकाद्विमोक्षश्चेदज्ञानाद् बहुतोऽन्यथा ॥" —आप्तमीमांसा, कारिका, ९९

—"अज्ञान के द्वारा नियम से बन्ध होता है, ऐसा सिद्धान्त अंगीकार करने पर कोई भी व्यक्ति सर्वज्ञकेवली न हो सकेगा, कारण ज्ञेय अनन्त हैं। अनन्त ज्ञेयों का बोध न होगा, अतः जिनका ज्ञान नहीं हो सकेगा, वे बन्ध के हेतु होंगे। इससे सर्वज्ञ का सद्भाव न होगा। कदाचित् यह कहा जाए कि समीचीन अल्पज्ञान से मोक्ष प्राप्त हो जाएगा, तो अवशिष्ट महान् अज्ञान के कारण बन्ध भी होगा। इस प्रकार किसी को भी मुक्ति का लाभ नहीं होगा।"

शंकाकार कहता है—आपके सिद्धान्त में भी तो अज्ञान को बन्ध तथा दुःख का कारण बताया गया है, फिर 'अज्ञान से बन्ध होता है' इस पक्ष के विरोध करने में क्या कारण है? देखिए, अमृतचन्द्र सूरि क्या कहते हैं?

"अज्ञानान्मृगतृष्णिकां जलधिया धावन्ति पातुं मृगाः
अज्ञानात्तमसि द्रवन्ति भुजगाध्यासेन रज्जौ जनाः।
अज्ञानाच्च विकल्पचक्रकरणाद्वातोत्तरङ्गाब्धिवत्
शुद्धज्ञानमया अपि स्वयममी कर्त्रीभवन्त्याकुलाः ॥—समयसारकलश, श्लो. ५८

—अज्ञान के कारण मृगगण मृगतृष्णा में जल की भ्रान्तिवश पानी पीने के लिए दौड़ते हैं। अज्ञान के कारण लोग रस्सी में सर्प की भ्रान्ति धारण कर भागते हैं। जैसे पवन के वेग से समुद्र में लहरें उत्पन्न होती हैं, उसी प्रकार अज्ञानवश विविध विकल्पों को करते हुए स्वयं शुद्धज्ञानमय होते हुए भी अपने को कर्ता मानकर ये प्राणी दुःखी होते हैं।

समाधान—यहाँ मिथ्यात्व भाव विशिष्ट ज्ञान को अज्ञान मानकर उस अज्ञान की प्रधानता की विवक्षावश उपर्युक्त कथन किया गया है। यथार्थ में देखा जाए, तो बन्ध का कारण दूसरा है। राग-द्वेषादि विकारों सहित अज्ञान बन्ध का कारण है। थोड़ा भी ज्ञान यदि वीतरागता सम्पन्न हो तो कर्मराशि को विनष्ट करने में समर्थ हो जाता है। *'परमात्मप्रकाश'* टीका में लिखा है—

"वीरा वेरग्गपरा थोवं पि हु सिक्खिऊण सिज्झंति।
ण हु सिज्झंति विरागेण विणा पढिदेसु वि सव्वसत्थेसु ॥"—अ. २, दो. ८४ टीका

—वैराग्यसम्पन्न वीर पुरुष अल्प ज्ञान के द्वारा भी सिद्ध हो जाते हैं। सम्पूर्ण शास्त्रों के पढ़ने पर भी वैराग्य के बिना सिद्ध पद की प्राप्ति नहीं होती।

---

१. "जठराग्न्यनुरूपाहारग्रहणवत्तीव्रमन्दमध्यमकषायाशयानुरूपस्थित्यनुभवविशेषप्रतिपत्त्यर्थम्"—स.सि. ८,२,२५२.

२. "ज्ञानेन चापवर्गो विपर्ययदिष्यते बन्धः।" —सांख्यकारिका, ४४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुन्दकुन्द स्वामी ने *'भावपाहुड'* में कहा है–

"अंगाइं दस य दुण्णिय चउदस-पुव्वाइं सयलसुयणाणं।
पढिओ अ भव्वसेणो ण भाव-सवणत्तणं पत्तो ॥"–भावपाहुड, गा. ५२

भव्यसेन मुनि ने बारह अंग तथा चौदह पूर्व रूप सकल श्रुतज्ञान को पढ़ा था, फिर भी वे अन्तरंग से श्रमणपने को–भावलिंगी मुनिपने को नहीं प्राप्त हुए।

"तुसमासं घोसंतो भावविसुद्धो महाणुभावो य।
णामेण य सिवभूई केवलणाणी फुडं जाओ ॥" –भावपाहुड, गा. ५३

निर्मल परिणाम मुक्त तथा महान् प्रभाव वाले शिवभूति मुनिराज ने 'तुष माष' भिन्न–दाल और छिलका जैसे पृथक् हैं, इस प्रकार मेरा आत्मा भी कर्मरूपी छिलके से जुदा है–इस पद को स्मरण करते हुए केवलज्ञान पाया था।

इसका यह अर्थ नहीं है कि शास्त्र का अभ्यास व्यर्थ है। उसका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है; किन्तु ऐसा नहीं है कि ज्ञानावरण के उदयवश मन्दज्ञानी, किन्तु विशुद्धचारित्र व्यक्ति को मोक्ष नहीं मिले। सम्यक् चारित्र से समलंकृत मन्दज्ञानी भी कैवल्यश्री का स्वामी होता है। मोह का क्षय अत्यन्त आवश्यक है। उसके साथ में आवश्यक अल्पज्ञान भी अद्भुत शक्तियुक्त हो जाता है।

तार्किक समन्तभद्र अपने युक्तिवाद-द्वारा इस समस्या को सुलझाते हुए कहते हैं–

"अज्ञानान्मोहिनो बन्धो न ज्ञानाद्वीतमोहतः।
ज्ञानस्तोकाच्च मोक्षः स्यादमोहान्मोहिनोऽन्यथा ॥" –आप्तमीमांसा, कारिका., ९८

–'मोहविशिष्ट अर्थात् मिथ्यात्वयुक्त व्यक्ति के अज्ञान से बन्ध होता है। मोहरहित व्यक्ति के ज्ञान से बन्ध नहीं होता है। मोहरहित अल्प ज्ञान से मोक्ष होता है। मोही के ज्ञान से बन्ध होता है।'

यहाँ बन्ध का अन्वयव्यतिरेक ज्ञान की न्यूनाधिकता के साथ नहीं है। इससे ज्ञान को बन्ध या मुक्ति का कारण नहीं माना जा सकता। मोहसहित ज्ञान बन्ध का कारण है और मोहरहित ज्ञान मुक्ति का कारण है। अतः यह बात प्रमाणित होती है कि बन्ध का कारण मोहयुक्त अज्ञान है और मुक्ति का कारण मोहका अभाव युक्त ज्ञान है; क्योंकि इसके साथ ही अन्वयव्यतिरेक सुघटित होता है।

शंका–यहाँ यह आशंका सहज उत्पन्न होती है कि इस कथन का सूत्रसार उमास्वामी के इस सूत्र के साथ विरुद्धता है–"मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः"–(८,१)–तत्त्वका अनवबोध, असंयम, असावधानता, क्रोध, मान, लोभ, तथा मन, वचन, कायकी चंचलता के द्वारा बन्ध होता है।

समाधान–इस विषय का समाधान करते हुए विद्यानन्दिस्वामी कहते हैं (अष्टसह.पृ. २६७) –मोहविशिष्ट अज्ञान में संक्षेप में मिथ्यादर्शन आदि का संग्रह किया गया है। इष्ट अनिष्ट फल प्रदान करने में समर्थ-कर्म बन्ध का हेतु कषायैकार्थसमवायी अज्ञान के अविनाभावी मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय तथा योग को कहा गया है। मोह और अज्ञान में मिथ्यात्व आदि का समावेश हो जाता है। दोनों आचार्यों के कथन में तात्त्विक भेद नहीं है; केवल प्रतिपादनशैली की भिन्नता है।

एकान्तदर्शनों में कर्म सिद्धान्त का असम्भवपन

स्वामी समन्तभद्र का कथन है कि यह कर्म बन्ध की व्यवस्था स्याद्वाद शासन में ही निर्दोष रीति से बनती है। एकान्त दर्शनों में कर्मबन्ध, फलानुभवन आदि बातें असम्भव हैं। वे कहते हैं[1]–हे जिनेन्द्र!

१. "कुशलाऽकुशलं कर्म परलोकश्च न क्वचित्।
एकान्तग्रहरक्तेषु नाथ स्वपरवैरिषु ॥"–आप्तमीमांसा, का. ८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनित्यैकान्त आदि सिद्धान्तवादियों के यहाँ पुण्य कर्म, पाप कर्म, परलोक सिद्ध नहीं होते। एकान्तग्रहाविष्ट लोग अनेकान्त पक्ष के विरोधी तो हैं ही, साथ ही वे स्वपक्ष के भी घातक हैं।

नित्यैकान्त अथवा अनित्यैकान्त पक्ष में क्रम तथा अक्रमपूर्वक अर्थक्रिया नहीं बनती। अर्थक्रियाकारित्वपने के अभाव में पुण्य-पाप बन्धादि की व्यवस्था भी नहीं हो सकती। उदाहरणार्थ, बौद्धदर्शन में कर्म की मान्यता है—यह स्थविर नागसेन और सम्राट् मिलिन्द के पूर्व प्रतिपादित प्रश्नोत्तर से ज्ञात होता है; किन्तु बौद्धदर्शन के सर्व क्षणिकवाद तत्त्व के साथ उस कथानक का सामंजस्य नहीं होता। बात यह है कि क्षणिक पक्ष में प्रत्येक पदार्थ क्षणस्थितिशील है, अतः उसमें कर्मों का बन्धन और फलोपभोग आदि की बातें क्षणिकत्व सिद्धान्त के विरुद्ध पड़ती हैं। हिंसादि पापों का कर्त्ता अकुशल कर्म का सम्पादन तथा फलानुभवन नहीं करेगा, कारण उसका हिंसादि कार्य क्षण में क्षय हो गया, अतः फलोपभोक्ता अन्य व्यक्ति होगा। क्षणिक पक्ष में वस्तु तथा लोकव्यवस्था नहीं बनती।

इसे आप्तमीमांसाकार इस प्रकार समझाते हैं[1]—"हिंसाका संकल्प करनेवाला द्वितीय क्षण में नष्ट हो चुका, अतः संकल्पविहीन व्यक्ति ने हिंसा की, ऐसा कहना होगा। हिंसक व्यक्ति का भी उत्तर क्षण में विनाश हो गया, इससे हिंसनकार्य के फलस्वरूप पीड़ा प्राप्त करने वाला और बन्धन में फँसने वाला ऐसा व्यक्ति होगा, जिसने न तो हिंसा का संकल्प किया और न हिंसा ही की है। इसी न्याय के अनुसार बन्धनबद्ध व्यक्ति तो नष्ट हो गया, मुक्ति प्राप्तकर्त्ता दूसरा ही होगा।" सूक्ष्म दृष्टि से विचारने पर इस प्रकार की विचित्र स्थिति और अव्यवस्था क्षणिकैकान्त पक्ष में उत्पन्न होती है।

क्षण-क्षण में पदार्थों का सर्वथा नाश स्वीकार करने पर किसी प्रकार की नैतिक जिम्मेदारी भी नहीं होगी। किये गये कर्मों का नाश और अकृत कर्मों का फलोपभोग होगा, ऐसे सिद्धान्त में कर्मबन्ध व्यवस्था नहीं बन सकती।[2]

नित्यैकान्त में दोष

एकान्त नित्य पक्ष अंगीकार करने पर क्रियाशीलता का अभाव होगा। अतः देश-क्रम का कारण देशान्तर गमन नहीं होगा। शाश्वतिक होने से कालक्रम नहीं बनेगा। सकल कालकलाव्यापी वस्तुको विशेष काल में स्थित मानने पर नित्यत्व का विरोध होगा। कदाचित् सहकारी कारण की अपेक्षा वस्तु में क्रम मानते हो, तो यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि सहकारी कारण उस पदार्थ में कुछ विशेषता उत्पन्न करते हैं या नहीं? यदि उसमें विशेषता की उत्पत्ति मानते हो तो नित्यत्व का एकान्त नहीं रहता है। यदि नित्य वस्तु में विशेषता उत्पन्न किये बिना भी सहकारी कारणों के द्वारा क्रम मानते हो, तो यह क्रमतत्त्व सहकारियों में ही रहेगा। दूसरी बात यह है कि नित्य वस्तु में देशक्रम, कालक्रम नहीं पाया जाता।

नित्य पदार्थ में युगपद् अर्थक्रियाकारित्व मानने पर एक ही समय में समस्त कार्यों की उत्पत्ति हो जाएगी और द्वितीय क्षण में क्रिया के अभाव में अवस्तुत्व हो जाएगा। अतः नित्यैकान्त पक्ष में अर्थक्रिया का अभाव होने से कर्मबन्ध की व्यवस्था भी नहीं बनती। ऐसी स्थिति में सांख्यादिकों की कर्ममान्यता उनकी मनोनीत सत्कार्यवाद रूप तत्त्व-व्यवस्था आदि के प्रतिकूल सिद्ध होती है।

---

१. "हिनस्त्यनभिसन्धातृ न हिनस्त्यभिसन्धिमत्।
बध्यते तद्द्वयोपेतं चित्तं बद्धं न मुच्यते॥" —आप्तमीमांसा, का., ५१

२. प्रतिक्षणं भङ्गिषु तत्पृथक्त्ववात्र मातृघाती स्वपतिः स्वजाया।
दत्तग्रहो नाधिगतस्मृतिर्न न वत्वार्थ-सत्यं न कुलं न जातिः॥ युक्त्यनुशासन, १६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अद्वैत मान्यता में बाधा

अद्वैत पक्ष मानने पर कर्मव्यवस्था नहीं बनती।[1] लौकिक-वैदिक कर्म, कुशल-अकुशल कर्म, पुण्य-पाप कर्म आदि को स्वीकार करने पर अद्वैत मान्यता पर वज्रपात होता है। अविद्या के कारण कर्मद्वैत मानना भी युक्तिसंगत नहीं है; कारण ऐसी स्थिति में विद्या, अविद्या का द्वैत उपस्थित होगा। स्वामी समन्तभद्र का (आप्तमी. २६, २७) कथन है कि द्वैत के बिना अद्वैत नहीं बनता; जैसे हेतु के अभाव में अहेतु नहीं पाया जाता है। प्रतिषेध्यके बिना संज्ञावान् पदार्थ का प्रतिषेध नहीं किया जा सकता। उनकी एक सुन्दर तथा सरल युक्ति है। यदि युक्ति से अद्वैततत्त्व मानते हो, तो साधन और साध्य का द्वैत उपस्थित होता है। कदाचित् अपने वचनमात्र से अद्वैत को प्रमाणित करते हो, तो इस पद्धति से द्वैत पक्ष भी क्यों नहीं सिद्ध किया जा सकता है? अतः प्रमाण एवं युक्तिविरुद्ध अद्वैत की एकान्त मान्यता में कर्मसिद्धान्त सिद्ध नहीं होता।

अनेकान्त शासन में ही समीचीन रूप से कर्म-बन्ध व्यवस्था सिद्ध होती है। एकान्तवादी अपनी दार्शनिक मान्यता के आधार पर कर्म-व्यवस्था को प्रमाणित नहीं कर सकते।

कर्मसिद्धान्त का अतिरेक

कर्मसिद्धान्त का अतिरेक भी इष्ट साधक नहीं है। इसके अतिरेकवश मनुष्य दैव के नाम पर अकर्मण्यता का आश्रय लेकर अपने विकास के मार्ग को अवरुद्ध करता है। कर्म को ही सब कुछ समझनेवाला कहता है—"यदत्र लिखितं भाले तत्स्थितस्यापि जायते" जो भाल में लिखा है वह उद्यम न करने पर भी प्राप्त हुए बिना न रहेगा। पौरुष करने में शक्ति लगाना व्यर्थ है—'विधिरेव शरणम्' भाग्य ही का भरोसा है; इस प्रकार दैवैकान्त के चक्र में फँसे हुए व्यक्ति प्रलाप करते हैं। स्वामी समन्तभद्र कहते हैं[2]—"दैव से ही यदि प्रयोजन सिद्ध होता है, तो यह बताओ, जीव के प्रयत्न के द्वारा, दैव की उत्पत्ति क्यों होती है? आज जो हमारा पुरुषार्थ है, भावी जीवन के लिए वह दैव बन जाता है। पूर्वकृत कर्म को छोड़कर दैव और क्या है?"

यदि दैव के द्वारा दैव की उत्पत्ति मानते हो और उसमें बुद्धिपूर्वक किये गये मानव प्रयत्नों का तनिक भी हस्तक्षेप नहीं मानते, तो मोक्ष की प्राप्ति सम्भव न होगी; क्योंकि पूर्वकृत कर्मबन्ध के अनुसार ही आगामी कर्म का बन्ध होगा; इस प्रकार की परम्परा चलने से मोक्ष का अवसर नहीं मिलेगा और पौरुष अकार्यकारी ठहरेगा।

दैवैकान्त की दुर्बलता से लाभ उठाते हुए पुरुषार्थवादी कहता है—बिना पौरुष के कोई कार्य नहीं बनता। सोमदेवसूरि के शब्दों में वह कहता है—

"येषां बाहुबलं नास्ति, येषां नास्ति मनोबलम्।
तेषां चन्द्रबलं देव! किं कुर्यादम्बरस्थितम् ॥"—यशस्तिलक, ३,५४

जिनकी भुजाओं में बल नहीं है और न जिनके पास मनोबल है, ऐसे व्यक्तियों का आकाश में स्थित चन्द्रबल—जन्मकालीन नक्षत्र आदि की स्थिति क्या करेगी?"

केवल भाग्य को ही भगवान् माननेवाले पुरुषों का कृषि आदि कार्य, कोई अर्थ नहीं रखता है।

---

१. "कर्मद्वैतं फलद्वैतं लोकद्वैतं च नो भवेत्।
विद्याऽविद्याद्वयं न स्याद्बन्धमोक्षद्वयं तथा ॥" —आप्तमीमांसा, का. ३५

२. "दैवादेवार्थसिद्धिश्चेद्दैवं पौरुषतः कथम्। दैवतश्चेदनिर्मोक्षः पौरुषं निष्फलं भवेत् ॥"—आप्तमीमांसा, का. ८८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरुषार्थ का एकान्त भी बाधित है

पुरुषार्थ के अनन्य भक्त से स्वामी समन्तभद्र पूछते हैं[1]—यदि पुरुषार्थ से ही तुम कार्य सिद्धि मानते हो तो यह बताओ, दैव से तुम्हारा पुरुषार्थ कैसे उत्पन्न होता है? कदाचित् यह मानो कि हम सब कुछ पुरुषार्थ के द्वारा ही सम्पन्न करते हैं, तब सम्पूर्ण प्राणियों का पुरुषार्थ जयश्री समन्वित होना चाहिए। कर्म का तीव्र उदय आने पर पुरुषार्थ कार्यकारी नहीं होता है। समान पुरुषार्थ करते हुए भी पूर्वकृत कर्मोदयानुसार फल में भिन्नता पायी जाती है। समान श्रम करनेवाले किसान दैववश एक समान फसल नहीं काट पाते हैं।

समन्वय पथ

इस दैव और पुरुषार्थ के द्वन्द्व में अनेकान्त समन्वय शैली-द्वारा मैत्री स्थापित करता है। [2]सोमदेवसूरि कहते हैं—"इस लोक में फल प्राप्ति दैव—पूर्वोपार्जित कर्म तथा मानुषकर्म—पुरुषार्थ इन दोनों के अधीन है। ऐसा न मानने वालों से आचार्य पूछते हैं कि क्या कारण है, समान चेष्टा करनेवालों के फलों में-सिद्धि में भिन्नता प्राप्त होती है?।" आचार्य कहते हैं—

"परस्परोपकारेण जीवितौषधदोरिव।
दैवपौरुषयोर्वृत्तिः फलजन्मनि मन्यताम् ॥" —यशस्तिलक, ३, ६३

जैसे औषधि जीवन के लिए हितप्रद है और आयुकर्म औषधि के प्रभाव के लिए आवश्यक है, अर्थात् जैसे फलोत्पत्ति में आयुकर्म और औषधिसेवन परस्पर में एक-दूसरे को लाभ पहुँचाते हैं, उसी प्रकार दैव और पौरुष की वृत्ति समझना चाहिए।

[3]वे कहते हैं—"दैव चक्षु आदि इन्द्रियों के अगोचर अतीन्द्रिय आत्मा से सम्बन्धित है और प्राणियों की सम्पूर्ण क्रियाएँ पुरुषार्थपर निर्भर हैं, इसलिए उद्यम की ओर ध्यान रहना चाहिए।

सत्परामर्श—'आत्मानुशासन' में भव्य प्राणी को यह सत्परामर्श दिया गया है कि वह वर्तमान जीवन को सुखी बनाने के लिए जो अधिक श्रम उठाता है, वह अच्छा नहीं है। उसे उज्ज्वल भविष्य निर्माण के क्षेत्र में विशेष प्रयत्नशील होना चाहिए। वर्तमान जीवन तो अतीत के पुरुषार्थ का पुरस्कार है जो दैव के नाम से वर्तमान में माना जाता है। भदन्त गुणभद्र के महत्त्वपूर्ण शब्द इस प्रकार हैं—

"आयुः श्रीवपुरादिकं यदि भवेत्पुण्यं पुरोपार्जितं
स्यात् सर्वं न भवेन्न तच्च नितरामायासितेऽप्यात्मनि।
इत्यार्याः सुविचार्य कार्यकुशलाः कार्येऽत्र मन्दोद्यमा-
द्रागागामिभवार्थमेव सततं प्रीत्या यतन्तेतराम् ॥"—आत्मानुशासन, श्लोक ३७

—यदि पूर्व में संचित पुण्य पास में है, तो दीर्घ जीवन, धन तथा शरीर, सम्पत्ति आदि मनोवांछित पदार्थ प्राप्त हो सकते हैं। यदि वह पुण्य नहीं है, तो स्वयं को अपार कष्ट देने पर भी वह सामग्री प्राप्त नहीं हो सकती। अतएव उचित-अनुचित का सम्यक् रूप से विचार करने में प्रवीण श्रेष्ठजन भावी जीवन निर्माण के विषय में शीघ्र ही प्रीतिपूर्वक विशेष प्रयत्न करते हैं तथा इस लोक के कार्यों के विषय में उद्यम नहीं करते।

कोई-कोई प्रमादी मानवोचित पुरुषार्थ करने से जी चुराते हुए भाग्य का अथवा नियति (Destiny) का

---

१. "पौरुषादेव सिद्धिश्चेत् पौरुषं दैवतः कथम्। पौरुषाच्चेदमोघं स्यात् सर्वप्राणिषु पौरुषम् ॥"—आप्तमीमांसा, का. ८९

२. "दैवं च मानुषं कर्म लोकस्यास्य फलाप्तिषु। कुतोऽन्यथा विचित्राणि फलानि समचेष्टिषु ॥"—यशस्तिलक, ३, ६०

३. "तथापि पौरुषायत्ताः सत्त्वानां सकलाः क्रियाः। अतस्तच्चिन्त्यमन्यत्र का चिन्तातीन्द्रिन्यात्मनि ॥"
—यशस्तिलक, ३, ६४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आश्रय लेकर अपने मिथ्या पक्ष को उचित बताने का प्रयत्न करते हैं। वे लोग कहते हैं कि जिस समय जैसा होना है, उस समय वैसा ही होगा। नियति के विधान को बदलने की किसी में समार्थ्य नहीं है। उसका उल्लंघन नहीं हो सकता। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती ने ऐसे भीरुतापूर्ण भावों को मिथ्यात्वका भेद नियतिवाद कहा है—

"जत्तु जदा जेण जहा जस्स य णियमेण होदि तत्त तदा।
तेण तहा तस्स हवे इदि वादो णियदिवादो दु ॥"—गो. कर्मकाण्ड, गा. ८८२

जो जिस काल में जिसके द्वारा जैसे जिसके नियम से होता है, वह उस काल में उससे उस प्रकार उसके होता है। इस प्रकार का पक्ष नियतिवाद है।

विवेकी व्यक्ति आत्मशक्ति, जिनेन्द्रभक्ति तथा जिनागम की देशना का आश्रय लेकर अपना जीवन संयम तथा सदाचार समलंकृत बनाता हुआ, दैव का दास न बनकर अपने भविष्य का निर्माता बनता है। जो दैव या नियति आदि की ओट में पाप से चिपके रहते हैं, वे अपने नरजन्म रूपी चिन्तामणि रत्न को समुद्र में फेंक देते हैं।

समन्तभद्र स्वामी इस सम्बन्ध में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शन करते हैं[1]—अबुद्धि पूर्वक इष्ट-अनिष्ट कार्य अपने दैव की प्रधानता से होता है। बुद्धिपूर्वक इष्ट-अनिष्ट फल प्राप्ति में पौरुष की प्रधानता है।

सोते हुए व्यक्ति का सर्प से स्पर्श होते हुए भी मृत्यु न होने में दैव की प्रधानता है। लेकिन सर्प देखकर बुद्धिपूर्वक आत्मरक्षा करने में पुरुषार्थ की विशेषता कारण है।

भोगी प्राणी दैव और पुरुषार्थ के महोदधि को मथकर अमृत के स्थान पर विष निकालकर सोचता है और तदनुसार निःसंकोच हो प्रवृत्ति भी करता है। वह अविवेकी मोक्ष-मार्ग के लिए दैव की ओर निहारा करता है और विषय-भोग के लिए कमर कसकर पुरुषार्थी बनता है। मुमुक्षु प्राणी विषयादिकों के विषय में पुरुषार्थ को अधिक महत्त्व नहीं देता। वह अपने पौरुष का प्रयोग कर्मजाल के काटने में करता है। तत्त्व की बात यह है कि मुमुक्षु के धर्माराधनरूप प्रयत्न से विरुद्ध कर्म भी क्षीण-शक्तियुक्त बन जाता है। इस प्रकार आत्म-विकास का मार्ग अधिक सरल और उज्ज्वल हो जाता है।

जैनशासन में यह बताया है कि रत्नत्रय रूप सच्चे पुरुषार्थ के द्वारा यह जीव अनादि काल से आगत पुरातन कर्म-पुंज को अन्तर्मुहूर्त के भीतर ही विनष्ट करने में समर्थ होता है। आत्मकल्याण के क्षेत्र में दैव या नियति का आश्रय लेकर प्रमादी तथा विषयासक्त न बनकर सत्साहस पूर्वक कर्मों को नष्ट करने के हेतु सत्प्रयत्न करते जाना चाहिए। मोक्ष पुरुषार्थी को मिलता है। वह स्वयं चतुर्थ पुरुषार्थ कहा गया है।

कर्मों का विभाजन

'कर्म' के स्वभाव की अपेक्षा असंख्यात भेद हैं। अनन्तानन्त प्रदेशात्मक स्कन्धों के परिणमन की अपेक्षा कर्म के अनन्त भेद होते हैं। ज्ञानावरणादि अविभागी प्रतिच्छेदों की अपेक्षा भी अनन्त भेद कहे जाते हैं।[2] इस कर्म की बन्ध, उत्कर्षण, संक्रमण, अपकर्षण, उदीरणा, सत्त्व, उदय, उपशम, निधत्ति, निकाचना रूप दस कारणात्मक अवस्थाएँ पायी जाती हैं[3]। बन्ध की परिभाषा की जा चुकी है।[4] उत्कर्षण करण में कर्म के अनुभाग तथा स्थिति की वृद्धि होती है। अपकर्षण में इसके विपरीत बात होती है। संक्रमण करण में एक कर्मप्रकृति का अन्य प्रकृति रूप परिणमन किया जाता है। कर्मों को उदय काल के पूर्व उदयावली

१. "अबुद्धिपूर्वापेक्षायामिष्टानिष्टं स्वदैवतः। बुद्धिपूर्वव्यपेक्षायामिष्टानिष्टं स्वपौरुषात् ॥" —आप्तमीमांसा, का. ९१
२. अनगारधर्मामृत पृ. ३००।
३. "बंधुक्कट्टणकरणं संकममोकट्टुदीरणा सत्तं।
उदयुवसामणिधत्ती णिकाचणा होदि पडिपयडी।"—गो. कर्मकाण्ड, गा. ४३७
४. गो. कर्मकाण्ड, ४३८-४०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में लाना उदीरणा करण है। कर्मों का सत्ता में रहना सत्त्व है। फलदान उदय कहलाता है। उदयावली में न आकर कर्मों की उपशान्त अवस्था उपशम है। कर्मों की ऐसी अवस्था, जिसमें उत्कर्षण, अपकर्षण करण के सिवाय उदीरणा तथा संक्रमण न हो सके, निधत्ति है। ऐसी कर्म-स्थिति, जिसमें उदीरणा, संक्रमण, उत्कर्षण तथा अपकर्षण न हो सके, निकाचना कही जाती है।

कर्मों की इन दस अवस्थाओं पर ध्यान देने से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि यह जीव अपने परिणामों के अनुसार कर्मों को हीनशक्ति और महान् शक्ति युक्त बना सकता है। यह उदीरणा के द्वारा उदयकाल के पूर्व भी कर्मों को उदय अवस्था में लाकर निर्जीर्ण कर सकता है। कभी कर्म शक्तिहीन बनकर निर्जरा को प्राप्त होते हैं। सार बात यह है कि जीव अपने परिणामों के अनुसार कर्मों को भिन्न रूप में परिणत कर सकता है।

कर्म का फल भोगना ही पड़ेगा—"नाभुक्तं क्षीयते कर्म" यह बात जैन सिद्धान्त में सर्वथा रूप में सम्भव नहीं है। जब आत्मा में रत्नत्रय की ज्योति प्रदीप्त होती है, तब अनन्तानन्त कार्मणवर्गणाएँ बिना फल दिये हुए निर्जरा को प्राप्त हो जाती हैं। केवली भगवान् को असाता प्रकृति कुछ भी बिना फल दिये हुए साता रूप में परिणत होकर निकल जाती है। इसलिए वीतराग शासन में केवली के असाता निमित्तक क्षुधा-तृषा आदि की पीड़ा का अभाव माना गया है।

बन्ध के प्रकार

कर्मबन्ध के प्रकृति, स्थिति, अनुभाग तथा प्रदेश—ये चार भेद बताये गये हैं। *'महाबन्ध'* के इस प्रथम खण्ड में प्रकृतिबन्ध का विविध अनुयोग-द्वारों से वर्णन किया गया है। प्रकृति शब्द का अर्थ है—स्वभाव, जैसे गुड़ की प्रकृति मधुरता है। ज्ञानावरण कर्म का स्वभाव ज्ञान का आवरण करना है। दर्शनावरण की प्रकृति दर्शन गुण को ढाँकना है। वेदनीय का स्वभाव सुख-दुःख का अनुभवन कराना है। मोहनीय का स्वभाव आत्मा के दर्शन और चारित्र गुणों को विकृत करना है। यह आत्मा के सुख गुण को भी नष्ट करता है। मनुष्यादि के भवधारण का कारण आयु कर्म है। नर-नारकादि नाम से जीव संकीर्तित होता है। इसका कारण नाम की रचनाविशेष है। उच्च या नीच शरीर में जीव को रखना गोत्र की प्रकृति है। दान-भोगादि में बाधा डालना अन्तराय कर्म की प्रकृति है।

इन आठ कर्मों के नाम के अनुसार उनकी प्रकृति कही गयी है। इन कर्मों का स्वभाव समझाने के लिए जैन आचार्यों ने निम्नलिखित उदाहरण दिये हैं। ज्ञानावरण का उदाहरण परदा है। दर्शनावरण का द्वारपाल है, कारण उसके द्वारा इष्ट दर्शन का आवरण होता है। मधुलिप्त असिधारा के समान वेदनीय कर्म है। वह मधुरता के साथ जीभ कटने का सन्ताप पैदा करती है। मोहनीय मदिरा के समान जीव को आत्म-स्मृति नहीं होने देता है। आयु कर्म काष्ठ के खाण्डा-बन्धनविशेष-द्वारा व्यक्ति को कैदी बनाने के समान है। नाम कर्म भिन्न-भिन्न शरीर आदि की रचना चित्रकार के समान किया करता है। गोत्रकर्म जीव को उच्च, नीच शरीरधारी बनाता है; जैसे कुम्भकार छोटे-बड़े बर्तन बनाता है। भण्डारी जिस प्रकार स्वामी-द्वारा स्वीकृत द्रव्य को देने में बाधा पैदा करता है, उसी प्रकार विघ्न करना अन्तराय का स्वभाव है।

इन आठ कर्मों के १४८ भेद कहे गये हैं। ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अंतराय कर्म जीव के क्रमशः ज्ञान, दर्शन, सम्यक्त्व तथा अनन्त वीर्यरूप अनुजीवी गुणों को घातने के कारण घातिया कहे जाते हैं। आयु, नाम, गोत्र तथा वेदनीय को अघातिया कर्म कहा है। ये जीव के अवगाहनत्व, सूक्ष्मत्व, अगुरुलघुत्व तथा अव्याबाधत्व नामक प्रतिजीवी गुणों को घातते हैं।

स्थितिबन्ध उसे कहते हैं, जिसके कारण प्रत्येक कर्म के बन्धन की कालमर्यादा निश्चित होती है। कर्मों के रस प्रदान की सामर्थ्य को अनुभागबन्ध कहा है। कर्मवर्गणाओं के परमाणुओं की परिणगना को प्रदेशबन्ध कहते हैं। कहा भी है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"स्वभावः प्रकृतिः प्रोक्ता स्थितिः कालावधारणम्।
अनुभागो विपाकस्तु प्रदेशोंऽशविकल्पनम् ॥"

योग के कारण प्रकृति और प्रदेश बन्ध होते हैं। कषाय के कारण कर्मों में स्थिति और अनुभाग का बन्ध होता है।

कर्मकृत परिणमन पर वैज्ञानिक दृष्टि

गन्धक, शोरा, तेजाब आदि के मिलने पर रासायनिक प्रक्रिया प्रारम्भ होती है तथा भिन्न प्रकार के तत्त्वविशेष की उपलब्धि होती है; इसी प्रकार कर्मों का जीव के साथ सम्मेलन होने पर रासायनिक क्रिया (Chemical action) प्रारम्भ होती है और उससे अनन्त प्रकार की विचित्रताएँ जीव के भावानुसार व्यक्त हुआ करती हैं। जीव के परिणामों में वह बीज विद्यमान है जो प्रस्फुटित तथा विकसित होकर अनन्तविध विचित्रताओं को विशाल वट वृक्ष के समान दिखाता है। कोई जीव मरकर कुत्ता होता है, तो श्वान पर्याय में उत्पन्न होने के पूर्व व्यक्ति की मनोवृत्ति में श्वान वृत्ति के बीज सार रूप में संगृहीत होंगे; जिनके प्रभाव से गृहीत कार्मण-वर्गणा श्वान सम्बन्धी सामग्री (Environment) को प्राप्त करा देगी या उस रूप परिणत होगी।

आत्मा अत्यन्त सूक्ष्म है, इसलिए उसे बाँधने वाली कार्मण वर्गणाओं का पुंज भी बहुत सूक्ष्म है। उस सूक्ष्म पुंज में अनन्त प्रकार के परिणमन प्रदर्शन की सामर्थ्य है। अणु बम में (Atom bomb) आकार की अपेक्षा अत्यन्त लघुता का दर्शन होता है, किन्तु शक्ति की अपेक्षा वह सहस्रों विशाल बमों से अधिक कार्य करता है। भौतिक विज्ञान प्रयत्न करे तो राई के दाने से भी छोटा बम बन सकता है जो संसार-भर को हिला दे।

आत्मा के साथ मिली हुई कार्मण वर्गणाओं में अनन्तानन्त प्रदेश कहे गये हैं जो अभव्य जीवों से अनन्त गुणित हैं, फिर भी सूक्ष्म होने के कारण वे इन्द्रियों के अगोचर हैं। उनमें विद्यमान कर्मशक्ति (Karmicenergy) अद्भुत खेल दिखाती है। किसी जीव को निगोद, अपर्याप्तक पर्यायवाला जीव बना एक श्वास में अठारह बार शरीर-निर्माण और ध्वंस-द्वारा जीवन-मरण को प्रदर्शित करती है। वह आत्मा की अनन्त ज्ञान-शक्ति को ढाँककर अक्षर के अनन्तवें भाग बना देती है। 'कार्तिकेयानुप्रेक्षा' में कहा है–

"का वि अपुव्वा दीसादे पुग्गलदव्वस्स एरिसी सत्ती।
केवलणाणसहाओ विणासिदो जाइ जीवस्स ॥२११॥"

–पुद्गल कर्म की भी ऐसी अद्भुत सामर्थ्य है, जिसके कारण जीव का केवलज्ञान स्वभाव विनाश को प्राप्त हो गया है।

उस कर्म शक्ति के कारण गाय, बैल, ऊँट आदि का आकार-प्रकार प्राप्त होता है। ऐसा कौन-सा काम है जो उस शक्ति की परिधि के बाहर हो। ज्ञानावरण के रूप में उसके द्वारा बुद्धि की हीनाधिकता का विचित्र दृश्य निर्मित होता है, लेकिन जिस प्रकार नाटक का अभिनय करानेवाला सूत्रधार होता है, जिसके संकेत के अनुसार कार्य होता है, इसी प्रकार सूत्रधारक जीव के भाव हैं। उन भावों की हीनता, उच्चता, वक्रता, सरलता, समलता, विमलता आदि पर जिन बाह्य क्रियाओं का प्रभाव पड़ता है, उनसे भिन्न-भिन्न प्रकार के कर्म बँधते हैं। उनका वर्णन जैन महर्षियों ने किया है जिनके अध्ययन से मानव इस बात की कल्पना कर सकता है कि उसका अतीत कैसा था, जिससे उसे वर्तमान सामग्री मिली और वर्तमान विकृत अथवा विमल जीवन के अनुसार वह अपने किस प्रकार के भविष्य का निर्माण कर सकता है।

उदाहरणार्थ–एक व्यक्ति अत्यन्त मन्द ज्ञानी है। इसका क्या कारण है? शरीरशास्त्री तो शारीरिक कारणों के द्वारा मस्तिष्क के परमाणुओं की दुर्बलता को दोषी ठहराएगा; किन्तु कर्म सिद्धान्त का ज्ञाता कहेगा कि इस जीव ने पूर्व में जब कि इसके वर्तमान जीवन का निर्माण हो रहा था, ज्ञान को ढाँकने वाली साधन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सामग्री को संगृहीत किया था। इसी प्रकार अन्य प्रकार के बाह्य और आभ्यन्तर कार्यों के विषय में कर्म सिद्धान्त वाला समर्थन करेगा।

कर्मों के आगमन के कारणों का स्पष्टीकरण

ज्ञानावरण के कारण—ज्ञानावरण कर्म में विशेष कारण निम्नलिखित बातें बतायी गयी हैं; जैसे—निर्मल ज्ञान के प्रकाशित होने पर मन में दूषित भाव रखना, ज्ञान को छिपाना, योग्य व्यक्ति को दुर्भाववश ज्ञान प्रदान न करना, दूसरे की ज्ञान-साधना में बाधा डालना, वाणी अथवा प्रवृत्ति के द्वारा ज्ञानवान् के ज्ञान का निषेध करना, पवित्र ज्ञान में लांछन लगाना, निरादरपूर्वक ज्ञान का ग्रहण करना, ज्ञान का अभिमान तथा ज्ञानियों का अपमान, अन्याय पक्ष समर्थन में शक्ति लगाना, अनेकान्त विद्या को दूषित करनेवाला कथन करना, आदि। इस प्रकार के कार्यों से जो जीव के मलिनभाव होते हैं, उनके द्वारा इस प्रकार का मलिन कर्मपुंज गृहीत होता है जो ज्ञान के प्रकाश को ढाँकता है।

दर्शनावरण के कारण—उपर्युक्त बातें दर्शन के विषय में करने से दर्शनावरण कर्म आता है। उसके अन्य भी कारण हैं; जैसे अधिक सोना, दिन में सोना, आँखों को फोड़ देना, निर्मल दृष्टि में दोष लगाना, मिथ्या मार्गवालों की प्रशंसा करना, आदि।

वेदनीय के कारण—जिस असातावेदनीय के कारण जीव कष्टमय जीवन बिताता है, उसके कारण ये हैं—स्व-पर अथवा दोनों को पीड़ा पहुँचाना, शोकाकुल रहना, हृदय में दुःखी बने रहना, रुदन करना, प्राणघात करना, अनुकम्पा उत्पादक फूट-फूटकर रोना, अन्य की निन्दा और चुगली करना, जीवों पर दया न करना, अन्य को सन्ताप देना, दमन करना, विश्वासघात, कुटिल स्वभाव, हिंसापूर्ण आजीविका, साधुजनों की निन्दा करना, उन्हें सदाचार के मार्ग से डिगाना, जाल, पिंजरा आदि जीवघातक पदार्थों का निर्माण करना, अहिंसात्मक वृत्ति का विनाश करना आदि।

जीव को आनन्दप्रद अवस्था प्राप्त करानेवाले सातावेदनीय के कारण ये हैं—जीवमात्र पर दया करना, सन्त जनों पर स्नेह रखना, उन्हें दान देना, प्रेमपूर्वक संयम पालन करना, विवशता में शान्त भाव से कष्टों को सहना करना, क्रोधादि का त्याग करना, जिनेन्द्र भगवान् की पूजा, सत्पुरुषों की सेवा-परिचर्या, आदि।

मोहनीय के कारण—मोहनीय कर्म के कारण मदोन्मत्त हो यह जीव न आत्मदर्शन कर पाता है और न सच्चे कल्याण के मार्ग में लगता है।[1] दर्शनमोहनीय के कारण देव, गुरु, शास्त्र तथा तत्त्वों के विषय में यह सम्यक् श्रद्धा वंचित रहता है और वैज्ञानिक दृष्टि से श्रेष्ठ और पवित्र प्रकाश को नहीं प्राप्त करता। इसके कारण ये हैं—जिनेन्द्र देव, वीतराग वाणी तथा दिगम्बर मुनिराज के प्रति काल्पनिक दोष लगाकर संसार की दृष्टि में मलिन भाव उत्पन्न करना, धर्म तथा धर्म के फलरूप श्रेष्ठ आत्माओं में पाप प्रवृत्तियों के पोषण की सामग्री को बताकर भ्रम उत्पन्न करना, मिथ्या मार्ग का प्रचार करना, आदि।

चारित्रमोहनीय के कारण यह जीव अपने निज स्वरूप में स्थित न रहकर क्रोधादि विकृत अवस्था को प्राप्त करता है। क्रोधादि के तीव्र वेगवश मलिन प्रचण्ड भावों का करना, तपस्वियों की निन्दा तथा धर्म का ध्वंस करना, संयमी पुरुषों के चित्त में चंचलता उत्पन्न करने का उपाय करने से कषायों का बन्ध होता

---

१. आत्मा को पराधीन बनाकर दुःखी बनाने में प्रमुख स्थान मोहनीय कर्म का है। मोह के कारण ज्ञान अज्ञानरूप बनता है। 'तत्त्वानुशासन' में मिथ्याज्ञान को मोह महाराज का मन्त्री कहा है—
"बन्धहेतुषु सर्वेषु मोहश्चक्रीति कीर्तितः। मिथ्याज्ञानं तु तस्यैव सचिवत्वमशिश्रयत ॥" —तत्त्वानुशासन, श्लोक १२
बन्ध के कारणों में मोह चक्रवर्ती कहा गया है। मिथ्याज्ञान ने सचिवरूप में उसका आश्रय लिया।
"ममाहंकारनामानौ सेनान्यौ च तत्सुतौ। यदायत्तः सुदुर्भेदो मोह-व्यूहः प्रवर्तते ॥" —तत्त्वानुशासन, श्लोक १३
उस मोह के ममकार अहंकार नाम के दो पुत्र सेनानायक हैं। उन दोनों के आधीन मोह का व्यूह—सेना का चक्र कार्य करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। अत्यन्त हास्य, बहुप्रलाप, दूसरे के उपहास से हास्य का पात्र बनता है। विचित्र रूप से क्रीड़ा करने से, औचित्य की सीमा का उल्लंघन करने से रति-वेदनीय का आगमन होता है। दूसरे के प्रति विद्वेष उत्पन्न करना, पापप्रवृत्ति वालों का संसर्ग करना, निन्द्य प्रवृत्ति को प्रेरणा प्रदान करना, आदि अरति प्रकृति के कारण हैं। दूसरे को दुःखी करना और दूसरे के दुःखों को देख हर्षित होना, शोक प्रकृति का कारण है। भय प्रकृति के द्वारा यह जीव भयभीत रहता है, उसका कारण भय के परिणाम रखना, दूसरों को डराना, सताना तथा निर्दयतापूर्ण प्रवृत्ति करना है। ग्लानिपूर्ण अवस्था का कारण जुगुप्सा प्रकृति है। पवित्र पुरुषों के योग्य आचरण की निन्दा करना, उनसे घृणा करना, आदि से यह बँधती है। स्त्रीत्व विशिष्ट स्त्रीवेद का कारण महान् क्रोधी स्वभाव रखना, तीव्र मान, ईर्ष्या, मिथ्यावचन, तीव्रराग, परस्त्रीसेवन के प्रति विशेष आसक्ति रखना, स्त्री सम्बन्धी भावों के प्रति तीव्र अनुराग भाव है। पुरुषत्व सम्पन्न पुरुषवेद के कारण क्रोध की न्यूनता, कुटिल भावों का अभाव, लोभ तथा मान का त्याग, अल्प राग, स्वस्त्रीसन्तोष, ईर्ष्या परिणाम की मन्दता, आभूषण आदि के प्रति उपेक्षा के भाव आदि हैं, जिसके उदय से नपुंसक वेद मिलता है। उसके कारण प्रचुर प्रमाण में क्रोध, मान, माया, लोभ से दूषित परिणामों का सद्भाव, परस्त्रीसेवन, अत्यन्त हीन आचरण, तीव्र राग, आदि हैं।

आयु के कारण—नरक आयु के कारण बहुत आरम्भ और अधिक परिग्रह, हिंसा के परिणाम, मिथ्यात्वपूर्ण आचरण, तीव्र मान तथा लोभ, दूसरे को सन्ताप पहुँचाना, सदाचार तथा शीलहीनता, काम, भोगसम्बन्धी अभिलाषा में वृद्धि, बध-बन्धन करने के भाव, मिथ्याभाषण, पापनिमित्तक आहार, सन्मार्ग में दूषण लगाना, कृष्ण लेश्या युक्त रौद्र ध्यानसहित मरण करना है।

पशु पर्याय के कारण कुटिल तथा छलपूर्ण मनोवृत्ति तथा प्रवृत्ति, अधर्म प्रचार, विसंवाद उत्पन्न करना, जाति, कुल तथा शील में कलंक लगाना, नकली नाप-तौल का सामान रखना, नकली सोना, मोती, घी, दूध, अगर, कपूर, कुंकुम आदि के द्वारा लोगों को ठगना, सद्गुणों का लोप करना, आर्त्तध्यान युक्त मरण करना, आदि हैं।

मनुष्यायु के कारण अल्पारम्भ तथा अल्पपरिग्रह, मृदुल परिणाम, महान् पुरुषों का सम्मान, सन्तोष वृत्ति, दान में प्रवृत्ति, संक्लेश का अभाव, वाणी का संयम, भोगों के प्रति उदासीनता, पापपूर्ण कार्यों से निवृत्ति, अतिथि-संविभागशीलता, आदि हैं। प्रेमपूर्वक पूर्ण तथा अल्प संयम का धारण करना, संकट आने पर शान्त भाव धारण करना, तत्त्वज्ञान शून्य तपश्चर्या, दयापूर्ण अन्तःकरण आदि से देवायु की प्राप्ति होती है।

नाम के कारण—विकृत अंग-उपांग होना, शरीर सम्बन्धी दोषों का सद्भाव, अपयश आदि का कारण अशुभ नाम-कर्म है। वह मन, वचन, कायकी कुटिलता, मिथ्याप्रचार, मिथ्यात्व, परनिन्दा, मिथ्या, कठोर तथा निरंकुश भाषण, महा आरम्भ और परिग्रह, आभूषणों में आसक्ति, मिथ्यासाक्षी, नकली पदार्थों का देना, वन में आग लगाना, पापपूर्ण आजीविका करना, तीव्र क्रोध, मान, माया, लोभ के परिणाम, मन्दिर के धूप, गन्ध, माल्य, आदि का अपहरण करना, अभिमान करना, अन्य के घातक यन्त्र आदि बनाना, दूसरे के द्रव्य का अपहरण करने से सम्पादित होता है। इस अशुभ नाम कर्म के कारण आज जगत् में शारीरिक विकृतियों की बहुलता दिखती है। शुभ नाम कर्म का कारण पूर्वोक्त प्रवृत्तियों से विपरीतपना है।

गोत्र के कारण—लोकनिन्दित कुलों में जन्म धारण करने का कारण नीच गोत्र है। वह जाति, कुल, रूप, बल, ऐश्वर्य आदि का मद, दूसरों का तिरस्कार अथवा अपवाद, सत्पुरुषों की निन्दा, यश का अपहरण करना, पूज्य पुरुषों का तिरस्कार करना, अपने को बड़ा बताना, दूसरों की हँसी उड़ाना आदि से प्राप्त होता है। श्रेष्ठ कुलों में उत्पन्न होकर लोकप्रतिष्ठा लाभ का कारण उच्च गोत्र कर्म है। यह मानरहितपना, सत्पुरुषों का आदर करना, जाति-कुल आदि का उत्कर्ष होते हुए उसका अभिमान नहीं करना, अन्य का तिरस्कार, निन्दा, उपहास न करना, अनुपमगुणभूषित होते हुए भी निरभिमानता, भस्म से ढँकी हुई अग्नि के समान अपनी महिमा को स्वयं प्रकाशित न करना, धर्म के साधनों का सम्मान करना, आदि से प्राप्त होता है।

अन्तराय के कारण—प्रत्येक कार्य में विघ्न उपस्थित करनेवाला अन्तराय कर्म है। वह प्राणिवध, ज्ञान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का निषेध करना, धर्म-कार्यों में विघ्न उत्पन्न करना, देवता को अर्पित नैवेद्य का प्रसादपूर्वक ग्रहण करना, भोजन-पान आदि में विघ्न करना, निर्दोष सामग्री का परित्याग, गुरु तथा देवपूजा का व्याघात करना, आदि के द्वारा सम्पन्न होता है। यह अन्तराय कर्म दान देना, पदार्थों की प्राप्ति, उनका भोग तथा उपभोग में बाधा उत्पन्न करता है। इसके ही कारण जीव शक्तिहीन होता है।

उपर्युक्त कारणों से ज्ञानावरण आदि को विशेष अनुभाग मिलता है, कारण आयुकर्म को छोड़कर शेष कर्मों का निरन्तर बन्ध हुआ करता है। इसका तात्पर्य यह है कि किसी ने यदि ज्ञान के साधनों में बाधा उपस्थित की, तो उसके मोहनीय, अन्तराय आदि कर्मों का भी आस्रव होगा। इतनी विशेषता होगी कि ज्ञानावरण को विशेष अनुराग मिलेगा, ज्ञानावरण के रस में प्रकर्षता होगी।

तत्त्वज्ञानी के बन्ध होता है या नहीं?

इस बन्धतत्त्व के विषय में कुछ लोगों की ऐसी समझ है कि सम्यक्त्व की आत्मनिधि मिलने पर आत्मा की बन्ध-परम्परा नष्ट हो जाती है। वे कहते हैं—बन्ध का कारण अज्ञान चेतना है। सम्यग्दृष्टि के ज्ञानचेतना होती है, इसलिए वह बन्धन की व्यथा से मुक्त है। ज्ञान से मुक्ति लाभ का समर्थन सांख्य, बौद्ध, नैयायिक आदि भी करते हैं। यदि ज्ञान अथवा सम्यग्दर्शन के द्वारा कर्मों का अभाव हो जाये, तो रत्नत्रय-मार्ग की मान्यता के साथ कैसे समन्वय होगा?

सम्यग्दृष्टि के बन्ध के विषय में अमृतचन्द्र सूरि लिखते हैं—"ज्ञानी जीव आस्रव-भावना के अभिप्राय के अभाववश निरास्रव है। वहाँ उसके भी द्रव्यप्रत्यय प्रत्येक समय अनेक प्रकार के पुद्गल कर्मों को बाँधते हैं। इसमें ज्ञान गुण का परिणमन कारण है।"

यहाँ शंकाकार पूछता है—ज्ञान गुण का परिणमन बन्ध का हेतु किस प्रकार है?

इस पर महर्षि कुन्दकुन्द कहते हैं—

"जम्हा दु जहण्णादो णाणगुणादो पुणो वि परिणमदि।
अण्णत्तं णाणगुणो तेण दु सो बंधगो भणिदो ॥" —समयसार, गा. १७१

—'यतः ज्ञानगुण जघन्य ज्ञानगुण से पुनः अन्यरूप परिणमन करता है, ततः वह ज्ञानगुण कर्म का बन्धक कहा गया है।'

इस प्रकार प्रकाश डालते हुए अमृतचन्द्र सूरि कहते हैं—"ज्ञानगुणस्य यावज्जघन्यो भावः, तावत् तस्यान्तर्मुहूर्तविपरिणामित्वात् पुनः पुनरन्यतयाऽस्ति परिणामः। स तु यथाख्यातचारित्रावस्थाया अधस्तादवश्यंभावि-रागसद्भावात् बन्धहेतुरेव स्यात्" 'जब तक ज्ञानगुण का जघन्यभाव है—क्षायोपशमिक भाव है, तब तक उसका अन्तर्मुहूर्त में विपरिणमन होता है, इस कारण पुनःपुनः अन्यरूप परिणमन होता है। वह ज्ञान का परिणमन यथाख्यात चारित्ररूप अवस्था के नीचे निश्चय से रागसहित होने से बन्धका ही कारण है।'

'सर्वार्थसिद्धि' में कहा है; "यथाख्यात-विहारशुद्धि-संयता उपशान्तकषायादयोऽयोगकेवल्यन्ताः" (१,८, पृष्ठ १२)—यथाख्यात विहारशुद्धि संयमी उपशान्तकषाय नामक ग्यारहवें गुणस्थान से अयोगी जिनपर्यन्त पाये जाते हैं। अतः कषायरहित जीवों के ही अबन्ध होता है। अध्यात्मशास्त्र में सम्यक्त्वी के अबन्धकपने का अर्थ यही है कि कषायरहित सम्यक्त्वी के बन्ध नहीं होता है; शेष के बन्ध होता है। जिसके कषाय है, उससे अवश्य बन्ध होता है।

यदि ज्ञानगुण का जघन्य भावरूप परिणमन बन्ध का कारण है, तो ज्ञानी को कैसे निरास्रव कहा? इस शंका के समाधान में आचार्य कुन्दकुन्द कहते हैं—

"दंसणणाणचरित्तं जं परिणमदे जहण्ण-भावेण।
णाणी तेण दु बज्झदि पुग्गलकम्मेण विविहेण ॥" —समयसार, गा. १७२

—"दर्शन, ज्ञान, चारित्र का जघन्य भाव से परिणमन होता है, इससे ज्ञानी जीव अनेक प्रकार के पुद्गल कर्मों से बँधता है।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस विषय पर विशेष प्रकाश डालते हुए टीकाकार जयसेनाचार्य लिखते हैं–

–"इस कारण भेदज्ञानी अपने गुणस्थानों के अनुसार परम्परा रूप से मुक्ति के कारण तीर्थंकर नामकर्म आदि प्रकृतिरूप पुद्गलात्मक अनेक पुण्यकर्मों से बँधता है।" (समयसार, पृ. २४५)

शंका–कोई स्वाध्यायशील व्यक्ति पूछता है–यदि उपर्युक्त कथन ठीक है, तो उसका भगवत्कुन्दकुन्द के इस वचन से किस प्रकार समन्वय होगा–

"रागो दोसो मोहो य आसवा णत्थि सम्मदिट्ठिस्स ॥" समयसार, गा. १७७

'सम्यक्त्वी के राग, द्वेष, मोह रूप आस्रवों का अभाव है।' इस गाथा के उत्तरार्ध में आचार्य लिखते हैं–

"तम्हा आसवभावेण विणा हेदू ण पच्चया होंति।"

–अर्थात् इस कारण आस्रवभाव के अभाव में द्रव्यप्रत्यय कर्मबन्ध के कारण नहीं होते हैं।

समाधान–इस विषय में विरोध की कल्पना का निराकरण करते हुए जयसेनाचार्य लिखते हैं–

–"सम्यग्दृष्टि के अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, मिथ्यात्वोदयजनित राग-द्वेष मोह नहीं हैं; अन्यथा वह चतुर्थ गुणस्थानवर्ती सरागसम्यक्त्वी नहीं हो सकेगा। अथवा अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यानावरण, क्रोध, मान, माया, लोभोदयजनित राग, द्वेष-मोह सम्यक्त्वी के नहीं पाये जाते हैं, कारण षष्ठ गुणस्थानरूप सरागचारित्र के अविनाभावी सरागसम्यत्क्व की अन्य प्रकार से उपपत्ति नहीं पायी जाती है। अथवा अनन्तानुबन्धी अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरण, संज्वलन, क्रोध, मान, माया, लोभोदयजनित प्रमाद के उत्पादक राग-द्वेष-मोह सम्यक्त्वी के नहीं हैं, कारण अप्रमत्तादिगुणस्थानवर्ती वीतरागचारित्र के साथ अविनाभाव सम्बन्ध रखनेवाले वीतराग सम्यक्त्व की अन्य प्रकार से उपपत्ति नहीं पायी जाती है।"

इस सुव्यवस्थित तथा सुस्पष्ट निरूपण-द्वारा आचार्य महाराज ने यह समझा दिया है कि सम्यक्त्वी के बन्ध-अबन्ध का कथन एकान्तरूप से नहीं है। अविरत सम्यक्त्वी के मिथ्यात्व तथा अनन्तानुबन्धी निमित्तक प्रकृतियों का बन्ध नहीं होता है, किन्तु अन्य कषायादि निमित्तक प्रकृतियों का बन्ध होता है। मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी निमित्तक प्रकृतियों के अभाव को मुख्य बना अविरत सम्यक्त्वी के अबन्ध का वर्णन सुसंगत है। इस विवक्षा को गौण बनाकर बन्ध को प्राप्त होनेवाली प्रकृतियों की अपेक्षा बन्ध का कथन भी समीचीन है।

शंका–सम्यक्त्वी के बन्धाभाव का एकान्तपक्ष वाले कहते हैं कि 'अविरत सम्यक्त्वी के जो अप्रत्याख्यानावरण, वज्रवृषभ संहनन, औदारिक शरीर आदि का बन्ध है, वह बन्ध नहीं के समान है।'

समाधान–इस कथन में तात्त्विक विचार का अभाव है। जब अविरतसम्यक्त्वी के द्वारा बाँधे गये कर्मों में कषाय और योग के कारण प्रकृति, प्रदेश, स्थिति, अनुभाग बन्ध होते हैं, तब उनको बिलकुल ही तुच्छ मानना और सर्वथा अबन्ध घोषित करना जैन दृष्टि–स्याद्वाद विचार शैली के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। जयसेनाचार्य ने पूर्णतया विश्लेषण करके सम्यक्त्वी को कथंचित् बन्धक और कथंचित् अबन्धक प्रमाणित कर दिया है।

आगम की आज्ञा–इस प्रसंग में *'षट्खण्डागमसूत्र'* के दूसरे खण्ड क्षुद्रबन्ध में भूतबलि भट्टारक रचित महत्त्वपूर्ण सूत्र आया है। *'षट्खण्डागम'* सूत्र का साक्षात् सम्बन्ध गणधर की वाणी से रहा है, अतः उस सूत्र का सर्वोपरि महत्त्व हो जाता है। वह सूत्र इस प्रकार है–"सम्मादिट्ठी बंधा वि अत्थि, अबंधा वि अत्थि" ३६–सम्यक्त्वी के बन्ध होता है, अबन्ध भी होता है। इस पर धवला टीकाकार कहते हैं–"कुदो? सासवाणासवेसु सम्मद्दंसणुवलंभा"–

प्रश्न–उपर्युक्त कथन क्यों किया गया?

उत्तर–आस्रवयुक्त तथा आस्रवरहित जीवों में सम्यग्दर्शन का सद्भाव पाया जाता है।

इस कथन से दो प्रकार के सम्यक्त्वी ज्ञात होते हैं। एक सम्यक्त्वी सास्रव है और दूसरा आस्रवरहित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। आस्रव के उत्तर क्षण में बन्ध होता है, अतः बन्धसहित भी सम्यक्त्वी होता है; यह सर्वज्ञ की प्ररूपणा शिरोधार्य करना श्रेयस्कर है। आस्रव का कारण योग है—"काय-वाङ्मनः कर्मयोगः, स आस्रवः"। ऐसी स्थिति में सयोगकेवली को आस्रवयुक्त मानना होगा। आस्रवरहित अयोगकेवली माने गये हैं—"णिरुद्धणिस्सेस-आस्रवो जीवो...गय जोगो केवली"—जब केवली भगवान् के सयोगी होने पर कर्मबन्ध माना है, तब अविरत सम्यक्त्वी को सर्वथा बन्धरहित कहना उचित नहीं है। उसके आस्रव तथा बन्ध के चार कारण अविरति, प्रमाद, कषाय और योग पाये जाते हैं।

बन्ध का लक्षण सूत्रकार ने इस प्रकार किया है—"सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्धः"—(८/२) जीव सकषाय होने के कारण जो कर्मों के योग्य पुद्गलों को ग्रहण करता है, उसे बन्ध कहते हैं। यह लक्षण अविरत सम्यक्त्वी आदि के द्वारा गृहीत कर्मों में गर्भित होने से उनके पाया जानेवाला बन्ध काल्पनिक नहीं है। सम्यग्दर्शन की प्राथमिक दशा में अल्प मात्रा में निर्जरा होती है। अविरति आदि कारणों से कर्मों का निरन्तर बन्ध होता रहता है। अविरत दशावाला कर्मों की महान् निर्जरा करता है, उसके बन्ध नहीं होता, ऐसा साहित्य प्रचार में आता है; उससे प्रभावित चित्तवालों को पक्षमोह छोड़ना चाहिए।

महत्त्वपूर्ण कथन—गुणभद्र आचार्य का यह कथन ध्यान से मनन करने योग्य है। उन्होंने *'उत्तरपुराण'* में विमलनाथ भगवान् के वैराग्यभाव का उल्लेख करते हुए कहा है कि भगवान् इस प्रकार सोचते हैं—जब तक संसार की अवधि है, तब तक इन उत्तम तीन ज्ञानों से क्या काम निकलता है और इस वीर्य से भी क्या लाभ है; यदि मैंने श्रेष्ठ विकास-मोक्ष को नहीं प्राप्त किया। भगवान् अपने चित्त में विचारते हैं :—

"चारित्रस्य न गन्धोऽपि प्रत्याख्यानोदयो यतः।
बन्धश्चतुर्विधोऽप्यस्ति बहुमोहपरिग्रहः॥
प्रमादाः सन्ति सर्वेऽपि निर्जराप्यल्पिकेव सा।
अहो मोहस्य माहात्म्यं मान्द्याम्यहमिहैव हि॥ —उत्तरपुराण, पर्व ५९, श्लोक ३५-३६

प्रत्याख्यानावरण कषाय के उदय होने से मेरे चारित्र की गन्ध तक नहीं है तथा बहुत मोह और परिग्रह जनित प्रकृति, प्रदेश, स्थिति तथा अनुभाग रूप चतुर्विध बन्ध हो रहा है। मेरे सभी प्रमाद पाये जाते हैं। मेरे कर्मों की निर्जरा भी अत्यन्त अल्प प्रमाण में होती है। अहो! यह मोह की महिमा है, जो मैं (तीर्थंकर होते हुए भी) इस संसार में ही बैठा हूँ"। भगवान् विमलनाथ के विचारों के माध्यम से चतुर्थ, पंचम गुणस्थानवर्ती व्यक्ति की मनोदशा का यथार्थ स्वरूप समझा जा सकता है तथा इस प्रकाश में देखने पर यह प्रतीत होता है कि कुछ आध्यात्मिक कवियों, लेखकों तथा भजन-निर्माताओं ने जो अविरत सम्यक्त्वी के महत्त्व पर गहरा रंग भरा है और उसे अबन्धक कहा है, वह उनकी निजी वस्तु है। आगम तो यह मानता है कि अविरत दशा में अविरति आदि कारणों से बन्ध होता रहता है तथा पूर्वबद्ध कर्मों की निर्जरा अत्यन्त अल्प मात्रा में होती है।

प्रश्न—चौथे गुणस्थान से आगे के गुणस्थान चारित्र के विकास से सम्बन्ध रखते हैं। असली रत्न कहो, विधि कहो; वह तो सम्यक्त्व है। चारित्र का कोई विशेष महत्त्व नहीं है क्या?

समाधान—यह धारणा सर्वज्ञ प्रणीत देशना से विपरीत है। सम्यक्त्व का महत्त्व सर्वोपरि है, किन्तु बिना चारित्र के वह सम्यक्त्व मोक्ष का कारण नहीं हो सकता। सम्यक्त्वी जिस वीतरागता की चर्चा करता है, वह रागरहितपना चारित्र धारण किए बिना असम्भव है। राग चारित्रमोह का भेद है। जितना-जितना चारित्र का धारण होता है, उतना-उतना रागरहित भाव जागृत होता जाता है। सोमदेव सूरि ने बड़ी मार्मिक बात कही है—

"सम्यक्त्वात्सुगतिः प्रोक्ता ज्ञानात्कीर्तिरुदाहृता।
वृत्तात्पूजामवाप्नोति त्रयाच्च लभते शिवम्॥"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्यक्त्व से मनुष्य तथा देवगति में जन्म प्राप्त होता है, ज्ञान के द्वारा कीर्ति मिलती है तथा चारित्र के द्वारा पूज्यता प्राप्त होती है। तीनों के द्वारा मोक्ष की प्राप्ति होती है।

सम्यक्चारित्र का महत्त्व—आचरण के बिना श्रद्धा शोभायान नहीं होती। सम्यक् श्रद्धा तथा चारित्र का भोग मणि-कांचन योग सदृश है। कुन्दकुन्द स्वामी ने *'रयणसार'* में कहा है—

"णाणी खवेई कम्मं णाणबलेणेदि बोल्लए अण्णाणी।
वेज्जो भेसज्जमहं जाणे इदि णस्सदे वाही ॥"—रयणसार, गा. ७२

ज्ञानी पुरुष ज्ञान के प्रभाव से कर्मों का क्षय करता है, यह कथन करने वाला अज्ञानी है। मैं वैद्य हूँ, मैं औषधि को जानता हूँ, क्या इतने जानने मात्र से व्याधि दूर हो जाएगी?

केवल सम्यग्दर्शन से सुगति प्राप्त होती है तथा मिथ्यात्व से नियमतः कुगति मिलती है—यह कथन कुन्दकुन्द स्वामी को भी सम्मत है, इससे वे कहते हैं—

"सम्मत्तगुणाइ सुग्गइ मिच्छादो होइ दुग्गई णियमा।
इदि जाण किमिह बहुणा जं ते रूचेइ तं कुणहो ॥"—रयणसार, गा. ६६

सम्यक्त्व के कारण सुगति तथा मिथ्यात्व से नियमतः दुर्गति होती है, ऐसा जानो। अधिक कहने से क्या प्रयोजन? जो तुझको रुचे, वह कर।

'प्रवचनसार' में कहा है—

"ण हि आगमेण सिज्झदि सद्दहणं जदि वि णत्थि अत्थेसु।
सद्दहमाणो अत्थे असंजदो वा ण णिव्वादि ॥" —प्रवचनसार, गा. २३७

यदि पदार्थों की सम्यक् श्रद्धा नहीं है, तो शास्त्रज्ञान के बल से मोक्ष नहीं होगा। कदाचित् पदार्थों की श्रद्धा भी है और संयम नहीं है, तो ऐसा असंयमी सम्यक्त्वी भी मोक्ष नहीं पाएगा। अतः अमृतचन्द्र सूरि कहते है—"ततः संयमशून्यात् श्रद्धानात् ज्ञानाद्वा नास्ति सिद्धिः।" (पृ. ३२८)

अयोगकेवली रूप सम्यक्त्वी के सर्वथा बन्ध का अभाव है। उपशान्त कषाय, क्षीण कषाय तथा सयोगी जिनके केवल सातावेदनीय का प्रकृति तथा प्रदेशबन्ध योग के कारण होता है। उससे नीचे चारों बन्ध होते हैं।

सम्यक्त्वी ही कुछ प्रकृतियों का बन्धक—कर्मों में कुछ प्रकृतियाँ तो मिथ्यात्वी जीव बाँधता है और कुछ ऐसी प्रकृतियाँ जिनके लिए विशुद्धभाव कारण होने से सम्यक्त्वी ही बन्धक कहा गया है। इतना ही नहीं, शुक्लध्यानी, शुद्धोपयोगी मुनीन्द्र तक पुण्य कर्म रूप प्रकृतियों का बन्ध करते हैं। जिनके क्रोध, मान तथा माया कषाय का अभाव हो चुका है, ऐसे सूक्ष्म लोभ गुणस्थान वाले मुनिराज के उच्चगोत्र, यशःकीर्ति रूप पुण्यप्रकृतियाँ उत्कृष्ट अनुभागबन्ध युक्त बँधती हैं। *'महाबन्ध'* में लिखा है—"आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंगाणं को बंधको? को अबंधको? अप्पमत्त-अपुव्वकरणद्धाए संखेज्जभागं गंतूण बंधो वोच्छिज्जदि। एदे बंधा, अवसेसा अबंधा"—आहारकशरीर तथा आहारकशरीरांगोपांग का कौन बन्धक है, कौन अबन्धक है? अप्रमत्त गुणस्थानवर्ती मुनि तथा अपूर्वकरण के काल में संख्यातभाग व्यतीत होने पर बन्ध की व्युच्छित्ति होती है। उपर्युक्त गुणस्थान वाले बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

"तित्थयरस्स को बंधको, को अबंधो? असंजदसम्माइट्ठि याव अपुव्वकरण० बंधा०। अपुव्वकरणद्धाए संखेज्जभागं गंतूण बंधो वोच्छिज्जदि। एदे बंधा, अवसेसा अबंधा।—" तीर्थंकर प्रकृतिका कौन बन्धक है, कौन अबन्धक है? असंयतसम्यग्दृष्टि लेकर अपूर्वकरण गुणस्थान पर्यन्त बन्धक है। अपूर्वकरण के काल के संख्यातभाग व्यतीत होने तक बन्ध होता है। आगे बन्ध की व्युच्छित्ति हो जाती है। अतः पूर्वोक्त बन्धक है तथा शेष अबन्धक हैं। (*'महाबन्ध'* प्रकृतिबन्ध, भाग १, ताम्र पत्र प्रति, पृ. ५) जीव के भावों की विचित्रता का रहस्य सर्वज्ञ ज्ञानगम्य है। सकल संयम के धारक शुक्लध्यान में निमग्न शुद्धोपयोग की उच्च स्थिति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को प्राप्त व्यक्ति के जब पुण्य प्रकृतियों का बन्ध होता है, तब नीचे की अवस्थावाले अविरत सम्यक्त्वी को बन्धरहित कहना सोचना, समझना तथा समझाना परमागम की देशना के विपरीत कथन करना है।

क्या सम्यक्त्वी के ज्ञानचेतना ही होती है?

शंका—सम्यक्त्वी के बन्धाभाव का समर्थन शंकाकार अन्य प्रकार से करता हुआ कहता है। सम्यक्त्वी के ज्ञानचेतना होती है, इससे उस बन्ध का अभाव आगमाविरुद्ध है।

समाधान—मिथ्यात्वी के ज्ञान चेतना का अभाव सबको इष्ट है। सम्यक्त्वी के ज्ञान चेतना ही होती है, ऐसी बात नहीं है। चेतना के स्वरूपपर विशेष प्रकाश डालते हुए अमृतचन्द्रसूरि 'समयसार' की टीका म

(पृ. ४८१) लिखते हैं—"ज्ञान से अन्यत्र मैं 'यह' हूँ; इस प्रकार का चिन्तन अज्ञानचेतना है। वह कर्मचेतना, कर्मफल चेतना के भेद से दो प्रकार की है। ज्ञान से पृथक् मैं 'यह' करता हूँ, यह चिन्तन कर्म चेतना है। ज्ञान से अन्य मैं यह अनुभव करता हूँ, इस प्रकार का चिन्तन कर्मफल चेतना है। दोनों चेतनाएँ समान रसवाली हैं तथा संसार की कारण हैं। संसार का बीज अष्टविध कर्मों के बीजरूप होता है। अतः मुमुक्षु को उचित है कि वह अज्ञान चेतना को दूर करने के लिए सम्पूर्ण कर्मों के त्याग की भावना तथा सम्पूर्ण कर्मफल त्याग की भावना को नृत्य कराकर आत्मस्वरूपवाली भगवती ज्ञान चेतना को ही नित्य नृत्य करावे।"

इस विषय को अधिक स्पष्ट करते हुए जयसेनाचार्य लिखते हैं—"मेरा कर्म है, मेरे द्वारा किया गया है, इस प्रकार अज्ञान भाव से मन-वचन-काय की क्रिया करना कर्म चेतना है। आत्मस्वभाव से रहित अज्ञानभाव द्वारा इष्ट अनिष्ट विकल्परूप से हर्ष, विषाद, सुख-दुःख का जो अनुभवन करना है, वह कर्मफल चेतना है। (पृ. ४६०) कुन्दकुन्द स्वामी 'प्रवचनसार' में कहते हैं—

"परिणमदि चेदणाए आदा पुण चेदणा तिधाभिमदा।
सा पुण णाणे कम्मे फलम्मि वा कम्मणो भणिदा ॥" —गा. १२३

—'चेतना की ज्ञानरूप परिणति ज्ञानचेतना है, कर्मरूप परिणति कर्म-चेतना तथा फलरूप परिणति कर्मफल-चेतना है।'

इससे यह प्रकट होता है कि ज्ञानचेतना में ज्ञातृत्व भाव है, कर्मचेतना में कर्तृत्व परिणति है और कर्मफल चेतना में भोक्तृत्व भाव है।

सम्यक्त्वी के कर्म तथा कर्मफल चेतना का सद्भाव

सम्यक्त्वी के ज्ञान चेतना ही पायी जाती है, इस भ्रम का निवारण करते हुए पंचाध्यायीकार कहते हैं—

"अस्ति तस्यापि सद्दृष्टेः कस्यचित् कर्मचेतना।
अपि कर्मफले सा स्यादर्थतो ज्ञानचेतना ॥" —पंचाध्यायी, २,२७५

—'किसी सम्यक्त्वी के कर्म तथा कर्मचेतना भी पायी जाती हैं। किन्तु परमार्थ से सम्यक्त्वी के ज्ञान चेतना पायी जाती है।'

यहाँ पूर्ण ज्ञान विशिष्ट सम्यक्त्वी को लक्ष्य में रखकर उसके ज्ञानचेतना का परमार्थ रूप से सद्भाव प्रतिपादित किया है। अपूर्ण ज्ञानी की अपेक्षा कर्मचेतना तथा कर्मफल चेतना भी कही है।[1] इस दृष्टि का स्पष्टीकरण निम्नलिखित पद्य से होता है—

---

१. "सर्वे कर्मफलं मुख्यभावेन स्थावरास्त्रसाः। सकार्यं चेतयन्तस्ते प्राणित्वाज्ञानमेव च ॥" अन. ध. २/३५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"चेतनायाः फलं बन्धस्तत्फले वाऽथ कर्मणि।
रागाभावान्न बन्धोऽस्य तस्मात्सा ज्ञानचेतना ॥" –पंचाध्यायी, २,२७६

–'कर्म तथा कर्मफलचेतना का फल बन्ध कहा है। उस सम्यक्त्वी के राग का अभाव होने से बन्ध नहीं है। अतः उसके ज्ञानचेतना है।' यहाँ रागाभाव होने से बन्ध का अभाव कहा है। यह रागाभाव उपशान्तकषायादि गुणस्थान में होगा, अतः उसके पूर्व रागभाव का सद्भाव होने से बन्ध का होना स्वीकार करना होगा। यथार्थ ज्ञानचेतना केवलज्ञानी के होगी जिनके अज्ञान का अभाव हो गया है और छद्मस्थ अवस्था से अतीत हो गये हैं। कुन्दकुन्द स्वामी की यह गाथा इस विषय में बहुत उपयोगी है।

"सव्वे खलु कम्मफलं थावरकाया तसादि कज्जजुदं।
पाणित्तमदिक्कंता णाणं विंदंति ते जीवा ॥" –पंचास्तिकाय, गा. ३९।

–"सम्पूर्ण स्थावर जीवों के कर्मफल चेतना है। त्रस जीवों में कर्मफल के सिवाय कर्मचेतना भी पायी जाती है। प्राणी इस व्यपदेश को अतिक्रान्त-जीवन्मुक्त ज्ञानचेतना का अनुभवन करते हैं। यहाँ 'जीवन्मुक्त' शब्द का अर्थ अविरत सम्यक्त्वी नहीं, किन्तु केवली भगवान् हैं; कारण टीकाकार अमृतचन्द्र सूरि ने लिखा है कि सम्पूर्ण मोह कलंक के नाशक, ज्ञानावरण-दर्शनावरण ध्वंस करनेवाले, वीर्यान्तराय के क्षय से अनन्तवीर्य को प्राप्त करने वाले अत्यन्त कृतकृत्य केवली भगवान् ज्ञानचेतना को ही अनुभव करते हैं।

'पंचास्तिकाय' टीका के ये शब्द महत्त्वपूर्ण हैं–"तत्र स्थावराः कर्मफलं चेतयन्ते। त्रसाः कार्यं चेतयन्ते। केवलज्ञानिनो ज्ञानं चेतयन्ते (पंचास्तिकाय टीका, पृ. १२) स्थावर जीव कर्मफलचेतना का अनुभवन करते हैं। त्रस जीव कर्मचेतना का अनुभव करते हैं। केवलज्ञानी ज्ञानचेतना का अनुभवन करते हैं।

'अनगारधर्मामृत' की संस्कृत टीका (पृ. १०७ में पण्डितप्रवर आशाधरजी लिखते हैं–"जीवन्मुक्तास्तु मुख्यभावेन ज्ञानम्। गौणतया त्वन्यदपि।...सा चोभय्यपि जीवन्मुक्तेर्गौणी बुद्धिपूर्वक कर्तृत्व-भोक्तृत्वयोरुच्छेदात्" –जीवन्मुक्तों के मुख्यता से ज्ञान चेतना है। गौण रूप से उनके अन्य भी चेतनाएँ हैं। वे कर्म और कर्मफल चेतनाएँ जीवन्मुक्त में मुख्य नहीं, किन्तु गौणरूप से हैं; कारण उनमें बुद्धिपूर्वक कर्तृत्व और भोक्तृत्व का अभाव हो चुका है।

इस विवेचन से यह विदित हो जाता है कि केवली भगवान् से नीचे के गुणस्थानवर्ती सम्यक्त्वी जीवों में कर्म और कर्मफल चेतनाएँ भी पायी जाती हैं। अविरत सम्यक्त्वी के विचित्र कार्यों को बन्धरहित बताना और उसे सदा सजग ज्ञानचेतना का ही स्वामी कहना बड़ी आश्चर्यप्रद बात है। क्षायिक सम्यक्त्वी श्रेणिक महाराज ने आत्मघात करके प्राण परित्याग किये। परम धार्मिक सीता के प्रतीन्द्र पर्याय के जीवन ने तपश्चर्या में निमग्न महामुनि रामचन्द्र को धर्म से डिगाने का मोहवश प्रयत्न किया, ताकि रामचन्द्रजी का सीता के स्वर्ग में ही उत्पाद हो जाए। ये क्रियाएँ शुद्धचेतना के प्रकाश को नहीं बताती हैं। इन पर कर्म, कर्मफल चेतनाओं का प्रभाव स्पष्टतया दृष्टिगोचर होता है। चारित्रमोहोदयवश ये क्रियाएँ हुआ करती हैं। 'सदन-निवासी, तदपि उदासी तातें आस्रव छटाछटी-सी–यह सम्यक्त्वी गृहस्थ का चित्रण सम्पूर्ण आस्रव के निरोध को नहीं बताता है। मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी तथा असंयम निमित्तक आस्रव के निरोध का ज्ञापक है। अतः परमागम के प्रकाश से ज्ञात होता है कि सम्यक्त्वी के जघन्य अवस्था में ज्ञानचेतना के सिवाय कर्म और कर्मफल चेतनाएँ भी पायी जाती हैं। उनके कारण वह किन्हीं प्रकृतियों का बन्ध नहीं करता है और किन्हीं कर्म-प्रकृतियों का बन्ध भी करता है; इस प्रकार का स्याद्वाद है।

ग्रन्थ का विषय–*'महाबन्ध'* के इस *'पयडिबन्धाहियार'*–प्रकृतिबन्धाधिकार नामक खण्ड में प्रकृतिसमुत्कीर्तन, सर्वबन्ध, नोसर्वबन्ध, उत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध, अजघन्यबन्ध, सादिबन्ध, अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध, अध्रुवबन्ध, बन्धस्वामित्वविचय, बन्धकाल, बन्ध-अन्तर, बन्धसन्निकर्ष, भंगविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव तथा अल्पबहुत्व–इन चौबीस अनुयोग द्वारों से प्रकृति बन्ध पर प्रकाश डाला गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस कर्मबन्धन के कारण अनन्त ज्ञान-आनन्द शक्ति, आदि का अधिपति यह आत्मा दीनतापूर्ण जीवन बिता कष्ट उठाता है। इस आत्मा का यथार्थ कल्याण आत्मीय दोषों के निर्मूल करने में है। समाधि की प्रचण्ड अग्नि द्वारा इस दोष-पुंज का अविलम्ब क्षय होता है। संवर और निर्जरा रूप परिणति से उस स्वरूप की उपलब्धि हो जाती है, जिसको परम निर्वाण कहते हैं। इस पद का प्रधान कारण भेदज्ञान की प्राप्ति है। मेरा आत्मा एक है, ज्ञान-दर्शनमय है; शेष सर्व अनात्म भाव है। इस विद्या के प्रभाव से सिद्धत्व की अभिव्यक्ति होती है। बन्ध की विपत्ति से बचने के लिए योगीन्द्रदेव कहते हैं–

"अण्णु जि तित्थु म जाहि जिय, अण्णु जि गुरुउ म सेवि।
अण्णु जि देउ म चिंति तुहुं, अप्पा विमलु मुएवि ॥" परमात्मप्रकाश, अ. १, दो. ६५

"हे आत्मन्! तू दूसरे तीर्थों को मत जा; अन्य गुरु की शरण में मत पहुँच, अन्य देव का चिन्तवन मत कर। अपनी निर्मल आत्मा को छोड़कर अन्य का चिन्तन मत कर।"

जब आत्मा यह समझ लेता है कि मैं कर्मों के बन्ध में बद्ध हो गया हूँ; किन्तु मैं इससे भिन्न स्वरूपवाला हूँ, तब उसे सच्चा प्रकाश प्राप्त हो जाता है। तत्त्व की बात तो इतनी है–

"भेदविज्ञानतः सिद्धाः सिद्धा ये किल केचन।
तस्यैवाभावतो बद्धा बद्धा ये किल केचन ॥"

'जो जीव सिद्ध हुए हैं, वे सब अभेदरत्नत्रय स्वरूप भेद-विज्ञान से सिद्ध हुए हैं। जो अब तक संसार में बद्ध हैं, वे उस निर्विकल्पज्ञान के अभाव से बँधे हैं।

भेदविज्ञान की लोकोत्तरता

भेदविज्ञान की उपलब्धि सरल कार्य नहीं है। उसके लिए ही सर्व उद्योग मुमुक्षु पुरुष किया करते हैं। विश्व के अतुलनीय साम्राज्य और विभूति का त्याग करके भी उसकी प्राप्ति दुर्लभ रहती है। भेदविज्ञान के पश्चात् अद्वैत भावना के अभ्यास द्वारा निर्विकल्प समाधि को प्राप्त करके जब जीव एकत्व-वितर्क नाम के द्वितीय शुक्लध्यान को प्राप्त करता है, तब कर्मों का राजा मोहनीय क्षय को प्राप्त होता है। उस समय क्षण मात्र में आत्मा अर्हन्त बनकर अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख तथा अनन्तवीर्य रूप अनन्त चतुष्टय से समलंकृत होता है। उस प्राप्तव्य परम पदवी के लिए उपायरूप मार्गदर्शन गुणभद्राचार्य के इन शब्दों-द्वारा प्राप्त होता है–

"अकिंचनोऽहमित्यास्व त्रैलोक्याधिपतिर्भवेः।
योगिगम्यं तव प्रोक्तं रहस्यं परमात्मनः ॥–आत्मानुशासन, श्लोक ११०

हे भद्र! 'अकिंचनोऽहं' 'मेरा कुछ नहीं है', इस भावना के साथ स्थित हो। ऐसा करने से तू त्रिलोकीनाथ बन जाएगा। मैंने यह तुझको परमात्मा का रहस्य कहा है जो योगियों के ही अनुभवगम्य है।

सत्पथ–इस अकिंचनपने की भावना के साथ संयमशील पुनीत जीवन भी आवश्यक है। वे मुनीश्वर यह मार्मिक बात कहते हैं–

"दुर्लभमशुद्धमपसुखमविदितमृतिसमयमल्पपरमायुः।
मानुष्यमिहैव तपो मुक्तिस्तपसैव तत्तपः कार्यम् ॥१११॥"

यह मनुष्य पर्याय दुर्लभ, अशुद्ध, सुखरहित है। इस पर्याय में आगामी मरण कब होगा, यह अविदित है। अन्य पर्यायों की तुलना में आयु भी थोड़ी है। यह विशेष बात है कि तपःसाधना इसी पर्याय में सम्भव है। कर्मक्षयरूप मुक्ति उसी तप से प्राप्त होती है। इससे तप का आचरण भी करना चाहिए।

आचार्य वादीभसिंहसूरि 'क्षत्रचूडामणि' में कहते हैं–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"नटवन्नैकवेषेण भ्रमस्यात्मन्स्वकर्मतः।
तिरश्चि निरये पापाद्दिवि पुण्याद्द्वयान्नरे ॥" –क्षत्रचूडामणि, ११,३६

"हे आत्मन्! तू अपने कर्म के उदय से नाटक के नटके समान जगत् में भ्रमण करता है। पाप के उदय से तिर्यंच और नरक पर्याय पाता है। पुण्य के उदय से देव होता है तथा पाप और पुण्य के संयुक्त उदय से मनुष्य पर्याय पाता है।"

"त्वमेव कर्मणां कर्त्ता भोक्ता च फलसन्ततेः।
भोक्ता च तात किं मुक्तौ स्वाधीनार्या न चेष्टसे ॥" –क्षत्रचूडामणि, ११,४५

हे आत्मन्! तू ही अपने कर्मों का बन्ध करता है और उसकी फलपरम्परा का भोक्ता भी तू है। तू ही कर्मों का क्षय करने में समर्थ है। हे तात! मुक्ति तेरे स्वाधीन है, उसके लिए क्यों नहीं उद्योग करता है?

कवि कर्मों के कुचक्र से बचने के हेतु आत्मा को सचेत करता हुआ कहता है–भद्र! तू इन कर्माष्ट के दुष्कृत्यों पर दृष्टि देकर उनके विषय में धोखा मत खा। इन कर्मों का ढंग बड़ा अद्भुत है। क्षणभर में ये तुझे सिंहासन का अधिपति बनाकर दूसरे काल में तुझे भिखारी भी बना सकते हैं। इन पर विश्वास मत कर–

"आठन की करतूति विचारहु कौन-कौन ये करते हाल।
कबहूँ सिर पर छत्र फिरावें, कबहूँ रूप करें बेहाल।
देव-लोक सुख कबहूँ भुगते, कबहूँ रंक नाज को काल।
ये करतूति करें कर्मादिक चेतन रूप तू आप सम्हाल ॥"

सार की बात

मोक्ष प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थी मानव को आत्मा और अनात्मा का पूर्णतया स्पष्ट अवबोध आवश्यक है। इसके पश्चात् जीव परम-यथाख्यात चारित्र के द्वारा कर्म-शैल के ध्वंस करने में समर्थ होता है। आचार्य कुन्दकुन्द की यह अमृतवाणी अमृत पथ को इन सारगर्भित शब्दों-द्वारा स्पष्ट करती है–

"बंधाणं च सहावं वियाणिदुं अप्पणो सहावं च।
बंधेसु जो विरज्जदि सो कम्म–विमोक्खणं कुणदि ॥" –समयसार, गा. २९३

जो विवेकी बन्ध का तथा आत्मा का स्वभाव सम्यक् प्रकार से अवगत कर बन्ध से विरक्त होता है, वह कर्मों का पूर्णतया क्षय करता है।[१]

'तत्त्वानुशासन' की तत्त्वदेशना अभिवन्दनीय है–

"कर्मजेभ्यः समस्तेभ्यः भावेभ्यो भिन्नमन्वहम्।
ज्ञ-स्वभावमुदासीनं पश्येदात्मानमात्मना ॥१६४॥"

मेरा आत्मा सम्पूर्ण कर्मजनित भावों से सर्वदा भिन्न है तथा वह ज्ञान स्वभाव एवं उदासीनरूप (राग-द्वेषरहित) है, ऐसा अपनी आत्मा के द्वारा आत्मा का दर्शन करे।

---

१. Whoever with a clear knowledge of the nature of Karmic bondage as welll as the nature of the Self, does not get attracted by bondage—that person obtains liberation from *karmas*. (Samayasara by Prof. A. Chakravarti, P. 189.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय-परिचय

'महाबन्ध' के प्रथम भाग का नाम—प्रकृतिबन्धाधिकार (पयडिबंधाहियारो) है। इसमें प्रकृतिबन्ध का अधिकार है। प्रकृतियों के स्वरूप का निरूपण करना *'प्रकृति समुत्कीर्तन'* कहलाता है जो 'महाबन्ध' के प्रथम भाग का मूल विषय है, किन्तु ताड़पत्र के त्रुटित होने से कुछ अंश प्रकाशित नहीं हो सका है। प्रकृतिसमुत्कीर्तन के दो भेद हैं—मूलप्रकृतिसमुत्कीर्तन और उत्तरप्रकृतिसमुत्कीर्तन। अपने अन्तर्गत समस्त भेदों का संग्रह करनेवाली तथा द्रव्यार्थिकनय—निबन्धक प्रकृति का नाम मूल प्रकृति है। अलग-अलग अवयव वाली तथा पर्यायार्थिकनय निमित्तक प्रकृति को उत्तरप्रकृति कहते हैं। मूल में जीव और कर्म स्वतन्त्र दो द्रव्य हैं। जीव अमूर्त है और कर्म मूर्तिक है। अनादि काल से जीव और कर्म का भावात्मक तथा द्रव्यात्मक सम्बन्ध है। 'प्रकृति' शब्द का अर्थ शील, स्वभाव है। निक्षेप की दृष्टि से विचार किया जाए, तो नामप्रकृति, स्थापनाप्रकृति, द्रव्यप्रकृति और भावप्रकृति ये चार भेद किये गये हैं। द्रव्यप्रकृति के भी दो भेद हैं—आगमद्रव्यप्रकृति और नोआगमद्रव्यप्रकृति। 'द्रव्य' का अर्थ यहाँ पर भव्य है। इसके दो भेद हैं—कर्मद्रव्यप्रकृति और नोकर्मद्रव्यप्रकृति। जैसे, घट, सकोरा आदि की प्रकृति मिट्टी है, पुद्गल की प्रकृति पूरन-गलन है; वैसे ही ज्ञानावरवादि आठ कर्मों की अपनी-अपनी प्रकृति है। ज्ञान जीव का स्वभाव है और ज्ञान का आवरण करना यह ज्ञानावरण कर्म का स्वभाव है। ज्ञानावरणकर्म की पाँच प्रकृतियाँ हैं—आभिनिबोधिकज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, अवधिज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण और केवलज्ञानावरण। मिथ्यात्व के उदय में होने वाले आभिनिबोधिक, श्रुतज्ञान तथा अवधिज्ञान को कुज्ञान कहा जाता है। ज्ञान एक होने पर भी बन्धविशेष के कारण वह पाँच प्रकार का कहा गया है।

आभिनिबोधिकज्ञान पाँच इन्द्रियों और मनके निमित्त से अप्राप्त रूप बारह प्रकार के पदार्थों का अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा एवं प्राप्त रूप उन बारह प्रकार के पदार्थों के स्पर्शन, रसना, घ्राण और श्रोत्र इन्द्रियों के द्वारा मात्र अवग्रह रूप होता है, इसलिये इसके अनेक भेद हो जाते हैं। अर्थावग्रह रूप होता है, इसलिए इसके अनेक भेद हो जाते हैं। अर्थावग्रह व्यक्त वस्तु को ग्रहण करता है जो इन्द्रिय और मन के द्वारा होता है। ईहा, अवाय और धारणा ज्ञान भी पाँच इन्द्रियों और मन से होने के कारण अर्थावग्रहकी भाँति प्रत्येक छह-छह भेदवाला है। इस कारण व्यंजनावग्रह के चार भेदों में अर्थावग्रहादि के चौबीस भेदों को मिलाने से २८ भेद होते हैं। अतएव आभिनिबोधिकज्ञानावरण कर्म के भी २८ भेद हो जाते हैं। इसके बहु, एक, बहुविध, एकविध, क्षिप्र, अक्षिप्र, उक्त, अनुक्त, ध्रुव, अध्रुव, निःसृत, अनिःसृत—इन बारह प्रकार के पदार्थों को विषय करने से प्रत्येक के बारह-बारह भेद हो जाते हैं। इस प्रकार २८ × १२=३३६ भेद मतिज्ञान या आभिनिबोधिकज्ञान के होते हैं। अतः आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकर्म के भी ३३६ भेद होते हैं।

ज्ञानका दूसरा भेद श्रुतज्ञान है। यह मतिज्ञानपूर्वक मन के आलम्बन से होता है। श्रुतज्ञान के शब्दजन्य तथा लिंगजन्य दो भेद किये गये हैं। यथार्थ में पदार्थ को जानकर उसके सम्बन्ध में या उससे सम्बन्धित अन्य पदार्थ के सम्बन्ध में विचार-धारा की प्रवृत्ति होना श्रुतज्ञान है। इस दृष्टि से श्रुतज्ञान अक्षरात्मक, अनक्षरात्मक अथवा द्रव्य—भाव के भेद से दो प्रकार का है। अतः आचारांग, सूत्रकृतांग आदि बारह अंग, उत्पाद पूर्व आदि चौदह पूर्व और सामायिकादि चौदह प्रकीर्णक द्रव्यश्रुत हैं। द्रव्यश्रुत अक्षरात्मक है। उसके सुनने-पढ़ने से श्रुतज्ञान की पर्याय रूप जो उत्पन्न हुआ ज्ञान है, वह भावश्रुत है। वर्तमान परमागम नामसे द्रव्यश्रुत तथा परमागके आधार से उत्पन्न निर्विकार, स्वसंवेदन (आत्मानुभव) ज्ञान रूप भावश्रुतज्ञान है। अतः आत्मविषयक उपयोग दर्शन कहा गया है। दर्शन ज्ञानरूप नहीं होता, क्योंकि ज्ञान बाह्य अर्थों को विषय करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की मर्यादा से सीमित ज्ञान को अवधिज्ञान कहते हैं। इसको सीमाज्ञान भी कहते हैं। महास्कन्ध से लेकर परमाणु पर्यन्त समस्त पुद्गल द्रव्यों को, असंख्यात लोकप्रमाण क्षेत्र, काल और भावों को तथा कर्म के सम्बन्ध से पुद्गलभावको प्राप्त हुए जीवों को जो प्रत्यक्ष रूप से जानता है, उसे अवधिज्ञान समझना चाहिए। जहाँ इस ज्ञान का विकास नहीं हो रहा है, वह अवधिज्ञानावरणीय कर्म है जो एक प्रकार का है। उसकी प्ररूपणा दो प्रकार की है। क्षयोपशम की दृष्टि से असंख्यात प्रकार का होने पर भी अवधिज्ञान के मुख्य दो भेद कहे गये हैं—भवप्रत्यय और गुणप्रत्यय। भवप्रत्यय अवधिज्ञान देवों, नारकियों और तीर्थंकरों के होता है और गुणप्रत्यय अवधिज्ञान तिर्यंचों तथा मनुष्यों के होता है। इन दोनों अवधिज्ञानों के अनेक भेद हैं—देशावधि, परमावधि और सर्वावधि तथा हीयमान, वर्द्धमान, अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी, अननुगामी, सप्रतिपाती, अप्रतिपाती, एकक्षेत्र और अनेकक्षेत्र। इन सबका प्रतिबन्धक होने से अवधिज्ञानावरण कर्म कहा जाता है। इसकी असंख्यात कर्म-प्रकृतियाँ हैं। काल की अपेक्षा अवधिज्ञान जघन्य से दो-तीन तथा उत्कर्ष से सात-आठ भवों का जानता है।

दूसरे के मन में स्थित विषय को जो जानता है, वह मनःपर्यय ज्ञान है। इसका जो आवरण करता है, वह मनःपर्यय ज्ञानावरण कर्म है। मनःपर्ययज्ञान के दो भेद हैं—ऋजुमति और विपुलमति। पैंतालीस लाख योजन के भीतर के चित्तगत स्थित पदार्थ को मनःपर्ययज्ञान जानता है। मनःपर्ययज्ञान पराधीन ज्ञान नहीं है। वर्तमान काल में जीवों के मन में स्थित सरल मनोगत, वचनगत और कायगत पदार्थ को जो जानता है, वह ऋजुमति मनःपर्ययज्ञान है। जिसकी मति विस्तीर्ण है, वह विपुलमति मनःपर्ययज्ञान है। द्रव्य की अपेक्षा वह जघन्य रूप से चक्षु इन्द्रिय की निर्जरा को जानता है। कालकी अपेक्षा जघन्य से सात-आठ भवों को और उत्कृष्ट से असंख्यात भवों को जानता है। श्रेत्र की अपेक्षा जघन्य से योजनपृथक्त्वप्रमाण (आठ-नौ घन योजन प्रमाण) क्षेत्र को जानता है। भाव की अपेक्षा जो भी द्रव्य इसे ज्ञात है उस—उसकी असंख्यात पर्यायों को जानता है। ऋजुमति में इन्द्रियों और मन की अपेक्षा होती है; किन्तु विपुलमति में उनकी अपेक्षा नहीं होती है।

केवलज्ञान सम्पूर्ण तथा अखण्ड है। खण्डरहित होने से वह सकल है। पूर्ण रूप से विकास को प्राप्त होने से उसे सम्पूर्ण कहा गया है। कर्म-शत्रुओं का अभाव होने से वह असपत्न है। केवलज्ञान का विषय तीनों कालों और तीनों लोकों के सम्पूर्ण पदार्थ माने गये हैं। यथार्थ में केवलज्ञान की स्वच्छता का ऐसा परिणमन है कि तीनों लोकों व तीनों कालों के जितने पदार्थ हैं वे सब एक साथ एक समय में केवलज्ञान में झलकते हैं। लोक में ऐसा कोई ज्ञेय नहीं है जो केवलज्ञान का विषय न हो। अतः ज्ञान का धर्म ज्ञेय को जानना है और ज्ञेय का स्वभाव ज्ञान का विषय होना है। इन दोनों में विषय-विषयीभाव का सम्बन्ध है। लेकिन सर्वज्ञ का ज्ञान सम्पूर्ण सम्बन्धों से रहित परम स्वाधीन है। फिर, ज्ञान ज्ञान-चेतना से निकलकर बाहर जाता नहीं है और ज्ञेय कभी भी ज्ञान में प्रवेश करता नहीं है। अतएव केवलज्ञान असहाय है, उसे मन और इन्द्रियों की तथा ज्ञेय द्रव्यों की सहायता लेने की आवश्यकता नहीं होती है। यही कारण है कि केवलज्ञानी का ज्ञान युगपत् (एक साथ) सब को जानता है; क्रमवार नहीं। लेकिन एक साथ तीनों लोकों, तीनों कालों के सभी द्रव्यों, उनके गुणों और पर्यायों को जानने पर भी ज्ञान सीमित नहीं होता, बल्कि व्यापक हो जाता है।

कर्म की सामान्य प्रकृत्तियाँ १४८ हैं। इनके विशेष भेद किये जायें, तो अनन्त भेद हो जाते हैं। ओघसे ५ ज्ञानावरण तथा ५ अन्तराय की प्रकृतियों का सर्वबन्ध होता है। आयुकर्म को छोड़कर सातों कर्मों की प्रकृतियों का निरन्तर बन्ध होता है। मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योगों के निमित्त से कर्म उत्पन्न होते हैं और कर्मों के निमित्त से जाति, बुढ़ापा, मरण और वेदना उत्पन्न होते हैं। शुभाशुभ कर्मों का विपाक प्रकृति, स्थिति, प्रदेश और अनुभाग इन चार भागों में विभक्त है। जीवों को एक और अनेक जन्मों में पुण्य तथा पाप कर्म का फल प्राप्त होता है।

धर्मध्यान कषायसहित जीवों के होता है। जिनदेव का उपदेश है कि असंयत सम्यग्दृष्टि के धर्मध्यान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है। (षट्खण्डागम, वर्गणाखण्ड ५, ४, २६) प्रथमोपशम सम्यक्त्व में मिथ्यात्व गुणस्थान सम्बन्धी १६ और सासादन गुणस्थान सम्बन्धी २५ प्रकृतियों का अभाव होने से बन्ध योग्य ७७ प्रकृतियाँ कही गयी हैं। द्वितीयोपशम सम्यक्त्व में सातवें गुणस्थान से ग्यारहवें पर्यन्त आरोहरण कर जब उतरकर चौथे गुणस्थान में आता है, तब भी ७७ प्रकृतियों का बन्ध होता है तथा प्रथमोपशम सम्यक्त्व की भाँति मनुष्यायु और देवायु का अभाव होता है।

दर्शनावरण, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी, तिर्यंचगति त्रिक का जघन्य बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त है। 'कर्मस्थिति' शब्द से केवल दर्शनमोहनीय की सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति का ग्रहण हुआ है। उस में सब कर्मों की स्थिति संगृहीत है। (महाबन्ध, भा. १, पृ. ६३) अनन्तानुबन्धी का सासादन पर्यन्त बन्ध होता है, किन्तु मिथ्यात्व का प्रथम गुणस्थान पर्यन्त।

'महाबन्ध' के प्रथम भाग का 'प्रकृतिबन्धाधिकार' षट्खण्डागमके वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत बन्धनीय अर्थाधिकार में २३ पुद्गल वर्गणाओं की प्ररूपणा में विवेचित है। मिथ्यादर्शन, असंयमादि परिणाम विशेष से कार्मणवर्गणा के परमाणु कर्म रूप से परिणत होकर जीवप्रदेशों के साथ सम्बद्ध होते हैं जिसे 'प्रकृतिबन्ध' कहते हैं। इस प्रकृतिबन्ध की प्ररूपणा २४ अनुयोग द्वारों में की गयी है जो इस प्रकार है—

१. प्रकृति समुत्कीर्तन—इस अनुयोगद्वार में कर्म की मूल और उत्तर प्रकृतियों की प्ररूपणा है। महाबन्ध के इस भाग में ज्ञानावरणीय की उत्तर तथा उत्तरोत्तर प्रकृतियों की प्ररूपणा अनुयोगद्वार के समान प्ररूपित है।

२-३. सर्वबन्ध-नोसर्वबन्ध—इन दो अनुयोगद्वारों में ज्ञानावरणादि कर्म-प्रकृतियों के विषय में सर्वबन्ध और नोसर्वबन्ध की प्ररूपणा की गयी है। जिस कर्म की जब अधिक से अधिक प्रकृतियाँ एक साथ बँधती हैं, तब उनके बन्ध को सर्वबन्ध कहते हैं। उदाहरण के लिए, ज्ञानावरण की पाँच प्रकृतियाँ और अन्तराय की पाँच प्रकृतियाँ दोनों अपनी बन्ध-व्युच्छित्ति होने तक सूक्ष्म सांपराय गुणस्थान तक साथ-साथ बँधती हैं, इसलिए इन दोनों कर्मों का सर्वबन्ध है। दर्शनावरण की नौ प्रकृतियाँ दूसरे गुणस्थान तक साथ-साथ बँधती हैं, इसलिए उसका दूसरे गुणस्थान तक सर्वबन्ध है। दूसरे गुणस्थान में निद्रानिद्रा, प्रचला-प्रचला तथा स्त्यानगृद्धि इन तीन की बन्ध-व्युच्छित्ति हो जाने से उसके बाद के अपूर्वकरण गुणस्थान के प्रथम भाग तक छह प्रकृतियाँ बँधती हैं, इसलिए उसका यह नोसर्वबन्ध है। इसी प्रकार प्रथम भाग में निद्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियों के व्युच्छिन्न हो जाने पर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान तक उसकी चार प्रकृतियाँ बँधती हैं जो दर्शनावरण का नोसर्वबन्ध है। वेदनीय, आयु और गोत्र इन तीन कर्मों का नोसर्वबन्ध ही होता है। इसका कारण यह है कि एक समय में इन कर्मों की एक प्रकृति का ही बन्ध सम्भव है।

४-७. उत्कृष्टबन्ध, अनुत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध और अजघन्यबन्ध ये प्रकृतिबन्ध में सम्भव नहीं हैं।

८-९. सादि-अनादिबन्ध—किसी कर्मप्रकृति के बन्ध का अभाव हो जाने पर पुनः उसका बन्ध होना सादिबन्ध कहा जाता है। जैसे कि ज्ञानावरण की ५ प्रकृतियों का बन्ध सूक्ष्मसाम्पराय तक होता है। जो जीव इस गुणस्थान में बन्ध-व्युच्छित्ति करके उपशान्तकषाय हुआ है, उसके वहाँ उनके बन्ध का अभाव हो गया। परन्तु जब उपशान्तकषाय से गिरकर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान में आता है, तब उन प्रकृतियों का पुनः बन्ध होने लगता है। इसे सादिबन्ध कहते हैं।

जब तक जीव श्रेणि पर आरोहण नहीं करता, तब तक उसके अनादिबन्ध होता रहता है। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान तक अनादिबन्ध कहा गया है। इसी प्रकार अन्य कर्मों के सम्बन्ध में भी सादि-अनादि बन्ध का विचार किया गया है।

१०-११. ध्रुव-अध्रुवबन्ध—अभव्य जीव के जो बन्ध होता है वह ध्रुवबन्ध है, क्योंकि उसके अनादिकाल से होने वाले उस कर्मबन्ध का कभी अभाव होने वाला नहीं है। किन्तु भव्य जीवों का कर्मबन्ध अध्रुवबन्ध है, क्योंकि उनके कर्मबन्ध का अभाव हो सकता है।

१२. बन्ध-स्वामित्वविचय—इस प्रकरण का ओघ तथा आदेश से दो प्रकार का निर्देश किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओघ की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि से लेकर अयोगकेवली पर्यन्त चौदह जीव-समास-गुणस्थान होते हैं। इन में प्रकृतिबन्ध की व्युच्छित्ति कही गई है। बन्ध-व्युच्छित्ति प्राप्त प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं–

मिथ्यात्व में १६, सासादन में २५, अविरत में १०, देशविरत में ४, प्रमत्तसंयत में ६, अप्रमत्तसंयत में १, अपूर्वकरण में ३६, अनिवृत्तिकरण में ५, सूक्ष्मसाम्पराय में १६, सयोगकेवली में १–इस प्रकार इन १० गुणस्थानों के जीव बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

मनुष्यगति में मिथ्यात्व आदि चौदह गुणस्थान हैं। कर्म-बन्ध के योग्य १२० प्रकृतियाँ हैं। इनका वर्णन ओघवत् किया गया है। इनमें विशेष यह है कि मिथ्यात्व गुणस्थान में तीर्थंकर, आहारक द्विकका बन्ध न होने से शेष ११७ प्रकृतियों का बन्ध होता है। सासादन गुणस्थान में मिथ्यात्वादि १६ प्रकृतियों का बन्ध न होने से १०१ प्रकृतियों का बन्ध होता है। मिश्र गुणस्थान में ६९ प्रकृतियों का बन्ध होता है। अविरत सम्यग्दृष्टि के देवायु तथा तीर्थंकर का बन्ध प्रारम्भ हो जाने से ७१ प्रकृतियों का बन्ध होता है। देशविरत में अप्रत्याख्यानावरण ४ का बन्ध न होने से ६७ प्रकृतियों का बन्ध होता है। प्रमत्त गुणस्थान में प्रत्याख्यानावरण ४ का बन्ध न होने से ६३ प्रकृतियों का बन्ध होता है। अप्रमत्तसंयत के अस्थिर, असाता, अशुभ, अरति, शोक, अयशःकीर्ति इन छह का बन्ध नहीं होता, किन्तु आहारकद्विकका बन्ध होने से ५९ प्रकृतियों का बन्ध होता है। अपूर्वकरण में देवायु का बन्ध न होने से ५८ प्रकृतियों का बन्ध होता है। अनिवृत्तिकरण में बन्ध योग्य २२ प्रकृतियाँ हैं। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान में अनिवृत्तिकरण की पुरुषवेद और ४ संज्वलन कषायों की बन्ध-व्युच्छित्ति हो जाने से १७ प्रकृतियों का बन्ध होता है। उपशान्तकषाय में एक सातावेदनीय का ही बन्ध होता है। क्षीणकषाय और सयोगी जिन के एक सातावेदनीय का ही बन्ध कहा गया है। अयोगकेवली के कोई बन्ध नहीं होता।

इनके अतिरिक्त बारह अनुयोगद्वारों में भी उल्लेख किया गया है। उन अनुयोगद्वारों के नाम इस प्रकार हैं–

१३. एक जीव की अपेक्षा काल-प्ररूपणा,
१४. एक जीव की अपेक्षा अन्तरानुगम प्ररूपणा,
१५. सन्निकर्ष-प्ररूपणा,
१६. भंगविचय-प्ररूपणा,
१७. भागाभागानुगम-प्ररूपणा,
१८. परिमाणानुगम-प्ररूपणा,
१९. क्षेत्रानुगम-प्ररूपणा,
२०. स्पर्शनानुगम-प्ररूपणा,
२१. अनेक जीवों की अपेक्षा कालानुगम प्ररूपणा,
२२. नाना जीवों की अपेक्षा अन्तरानुगम प्ररूपणा,
२३. भावानुगम-प्ररूपणा,
२४. अल्पबहुत्वानुगम-प्ररूपणा

इस प्रकार चौबीस अनुयोगद्वारों में कर्म की मूल और उत्तर प्रकृतियों की प्ररूपणा के समान प्रकृत प्रकृतिबन्धाधिकार (महाबन्ध) में प्रकृत्ति अनुयोगद्वार के समान ज्ञानावरणीय प्रकृतियों के प्रसंग से उत्तर प्रकृतियों तथा उत्तरोत्तर प्रकृतियों की प्ररूपणा की गई है। प्रकृतिअनुयोगद्वार में जिन गाथा-सूत्रों का उपयोग किया गया है, 'महाबन्ध' की इस पुस्तक में भी आगे-पीछे वे ही प्रयुक्त हैं। (महाबन्ध, १, पृ. २१-२३)

–देवेन्द्रकुमार शास्त्री

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
मङ्गलाचरण	१
मूल प्रकृतिसमुत्कीर्तन	
आठ प्रकार के कर्म	२०
ज्ञानावरण कर्म की पाँच प्रकृतियाँ	२१
आभिनिबोधिक ज्ञानावरण-प्ररूपणा	२१
श्रुतज्ञानावरण-प्ररूपणा	२२
१. अवधिज्ञानावरण-प्ररूपणा	
भवप्रत्यय और क्षयोपशमनिमित्तक	२४
अवधिज्ञान के तीन भेद	२५
अवधिज्ञान सम्बन्धी १६ काण्डकों का निरूपण	२६
परमावधि का काल	२७
परमावधि का क्षेत्र	२८
२. मनःपर्ययज्ञानावरण-प्ररूपणा	
दो प्रकार की प्ररूपणा	२६
क्षेत्र तथा काल की अपेक्षा प्ररूपणा	३१
३. केवलज्ञानावरण-प्ररूपणा	
त्रैकालिक तथा त्रिलोक विषयक ज्ञान	३२
सर्वज्ञता	३३
४. दर्शनावरणादि कर्म-प्ररूपणा	
दर्शनावरणादि कर्म-प्रकृतियाँ	३३
कुल १४८ कर्म-प्रकृतियाँ	३४
५. सर्वबन्धनोसर्वबन्ध-प्ररूपणा	
सर्वबन्ध तथा नोसर्वबन्ध	३४
उत्कृष्टबन्ध-अनुत्कृष्टबन्ध-प्ररूपणा	३५
जघन्यबन्ध-अजघन्यबन्ध-प्ररूपणा	३५
६. सादि-अनादि-ध्रुव-अध्रुवबन्ध-प्ररूपणा	
ओघ से सादिबन्ध	३६
आयुबन्ध के विषय में नियम	३६
ओघ तथा आदेश का अर्थ	३७
ध्रुव तथा अध्रुवबन्ध	३७
७. बन्धस्वामित्वविचय-प्ररूपणा	
ओघ से चौदह गुणस्थानों में प्रकृतिबन्ध की व्युच्छित्ति	३७
तीर्थंकर नामगोत्रकर्म का बन्ध	४१
आदेश से तीसरे नरक तक तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध	४७
तिर्यंचों में बन्धक	४८
मिथ्यात्व गुणस्थान के बन्धक	४८
८. काल-प्ररूपणा	
एक जीव की अपेक्षा वर्णन	५५
तिर्यंचों में बन्धकाल	५६
देवों में जघन्य तथा उत्कृष्ट आयु	५६
एकेन्द्रियों में जघन्य तथा उत्कृष्ट बन्धकाल	६१
पंचेन्द्रियों में जघन्य तथा उत्कृष्ट बन्धकाल	६२
स्त्रीवेद में जघन्य तथा उत्कृष्ट बन्धकाल	६६
उपशम श्रेणी की अपेक्षा बन्धकाल	६८
अभव्यसिद्धिक जीव की अपेक्षा बन्धकाल	६६
तिर्यंचगति त्रिक का ओघ से बन्धकाल	७०
मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वी का बन्धकाल	७०
मनुष्यगति पंचक का जघन्य तथा उत्कृष्ट बन्धकाल	७१
संयमासंयम का स्थितिकाल	७२
लेश्याओं में बन्धकाल	७२
सम्यक्त्व में बन्धकाल	७६
आहारकों-अनाहारकों में बन्धकाल	७८
६. अन्तरानुगम-प्ररूपणा	
एक जीव की अपेक्षा ओघ से वर्णन	७६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रत्याख्यानावरणी-अप्रत्याख्यानावरणी रूप आठ कषायों का बन्ध-काल ८०
अप्रमत्तसंयत का उत्कृष्ट अन्तर ८१
नारकियों में आदेश से बद्ध्यमान प्रकृतियों में अन्तर ८२
तिर्यंचों में बन्ध का अन्तर ८३
देवों में बन्ध का अन्तर ८७
एकेन्द्रियों में बन्ध का अन्तर ८९
विकलत्रयों में बन्ध का अन्तर ९१
पंचेन्द्रिय, त्रसकाय तथा उनके पर्याप्तकों में अन्तर ९१
योगों तथा काययोगों का अन्तर-काल ९३
वेदों का अन्तरकाल ९६
ज्ञानावरणादि का अन्तर नहीं १०१
अज्ञानी जीवों का उत्कृष्ट अन्तर १०२
मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान तथा मनःपर्ययज्ञान में अन्तर १०३
चक्षुदर्शनी तथा अचक्षुदर्शनी का अन्तर १०५
छहों लेश्या वाले जीवों में अन्तर १०६
क्षायिक सम्यक्त्व तथा वेदक सम्यक्त्व में अन्तर १०८
उपशम सम्यक्त्वी में अन्तर १०९
आहारक तथा अनाहारकों में अन्तर ११०

१०. स्वस्थानसन्निकर्ष-प्ररूपणा

ज्ञानावरण की प्रकृति का बन्धक नियमतः चारों का बन्धक १११
निद्रानिद्रा का बन्धक नियम से दर्शनावरण का बन्धक १११
अनन्तानुबन्धी क्रोध के बन्धक के मिथ्यात्व का बन्ध होने का नियम नहीं ११२
अप्रत्याख्यानावरण-प्रत्याख्यानावरण तथा संज्वलन क्रोध के बन्धक के मिथ्यात्व का बन्ध होने का नियम नहीं ११३
संज्वलन क्रोध का बन्धक मान, माया, लोभ रूप संज्वलन का नियम से बन्धक ११४
नोकषायादि का बन्धक मिथ्यात्व का स्यात् बन्धक है ११४
नरकत्रिक का बन्धक ११६
तिर्यंचगति का बन्धक ११६
मनुष्यगति का, देवगति का बन्धक ११७
एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, पंचेन्द्रिय जाति नामकर्म का बन्धक ११८
औदारिक, वैक्रियिक शरीर का बन्धक ११९
तैजस शरीर का बन्धक १२०
छह संहननों के बन्धक, अबन्धक १२१
परघात के बन्धक १२३
आताप और उद्योत के बन्धक १२४
बादर-सूक्ष्म के बन्धक १२५
स्थिर के बन्धक १२७
गोत्र, अन्तराय के बन्धक १२८
आदेश से चारों गतियों के बन्धक १२८
काययोगों में बन्धक १२९
संयतासंयत, वेदक-उपशम सासादन सम्यक्त्व में बन्धक १३१

११. परस्थानसन्निकर्ष-प्ररूपणा

ओघ से आभिनिबोधिक ज्ञानावरण के बन्धक १३२
निद्रा, निद्रा-निद्रा के बन्धक १३३
साता-असाता के बन्धक १३४
नोकषायों के बन्धक १३४
मिथ्यात्व के बन्धक १३५
अप्रत्याख्यानावरण-प्रत्याख्यानावरण-संज्वलन क्रोध के बन्धक १३६
वेदों के बन्धक १३७
हास्य, रति, भय के बन्धक १३९
चारों गतियों के बन्धक १४०
आहारकादि शरीरों के बन्धक १४४
संस्थान एवं संहननादि के बन्धक १४४
उद्योत के बन्धक १४५
तीर्थंकर तथा उच्चगोत्र के बन्धक १४६
काययोगों के बन्धक १४७
लेश्याओं में बन्धक १४८

१२. भंगविचयानुगम-प्ररूपणा

ओघ से नाना जीवों की अपेक्षा साता के बन्धक १४९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदेश की अपेक्षा नरकगति के बन्धक १५०
तिर्यंचों में बन्धक १५१
मनुष्यत्रिक में बन्धक १५२
मनुष्यलब्ध्यपर्याप्तकों में बन्धक १५२
देवों में बन्धक १५३
काययोगों में बन्धक १५३
क्षायिक, वेदक, उपशम सम्यक्त्व में बन्धक १५६
अनाहारकों में बन्धक १५७

१३. भागाभागानुगम-प्ररूपणा
ओघ से वर्णन १५८
आदेश से साता-असाता के बन्धक १६०
मनुष्य तथा तिर्यंचगति के बन्धक १६२
पंचेन्द्रिय तिर्यंचों में बन्धक १६३
मनुष्य-देव-नरकायु के बन्धक १६४
पंचेन्द्रिय तिर्यंच लब्धि पर्याप्तक-अपर्याप्तकों में बन्धक १६६
मनुष्यलब्ध्यर्याप्त-पर्याप्तकों में बन्धक १६७
ओघ से देवगति में बन्धक १६८
एकेन्द्रियों में बन्धक १७०
सूक्ष्म अपर्याप्तकों में बन्धक १७२
पंचेन्द्रियों में बन्धक १७३
त्रसों में बन्धक १७४
योगों में बन्धक १७५
काययोगों में बन्धक १७६
वेदों में बन्धक १७९
क्रोधकषाय में बन्धक १८०
साता-असाता के बन्धक १८३
मति-श्रुत-अवधि-मनःपर्ययज्ञान में बन्धक १८४
परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय, यथाख्यातसंयम में बन्धक १८५
छहों लेश्याओं में बन्धक १८६
क्षायिक सम्यग्दृष्टियों में बन्धक १८९
वेदक-उपशम-सासादन सम्यक्त्व में बन्धक १९०
सम्यक्त्वमिथ्यात्वी में ध्रुव प्रकृतियों के बन्धक १९०
आहारक-अनाहारकों में साता-असाता के बन्धक १९१

१४. परिमाणानुगम-प्ररूपणा
ओघ से वर्णन १९४
आदेश से नरक-तिर्यंचगति में बन्धक १९५
मनुष्यों में बन्धक १९६
ओघ से देवगति में बन्धक १९७
त्रसपर्याप्तकों में बन्धक १९८
योगों में बन्धक १९९
स्त्रीवेद में बन्धक २०१
मति-श्रुत-अवधिज्ञान में बन्धक २०२
छहों लेश्याओं में बन्धक २०३
सम्यग्दृष्टियों में बन्धक २०४

१५. क्षेत्रानुगम-प्ररूपणा
ओघ से बन्धक २०६
साता-असाता के बन्धक २०९
काययोगों के बन्धक २०९
आदेश से नारकियों में बन्धक २१०
तिर्यंचों में बन्धक २११
मनुष्यत्रिकों में बन्धक २१२
एकेन्द्रियों में बन्धक २१४

१६. स्पर्शनानुगम-प्ररूपणा
ओघ से बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २१७
मिथ्यात्व तथा अप्रत्याख्यानावरण के बन्धकों का सर्वलोक-स्पर्शन २१९
तीनों वेदों तथा चारों आयु के बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २२०
आदेश से नारकियों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २२१
तिर्यंचगति के बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २२२
छहों संहननों के बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २२५
पंचेन्द्रिय-तिर्यंच-लब्ध्यपर्याप्तकों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २२९
लबध्यपर्याप्तक मनुष्यों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २३०
देवों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २३३
एकेन्द्रियों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २३६
पंचेन्द्रिय पर्याप्तकों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २३८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओघ से काययोगियों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २४२
वेदों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २४७
मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २५५
आभिनिबोधिक-श्रुत-अवधिज्ञानियों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २५८
संयतासंयत जीवों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २६०
छहों लेश्याओं में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २६२
सम्यक्त्वों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २६८
आहारक-अनाहारकों में बन्धकों का क्षेत्र-स्पर्शन २७२

१७. कालानुगम-प्ररूपणा

नाना जीवों की अपेक्षा ओघ से वर्णन २७३
आदेश से नारकियों में बन्धकाल २७४
तिर्यंचों में बन्धकाल २७५
मनुष्यों में बन्धकाल २७६
योगों, काययोगों तथा वेदों में बन्धकाल २७८
मति-श्रुत-अवधिज्ञान, परिहार-विशुद्धिसंयम तथा संयतासंयतों में बन्धकाल २८३
लेश्याओं तथा सम्यक्त्वों में बन्धकाल २८४

१८. अन्तरानुगम-प्ररूपणा

ओघ से अन्तर-निरूपण २८७
आदेश से नारकियों तथा तिर्यंचों में अन्तर २८८
मनुष्यों तथा देवों में अन्तर २८९
योगों में अन्तर २९०
वेदों में अन्तर २९२
आभिनिबोधिक श्रुत, अवधि, मनःपर्यय में अन्तर २९३
लेश्याओं में अन्तर २९४
सम्यग्दृष्टियों में अन्तर २९४

१९. भावानुगम-प्ररूपणा

भावानुगम का निर्देश २९७
ओघ से बन्धकों के भावों का निरूपण २९८
आदेश से नारकियों में बन्धकों के भाव ३०१
तिर्यंचों में बन्धकों के भाव ३०५
एकेन्द्रियों में बन्धकों के भाव ३०७
देवों में बन्धकों के भाव ३०८
काययोगों में बन्धकों के भाव ३०९
वेदों के बन्धकों के भाव ३१२
अपगतवेद में बन्धकों के भाव ३१५
सामायिक, छेदोपस्थापना संयम में बन्धकों के भाव ३१६
तेजोलेश्या में बन्धकों के भाव ३१७
तिर्यंच-मनुष्य-देवायु के बन्धकों के भाव ३१८
उपशमादि सम्यक्त्व में बन्धकों के भाव ३१८
अनाहारकों में बन्धकों के भाव ३२०

२०. स्वस्थानजीव-अल्पबहुत्व-प्ररूपणा

अल्पबहुत्व के भेद ३२१
ओघ से अल्पबहुत्व का निर्देश ३२१
आदेश से नारकियों में अल्पबहुत्व का कथन ३२५
तिर्यंचों में अल्पबहुत्व ३२६
चारों गतियों की आयु के बन्धक जीव ३२७
देवगति के बन्धक जीव ३२८
औदारिक शरीर के बन्धक जीव ३२८
पंचेन्द्रिय तिर्यंच लब्ध्यपर्याप्तकों में जीव ३२९
मनुष्यगति के बन्धक जीव ३२९
दर्शनावरण, साता-असाता, लोभ, संज्वलन तथा नोकषाय के अबन्धक जीव ३३०
चारों गतियों के अबन्धक जीव ३३१
आहारक शरीर के बन्धक जीव ३३७
नामकर्म सम्बन्धी चारों गतियों के अबन्धक जीव ३३७
काययोगियों में बन्धक जीव ३३९
वेदों में बन्धक जीव ३४१
कषाय-अकषायों में बन्धक जीव ३४३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मनुष्य-देव-नरकायु के बन्धक-अबन्धक जीव ३४६
सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, यथाख्यातसंयम एवं संयतासंयतोंमें बन्धक-अबन्धक जीव ३४७
तीन कृष्ण, नील, तेजलेश्याओं में बन्धक-अबन्धक जीव ३४८
अन्य तीन लेश्याओं में बन्धक-अबन्धक जीव ३५०
पाँचों शरीरों, संस्थानों तथा संहननों के बन्धक जीव ३५२
सम्यग्दृष्टियों में बन्धक, अबन्धक जीव ३५३
आनुपूर्वियों में आहारक शरीर के बन्धक-अबन्धक जीव ३५४
वैक्रियिक, तैजस, कार्मण शरीर के बन्धक जीव ३५६
अनाहारकों में बन्धक जीव ३५७
२१. परस्थान-जीव-अल्प-बहुत्व-प्ररूपणा
ओघ से बन्धक जीव ३५८
आदेश से नारकियों में बन्धक जीव ३५९
तिर्यंचों में बन्धक जीव ३६०
मनुष्यों में बन्धक जीव ३६२
देवों में बन्धक जीव ३६३
एकेन्द्रियों में बन्धक जीव ३६५
त्रस पर्याप्तकों में बन्धक जीव ३६६
योगों तथा काययोगियों में बन्धक जीव ३६७
वेदों में बन्धक जीव ३६९
आभिनिबोधिक-श्रुत-अवधिज्ञान में बन्धक जीव ३७१
मनःपर्ययज्ञान में बन्धक जीव ३७२
छहों लेश्याओं में बन्धक जीव ३७३
सम्यग्दृष्टियों में बन्धक जीव ३७५
आहारक-अनाहारकों में बन्धक जीव ३७८
२२. स्वस्थान अद्धा-अल्पबहुत्व-प्ररूप
ओघ से परिवर्तमान प्रकृतियों के बन्धकों का जघन्य-उत्कृष्टकाल ३७९
चौदह जीवसमासों में बन्धकों का काल ३७९
आदेश से नारकियों में बन्धकों का काल ३८३
पंचेन्द्रिय तिर्यंचों तथा मनुष्यों में बन्धकों का काल ३८४
एकेन्द्रियों में बन्धकों का काल ३८५
काययोगियों में बन्धकों का काल ३८६
सम्यग्दृष्टियों, मति-श्रुत-अवधि मनःपर्ययज्ञान में बन्धकों का काल ३८७
छहों लेश्याओं में बन्धकों का काल ३८७
२३. परस्थान-अद्धा-अल्पबहुत्व-प्ररूपणा
परिवर्तमान सत्रह प्रकृतियों के बन्धकों का काल ३८८
आदेश से नारकियों में बन्धकों का काल ३८९
मनुष्य-तिर्यंचायु के बन्धकों का जघन्य काल ३९०
लेश्याओं में बन्धकों का काल ३९३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाबंधस्स

पयडिबंधो

पढमो अत्थाहियारो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मंगल-स्मरणम्

बारह-अंगगिज्झा वियलिय-मल-मूढ-दंसणुत्तिलया ।
विविह-वर-चरण-भूसा पसियउ सुय-देवया सुइरं ॥ १ ॥

❀

जयउ धरसेणणाहो जेण महाकम्मपयडि-पाहुडसेलो ।
बुद्धिसिरेणुद्धरिओ समप्पिओ पुप्फयंतस्स ॥ २ ॥

❀

पणमह कय-भूय-बलिं भूयबलिं केस-वास-परिभूय-बलिं ।
विणिहय-बम्मह-पसरं वड्ढाविय-विमल-णाण-बम्मह-पसरं ॥ ३ ॥

❀

भूतबलिप्रणीतं तं बन्धतत्त्वप्रकाशकम् ।
महाधवलविख्यातं महाबन्धं नमाम्यहम् ॥ ४ ॥

❀

सिद्धानां कीर्त्तनादन्ते यः सिद्धान्त-प्रसिद्ध-वाक् ।
सोऽनाद्यनन्तसंतानः सिद्धान्तो नोऽवताच्चिरम् ॥ ५ ॥

❀

जिणवयणमोसहमिणं विसयसुह-विरेयणं अमिदभूयं ।
जर-मरण-वाहिहरणं खयकरणं सव्वदुक्खाणं ॥ ६ ॥

जयउ सुय-देवदा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिरि भगवंतभूदबलिभडारयपणीदो

महाबंधो

[पढमो पयडिबंधाहियारो]

[अनुवादकर्त्ताका मंगल]

महाधवल नामसे प्रसिद्ध इस महाबन्ध महाशास्त्रकी टीकानिर्माणका कठिन कार्य निर्दोष तथा निरन्तराय सम्पन्न हो, इस कामनासे वेदनाखण्डकी धवलाटीकाके प्रारम्भमें वीरसेनाचार्यकृत मंगलगाथाओं-द्वारा पंच-परमेष्ठीका पुण्य-स्मरण किया जाता है—

सिद्धा दड्ढट्ठमला विसुद्धबुद्धीय लद्धसव्वत्था ।
तिहुवण-सिर-सेहरया पसियंतु भडारया सव्वे ॥ १ ॥

अर्थ—जिन्होंने ज्ञानावरणादि अष्ट प्रकारके कर्ममलको दग्ध कर दिया है, जिन्होंने विशुद्ध बुद्धि-केवलज्ञान-द्वारा समस्त पदार्थोंकी उपलब्धि की है-उनका पूर्ण बोध प्राप्त किया है, जो त्रिभुवनके मस्तकपर मुकुटके समान विराजमान हैं, वे सम्पूर्ण सिद्ध भट्टारक प्रसन्न होवें।

भावार्थ—आत्माका सहज स्वभाव अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त सुख तथा अनन्त वीर्य है। मोहनीय ज्ञानावरणादि कर्मोंका मल आत्मामें अनादिसे लगा हुआ है, जिससे यह संसारी आत्मा जगत्में परिभ्रमण किया करती है। सिद्ध भगवान्ने उस कर्ममलका ध्वंस कर दिया है। विशुद्धज्ञानके कारण समस्त पदार्थोंका बोध होता है। जिस प्रकार दर्पणके तलसे मल दूर होनेपर बाह्य वस्तुएँ स्वयमेव दर्पणकी निर्मलताके कारण उसमें प्रतिबिम्बित होती हैं, उसी प्रकार कर्ममलरहित आत्मामें स्वतः सर्व पदार्थ झलकते हैं।

निर्मल तथा पूर्णबोधयुक्त होनेसे तथा कर्ममलरहित होनेके कारण सिद्ध परमात्मा जगत्में श्रेष्ठ हैं। उनके द्वारा विश्व शोभित होता है। वे लोकके अग्रभागमें विद्यमान ईषत्प्राग्भार पृथ्वीके ऊपर अवस्थित हैं और ऐसे मालूम पड़ते हैं मानो त्रिभुवनके मस्तकपर मुकुट ही हों। यहाँ लोककी पुरुषाकृतिको दृष्टिमें रखकर सिद्धोंको मुकुट कहा गया है।

सिद्ध परमात्माकी निवासभूमिके विषयमें तिलोयपण्णत्तिमें इस प्रकार कथन किया गया है, "सर्वार्थसिद्धि इन्द्रक विमानके ध्वज-दण्डसे द्वादश योजन मात्र ऊपर जाकर आठवीं पृथ्वी स्थित है। उसके उपरिम और अधस्तन तलमें-से प्रत्येकका विस्तार पूर्व-पश्चिममें

---

१. "सिद्धा णट्ठट्ठमला विसुद्धबुद्धीय लद्धसब्भावा·····"-प्रा० सिद्धभ० श्लो० ५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूपरहित एक राजू है। वेत्रासनके सदृश वह पृथ्वी उत्तर-दक्षिण भागमें कुछ कम सात राजू लम्बी तथा आठ योजन बाहुल्यवाली है। यह पृथ्वी घनोदधि, घनवात और तनुवात इन तीन वायुओंसे युक्त है। इनमें प्रत्येक वायुका बाहुल्य बीस हजार योजन प्रमाण है (८--६५४, ति० प०)।"

इसके बहुमध्य भागमें चाँदी तथा सुवर्णके समान नाना रत्नोंसे परिपूर्ण ईषत् प्राग्भार नामका क्षेत्र है। यह क्षेत्र ऊर्ध्वमुखयुक्त धवल छत्रके समान सुन्दर और पैंतालीस लाख योजन प्रमाण विस्तारसहित है। उसका मध्य बाहुल्य अष्ट योजन और अन्तमें एक अंगुल-मात्र है। अष्टम भूमिमें स्थित सिद्ध क्षेत्रकी परिधि मनुष्य क्षेत्रकी परिधिके समान है। (गाथा ६५२ से ६५८ पृ० ८६४ ति० प०)

त्रिलोकसारमें अष्टम पृथ्वीको ईषत्प्राग्भारा कहा है—

त्रिभुवन-मूर्धारूढा ईषत्प्राग्भारा धराष्टमी रुन्द्रा।
दीर्घा एक-सप्तरज्जू अष्टयोजन-प्रमितबाहुल्या ॥ ५५६ ॥

त्रिलोकसारके शिखरपर स्थित ईषत्प्राग्भारा नामकी आठवीं पृथ्वी है। वह एक राजू चौड़ी, सात राजू लम्बी तथा आठ योजन प्रमाण बाहुल्य युक्त है।

उस पृथ्वीके मध्यमें जो सिद्धक्षेत्र छत्राकार कहा है, उसका वर्ण त्रिलोकसारमें चाँदीका बताया है।

तन्मध्ये रूप्यमयं छत्राकारं मनुष्यमही-व्यासम्।
सिद्धक्षेत्रं मध्येऽष्टवेधक्रमहीनं बाहुल्यम् ॥ ५५७ ॥

इस सिद्धक्षेत्रके ऊपर तनुवातवलयमें अष्टगुणयुक्त तथा अनन्त सुखसे सन्तुष्ट सिद्ध भगवान् रहते हैं। आठवीं पृथ्वीके ऊपर सात हजार पचास धनुष जाकर सिद्धोंका निवास है।

राजवार्तिकके अन्तमें लिखा है—

तन्वी मनोज्ञा सुरभिः पुण्या परमभासुरा।
प्राग्भारा नाम वसुधा लोकमूर्ध्नि व्यवस्थिता ॥ १९ ॥
नृलोकतुल्यविष्कम्भा सितच्छत्रनिभा शुभा।
ऊर्ध्वं तस्याः क्षितेः सिद्धाः लोकान्ते समवस्थिताः ॥ २० ॥

त्रिलोकसारके मस्तकपर स्थित प्राग्भारा नामकी पृथिवी है जो तन्वी अर्थात् स्थूलता-रहित है, मनोज्ञ है, सुगन्धयुक्त है, पवित्र है तथा अत्यन्त देदीप्यमान है।

वह पृथ्वी नरलोक तुल्य विस्तारयुक्त है। श्वेत वर्णके छत्र समान तथा शुभ है। उस पृथ्वीके ऊपर लोकके अन्तमें सिद्ध भगवान् विराजमान हैं। सकलज्ञ सिद्धोंका निवास-स्थल ही यथार्थमें ब्रह्मलोक है। धवलवर्णयुक्त निर्वाण-स्थलमें महाधवल परणतियुक्त परमात्माका निवास पूर्णतया सुसंगत प्रतीत होता है।

सिद्ध भगवानने राग-द्वेष, मोहादि विभावोंका त्याग कर स्वभावकी उपलब्धि की है। वे वीतराग हो चुके हैं। किसीकी स्तुतिसे वे प्रसन्न नहीं होते और न निन्दासे खिन्न ही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होते हैं। वे राग-द्वेषकी दुविधाके चक्करसे परे पहुँच चुके हैं। ऐसी व्यवस्था होते हुए मंगलगाथामें सिद्ध परमात्मासे प्रसन्नताकी प्रार्थनाका क्या रहस्य है? यह विशेष विचारणीय है। यदि भगवान् यथार्थमें प्रसन्न हो गये, तो उनकी वीतरागता कहाँ रही और यदि वे प्रसन्न न हुए, तो प्रसन्नताकी प्रार्थना अप्रयोजनीक ठहरती है।

यथार्थ बात यह है कि प्रसन्न—निर्मलभावपूर्वक प्रभुकी आराधना करनेवाला भक्त उपचारसे प्रभुमें प्रसन्नताका आरोप करता है।

आचार्य विद्यानन्दी आप्तपरीक्षामें लिखते हैं—वीतरागमें क्रोधके समान सन्तोषलक्षण प्रसादकी भी सम्भावना नहीं है। अतः प्रसन्न अन्तःकरण-द्वारा प्रभुकी आराधना करना वीतरागकी प्रसन्नता मानी जाती है। इसी अपेक्षासे भगवान्को प्रसन्न कहते हैं, जैसे प्रसन्न अन्तःकरणपूर्वक रसायनका सेवन करके नीरोग व्यक्ति कहता है कि रसायनके प्रसादसे मैं नीरोग हुआ हूँ, उसी प्रकार प्रसन्न चित्तवृत्तिपूर्वक वीतराग प्रभुकी आराधनासे इष्टसिद्धि प्राप्त कर भक्त उपचारसे कहता है कि परमात्माके प्रसादसे मेरा मनोरथ पूर्ण हुआ है[1]।

इसी दृष्टिसे वीतराग सिद्ध परमात्मासे प्रसन्नताकी प्रार्थना की गयी है।

तिहुवण-भवणप्पसरिय-पच्चक्खवबोह-किरण-परिवेदो।
उइओ वि अणत्थवणो अरहंत-दिवायरो जयऊ[2] ॥ २ ॥

अर्थ—वे अरहन्त भगवान्रूपी सूर्य जयवन्त हों, जो तीन लोकरूपी भवनमें फैली हुई ज्ञानकिरणोंसे व्याप्त हैं, तथा जो उदित होते हुए भी अस्तको प्राप्त नहीं होते हैं।

भावार्थ—यहाँ अरहन्त भगवान्की सूर्यके साथ तुलना की है। सूर्य स्वपरप्रकाशक है। अरहन्त भगवान्का केवलज्ञान भी स्वपरप्रकाशक है। लोकप्रसिद्ध सूर्यकी अपेक्षा अरहन्त-सूर्यमें विशेषता है। लौकिक सूर्य जब कि मध्यलोकके थोड़े-से प्रदेशको आलोकित करता है, तब अरहन्त सूर्य सकल विश्वको प्रकाशित करता है। सूर्यका उदय और अस्त होता है, किन्तु केवलज्ञान सूर्यका उदय तो होता है, पर अस्त नहीं। जब कैवल्यका प्रकाश आत्मामें उत्पन्न हो चुका, तब उस सर्वज्ञ आत्माकी ज्ञानज्योतिको कर्मपटल पुनः कैसे ढाँक सकेंगे? अतः केवलज्ञानसूर्य उदययुक्त होते हुए भी अस्तरहित है। वह अनन्तकाल पर्यन्त प्रकाशित रहता है। अरहन्तसूर्यकी किरणें ज्ञानात्मक हैं, लौकिक सूर्यकी किरणें पौद्गलिक हैं।

ति-रयण-खग्ग-णिहाएणुत्तारिय-मोह-सेण्ण-सिर-णिवहो।
आइरिय-राउ पसियउ परिवालिय-भविय-जिय-लोओ॥ ३ ॥

---

१. "प्रसादः पुनः परमेष्ठिनस्तद्विनेयानां प्रसन्नमनोविषयत्वमेव, वीतरागाणां तुष्टिलक्षणप्रसादासंभवात् कोपासंभववत्। तदाराधकजनैस्तु प्रसन्नेन मनसोपास्यमानो भगवान् प्रसन्न इत्यभिधीयते रसायनवत्। यथैव हि प्रसन्नेन मनसा रसायनमासेव्य तत्फलमाप्नुवन्तः सन्तो रसायनप्रसादादिदमस्माकमारोग्यादिफलं समुत्पन्नमिति प्रतिपद्यन्ते तथा प्रसन्नेन मनसा भगवन्तं परमेष्ठिनमुपास्य तदुपासनफलं श्रेयोमार्गाधिगमलक्षणं प्रतिपद्यमानास्तद्विनेयजनाः भगवत्परमेष्ठिनः प्रसादादस्माकं श्रेयोमार्गाधिगमः सम्पन्न इति समनुमन्यन्ते।"—आप्तप० पृ० २,३। २. "नास्तं कदाचिदुपयासि न राहुगम्यः स्पष्टीकरोषि सहसा युगपज्जगन्ति॥ नाम्भोधरोदरनिरुद्धमहाप्रभावः सूर्यातिशायिमहिमासि मुनीन्द्रलोके॥"—भक्तामर० श्लो० १७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थ—जिन्होंने रत्नत्रयरूपी खड्गके प्रहारसे मोहरूपी सेनाके शिर-समूहका नाश कर दिया है तथा भव्य-जीव-लोकका परिपालन किया है वे आचार्य महाराज प्रसन्न होवें।

भावार्थ—यहाँ आचार्य महाराजकी राजासे तुलना की गयी है। जैसे कोई प्रतापी राजा अपनी प्रचण्ड तलवारके प्रहारसे शत्रुसैन्यका नाश करता है, उसी प्रकार आचार्य परमेष्ठी सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्र रूपी अजेय खड्गसे मोहरूपी सेनाके मस्तकोंका नाश करते हैं। जिस प्रकार राजा अत्याचारीका अन्त करके धर्मपरायण प्रजाका रक्षण करता है, उसी प्रकार आचार्य महाराज मोहका ध्वंस करके भव्यात्माओंका रक्षण करते हैं। मोहके कारण संसारमें भव्य जीव बहुत कष्ट पा रहे थे। आचार्य महाराजने रत्नत्रयसे अपनी आत्माको सुसज्जित करके अपनी पुण्य अभय वाणी तथा जीवनदात्री लेखनीके द्वारा जो वीतरागताकी धारा बहायी, उससे भव्यात्माओंके अन्तःकरणमें जो मोहका आतंक था, वह दूर हुआ और उन्होंने अपने निज रूपकी उपलब्धि की। भव्यात्माओंको जब भी मोहका आतंक व्यथा पहुँचाता है, तब ही वे आचार्य परमेष्ठीके चरणोंका आश्रय ले अभय अवस्थाको प्राप्त होते हैं।

अण्णाणयंधयारे अणोरपारे भमंत-भवियाणं।
उज्जोवो जेहि कओ पसियंतु सया उवज्झाया ॥ ४ ॥

अर्थ—जिसके ओर-छोरका पता नहीं है, ऐसे अज्ञान-अन्धकारमें भटकनेवाले भव्य-जीवोंको जिन्होंने प्रकाश प्रदान किया है वे उपाध्याय प्रसन्न होवें।

भावार्थ—यहाँ अज्ञानको अन्धकारकी उपमा दी गयी है। जिस प्रकार चक्षुष्मान् व्यक्ति प्रकाशरहित स्थलमें अन्धेकी भाँति आचरण करता है, उसी प्रकार सम्यक्ज्ञानज्योतिके अभावमें यह जीव परद्रव्यको स्व मानकर तथा आत्मतत्त्वको अनात्म पदार्थ मानकर अन्धेके समान प्रवृत्ति करता है। इस मिथ्याज्ञानरूप अन्धकारके आदि-अन्तका पता नहीं चलता है। वह अपार है। उसमें भव्य जीव भटक रहे हैं और परको अपना मानकर दुःखी हो रहे हैं। यह मिथ्याज्ञानका ही प्रभाव है कि जीव कल्याणके मार्गको न पाकर चौरासी लाख योनियोंमें परिभ्रमण करता फिरता है। जैसे अन्धकारमें भटकनेवाले जीवोंको प्रकाशका दर्शन होते ही हित-मार्ग सूझने लगता है, उसी प्रकार उपाध्याय परमेष्ठीके प्रसादसे सम्यक्ज्ञानका प्रकाश प्राप्त होता है, जिससे यह मोहान्ध प्राणी पंच परावर्तनरूप संसारका परिभ्रमण छोड़कर शाश्वतिक शान्तिमय शिवपुरकी ओर उन्मुख हो जाता है।

उपाध्यायके समीप सविनय आकर भव्यात्माएँ आगमका अभ्यास करती हैं, और सम्यक्ज्ञानका लाभ करती हैं, इस कारण अज्ञान अन्धकार निवारण करनेवाले उपाध्याय परमेष्ठीसे प्रसन्नताकी प्रार्थना की गयी है।

दुह-तिव्व-तिसा-विणदिय-तिहुवण-भवियाण सुट्ठुराएण।
परिठविया धम्म-पवा सुअ-जल-वाणप्पयाणेण ॥ ५ ॥

---

१. "अण्णाणघोरतिमिरे दुरंततीरम्हि हिंडमाणाणं। भवियाणुज्जोयपरा उवज्झाया वरमदिं देंतु ॥" —ति० प० गा० ४। २. "विनयेनोपेत्य यस्माद् व्रतशीलभावनाधिष्ठानादागमं श्रुताख्यमधीयते स उपाध्यायः।"—त० रा०, पृ० २४६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थ—दुःखरूप तीव्र प्याससे पीड़ित तीनलोकके भव्योंके प्रति प्रशस्त रागवश जिन्होंने श्रुतज्ञानरूपी जल पिलानेके लिए धर्मरूप प्रपा-प्याऊ स्थापित की है, वे [1]उपाध्याय सदा प्रसन्न होवें।

भावार्थ—इस जगत्के प्राणियोंको विषयोंकी लालसासे जनित सन्ताप सदा दुःखी करता है। महान् पुण्यशाली देवेन्द्र, चक्रवर्ती आदि भी विषयतृष्णाके तापसे नहीं बच सके हैं। उनकी तृष्णाग्नि तो और अधिक प्रज्वलित रहती है। इस तृष्णाकी शान्तिके लिए यह जीव विषयोंका सेवन करता है, किन्तु इससे वेदना तनिक भी न्यून न होकर उत्तरोत्तर वृद्धिगत हुआ करती है। जिस प्रकार पिपासाकुल व्यक्तियोंकी तृषानिवृत्ति-निमित्त उदार पुरुष प्याऊकी व्यवस्था करते हैं, जिससे सबको मधुर शीतल जलकी प्राप्ति हो, उसी प्रकार उपाध्याय परमेष्ठीने परम करुणाभावसे विषयोंकी तृष्णासे सन्तप्त भव्योंके कल्याणार्थ श्रुतज्ञानरूप प्रपा स्थापित की है। उनके द्वारा शास्त्रका उपदेश होते रहनेसे तथा आगमका शिक्षण होनेसे भव्यात्माओंकी विषयतृष्णा कम होती जाती है और वे आत्मोन्मुख बनकर विषयोंकी आशा ही नहीं करती हैं। श्रुतज्ञान प्रपाके जलका पान करनेसे भोगोंकी अभिलाषारूप तृषा दूर होती है तथा आत्मा, स्वरूपकी उपलब्धि कर, महान् शान्तिका लाभ करती है। द्वादशांगरूप महाशास्त्र-सिन्धुमें अवगाहन कर अपनी पिपासाकी शान्ति साधारण आत्माएँ नहीं कर पाती हैं, अतः उनके हितार्थ प्रपा बनायी गयी, जहाँ अपनी मन्दमतिरूपी चुल्लूमें श्रुतरूपी पानी भरकर आत्मा पिपासाकी शान्ति करती है। जितना-जितना यह जीव श्रुतज्ञानके रसका पान करता है और अपनी आत्माको तृप्त करता है, उतना-उतना वह सन्तापमुक्त हो शान्ति लाभ करता है।

---

१. शंका—राग परिणाम मोहनीय कर्मका भेद है। मोहनीय कर्म घातिया कर्मोंमें प्रमुख है। घातिया कर्म जब पाप प्रकृतियोंमें अन्तर्भूत हैं, तब रागभाव भी पापप्रकृति रूप स्वयं सिद्ध होता है। अतएव पाप-प्रकृति रूप राग परिणामको 'सुट्ठु' (शुभ) रूप कहना कैसे उचित होगा ?

समाधान—इस विषयमें सन्देह निवारण हेतु महर्षि कुन्दकुन्द स्वामीके प्रवचनसारसे प्रकाश प्राप्त होता है। वहाँ ज्ञेयाधिकारमें रागभावके शुभ तथा अशुभ रूप भेद कहे गये हैं—"सुहो व असुहो हवदि रागो ॥ (१८०) उक्त ग्रन्थके चारित्र अधिकारमें लिखा है—"रागो पसत्थभूदो" (२५५) राग प्रशस्त रूप होता है। अतः राग परिणाम प्रशस्त रूप भी होता है, यह कथन आगमके प्रतिकूल नहीं है। रागको शुभ या प्रशस्त कहनेका कारण यह है कि उसके द्वारा पुण्य कर्मका बन्ध होता है। जिस रागात्मक चित्त-वृत्तिके द्वारा पुण्य कर्मका बन्ध होता है उस पुण्यबन्धके उत्पादक राग भावको आगममें शुभ राग या प्रशस्त राग माना गया है। शुभ भाव पुण्यबन्धका कारण कहा गया है। कुन्दकुन्द स्वामीने लिखा है—

सुहपरिणामो पुण्णं असुहो पावत्ति भणियमण्णेसु।
परिणामो णण्णगदो दुक्खक्खयकारणं समये ॥ १८१ ॥

—प्रवचनसार

शुभ परिणाम रूप रागभावसे पुण्यका बन्ध होता है और अशुभ भावसे पापका बन्ध होता है। अन्यमें रमण न करनेवाला शुद्धभाव आगममें समस्त दुःखोंके क्षयका कारण कहा गया है।

इस कारण शुभ रागभावसे प्रेरित होकर उपाध्याय परमेष्ठी दुःखी जीवोंका सन्ताप दूर करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संधारिय-सीलहरा उत्तारिय-चिरपमाद-दुस्सीलभरा ।
साहू जयंतु सव्वे सिवसुह-पह-संठिया हु णिग्गलियभया[1] ॥ ६ ॥

अर्थ—जिन्होंने शीलरूप हारको धारण किया है, चिरकालीन प्रमाद तथा कुशीलके भारको दूर कर दिया है, जो शिव-सुखके मार्गमें स्थित हैं तथा निर्भीक हैं, वे सर्व साधु जयवन्त हों।

भावार्थ—हारके धारण करनेसे कण्ठ शोभनीक मालूम पड़ता है, इसीलिए साधुओंने शीलरूप हारसे अपने कण्ठको भूषित किया है। कण्ठमें स्थित हार प्रत्येकके देखनेमें आता है, साधुओंकी दिगम्बर वृत्ति होनेके कारण उनके शीलरूपी हारको प्रत्येक व्यक्ति देख सकता है। प्रायः संसारी जन प्रमाद तथा कुशील (अनात्मभाव) में निमग्न रहा करते हैं किन्तु मुनिराज प्रमादोंका परित्याग करते हैं तथा ब्रह्मचर्यमें निमग्न रहनेके कारण कुशील रूप विकारी भावसे दूर रहते हैं। निरन्तर कर्मशत्रुओंका संहार करनेमें संलग्न रहनेके कारण उनके पास प्रमादका अवसर ही नहीं आता है। आत्मकल्याणमें वे सदा सावधान रहते हैं। महर्षि पूज्यपाद[2] के शब्दोंमें वे मुनिराज बोलते हुए भी मौनीके समान रहते हैं, गमन करते हुए भी नहीं गमन करते हुए सरीखे हैं, देखते हुए भी नहीं देखते हुए सदृश हैं, कारण उन्होंने आत्मतत्त्वमें स्थिरता प्राप्त की है। सम्पूर्ण परिग्रहका परित्याग करके तथा सकल संयमको अंगीकार करनेके कारण वे निराकुलतापूर्ण यथार्थ निर्वाण सुखके मार्गमें प्रवृत्त हैं। उन्हें जीवनकी न ममता है, न मृत्युका भय है। तिलतुषमात्र भी परिग्रह न रहनेसे किसी प्रकारकी भीति नहीं है। वे आत्माको अजर-अमर तथा अविनाशी आनन्दका भण्डार समझ भयमुक्त रहते हैं। ऐसी उज्ज्वल आत्माओंके प्रसादसे अनुवादक निर्विघ्न रूपसे ग्रन्थसमाप्तिके लिए मंगलकामना करता है।

[मूलग्रन्थका मंगल]

महाकर्म-प्रकृति-प्राभृतके प्रारम्भमें गौतम गणधर-द्वारा विरचित मंगलको वहाँसे उद्धृत कर भूतबलि आचार्य इस शास्त्रका मंगल मान ग्रन्थारम्भ करते हैं। द्रव्यार्थिक नयाश्रित भव्य[3] जीवोंके अनुग्रहार्थ गौतम स्वामी सूत्रका प्रणयन करते हुए कहते हैं—

णमो जिणाणं[4] ॥ १ ॥

अर्थ—जिन भगवान्को नमस्कार हो।

विशेषार्थ—'जिन' शब्दसे तात्पर्य उन श्रेष्ठ आत्माओंसे है, जिन्होंने सम्पूर्ण आत्मप्रदेशोंमें निबिड रूपसे निबद्ध घातियाकर्मरूप मेघपटलको दूर करके अनन्तज्ञान, अनन्त-

---

१. "धीरधरियसीलमाला वरगयराया जसोहपडहत्था। बहु-विणय-भूसियंगा सुहाइं साहू पयच्छंतु ॥"—ति० प० गा० ५। २. "ब्रुवन्नपि हि न ब्रूते गच्छन्नपि न गच्छति। स्थिरीकृतात्मतत्त्वस्तु पश्यन्नपि न पश्यति ॥"—इष्टोप० श्लो० ४१। ३. "एवं दव्वट्ठिय-जणाणुग्गहणट्ठं णमोक्कारं गोदमभडारओ महाकम्मपयडिपाहुडस्स आदिहि काऊण....."—ध० टी०। ४. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं, णमो जिणाणं।"....—भ० क० य० १। "ॐ ह्रीं जिणाणं...." —भ० क० य० २।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दर्शन[1], अनन्त-दानादि नव केवल लब्धियोंको प्राप्त किया है, जिन्होंने अनेक विषम भवोंके गहन दुःख प्रदान करनेवाले कर्मशत्रुओंको जीता है—निर्जरा की है, वे जिन हैं। जिन्होंने घातिया कर्मोंका नाश किया है वे सकल अर्थात् पूर्णरूपसे जिन कहलाते हैं। उनमें अरहन्त और सिद्ध गर्भित हैं। आचार्य, उपाध्याय तथा साधु एकदेश जिन कहे जाते हैं।

शंका—इसपर विशेष प्रकाश डालनेकी दृष्टिसे सूत्रके टीकाकार वीरसेनाचार्य कहते हैं – यह सूत्र क्यों कहा गया ?

समाधान—मंगलके लिए कहा गया है। पुनः प्रश्न उठता है कि मंगल क्या है ? पूर्व-संचित कर्मोंका विनाश मंगल है।

शंका—यदि मंगलका यह भाव है, तो यह सूत्र निष्फल है। कारण, जिनेन्द्रके मुखसे विनिर्गत है अर्थ जिसका, जो अविसंवादसे केवलज्ञानके समान है तथा वृषभसेनादि गणधर देवोंके द्वारा जिनकी शब्दरचना की गयी है ऐसे सर्व सूत्रोंके पठन, मनन तथा क्रियामें प्रवृत्त सम्पूर्ण जीवोंके प्रतिसमय असंख्यात गुणश्रेणी रूपसे पूर्व संचित कर्मोंकी निर्जरा होती है। कदाचित् यह मंगलसूत्र सफल है, तो ग्रन्थरूप सूत्रका अध्ययन निष्फल है, क्योंकि उससे उत्पन्न कर्मक्षयकी उपलब्धि इसके ही द्वारा हो जायेगी।

समाधान—यह ठीक नहीं है। सूत्राध्ययन-द्वारा सामान्यरूपसे कर्मोंकी निर्जरा होती है, किन्तु इस मंगल सूत्रसे स्वाध्यायमें विघ्नकारक कर्मका नाश होता है। इस कारण मंगल सूत्रका प्रारम्भ हुआ।

शंका—तीव्र कषाय, इन्द्रिय तथा मोहका विजय करनेसे सकल जिनोंका नमस्कार पापनाशक हो, कारण उनमें सम्पूर्ण गुणोंका सद्भाव पाया जाता है, किन्तु यह बात देशजिनोंमें नहीं पायी जाती। अतः 'णमो जिणाणं' सूत्र-द्वारा अरहन्त–सिद्धके सिवाय आचार्य, उपाध्याय और साधु परमेष्ठीका नमस्कार मानना युक्तियुक्त नहीं है।

---

१. "सकलात्मप्रदेश - निबिड - निबद्धघातिकर्ममेघपटलविघटनप्रकटीभूतानन्तज्ञानादिनवकेवललब्धिवान् जितः।" –गो० जी० जी० प्र०। "अनेकविषमभवगहनदुःखप्रापणहेतून् कर्मारातीन् जयन्ति, निर्जरयन्तीति जिनाः॥" –गो० जी० मं० प्र० टी०। २. किमट्ठमिदं वुच्चदे ? मंगलट्ठं। किं मंगलं ? पुव्वसंचियकम्मविणासो। जदि एवं तो जिणवयणविणिग्गयत्थादो अविसंवादेण केवलणाणसमाणादो उसहसेणादिगणहरदेवेहि विरइयगंथरयणादो सव्वसुत्तादो तप्पडण-गुणण-किरियाव्वावदाणं सव्वजीवाणं पडिसमयमसंखेज्जगुणसेडीए पुव्वसंचिदकम्मणिज्जरा होदि त्ति णिप्फलादिसुत्तमिदं। अह सफलमिदं, णिप्फलं सुत्तज्झयणं, तत्तो समुव्वजायमाणकम्मक्खयस्स एत्थेवोवलंभो त्ति। ण एस दोसो, सुत्तज्झयणेण सामण्णकम्मणिज्जरा कीरदे एदेण पुण सुत्तज्झयण–विग्घ–फल–कम्मविणासो कीरदि त्ति, भिण्णविसयत्तादो सुत्तज्झयणविग्घफलकम्मविणासो सामण्णकम्मविरोहसुत्तब्भासादो चेव होदि त्ति मंगलसुत्तारंभो।....जिणा दुविहा सयल–देसजिणभेएण। खवियघाइकम्मा सयलजिणा। के ते ? अरिहंतसिद्धा। अवरे आइरिय–उवज्झाय-साहू देसजिणा, तिव्वकसाय-इंदियमोहविजयादो।" –ध० टी० वे०। ३. "सयलासयलजिणट्ठिदितिरयणाणं ण समाणत्तं, संपुण्णासंपुण्णाणं समाणत्तविरोहादो। संपुण्ण–तिरयणकज्जमसंपुण्ण-तिरयणाणि ण करेंति, असमाणत्तादो त्ति। ण, दंसणणाण-चरणाणमुप्पण्णसमाणत्तुवलंभादो। ण च असमाणाणं कज्जं असमाणमेवेत्ति णियमो अत्थि, संपुण्णग्गिणा कीरमाणदाहकज्जस्स तदवयवेहि उवलंभादो। अमियघडसएण कीरमाण णिव्विसीकरणादिकज्जस्स अमिय–चुलवेहि उवलंभादो वा। ण च तिरयणाणं देसजिणट्ठियाणं सयलजिणट्ठिएहि भेओ। एवं.....गोदमभडारओ महाकम्मपयडिपाहुडस्स पज्जवट्ठियणयाणुग्गहणट्ठमुत्तरसुत्ताणि भणदि।"–ध० टी० वेदना० प० ६२३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समाधान—रत्नत्रयकी अपेक्षा पाँचों परमेष्ठी समान हैं, कारण सकल जिनोंके समान एकदेश जिनोंमें भी रत्नत्रय विद्यमान हैं। देवत्वके लिए रत्नत्रयके सिवाय अन्य कारण नहीं है। इससे सकल जिनोंके समान देशजिनोंका नमस्कार भी कर्मक्षयकारी जानना चाहिए।

शंका—सकल और असकल जिनोंके रत्नत्रयमें समानता नहीं पायी जाती है। सम्पूर्ण सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्ररूप रत्नत्रय और असम्पूर्ण रत्नत्रयमें समानताका विरोध है। सम्पूर्ण रत्नत्रयका कार्य असम्पूर्ण रत्नत्रय नहीं करते, कारण वे असमान हैं। ज्ञान, दर्शन और चारित्रमें समानताकी उपलब्धि नहीं पायी जाती है ?

समाधान— असमानोंका कार्य असमान ही होता है, ऐसा कोई नियम नहीं है। सम्पूर्ण अग्निके द्वारा क्रियमाण दाह-कार्यकी उपलब्धि उसके अवयवमें भी देखी जाती है। अमृतके शतघटों-द्वारा सम्पादित किया जानेवाला निर्विषीकरणरूप कार्य चुल्लू-भर अमृतमें भी पाया जाता है। रत्नत्रयकी अपेक्षा देश तथा सकल जिनोंमें भेद नहीं पाया जाता है।

अब पर्यायार्थिक नयाश्रित जीवोंके कल्याणार्थ गौतमस्वामी आगामी सूत्रोंको कहते हैं—

णमो ओहिजिणाणं ॥ २ ॥

अर्थ—अवधिज्ञानी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—यहाँ 'जिन' शब्दकी अनुवृत्ति आगे भी करनी चाहिए। अवधिज्ञानी देव, नारकी, मनुष्य तथा तिर्यंच भी होते हैं। उन सबको नमस्कार करनेसे क्या कर्मोंकी निर्जरा हो सकती है ? उससे तो कर्मोंका बन्ध ही होगा। 'जिन' शब्दका ग्रहण करनेसे ऐसी आशंकाका निराकरण हो जाता है। इससे रत्नत्रयसे भूषित अवधिज्ञानियोंको नमस्कार करना यहाँ इष्ट है।

णमो परमोहिजिणाणं[1] ॥ ३ ॥

अर्थ—परमावधिज्ञानधारी जिनोंको नमस्कार हो।

णमो[3] सव्वोहिजिणाणं ॥ ४ ॥

अर्थ—सर्वावधिज्ञानधारी जिनोंको नमस्कार हो।

णमो अणंतोहिजिणाणं[4] ॥ ५ ॥

अर्थ—अनन्त अवधिवाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—अनन्त है अवधि-मर्यादा जिसकी, ऐसे केवलज्ञानधारक अनन्तावधि जिनोंको नमस्कार हो।

---

१. परमावधयश्च ते जिनाश्च परमावधिजिनाः तेभ्यो नमः। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमोहिजिणाणं....." —भ०क०य०२। "ॐ ह्रीं अर्हं णमोहिबुद्धीणं"—भ०क०य०१२। ३. 'ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोहिजिणाणं....."—भ०क०य०४। ४. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अणंतोहिजिणाणं....."—भ०क०य०५। ५. अन्तश्च अवधिश्च अन्तावधिः। न विद्यतेऽन्तो यस्य सः अनन्तावधिः। अभेदाज्जीवस्यापीयं संज्ञा। अनन्तावधयश्च ते जिनाश्च अनन्तावधिजिनाः तेभ्यो नमः। अणंतोहिजिणा णाम केवलणाणिणो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो कोट्ठबुद्धीणं ॥ ६ ॥

अर्थ—कोष्ठबुद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिस प्रकार किसी कोठेमें पृथक्-पृथक् तथा सुरक्षित बहुत-से धान्यके बीजोंका संग्रह रहता है, उसी प्रकार कोष्ठबुद्धिनामक ऋद्धिमें परोपदेशके बिना ही तत्त्वोंके अर्थ, ग्रन्थ तथा बीजोंका अवधारण करके पृथक्-पृथक् अवस्थान किया जाता है। इस बुद्धिमें कोष्ठके समान भिन्न-भिन्न बहुत तत्त्वोंकी अवधारणा रहती है (त०रा० अ०३, पृ० १४३)।

तिलोयपण्णत्तिमें कहा है कि उत्कृष्ट धारणासम्पन्न कोई पुरुष गुरुके उपदेशसे नाना प्रकारके ग्रन्थोंसे विस्तारपूर्वक लिंगसहित शब्दरूप बीजोंको अपनी बुद्धिसे ग्रहण करके बिना मिश्रणके अपनी बुद्धिरूपी कोठेमें धारण करता है, उसे कोष्ठबुद्धि कहते हैं (पृ० २७२)।

णमो बीजबुद्धीणं[2] ॥ ७ ॥

अर्थ—बीजबुद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जैसे सम्यक् प्रकार हल-बखरसे तैयार की गयी उपजाऊ भूमिमें योग्य कालमें बोया गया एक भी बीज बहुत बीजोंको उत्पन्न करता है, उसी प्रकार नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशम-प्रकर्षसे एक बीज पदके ग्रहण-द्वारा अनेक पदार्थोंको जाननेवाली बीजबुद्धि है। (राजवा० पृ० १४३)।

तिलोयपण्णत्तिमें कहा है—नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तराय इन तीन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट क्षयोपशमसे विशुद्ध हुई किसी भी महर्षिकी जो बुद्धि, संख्यातस्वरूप शब्दोंके बीचमें-से लिंगसहित एक ही बीजभूत पदको परके उपदेशसे प्राप्त करके उस पदके आश्रयसे सम्पूर्ण श्रुतको विस्तार कर ग्रहण करती है, वह बीजबुद्धि है (पृ० २७२)।

णमो पदाणुसारीणं[3] ॥ ८ ॥

अर्थ—पदानुसारी ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—दूसरे व्यक्तिसे एक पदके अर्थको सुनकर आदि, मध्य तथा अन्तके शेष ग्रन्थार्थका निश्चय करना पदानुसारित्व है। यह अनुश्रोतृ, प्रतिश्रोतृ तथा उभयरूप तीन प्रकार है। तिलोयपण्णत्तिमें कहा है—जो बुद्धि आदि, मध्य अथवा अन्तमें गुरुके उपदेशसे एक बीज पदको ग्रहण करके उपरिम ग्रन्थको ग्रहण करती है वह अनुसारिणी बुद्धि है। गुरुके उपदेशसे आदि, मध्य अथवा अन्तमें एक बीज पदको ग्रहण करके जो बुद्धि अधस्तन ग्रन्थको जानती है, वह प्रतिसारिणी बुद्धि कहलाती है। जो बुद्धि नियम अथवा अनियमसे एक बीज शब्दको ग्रहण करनेपर उपरिम और अधस्तन ग्रन्थको एक साथ जानती है वह उभयसारिणी है। ये पदानुसारित्वके तीन भेद हैं। (गा० ९८१-८३)।

णमो संभिण्णसोदाराणं[4] ॥ ९ ॥

अर्थ—सम्भिन्नश्रोतृत्व नामक ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।[5]

---

१. 'ॐ ह्रीं अर्हं णमो कुट्ठबुद्धीणं....''—भ० क० य० ६। २. ''ॐ ह्रीं अर्हं णमो बीजबुद्धीणं....'' भ० क० य० ७। ३. ''ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं णमो पदानुसारीणं....''—भ० क० य० ८। ४. ''ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं णमो संभिण्णसोदराणं....''—भ० क० य० ९। ५. सम्यक् श्रोत्रेन्द्रियावरणक्षयोपशमेन भिन्नाः अनुविद्धाः संभिन्नाः। संभिन्नाश्च ते श्रोतारश्च संभिन्नश्रोतारः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेषार्थ- नौ योजन लम्बी, बारह योजन चौड़ी चक्रवर्तीकी सेनाके हाथी, घोड़ा, ऊँट तथा मनुष्यादिकोंके एक साथमें उत्पन्न अक्षरात्मक, अनक्षरात्मक अनेक प्रकारके शब्दोंको तपोबलविशेषके कारण सर्वजीव-प्रदेशोंमें कर्ण-इन्द्रियका परिणमन होनेसे सर्व शब्दोंका एक कालमें ग्रहण करना सम्भिन्नश्रोतृत्व ऋद्धि है।

तिलोयपण्णत्तिमें कहा है--श्रोत्रेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा अंगोपांग नाम कर्मके उदय होनेपर श्रोत्रेन्द्रियके उत्कृष्ट क्षेत्रसे बाहर दसों दिशाओंमें संख्यात योजनप्रमाण क्षेत्रमें स्थित मनुष्य एवं तिर्यंचोंके अक्षरात्मक-अनक्षरात्मक बहुत प्रकारके उत्पन्न होनेवाले शब्दोंको सुनकर जिससे उत्तर दिया जाता है वह सम्भिन्न-श्रोतृत्व है।

णमो उजुमदीणं[1] ॥ १० ॥

अर्थ—ऋजुमति मनःपर्यय ज्ञानी जिनोंको नमस्कार हो।

णमो विउलमदीणं[2] ॥ ११ ॥

अर्थ--विपुलमति मनःपर्यय ज्ञानी जिनोंको नमस्कार हो।

णमो दसपुव्वीणं[3] ॥ १२ ॥

अर्थ—दश पूर्वधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ--महारोहिणी आदि विद्याओंके द्वारा अपने रूप, सामर्थ्य आदिका प्रदर्शन करनेपर भी अडिग चारित्रधारीका जो दशमपूर्व रूप दुस्तर-सागरके पार पहुँचना है, वह दशपूर्वित्व है। यहाँ जिन शब्दकी अनुवृत्ति होनेसे अभिन्नदशपूर्वित्वका ग्रहण किया है[4]।

तिलोयपण्णत्तिमें कहा है—दशम पूर्वके पढ़नेमें रोहिणी आदि पाँच सौ महाविद्याओं तथा अंगुष्ठप्रसेनादिक सात सौ क्षुद्र विद्याओंके द्वारा आज्ञा माँगनेपर भी जो महर्षि जितेन्द्रिय होनेके कारण उन विद्याओंकी इच्छा नहीं करते हैं, वे 'विद्याधरश्रमण' या 'अभिन्नदशपूर्वी' कहलाते हैं। (पृ० २७४)।

णमो चोद्दसपुव्वीणं[5] ॥ १३ ॥

अर्थ--चौदह पूर्वधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ--जो सम्पूर्ण श्रुतकेवलीपनेको प्राप्त हैं, वे चतुर्दशपूर्वी कहलाते हैं।

---

१. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो ऋजुमदीणं....."-भ० क० य० १३। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउलमदीणं....." भ० क० य० १४। ३. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो दसपुव्वीणं....." -भ० क० य० १५। ४. "एत्थ दसपुव्विणो भिण्णाभिण्णभेएण दुविहा होंति। भिण्णदसपुव्वीणं कथं पडिणियत्ती? जिणसद्दाणुवत्तीदो। ण च तेसिं जिणत्तमत्थि, भग्गमहव्वएसु जिणत्ताणुववत्तीदो।"-ध० टी०। ५. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो चउदसपुव्वीणं....." -भ० क० य० १६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो अट्ठंगमहाणिमित्तकुसलाणं ॥ १४ ॥

अर्थ—अष्टांग महानिमित्त विद्यामें प्रवीण जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—[2]अन्तरिक्ष, भौम, अंग, स्वर, व्यंजन, लक्षण, छिन्न और स्वप्न—ये आठ महानिमित्त कहे जाते हैं। सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र, ताराओंके उदय, अस्त आदिसे भूत-भविष्यत्सम्बन्धी फलका ज्ञान करना अन्तरिक्षज्ञान है। पृथ्वीके घन, सुषिर, रूक्षतादिके ज्ञानसे अथवा पूर्वादि दिशाओंमें सूत्रनिवास करनेसे वृद्धि, हानि, जय, पराजय आदिका ज्ञान करना तथा भूमिमें छिपे हुए स्वर्ण, चाँदी आदिका परिज्ञान करना भौमज्ञान है। अंग-उपांगोंके देखने आदिसे त्रिकालवर्ती सुख-दुःखादिको जान लेना अंगज्ञान है। अक्षरात्मक या अनक्षरात्मक शुभ-अशुभ शब्दको सुनकर इष्ट-अनिष्ट फलको जान लेना स्वरज्ञान है। मस्तक, ग्रीवा आदिमें तिल, मशक आदि चिह्नोंको देखकर त्रिकालसम्बन्धी हित-अहितका जानना व्यंजनज्ञान है। श्रीवृक्ष, स्वस्तिक, भृंगार, कलश आदि लक्षणोंको देखकर त्रिकालवर्ती स्थान, मान, ऐश्वर्य आदिका विशेष ज्ञान करना लक्षण नामक निमित्तज्ञान है। वस्त्र, शस्त्र, छत्र, जूता, आसन, शयनादिकोंमें देव, मानुष, राक्षसादि विभागोंसे शस्त्र, कण्टक, चूहा आदिकृत छेदनको देखकर त्रिकालसम्बन्धी हानि, लाभ, सुख, दुःखादिको सूचित करना छिन्न नामक ज्ञान है।[3] वात, पित्त, कफ दोषोंके उदयसे रहित व्यक्तिके रात्रिके पिछले भागमें, चन्द्र, सूर्य, पृथ्वी, समुद्र आदिका अपने मुखमें प्रवेश करना सम्पूर्ण पृथ्वीमण्डलका उपगूहन आदि शुभ स्वप्न तथा घृत या तैललिप्त अपना शरीर देखना, गर्दभ, ऊँटपर चढ़े हुए इधर-उधर भटकते फिरना आदि अशुभ स्वप्नके दर्शनसे आगामी जीवन, मरण, सुख, दुःखादिका ज्ञान करना स्वप्नज्ञान है। इन महानिमित्तोंमें जो कुशलता है, वह अष्टांगमहानिमित्तता है। (त० रा० पृ० १४३)।

णमो विउव्वणपत्ताणं ॥ १५ ॥

अर्थ—वैक्रियिक ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ— विक्रियाको विषय करनेवाली ऋद्धिके अनेक भेद हैं। जैसे अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व, अप्रतिघात, अन्तर्धान, कामरूपित्व आदि। शरीरको अत्यन्त छोटा करना 'अणिमा' है। इस ऋद्धिके प्रभावसे कमल-मृणालके छिद्रमें प्रवेश करके वहाँ ठहरने तथा चक्रवर्तीके परिवारकी विभूतिको उत्पन्न करनेकी सामर्थ्य प्राप्त होती है। अपने शरीरको मेरु पर्वतसे भी विशाल करना 'महिमा' ऋद्धि है। शरीरको वायुसे भी हलका करना 'लघिमा' है। शरीरको वज्रसे भी अधिक भारी बनाना 'गरिमा' है। भूमिपर स्थित रहते हुए भी अंगुलीके कोनेसे मेरु शिखर, सूर्य आदिका स्पर्शन करनेकी सामर्थ्यको 'प्राप्ति' कहते हैं। जलमें पृथ्वीके समान चलना, भूमिपर जलके समान तैरना 'प्राकाम्य' ऋद्धि है। तीन लोककी प्रभुता 'ईशित्व' है। सम्पूर्ण जीवोंको वश करनेकी सामर्थ्य 'वशित्व' है। पर्वतके भीतर भी आकाशमें गमनागमनके समान बिना रुकावटके आना-जाना 'अप्रति-

---

१. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अट्ठांगमहाणिमित्तकुसलाणं....."—भ० क० य० १७। २. "अंगं सरो वंजणलक्खणाणि छिण्णं च भौमं सुमिणंतरिक्खं। एदे णिमित्ते हि पराहि णिच्चा जाणंति लोयस्स सुहासुहाइं॥" —ध० टी० प० ६२७। ३. देव, दानव, राक्षस, मनुष्य और तिर्यंचोंके द्वारा छेदे गये शास्त्र एवं वस्त्रादिक तथा भवन नगर और देशादि चिह्नोंको देखकर त्रिकालभावी शुभ, अशुभ, मरण, विविध प्रकारके द्रव्य और सुख-दुःखको जानना यह चिह्न निमित्त ज्ञान है। यहाँ 'छिन्न' का नाम 'चिह्न' दिया गया है।—ति० प०, पृ० २७६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घात' है। अदृश्य रूप होनेकी सामर्थ्य 'अन्तर्धान' है। युगपत् अनेक आकार और रूप बनानेकी शक्ति 'कामरूपित्व' है।

यहाँ[1] जिन शब्दकी अनुवृत्ति होनेसे अष्टगुण ऋद्धि होते हुए भी देवोंका ग्रहण नहीं किया गया है, कारण, देवोंमें संयमका अभाव है, अतः वे 'जिन' नहीं हैं।

णमो विज्जाहराणं ॥१६॥

अर्थ—विद्याधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—[3]विद्या तीन प्रकारकी होती हैं। मातृ पक्षसे प्राप्त जातिविद्या है। पितृपक्षसे प्राप्त कुलविद्या है। षष्ठ, अष्टम आदि उपवास करनेसे सिद्ध की गयी तपविद्या है। यहाँ देव तथा विद्याधरोंका ग्रहण नहीं किया गया है, कारण वे जिन नहीं हैं।

णमो चारणाणं[4] ॥ १७ ॥

अर्थ—चारणऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जल, जंघा, तन्तु, पुष्प, पत्र, अग्नि-शिखादिके आलम्बनसे गमन करना 'चारण' ऋद्धि है। कुँआ, बावड़ी आदिमें जलकायिक जीवोंकी विराधना नहीं करते हुए भूमिके समान चरणोंके उठाने-धरनेकी प्रवीणताको 'जलचारण' कहते हैं। भूमिसे चार अंगुल ऊँचे आकाशमें जंघाके उठाने-धरनेकी कुशलतासे सैकड़ों योजन गमन करनेकी प्रवीणता 'जंघाचारण' है। इसी प्रकार इस ऋद्धिके अन्य भेद हैं।

णमो पण्हसमणाणं[5] ॥ १८ ॥

अर्थ—[6]प्रज्ञाश्रमण जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—असाधारण प्रज्ञाशक्तिधारी प्रज्ञाश्रमण कहलाते हैं। अत्यन्त सूक्ष्म तत्त्वार्थचिन्तनके प्रभावसे चौदह पूर्वोंके विषयमें पूछे जानेपर जो द्वादशांग, चतुर्दश पूर्वको बिना पढ़े हुए भी उत्कृष्ट श्रुतावरण और वीर्यान्तरायके क्षयोपशमसे उत्पन्न असाधारण प्रज्ञाशक्तिके लाभसे स्पष्ट निरूपण करते हैं वे प्रज्ञाश्रमणधारी हैं।

तिलोयपण्णत्ति (पृ० २७७) में प्रज्ञाके चार भेद कहे हैं—औत्पत्तिकी, पारिणामिकी, वैनयिकी तथा कर्मजा। भवान्तरमें कृत श्रुतके विनयसे उत्पन्न होनेवाली औत्पत्तिकी, निज-निज जातिविशेषमें उत्पन्न हुई पारिणामिकी, द्वादशांगश्रुतकी विनयसे उत्पन्न वैनयिकी एवं उपदेशके बिना तपविशेषके लाभसे उत्पन्न कर्मजा कहलाती है।

---

१. "अट्ठगुणड्ढिजुत्ताणं देवाणं एसो णमोक्कारो किण्ण पावदे ? ण एस दोसो, जिणसद्दाणुवट्टणेण तण्णिराकरणादो। ण च देवाणं जिणत्तमत्थि। तत्थ संजमाभावादो॥"—ध० टी०। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो विज्जाहराणं"—भ० क० य० १९। ३. "तत्थ समादुपक्खादो लद्धविज्जाओ जादिविज्जाओ णाम। पिदुपक्खलद्धाओ कुलविज्जाओ। छट्ठट्ठमादिउववासविहाणेहि साहिदाओ तवविज्जाओ। एवमेदाओ तिविहाओ होंति।"—ध० टी०। ४. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो चारणाणं"—भ० क० य० २०। ५. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो पण्णसमणाणं....."—भ० क० य० २१। ६. "औत्पत्तिकी वैनयिकी कर्मजा पारिणामिकी चेति चतुर्विधा प्रज्ञा। प्रज्ञा एव श्रवणं येषां ते प्रज्ञाश्रवणाः। असंजदाणं न पण्णसमणाणं गहणं जिणसद्दाणुउत्तीदो।" —ध० टी०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ 'जिन' शब्दकी अनुवृत्ति रहनेसे असंयतोंका निराकरण हो जाता है।

णमो आगासगामीणं[1] ॥ १९ ॥

अर्थ—आकाशगामी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—पल्यंकासन वा कायोत्सर्ग आसनसे ही पैरोंको बिना उठाये-धरे आकाशमें गमन करनेकी विशेषताको आकाश-गमन ऋद्धि कहते हैं। यहाँ जिन शब्दकी अनुवृत्ति रहनेके कारण देव विद्याधरोंका निराकरण हो जाता है।

णमो आसीविसाणं[2] ॥ २० ॥

अर्थ—आशीविष ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

उग्र विषयुक्त आहार भी जिनके मुखमें जाकर निर्विष हो जाता है वा जिनके मुखसे निकले हुए वचनोंके श्रवणसे महाविषयुक्त व्यक्ति निर्विष हो जाता है, वे 'आस्याविष' ऋद्धिधारी हैं। महान् तपोबलसे विभूषित यतिजन जिसको कहें 'तू मर जा' वह तत्क्षण ही महाविषयुक्त हो मृत्युको प्राप्त हो जाता है, वह 'आस्यविष' ऋद्धि है। इस प्रकार 'आस्य अविष' तथा 'आस्य विष' दोनों प्रकारके अर्थ कहे गये हैं[3]।

णमो दिट्ठिविसाणं[4] ॥ २१ ॥

अर्थ—दृष्टिविष ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिनके देखने मात्रसे अत्यन्त तीव्र विषसे दूषित भी प्राणी विषरहित हो जाता है वे 'दृष्टिविष' ऋद्धिधारी हैं। उग्र तपस्वी मुनिजन क्रुद्ध हो जिसे देख लें, वह उसी समय उग्र विषयुक्त हो मर जाता है। इसे भी दृष्टिविष ऋद्धि कहते हैं। यहाँ भी 'जिन' शब्दकी अनुवृत्ति है, अन्यथा दृष्टिविष सर्पोंको भी प्रणामका प्रसंग आता[5]। यद्यपि साधुजन तोष अथवा रोषसे मुक्त हैं, फिर भी तपस्याके कारण उनमें उपर्युक्त विशेष शक्ति उत्पन्न हो जाती है, जिसका उपयोग वीतराग ऋषिगण नहीं करते हैं।

णमो उग्गतवाणं[6] ॥ २२ ॥

अर्थ—उग्र तपवाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—एक, दो, तीन, चार, पाँच, छह दिन वा पक्ष मासादिके अनशन योगोंमें किसी भी रूपके उपवासको प्रारम्भ करके मरणपर्यन्त भी उस योगसे विचलित नहीं होना उग्रतप ऋद्धि है।

---

१. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो आगासगामीणं"—भ० क० य० २२। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो आसीविसाणं"—भ० क० य० २३। ३. "अविद्यमानस्यार्थस्य अशंसमाशीः, आशीर्विषं येषां ते आशीर्विषाः। तवोबलेण एवंविहसत्तिसंजुत्तवयणा होदूण जे जीवाणं णिग्गहाणुग्गहं ण कुणंति। ते आसीविसा त्ति घेतव्वा। कुदो ? जिणाणुत्तीदो। ण च णिग्गहाणुग्गहेहि संदरिसिदरोसतोसाणं जिणत्तमत्थि विरोधादो।" —ध० टी०। ४. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो दिट्ठिविसाणं....." —भ० क० य० २४। ५. "दृष्टिरिति चक्षुर्मनसोर्ग्रहणं।....जिणाणमिदि अणुवट्टदे, अण्णहा दिट्ठिविसाणं सप्पाणं पि णमोक्कारप्पसंगादो।" —ध० टी०। ६. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो उग्गतवाणं....." —भ० क० य० २५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो दित्ततवाणं[1] ॥ २३ ॥

अर्थ—दीप्त तपवाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—महान् उपवास करनेपर भी जिनकी मन, वचन, कायकी शक्ति बढ़ती हुई ही पायी जाती है, जो दुर्गन्धरहित मुखवाले, कमल—उत्पलादिकी सुगन्धके समान श्वास-वाले तथा शरीरकी महाकान्तिसे सम्पन्न हैं, वे दीप्ततपस्वी जिन हैं।

णमो तत्ततवाणं[2] ॥ २४ ॥

अर्थ—तप्त तपवाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—तप्त लोहेकी कढ़ाईमें पतित जलकणके समान शीघ्र ही जिनका अल्प आहार शुष्क हो जाता है, उसका मल रुधिरादि रूपमें परिणमन नहीं होता वे तप्ततपस्वी हैं।

णमो महातवाणं[3] ॥ २५ ॥

अर्थ—महातपधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—सिंहनिष्क्रीडितादि महान् उपवासादिके अनुष्ठानमें परायण महातपस्वी कहलाते हैं।

णमो घोरतवाणं[4] ॥ २६ ॥

अर्थ—घोर तपधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—वात, पित्त, कफकी विषमतासे उत्पन्न ज्वर, खाँसी, श्वास, नेत्रपीड़ा, कुष्ठ, प्रमेहादि रोगोंसे पीड़ित शरीरयुक्त होते हुए भी जो अनशन, कायक्लेशादि तपोंसे अविचलित रहते हैं तथा भयंकर श्मशान, पर्वत-शिखर, गुहा, दरी, शून्य ग्राम आदिमें, जहाँ अत्यन्त दुष्ट, यक्ष, राक्षस, पिशाच, बेताल भयंकर रूपका प्रदर्शन कर रहे हैं एवं जहाँ शृगालके कठोर शब्द, सिंह, व्याघ्र, सर्प आदिके भीषण शब्द हो रहे हैं, ऐसे भयंकर प्रदेशोंमें सहर्ष रहते हैं वे घोर तपस्वी हैं।

णमो घोरपरक्कमाणं[5] ॥ २७ ॥

अर्थ—घोर पराक्रमवाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—पूर्वोक्त तपस्वी जब ग्रहण किये गये तपकी साधनामें वृद्धि करते हैं, तब वे घोर पराक्रमी कहलाते हैं।

तिलोयपण्णत्ति (पृ० २८१) में कहा है—जिस ऋद्धि के प्रभावसे मुनिजन अपनी अनुपम सामर्थ्यसे कण्टक, शिला, अग्नि, पर्वत, धूम्र और उल्का आदिके पात करनेमें तथा सागरके समस्त जलका शोषण करनेमें समर्थ होते हैं, वह घोर पराक्रम ऋद्धि है।

---

१. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो दित्ततवाणं....." —भ० क० य० २६। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो तत्ततवाणं....." —भ० क० य० २७। ३. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो महातवाणं....."—भ० क० य० २८। ४. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरतवाणं....." —भ० क० य० २९। ५. "घोरा रउद्दा गुणा जेसिं ते घोरगुणा। कथं चोरासीदि-लक्खगुणाणं घोरत्तं ? घोरकज्जकारिसत्तिजणणादो। तेसिं घोरगुणाणं णमो इदि उत्तं होदि।" —ध० टी०। ६. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरपरक्कमाणं....." —भ० क० य० ३१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो घोरगुणाणं ॥ २८ ॥

अर्थ—घोर गुणवाले जिनोंको नमस्कार हो।

णमोऽघोरगुणबह्मचारीणं[२] **॥ २९ ॥**

अर्थ—अघोर ब्रह्मचर्यधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—वीरसेनाचार्य कहते हैं—जिनमें तपोमाहात्म्यसे मारी आदि रोग, दुर्भिक्ष, वैर, कलह, वध, बन्धन आदिके प्रशमन करनेकी शक्ति उत्पन्न हो जाती है, वे अघोर ब्रह्मचारी हैं[३]। देवांगनाओंके द्वारा आलिंगनादि किये जानेपर भी वे निर्विकार परिणाम-युक्त रहते हैं।

अकलंक स्वामी राजवार्तिक (पृ० १४४) में अघोरके स्थानमें घोर पाठ मानकर यह अर्थ करते हैं—जो चिरकालसे अखण्ड ब्रह्मचर्यके धारक हैं और चारित्रमोहके उत्कृष्ट क्षयोप-शमसे जिनके दुःस्वप्नोंका विनाश हो चुका है वे घोर ब्रह्मचारी हैं।

तिलोयपण्णत्तिकार (पृ० २८२) कहते हैं—जिस ऋद्धिसे मुनिके क्षेत्रमें चोरादिककी बाधा, दुष्काल तथा महायुद्ध आदि नहीं होते हैं, वह अघोर ब्रह्मचारित्व है, अथवा चारित्र-निरोधक मोहनीय कर्मका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेसे जो ऋद्धि दुःस्वप्नोंको दूर करती है वह अघोर ब्रह्मचारित्व है; अथवा जिस ऋद्धिके होनेसे महर्षिजन सब गुणोंके साथ अघोर अर्थात् अविनाशी ब्रह्मचर्यका आचरण करते हैं, वह अघोरब्रह्मचारित्व है।

णमो आमोसहिपत्ताणं[४] **॥ ३० ॥**

अर्थ—जिनका आम अर्थात् अपक्वाहार औषधिरूपताको प्राप्त हो, उन जिनोंको नमस्कार हो।

तिलोयपण्णत्तिमें इसे आमर्शौषधि कहा है। वहाँ लिखा है, जिस ऋद्धिके प्रभावसे जीव पासमें आनेपर ऋषिके हस्त व पादादिके स्पर्शसे ही नीरोग हो जाते हैं वह आम-र्शौषधि है (ति० प० पृ० २८३)।

णमो खेलोसहिपत्ताणं[५] **॥ ३१ ॥**

अर्थ—क्ष्वेलौषधि प्राप्त जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिनका निष्ठीवन (थूक) औषधिरूप अर्थात् रोगनिवारक होता है, वे मुनिराज क्ष्वेलौषधि प्राप्त हैं।

---

१. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणाणं....." –भ० क० य० ३०। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोर-गुणबंभचारीणं....." –भ० क० य० ३२। घोरो दुर्धरो गुणो निरतिचारतालक्षणो यस्य तद्घोरगुणम्, दिव्याङ्गनालिङ्गनादिभिरप्यक्षुभितचित्तम् –प्रतिक्रमणग्रन्थत्रयी पृ० ९४। ३. "ब्रह्म चारित्रं पञ्चव्रतसमितित्रिगुप्त्यात्मकं शान्तिमुष्टिहेतुत्वात्। अघोराः अन्ताः गुणाः यस्मिन् तदघोरगुणम् अघोरगुणं ब्रह्म चरन्तीति अघोरगुणब्रह्मचारिणः। जेसिं तवोमाहप्पेण मारिदुब्भिक्खवैरकलहबधबंधणरोगादिपसमण-सत्ती समुप्पण्णा ते अघोरगुणबंभचारिणो त्ति उत्तं होदि। एत्थ अकारो किण्ण सुणिज्जदे ? संधिणि-द्देसादो।"–ध० टी०। ४. आमोऽपक्वाहारः स एवौषधिः तां प्राप्ता आमौषधिप्राप्ताः–प्रतिक्र० पृ० ९४। ५. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो खिल्लोसहिपत्ताणं।"–भ० क० य० ३४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो जल्लोसहिपत्ताणं[1] ॥ ३२ ॥

अर्थ—जल्लौषधि ऋद्धिप्राप्त जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—पसीनेसे मिले हुए धूलिसमूहरूप मलको जल्ल कहते हैं। जिन मुनियोंका जल्ल औषधिरूप होता है, वे जल्लौषधि प्राप्त जिन कहलाते हैं।

णमो विट्ठोसहिपत्ताणं[2] ॥ ३३ ॥

अर्थ—जिनका मल औषधिरूप परिणत हो गया है, उन जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिनका मूत्र-पुरीषादि मल रोगनिवारक होता है, वे विष्ठौषधिप्राप्त हैं। महान् तपश्चर्याके प्रभावसे यह सामर्थ्य प्राप्त होती है।

णमो सव्वोसहिपत्ताणं[3] ॥ ३४ ॥

अर्थ—सर्वौषधि ऋद्धिप्राप्त जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिन ऋषियोंके अंग, प्रत्यंग, नख, दन्त, केशादि स्पर्श करनेवाले जल, पवनादि जीवोंके लिए औषधिरूप परिणत हो जाते हैं, वे सर्वौषधिप्राप्त जिन हैं।

णमो मणबलीणं[4] ॥ ३५ ॥

अर्थ—मनबलधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशमके प्रकर्षसे अन्तर्मुहूर्तमें ही सम्पूर्ण श्रुतके अर्थ-चिन्तनमें प्रवीण मनोबली हैं।

णमो वचिबलीणं[5] ॥ ३६ ॥

अर्थ—वचनबली जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—मन, रसना तथा श्रुतज्ञानावरण एवं वीर्यान्तरायके क्षयोपशमके अतिशयसे जो अन्तर्मुहूर्तमें सम्पूर्ण श्रुतके उच्चारण करनेमें समर्थ हैं तथा निरन्तर उच्चस्वरसे उच्चारण करनेपर भी जो श्रमरहित एवं कण्ठके स्वरमें हीनतारहित हैं, वे ऋषि वचनबली हैं।

णमो कायबलीणं[6] ॥ ३७ ॥

अर्थ—कायबली जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—वीर्यान्तरायके क्षयोपशमसे उत्पन्न असाधारण शरीरबल होनेसे मासिक, चातुर्मासिक, वार्षिक आदि प्रतिमायोग धारण करते हुए भी जिन्हें खेद नहीं होता, वे मुनिवर कायबली हैं।

तिलोयपण्णत्ति (पृ० २८३) में कहा है—जिस ऋद्धिके बलसे वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर मुनिराज मास वा चातुर्मास आदि कायोत्सर्ग करते हुए भी श्रमरहित

---

१. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो जल्लोसहिपत्ताणं"—भ० क० य० ३५। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो विट्ठोसहिपत्ताणं"—भ० क० य० ३६। ३. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोसहिपत्ताणं" —भ० क० य० ३३-३७। ४. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो मणबलीणं"—भ० क० य० ३८। ५. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो वचबलीणं" —भ० क० य० ३९। ६. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो कायबलीणं" —भ० क० य० ४०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होते हैं तथा शीघ्र ही तीनों लोकोंको कनिष्ठ अंगुलीपर उठाकर अन्यत्र धरनेमें समर्थ होते हैं, वह कायबल नामकी ऋद्धि है।

णमो खीरसवीणं[1] ॥ ३८ ॥

अर्थ—क्षीरस्रवी ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—नीरस भोजन भी जिनके हस्त-पुटमें रखे जानेपर क्षीर-गुणरूप परिणमन करता है वा जिनके वचन क्षीण व्यक्तियोंको दुग्धके समान तृप्ति प्रदान करते हैं, वे क्षीरस्रवी हैं। तत्त्वार्थराजवार्तिक (पृ० १४५) में 'क्षीरास्रवी' पाठ ग्रहण किया है।

णमो सप्पिसवीणं ॥ ३९ ॥

अर्थ—घृतस्रवी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—रूक्ष भोजन भी जिनके कर-पात्रमें पहुँचते ही घृतके समान शक्तिदायक हो जाता है अथवा जिनका सम्भाषण जीवोंको घृत-सेवनके समान तृप्ति पहुँचाता है, वे घृतस्रवी हैं।

णमो महुसवीणं[2] ॥ ४० ॥

अर्थ—मधुस्रवी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिनके हस्त-पुटमें रखा हुआ नीरस आहार भी मधुर रसपूर्ण तथा शक्ति-सम्पन्न हो जाता है, अथवा जिनके वचन दुःखी श्रोताओंको मधुके समान सन्तोष देते हैं, वे मधुस्रवी हैं। यहाँ 'मधु' शब्दका तात्पर्य मधुररसवाले गुड़, खाँड़, शर्करा आदिसे है, कारण उन सबमें मधुरता पायी जाती है।[3]

णमो अमइसवीणं ॥ ४१ ॥

अर्थ—अमृतस्रवी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिनके हस्त-पुटमें पहुँचकर कोई भी भोज्य वस्तु अमृतरूप हो जाती है, अथवा जिनकी वाणी जीवोंको अमृत तुल्य कल्याण देती है, वे अमृतस्रवी हैं।

णमो अक्खीणमहाणसाणं[5] ॥ ४२ ॥

अर्थ—अक्षीण महानस ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—लाभान्तरायके क्षयोपशमके उत्कर्षको प्राप्त मुनीश्वरोंको जिस पात्रसे आहार दिया जाता है, उससे यदि चक्रवर्तीका कटक भी भोजन करे, तो उस दिन अन्नकी कमी न पड़े यह अक्षीण महानस ऋद्धि है। तिलोयपण्णत्ति (पृ० २८५) में कहा है—लाभान्तरायके क्षयोपशमसे संयुक्त मुनिराजके भोजनानन्तर भोजनशालाके अवशिष्ट अन्नमें-से जिस किसी भी प्रिय वस्तुका उस दिन चक्रवर्तीके कटकको भोजन करानेपर भी लेशमात्र क्षीण न होना अक्षीण महानस ऋद्धि है।

---

१. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो खीरसवीणं"—भ० क० य० ४२। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो महुरसवीणं"—भ० क० य० ४३। ३. "महुवयणेण गुडखंडसक्करादीणं गहणं महुरसादं पडि एदासिं साहम्मुवलंभादो।" ध० टी०। ४. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अमियसवीणं....." —भ० क० य० ४४। ५. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अक्खीणमहाणसाणं....."—भ० क० य० ४५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो सव्वसिद्धायदणाणं[1] ॥ ४३ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण सिद्धायतनों अर्थात् निर्वाणक्षेत्रोंको नमस्कार हो।

णमो वड्ढमाणबुद्धरिसिस्स[2] ॥ ४४ ॥

अर्थ—वर्धमान बुद्ध ऋषिको नमस्कार हो।

[प्रकृतिसमुत्कीर्तननिरूपणा]

[इस महाबन्ध अथवा महाधवल शास्त्रका प्रारम्भिक ताड़पत्र नं० २७१ नष्ट हो गया है, उसकी उसी रूपमें पूर्ति होना असम्भव है। आगेके वर्णनक्रमके साथ सम्बन्ध मिलानेकी दृष्टिसे मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा अवधिज्ञानावरणका संक्षेपमें वर्णन करते हैं, कारण ग्रन्थमें ज्ञानावरणपर आरम्भमें प्रकाश डाला गया है।]

जो त्रिकालवर्ती द्रव्य, गुण, पर्यायोंको नाना भेदोंसहित प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूपसे जानता है, उसे ज्ञान कहते हैं।[3] उस ज्ञानका आवरण करनेवाला ज्ञानावरण कर्म है। यह ज्ञान जीवका स्वभाव है। इसके द्वारा जीव स्व तथा अपूर्व वस्तुका व्यवसाय निश्चय करता है। वस्तु सामान्य तथा विशेष धर्मोंसे समन्वित है। साकार उपयोग ज्ञान तथा निराकार उपयोग दर्शन कहलाते हैं।[4] ज्ञान तथा दर्शन जीवके पृथक्-पृथक् गुण हैं।[5] चित्-प्रकाशकी बहिर्मुख वृत्तिको भी ज्ञान कहते हैं और चित्-प्रकाशकी अन्तर्मुख वृत्तिको दर्शन कहते हैं। 'गोम्मटसार' जीवकाण्डमें लिखा है—सामान्य विशेषात्मक पदार्थोंके भेदको ग्रहण न करके जो सामान्यग्रहण-स्वरूपमात्रका अवभासन है, वह दर्शन है (४८२ गाथा)। इस दर्शनका आवरण करनेवाला कर्म दर्शनावरण है। जिसके[6] उदयसे देवादि गतियोंमें शारीरिक तथा मानसिक सुखकी प्राप्ति होती है, उसे साता कहते हैं, उसको जो भोगवावे तथा जिससे साताका वेदन करना, भोगना होता है, वह सातावेदनीय है। जिसके उदयका फल अनेक प्रकारके दुःख हैं, वह असाता है। जो उसे भोगवावे—अनुभवन करावे, वह असातावेदनीय है। जो जीवको मोहित करे, वह मोहनीय कर्म है। भव धारण करनेमें कारण आयु कर्म है। इस जीवकी नर-नारकादि विविध पर्यायोंमें कारण नाम कर्म है। कुल-परम्परासे प्राप्त जीवके उच्च अथवा नीच आचरणका कारण गोत्रकर्म है। इस जीवके दान, लाभ, भोग, उपभोग तथा वीर्य (शक्ति) में जो अन्तराय—बाधा डालता है, वह अन्तराय कर्म है। इन आठ कर्मोंमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोह तथा अन्तरायको घातिया कर्म कहते हैं, कारण ये जीवके अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त सुख तथा अनन्त वीर्य नामक गुणोंका

---

१. "सिद्धानां मुक्तात्मनामायतनानि निर्वाणस्थानानि तेषां नमः"—प्रतिक्रमणग्रन्थत्रयी, पृ० ६५। २. "ॐ ह्रीं अर्हं णमो वड्ढमाणाणं....."—भ० क० य० ४६। "ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वसाहूणं महति महावीर-वड्ढमाण बुद्धिरिसीणं....."—भ० क० य० ४८। "बुद्धश्च स्वहेयोपादेयविवेकसंपन्नः, ऋषिश्च प्रत्यक्षवेदी' प्र० ग्रन्थत्रयी पृ० ६५। ३. "जाणइ तिकालविसए दव्वगुणे पज्जए य बहुभेदे। पच्चक्खं च परोक्खं अणेण णाणे त्ति णं वेंति॥"—गो० जी०, गा० २६८। ४. 'साकारं ज्ञानमनाकारं दर्शनम्"—त० रा०, पृ० ८६। ५. "अन्तर्बहिर्मुखयोश्चित्प्रकाशयोर्दर्शनज्ञानव्यपदेशभाजोरेकत्र विरोधात्"—ध० टी०, भा० १, पृ० १४५। ६. "यदुदयात् देवादिगतिषु शारीरमानसमुखप्राप्तिः तत्सातम्। तद्वेदयति वेद्यते इति सातवेदनीयम्। यदुदयफलं दुःखमनेकविधं तदसातम्, तद्वेदयति वेद्यते, इत्यसातवेदनीयमिति—गो० क०, टीका पृ० २७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घात करते हैं। ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्य जीवके अनुजीवी गुण हैं। सिद्धोंके[1] अव्याबाध सुखका घात आठों ही कर्म करते हैं। प्रत्येक कर्मका कार्य जीवके विशेष गुणके घात करनेका है, किन्तु उन सबका सामान्य धर्म जीवके सुख गुणके भी विनाश करनेका पाया जाता है।

वेदनीय, आयु, नाम तथा गोत्र ये प्रतिजीवी गुणोंका नाश करते हैं। अनुजीवी गुणोंका घात न करनेके कारण इनको अघातिया कर्म कहते हैं। ये क्रमशः अव्याबाध, अवगाहनत्व, सूक्ष्मत्व तथा अगुरुलघुत्व गुणोंका नाश करते हैं। चार घातियाका नाश करनेवाले अरहन्त भगवान्में गुणचतुष्टयकी अभिव्यक्ति होती है तथा सिद्धोंमें कर्माष्टकके ध्वंस करनेसे आठ गुण व्यक्त होते हैं।[2] कर्मोंके ध्वंसका अर्थ पुद्गलका अत्यन्त क्षय नहीं है, कारण सत्का अत्यन्त विनाश नहीं हो सकता। पुद्गलकी कर्मत्वपर्यायका नष्ट हो जाना अर्थात् आत्माके साथ उसका सम्बन्ध न रहना ही कर्मक्षय है।

ज्ञानावरण कर्मकी पाँच प्रकृतियाँ हैं—आभिनिबोधिकज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, अवधिज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण और केवलज्ञानावरण। ये आवरणपंचक आभिनिबोधिकज्ञान—श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान तथा केवलज्ञानरूप ज्ञानकी पाँच अवस्थाओंको आवृत करते हैं। मिथ्यात्वके उदयसे आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान तथा अवधिज्ञानको मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान तथा विभंगज्ञान कहते हैं। इन तीन ज्ञानोंको कुज्ञान भी कहते हैं।

इन्द्रिय[3] तथा मनकी सहायतासे अभिमुख तथा प्रतिनियत पदार्थको जाननेवाला आभिनिबोधिक या मतिज्ञान कहलाता है।[4] मतिज्ञान-द्वारा गृहीत अर्थसे जो अर्थान्तरका बोध होता है, उसे श्रुतज्ञान कहते हैं।[5] द्रव्य, क्षेत्र, काल तथा भावकी अपेक्षा जिस प्रत्यक्षज्ञानके विषयकी अवधि या सीमा हो, उसे अवधिज्ञान या सीमाज्ञान कहते हैं। परकीय मनमें स्थित पदार्थको जो ज्ञान जानता है, उसे मनःपर्ययज्ञान कहते हैं। त्रिकालगोचर सर्वद्रव्यों तथा उनकी समस्त पर्यायोंको ग्रहण करनेवाला केवलज्ञान है।

[आभिनिबोधिकज्ञानावरणप्ररूपणा]

जो आभिनिबोधिक ज्ञानावरण कर्म है, वह चार, चौबीस, अट्ठाईस तथा बत्तीस प्रकारका है। अवग्रह, ईहा, अवाय तथा धारणाका आवरण करनेवाला अवग्रहावरण, ईहावरण, अवायावरण तथा धारणावरण कर्म है। विषय और विषयीके सन्निपातके अनन्तर पदार्थका आद्य ग्रहण अवग्रह है। इसका आवरण करनेवाला अवग्रहावरण कर्म है। अवग्रहके द्वारा गृहीत अर्थके विषयमें विशेष जाननेकी इच्छाके बाद भवितव्यता प्रत्ययरूप ज्ञानको ईहा कहते हैं। उसका आवारक कर्म ईहावरण कर्म है। इसके अनन्तर भाषा, वेष आदिका विशेष ज्ञान होनेसे जो संशयादिका निराकरण करके निर्णयरूप ज्ञान होता है, वह अवाय है। उसका आवारक अवायावरण कर्म है। अवायज्ञानके विषयभूत पदार्थके कालान्तरमें स्मरणका कारण धारणाज्ञान है, उसका आवारक धारणावरण कर्म है।

---

१. "कर्माष्टकं विपक्षि स्यात् सुखस्यैकगुणस्य च। अस्ति किंचिन्न कर्मैकं तद्विपक्षं ततः पृथक् ॥ —पञ्चाध्यायी २।११५। २. "मणेर्मलादेर्व्यावृत्तिः क्षयः। सतोऽत्यन्तविनाशानुपपत्तेः। तादृगात्मनोऽपि कर्मणो निवृत्तौ परिशुद्धिः।"—अष्टसह० पृ० ५३। ३. "तदिन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तम्"—त० सू० १।१४। ४. "अत्थादो अत्थंतरमुवलंभं तं भणंति सुदणाणं। आभिणिबोहियपुव्वं णियमेणिह सद्दजं पहुमं ॥"—गो० जी०,३१४। ५. "अवहीयदि त्ति ओही सीमाणाणेत्ति वण्णियं समये। भवगुणपच्चयविहियं जमोहिणाणे त्ति णं वेंति ॥"—गो० जी०,३६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवग्रहावरण कर्मके अर्थावग्रहावरण तथा व्यंजनावग्रहावरण कर्म ये दो भेद हैं। अव्यक्त पदार्थका ग्रहण करना व्यंजनावग्रह है। यह इन्द्रियोंसे सम्बद्ध अर्थका होता है। इसके विपरीत स्वरूपवाला अर्थावग्रह है। व्यंजनावग्रहका आवारक व्यंजनावग्रहावरण कर्म है तथा अर्थावग्रहका आवारक अर्थावग्रहावरण कर्म है। व्यंजनावग्रह चक्षु तथा मनको छोड़कर शेष स्पर्शन, रसना, घ्राण तथा श्रोत्र इन्द्रियसे होता है। अतएव इसके स्पर्शनेन्द्रिय-व्यंजनावग्रहावरण कर्म, रसनेन्द्रियव्यंजनावग्रहावरण कर्म, घ्राणेन्द्रियव्यंजनावग्रहावरण कर्म तथा श्रोत्रेन्द्रियव्यंजनावग्रहावरण कर्म ये चार भेद होते हैं।

अर्थावग्रह व्यक्त वस्तुका ग्राहक होनेके कारण पाँच इन्द्रिय तथा मनके द्वारा होता है। इस कारण उसके आवारक स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु तथा श्रोत्रेन्द्रियावरण कर्म और नोइन्द्रियावरण कर्म हैं। ईहा, अवाय तथा धारणा ज्ञान भी पाँच इन्द्रिय तथा मनसे होनेके कारण अर्थावग्रहके समान प्रत्येक छह-छह भेदवाला है। इस कारण व्यंजनावग्रहके चार भेदोंमें अर्थावग्रहादिके चौबीस भेदोंको मिलानेसे २८ भेद होते हैं। अतएव मतिज्ञानावरण कर्मके भी २८ भेद हो जाते हैं। इसके बहु, एक, बहुविध, एकविध, क्षिप्र, अक्षिप्र, उक्त, अनुक्त, ध्रुव, अध्रुव, निःसृत, अनिःसृत—इन बारह प्रकारके पदार्थोंको विषय करनेके कारण प्रत्येकके द्वादश भेद हो जाते हैं। इस प्रकार २८ × १२ = ३३६ भेद मतिज्ञानके हैं। अतएव मतिज्ञानावरण कर्मके भी ३३६ भेद होते हैं।

[श्रुतज्ञानावरणप्ररूपणा]

मतिज्ञानके द्वारा जाने गये पदार्थसे पदार्थान्तरका ग्रहण करना श्रुतज्ञान है। वह 'नित्य शब्दनिमित्तक है अथवा अन्य-निमित्तक है' ऐसी शंकाका निराकरणके लिए उस श्रुतज्ञानको मतिपूर्वक कहा है। यद्यपि श्रुतज्ञानपूर्वक भी श्रुतज्ञान होता है, फिर भी श्रुतज्ञानके मतिपूर्वकत्वमें बाधा नहीं आती है। श्रुतज्ञान मतिपूर्वक होता है, इसका तात्पर्य इतना है कि प्रत्येक श्रुतज्ञानके प्रारम्भमें मतिज्ञान निमित्त हुआ करता है। पश्चात् मतिपूर्वकत्वका कोई नियम नहीं है।

उस श्रुतज्ञानके शब्दजन्य तथा लिंगजन्य ये दो भेद कहे गये हैं। अक्षरात्मक तथा अनक्षरात्मक रूपसे भी उसके दो भेद कहे जाते हैं। श्रुतज्ञानको अक्षरात्मक या शब्दात्मक मानना उपचरित कथन है। [1]श्रुतज्ञानका कारण प्रवचन है, इससे प्रवचनको भी श्रुतज्ञान कह दिया है। अनक्षरात्मक श्रुतज्ञानके असंख्यात भेद हैं। अपुनरुक्त अक्षरात्मक श्रुतज्ञानके संख्यात भेद हैं। पुनरुक्त अक्षरात्मक श्रुतज्ञानका प्रमाण इससे कुछ अधिक है। ३३ व्यंजन, २७ स्वर तथा ४ अयोगवाह मिलकर कुल चौसठ मूलवर्ण होते हैं। इन चौसठ वर्णोंके संयोगसे १८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ इन बीस अंक प्रमाण अपुनरुक्त अक्षर होते हैं। उपर्युक्त अक्षरोंमें १६३४८३०७८८ इन एकादश अंकप्रमाण अक्षरात्मक मध्यम पदका भाग देनेपर लब्धरूपमें प्राप्त संख्याप्रमाण अंगप्रविष्ट पद होते हैं जो द्वादशांग-आचारांगादिके नामसे ख्यात हैं।

---

१. "श्रुतज्ञानस्य कारणं हि प्रवचनं श्रुतमित्युपचर्यते। मुख्यस्य श्रुतज्ञानस्य भेदप्रतिपादनं कथमुपपन्नम्? तज्ज्ञानस्य भेदप्रभेदरूपत्वोपपत्तेः। द्विभेदप्रवचनजनितं हि ज्ञानं द्विभेदम्। अङ्गबाह्यप्रवचनजनितस्य ज्ञानस्याङ्गबाह्यत्वात् अङ्गप्रविष्टजनितज्ञानस्याङ्गप्रविष्टत्वात्।"—त० श्लो० पृ० २३६। "तत्थ अंगबाहिरस्स चोद्दस अत्थाहियारा, अंगपविट्ठअत्थाधियारो बारसविहो।" —ध० टी० भाग १, पृ० ९६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाग देनेसे शेष बचे हुए अक्षरोंको अंगबाह्य कहते हैं। अंगबाह्यके सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, वैनयिक, कृतिकर्म, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, कल्पव्यवहार, कल्प्याकल्प्य, महाकल्प्य, पुण्डरीक, महापुण्डरीक तथा निषिद्धिका ये चौदह प्रकार हैं[1]। बुद्धिके अतिशय तथा ऋद्धिविशिष्ट गणधरदेवके द्वारा अनुस्मृत जो द्वादशांगरूप जिनवाणीकी ग्रन्थरचना है, वह अंगप्रविष्ट है। आचार्य अकलंकदेव उन गणधरदेवके शिष्य-प्रशिष्योंके द्वारा आरातीय आचार्योंके पाससे श्रुतज्ञानके तत्त्वको ग्रहण करके कालदोषसे अल्पमेधा, अल्पबल तथा अल्प आयुयुक्त प्राणियोंके अनुग्रहके लिए उपनिबद्ध संक्षिप्तरूपसे अंगोंके अर्थरूप वचन-विन्यासको अंगबाह्य कहते हैं। इस दृष्टिसे आचार्यपरम्परासे प्राप्त तथा जिनवाणीके तत्त्वका प्रतिपादन करनेवाले अन्य ग्रन्थान्तर अंगबाह्य श्रुतमें समाविष्ट होते हैं।

अनक्षरात्मक श्रुतज्ञानका सबसे छोटा रूप पर्यायज्ञान कहलाता है। उससे कम ज्ञान किसी भी जीवके नहीं पाया जा सकता है। उस ज्ञानको नित्य प्रकाशमान तथा निरावरण कहा है। [2]सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीव अपने योग्य सम्भवनीय ६०१२ भवोंमें परिभ्रमण कर अन्तके अपर्याप्तक शरीरको तीन मोड़ाओंसहित जब ग्रहण करता है, तब उसके प्रथम मोड़ाके समयमें सर्व जघन्य ज्ञान होता है।

[3]इस पर्यायज्ञानसे आगे पर्याय-समास, अक्षर, अक्षर-समास, पद, पद-समास, संघात, संघात-समास, प्रतिपत्तिक, प्रतिपत्तिक-समास, अनुयोग, अनुयोग-समास, प्राभृत, प्राभृत-समास, प्राभृत-प्राभृत, प्राभृत-प्राभृत-समास, वस्तु, वस्तु-समास, पूर्व, पूर्व-समास भेद होते हैं।

[4]श्रुतज्ञानका विषयभूत अर्थ मनका विषय होता है। श्रुतज्ञानमें मानसिक व्यापार होता है। ऐसी स्थितिमें जिनके मन नहीं है, उन असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्यन्त जीवोंके श्रुतज्ञानका अभाव समझा जाना चाहिए था, किन्तु परमागममें कमसे-कम छद्मस्थोंके मति तथा श्रुत ये दो ज्ञान नियमतः कहे गये हैं। श्रुतज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होनेसे एकेन्द्रियादिके मन न होते हुए भी श्रुतज्ञानका सद्भाव आगममें वर्णित है। इसका कारण यह है कि असंज्ञी जीवोंमें जो कुछ ऐसी क्रियाएँ पायी जाती हैं, जिनसे उनके मनके सद्भावकी कल्पना होने लगती है उनका कारण मन नहीं है, किन्तु श्लोकवार्तिककार विद्यानन्दी स्वामीके शब्दोंमें मति-सामान्यके समान स्मृतिसामान्य, धारणासामान्य तथा उनके निमित्तरूप अवायसामान्य, ईहासामान्य, अवग्रहसामान्य पाये जाते हैं, जो कि अनादिभवाभ्यासके कारण उत्पन्न होते हैं। उनके क्षयोपशमनिमित्त भावमन नहीं है, कारण वह प्रतिनियत संज्ञी प्राणियोंके होता है। इसका भाव यह है कि पिपीलिका आदिमें योग्य आहारका ग्रहण, अनुसन्धान, अयोग्य-

---

१. "तत्राङ्गप्रविष्टमङ्गबाह्यं चेति द्विविधमङ्गप्रविष्टमाचारादिद्वादशभेदम्, बुद्धयतिशयर्द्धियुक्तगणधरानुस्मृतग्रन्थरचनम्। आरातीयाचार्यकृताङ्गार्थ-प्रत्यासन्नरूपमङ्गबाह्यम्। तद्गणधरशिष्यैः प्रशिष्यैरारातीयैरधिगतश्रुतार्थतत्त्वैः कालदोषादल्पमेधायुर्बलानां प्राणिनामनुग्रहार्थमुपनिबद्धं संक्षिप्ताङ्गार्थवचनविन्यासं तदङ्गबाह्यम्। –त० रा०, पृ० ५४। २. "सुहुमणिगोदअपज्जत्तयस्स जादस्स पढमसमयम्हि। हवदि हु सव्वजहण्णं णिच्चुग्घाडं णिरावरणं॥ ३१९॥ सुहुमणिगोदअपज्जत्तगेसु सगसंभवेसु भमिऊण। चरिमापुण्णतिवक्काणादिमवक्कट्ठियेव हवे॥३२०॥"–गो० जी०। ३. "पज्जायक्खरपदसंघादं पडियत्तियाणिजोगं च। दुग्वारपाहुडं च य पाहुडयं वत्थु पुव्वं च॥ तेसिं च समासेहि य बीसविहं वा हु होदि सुदणाणं। आवरणस्स वि भेदा तत्तियमेत्ता हवंति त्ति॥"–गो० जी० ३१६,१७। ४. "श्रुतज्ञानविषयोऽर्थः श्रुतम्। स विषयोऽनिन्द्रियस्य। अथवा श्रुतज्ञानं श्रुतम्। तदनिन्द्रियस्यार्थः प्रयोजनमिति यावत्।"–स० सि०, पृ० १०५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का परिहार आदि बातें पायी जाती हैं, उसका कारण मन न होकर स्मृतिसामान्य, धारणा-सामान्य, ईहासामान्य, अवायसामान्य आदि हैं।[1]

यहाँ श्रुतज्ञानकी प्ररूपणा की गयी है। इससे श्रुतज्ञानावरण कर्मकी प्ररूपणा कैसे हो जायेगी? इसके समाधानमें वीरसेनाचार्य[2] लिखते हैं—यह दोष नहीं है, आवरण किये जानेवाले ज्ञानके स्वरूपकी प्ररूपणाका ज्ञानावरणके स्वरूप-परिज्ञानके साथ अविनाभाव है। इस अविनाभावके कारण श्रुतज्ञानके स्वरूपनिरूपण-द्वारा श्रुतज्ञानावरणका परिज्ञान कराया गया है।

इस प्रकार श्रुतज्ञानावरणकी प्ररूपणा हुई।

[अवधिज्ञानावरणप्ररूपणा]

जो अवधिज्ञानावरणीय कर्म है, वह एक प्रकारका है। उसकी दो प्रकारकी प्ररूपणा है। एक भवप्रत्यय अवधिज्ञान, दूसरा गुणप्रत्यय अवधिज्ञान। अवधिज्ञान सीमाज्ञान भी कहा जाता है, कारण यह द्रव्य, क्षेत्र, काल तथा भावकी मर्यादासे रूपी पदार्थको विषय करता है। भवप्रत्यय अवधिज्ञानमें भव निमित्त है। उस भवमें नियमसे क्षयोपशम होता ही है। जैसे[3] पक्षियोंकी पर्यायमें उत्पन्न होनेवाले जीवके गगन-गमन विषयक क्षयोपशम पाया जाता है। इसी प्रकार देव तथा नारकियोंकी पर्यायमें जानेवाले सम्पूर्ण जीवधारियोंको नियमसे अवधिज्ञान उत्पन्न हो जाता है। तीर्थंकर भगवान्‌के भी जन्मसे जो अवधिज्ञान होता है, उसे भवप्रत्यय कहा है[4]।

सम्यग्दर्शनादि निमित्तोंके सन्निधान होते हुए शान्त तथा क्षीण कर्मवालोंके जो अवधिज्ञान होता है, उसे क्षयोपशमनिमित्तक या गुणप्रत्यय अवधि कहते हैं। यह जीवके विशेष प्रयत्नपर अवलम्बित रहता है, भवमात्र इसमें कारण नहीं है। गुण या क्षयोपशम निमित्तक होनेसे इसे क्षयोपशमनिमित्तक कहते हैं।

---

१. "न चामनस्कानां स्मरणसामान्याभावोऽनादिभवसंभूतविषयानुभवोद्भवायाः सामान्यधारणायातस्द्धेतोः सद्भावात् आहारसंज्ञासिद्धेः प्रवृत्तिविशेषोपलब्धेः·····ततो नाममतिवदाहारादिसंज्ञातद्धेतुश्च स्मृतिसामान्यं धारणासामान्यं च तन्निमित्तपदार्थसामान्यमीहासामान्यमवग्रहसामान्यं च सर्वप्राणिसाधारणमनादिभवाभ्याससंभूतमभ्युपगन्तव्यम्, न पुनः क्षयोपशमनिमित्तं भावमनः, तस्य प्रतिनियतप्राणिविषयतयानुभूयमानत्वात्॥"—त० श्लो० पृ० ३२६,३३०। २. सुदणाणस्स एयट्ठ परूवणा भणिस्समाणा कथं सुदणाणावरणीयस्स कम्मस्स परूवणा होज्ज? ण एस दोसो, आवरणिज्जसरूवपरूवणाए तदावरणसरूवावगमाविणाभाविताद्दो।"—ध० टी०, प० १२५५। ३. "यथाकाशे सति पक्षिणो गतिर्भवति तथा ज्ञानावरणक्षयोपशमेऽन्तरंगे हेतौ सत्यवधेर्भवः, भवस्तु बाह्यो हेतुः। कथं पुनर्भवो हेतुः? इति चेत्; व्रतनियमाद्यभावात्। यथा तिरश्चां मनुष्याणां चाहिंसादिव्रतनियमहेतुकोऽवधिर्न तथा देवानां नारकाणां चाहिंसादिव्रतनियमाभिसंधिरस्ति। कुतो भवं प्रतीत्य कर्मोदास्य तथाभावात्। तस्मात् तत्र भव एव बाह्यसाधनमुच्यते।"—त०रा०, पृ० ५४,५५। "यथोक्तसम्यग्दर्शनादिनिमित्तसन्निधाने सति शान्तक्षीणकर्मणां तस्य उपलब्धिर्भवति।"—त० रा०, पृ० ५६। ४. "देसोहिस्स य अवरं णरतिरिये होदि संजदम्हि वरं। परमोही सव्वोही चरमसरीरस्स विरदस्स।'पडिवादी देसोही अप्पडिवादी हवंति सेसाओ। मिच्छत्तं अविरमणं ण य पडिवज्जंति चरिमदुगे॥ दव्वं खेत्तं कालं भावं पडिहं विजाणदे ओही। अवरादुक्कसोत्ति य वियप्परहिदो दु सव्वोही॥" गो० जी० ३७३–७५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

.....

.....[अत्र सप्तविंशतितमं ताडपत्रं त्रुटितम्].....

१. अयणं-संवच्छर-पलिदोपम-सागरोपमादया वि भवंति ।
ओगाहणा जहण्णा णियमा दु सुहुमणियोदजीवस्स ।
यद्देहो तद्देही जहण्हयं खेत्तदो ओधी ॥ १ ॥

अवधिज्ञानके देशावधि, परमावधि तथा सर्वावधि रूपसे तीन भेद भी हैं। भवप्रत्यय अवधिज्ञान देशावधिके जघन्य भेदरूप होता है। गुणप्रत्यय तीनों भेदरूप होता है। गुण-प्रत्यय देशावधिका जघन्य असंयमी मनुष्य, तिर्यंचोंके पाया जा सकता है। इसके आगेके विकल्प संयमी मनुष्यके ही पाये जाते हैं। परमावधि, सर्वावधि चरमशरीरी मुनिराजके ही पाया जाता है। सर्वावधि जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट आदि भेदोंसे रहित है।

[1]सम्यक्त्वरहित अवधिज्ञानको विभंगावधि कहते हैं। अवधिज्ञानत्वकी अपेक्षा दोनोंमें विशेष अन्तर नहीं है। सम्यक्त्व, मिथ्यात्वके सहचारवश उनमें नाममात्रका भेद है।

कालकी अपेक्षा अवधिज्ञानके समय, आवली, क्षण, लव, मुहूर्त, दिवस, पक्ष, ऋतु, अयन, संवत्सर, युग (पंचवर्ष), पूर्व (सत्तरकोटि छप्पनलक्ष, सहस्र कोटि वर्ष), पर्व (चौरासी लाख पूर्व प्रमाण), पल्योपम, सागरोपम आदि विधान जानना चाहिए।

महाबन्धके त्रुटित पत्रमें जो प्रथम पंक्ति है उसमें लिखा है—'अयन, संवत्सर, पल्योपम, सागरोपम आदि होते हैं।' धवला टीकाके प्रकरणसे तुलना करनेपर ज्ञात होता है कि यहाँ अवधिज्ञानसम्बन्धी कालका निरूपण चल रहा है।

१.....अयन, संवत्सर, पल्योपम, सागरोपम आदि होते हैं।

अवधिज्ञानके क्षेत्रकी प्ररूपणा करनेके लिए उत्तर सूत्र कहते हैं—सूक्ष्मलब्ध्यपर्याप्तक निगोदिया जीवकी जघन्य अवगाहना है। जघन्य अवधिज्ञानका क्षेत्र उसके शरीरप्रमाण है।

विशेषार्थ—सूक्ष्म लब्ध्यपर्याप्तक निगोदिया जीवके ऋजुगतिसे उत्पन्न होनेके तीसरे समयमें घनांगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण सर्वजघन्य अवगाहना होती है। उस समय निगोदियाकी शरीराकृति वर्तुलाकार होनेसे सबसे कम क्षेत्रफल रहता है। उतना जघन्या-वधिका क्षेत्र है।

---

१. "दोण्णं पि ओहिणाणत्तं पडि भेदाभावादो। ण च सम्मत्त-मिच्छत्तसहचारेण कदणामभेदादो भेदो अत्थि अइप्पसंगादो।.....कालदो ताव समयावलियखण-लव-मुहुत्त-दिवस-पक्ख-मास-उदु- अवण-संवच्छर-जुग-पुव्व-पलिदोवम-सागरोवमादओ विधओ णादव्वा भवंति।" —ध० टी०, प० १२५८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]अंगुलमावलियाए भागमसंखेज्जदो वि संखेज्जा ।
[2]अंगुलमावलियंतो आवलियं अंगुलपुधत्तं ।। २ ।।
[3]आवलियपुधत्तं पुण हत्थोवधा (हत्थं तह) गाउदं मुहुत्तंतो ।
जोजण भिण्णमुहुत्तं दिवसंतो पण्णुवीसं तु ।। ३ ।।
[4]भरदं च अद्धमासं साधियमासं [च] जंबुदीवं हि ।
वासं च मणुसलोगे वासपुधत्तं च रुजगंहि ।। ४ ।।
[5]संखेज्जदिमे कालं दीवसमुद्दा हवंति संखेज्जा ।
कालं हि असंखेज्जो दीवसमुद्दा हवंति असंखेज्जा ।।५।।
तेजाकम्म-सरीरं तेजादव्वं च भासदव्वं च (भासमणदव्वं) ।
बोद्धव्वं असंखेज्जा दि(दी)वसमुदा(द्दा) य वासा य ।।६।।

अब क्षेत्र तथा कालकी अपेक्षा अवधिज्ञानसम्बन्धी १९ काण्डकोंका निरूपण करते हैं।

प्रथम काण्डकमें अंगुलका असंख्यातवाँ भाग जघन्य क्षेत्र है। आवलीका असंख्यातवाँ भाग जघन्य काल है। अंगुलका संख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट क्षेत्र है, आवलीका संख्यातवाँ भाग उत्कृष्ट काल है। दूसरे काण्डकमें घनांगुलप्रमाण क्षेत्र है, कुछ कम आवलीप्रमाण काल है।

विशेषार्थ—यहाँ दूसरे,तीसरे आदि काण्डकोंमें उत्कृष्टकी अपेक्षा वर्णन किया गया है। तीसरे काण्डकमें अंगुलपृथक्त्व क्षेत्र है, आवलीपृथक्त्वप्रमाण काल है ।।२।।

चतुर्थ काण्डकमें आवलीपृथक्त्व काल है, हस्तप्रमाण क्षेत्र है। पंचम काण्डकमें अन्तर्मुहूर्त काल है, एक कोश क्षेत्र है। छठेमें भिन्न मुहूर्त (एक समय कम मुहूर्त) काल है। एक योजन क्षेत्र है। सप्तममें कुछ कम एक दिन काल है, २५ योजन क्षेत्र है ।।३।।

अष्टममें अर्धमास काल है, भारतवर्ष क्षेत्र है। नवममें साधिक मास काल है, जम्बूद्वीप क्षेत्र है। दशममें वर्षप्रमाण काल है, मनुष्य लोकप्रमाण क्षेत्र है। ग्यारहवेंमें वर्षपृथक्त्व काल है, रुचक द्वीप क्षेत्र है ।।४।।

बारहवेंमें संख्यात वर्ष काल है, संख्यात द्वीप समुद्र क्षेत्र है। तेरहवेंमें असंख्यात वर्ष काल है, असंख्यात द्वीप-समुद्रप्रमाण क्षेत्र है ।। ५ ।।

विशेष, आगामी पंच काण्डकोंका द्रव्यकी अपेक्षा कथन है।

चौदहवेंमें देशावधिके मध्यम विकल्परूप विस्रसोपचयसहित तैजस शरीररूप द्रव्य विषय है। पन्द्रहवेंमें विस्रसोपचयसहित कार्मण शरीर स्कन्ध विषय है। सोलहवेंमें विस्रसोपचयरहित केवल तेजोवर्गणा विषय है। सत्रहवेंमें विस्रसोपचयरहित केवल भाषावर्गणा विषय है। अठारहवेंमें विस्रसोपचयरहित केवल मनोवर्गणा विषय है।

---

१. गो० जी०,गा०,४०३। २. "सूक्ष्मनिगोदस्य लब्ध्यपर्याप्तकस्य जातस्य, ऋजुगत्या उत्पन्नस्य, उत्पत्तेस्तृतीयसमये वर्तमानस्य जीवस्य घनाङ्गुलासंख्येयभागमात्रं सर्वजघन्यमवगाहनं भवति" गो०जी०,गाथा ६४,संस्कृत टीका,पृ० २१५। ३. "आवलियपुधत्तं पुण हत्थं तह···"—गो० जी०,गा० ४०। ४. "भरहम्मि अद्धमासं साहियमासं च जंबुदीवम्मि·····"—गो० जी०,गा० ४०५। ५. "संखेज्जपमे वासे दीवसमुद्दा··· वासम्मि असंखेज्जे·····"—गो० जी०,गा०,४०६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]कालो (काले) चदुणं बुड्ढी कालो भजिदव्वे खेत्तवुड्ढीए ।
उड्ढीयं दव्वपज्जयं भजिदव्वं खेत्तकालो य ॥७॥
[2]परमोधिमसंखेज्जा लोगामेत्ताणि समय-कालो दु ।
रूवगदं लभदि दव्वं खेत्तोवममगणि-जीवेहिं ॥८॥
[3]पणुवीसं जोण(य)णाणं ओधी वेंतरकुमारवग्गाणं ।
संखेज्जजोजणाणं जोदिसियाणं जहण्होधी ॥९॥
[4]असुराणमसंखेज्जा जोजणकोडी सेसजोदिसंताणं ।
संखाती(दी)दसहस्सा उक्कस्सेणोधिविसे(स)यो दु ॥१०॥
[5]सक्कीसाणे पढमं दो च्चदु (विदियं) सणक्कुमार-माहिंदे ।
तच्चदु (तदियं तु) बम्हलंतय सुक्कसहस्सारया चउत्थी ॥११॥
[6]आणदपाणदवासी तथ आरणआरणच्चुदा देवा ।
पस्संति पंचमखिदिं छट्ठी गेवेज्जया देवा ॥ १२ ॥

तेरहवें, चौदहवें आदि काण्डकोंमें असंख्यातगुणित क्षेत्र तथा असंख्यातगुणित काल है। अर्थात् बारहवें काण्डकके काल तथा क्षेत्रसे असंख्यातगुणित काल तथा क्षेत्र तेरहवें काण्डकमें है। इसी प्रकार आगे जानना चाहिए ॥६॥

विशेषार्थ—उन्नीसवें काण्डकमें एक समय कम पल्यप्रमाण काल है, सम्पूर्ण लोकाकाश क्षेत्र है।

[7]कालकी वृद्धि होनेपर द्रव्य, क्षेत्र, काल तथा भावरूप चारों वृद्धियाँ होती हैं। क्षेत्रकी वृद्धि होनेपर कालकी वृद्धि भजनीय है अर्थात् हो भी, न भी हो। द्रव्य और भाव (पर्याय) की वृद्धि होनेपर क्षेत्र, कालकी वृद्धि भजनीय है ॥७॥

परमावधिका काल एक समय अधिक लोकाकाशके प्रदेशप्रमाण है, क्षेत्र असंख्यात लोकप्रमाण है, जो अग्निकायिक जीवोंकी संख्याप्रमाण है। एक प्रदेशाधिक लोकाकाशप्रमाण इसका द्रव्य है[8] ॥८॥

व्यन्तरों तथा भवनवासी देवोंमें जघन्य क्षेत्रपच्चीस योजन प्रमाण है, ज्योतिषी देवोंका जघन्य क्षेत्र संख्यात योजन है। असुरकुमारोंका उत्कृष्ट क्षेत्र संख्यात कोटि योजन है। शेष नव भवनवासी तथा व्यन्तरों-ज्योतिषियोंका उत्कृष्ट क्षेत्र असंख्यात हजार योजन है ॥९-१०॥

सौधर्मद्विकका क्षेत्र प्रथम नरकपर्यन्त है। सनत्कुमार, माहेन्द्रका दूसरे नरकपर्यन्त है। ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लान्तव, कापिष्ठवासियोंका तीसरे नरकपर्यन्त; शुक्र, महाशुक्र, शतार, सहस्रारवाले चौथे नरकपर्यन्त जानते हैं ॥ ११ ॥

आनत, प्राणत, आरण, अच्युत स्वर्गवासी पाँचवें नरक तक, नवग्रैवेयकवासी छठी पृथ्वीपर्यन्त देखते हैं ॥ १२ ॥

---

१. "काले चउण्ण उड्ढी····"-गो० जी०, गा० ४११। २. यह गाथा १६वें नम्बरपर भी पायी जाती है। वर्णनक्रमकी दृष्टिसे यह १६वें नम्बरपर विशेष उपयुक्त प्रतीत होती है। ३. गो० जी०, गा० ४२५। ४. गो० जी०, गा० ४३६। ५. "सक्कीसाणा पढमं विदियं तु सणक्कुमारमाहिंदा। तदियं तु बम्हलांतव····"-गो० जी०, गा० ४२६। ६. गो० जी०, गा ४३०। ७. त० रा०, पृ० ५७। ८. त० रा०, पृ० ५७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वं पि लोगणालिं पस्संति अणुत्तरेसु जे देवा ।
[1]संखेते (सक्खेत्ते) य सकम्मे रूवगदमणंतभागो य ॥ १३ ॥
तेजासरीरलंभो उक्कस्सेण दु तिरिक्खजोणीणं ।
गाउदजहण्णमोधी णिरयेसु य जोजणुक्कस्सं ॥ १४ ॥
उक्कस्समणुसे (स्से) सु य मणुस (स्स) तेरच्छिए जहण्होधी ।
उक्कस्सं लोगमेत्तं पडिवादी तेण परमप्पडिवादी ॥ १५ ॥
परमोधि असंखेज्जा लोगामेत्ताणि समय कालो दु ।

नव अनुदिश तथा पंच अनुत्तर विमानवासी देव सर्व त्रसनालीको देखते हैं ॥ १३ ॥

विशेषार्थ—सौधर्मादिकके देव अपने विमानकी ध्वजाके दण्डके शिखरपर्यन्त ऊपर जानते हैं। नव अनुदिश तथा पंच अनुत्तर विमानवासी देव अपने विमानके शिखरपर्यन्त ऊपर देखते हैं। नीचे बाह्य तनुवात वलयपर्यन्त सम्पूर्ण त्रसनालीको देखते हैं। अनुदिश विमानवाले कुछ अधिक तेरह राजू प्रमाण तथा अनुत्तर विमानवाले कुछ कम इक्कीस योजन-रहित चौदह राजू प्रमाण क्षेत्रको देखते हैं। गाथाके उत्तरार्धमें अवधिके विषयभूत द्रव्यको जाननेका क्रम कहते हैं—अपने-अपने अवधिज्ञानावरण कर्मके द्रव्यमें एक बार ध्रुवहारका भाग देनेपर अपने क्षेत्रके प्रदेशमें-से एक-एक प्रदेश कम करते जाना चाहिए और यह कार्य तबतक करते जाना चाहिए, जबतक कि क्षेत्रके प्रदेशोंका प्रमाण घटते-घटते समाप्त न हो जाये। इस प्रकार करनेके अनन्तर जो अनन्तभाग प्रमाण द्रव्य अवशिष्ट रहेगा वहाँ-वहाँ उतना-उतना ही द्रव्यका प्रमाण समझना चाहिए।

[2]तिर्यंचगतिमें अवधिका उत्कृष्ट द्रव्य तैजस शरीरके द्रव्यप्रमाण है; क्षेत्र भी इतना ही है। अर्थात् तैजस शरीर द्रव्यके परमाणुप्रमाण आकाश प्रदेशोंसे जितने द्वीप, समुद्र व्याप्त किये जायें, उतना है। वह असंख्यात द्वीप समुद्रप्रमाण होता है ॥ १४ ॥

नरकगतिमें अवधिका जघन्य क्षेत्र एक कोस, उत्कृष्ट क्षेत्र एक योजन है।

उत्कृष्ट देशावधि मनुष्योंमें ही होता है। जघन्य देशावधि मनुष्य, तिर्यंचोंमें होता है। उत्कृष्ट देशावधिका क्षेत्र लोकप्रमाण है। यह प्रतिपाती होता है अर्थात् इसके धारकका मिथ्यात्वादिमें पतन सम्भव रहता है। परमावधि तथा सर्वावधि अप्रतिपाती होते हैं ॥ १५ ॥

[3]परमावधिका उत्कृष्ट क्षेत्र लोकालोकप्रमाण असंख्यात लोक है। यह अग्निकायिक

---

१. "सक्खेत्ते य सकम्मे···"—गो० जी०, गा० ४३१। २. "तिरश्चामुत्कृष्टदेशावधिरुच्यते···· तेजसशरीरप्रमाणं द्रव्यम्। कियच्च तत्? असंख्येयसमुद्राकाशप्रदेशपरिच्छिन्नाभिरसंख्येयाभिस्तेजःशरीर-द्रव्यवर्गणाभिर्निर्वर्तितं तावदसंख्येयस्कन्धाननन्तप्रदेशान् जानातीत्यर्थः।"—त० रा०, पृ० ५७। ३. उत्कृष्ट-परमावधेः क्षेत्रं सलोकालोकप्रमाणा असंख्येया लोकाः। कियन्तस्ते अग्निजीवतुल्याः····कालः प्रदेशाधिकलोका-काशप्रदेशावधृतप्रमाणा अविभागिनः समयास्ते चासंख्याताः संवत्सराः।" "द्रव्यं प्रदेशाधिक-लोकाकाश-प्रदेशावधृतप्रमाणम्॥" त० रा०, पृ० ५७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूवगदं लभदि दव्वं खेत्तोपममगणिजीवेहिं ॥ १६ ॥

एवं ओधिणाणावरणीयस्स कम्मस्स परूवणा कदा भवदि ।

२. यं तं मणपज्जवणाणावरणीयं कम्मं बंधंतो (कम्मं) तं एयविधं । तस्स दुविधा परूवणा–उज्जुमदिणाणं चेव विपुलमदिणाणं चेव । यं तं उज्जुमदिणाणं तं तिविधं–उज्जुगं मणोगदं जाणदि । उज्जुगं वचिगदं जाणदि । उज्जुगं कायगदं जाणदि । [1]मणेण माणसं पडिविंदइत्ता परेसिं सण्णासदिमदिचिंतादि विजाणदि, जीविदमरणं लाभालाभं

जीवोंकी संख्याप्रमाण है । परमावधिका काल समयाधिक लोकाकाशके प्रदेशप्रमाण है)यह असंख्यात वर्ष रूप है । इसका द्रव्य प्रदेशाधिक लोकाकाशके प्रदेश प्रमाण है ॥ १६ ॥

विशेष—अवधिज्ञानके जितने भेद कहे गये हैं, उतने ही अवधिज्ञानावरण कर्मके भेद हैं । अवधिज्ञानका अवधिज्ञानावरण कर्मके साथ अविनाभाव सम्बन्ध है । अतः श्रुतज्ञानके समान यहाँ भी अवधिज्ञानके वर्णन-द्वारा अवधिज्ञानावरणीय कर्मका वर्णन हुआ समझना चाहिए ।

इस प्रकार अवधिज्ञानावरण कर्मकी प्ररूपणा हुई ।

[मनःपर्ययज्ञानावरणप्ररूपणा[1]]

२. यह जो मनःपर्ययज्ञानावरणीय कर्म है, वह एक प्रकारका है । उसकी दो प्रकारकी प्ररूपणा है । एक ऋजुमतिज्ञान है, दूसरा विपुलमति मनःपर्ययज्ञान है । जो ऋजुमतिज्ञान है, वह तीन प्रकारका है । वह सरल मनोगत पदार्थको जानता है । सरल वचनगत पदार्थको जानता है । सरल कायगत पदार्थको जानता है । यह ऋजुमतिज्ञान मनसे–मतिज्ञानसे अन्य जीवके मनको अथवा मनःस्थित पदार्थको ग्रहण करके मनःपर्ययज्ञानके द्वारा अन्यकी संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान) स्मृति, मति, चिन्तादिको जानता है ।

विशेषार्थ—मनसे अर्थात् मतिज्ञानसे मानसिक पदार्थको पर्यय—ग्रहण करना मनःपर्ययज्ञान है । मतिज्ञान मनःपर्ययमें अवलम्बनमात्र है, कारणरूप नहीं है । जैसे आकाशमें स्थित चन्द्रदर्शनके लिए वृक्षकी शाखादिकी सीधका अवलम्बनमात्र लिया जाता है[2], चन्द्रदर्शनमें कारण नेत्रकी शक्ति है । इसी प्रकार मनोगतादि भावोंका परिज्ञान करनेमें मनःपर्ययज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम कारण है । मन अथवा मतिज्ञान अवलम्बनमात्र हैं । विपुलमति मनःपर्ययज्ञान मनके द्वारा अचिन्तित अथवा अर्धचिन्तित पदार्थको भी ग्रहण करता है ।

---

१. "परूवणा णाम किं उत्तं होदि ? ओघादेसेहि गुणेसु जीवसमासेसु पज्जत्तीसु पाणेसु सण्णासु गदीसु इंदिएसु काएसु जोगेसु वेदेसु कसाएसु णाणेसु संजमेसु दंसणेसु लेस्सासु भविएसु अभविएसु सम्मत्तेसु सण्णिअसण्णीसु आहारि-अणाहारीसु उवजोगेसु च पज्जत्तापज्जत्तविससणेहि विसेसिऊण जा जीव-परिक्खा सा परूवणा णाम ।"–ध० टी०,भा० २, पृ० ४१२ । २. "यथाऽभ्रे चन्द्रमसं पश्येति अभ्रमपेक्षाकारणमात्रं भवति, न च चक्षुरादिवन्निर्वर्तकं चन्द्रज्ञानस्य । तथाऽन्यदीयमनोऽप्यपेक्षाकारणमात्रं भवति । परकीयमनसि व्यवस्थितमर्थं जानाति मनःपर्ययः । ततो नास्य तदायत्तः प्रभव इति न मतिज्ञानप्रसंगः ।"–त० रा०,पृ० ५८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुखदुक्खं [1]णगरविणासं देह(देस)विणासं जणपदविणासं अदिवुट्ठि अणावुट्ठी-सुवुट्ठि-दुवुट्ठी सुभिक्खं दुब्भिक्खं खेमाखेमं भयरोगं उब्भमं विब्भमं संभमं वत्त-माणाणं जीवाणं, णो अवत्तमाणाणं जीवाणं जाणदि [2]। जहण्णेण गाउदपुधत्तं। उक्कस्सेण जोजणपुधत्तस्स अब्भंतरादो, णो बहिद्धा। जहण्णेण दो तिण्णि भवग्गहणाणि, उक्कस्सेण सत्तट्ठभवग्गहणाणि गदिरागदिं पदुप्पादेति।

यह ऋजुमति मनःपर्ययज्ञान 'वत्तमाणाणं'–व्यक्तमनवाले (संशय, विपर्यय, अनध्यव-सायरहित मनयुक्त) अन्य जीवोंके एवं अपने अथवा 'वत्तमाणाणं'[3]–'वर्तमान' जीवोंके, वर्तमानमें मनःस्थित त्रिकालसम्बन्धी पदार्थको जानता है। अतीत अथवा अनागत मनोगत पदार्थको यह ऋजुमति नहीं जानता है। यह वर्तमान अथवा व्यक्तमनवाले जीवोंके जीवन, मरण, लाभ, अलाभ, सुख, दुःख, नगरविनाश, देशविनाश, जनपदविनाश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सुवृष्टि, दुर्वृष्टि, सुभिक्ष, दुर्भिक्ष, क्षेम, अक्षेम, भय, रोग, उद्भ्रम, विभ्रम तथा सम्भ्रमको जानता है। यह ऋजुमति जघन्यसे कोसपृथक्त्व, उत्कृष्टसे योजनपृथक्त्वके भीतर जानता है। बाहर नहीं जानता है। कालकी अपेक्षा जघन्यसे दो तीन [4]भव, उत्कृष्टसे सात आठ भव ग्रहणसम्बन्धी गति-आगतिका प्रतिपादन करता है।

---

१. "चतुर्गोपुरान्वितं नगरम्। अंगवंगकलिंगमगधादओ देसा णाम। देसस्स एगदेसो जणवओ णाम जहा सूरसेणकासिगांधारआवंति आदओ। सस्यसम्पादिका वृष्टिः सुवृष्टिः। सालीवीहीजवगोधूमादिधाणाणं सुलहत्तं सुहिक्खं णाम। अरादीणामभावो खेमं णाम। परचक्कागमादओ भयं णाम।"–ध० टी०,प० १२९६। २. उद्धृतमिदम्–"आगमे ह्युक्तं मनसा मनः परिच्छिद्य परेषां संज्ञादीन् जानातीति।"–त० राज०, पृ० ५८। "मणेण माणसं पडिविंदइत्ता परेसिं सण्णा-सदि-मदि-चिंता-जीविद-मरणं लाहालाहं सुहदुक्खं णयरविणासं देसविणासं जणवयविणासं खेडविणासं, कव्वडविणासं, मडंबविणासं, पट्टणविणासं दोणमुहविणासणं अइवुट्ठि-अणावुट्ठि-सुवुट्ठि-दुवुट्ठि-सुभिक्खं दुभिक्खं खेमाखेम-भयरोगकालसंजुत्ते अत्थे विजाणदि।"–ध०टी०,प० १२५८। "मणेण मदिणाणेण। कधं मदिणाणस्स मणववएसो? कज्जे कारणोवयारादो। मणम्मि भवं लिंगं माणसं। अथवा मणो चेव माणसो, पडिविंदइत्ता घेत्तूण पच्छा मणपज्जवणाणेण जाणदि।''''मदिणाणेण परेसिं मणं घेत्तूण चेव मणपज्जवणाणेण मणम्मि ट्ठिदमत्थं जाणदि त्ति भणिदं होदि। एसो णियमो ण विउलमइस्स, अचिंतिदाणं पि अट्ठाणं विसईकरणादो"–ध० टी०। ३. "व्यक्तमनसां जीवानामर्थं जानाति, नाव्यक्तमनसाम्। व्यक्तः स्फुटीकृतोऽर्थश्चिन्तया मुनिर्वर्तितो यैस्ते जीवा व्यक्तमनसस्तैरर्थं चिन्तितं ऋजुमतिर्जानाति नेतरैः।" –त० रा०,पृ० ५८। ४. "वट्टमाणभवग्गहणेण विणा दोण्णि, तेण सह तीण्णि भवग्गहणाणि जाणदि त्ति।" –ध० टी०। धवला टीकामें वीरसेन स्वामी उपरोक्त दोनों दृष्टियोंका समन्वय करते हुए लिखते हैं–"व्यक्तं निष्पन्नं संशयविपर्ययानध्यवसायरहितं मनः येषां ते व्यक्तमनसः, तेषां व्यक्तमनसां जीवानां परेषामात्मनश्च सम्बन्धि वस्त्वन्तरं जानाति, नाव्यक्तमनसां जीवानां सम्बन्धि वस्त्वन्तरम्, तत्र तस्य सामर्थ्याभावात्। अथवा वर्तमानानां जीवानां वर्तमानमनोगतं त्रिकालसम्बन्धिनमर्थं जानाति, नातीतानागतमनोविषयमिति।"–ध० टी०, प० १२६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. यं तं विपुलमदिणाणं तं छव्विधं–उज्जुगं मणोगदं जाणदि, उज्जुगं वचिगदं जाणदि, उज्जुगं कायगदं जाणदि, अणुज्जुगं मणोगदं जाणदि, एवं वचिगदं काय(गदं) च। एवं याव वत्तमाणाणं पि जीवाणं जाणदि। जहण्णेण जोजणपुधत्तं, उक्कस्सेण माणुसुत्तरसेलस्स अब्भंतरादो, णो बहिद्धा। जहण्णेण सत्तट्ठभवग्गहणाणि, उक्कस्सेण असंखेज्जाणि भवग्गहणाणि गदिरागदिं पदुप्पादेदि। एवं मणपज्जवणाणावर०कम्मस्स परूवणा कदा भवदि।

विशेषार्थ—यदि वर्तमान भवको ग्रहण करते हैं तो तीन भव होते हैं। यदि वर्तमानको छोड़ दिया जाये, तो दो भव होते हैं। इस कारण दो भव या तीन भवसम्बन्धी कथनमें विरोधका सद्भाव नहीं रहता है। सात-आठ भवकी गति–आगतिके विषयमें भी यही समाधान है। वर्तमान भवको सम्मिलित करनेपर आठ भव, उसको छोड़नेपर सात भव होते हैं।

३. जो विपुलमति मनःपर्ययज्ञान है, वह छह प्रकारका है। वह सरल मनोगत पदार्थको जानता है, सरल वचनगत पदार्थको जानता है, सरल कायगत-पदार्थको जानता है, कुटिल मनोगत पदार्थको जानता है, कुटिल वचनगत पदार्थको जानता है, कुटिल कायगत पदार्थको जानता है। यह वर्तमान जीव तथा अवर्तमान जीवोंके अथवा व्यक्तमनवाले तथा अव्यक्त मनवाले जीवोंके द्वारा चिन्तित अचिन्तित सुख-दुःख लाभालाभादिको जानता है।[1]

इसका क्षेत्र जघन्यसे योजन पृथक्त्व है। यह उत्कृष्टसे मानुषोत्तर पर्वतके अभ्यन्तर जानता है। बाहर नहीं जानता है।

विशेषार्थ—मनःपर्ययज्ञानका क्षेत्र ४५ लाख योजन वर्तुलाकार न होकर[2] विष्कम्भात्मक है, चौकोर रूप है। अत एव मानुषोत्तर पर्वतके बाहरके कोणमें स्थित विषयोंको भी विपुलमतिज्ञानवाला जानता है।

कालकी अपेक्षा यह जघन्यसे सात आठ भव, उत्कृष्टसे असंख्यात भवोंकी गति आगतिका प्ररूपण करता है।[3]

विशेष—**शंका**–इस मनःपर्ययज्ञानावरण प्ररूपणामें मनःपर्ययज्ञानका निरूपण क्यों किया गया? ज्ञानमें कर्मत्वका समन्वय कैसे होगा?

समाधान–मनःपर्ययज्ञानावरणके द्वारा मनःपर्ययज्ञान आवृत होता है। यहाँ आवरण किये जानेवाले ज्ञानमें आवरण अर्थात् मनःपर्ययज्ञानावरणीय कर्मका उपचार किया गया है।

इस प्रकार मनःपर्ययज्ञानावरण कर्मकी प्ररूपणा की गयी।

---

१. "चिंतियमचिंतियं वा अद्धचिंतियमणेयभेयगयं। ओहिं वा विउलमदी लहिऊण विजाणए पच्छा।" –गो०जी०,गा० ४४८। त०रा०,पृ० ५९। २. "णरलोएत्ति य वयणं विक्कम्भणियामयं ण वट्टस्स। तम्हा तग्घणपदरं मणपज्जवखेत्तमुद्दिट्ठं॥"–गो० जी०,गा० ४५५। ३. "दुगतिगभवा हु अवरं सत्तट्ठभवा हवंति उक्कस्सं। अडणवभवा हु अवरमसंखेज्जं विउलउक्कस्सं॥"–गो० जी०,गा० ४५६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. यं तं केवलणाणावरणीयं कम्मं तं एयविधं । तस्स परूवणा कादव्वा भवदि । सयं भगवं उप्पण्णणाणदरिसी सदेवासुरमणुसस्स लोगस्स अगदि-गदिं चयणोपवादं बंधं मोक्खं इड्ढिं जुदिं अणुभागं तक्कं कलं मणो-माण(णु)सिक-भुत्तं कदं पडिसेविदं आदिकम्मं अरहकम्मं सव्वलोगे सव्वजीवाणं सव्वभावे समं सम्मं जाणदि । एवं केवलणाणावरणीयस्स कम्मस्स परूवणा कदा भवदि ।

[केवलज्ञानावरणप्ररूपणा]

४. जो केवलज्ञानावरणीय कर्म है, वह एक प्रकारका है । उसकी प्ररूपणा की जाती है । जिनेन्द्र भगवान्‌को केवलज्ञान तथा केवलदर्शनकी उपलब्धि हो चुकी है । वे स्वयं स्वर्गवासी देव, असुर[3] अर्थात् भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी देव, तिर्यंच तथा मनुष्यलोककी गति, आगति, चयन, उपपाद, बन्ध, मोक्ष, ऋद्धि, युति (जीवादि द्रव्योंका मिलना), अनुभाग, तर्क, पत्रछेदनादि कला, मनजनित ज्ञान, मानसिक विषय, राज्यादि एवं महाव्रतादिका पालन करना, रूप भुक्ति, कृत, प्रतिसेवित (त्रिकालमें पंचेन्द्रियोंके द्वारा सेवित), आदि कर्म अरह अर्थात् अनादि कर्मको सर्वलोकमें, सर्वजीवोंके सर्वभावोंको युगपत् सम्यक् प्रकारसे जानते हैं ।

विशेषार्थ—[4]केवली भगवान् त्रिकालावच्छिन्न लोक-अलोकसम्बन्धी सम्पूर्ण गुण पर्यायोंसे समन्वित अनन्त द्रव्योंको जानते हैं । [5]ऐसा कोई ज्ञेय नहीं हो सकता है जो केवली भगवान्‌के ज्ञानका विषय न हो । ज्ञानका धर्म ज्ञेयको जानना है और ज्ञेयका धर्म है-ज्ञानका विषय होना । इनमें विषयविषयिभाव सम्बन्ध है । जब मति और श्रुतज्ञानके द्वारा भी यह जीव वर्तमानके सिवाय भूत तथा भविष्यत् कालकी बातोंका परिज्ञान करता है, तब केवली भगवान्‌के द्वारा अतीत, अनागत, वर्तमान सभी पदार्थोंका ग्रहण करना युक्तियुक्त ही है । प्रतिबन्धक ज्ञानावरण कर्मके क्षय होनेपर आत्मा सकल पदार्थोंका साक्षात्कार कर लेता है । जैसे प्रदीपका प्रकाशन करना स्वभाव है, उसी प्रकार ज्ञानका भी स्वभाव स्व तथा परका प्रकाशन करना है । यदि क्रमपूर्वक केवली भगवान् अनन्तानन्त पदार्थोंको जानते तो सम्पूर्ण पदार्थोंका साक्षात्कार न हो पाता । अनन्तकाल व्यतीत होनेपर भी पदार्थोंकी अनन्त गणना अनन्त ही रहती । आत्माकी असाधारण निर्मलता होनेके कारण एक समयमें ही सकल

---

१. "असुराश्च भवनवासिनः, देवासुरवचनं देशामर्षकमिति ज्योतिषां व्यन्तराणां तिरश्चां ग्रहणं कर्तव्यम् ।"—ध० टी० । २. "जीवादिदव्वाणं मेलणं जुदी । पत्तच्छेद्यादि कला णाम । मणोजणिदं णाणं वा मणो वुच्चदे । रज्जमहव्वयादिपरिपालणं भुत्ती णाम । पंचहि इंदिएहि तिसुवि कालेसु जं सेविदं तं पडिसेविदं णाम । आद्यकर्म आदिकम्मं णाम, अत्थवंजणपज्जायभावेण सव्वेसिं दव्वाणमादि जाणदि त्ति भणिदं होदि । रहः अन्तरम् । अरहः अनन्तरम् । अरहः कर्म अरहस्कर्म तं जानाति । सुद्धदव्वट्ठियणयविसएण सव्वेसिं दव्वाणमणादित्तं जाणदि त्ति भणिदं होदि ।" ध० टी०, प० १२७२ । ३. असुर व्यन्तरोंके भेदविशेषका ज्ञापक होते हुए भी यहाँ सुरोंसे भिन्न असुर इस अर्थमें प्रयुक्त हुआ है । इस कारण तिर्यंच भी असुर शब्दके द्वारा गृहीत हुए हैं ।—ध० टी० । ४. "सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य ।"—त० सू० १।२९ । ५. "न खलु ज्ञस्वभावस्य कश्चिदगोचरोऽस्ति यन्न क्रमेत, तत्स्वभावान्तरप्रतिषेधात् ।....ज्ञो ज्ञेये कथमज्ञः स्यादसति प्रतिबन्धने । दाह्येऽग्निर्दाहको न स्यादसति प्रतिबन्धने ॥" —अष्टसह०, पृ० ४६।५० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. दंसणावरणीयस्स कम्मस्स णव पगदीओ। वेदणीयस्स कम्मस्स दुवे पगदीओ। मोहणीयस्स कम्मस्स अट्ठावीसपगदीओ। आयुगस्स कम्मस्स चत्तारि पगदीओ।

पदार्थोंका ग्रहण होता है। 'जब ज्ञान एक समयमें सम्पूर्ण जगत्का या विश्वके तत्त्वोंका बोध कर चुकता है, तब आगे वह कार्यहीन हो जायगा' यह आशंका भी युक्त नहीं है; कारण काल द्रव्यके निमित्तसे तथा अगुरुलघुगुणके कारण समस्त वस्तुओंमें क्षण-क्षणमें परिणमन-परिवर्तन होता है। जो कल भविष्यत् था, वह आज वर्तमान बनकर आगे अतीतका रूप धारण करता है। इस प्रकार परिवर्तनका चक्र सदा चलनेके कारण ज्ञेयके परिणमनके अनुसार ज्ञानमें भी परिणमन होता है। जगत्के जितने पदार्थ हैं, उतनी ही केवलज्ञानकी शक्ति या मर्यादा नहीं है। केवलज्ञान अनन्त है। यदि लोक अनन्तगुणित भी होता, तो केवल-ज्ञानसिन्धुमें वह बिन्दुतुल्य समा जाता। इस केवलज्ञानकी प्राप्ति मुख्यतासे ज्ञानावरणके क्षयसे होती है; किन्तु ज्ञानावरणके साथ दर्शनावरण तथा अन्तरायका भी क्षय होता है। इन तीन घातिया कर्मोंके पूर्व मोहका क्षय होता है। मोहक्षय हुए बिना कैवल्यकी उपलब्धि नहीं होती है। उज्ज्वल तथा उत्कृष्ट ज्ञानोंकी प्राप्तिके लिए मोहका निवारण होना आवश्यक है। अनन्त केवलज्ञानके द्वारा अनन्त जीव तथा अनन्त आकाशादिका ग्रहण होनेपर भी वे पदार्थ सान्त नहीं होते हैं। अनन्त ज्ञान अनन्त पदार्थ या पदार्थोंको अनन्त रूपसे बताता है, इस कारण ज्ञेय और ज्ञानकी अनन्तता अबाधित रहती है। कोई-कोई व्यक्ति सोचते हैं, सर्वज्ञका भाव सकल पदार्थोंका अवबोध नहीं है, किन्तु केवल आत्माका ज्ञानप्राप्त व्यक्ति उपचारसे सर्वज्ञ कहलाता है, वास्तवमें सर्वज्ञ कोई नहीं है।

यह धारणा भ्रान्तिपूर्ण है। जब ज्ञान क्षायोपशमिक अवस्थामें रहता है, तब वह अनेक पदार्थोंका साक्षात्कार करता है; जब वह ज्ञान क्षायिक अवस्थाको प्राप्त करता है, तब उस ज्ञानको न्यून बताकर आत्माके ज्ञान रूपमें सीमित सोचना असम्यक् है। क्षायिक अवस्थामें आबाधक कारण दूर होनेपर ज्ञानकी वृद्धि स्वीकार न कर, उसे न्यून मानना अयोग्य है। शंकाकार यह सोचे कि किस कारणसे सुविकसित मति, श्रुत, अवधि तथा मनः-पर्ययरूप ज्ञानचतुष्टय क्षीण होकर कैवल्यकालमें आत्माके ज्ञानरूपमें सीमित हो जाते हैं। आत्माका स्वभाव ज्ञान है। प्रतिबन्धक सामग्रीके अभाव होनेपर ऐसी कोई भी सामग्री नहीं है जो आत्माकी सर्वज्ञताको क्षति पहुँचा सके, अतः जिनशासनमें आत्माकी सर्वज्ञताको काल्पनिक नहीं, किन्तु वास्तविक रूपमें मान्यता प्रदान की गयी है।

इस प्रकार केवलज्ञानावरण कर्मकी प्ररूपणा हुई।

[दर्शनावरणादिकर्मप्ररूपणा]

५. दर्शनावरण कर्मकी नव प्रकृतियाँ हैं–चक्षु-अचक्षु-अवधि-केवल-दर्शनावरण, निद्रा, निद्रा-निद्रा, प्रचला, प्रचला-प्रचला तथा स्त्यानगृद्धि।

वेदनीय कर्मकी साता तथा असाता–ये दो प्रकृतियाँ हैं।

मोहनीय कर्मकी अट्ठाईस प्रकृतियाँ हैं–अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ, संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ, सम्यक्त्व प्रकृति, सम्यक्त्व-मिथ्यात्व, मिथ्यात्व, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद।

नरक, मनुष्य, तिर्यंच, देवायु ये आयु कर्मकी चार प्रकृतियाँ हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णामस्स कम्मस्स बादालीसं बंध-पगदीओ। यं तं गदिणामं कम्मं तं चदुविधं-णिरय-गदि याव देवगदि त्ति। या(य)था पगदिभंगो तथा कादव्वो। गोदस्स कम्मस्स दुवे पगदीओ। अंतराइगस्स कम्मस्स पंच पगदीओ। एवं पगदिसमुक्कित्तणा समत्ता।

६. जो सो सव्वबंधो णोसव्वबंधो णाम तस्स इमो दुवि०-ओघेण आदेसेण य। ओघे णाणंतराइगस्स पंच पग० किं सव्वबंधो णोसव्वबंधो? [सव्वबंधो।] दंसणाव० किं सव्वबंधो णोसव्वबंधो? सव्वाओ पगदीओ बंधमाणस्स सव्वबंधो। तदूणबंधमाणस्स

नाम-कर्मकी बयालीस बन्ध प्रकृतियाँ हैं-गति, जाति, शरीर, बन्धन, संघात, संस्थान, अंगोपांग, संहनन, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, आनुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योत, विहायोगति, त्रस-स्थावर, बादर-सूक्ष्म, पर्याप्त-अपर्याप्त, प्रत्येक-साधारण, स्थिर-अस्थिर, शुभ-अशुभ, सुभग-दुर्भग, सुस्वर-दुस्वर, आदेय-अनादेय, यशःकीर्ति-अयशःकीर्ति, निर्माण और तीर्थंकर।

इस नामकर्ममें जो गति नामका कर्म है, उसके चार भेद हैं-नरकगति, देवगति मनुष्यगति, तिर्यंचगति। इस प्रकार जिस प्रकृतिके जितने भेद हैं, उतने भेद समझ लेना चाहिए। अर्थात् षट्खंडागम वर्गणाखंडान्तर्गत प्रकृति अनुयोगद्वारमें जिस प्रकार कर्मोंकी उत्तर प्रकृतियोंका निरूपण किया गया है, तदनुसार यहाँ भी जानना चाहिए।

विशेषार्थ—गतिके सिवाय नामकर्मकी ये प्रकृतियाँ भी भेदयुक्त हैं। एकेन्द्रिय, दो इन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चौइन्द्रिय तथा पञ्चेन्द्रिय जाति। औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस, कार्मण शरीर। औदारिकादि रूप पञ्च बन्धन तथा पंच संघात। समचतुरस्र, न्यग्रोधपरिमण्डल, कुब्ज, स्वाति, वामन, हुण्डक-संस्थान। औदारिक-शरीरांगोपांग, वैक्रियिक-शरीरांगोपांग, आहारक-शरीरांगोपांग। वज्रवृषभनाराच, वज्रनाराच, नाराच, अर्धनाराच, कीलित, असम्प्राप्तासृपाटिका-संहनन। शुक्ल, कृष्ण, नील, पीत, लाल वर्ण। सुगन्ध, दुर्गन्ध। खट्टा, मीठा, चिरपिरा, कटु, कषायला रस। ठंडा, गरम, स्निग्ध, रूक्ष, हलका, भारी, नरम, कठोर-रूप-स्पर्श। नरक-तिर्यंच-मनुष्य-देवगति-प्रायोग्यानुपूर्वी। प्रशस्त-अप्रशस्त विहायोगति। ये ६५ उत्तर प्रकृतियाँ हैं जो पिण्डरूपसे १४ कही गयी हैं। ६५ उत्तर भेदवाली पिण्ड प्रकृतियोंमें २८ भेदरहित अपिण्ड प्रकृतियोंको जोड़नेपर नाम कर्मकी ९३ प्रकृतियाँ होती हैं।

उच्चगोत्र, नीचगोत्रके भेदसे गोत्रकर्म दो प्रकारका है।

दान-लाभ-भोग-उपभोग तथा वीर्यान्तराय ये अन्तरायकी पाँच प्रकृतियाँ हैं। सब प्रकृतियाँ १४८ होती हैं।

विशेष—इन कर्म-प्रकृतियोंके विशेष भेद किये जायें, तो अनन्त भेद हो जाते हैं।

इस प्रकार प्रकृति-समुत्कीर्तन समाप्त हुआ

[सर्वबन्धनोसर्वबन्धप्ररूपणा]

६. जो सर्वबन्ध तथा नोसर्वबन्ध है, उसका ओघ अर्थात् सामान्य और आदेश अर्थात् विशेषसे दो प्रकार निर्देश होता है।

ओघसे ५ ज्ञानावरण तथा ५ अन्तरायकी प्रकृतियोंका क्या सर्वबन्ध है या नोसर्वबन्ध? [इनका सर्वबन्ध होता है।]

विशेषार्थ—ज्ञानावरण अथवा अन्तरायके पांच भेदोंमें-से अन्यतमका बन्ध होनेपर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णोसव्वबंधो। एवं मोहणीय-णामाणं। वेयणी०-आयु-गोदा० किं सव्वबंधो णोसव्वबंधो? णोसव्वबंधो। एवं याव अणाहारग त्ति, णवरि अणुदिसा० याव सव्वट्ठत्ति दंसणा०-णोसव्वबंधो। एदेण बीजेण णेदव्वं। एवं उक्कस्सं-बंधो अणुक्कस्सं-बंधोपि णेदव्वं। यो सो जहण्णबंधो अजहण्णबंधो णाम तस्स इमो दु० णिद्देसो। ओघे० आदेसे०। ओघे० णाणंतराइगस्स पंचविहस्स किं जहण्णबंधो, अजहण्णबंधो? अजहण्णबंधो। दंसणावरणीय-मोहणीय-णामाणं वि किं जहण्णबंधो, अजहण्णबंधो? जहण्णबंधो वा अजहण्णबंधो वा। वेदणी०-आयु-गोदा० किं जह० अजह०? जहण्णबंधो। एवं याव आण (अणा)हारग त्ति णेदव्वं। यो सो सादिय-बंधो अणादिय बंधो ४, तस्स

शेष चार भेदोंका नियमसे बन्ध होता है। सर्व भेदोंका बन्ध होनेके कारण इनका सर्वबन्ध कहा गया है।

प्रश्न—दर्शनावरण कर्मका सर्वबन्ध है या नोसर्वबन्ध है?

उत्तर—सम्पूर्ण प्रकृतियोंके बन्ध करनेवालेके सर्वबन्ध होता है। सर्व प्रकृतियोंमें-से न्यून प्रकृतियोंके बन्ध करनेवालेके नोसर्वबन्ध है।

मोहनीय तथा नामकर्ममें दर्शनावरणके समान जानना चाहिए अर्थात् सर्व प्रकृतियोंके बन्ध करनेवालेके सर्वबन्ध और कुछ न्यून प्रकृतियोंके बन्ध करनेवालेके नोसर्वबन्ध होता है। वेदनीय, गोत्र तथा आयुकर्ममें क्या सर्वबन्ध है, अथवा नोसर्वबन्ध है? नोसर्वबन्ध है।

विशेषार्थ—साता, असाता वेदनीय, उच्च, नीच गोत्र इन युगलोंमें-से किसी एकका बन्ध होगा तथा अन्यका अबन्ध होगा। इसी प्रकार आयुचतुष्टयमें-से अन्यतमका बन्ध होगा, शेषका अबन्ध होगा। इसलिए वेदनीय, गोत्र तथा आयुका नोसर्वबन्ध कहा है।

आदेशसे यह क्रम अनाहारक पर्यन्त जानना चाहिए। विशेषता यह है कि अनुदिशसे सर्वार्थसिद्धिपर्यन्त देवोंमें दर्शनावरण तथा मोहनीयका नोसर्वबन्ध होता है। इस कथनको आगे भी अन्य मार्गणाओंमें सर्व नोसर्वबन्धका बीजभूत समझना चाहिए।

[उत्कृष्टबन्ध-अनुत्कृष्टबन्धप्ररूपणा]

इसी प्रकार उत्कृष्टबन्ध तथा अनुत्कृष्टबन्धमें भी जानना चाहिए।

विशेष—सर्वबन्ध नोसर्वबन्धमें ओघ तथा आदेशसे जैसा वर्णन किया गया है, उसी प्रकार यहाँ भी जानना चाहिए।

[जघन्यबन्ध-अजघन्यबन्धप्ररूपणा]

जो जघन्यबन्ध तथा अजघन्यबन्ध है, उसका ओघ तथा आदेशसे दो प्रकारसे निर्देश करते हैं। ५ ज्ञानावरण, ५ अन्तरायका क्या जघन्यबन्ध है या अजघन्यबन्ध है? अजघन्यबन्ध है। दर्शनावरण, मोहनीय तथा नामकर्मका क्या जघन्यबन्ध है या अजघन्यबन्ध? जघन्यबन्ध है तथा अजघन्यबन्ध है। वेदनीय, आयु तथा गोत्रका क्या जघन्यबन्ध है या अजघन्यबन्ध? जघन्यबन्ध है।

अनाहारक मार्गणापर्यन्त इसी प्रकार जानना चाहिए।

१. "सादि अणादी धुव अद्धुवो य बंधो दु कम्मछक्कस्स। तदियो सादिय सेसो अणादि धुव सेसगो आऊ॥"—गो० कर्म०, गा० १२२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इमो दुवि० । ओघे० आदे० ।

७. ओघे० सादिय-बंधो णाम तत्थ इमं अट्ठपदं एक्का वा छा वा पगदीओ वोच्छिण्णाओ संतिओ भूयो बज्झदि त्ति । एसो सादियबंधो[1] णाम ।

[सादि-अनादि-ध्रुव-अध्रुवबन्धप्ररूपणा]

जो सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव बन्ध है, उसका ओघ तथा आदेशसे दो प्रकारका निर्देश है ।

७. सादि बन्धका यह अर्थपद है कि एक कर्म अर्थात् आयु कर्मका, छह कर्मोंका अर्थात् वेदनीयको छोड़कर शेष ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, नाम, गोत्र तथा अन्तराय रूप छह कर्मोंका बन्ध व्युच्छिन्न होनेके पश्चात् पुनः बन्ध होना सादिबन्ध है ।

विशेषार्थ—आयुका निरन्तर बन्ध नहीं होता है । आयुका बन्ध होकर रुक जाता है, पुनः बन्ध होता है, अतएव इसको सादिबन्ध कहा है । सदा बन्ध न होनेके कारण अध्रुव भी है । आयुके विषयमें गोम्मटसार कर्मकाण्डमें लिखा है कि भुज्यमान आयुके उत्कृष्ट छह मास अवशेष रहनेपर देव तथा नारकी मनुष्यायु वा तिर्यंचायुका बन्ध करते हैं । भोग-भूमिया जीव छह मास अवशेष रहनेपर देवायुका ही बन्ध करते हैं । मनुष्य तथा तिर्यंच भुज्यमान आयुका तीसरा भाग अवशेष रहनेपर चारों आयुका बंध करते हैं । तेजकायिक तथा वातकायिक जीव एवं सप्तम पृथ्वीके नारकी तिर्यंच आयुको ही बाँधते हैं । एकेन्द्रिय वा विकलेन्द्रिय मनुष्यायु वा तिर्यंचायु ही का बन्ध करते हैं ।

एक जीव एक भवमें एक ही आयुका बन्ध करता है । वह भी योग्यकालमें आठ बार ही बाँधता है । वहाँ सर्वत्र तीसरा-तीसरा भाग शेष रहनेपर बाँधता है ।

आठ अपकर्षके कालोंमें पहली बारके बिना द्वितीयादिक बारमें पूर्वमें जो आयु बाँधी थी, उसकी स्थितिकी वृद्धि, हानि व अवस्थिति होती है । पहली बार आयुकी जो स्थिति बाँधी थी, उसके पश्चात् यदि दूसरी बार, तीसरी बार इत्यादिक बन्ध योग्य कालमें पहली स्थितिसे यदि अधिक आयुका बन्ध हुआ है, तो पीछे जो अधिक स्थिति बँधी उसकी प्रधानता जाननी चाहिए । यदि पूर्वबद्ध स्थितिकी अपेक्षा न्यून स्थिति बँधी, तो पहली बँधी अधिक स्थितिकी प्रधानता जाननी चाहिए । आयुके बन्धको करते हुए जीवके परिणामोंके कारण आयुका अपवर्तन अर्थात् घटना भी होता है । इसे अपवर्तन घात कहते हैं ।

उदय प्राप्त आयुके अपवर्तनको कदलीघात कहते हैं । यह भी ज्ञातव्य है कि तीसरा भाग अवशेष रहने पर आगामी आयुका बन्ध होगा ही, इस प्रकार का एकान्त नियम नहीं है । उस कालमें आयुके बन्ध होनेकी योग्यता है । वहाँ आयुका बन्ध होवे तथा न भी होवे । (गो० क० बड़ी टीका पृ० ८३६-८३८ गाथा ६३९—६४३) उपशान्त कषाय गुण-स्थानमें जब कोई जीव पहुँचता है, तब ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, नाम, गोत्र तथा अन्तरायका बन्ध रुक जाता है, वहाँ केवल सातावेदनीयका ही बन्ध होता है । जब वह जीव गिरकर पुनः सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें आता है, तब ज्ञानावरणादिका बन्ध पुनः प्रारम्भ हो जाता है । इस कारण ज्ञानावरणादिका सादिबन्ध कहा गया है ।

१. "सादी अबंधबंधे सेढि अणारूढगे अणादी हु । अभवसिद्धम्हि धुवो, भवसिद्धे अद्धुवो बंधो ॥"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. एवं मूलपगदि-अट्ठपदभंगो कादव्वो । एदेण अट्ठपदेण दुवि० ओघे० आदेसे० । ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्तं सोलसकसा०-भयं-दुगुं०-तेजा-कम्म०-वण्ण०४-अगुरु०-उप०-णिमिण० पंचंतराइ० किं सादि० ४ ? सादियबंधो वा० ४ । सादासादं सत्तणोकसाय-चदुआयु-चदुग०-पंचजा०-तिण्णिसरी०-छस्संठा०-तिण्णि-अंगो०-छस्संघड० चत्तारि आणुपु०-परघादुस्सास-आदावुज्जोवं दोविहायगदि-तसादि-दसयुगलं तित्थयरं णीचुच्चागोदाणं किं सादि०४ ? सादियअद्धुवबंधो । एवं अचक्खु० । भवसिद्धि० धुवरहिदं । एवं याव अणाहारग त्ति णेदव्वं ।

९. यो सो बंधसामित्तविचयो णाम तस्स इमो णिद्देसो ओघे० आदे० । ओघे० चोद्दस-जीवसमासा णादव्वा भवंति । तं यथा मिच्छादिट्ठि याव अजोगिकेवलि त्ति । एदेसिं चोद्दस-जीवसमासाणं पगदिबंधवोच्छेदो कादव्वो भवदि ।

---

८. इस प्रकार मूल कर्मप्रकृतिके अर्थपदभंग (प्रयोजनभूत पदोंके भंग) करना चाहिए। इस अर्थपदसे इस बातको लक्ष्यमें रखते हुए अर्थात् ओघ तथा आदेश-द्वारा दो प्रकार निर्देश करते हैं।

ओघका अर्थ सामान्य तथा आदेशका अर्थ विशेष है। ओघसे ५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण , वर्ण आदि ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, ५ अन्तरायके क्या सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव ये चारों बन्ध होते हैं ? सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव बन्ध होते हैं।

साता, असाता, भय जुगुप्सा बिना ७ नोकषाय, ४ आयु, ४ गति, ५ जाति, ३ शरीर, ६ संस्थान, ३ आंगोपांग, ६ संहनन, ४ आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योत, २ विहायोगति, त्रसादि दस युगल, तीर्थंकर, नीचगोत्र, उच्चगोत्र इनके क्या सादि आदि चार बन्ध होते हैं ? सादि तथा अध्रुव बन्ध हैं।

ऐसा अचक्षु दर्शनमें जानना चाहिए। भव्यसिद्धिकोंमें ध्रुव भंग नहीं है। अनाहारकपर्यन्त ऐसा जानना चाहिए।

[बन्धस्वामित्वविचयप्ररूपणा]

९. जो बन्धस्वामित्वविचय है–उसका ओघ तथा आदेशसे दो प्रकार निर्देश करते हैं। ओघसे–मिथ्यादृष्टिसे लेकर अयोगकेवली पर्यन्त चौदह[2] जीवसमास—गुणस्थान होते हैं। इन चौदह जीवसमासों–गुणस्थानोंमें प्रकृतिबन्धकी व्युच्छित्ति कहनी चाहिए।

---

१. "घादितिमिच्छकसायाभय-तेजगुरु-दुग-णिमिण-वण्णचओ। सत्तेतालधुवाणं चदुधा सेसाणयं च दुधा ॥" —गो० क०, गा० १२३–१२४। २. "एत्तो इमेसिं चोद्दसण्हं जीवसमासाणं मग्गणट्ठयाए तत्थ इमाणि चोद्दस चेवट्ठाणाणि णायव्वाणि भवंति । जीवाः समस्यन्ते एष्विति जीवसमासाः । तेषां चतुर्दशानां जीवसमासानां चतुर्दशगुणस्थानानामित्यर्थः ।" —ध० टी०, भा० १, पृ० ९१,१३१ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०. पंचणाणावरणीय-चदुदंसणावरणीय-जसगित्ति-उच्चागोद-पंच-अंतराइगाणं को बंधको, अबंधो० ? मिच्छादिट्ठिप्पहुदि याव सुहुमसंपराइयसुद्धिसंजदा त्ति बंधा। सुहुमसांपराइय-सुद्धिसंज०दव्वाए चरिमसमयं गंतूण बंधो वोच्छिज्जदि। एदे बंधा, अवसेसा

गुणस्थान	बन्ध व्युच्छित्ति प्राप्त प्रकृतियाँ	विवरण
मिथ्यात्व	१६	मिथ्यात्व, हुण्डसंस्थान, नपुंसकवेद, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, एकेन्द्रिय, स्थावर, आताप, सूक्ष्मत्रय, विकलेन्द्रिय, नरकगति, नरकानुपूर्वी, नरकायु।
सासादन	२५	४ अनन्तानुबन्धी, स्त्यानत्रिक, दुर्भगत्रिक, संस्थान ४, संहनन ४, दुर्गमन, स्त्रीवेद, नीचगोत्र, तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी, उद्योत, तिर्यंचायु।
मिश्र	०	×
अविरत	१०	अप्रत्याख्यानावरण ४, वज्रवृषभसंहनन, औदारिकशरीर, औदारिक-आंगोपांग, मनुष्यद्विक तथा मनुष्यायु।
देशविरत	४	प्रत्याख्यानावरण ४।
प्रमत्तसंयत	६	अस्थिर, अशुभ, असाता, अयशःकीर्ति, अरति, शोक।
अप्रमत्तसंयत	१	देवायु।
अपूर्वकरण	३६	निद्रा-प्रचला ये प्रथम भागमें। छठेमें तीर्थंकर, निर्माण, प्रशस्त-विहायोगति, पंचेन्द्रिय, तैजस, कार्मण, आहारद्विक, समचतुरस्रसंस्थान, सुरद्विक, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आंगोपांग, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उछ्वास, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय। चरममें हास्य, रति, भय, जुगुप्सा।
अनिवृत्तिकरण	५	प्रथम भागमें पुरुषवेद, २रेमें सं० क्रोध, ३रेमें सं० मान, ४ थेमें सं० माया, ५ वेंमें सं० लोभ।
सूक्ष्मसाम्पराय	१६	५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ५ अन्तराय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र
उपशांतकषाय	०	×
क्षीणमोह	०	×
सयोगकेवली	१	सातावेदनीय।
अयोगकेवली	०	×
	१२०	गो० क० गा० ९४-१०२।

१०. ५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, यशस्कीर्ति, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायोंका कौन बन्धक है, कौन अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायशुद्धिसंयतपर्यन्त बन्धक हैं। सूक्ष्मसाम्परायशुद्धिसंयत द्रव्यके चरम समय तक पहुँचकर अन्तमें बन्धकी व्युच्छित्ति हो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अबंधा । थीणगिद्धितिगं-अणंताणुबंधि०४-इत्थिवे०-तिरिक्खायु०-तिरिक्खग०-चदुसंठा०-चदुसंघा०-तिरिक्खगदिपा० उज्जो० अप्पसत्थवि० दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचागोदा० को बंधो, को अबंधो ? मिच्छादि० सासणसम्मादिट्ठिबंधा । एदे बंधा, अवसेसा अबंधा । णिद्दापयलाणं को बंधगो, को अबंधो ? मिच्छादिट्ठिपहुदि याव अपुव्वकरणपविट्ठ-सुद्धिसंजदेसु उवसमा खवा बंधा । अपुव्वकरणद्धाए संखेज्जदिभागं गंतूण बंधो वोच्छिज्जदि । एदे बंधा अवसेसा अबंधा । सादावेद० को बंधो, को अबंधो ? मिच्छादिट्ठिप्पहुदिं (हुडि) याव सयोगकेवली बंधा सजोगकेवलिअद्धाए चरिमसमयं गंतूण बंधो वोच्छिज्जदि एदे बंधा, अवसेसा अबंधा । असादावेद०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजसगित्ति को बं० को अबं० ? मिच्छादिट्ठि पभुदि (हुडि) याव अपमत्त (पमत्त) संजदा त्ति बंधा । एदे बंधा अवसेसा अबंधा । मिच्छत्त-णपुसंक०वेद-णिरयायु०-णिरयगदि-चदुजादि-हुंडसंठाण-असंपत्तसेवट्टसंघ०-णिरयगदिपाओग्गाणुपु०-आदाव-थावर-सुहुम-अपज्जत्त - साधारण० को बंधो, को अबं० ? मिच्छादिट्ठी बंधा अवसेसा अबं० । अपच्चक्खाणावर० ४-मणुसगदि-ओरालियसरी०-ओरालि०-अंगो०-वज्जरिसभसंघ० - मणुसगदिपाओ० को बंधको० अबं० ? मिच्छादिट्ठिपभुदि याव असंजद० बंधा । एदे बं० अवसेसा अबं० ।

जाती है । इसलिए आदिके १० गुणस्थानवाले जीव बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं ।

स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी ४, स्त्रीवेद, तिर्यंचायु, तिर्यंचगति, ४ संस्थान, ४ संहनन, तिर्यंचगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय तथा नीच गोत्रके बन्धक-अबन्धक कौन हैं ? मिथ्यादृष्टिसे सासादन सम्यक्त्वीपर्यन्त बन्धक हैं । ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं ।

निद्रा-प्रचलाका कौन बन्धक है, कौन अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणप्रविष्ट शुद्धिसंयतोंमें उपशमकों तथा क्षपकोंपर्यन्त बन्धक हैं । अपूर्वकरणके कालमें संख्यातवें भाग बीतनेपर बन्धकी व्युच्छित्ति होती है । ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं ।

सातावेदनीयका कौन बन्धक-अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीपर्यन्त बन्धक हैं । सयोगकेवलीके कालके अन्तिम समय व्यतीत होनेपर बन्धकी व्युच्छित्ति होती है । ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं ।

असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ, अयशस्कीर्तिके कौन बन्धक हैं ? कौन अबन्धक हैं ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयतपर्यन्त बन्धक हैं । ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं ।

मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, नरकायु, नरकगति, ४ जाति, हुण्डकसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिक संहनन, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आताप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त तथा साधारणका कौन बन्धक, कौन अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टि बन्धक है ; शेष अबन्धक हैं ।

अप्रत्याख्यानावरण ४, मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आंगोपांग, वज्रवृषभनाराच संहनन, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वीका कौन बन्धक है ? कौन अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयत सम्यक्त्वपर्यन्त बन्धक हैं ; शेष अबन्धक हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पच्चक्खाणावर०४ को बंधो, को अबं० ? मिच्छादिट्ठि याव संजदासंजदा बंधा। एदे बं० अवसेसा अबंधा। पुरिसवे०-कोध० संज० को बं० को अबं० ? मिच्छादिट्ठि याव अणियट्टिउवसमा खवा बंधा। अणियट्टिबादरद्धाए संखेज्जाभागं गंतूण वोच्छिज्जदि। एदे बंधा अवसेसा अबंधा। एवं माणमायसंज०। णवरि सेसे सेसे संखेज्जाभागं गंतूण बंधा। एदे बं० अवसेसा अबं०। एवं लोभसंज०। णवरि अणियट्टिअद्धाए चरिमसमयं गंतूण बंधो०। एदे बं० अवसेसा अबं०। हस्सरदिभयदुगुं० को बंधो ? मिच्छादिट्ठि याव अपुव्वकरणउवसमा खमा (खवा) बंधा। अपुव्वकरणद्धाए चरिमसमयं गंतू० बंधो वो०। एदे बं० अवसेसा अबं०। मणुसायु० को बंध० को० [अबंधको] ? मिच्छादि०-सासणसम्मादि०-असंजद० बंधा। एदे बं० अवसेसा अबंधा। देवा० मिच्छादि० सासण० असंजदसं० संजदासंजद-पमत्तसंजद-अप्पमत्तसंजद०। अप्पमत्तसंजदद्धाए संखेज्जदिभागं [गंतूण] बंधो० [वोच्छिज्जदि]। एदे बंधा० अवसेसा [अबंधा]। देवगदि०

प्रत्याख्यानावरण ४ का कौन बन्धक, अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर संयतासंयत-पर्यन्त बन्धक हैं। ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं।

पुरुषवेद, संज्वलन क्रोधका कौन बन्धक, अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर अनिवृत्तिकरणमें उपशमक क्षपक पर्यन्त बन्धक हैं, अनिवृत्तिबादरके कालके संख्यात भाग बीतनेपर व्युच्छित्ति होती है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

मान-माया-संज्वलनमें भी यही बात जाननी चाहिए। विशेष यह है कि शेष शेषके संख्यात भाग बीतनेपर्यन्त बन्ध होता है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

इसी प्रकार संज्वलन लोभमें है। विशेष–अनिवृत्तिकरणके कालके चरम समयपर्यन्त बन्ध होता है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

हास्य, रति, भय, जुगुप्साका कौन बन्धक है ? मिथ्यात्वसे लेकर अपूर्वकरणके उपशमक तथा क्षपकपर्यन्त बन्धक हैं। अपूर्वकरणके चरम समयके बीतनेपर बन्धकी व्युच्छित्ति होती है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

मनुष्य आयुका कौन बन्धक है ? कौन अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टि, सासादन तथा असंयतसम्यक्त्वी बन्धक हैं। ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं।

देवायुका कौन बन्धक, अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टि, सासादन, असंयतसम्यक्त्वी, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत बन्धक हैं। अप्रमत्तसंयतके कालके संख्यातवें भाग बीतनेपर बन्धकी व्युच्छित्ति होती है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

देवगति, पंचेन्द्रिय, वैक्रियिकशरीर, तैजस, कार्मण, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आंगोपांग, वर्ण ४, देवानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, [त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक,] स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माणका कौन बन्धक, अबन्धक है ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरण गुणस्थानके उपशमक क्षपकपर्यन्त बन्धक हैं। अपूर्वकरणके संख्यातवें भाग बीतनेपर बन्धकी व्युच्छित्ति होती है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचिंदि० वेगुव्वि० तेजाकम्म० समचदु० वेउ० अंगो०-वण्ण०४ देवाणुपु० - अगुरु०४ पसत्थवि० थीरा-(थिर -सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० णिमिणं को बंध० को अबं० ? मिच्छादि० याव अपुव्व० उवस० खवा बंधा० । अपुव्वकरण० संखेज्जाभागं गंतू० बंधो वोच्छे० । एदे बंधा अव० [अबंधा] । आहारस०-आहारस०अंगोवं० को बं० को अबं० ? अप्पमत्त-अपुव्वकरणद्धाए संखेज्जाभागं गंतूण बंधो० [वोच्छिज्जदि] । एदे बंधा अवसेसा [अबंधा] । तित्थयरस्स को बं०, को अबं० ? असंज० याव अपुव्वकर० बंधा० । अपुव्वकरणद्धाए संखेज्जाभागं गंतू० । एदे बं० अवसेसा अबंधा० । कदिहि कारणेहि जीवा तित्थयरणामागोदकम्मं बंधदि ? तत्थ इमेणेहि सोलसकारणेहि जीवा तित्थयरणामागोदं कम्मं बंधदि । दंसणविसुज्झदाए, विणयसंपण्णदाए, सीलवदेसु णिरदिचारदाए, आवासएसु अपरिहीणदाए, खणलव-पडिमज्झ(बुज्झ) णदाए, लद्धिसंवेगसंपण्णदाए, यथा छामे(थामे) तथा तवे, साधूणं समाधिसंधारणदाए, साधूणं वेज्जावच्चयोगयुत्तदाए, साधूणं पासुगपरिच्चागदाए, अरहंत-भत्तीए, बहुस्सुदभत्तीए, पवयणभत्तीए, पवयणवच्छल्लदाए, पवयणपभावणदाए अभि-

---

आहारक शरीर, आहारक आंगोपांगका कौन बन्धक है ? कौन अबन्धक है ? अप्रमत्त, अपूर्वकरणके संख्यातवें भाग व्यतीत होनेपर बन्धकी व्युच्छित्ति होती है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

तीर्थंकरप्रकृतिका कौन बन्धक है ? कौन अबन्धक है ? असंयत सम्यग्दृष्टिसे अपूर्वकरणपर्यन्त बन्धक हैं। अपूर्वकरणके संख्यात भाग बीतनेपर बन्धकी व्युच्छित्ति होती है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

शंका—कितने कारणोंसे जीव तीर्थंकर नामगोत्र कर्मका बन्ध करता है ?

समाधान—इन सोलह कारणोंसे जीव तीर्थंकर नामगोत्र कर्मका बन्ध करता है। दर्शनविशुद्धता, विनयसम्पन्नता, शीलव्रतेषु निरतिचारता, आवश्यकेषु अपरिहीनता, क्षण-लव-प्रतिबोधनता, लब्धिसंवेगसम्पन्नता, यथाशक्ति तप, साधुसमाधिसन्धारणता, वैयावृत्त्य-योगयुक्तता, साधु-प्रासुकपरित्यागता, अरहन्तभक्ति, बहुश्रुतभक्ति, प्रवचनभक्ति, प्रवचन-

---

१. धवला टीकामें जो षोडशकारणोंके नाम गिनाये हैं, उनके क्रममें थोड़ा अन्तर है। यहाँ आठवें नम्बरपर 'साधुसमाधिसंधारणता'के स्थानमें 'साधुप्रासुकपरित्यागता' पाठ है। ९वें नम्बरपर 'वैयावृत्त्य-योगयुक्तता'के स्थानमें 'समाधिसंधारणता' पाठ है। नं० १० में 'साधु प्रासुकपरित्यागता'के स्थानमें 'वैयावृत्त्य-योगयुक्तता' पाठ है। शेष पाठ समान हैं। तत्त्वार्थसूत्रमें इस प्रकार पाठभेद है—नं० ४ में अभीक्ष्णज्ञानोपयोग, नं० ५ में संवेग, ६ में शक्तितः त्याग, नं० १० में अर्हद्भक्ति, नं० १४ में आवश्यकापरिहानि, नं० १६ में प्रवचनवत्सलत्व पाठ है। तत्त्वार्थसूत्र तथा भूतबलिस्वामी-द्वारा कथित भावनाओंके नामोंमें भी कहीं-कहीं अन्तर है। तत्त्वार्थसूत्रमें 'संवेग', 'साधुसमाधि', 'शक्तितः त्याग', 'मार्गप्रभावना' पाठ है, उसके स्थानमें क्रमशः 'लब्धिसंवेगसम्पन्नता', 'साधु-समाधिसंधारणता', 'प्रासुकपरित्यागता', 'प्रवचनप्रभावनता' पाठ है। आचार्यभक्तिका महाबन्धमें पाठ नहीं है। एक नवीन भावना क्षणलवप्रतिबोधनता सम्मिलित की गयी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्खणं णाणोपयुत्तदाए। इदेहि सोलसेहि कारणेहि जीवो तित्थयरणामागोदं कम्मं बंधदि।

वत्सलता, प्रवचनप्रभावनता, अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता, इन सोलह कारणोंसे जीव तीर्थंकर नामगोत्र कर्मका बन्ध करता है।

विशेषार्थ—यहाँ यह शंका उत्पन्न होती है कि जब अन्य कर्मोंके बन्धके कारण नहीं बताये गये, तब तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धके कारणोंका सूत्रकारने क्यों पृथक् रूपसे उल्लेख किया है ?

इसके समाधानमें वीरसेनाचार्य धवला टीकामें लिखते हैं कि तीर्थंकरके बन्धके कारण ज्ञात न होनेसे उनका पृथक् उल्लेख करना उचित है। उसके बन्धका कारण मिथ्यात्व नहीं है, कारण मिथ्यात्वी जीवके तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता। सम्यग्दृष्टिके ही तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध होता है। असंयम भी बन्धका कारण नहीं है; क्योंकि संयमी जीव भी उसके बन्धक होते हैं। कषाय भी बन्धका कारण नहीं है, कारण कषायके होते हुए भी इसके बन्धका विच्छेद देखा जाता है अथवा बन्धका आरम्भ भी नहीं होता है। कदाचित् मन्द कषायको बन्धका कारण कहें, तो यह भी नहीं बनता है; कारण तीव्र कषाययुक्त नारकियोंमें भी तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध देखा जाता है। तीव्र कषाय भी उसका कारण नहीं है; क्योंकि मन्द कषायवाले सर्वार्थसिद्धिके देवों और अपूर्वकरणगुणस्थानवालोंमें भी उसका बन्ध होता है। बन्धका कारण कदाचित् सम्यक्त्वको कहें, तो यह भी ठीक नहीं है। सम्यग्दर्शन होते हुए भी बन्धका कहीं-कहीं अभाव देखा जाता है। यदि दर्शनकी निर्मलताको कारण कहें तो दर्शनमोहके क्षय करनेवाले सभी व्यक्तियोंके तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध होना चाहिए था, किन्तु ऐसा भी नहीं है। अतः दर्शनकी शुद्धता भी कारण नहीं है। कार्यकारणभावका नियम तो तब बनता है, जब कारणके होनेपर नियमसे कार्य बन जाये। सब क्षायिक सम्यक्त्वी जीव तो तीर्थंकरप्रकृतिका बन्ध नहीं करते हैं। ऐसी स्थितिमें उत्पन्न होनेवाली शंकाके निराकरणके लिए भूतबली स्वामीने कहा है कि इन सोलह कारणोंसे जीव तीर्थंकर नामगोत्रका बन्ध करते हैं।

शंका—नामकर्मके भेद तीर्थंकरकी गोत्र संज्ञा क्यों की गयी ?

समाधान—उच्चगोत्रके बन्धके अविनाभावी होनेसे तीर्थंकरप्रकृतिको भी गोत्र कहा है[1] (?)

तीर्थंकरके बन्धका प्रारम्भ मनुष्यगतिमें ही होता है, इस बातका परिज्ञान करानेके लिए सूत्रमें 'तत्थ' शब्दका ग्रहण किया है।

शंका—[2]तीर्थंकरके बन्धका प्रारम्भ अन्य गतियोंमें क्यों नहीं होता है ?

समाधान—तीर्थंकरप्रकृतिमें सहकारी कारण केवलज्ञानसे उपलक्षित जीवद्रव्य है। उसके विना बन्धका प्रारम्भ नहीं होता। मनुष्यगतिमें केवलज्ञानसे उपलक्षित जीव पाया जाता है। इससे मनुष्यगतिमें ही बन्धका प्रारम्भ कहा है। इसका तात्पर्य यह है कि मनुष्यगतिमें केवलज्ञान उत्पन्न होकर तीर्थंकरप्रकृति पूर्ण विकसित हो अपना कार्य कर सकती है; अन्य गतिमें यह बात नहीं है। अतः तीर्थंकरप्रकृतिका अंकुरारोपण मनुष्यगतिमें ही होता है।

---

१. कथं तित्थयरस्स णामकम्मावयवस्स गोदसण्णा ? ण, उच्चगोदबंधाविणाभावित्तणेण तित्थयरस्सवि गोदत्तसिद्धीदो—बंधसामित्तविचय पृ० २८ ताम्रपत्रीय प्रतिः। २. "अण्णगदीसु किं ण पारंभो होदित्ति वुत्ते ण होदि केवलणाणोवलक्खियजीवदव्वसहकारिकारणस्स तित्थयर-णामकम्मबंधपारंभस्स तेण विणा समुप्पत्तिविरोहादो।"—ध० टी०, प० ५३६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'गोम्मटसार' कर्मकाण्डकी संस्कृत टीकामें लिखा है कि तीर्थंकरप्रकृतिका बन्ध मनुष्यगतिमें प्रारम्भ किया जाता है, क्योंकि अन्य गतियोंमें विशिष्ट विचार, क्षयोपशम आदि सामग्रीका अभाव है। इसी कारण मनुष्यगतिका सूचक 'णरा' यह पद ९३ गाथामें आया है। टीकाकारके ये शब्द महत्त्वपूर्ण हैं—"नरा इति विशेषणं शेषगतिज्ञानमपाकरोति, विशिष्टप्रणिधान-क्षयोपशमादिसामग्रीविशेषाभावात्" (पृ० ७८)।

किन्हीं आचार्योंका मत है कि इस तीर्थंकरप्रकृतिका बन्ध प्रथमोपशम सम्यक्त्वमें नहीं होता है, क्योंकि उसका काल स्तोक अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। उसमें षोडशकारण भावनाएँ नहीं भायी जा सकतीं। महाबन्धकारका यह अभिमत नहीं है। यह बन्ध प्रत्यक्षकेवली, श्रुतकेवलीके चरणोंके समीप ही होता है, कारण अन्यत्र उस प्रकारकी विशिष्ट विशुद्धताका अभाव है।[1]

बन्धसामित्तविचय (मूल पृ० ७५) में लिखा है, "पारद्धतित्थयर-बंधादो तदियभवे तित्थयरसंतकम्मियजीवाणं मोक्खगमणणियमादो" तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धारम्भके भवसे तृतीय भवमें तीर्थंकर कर्मके सत्त्वयुक्त जीवोंके मोक्षगमनका नियम है। अतएव तीर्थंकर प्रकृतिका बन्धक तीन भवसे अधिक संसारमें नहीं रहता है।

पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा इस प्रकृतिके बन्धके कारण सोलह कहे गये हैं। द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेसे एक कारण भी इसके बन्धका हेतु है, दो भी कारण होते हैं; अतः सोलह ही होते हैं या नहीं, इस संशयके निवारणके लिए सोलह कारणोंकी गणना सूत्रमें की है।

इन भावनाओंके स्वरूपपर वीरसेनाचार्यने 'बंधसामित्त विचय' नामक तृतीय खण्डकी धवलाटीकामें विशद विवेचन किया है। उसका मर्म इस प्रकार है—

दर्शनविशुद्धता—यह भावना सोलह कारण भावनाओंमें प्रथम संगृहीत की गयी है। इसका भाव तीन मूढता तथा अष्टमलरहित निर्मल सम्यग्दर्शनका लाभ होना है।

शंका—यदि इस एक ही भावनासे तीर्थंकरप्रकृतिका बन्ध होता है, तो सभी सम्यक्त्वी जीव उसका बन्ध क्यों नहीं करते?

समाधान—शुद्ध नयसे मात्र तीन मूढ़ता तथा अष्टमलोंसे व्यतिरिक्तपना ही दर्शनविशुद्धता नहीं है, इसके साथ-ही-साथ साधु-प्रासुक-परित्यागता, साधु-समाधि-सन्धारणता, साधुवैयावृत्त्ययुक्तता, अरहन्तभक्ति, बहुश्रुतभक्ति, प्रवचनभक्ति, प्रवचनवत्सलता, प्रवचनप्रभावनता, अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता आदिका भी समावेश होना आवश्यक है। इस प्रकार अन्य भावनाओंका भी संग्रह करनेवाली दर्शनविशुद्धता तीर्थंकरका बन्ध करती है।

विनयसम्पन्नता भी तीर्थंकरकर्मको बाँधती है। विनयके ज्ञान, दर्शन तथा चारित्रकी अपेक्षा तीन भेद हैं। ज्ञानविनयमें अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता, बहुश्रुतिभक्ति और प्रवचनभक्ति संगृहीत है। दर्शनविनयका अर्थ है प्रवचनोपदिष्ट सम्पूर्ण तत्त्वोंका श्रद्धान तथा त्रिमूढता और अष्टमलका त्याग करना। इसमें अरहन्त-सिद्धभक्ति, क्षणलवप्रतिबोधनता, लब्धिसंवेगसम्पन्नता तथा प्रवचनप्रभावनताका सद्भाव पाया जाता है। चारित्र विनयमें शीलव्रतेषु निरतिचारिता,

---

१. प्रथमोपशमसम्यक्त्वे शेषद्वितीयोपशम-क्षायोपशमिकक्षायिकसम्यक्त्वेषु च असंयताप्रमत्तान्तमनुष्या एव तीर्थंकरबन्धं प्रारभन्ते, तेऽपि प्रत्यक्षकेवलि-श्रुतकेवलिश्रीपादोपान्त एव। अत्र प्रथमोपशमसम्यक्त्वे इति भिन्नविभक्तिकरणं तत्सम्यक्त्वे स्तोकान्तर्मुहूर्तकालत्वात् षोडशभावनासमुद्यभावात् तद्बन्धप्रारम्भो न इति केषांचित् पक्षं ज्ञापयति।....केवलिद्वयान्ते एवेति नियमः, तदन्यत्र तादृग्विशुद्धिविशेषासंभवात्, पृ० ७८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आवश्यकेषु अपरिहीनता, यथाशक्तितप, साधु-प्रासुक-परित्यागता, साधु-समाधि-सन्धारणता, साधुवैयावृत्त्ययोगयुक्तता, प्रवचनवत्सलता संगृहीत है। इस प्रकार अनेक भावनाओंसे समन्वित एक विनयसम्पन्नता रूप भावना तीर्थंकर नामकर्मका बन्ध करती है। यह दर्शन तथा ज्ञानकी विनय देव तथा नारकियोंमें कैसे सम्भव हो सकती है? इससे इसे मनुष्योंमें ही कहा है।

शंका—जिस प्रकार यहाँ देव-नारकियोंके दर्शन और ज्ञान-विनयका अभाव कहा है, उसी प्रकार चारित्र-विनयका अभाव क्यों नहीं कहा है?

समाधान—ज्ञानदर्शन विनयका विरोधी चारित्र भी नहीं हो सकता। अर्थात् ज्ञान-दर्शन विनयके अभावमें चारित्र-विनयका भी अभाव होगा। यह बात प्रकट करनेको चारित्र-विनयका पृथक् उल्लेख नहीं किया है।

शीलव्रतेषु निरतिचारतासे भी तीर्थंकर नामकर्मका बन्ध होता है।[1] हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रहसे विरति होना व्रत है। व्रतका रक्षण करनेवाला शील कहलाता है। मद्यपान, मांसभक्षण, क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुष-वेद, नपुंसक वेदका अपरित्याग अतिचार कहलाता है। इनका अभाव करना शीलव्रतेषु निर-तिचारता है। इससे तीर्थंकर कर्मका बन्ध होता है।

शंका—यहाँ शेष पन्द्रह कारण किस प्रकार सम्भव होंगे?

समाधान—सम्यग्दर्शन, क्षणलवप्रतिबोधनता, लब्धिसंवेगसम्पन्नता, साधुसमाधि-सन्धारणता, वैयावृत्त्ययोगयुक्तता, साधुप्रासुकपरित्यागता, अरहन्त-बहुश्रुत-प्रवचनभक्ति, प्रवचनप्रभावनताके बिना शीलव्रतेषु अनतिचारता सम्भव नहीं है। असंख्यात गुणश्रेणियुक्त कर्मनिर्जरामें जो हेतु है, उसे व्रत कहते हैं। सम्यक्त्वके बिना केवल हिंसा, असत्य, चौर्य, अब्रह्म तथा परिग्रहके त्यागमात्रसे ही वह गुणश्रेणी निर्जरा नहीं हो सकती, कारण दोनोंके द्वारा होनेवाले कार्यका एकके द्वारा सम्पन्न होनेका विरोध है। षट्द्रव्य नवपदार्थके समूह रूप लोकको विषय करनेवाली अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तताके बिना शीलव्रतोंमें कारणभूत सम्यक्त्वकी अनुपपत्ति है। इस प्रकार उसमें सम्यग्दर्शनके समान सम्यग्ज्ञानका भी सद्भाव पाया जाता है। यथाशक्ति तप, आवश्यकापरिहीनता तथा प्रवचनवत्सलत्वरूप चारि-त्रविनयके बिना यह शीलव्रतेषु निरतिचारिता नहीं बन सकती है। इस प्रकार व्यापक अर्थयुक्त यह भावना तीर्थंकरनामकर्मके बन्धका कारण है।

आवश्यकेषु-अपरिहीनता—समता, स्तुति, वन्दना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान तथा व्युत्सर्गके भेदसे आवश्यक छह प्रकार कहा गया है। शत्रु-मित्र, मणि-पाषाण, सुवर्ण-मृत्तिका-में राग-द्वेषका अभाव समता है। अतीत अनागत तथा वर्तमान कालसम्बन्धी पंचपरमेष्ठियों-का भेद न करके 'णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं' इत्यादि द्रव्यस्तुतिका कारण नमस्कार स्तुति कहलाता है। वृषभादि चौबीस तीर्थंकर, भरतादि क्षेत्रोंके केवली, आचार्य, चैत्यालयादिकका पृथक्-पृथक् रूपसे नमस्कार करना अथवा गुणोंका अनुस्मरण करना वन्दना है। पंच महा-व्रतों तथा ८४ लाख उत्तरगुणोंमें लगे हुए कलंकोंका प्रक्षालन करना प्रतिक्रमण है। महाव्रतोंके

१. "हिंसालियचोज्ज-बंभ-परिग्गहेहिंतो विरदी वदं णाम। वदपरिरक्खणं सीलं णाम। सुरावाण—मांस-भक्खण-कोह-माण-माया-लोह-हस्स-रइ-सोग-भय-दुगुंछित्थि-पुरिस-णउंसयवेदापरिच्चागो अदिचारो। एदेसिं विणासो णिरदिचारो संपुण्णदा, तस्स भावो णिरदिचारदा"—बन्धसामित्तविचय, पृ० ३०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विनाशके कारण अथवा उनमें मलिनता लगानेवाले दोषोंका जिस प्रकार अभाव होगा, उस प्रकार मैं करूँगा। इस प्रकार चित्तसे आलोचना करके ८४ लाख व्रतोंकी शुद्धिका प्रतिग्रह करना प्रत्याख्यान है। शरीर, आहारादिकसे मन वचनकी प्रवृत्तिको अलग करके ध्येयमें रोकनेको व्युत्सर्ग कहते हैं। इन छह आवश्यकोंको अपरिहीनता— अखण्डताको आवश्यका-परिहीनता कहते हैं। इसके द्वारा तीर्थंकरधर्मका बन्ध होता है।

यहाँ शेष कारणोंका अभाव नहीं होता है। दर्शनविशुद्धि, विनयसम्पन्नता, व्रतशील-निरतिचारता, क्षणलवप्रतिबोधनता, लब्धिसंवेगसम्पन्नता, यथाशक्ति तप, साधु-समाधि-सन्धारण, वैयावृत्त्ययोगयुक्तता, प्रासुकपरित्यागता, अरहन्त-बहुश्रुत-प्रवचनभक्ति, प्रवचन-प्रभावना, प्रवचनवत्सलता, अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तताके बिना छह आवश्यकोंकी निरति-चारिता नहीं बन सकती है। अतः आवश्यकेषु अपरिहीनता तीर्थंकरनामकर्मका चतुर्थ कारण है।

क्षण[1]-लव-प्रतिबोधनता—'क्षणलव' शब्द कालविशेषका द्योतक है। उस कालविशेषमें सम्यग्दर्शन, ज्ञान, व्रत तथा शीलरूप गुणोंका उज्ज्वल करना अर्थात् कलंकका प्रक्षालन करना अथवा व्रतादिकी प्रदीप्ति अर्थात् वृद्धि करना प्रतिबोध है। उसका भाव प्रतिबोधनता है। क्षणलवोंकी प्रतिबोधनताको क्षणलवप्रतिबोधनता कहते हैं। यह अकेली भावना भी तीर्थंकर-नामकर्मका बन्ध करती है। यहाँ भी पूर्वकी भाँति शेष कारणोंका अन्तर्भाव रहता है।

लब्धिसंवेगसम्पन्नता—सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रमें जीवके समागमका नाम लब्धि है। लब्धिके लिए जो संवेग है—वह लब्धिसंवेग[2] है। उसकी सम्पन्नताको लब्धिसंवेगसम्पन्नता कहते हैं। शेष कारणोंके अभावमें इसका सद्भाव नहीं बनता है, कारण उनके अभावका और लब्धिसंवेग-सम्पन्नताके सद्भावका विरोध है।

यथाशक्ति तप—बल-वीर्यको प्राकृतमें 'थाम' कहते हैं। अनशनादि बाह्य, विनयादि-अंतरंग द्वादश प्रकारके तप हैं। शक्तिके अनुसार तप करनेसे तीर्थंकरकर्मका बन्ध होता है। यह भावना ज्ञान, दर्शनके बलसे सम्पन्न धीर पुरुषके होती है तथा दर्शनविशुद्धतादिके अभावमें यह नहीं पायी जा सकती है। इससे अकेली इस भावनाको तीर्थंकरनामकर्मका कारण कहा है।

साधुप्रासुक-परित्यागता—जो अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तवीर्य, विरति, क्षायिक सम्यक्त्वकी साधना करता है उसे साधु कहते हैं। प्रासुकका एक अर्थ है 'वह वस्तु, जिससे जीव निकल गये हों', दूसरा अर्थ है निरवद्य-निर्दोष वस्तु। साधुओंको ज्ञान, दर्शन, चारित्र-का परित्याग अर्थात् दान प्रासुकपरित्यागता है। ज्ञानदर्शनचारित्रका परित्यागरूप दान गृहस्थोंमें सम्भव नहीं हो सकता, कारण वहाँ चारित्रका अभाव है। रत्नत्रयका उपदेश भी गृहस्थोंमें नहीं बन सकता है। कारण उनमें दृष्टिवादादि ऊपरके सूत्रोंके उपदेशका अधिकार नहीं है। अतः यह साधु-प्रासुकपरित्यागतारूप कारण महर्षियोंके होता है।

यहाँ भी शेष कारणोंका अभाव नहीं है। अरहन्तादिककी भक्ति, नवपदार्थोंका श्रद्धान, शीलव्रतोंमें निरतिचारिताके अभावमें ज्ञान, चारित्रका परित्याग अर्थात् दान असम्भव है,

---

१. "आवलि असंखसमया संखेज्जावलिसमूहमुस्सासो। सत्तुस्सासा थोवो सत्तत्थोवो लवो भणियो॥" —गो० जी०। २. "खणलवा णाम कालविसेसा। सम्मद्दंसणणाणवदसीलगुणाणमुज्जालणं कलंकपक्खालणं अंधुक्खणं वा पडिवुज्झणं णाम। तस्स भावो पडिवुज्झणदा। खणलवाणं पडिवुज्झणदा खणलवपडिवुज्झणदा॥" —ध० टी०, प० ५५४। ३. "संवेगः परमोत्साहो धर्मे धर्मफले चितः।" —पञ्चा०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यस्स इणं कम्मस्स उदयेण सदेवासुरमाणुसस्स लोगस्स अच्चणिज्जा पूजणिज्जा वंदणिज्जा णमंसणिज्जा धम्मतित्थयरा जिणा केवली (केवलिणो) भवंति । एवं ओघभंगो पंचिंदियतस०२ भवसि० ।

कारण इसमें विरोध आता है । अतः केवल इस भावनासे भी तीर्थंकर कर्मका बन्ध होता है ।

साधुसमाधिसन्धारणता—ज्ञान, दर्शन, चारित्रमें सम्यक् प्रकारसे अवस्थान होना समाधि है । भले प्रकार धारण करनेको सन्धारण कहते हैं । साधुओंकी समाधिका भले प्रकार धारण करना साधुसमाधिसन्धारण है । किसी कारणसे प्राप्त होनेवाली समाधिको देखकर सम्यक्त्वी प्रवचनवत्सलता, प्रवचनप्रभावना, विनयसम्पन्नता, शीलव्रतातिचारवर्जित अरहन्तादिकमें भक्तिवश जो धारण करता है, वह समाधिसन्धारण है । यहाँ भी शेष कारणोंका अभाव नहीं है; क्योंकि इसका सद्भाव उन कारणोंके अभावमें नहीं बन सकता है ।

वैयावृत्त्ययोगयुक्तता—जिस कारणसे जीव सम्यक्त्व, ज्ञान, अरहन्तभक्ति, बहुश्रुतभक्ति, प्रवचनवत्सलतादिके द्वारा वैयावृत्त्यमें लगता है, उसे वैयावृत्त्ययोगयुक्तता कहते हैं । इस प्रकार अकेली इस भावनासे भी तीर्थंकरप्रकृतिका बन्ध होता है । यहाँ शेष कारणोंका यथासम्भव अन्तर्भाव जानना चाहिए ।

अरहन्त-भक्ति—घातिया कर्मोंके नाश करनेवाले, केवलज्ञानके द्वारा सम्पूर्ण पदार्थोंके देखनेवाले अरहन्त हैं । उनकी भक्तिसे तीर्थंकरनामकर्मका बन्ध होता है । यह भावना दर्शनविशुद्धतादिके अभावमें नहीं पायी जाती है, कारण इसमें विरोध आयेगा ।

बहुश्रुतभक्ति—द्वादशांगके पारगामीको बहुश्रुत कहते हैं । उनमें भक्तिका अर्थ है—उनके द्वारा व्याख्यान किये गये आगमका अनुगमन करना अथवा अनुष्ठानका प्रयत्न करना बहुश्रुत भक्ति है । दर्शनविशुद्धतादिके बिना यह सम्भव नहीं है ।

प्रवचनभक्ति—सिद्धान्त अर्थात् बारह अंगोंको प्रवचन कहते हैं । 'प्रकृष्टस्य वचनं प्रवचनम्' श्रेष्ठ आत्माके वचनोंको प्रवचन कहा है । उनके प्रति भक्तिको प्रवचनभक्ति कहते हैं । इसमें भी शेष कारणोंका अन्तर्भाव रहता है ।

प्रवचनवत्सलता—महाव्रती, देशसंयमी तथा असंयत सम्यग्दृष्टिमें प्रेम रखना प्रवचनवत्सलता है । इससे ही तीर्थंकरनामकर्मका बन्ध कैसे होता है—यह शंका नहीं करनी चाहिए, कारण महाव्रतादि आगमिक विषयोंमें गाढ़ानुरागका दर्शनविशुद्धतादिसे अविनाभाव है ।

प्रवचनप्रभावनता—प्रवचन अर्थात् आगमकी प्रभावना करनेका भाव प्रवचनप्रभावनता है । उत्कृष्ट प्रवचनप्रभावनाका दर्शनविशुद्धताके साथ अविनाभाव है ।

अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता—अभीक्ष्ण अर्थात् 'बहुबार' भावश्रुत अथवा द्रव्यश्रुतमें उपयोगको लगाना अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता है । इससे तीर्थंकरनामकर्मका बन्ध होता है । दर्शनविशुद्धतादिके बिना इसकी अनुपपत्ति है ।

इन सोलह कारणोंसे तीर्थंकरनामकर्मका बन्ध होता है । अथवा सम्यग्दर्शनके होनेपर शेष कारणोंमें-से एक-दो आदिके संयोगसे भी बन्ध होता है ।

इस कर्मके उदयसे सुर, असुर तथा मनुष्यलोकके द्वारा अर्चनीय, पूजनीय, वन्दनीय तथा नमस्करणीय धर्म तीर्थके कर्ता जिन केवली होते हैं ।

इस प्रकार पंचेन्द्रिय, पंचेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस, त्रसपर्याप्तक तथा भव्यसिद्धिकोंमें ओघवत् भंग जानना चाहिए ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. आदेसेण णिरएसु पंचणाणा०-छदंसणा०-सादासादं बारसकसा० सत्तणोक० मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालियतेजाक०-समचदु०-ओरालिय० अंगोवंगवज्जरिस०-वण्ण०४ मणुसगदिपा०-अगुरुगलहु० ४ पसत्थवि० तस०४ थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसगित्ति-अजसगित्ति-णिमिणं उच्चागोदं पंचअंत० को बं०? सव्वे बंधा, अबंधा णत्थि। थीणगिद्धिआदि-पणुवीसं ओघं। मिच्छत्त-णपुंसकवे०-हुंडसंठाणं असंपत्तसे० को बं०? मिच्छादि० बंधा। एदे बंधा अवसेसा अबं०। मणुसायु ओघं। तित्थयरं को बं०? असंजदस०। एदे [बंधा] अवसे० अबंधा। एवं पढम-विदिय-तदियासु। चउत्थि-पंचमि-छट्ठीसु एवं चेव, णवरि तित्थगरं णत्थि। सत्तमाए छट्ठिभंगो, णवरि मणुसायु णत्थि। मणुसग०-मणुसग०पा०-उच्चा० को बं०? सम्मामिच्छा०-असंज०। एदे बं०। अवसे० [अबंधा]। तिरिक्खायु० को बं०? मिच्छादिट्ठी बंधा। एदे [बंधा] अवसे० अबंधा।

---

११. आदेशसे, नारकियोंमें-५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता-असाता वेदनीय, अनन्तानुबन्धी ४ को छोड़कर शेष १२ कषाय, (स्त्रीवेद, नपुंसकवेद बिना) ७ नोकषाय, मनुष्य गति, पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक अंगोपांग, वर्ण ४, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, वज्रवृषभसंहनन, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायका कौन बन्धक है? सर्व बन्धक हैं; अबन्धक नहीं हैं। स्त्यानगृद्धि आदि २५ प्रकृतियोंका ओघवत् जानना चाहिए अर्थात् सासादन गुणस्थान पर्यन्त बन्धक हैं। मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, हुण्डक संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कौन बन्धक है? मिथ्यादृष्टि बन्धक है। ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं। मनुष्यायुके बन्धकका ओघवत् जानना चाहिए, अर्थात् अविरत गुणस्थान पर्यन्त बन्धक हैं। तीर्थंकरप्रकृतिका कौन बन्धक है? असंयत सम्यग्दृष्टि बन्धक है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पृथ्वी पर्यन्त ऐसा ही जानना चाहिए। चौथी, पाँचवी तथा छठी पृथ्वियोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए। विशेष, यहाँ तीर्थंकर प्रकृति नहीं है। तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध तीसरी पृथ्वी पर्यन्त होता है।

सातवीं पृथ्वीमें-छठी पृथ्वीके समान भंग है। विशेष, यहाँ मनुष्यायु नहीं है। मनुष्यगति, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी तथा उच्चगोत्रका कौन बन्धक है[२]? सम्यग्मिथ्यात्वी तथा असंयतसम्यग्दृष्टि जीव बन्धक हैं। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं। तिर्यञ्चायुका कौन बन्धक है? मिथ्यादृष्टि बन्धक है। ये बन्धक हैं; शेष अबन्धक हैं।

---

१. "विदियगुणे अणथीणति दुभगतिसंठाण संहदिचउक्कं। दुग्गमणित्थी-णीचं तिरियदुगुज्जोव तिरियाऊ॥"—गो० क०, गा० ९६। २. "मिस्साविरदे उच्चं मणुवदुगं सत्तमे हवे बंधो॥"—गो० क०, १०७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२. तिरिक्खेसु-पंचणाणावरणं छदंसणा० सादासादं अट्ठक०सत्तणोक०देवगदि० पंचिंदि० वेउव्विय-तेजा-क० समचदु० वेगुव्वि० अंगो०-वण्ण०४-देवगदिपा०-अगुरुग०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसगित्ति-अजस-गित्ति-णिमि० उच्चागो० पंचंअंतराइ० को ब० ? मिच्छादिट्ठि याव संजदासंजदा त्ति सव्वे बंधा, अबंधा णत्थि। थीणगिद्धितियं अणंताणुबंधि०४-इत्थिवे०-तिरिक्खायु-मणुसायु-तिरिक्खगदि-मणुसगदि-ओरालिय० चदुसंठा० ओरालिय०अंगो०-पंचसंघड०-दोआणुपुव्वि० उज्जोवं अप्पसत्थवि० दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचा०को ब० ? मिच्छा-दिट्ठि-सासण०। एदे ब०, अवसेसा अब०। मिच्छत्तदंडओ ओघो। अपच्चक्खा०४ को ब० ? मिच्छादि०याव असंजदसम्मादिट्ठि त्ति। एदे ब०, अवसेसा [अबंधा]। देवायु०

विशेषार्थ—सातवीं पृथ्वीवाला मरकर नियमसे तिर्यञ्च होता है। इस कारण वहाँ मनुष्यायुका बन्ध नहीं बताया है[1]। मरण मिथ्यात्वगुणस्थानमें ही होता है। तिर्यञ्चायुका बन्ध मिथ्यात्वगुणस्थानमें ही होता है। मनुष्यद्विक तथा उच्चगोत्रका बन्ध मिश्र तथा अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानमें ही होता है, नीचे नहीं होता है।

१२. तिर्यञ्चोंमें–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता, असाता, प्रत्याख्यानावरण तथा संज्वलन रूप ८ कषाय, स्त्रीवेद नपुंसकवेद बिना सात नोकषाय, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक, तैजस, कार्माण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, वर्ण ४, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४ (त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक), स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायोंका कौन बन्धक है? मिथ्यादृष्टिसे लेकर देशसंयमी पर्यन्त सर्वबन्धक हैं। अबन्धक नहीं हैं।

स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी ४, स्त्रीवेद, तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, औदारिक शरीर, ४ संस्थान, औदारिक अङ्गोपाङ्ग, ५ संहनन, दो आनुपूर्वी (तिर्यञ्च, मनुष्यानुपूर्वी), उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय[2] तथा नीचगोत्रका कौन बन्धक है? मिथ्यादृष्टि तथा सासादन सम्यग्दृष्टि बन्धक हैं। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं। मिथ्यात्व दण्डकमें ओघवत् जानना चाहिए।

विशेष—मिथ्यात्व, हुण्डक संस्थानादि सोलह प्रकृतियाँ मिथ्यात्व दण्डकमें सम्मिलित हैं। उनके बन्धक मिथ्यादृष्टि होते हैं। वे बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं।

अप्रत्याख्यानावरण ४ का कौन बन्धक है? मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयत सम्यग्दृष्टि पर्यन्त बन्धक हैं। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं। देवायुका कौन बन्धक है? मिथ्यादृष्टि,

---

१. "छट्ठो त्ति य मणुवाऊ चरिमे मिच्छेव तिरियाऊ॥"—गो० क०, गा० १०६। २. वज्रवृषभ-संहनन, औदारिकद्विक, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, मनुष्यायु इन छह प्रकृतियोंकी "उवरिं छण्हं च छिदो सासणसम्मे हवे णियमा"—(गो० क०, १०८ गा०) के अनुसार सासादनमें बंधव्युच्छित्ति होती है, अतः असंप्राप्तासृपाटिकासंहननके बिना शेष ५ संहनन कहे गये हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को बंध० ? मिच्छादि० सासणसम्मा० असंजद० संजदासंजदा त्ति बंधा। एदे बं० अवसेसा अबंधा। एवं पंचिंदिय-तिरिक्ख०३। पंचिंदिय-तिरिक्ख-अपज्जत्त-पंच णाणा० णव दंस० सादासा० मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-तिरिक्खमणुसायु-तिरिक्खमणुसगदि-पंचिंदि०(पंचजा०)-ओरालि० तेजाकम्म० छस्संठाणं ओरालिय-सरीर-अंगोवं० छस्संघड०-वण्ण०४-दोआणुपु०-अगुरुगलहुग०४-आदावुज्जो०-दोविहा०-तसादिदसयुगलं णिमिणं णीचुच्चागो०-पंचतरा० को बं० ? सव्वे बंधा, अबंधा णत्थि। एवं सव्व-अपज्जत्ताणं सव्व-एइंदियाणं सव्वविगलिंदि०। ...

.....[अत्र ताड़पत्रं त्रुटितम्।].....

सासादन सम्यक्त्वी, असंयत सम्यक्त्वी तथा देश संयमी बन्धक हैं। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं।

पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्तक, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिमतीमें तिर्यञ्चोंके समान भंग जानना चाहिए।

पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च-लब्ध्यपर्याप्तकोंमें- ५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, साता, असाता, मिथ्यात्व, १६ कषाय, ९ नोकषाय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय-(जाति पंच जाति) औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, ६ संस्थान, औदारिक शरीरांगोपांग, ६ संहनन, वर्ण ४, मनुष्य-तिर्यञ्चानुपूर्वी, अगुरुलघु ४ (अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास), आताप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि दस युगल (त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति), निर्माण, नीचगोत्र, उच्चगोत्र, तथा ५ अन्तरायका कौन बन्धक हैं ? सर्व बन्धक हैं; अबन्धक नहीं हैं।

सम्पूर्ण लब्ध्यपर्याप्तकों, सम्पूर्ण एकेन्द्रियों, सर्व विकलेन्द्रियोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए।

विशेष—लब्ध्यपर्याप्तक[1] तिर्यंचोंमें नरकायु, देवायु तथा वैक्रियिक षट्कका अभाव रहनेसे इनकी गणना नहीं की गयी है। इनके मिथ्यात्व गुणस्थान ही पाया जाता है।

[ताड़पत्र नष्ट हो जानेसे इस प्रकरणका आगामी विषय नष्ट हो गया है। ग्रन्थके प्रकरणसे ज्ञात होता है कि आचार्य महाराजने मनुष्य गति आदि मार्गणाओंकी अपेक्षा 'बंध सामित्त-विचय' प्ररूपणाका वर्णन दिया होगा। सम्बन्ध मिलानेकी दृष्टिसे श्री गोम्मटसार कर्मकाण्डके आश्रयसे कुछ प्रकाश डाला जाता है]

मनुष्यगति—यहाँ मिथ्यात्वादि चौदह गुणस्थान हैं। बन्ध योग्य १२० प्रकृतियाँ हैं। यहाँका वर्णन ओघवत् जानना चाहिए। विशेष यह है कि मिथ्यात्व गुणस्थानमें तीर्थंकर, आहारकद्विकका बन्ध न होनेसे शेष ११७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। सासादन गुणस्थानमें मिथ्यात्वादि १६ प्रकृतियोंका बन्ध न होनेसे बन्ध १०१ का होता है। मिश्र गुणस्थानमें ६९ का बन्ध होता है। यहाँ सासादन गुणस्थानमें बन्ध-व्युच्छिन्न होनेवाली अनन्तानुबन्धी आदि २५ प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होगा। इसके सिवाय मनुष्यगति-द्विक, मनुष्यायु, वज्रवृषभनाराच संहनन, औदारिक शरीर, औदारिकशरीराङ्गोपाङ्ग इन छह प्रकृतियोंकी भी सासादन गुणस्थानमें बन्धव्युच्छित्ति होती है। साधारणतया इनकी अविरतमें बन्धव्युच्छित्ति होती थी।

१. सुरणिरयाउ अपुण्णे वेगुव्वियछक्कमवि णत्थि ॥ गो० क०, गा० १०९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिश्र गुणस्थानमें आयुका बन्ध न होनेसे देवायुका अबन्ध हो गया। इस प्रकार ३२ प्रकृतियोंके घटानेसे मिश्र गुणस्थानमें ६९ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। अविरत सम्यक्त्वीके देवायु तथा तीर्थंकरका बन्ध प्रारम्भ हो जानेसे ७१ का बन्ध होता है। अप्रत्याख्यानावरण ४ का देशविरतमें बन्ध न होनेसे वहाँ ६७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। प्रमत्तगुणस्थानमें ६३ प्रकृतियोंका बन्ध है, कारण, यहाँ प्रत्याख्यानावरण ४ का बन्ध नहीं है। अप्रमत्तसंयतके अस्थिर, असाता, अशुभ, अरति, शोक, अयशःकीर्ति इन छहका बन्ध नहीं होगा, किन्तु यहाँ आहारकद्विकका बन्ध होनेसे ५९ का बन्ध होता है। अपूर्वकरणमें ५८ का बन्ध है, कारण, यहाँ देवायुका बन्ध नहीं होता, देवायुकी बन्धव्युच्छित्ति अप्रमत्त गुणस्थानमें हो जाती है। अनिवृत्तिकरणमें बन्ध योग्य २२ हैं, कारण, अपूर्वकरण, गुणस्थानमें निद्रा, प्रचला, तीर्थंकर, आहारकद्विक आदि कुल ३६ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेसे २२ प्रकृति ही बन्धके लिए शेष रहती हैं। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें १७ का बन्ध होता है, कारण, अनिवृत्तिकरणमें पुरुषवेद तथा ४ संज्वलन कषायोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है। उपशान्तकषायमें केवल एक सातावेदनीयका ही बन्ध होता है। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें ५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ५ अन्तराय, यशःकीर्ति तथा उच्चगोत्रकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है। क्षीणकषाय तथा सयोगीजिनके एक सातावेदनीयका ही बन्ध होता है। अयोगकेवलीके बन्ध नहीं है, कारण वहाँ बन्धके हेतुओंका अभाव हो चुका है।

सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्तक, मनुष्यनीमें मनुष्यगतिके समान भंग है।

लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्यमें – तीर्थंकर, आहारकद्विक, देवायु, नरकायु तथा वैक्रियिकषट्क इन ११ प्रकृतियोंको बन्धके अयोग्य कहा है। अतः उसके १०९ प्रकृतिका बन्ध होगा। इसके केवल मिथ्यात्व गुणस्थान होता है।

निर्वृत्यपर्याप्तक मनुष्यमें – चार आयु, नरकद्विक तथा आहारकद्विक इन आठ प्रकृतियोंको बन्धके अयोग्य कहा है, अतः उसके १२०–८=११२ बन्ध योग्य हैं। यहाँ मिथ्यात्व, सासादन, असंयतप्रमत्त तथा सयोगकेवली गुणस्थान होते हैं।

देवगति – यहाँ सूक्ष्मत्रय, विकलत्रय, सुरचतुष्क, नरकद्विक, नरकायु, देवायु, आहारकद्विक, इन सोलह प्रकृतियोंका बन्ध न होनेसे बन्धयोग्य १२०–१६=१०४ कही हैं। देवगतिमें मिथ्यात्वादि चार गुणस्थान होते हैं। भवनत्रिक तथा कल्पवासी स्त्रियोंमें तीर्थंकरका अभाव होता है "भवणतिए णत्थि तित्थयरं", "कप्पित्थीसु ण तित्थं"। उनके १०३ प्रकृतियाँ बन्धयोग्य हैं। सौधर्म, ईशान स्वर्गवालोंके तीर्थंकरका बन्ध होता है; इससे १०४ प्रकृतियाँ बन्धयोग्य कही हैं। सनत्कुमारादि सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त एकेन्द्रिय स्थावर तथा आतापका बन्ध न होनेसे १०४–३=१०१ बन्धयोग्य हैं। आनत, प्राणत, आरण, अच्युत तथा नव ग्रैवेयकोंमें तिर्यंच गति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, तिर्यंचायु, उद्योत इन शतारचतुष्क प्रकृतियोंका बन्ध न होनेसे १०१–४=९७ प्रकृतियोंको बन्धयोग्य कहा है[1]। नव अनुदिश तथा पंच अनुत्तर विमानोंमें सम्यक्त्वी जीव ही उत्पन्न होते हैं, अतः उनके अविरत सम्यक्त्वीके बन्धयोग्य ७२ प्रकृतियाँ कही गयी हैं।

निर्वृत्यपर्याप्तक भवनत्रिक तथा कल्पवासिनियोंमें तिर्यंचायु तथा मनुष्यायुका बन्ध न होनेसे १०३–२=१०१ बन्ध योग्य हैं। यहाँ मिथ्यात्व तथा सासादन गुणस्थान होते

१. कप्पित्थीसु तित्थं सदरसहस्सारगो त्ति तिरियदुगं।
णिरियाऊ ऊणजोवो अत्थि तदो णत्थि सदरचऊ॥ गो० क०, ११२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। सम्यक्त्वी जीवकी उत्पत्ति भवनत्रिक तथा देवांगनाओंमें नहीं होती इससे यहाँ पूर्वोक्त दो गुणस्थान होते हैं। सौधर्मेन्द्रकी इन्द्राणीकी पर्यायमें भी सम्यक्त्वीका उत्पाद नहीं होता। जन्म धारणके पश्चात् पर्याप्त अवस्थामें सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका निषेध नहीं है। सौधर्म ईशान स्वर्गमें निर्वृत्यपर्याप्तावस्थामें तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध होनेसे वहाँ बन्धयोग्य १०१+१=१०२ कही गयी हैं।

सनत्कुमारादि सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त निर्वृत्यपर्याप्त अवस्थामें मनुष्यायु तथा तिर्यंचायुका बन्ध न होनेसे ९९ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। उनके पर्याप्त अवस्थामें १०१ का बन्ध कहा गया है। उसमें-से उक्त दो प्रकृतियाँ यहाँ घट जाती हैं।

आनतादि स्वर्गों तथा नव ग्रैवेयकोंमें पर्याप्त अवस्थामें ९७ का बन्ध होता था उसमें-से मनुष्यायुको घटानेसे ९६ का बन्ध निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्थामें कहा गया है।

नव अनुदिश तथा पंच अनुत्तर विमानोंमें पूर्वोक्त ७२ प्रकृतियोंमें-से मनुष्यायुको बन्धके अयोग्य होनेसे घटानेपर निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्थामें ७१ का बन्ध कहा गया है।

सौधर्मादि नव ग्रैवेयक पर्यन्त निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्थामें मिथ्यात्व, सासादन तथा असंयतमें तीन गुणस्थान होते हैं। आगे सम्यक्त्वी जीवका ही उत्पाद होनेसे चौथा गुणस्थान कहा है।

नरकगति—यहाँ मिथ्यात्व गुणस्थानमें बन्धव्युच्छित्तिवाली सोलह प्रकृतियोंमें-से मिथ्यात्व, हुण्डक संस्थान, नपुंसक वेद तथा असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननको छोड़कर शेष बारह प्रकृतियोंको बन्धके अयोग्य कहा है। इन बारह प्रकृतियोंके सिवाय देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक अंगोपांग, देवायु तथा आहारकद्विक इन सात प्रकृतियोंका भी बन्ध नहीं होनेसे १२+७=१९ प्रकृतियोंको १२० में घटानेसे १०१ का बन्ध कहा गया है। यहाँ प्रथमसे चतुर्थ गुणस्थान पर्यन्त चार गुणस्थान कहे गये हैं।

चौथे, पाँचवें, छठे तथा सातवें नरकोंमें तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता है। चौथी, पाँचवीं तथा छठी पृथ्वीमें १०१-१=१०० प्रकृति बन्ध योग्य कही हैं। सातवीं पृथ्वीमें मनुष्यायुका बन्ध नहीं होता है। वहाँसे निकलकर जीव पशु पर्यायको ही प्राप्त करता है, अतः सातवीं पृथ्वीमें १००-१=९९ प्रकृतियोंको बन्ध योग्य कहा है।

पहली पृथ्वीमें निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्थामें मनुष्यायु तथा तिर्यंचायुका अभाव होनेसे १०१-२=९९ को बन्ध योग्य कहा है। यहाँ मिथ्यात्वादि चार गुणस्थान होते हैं।

दूसरे नरकसे छठे नरक पर्यन्त अपर्याप्तावस्थामें केवल मिथ्यात्व गुणस्थान होता है। वहाँ तीर्थंकर, मनुष्यायु तथा तिर्यंचायु इन तीन प्रकृतियोंका बन्ध न होनेसे १०१-३=९८ को बन्ध योग्य कहा है।

सातवें नरकमें अपर्याप्त अवस्थामें मिथ्यात्व गुणस्थान होता है। वहाँ अपर्याप्त अवस्थामें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी तथा उच्च गोत्रका बन्ध न होनेसे ९८-३=९५ प्रकृतियोंको बन्ध योग्य कहा है।

तिर्यंचगति—तिर्यंचोंके सामान्य तिर्यंच, पञ्चेन्द्रिय तिर्यंच, पर्याप्ततिर्यंच तथा योनिमत् तिर्यंच इस प्रकार जो चार भेद कहे गये हैं, उनके पाँच गुणस्थान होते हैं। तिर्यंचोंमें तीर्थंकर तथा आहारकद्विक इन प्रकृतियोंके बन्धका अभाव रहनेसे १२०-३=११७ का बन्ध होता है। मनुष्यगतिके समान तिर्यञ्चोंमें भी वज्रवृषभनाराचसंहनन, औदारिकद्विक, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी तथा मनुष्यायुकी बन्धव्युच्छित्ति अविरतके बदलेमें सासादन गुणस्थानमें होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्वृत्यपर्याप्तक तिर्यञ्चोंमें चार आयु तथा नरकद्विकका बन्धाभाव होनेसे बन्धयोग्य ११७-६=१११ प्रकृतियाँ हैं। इनके मिथ्यात्व, सासादन तथा असंयत ये तीन गुणस्थान होते हैं।

लब्ध्यपर्याप्तक तिर्यञ्चोंमें नरकायु, देवायु तथा वैक्रियिक षट्कका बन्ध न होनेसे ११७-८=१०९ का बन्ध होता है। यहाँ मिथ्यात्व गुणस्थानका सद्भाव कहा गया है।

इन्द्रिय मार्गणा—पर्याप्तक एकेन्द्रिय तथा विकलेन्द्रियोंमें तीर्थंकर, आहारकद्विक, देवायु, नरकायु तथा वैक्रियिकषट्क इन एकादश प्रकृतियोंका बन्ध न होनेसे १२०-११=१०९ प्रकृतियोंका बन्ध कहा गया है। इनके प्रथम और द्वितीयगुणस्थान होते हैं।

पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें चौदह गुणस्थान कहे गये हैं।

पञ्चेन्द्रिय निर्वृत्यपर्याप्तकोंमें आहारकद्विक, नरकद्विक तथा आयुचतुष्टय इस प्रकार आठ प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होनेसे १२०-८=११२ का बन्ध कहा है। इनके १, २, ४, ६ तथा तेरहवें गुणस्थान कहे हैं। आहारकमिश्रकाययोगावस्थामें जीव निर्वृत्यपर्याप्तक होता है। उस समय प्रमत्तसंयतावस्था पायी जाती है। केवली भगवान्के समुद्घातकालमें औदारिक मिश्रकायके समय निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्था पायी जाती है।

लब्ध्यपर्याप्तक पञ्चेन्द्रियोंमें तीर्थंकर, आहारकद्विक, देवायु, नरकायु, वैक्रियिकषट्क इन ११ प्रकृतियोंको छोड़कर १२०-११=१०९ का बन्ध बताया गया है। गुणस्थान प्रथम ही होता है।

कायमार्गणा—पृथ्वीकाय, जलकाय, वनस्पतिकायवाले जीवोंमें मिथ्यात्व, सासादन गुणस्थान होते हैं। इनकी १०९ प्रकृतियोंका बन्ध होता है।

अग्निकायिकों, वायुकायिकोंमें मनुष्यद्विक, उच्चगोत्र तथा मनुष्यायुका बन्ध न होनेसे १०९-४=१०५ का बन्ध है। गुणस्थान मिथ्यात्व ही होता है। गोम्मटसार कर्मकाण्डमें लिखा है—"ण हि सासणो अपुण्णे साहारणसुहुमगे य तेउदुगे।" ॥११५॥

लब्ध्यपर्याप्तकों, साधारण वनस्पतिकायिकों, सम्पूर्ण सूक्ष्मस्थावर जीवोंमें तथा तेजकायिक वायुकायिकोंमें सासादन गुणस्थान नहीं होता है। नारकी जीवोंमें भी अपर्याप्तावस्थामें सासादनका अभाव है।

योगमार्गणा—असत्य मन तथा असत्यवचनयोग, उभय मन तथा वचन योगोंमें मिथ्यात्वसे आदि क्षीण कषाय पर्यन्त द्वादश गुणस्थान पाये जाते हैं।

सत्य मन, सत्य वचन तथा अनुभय मन तथा अनुभय वचनमें सयोगी जिन पर्यन्त त्रयोदश गुणस्थान कहे गये हैं।

औदारिक काययोगमें त्रयोदश गुणस्थान कहे गये हैं। मनुष्यगतिके समान वर्णन जानना चाहिए। औदारिकमिश्र काययोगमें आहारक द्विक, नरकद्विक, नरकायु और देवायु इन छह प्रकृतियोंके बिना १२०-६=११४ का बन्ध होता है। यहाँ मिथ्यात्व, सासादन, असंयत तथा सयोगी जिन ये गुणस्थान पाये जाते हैं।

वैक्रियिक काययोगमें सौधर्म-ईशान स्वर्गके समान १०४ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। वैक्रियिक मिश्र काययोगमें मनुष्यायु तथा तिर्यंचायुका बन्ध न होनेसे १०४-२=१०२ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। यहाँ मिथ्यात्व, सासादन तथा असंयत गुणस्थान होते हैं।

आहारक काययोगमें छठा गुणस्थान होता है। यहाँ ६३ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। आहारक मिश्रयोगमें देवायुका बन्ध नहीं होनेसे ६३-१=६२ का बन्ध होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कार्मण काययोगमें प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ तथा त्रयोदशम गुणस्थान पाये जाते हैं। यहाँ औदारिकमिश्रकाययोग सम्बन्धी ११४ प्रकृतियोंमें-से मनुष्यायु तथा तिर्यंचायुको घटाने-पर ११२ का बन्ध होता है।

वेदमार्गणा – तीनों वेदोंमें प्रथमसे नवम गुणस्थान पर्यन्त गुणस्थान होते हैं। यहाँ तीनों वेदोंमें १२० प्रकृतियाँ बन्ध योग्य कही गयी हैं।

स्त्रीवेदीके निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्थामें प्रथम तथा द्वितीय गुणस्थान कहे गये हैं। यहाँ चार आयु, तीर्थंकर, आहारकद्विक, वैक्रियिकषट्क इन १३ प्रकृतियोंको छोड़कर १२० – १३ = १०७ का बन्ध होता है।

नपुंसकवेदी निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्थामें मिथ्यात्व, सासादन तथा असंयतगुणस्थान कहे गये हैं। यहाँ चार आयु, आहारकद्विक, वैक्रियिकषट्क इन द्वादश प्रकृतियोंके विना १०८ का बन्ध होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका बन्धक जब नरकमें जाता है, तब उसके अपर्याप्तक दशामें तीर्थंकरका बन्ध होनेसे यहाँ १०८ का बन्ध कहा है। ऐसा स्त्रीवेदीमें नहीं होता है। सम्यक्त्वी जीव प्रथम नरक तो जाता है और वहाँ नपुंसकवेदी होता है, किन्तु वह स्त्रीवेदी नहीं होता है।

पुरुषवेदीके १२० प्रकृतियोंका बन्ध होता है। निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्थामें उसके आहारक-द्विक, नरकद्विक, तथा चार आयुको छोड़कर १२० – ८ = ११२ का बन्ध होता है।

कषायमार्गणा—यहाँ १ से १० पर्यन्त गुणस्थान कहे गये है। यहाँ बन्ध १२० प्रकृतियों का होता है।

ज्ञानमार्गणा—कुमति, कुश्रुत तथा कुअवधि ज्ञानोंमें तीर्थंकर तथा आहारकद्विकको छोड़कर १२० – ३ = ११७ का बन्ध होता है। यहाँ मिथ्यात्व तथा सासादन गुणस्थान कहे गये हैं। सुमति, सुश्रुत तथा सुअवधिज्ञानोंमें चौथेसे बारहवें पर्यन्त गुणस्थान होते हैं। यहाँ बन्धयोग्य ७९ प्रकृतियाँ कही गयी हैं।

मनःपर्यय ज्ञानमें प्रमत्तसंयतसे क्षीणकषायपर्यन्त गुणस्थान हैं। यहाँ ६५ प्रकृतियाँ कही गयी हैं।

मनःपर्यय ज्ञानमें प्रमत्तसंयतसे क्षीणकषाय पर्यन्त गुणस्थान हैं। यहाँ ६५ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। यहाँ आहारकद्विकका भी बन्ध होता है।[1] मनःपर्ययज्ञानीके आहारकद्विकके उदयका विरोध है। केवलज्ञानमें सयोगकेवली, अयोगकेवली गुणस्थान पाये जाते हैं। सयोग-केवलीके केवल सातावेदनीयका बन्ध होता है। अयोगी जिनके बन्धका अभाव है।

संयममार्गणा—असंयम मार्गणामें आदिके चार गुणस्थान हैं। यहाँ संयम अवस्थामें बँधनेवाली आहारकद्विकका बन्ध न होनेसे बन्ध योग्य १२० – २ = ११८ प्रकृतियाँ कही गयी हैं।

देशसंयमीके पाँचवाँ गुणस्थान होता है। सामायिक तथा छेदोपस्थापना सयममें ६, ७, ८, ९ पर्यन्त चार गुणस्थान होते हैं। यहाँ ६५ प्रकृति बन्ध योग्य हैं।

परिहार विशुद्धि संयममें छठवें, सातवें गुणस्थान होते हैं। यहाँ भी ६५ प्रकृतिका बन्ध होता है। इस संयमीके आहारकद्विकका बन्ध तो होता है; किन्तु उनका उदय नहीं होता है।

यथाख्यात संयम – यह ११वें से १४वें पर्यन्त होता है। उपशान्त कषायसे सयोगी जिन पर्यन्त केवल सातावेदनीय का बन्ध होता है। चौदहवें गुणस्थानमें बन्धाभाव है, क्योंकि वहाँ योगका अभाव हो जाता है।

दर्शनमार्गणा – चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शनमें १ से १२ पर्यन्त गुणस्थान होते हैं। यहाँ १२० प्रकृतिका बन्ध होता है।

१. अत्र आहारकद्वयोदय एव विरुध्यते, नाप्रमत्तापूर्वकरयोस्तद्बन्धः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवधिदर्शनमें ४थे से १२वें पर्यन्त गुणस्थान कहे गये हैं। यहाँ अवधिज्ञानवत् ७६ का बन्ध जानना चाहिए।

केवलदर्शन १३ तथा १४ ये दो गुणस्थान होते हैं। बन्धकी अपेक्षा सयोगी जिनके सातावेदनीयका ही बन्ध होता है।

लेश्यामार्गणा – कृष्ण, नील, तथा कापोत इन तीन लेश्याओंमें आदिके चार गुणस्थान होते हैं। अतः यहाँ आहारकद्विकके बिना १२० – २ = ११८ प्रकृतियोंका बन्ध कहा है।

पीत लेश्यामें १ से लेकर ७वें पर्यन्त गुणस्थान हैं। यहाँ सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, विकलत्रय, नरकायु तथा नरकद्विक इन ९ प्रकृतियोंका बन्ध न होनेसे बन्ध योग्य १२० – ९ = १११ कही गयी हैं।

पद्म लेश्यामें पूर्ववत् ७ गुणस्थान होते हैं। यहाँ एकेन्द्रिय, स्थावर तथा आतापका बन्ध न होनेसे १११ – ३ = १०८ बन्ध योग्य कही हैं।

शुक्ललेश्या – यहाँ सयोगी जिन पर्यन्त त्रयोदश गुणस्थान होते हैं। यहाँ पद्मलेश्या-सम्बन्धी १०८ प्रकृतियोंमें से तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, तिर्यंचायु तथा उद्योत इन शतार-चतुष्कका अभाव होनेसे १०८ – ४ = १०४ का बन्ध होता है।

भव्यमार्गणा – भव्योंके चौदह गुणस्थान होते हैं। इनके १२० प्रकृतियोंका बन्ध होता है।

अभव्य जीवोंके तीर्थंकर तथा आहारकद्विकको छोड़ ११७ का बन्ध होता है। इनके मिथ्यात्व गुणस्थान ही होता है।

सम्यक्त्वमार्गणा – प्रथमोपशम सम्यक्त्वमें मिथ्यात्व गुणस्थानसम्बन्धी १६ तथा सासादन गुणस्थान सम्बन्धी २५ प्रकृतियोंका अभाव होने के साथ देवायु तथा मनुष्यायुका अभाव होता है, अतः १६+२५+२ = ४३ प्रकृतियोंको घटानेसे यहाँ १२०–४३ = ७७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। यहाँ चौथेसे सातवें पर्यन्त चार गुणस्थान कहे गये हैं। द्वितीयोपशम सम्यक्त्वमें चौथेसे ग्यारहवें पर्यन्त सात गुणस्थान कहे गये हैं। सातवें गुणस्थानसे ग्यारहवें पर्यन्त चढ़कर जब वह जीव नीचे उतरकर चौथे गुणस्थानमें आता है, तब उसके प्रथमोपशम सम्यक्त्वके समान ७७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। यहाँ भी मनुष्यायु तथा देवायुका अभाव कहा है। **"सव्वुवसम्मे णरसुरआऊणि णत्थि णियमेण"** (गो० कं० १२०)

'गोम्मटसार' कर्मकाण्डकी संस्कृत टीकामें लिखा है = **अत्र प्रथमद्वितीयोपशमसम्यक्त्वयोरायुरबन्धात् आरोहकापूर्वकरणप्रथमसमये 'मरणोन' इति विशेषोऽनर्थकः? इति न वाच्यम्, प्राग्बद्धदेवायुष्कस्यापि सातिशयप्रमत्तस्य श्रेण्यारोहणसंभवात्** (११६ पृष्ठ) यहाँ यह प्रश्न किया है, प्रथमोपशम तथा द्वितीयोपशम सम्यक्त्वोंमें आयुबन्धका अभाव कहा है, तब श्रेणीका आरोहण करनेवाले अपूर्वकरण गुणस्थानके प्रथम समयमें 'मरणोन' मरणरहित ऐसा विशेषण निरर्थक रहा? इसका समाधान यह है कि पहले देवायुका बन्ध करनेवाले सातिशय अप्रमत्तके श्रेणीका आरोहण सम्भव है। पूर्वमें आयुबन्ध करनेके अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त सम्यक्त्वमें मरण नहीं होता है। इस प्रकार प्रथमोपशम सम्यक्त्वमें तथा श्रेणी चढ़ते अपूर्वकरणके प्रथम भागके अन्तर्मुहूर्तमें मरण नहीं होता है; अन्यत्र उपशम श्रेणीमें मरण होता है। (गो० क०, संस्कृत टी०, पृ० १२२)

क्षयोपशम अथवा वेदक सम्यक्त्व चौथेसे सातवें पर्यन्त कहा है। वहाँ प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी ७७ प्रकृतियोंमें मनुष्यायु तथा देवायुको जोड़नेसे ७९ का बन्ध कहा गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[कालपरूवणा]

१३.·····जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० दे०। तित्थ०-जह० चदुरासीदि-वाससहस्साणि, उक्क० तिण्णि साग० सादिरे०। पढमाए याव छट्ठित्ति पढमदंड-बंधकालो जह० दसवाससहस्साणि सागरोपम-तिण्णि-सत्त-दस-सत्तारस-सागरोप० सादिरे०। उक्क० अप्पप्पणो ट्ठिदी कादव्वो (दव्वा)। साद[दं] डगे तिरिक्खगदि-तिगं पविट्ठं जह० एयस० उक्क० अंतो०। थीणगिद्धिदंडओ णिरयोघो। णवरि अप्पप्पणो ट्ठिदी भा(भ)णिदव्वा। एवं मिच्छत्त-दंडओ। पुरिसवेददंडओ अप्पप्पणो ट्ठिदी० दे०। दो आयु० ओघं। तित्थयर० पढमाए जह० चदुरासीदि-वस्स-सहस्साणि, उक्क० सागरो० देसू०। बिदियाए जह० सागरो० सादिरे०। उक्क० तिण्णि सागरो० देसू०। तदियाए जह० तिण्णि साग० सादिरे०। उक्क० तिण्णि साग० सादिरे०। सत्तमाए णेरइ ओघो। णवरि दंसणतियं मिच्छत्तं अणंताणुबंधि०४ तिरिक्खपगदितियं च जह० अंतो०। मणुस० मणुसाणुपुव्वि० उच्चागो० जह० अंतो०। तित्थयर० णत्थि।

क्षायिक सम्यक्त्वमें चौथेसे चौदहवें पर्यन्त गुणस्थान होते हैं। यहाँ भी ७९ का बन्ध होता है।

संज्ञी मार्गणा – संज्ञी जीवके १ से १२ पर्यन्त गुणस्थान कहे गये हैं। यहाँ १२० का बन्ध होता है।

असंज्ञीके प्रथम तथा द्वितीय गुणस्थान होते हैं। यहाँ तीर्थंकर तथा आहारकद्विकके विना १२० – ३ = ११७ का बन्ध कहा गया है।

आहार मार्गणा – यहाँ १ से १३ गुणस्थान होते हैं। १२० प्रकृतिका बन्ध होता है।

अनाहारकोंके प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, तेरहवें गुणस्थान कहे गये हैं। यहाँ ४ आयु, आहारकयुगल, नरकद्विकके बिना १२० – ८ = ११२ का बन्ध कहा है।

कालप्ररूपणा

[ताड़पत्र नं० २८ नष्ट हो जानेके कारण इस प्ररूपणाका प्रारम्भिक अंश भी विनष्ट हो गया। प्रकरणको देखते हुए ज्ञात होता है कि यहाँ आदेशकी अपेक्षा नरकगतिका वर्णन चल रहा है और ओघका वर्णन नष्ट हो गया है]

विशेष – यहाँ एक जीवकी अपेक्षा वर्णन किया गया है।

१३. नरकगतिमें ···जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे देशोन तेतीस सागरोपम है। एक जीवकी अपेक्षा तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य बन्धकाल ८४ हजार वर्ष, तथा उत्कृष्ट साधिक तीन सागर प्रमाण है। प्रथम नरकसे छठे नरक पर्यन्त प्रथम दण्डकका बन्धकाल जघन्यसे दशहजार वर्ष, एक सागर, तीन सागर, सात सागर, दस सागर, सत्रह सागरसे कुछ अधिक है तथा उत्कृष्ट अपने-अपने नरककी स्थिति प्रमाण जानना चाहिए। अर्थात् क्रमशः एक सागर, तीन सागर, सात सागर, दस सागर, सत्रह सागर तथा बाईस सागर प्रमाण है। साता दण्डकमें तिर्यंच-गतित्रिकमें प्रविष्ट जीवका बन्धकाल जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। स्त्यानगृद्धि दण्डकका बन्धकाल नरक गतिकी ओघ रचनाके समान है। विशेष यह है कि यहाँ अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४. तिरिक्खेसु पंचणाणा० छदंसण० मिच्छ० अट्ठक० भयदुगुंछ० तेजाक० वण्ण०४ अगुरु० उप० णिमिणं पंचंत० बंध० जह० खुद्दाभव०, उक्क० अणंतकालं असंखे० [पोग्गलपरियट्टं०]। एवं थीणगिद्धितिगं अणंताणु० आदि० (?) अट्ठकसाय ओरालिय०, णवरि जह० एगस०। सादासा०-छण्णोकसा०-दोगदि-चदुजादि-पंचसंठाणं ओरालिय० अंगो० छस्संघड०-दोआणुपु०-आदावुज्जोव० अप्पसत्थवि० थावरादि०४ थिरादि दो यु० दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-जस० अजस० जह० एगस०, उक्क० अंतो०।

विशेष – ओघ रचनावाला ताड़पत्रका अंश नष्ट हो गया, अतः ओघ रचना अज्ञात है।

मिथ्यात्व दण्डकमें इसी प्रकार जानना चाहिए। पुरुषवेद दण्डकमें अपनी-अपनी स्थिति प्रमाण किन्तु कुछ कम बन्धकाल है।

दो आयु (मनुष्य-तिर्यंचायु) का बन्धकाल ओघके समान है। तीर्थंकर प्रकृतिका बन्धकाल प्रथम पृथ्वीमें जघन्यसे चौरासी हजार वर्ष है, उत्कृष्टसे देशोन एक सागर है।

विशेषार्थ – इस कथनसे विदित होता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका बन्धक नरकमें कमसे कुल ८४ हजार वर्षकी आयुको प्राप्त करेगा। उदाहरणार्थ- श्रेणिक महाराजके जीवने नरकमें जाकर ८४ हजार वर्षकी आयु प्राप्त की है।

दूसरी पृथ्वीमें जघन्य बन्धकाल साधिक एक सागर, उत्कृष्ट किंचित् ऊन तीन सागर है। तीसरी पृथ्वीमें जघन्य साधिक तीन सागर, उत्कृष्ट साधिक तीन सागर बन्धकाल है।

विशेषार्थ – तीसरी पृथ्वीमें सात सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति पायी जाती है। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि वहाँ उत्पन्न होनेवाला जीव किंचित् ऊन सात सागर पर्यन्त सम्यक्त्वी रहनेसे उतने काल पर्यन्त तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध करता है; किन्तु इस सम्बन्धमें यह आगम बताता है कि उस प्रकृतिका उत्कृष्ट बन्धकाल साधिक तीन सागर है। इससे अधिक बन्धकालकी कल्पना करना आगम बाधित होगा।

सातवीं पृथ्वीमें – नारकियोंके ओघवत् जानना चाहिए। विशेष यह है कि दर्शनावरण ३, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४, तिर्यंचगतित्रिकका जघन्य बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, उच्चगोत्रका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। यहाँ तीर्थंकर प्रकृति नहीं है। [चौथी, पाँचवीं तथा छठी पृथ्वीमें भी तीर्थंकर प्रकृति नहीं है।]

१४. तिर्यंचोंमें – ५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, ८ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अन्तरायोंका जघन्यसे बन्धकाल क्षुद्रभव ग्रहण, उत्कृष्टसे अनन्तकाल असंख्यात पुद्गल परावर्तन है[1]। स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी आदि आठ कषाय तथा औदारिक शरीरमें भी इसी प्रकार समझना चाहिए[2]। विशेष यह है कि यहाँ जघन्य बन्धकाल एक समय है। साता-असातावेदनीय, ६ नोकषाय, २ गति, ४ जाति, ५ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, २ आनुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्त-विहायोगति, स्थावरादि ४, स्थिरादि दो युगल, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशः-

१. "तिरिक्खगदीए तिरिक्खेसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं"–षट्खं०, का० ४८। २. "सासणसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमओ।"–षट्खं०, का० ५, ७, ८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरिसवे०-देवग०-वेउव्वि० समच० वेउव्वि० अंगो० देवाणुपु० पसत्थवि० सुभग० सुस्सर० आदेज्ज० उच्चागो० जह० एगस०। उक्क० तिण्णि पलिदो०। चदुआयु० तिरिक्खगदितिगं ओघं। पंचिंदिय० परघा० उस्सासं तस०४ जह० एग०। उक्कस्सेण तिण्णि पलिदो० सादिरे०।

१५. पंचिंदि० तिरिक्ख० ३ ओघं। पढमदंडओ जह० खुद्दा०। पज्जत्तजोणिणीसु [जहण्णेण] अंतो०। उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुध०। एवं थीणगिद्धितिगं अट्ठकसा०। णवरि जह० एगस०। साददंडओ तिरिक्खोघं। णवरि तिरिक्खग-

---

कीर्तिका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, देवगति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, देवानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट तीन पल्य है। चार आयु और तिर्यंचगतित्रिकका ओघके समान जानना चाहिए। पंचेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास, त्रस ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तीन पल्य प्रमाण है।

१५. पंचेन्द्रिय-तिर्यंच, पंचेन्द्रिय-तिर्यंचपर्याप्तक, पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमतीमें – ओघके समान जानना चाहिए। प्रथम दण्डकमें जघन्य बन्धकाल क्षुद्रभव ग्रहण प्रमाण है। तिर्यंच-पर्याप्तक तथा योनिमतियोंमें (जघन्य) अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट[1] पूर्वकोटि पृथक्त्वाधिक तीन पल्य प्रमाण बन्धकाल है।

विशेषार्थ – एक देव,नारकी, मनुष्य अथवा विवक्षित पंचेन्द्रिय तिर्यंचसे विभिन्न अन्य तिर्यंच मरकर विवक्षित पंचेन्द्रिय तिर्यंच हुआ। वहाँ संज्ञी स्त्री, पुरुष, नपुंसक वेदोंमें क्रमसे आठ-आठ पूर्वकोटि काल व्यतीत करके तथा असंज्ञी स्त्री, पुरुष, नपुंसकमें पूर्ववत् आठ-आठ पूर्व कोटि प्रमाण काल-क्षेप करके पश्चात् लब्ध्यपर्याप्तक पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ। वहाँ अन्तर्मुहूर्त रहकर पुनः पंचेन्द्रिय तिर्यंच असंज्ञी पर्याप्तकोंमें उत्पन्न होकर उनमें-के स्त्री, पुरुष, नपुंसकवेदी जीवोंमें पुनः आठ-आठ पूर्वकोटि प्रमाण काल व्यतीत करके पश्चात् संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच पर्याप्तक स्त्री और नपुंसक वेदियोंमें आठ-आठ पूर्व कोटियाँ तथा पुरुष वेदियोंमें सात पूर्वकोटियाँ भ्रमण करके पश्चात् देवकुरु, वा उत्तरकुरुमें, तिर्यंचोंमें, पूर्वबद्धायुके वश पुरुष या स्त्री तिर्यंच हुआ तथा तीन पल्योपम काल व्यतीत करके मरा और देव हुआ। इस प्रकार पूर्वकोटि पृथक्त्व वर्ष अधिक तीन पल्य कहे हैं। (ध० टी०,का० पृ० ३६७, ३६७)[2]

इसी प्रकार स्त्यानगृद्धित्रिक तथा आठ कषायका भी जानना चाहिए। विशेष यह है कि यहाँ जघन्य एक समय है। साता दण्डकमें तिर्यंचोंके ओघवत् जानना चाहिए।

---

१. "पंचिंदिय-तिरिक्ख–पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्त–पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि।"–षट्खं०, का० ५७-५६। २. यहाँ बारह भवोंमें-से ११ भवोंमें पूर्वकोटिपृथक्त्ववर्ष अर्थात् आठ-आठ पूर्व कोटि वर्ष प्रमाण परिभ्रमणका काल और अन्तके बारहवें भवमें सात पूर्वकोटि वर्ष प्रमाण परिभ्रमण करनेका काल मिलकर ९५ पूर्वकोटि वर्ष प्रमाण होता है। इस कालको 'पूर्वकोटिपृथक्त्व' शब्दसे ग्रहण किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दितिगं ओरालियं च पविट्ठं । पुरिसवेददंडओ तिरिक्खोघं । णवरि जोणिणीसु देसू० । चदु आयु० ओघं । पंचिंदि० दंडओ तिरिक्खोघं ।

१६. पंचिंदिय-तिरि०-अप० पंचणाणा०-णवदं० मिच्छ०-सोलसक०-भयदुगुं० ओरालिय० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं पंचंत० जह० खुद्दा० । उक्क० अंतो० । दो आयु ओघं । सेसाणं जह० एगस० । उक्क० अंतो० । एवं सव्व-अपज्जत्ताणं तसाणं थावराणं च ।

१७. मणुस०३-पंचणा० णवदंस० सोलसक० भयदुगुं० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं पंच-(पंचंत०) जह० एग० । [उक्कस्सेण] तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुध० । एवं मिच्छ० । णवरि जह० खुद्दा० । पज्जत्त(०)मणुसिणि अंतो० । सादावे० चदुआयु ओघं । असाद०-छण्णोक०-तिण्णिगदि-चदु जाति(दि)-ओरालिय०-पंचसंठा०-ओरालिय-अंगो०छस्संघ०-तिण्णिआणु०-आदावुज्जो० अप्पस०-थावरादि० ४-

---

तिर्यंचगतित्रिक तथा औदारिक शरीरमें विशेष जानना चाहिए। पुरुषवेद दण्डकका तिर्यञ्चोंके ओघवत् है। इतना विशेष है कि योनिमती तिर्यञ्चोंमें कुछ कम जानना चाहिए। चार आयुका बन्धकाल ओघवत् जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय दण्डकमें तिर्यञ्चोंके ओघवत् है।

१६. पञ्चेन्द्रिय-तिर्यञ्च-लब्ध्यपर्याप्तकोंमें--५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्मण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा पञ्च अन्तरायोंका बन्धकाल जघन्यसे क्षुद्रभवग्रहण, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है[1]।

मनुष्य, तिर्यंचायुका बन्धकाल ओघवत् है। शेषका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। इस प्रकार संपूर्ण अपर्याप्तक त्रसों तथा स्थावरोंमें जानना चाहिए।

१७. मनुष्य सामान्य, मनुष्य पर्याप्त तथा मनुष्यनियोंमें-५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंका जघन्य बन्धकाल एक समय, (उत्कृष्ट) पूर्वकोटि पृथक्त्वाधिक तीन पल्य प्रमाण है। इसी प्रकार मिथ्यात्वका भी बन्धकाल है। इतना विशेष है कि मनुष्य सामान्यमें जघन्य बन्धकाल क्षुद्रभव ग्रहण प्रमाण है।[2] पर्याप्त मनुष्य तथा मनुष्यनीमें जघन्य बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। सातावेदनीय, चार आयुका बन्धकाल ओघवत् जानना चाहिए। असातावेदनीय, ६ नोकषाय, तीन गति, चार जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक अंगोपांग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावरादि ४,

---

१. "पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्ता केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।" – षट्खं०,का० १५, ६७ ।

२. "मणुसगदीए मणुस-मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि ।"–षट्खं०, का०, ६८-७० ।

यहाँ यह विशेष है कि मनुष्य मिथ्यात्वीके ४७ पूर्वकोटि अधिक तीन पल्य है, पर्याप्त मिथ्यात्वी मनुष्यके २३ पूर्वकोटियाँ अधिक हैं। मनुष्यनी मिथ्यादृष्टिके सात पूर्वकोटि अधिक हैं। यथा–"मणुसमिच्छादिट्ठिस्स चे य सत्ततालपुव्वकोडीओ अहिया होंति, पज्जत्तमिच्छादिट्ठीणं तेवीसपुव्वकोडीयो, मणुसिणि मिच्छादिट्ठीसु सत्त पुव्वकोडीओ अहियाओ ।"–ध० टी०,का०,पृ० ३७३ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थिरादिदोयु०दूभग-दुस्स०-अणादे०-जस०-अज्जस०-णीचागो० जहण्णे० एग०। उक्क० अंतो०। पुरिस० देवग०४ समच० पसत्थ० सुभग० सुस्सर० आदेज्ज० उच्चागो० जह० एगस०। उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरे०। मणुसिणीसु देसू०। पंचिंदिय० परघादु० तस०४ तिरिक्खोघं। आहार०२ जह० एग०। उक्क० अंतो०। तित्थ० जह० एग०। उक्क० पुव्वकोडिदेसू०।

१८. देवेसु-पंचणा० छदंसणा०बारसक०भयदुगुं०ओरालिय०तेजाक०-वण्ण०४ अगु०४ बादर-पज्जत्त-पत्तेय० णिमि० पंचंत० जह० दसवस्ससहस्सा०। उक्क० तेतीसं सा०। थीणगिद्धितिग० मिच्छ० अणंताणुबं०४ जह० एग०। [णवरि] मिच्छ० अंतो०। उक्क० एक्कत्तीसं सा०। सादासा० छण्णोक० तिरिक्ख० एइंदि०

स्थिरादि दो युगल, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति तथा नीचगोत्रका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, देवगति ४, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय तथा उच्चगोत्रका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट साधिक तीन पल्य प्रमाण है[1]। विशेष यह है कि मनुष्यनीमें देशोन तीन पल्य है। पंचेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास, त्रस ४ का बन्धकाल तिर्यञ्चोंके ओघवत् है। आहारकद्विकका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। तीर्थंकरका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि है।

१८. देवोंमें-५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक, तैजस, कार्मण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण तथा पञ्च अन्तरायोंका जघन्य बन्धकाल दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट तेतीस सागर प्रमाण है।

विशेषार्थ – देवोंकी जघन्य तथा उत्कृष्ट आयुकी अपेक्षा यह वर्णन हुआ है।

स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य बन्धकाल एक समय है। (इतना विशेष है कि) मिथ्यात्वका जघन्य बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त है, किन्तु सबका उत्कृष्ट बन्धकाल ३१ सागर प्रमाण है।

विशेष – कोई मिथ्यात्वी द्रव्यलिंगी मरकर ३१ सागरकी आयुवाले ग्रैवेयक वासी देवोंमें उत्पन्न हुआ। वहाँ उसने जीवन-भर मिथ्यात्वादिका बन्ध किया। इस अपेक्षा ३१

---

१. "असंजदसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होदि? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि।"–षट्खं०,का०,७१–८१।

"मणुस–मणुसपज्जत्तएसु सादिरेयाणि तिण्णि पलिदोवमाणि अण्णत्थ देसूणाणि।"–ध० टी०,का०, पृ० ३७७।

पूर्वकोटि आयुके त्रिभागमें मनुष्यायुको बाँधनेवाले मनुष्यने अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्व प्राप्त किया तथा सम्यक्त्वसहित भोगभूमिमें तीन पल्य बिताये और मरकर देव हुआ। इस प्रकार साधिक तीन पल्य है। कुछ कम तीन पल्य प्रमाणकाल मनुष्यनियोंमें है। कोई मिथ्यात्वी मनुष्य भोगभूमिमें तीन पल्यको स्थिति-वाला मनुष्य हुआ। ९ माह गर्भमें बिताये, पश्चात् ४९ दिनमें सम्यक्त्व लाभ किया और सम्यक्त्वयुक्त शेष तीन पल्य पूर्ण कर मरा और देव हुआ। इस प्रकार ९ माह ४९ दिन कम तीन पल्य प्रमाणकाल हुआ। ध० टी०,का०,पृ० ३७८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचसं० पंचसंघ० तिरिक्खगदिपाओ० आदावुज्जो०-अप्पसत्थवि०[थावर-]थिरादिदो-युग० दूभगदुस्सर०-अणादे०-जस०-अज्जस० णीचा० जह० एग०। उक्क० अंतो०। पुरिस० मणुस० पंचिंदि० समच० ओरालिय० अंगो० वज्जरिस० मणुसाणु० पसत्थवि० तस० सुभग० सुस्सर० आदेज्ज उच्चागो० जह० एगस०। उक्क० तेत्तीसं सा०। दो आयु ओघो (ओघं)। तित्थय० जह० वेसाग० सादि०। उक्क० तेत्तीसं सा०। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो ट्ठिदिकालो णेदव्वो याव सव्वट्ठा त्ति। णवरि भवण-वा०-वाण-वेंत०-जोदिसि० तित्थय० णत्थि। सणक्कुमारादि पंचिंदियसंयुतं कादव्वं। एवं एइंदिय थावरि(रं) णत्थि। आणदादि० तिरिक्खायु-तिरिक्खगदि०३ णत्थि। मणुसगदि धुवं कादव्वं।

सागर प्रमाण बन्धकाल कहा है।[1]

साता-असाता वेदनीय, ६ नोकषाय, तिर्यंचगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्च संस्थान, पञ्च संहनन, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, स्थिरादि दो युगल, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, नीचगोत्रका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभ संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्रका जघन्य बन्धकाल एक समय है, उत्कृष्ट ३३ सागर है।

विशेषार्थ – यह उत्कृष्ट बन्धकालका कथन सर्वार्थसिद्धिके देवोंकी अपेक्षा है।

दो आयुका बन्धकाल ओघवत् जानना चाहिए। तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य बन्धकाल साधिक दो सागर है, उत्कृष्ट ३३ सागर है।

विशेषार्थ – देवगतिकी अपेक्षा तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध कल्पवासी[2] देवोंमें होता है। सौधर्मद्विकमें आयु साधिक द्विसागरोपम है और सर्वार्थसिद्धिमें ३३ सागरोपम है। इस अपेक्षा यहाँ वर्णन किया गया है।

इस प्रकार सब देवोंमें अपनी-अपनी स्थिति-प्रमाण बन्धका काल सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त जानना चाहिए। इतना विशेष है कि भवनवासी, व्यन्तर तथा ज्योतिषी देवोंमें तीर्थंकर प्रकृति नहीं है। सनत्कुमारादि देवोंमें पंचेन्द्रियका संयोग करना चाहिए। वहाँ एकेन्द्रिय तथा स्थावर नहीं हैं।

विशेष – सौधर्मद्विकके आगे केवल पंचेन्द्रिय जातिका बन्ध होता है, एकेन्द्रिय, स्थावर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता है।

आनतादि स्वर्गोंमें – तिर्यंचगतित्रिक अर्थात् तिर्यंचायु, तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी तथा उद्योतका बन्ध नहीं है। यहाँ मनुष्यगतिका ध्रुव रूपसे भंग करना चाहिए,। (कारण, यहाँ मनुष्यगतिका ही बन्ध होता है)।

विशेष – शतारचतुष्टय नामसे ख्यात तिर्यंचायु, तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी तथा उद्योतका बन्ध शतार-सहस्रारसे ऊपर नहीं होता है।

---

१. "देवगदीए देवेसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होदि? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण एक्कत्तीस सायरोपमाणि।"–षट्ख०,का०,८७-८६।

२. "कप्पित्थीसु ण तित्थं……"–गो० क०,गा० ११२। षट्० टी०,भा० १,पृ० ६१, १३१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६. एइंदिएसु–पंचणा० णवदंसणा० मिच्छ० सोलस० भयदुगुं० ओरालिय० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं पंचंतरा० जह० खुद्दा०। उक्क० अणंतकालम०। बादरे० अंगुल० असं०। सुहुमे असंखेज्जा लोगा। बादर-एइंदिय-पज्जत्ता० जह० अंतो०। उक्क० संखेज्जवस्ससहस्सा०। सुहुम-एइंदि० पज्जत्त जहण्णु० अंतो०। तिरिक्खगदितियं जह० एय०। उक्क० असंखेज्जा लोगा। एवं सुहुम बादरे अंगुलस्स असंखे०। पज्जत्ते संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। सुहुम-पज्ज० जह० एग० उक्क० अंतो०। सेसाणं सादादीणं जह० एय०। उक्क० अंतो०। दो आयु० ओघं। एवं सव्व-एइंदियाणं णेदव्वं। विगलिंदिया०–पंचणा०णवदंसणा०मिच्छत्त०सोलसक०भयदुगुं० ओरालियतेजाक०-वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं पंचंतरा० जह० खुद्दाभ० पज्जत्ते० अंतो०, उक्क० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। दो आयु ओघं। सेसाणं सा [दा] दीणं जह० एयस०। उक्क० अंतो०।

१६. एकेन्द्रियोंमें –५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्मण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, पाँच अन्तरायका बन्धकाल क्षुद्रभव प्रमाण जघन्यसे है तथा उत्कृष्ट अनन्तकाल असंख्यात पुद्गल परावर्तन जानना चाहिए। बादर एकेन्द्रियमें उत्कृष्ट बन्धकाल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है तथा सूक्ष्ममें असंख्यात लोक प्रमाण है।

विशेष – यहाँ 'अंगुलका असंख्यातवाँ भाग' यह क्षेत्रकी मर्यादाका द्योतक शब्द, कालके लिए प्रयुक्त हुआ है। इसका तात्पर्य यह है कि आकाशके उक्त प्रमाण क्षेत्रमें जितने प्रदेश आवें, उतनी संख्या-प्रमाण समय-समूहात्मक रूपकालको ग्रहण करना चाहिए।

[2]बादर-एकेन्द्रिय-पर्याप्तकमें जघन्य बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट बन्धकाल संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है। [3]सूक्ष्म-एकेन्द्रिय-पर्याप्तकमें जघन्य बन्धकाल तथा उत्कृष्ट बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। तिर्यंचगतित्रिकका बन्धकाल जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे असंख्यात लोक प्रमाण है। इस प्रकार सूक्ष्मोंमें जानना चाहिए। बादर एकेन्द्रियोंमें अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाणकाल है। किन्तु इनके पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्ष प्रमाण बन्धकाल है। सूक्ष्म-पर्याप्तकोंमें जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। शेष साता आदि प्रकृतियोंका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्य तथा तिर्यंचायुका बन्धकाल ओघवत् जानना चाहिए। इस प्रकार सम्पूर्ण एकेन्द्रियोंमें जानना चाहिए। विकलेन्द्रियोंमें–५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्मण शरीर, वर्ण४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंका जघन्य बन्धकाल क्षुद्रभव प्रमाण है। किन्तु पर्याप्तकोंमें अन्तर्मुहूर्त प्रमाण जघन्य बन्धकाल है। उत्कृष्ट बन्धकाल संख्यात

१. "इंदियाणुवादेण एगजीवं पडुच्च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं।"–षट्खं०, का०,१०७-१०६। २. "बादरेंदियपज्जत्ता केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण संखेज्जाणि वाससहस्साणि।" –षट्खं०,का०, ११३-११५। ३. "सुहुमेंदियपज्जत्ता'''एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं,"–षट्खं०,का०,१२२-१२४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२०. पंचिंदि० तस०२-पंचणा०-णवदंस०-मिच्छत्त०-सोलसक०-भयदुगुं० तेजाक०-वण्ण०४-अगु०-उप० णिमिणं पंचंतरा० जह० खुद्दा० पज्जत्ते० अंतो०। उक्क० सागरोपमसह० पुव्वकोडिपुध०। पज्जत्ते सागरोपम-सद-पुध०। तसेसु-बेसाग० सहस्साणि पुव्वकोडिपुध०, पज्जत्ते बेसागरोपमसहस्साणि। सादावे० चदुआयु ओघं। असादा० छण्णोक० णिरयग०-चदुजा०-आहारदुगं पंचसंठाणं-पंचसंघ०-णिरयाणु०-आदावुज्जो०-अप्पस० थावर०४ थिरादिदोयुग० दूभग० दुस्सर० अणादेज्ज० जस० अज्ज० जह० एग०। उक्क० अंतो०। पुरिस० ओघं। तिरिक्खगदितिगं ओरालि० ओरालिय० अंगोवं० जह० एय०। उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। मणुसग० वज्जरि० मणुसाणु० जह० एग०। उक्क० तेत्तीसं सा०। देवग०४ जह० एय०। उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरे०। पंचिंदि०

हजार वर्ष प्रमाण है[1]। मनुष्य तथा तिर्यंच आयुका बन्धकाल ओघवत् जानना चाहिए। शेष सातावेदनीय आदि प्रकृतियोंका बन्धकाल जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे अन्तर्मुहूर्त्त प्रमाण है।

स्त्रीवेदका अन्तर जघन्यसे एक समय, उत्कृष्ट कुछ अधिक एक सौ बत्तीस सागर है । नपुंसक वेद, ५ संस्थान, ५ संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीचगोत्रका जघन्य अन्तर एक समय, उत्कृष्ट किंचित् न्यून तीन पल्य अधिक एक सौ बत्तीस सागर प्रमाण है । नरकमनुष्य-देवायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अनन्तकाल असंख्यात पुद्गलपरावर्तन है । तिर्यंचायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट शतसागरपृथक्त्व है । नरकगति, देवगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक अंगोपांग, नरक-देवानुपूर्वीका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अनन्तकाल—असंख्यात पुद्गलपरावर्तन है । तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, उद्योतका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट एक सौ त्रेसठ सागरपृथक्त्व है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट असंख्यात लोक प्रमाण है । ४ जाति, आतप, स्थावरादि ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट एक सौ पचासी सागर प्रमाण है । औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभ संहननका जघन्य अन्तर एक समय, उत्कृष्ट कुछ अधिक तीन पल्य है । [आहारक शरीर] आहारक अंगोपांगका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम अर्धपुद्गलपरावर्तन अन्तर है ।

विशेषार्थ – एक अनादि मिथ्यादृष्टिजीवने अधःकरण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण रूप तीन करण करके उपशमसम्यक्त्व तथा अप्रमत्त गुणस्थानको एक साथ प्राप्त होकर अनन्त संसारका छेद करके अर्धपुद्गलपरिवर्तन मात्र किया । इस अप्रमत्त गुणस्थानमें अन्तर्मुहूर्त रहकर प्रमत्त हुआ और अन्तरको प्राप्त होकर मिथ्यात्वके साथ अर्धपुद्गलपरावर्तन काल व्यतीत कर अन्तिम भवमें सम्यक्त्व अथवा देशसंयमको प्राप्त कर दर्शन-मोहनीय ३ और अनन्तानुबन्धी ४ अर्थात् ७ प्रकृतियोंका क्षय करके अप्रमत्तसंयत हो गया । इस प्रकार अप्रमत्तसंयतका अनन्तर काल उपलब्ध हुआ । पुनः प्रमत्त, अप्रमत्त गुणस्थानमें हजारों बार परावर्तन करके अप्रमत्तसंयत हुआ । पुनः अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसाम्पराय, क्षीणकषाय, सयोगकेवली अयोगकेवली होकर निर्वाणको प्राप्त हुआ । इस प्रकार दस अन्तर्मुहूर्तोंसे कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन काल अप्रमत्तसंयतका उत्कृष्ट अन्तर है । यही अन्तर आहारक-द्विकके बन्धके विषयमें होगा । कारण, आहारकद्विकका बन्ध अप्रमत्तसंयतमें होता है । (ध० टी० अन्तरा० पृ० १७)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३०. आदेसे०—णेरइएसु पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-भय दुगुं०-पंचिं०-ओरालिय-तेजाकम्म०-ओरालिय०-अंगो०-वण्ण०४अगु०४तस०४णिमिण-तित्थय०-पंचंत०-णत्थि अंत०। थीणगिद्धि०३ मिच्छ० अणंताणुबं०४ जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं० देसू०। सादासा० पुरिस० चदुणो० समचदु० वज्ज०रिसभसं०, पसत्थवि० थिरादि-दोण्णि-युग०-सुभग-सुस्सर-आदे०जह० एग०, उक्क० अंतो०। इत्थिवे०-णपुंसय०-दोगदि० पंचसंठा० पंचसं० दो आयु० (आणुपु०) अप्पसत्थवि० उज्जोवं दूभग-दुस्सर अणादेज्ज०-णीचुच्चागो० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं० देसू०। दो

३०. आदेशसे – नारकियोंमें – पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, पंचेंद्रिय जाति, औदारिक-तैजस-कार्मण शरीर, औदारिकशरीर अंगोपांग, वर्ण चार, अगुरुलघु चार, त्रस चार, निर्माण, तीर्थंकर और पाँच अन्तरायोंके बन्धका अन्तर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चारका जघन्य अन्तर, अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर है।

विशेषार्थ – यहाँ नरकगतिके आश्रयसे बध्यमान प्रकृतियोंके अन्तरका कथन किया गया है। क्षुद्रक बन्धमें इस प्रकार विशेष कथनकी विवक्षाके स्थानमें सामान्य रूपसे प्रतिपादन किया गया है। जैसे नरकगतिमें नारकी जीवोंका अन्तर कितने काल तक होता है, इस प्रश्नके उत्तरमें आचार्य जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्टसे अनन्तकाल असंख्यात पुद्गल परिवर्तन कहते हैं। भूतबलि स्वामी रचित सूत्र इस प्रकार है, "**एग जीवेण अन्तराणुगमेण गदियाणुवादेण णिरयगदीए णेरइयाणं अंतरं केवचिरं कालादो होदि? ॥१॥ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ॥२॥ उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं ॥३॥** इन पूर्वोक्त सूत्रोंपर धवलाटीकामें प्रकाश डालते हुए वीरसेन स्वामी लिखते हैं—नरकसे निकलकर गर्भोपक्रान्तिक तिर्यंच जीवोंमें अथवा मनुष्योंमें उत्पन्न हो, सबसे कम आयुके भीतर नरकायुको बाँध मरण कर पुनः नरकोंमें उत्पन्न हुए नारकी जीवके नरकगतिसे अन्तर्मुहूर्त मात्र अन्तर पाया जाता है। उत्कृष्ट अन्तरके सम्बन्धमें इस प्रकार स्पष्ट किया है—नारकी जीवके नरकसे निकलकर अविवक्षित गतियोंमें आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण पुद्गल परिवर्तन परिभ्रमण करके पश्चात् पुनः नरकोंमें उत्पन्न होनेपर सूत्रोक्त अन्तरका प्रमाण पाया जाता है।

महाबन्धमें नारकियोंमें ज्ञानावरणादिके अन्तरका अभाव कहा है। स्त्यानगृद्धि आदिका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट अन्तर देशोन तेतीस सागर कहा है। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है : मोहनीय कर्मकी अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाला कोई मनुष्य या तिर्यंच नीचे सातवीं पृथ्वीके नारकियोंमें पैदा हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्ण कर (१) विश्राम ले (२) विशुद्ध हो (३) वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त कर अल्प आयुके शेष रहनेपर मिथ्यात्वको पुनः प्राप्त हुआ, (४) पुनः तिर्यंच आयुको बाँधकर (५) विश्राम लेकर (६) निकला। इसप्रकार छह अन्तर्मुहूर्त कम तेतीस सागर प्रमाणकाल मिथ्यात्वके अन्तरका है। यही अन्तर स्त्यानगृद्धित्रिक और अनन्तानुबन्धी चारका भी होगा।

साता-असाता वेदनीय, पुरुषवेद, चार नोकषाय, समचतुरस्र संस्थान, वज्रवृषभसंहनन, प्रशस्त विहायोगति, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेयका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, दो गति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आयु (आनुपूर्वी), अप्रशस्त विहायोगति, उद्योत, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, नीच, उच्च गोत्रका जघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आयु० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसूणा। एवं पढमादि याव छट्ठित्ति। धुविगाणं तित्थय० णत्थि अंत०। साददंड० ओघं। णवरि मणुस० मणुसग०पाओ०-उच्चागोदं पविट्ठ०। सेसे णिरयोघं। णवरि अप्पप्पणो ट्ठीदी भाणिदव्वा। सत्तमाए पुढवीए णिरओघं। णवरि दोगदि-दो आणुपु०-दोगोदं० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं०देसूणा।

३१. तिरिक्खेसु-पंचणा० छदंस० अट्ठक०-भय-दु०-तेजा-कम्म० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं पंचंरा०णत्थि अंत०। थीणगिद्धि३ मिच्छ०-अणंताणु०४ जह० अंतो०, उक्क०तिण्णि पलिदोव०देसू०। एवं इत्थि०। णवरि जह०एग०।

एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर है। विशेष-यहाँ 'दो आयु' के स्थानमें दो आनुपूर्वी पाठ उपयुक्त लगता है, कारण दो आयुका अन्तर आगे कहा गया है। दो आयुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम छह माह अन्तर है।

विशेषार्थ – नारकियोंमें भुज्यमान आयुके अधिकसे अधिक छह माह और कमसे कम अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर आगामी बध्यमान मनुष्य-तिर्यंच आयुका बन्ध होता है। किसी जीवने छह महीने जीवन शेष रहनेपर प्रथम अन्तर्मुहूर्तमें नरकगतिमें परभवकी आयुका बन्ध किया और पश्चात् मरणसमयमें पुनः बन्ध किया। इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर होगा।

इस प्रकार प्रथमसे छठी पृथिवी पर्यन्त जानना चाहिए। यहाँ ध्रुव प्रकृतियों तथा तीर्थंकरका अन्तर नहीं है।

विशेषार्थ – तीर्थंकर प्रकृतिवाला जीव मिथ्यात्वसहित मरण कर मेघा नामकी तीसरी पृथ्वीसे नीचे नहीं जाता। इससे उसके बन्धका अन्तर तीसरी पृथ्वी तक जानना चाहिए, नीचेकी पृथिवियोंमें नहीं जानना चाहिए।

सातादण्डकका ओघके समान अर्थात् जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रमें प्रविष्टके विशेष जानना चाहिए।

[1] शेष प्रकृतियोंमें नारकियोंके ओघके समान है। विशेष यह है कि यहाँ प्रत्येक नरकमें अपनी-अपनी स्थितिके समान अन्तर जानना चाहिए। सातवीं पृथ्वीमें सामान्य नरकके समान अन्तर है। इतना विशेष है कि दो गति, दो आनुपूर्वी, दो गोत्रका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर अन्तर है।

३१. तिर्यंचोंमें – ५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ८ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अन्तरायोंका बन्धका अन्तर नहीं है। क्योंकि इनका निरन्तर बन्ध होता है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम तीन पल्य है। इसी प्रकार स्त्रीवेदका अन्तर समझना चाहिए। विशेष यह है कि यहाँ जघन्य एक समय (और उत्कृष्ट कुछ कम तीन पल्य) है।

---

१. "पढमादि जाव सत्तमीए पुढवीए णेरइएसुमिच्छादिट्ठि–असंजदसम्मादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण सागरोवमं, तिण्णि, सत्त, दस, सत्तारस, बावीस, तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि"–षट्खं०, अन्तरा०, २८-३०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादासाद-पंचणोक० पंचिं० समचदु० परघादुस्सा०-पसत्थवि० तस०४ थिरादि-दोण्णि-युग० सुभग-सुस्सर-आदेज्जा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अपच्चक्खाणाव०४-णपुंस०तिरिक्खगदि-चदुजादि-ओरालिय० पंचसंठा०-ओरालि०-अंगोवं०-छसंघ०-तिरिक्खाणु०-आदा०-उज्जोव अप्पसत्थवि०-थावरादि०४-दूभग०दुस्सर-अणादे-ज्ज०-णीचा०जह० एग०। अपच्चक्खाणा०४ जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिदेसू०। तिण्णि आयु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं दे०। तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडि०सादिरे०। वेउव्वियछक्क० जह० एग०, उक्क० अणंतकालं-असंखे०। मणुसग०-मणुसाणु० उच्चा०ओघं।

३२. पंचिंदिय-तिरिक्ख तिग० धुविगाणं णत्थि अंत०। थीणगिद्धि०३ मिच्छ०

विशेषार्थ – एक मनुष्य या तिर्यंच, अट्ठाईस मोहनीयकी प्रकृतियोंकी सत्तावाला तीन पल्यकी आयुवाले मुर्गा, बन्दर आदिमें उत्पन्न हुआ। दो माह गर्भमें रहकर बाहर निकला। यहाँ आचार्य-परम्परागत दक्षिण-प्रतिपत्तिके अनुसार ऐसा उपदेश है कि तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ जीव दो माह और मुहूर्तपृथक्त्वके ऊपर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। उत्तर-प्रतिपत्तिके अनुसार तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ जीव तीन पक्ष, तीन दिन और अन्तर्मुहूर्तके ऊपर सम्यक्त्वको प्राप्त होता है। पश्चात् आयुके अन्तमें मिथ्यात्वको प्राप्त कर मरण किया। इस प्रकार आदिके मुहूर्तपृथक्त्वसे अधिक दो मासोंसे और आयुके अन्तमें उपलब्ध दो अन्तर्मुहूर्तोंसे न्यून तीन पल्योपम काल मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अन्तर है। (ध० टी०, अन्तरा० पृ० ३२)

साता-असाता वेदनीय, ५ नोकषाय, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेयका अन्तर जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। अप्रत्याख्यानावरण ४, नपुंसकवेद, तिर्यंचगति, चार जाति, औदारिक शरीर, ५ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावरादिचतुष्क, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीच-गोत्रका अन्तर जघन्य एक समय है किन्तु अप्रत्याख्यानावरण ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट कुछ कम एक कोटिपूर्व है।

विशेषार्थ – कोई मिथ्यात्वी जीव संज्ञी पंचेन्द्रिय सम्मूर्छन पर्याप्तक एक कोटिपूर्वकी आयुवाले तिर्यंचमें उत्पन्न हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्ण कर विश्राम ले, विशुद्ध हो, वेदक सम्यक्त्व तथा संयमासंयमको प्राप्त किया। मरणसमय देशसंयमसे च्युत हो गया। इस प्रकार उसके एक कोटि पूर्वमें कुछ कम कालपर्यन्त अप्रत्याख्यानावरण ४ का अन्तर होगा।

तीन आयुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर एक कोटि पूर्वके तीन भागोंमें-से कुछ कम एक भाग प्रमाण है। तिर्यंचायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ अधिक एक कोटिपूर्व अन्तर है। वैक्रियिकषट्कका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अनन्तकाल, असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका ओघके समान अन्तर जानना चाहिए।

३२. पंचेन्द्रिय-तिर्यंच, पंचेन्द्रिय-तिर्यंच-पर्याप्त, पंचेन्द्रिय-तिर्यंच-योनिमतीमें—ध्रुव प्रकृतियोंका अन्तर नहीं है, क्योंकि इनका निरन्तर बन्ध होता है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंताणु०४जह० अंतो०, इत्थिवेद०जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदोव०देसू०। सादासादं० पंचणोक० देवगदि०४ पंचिंदि० समचदु० परघादुस्सा०-पसत्थवि०-तसचदुरं थिरादिदोण्णि-युग०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज उच्चा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अपच्चक्खाणा०४ जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिदेसू०। णपुंसय०तिगदि-चदुजादि-ओरालिय०-पंचसंठा०-ओरालिय०अंगो०-छस्संघ० तिण्णि आणपु०-अप्पसत्थ० आदाउज्जो०-थावरादि०४ दूभग-दुस्सर-अणा०दे०-णीचागो० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिदे०। आयु-चत्तारि तिरिक्खोघं। पंचिंदिय-तिरिक्ख-अपज्ज०-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलस० भयदु० ओरालिय-तेजाकम्म० वण्ण०४ अगु० उपघा० णिमिणं पंचंत० णत्थि अंत०। सादासाद० सत्तणोक० दोगदि-पंचजादि-छस्संठाण०-ओरालिय० अंगो छस्संघ०-दोआणु० परघादुस्सा०-आदा-उज्जो०-दोविहा०-तसादिदस-युगल-णीचुच्चा०गोदाणं जह० एग०, उक्क० अंतो०। दोआयु० जहण्णु०अंतो०। एवं सव्व-अपज्जत्ताणं तसाणं थावराणं च।

अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त तथा स्त्रीवेदका जघन्य एक समय तथा इन सबका उत्कृष्ट कुछ कम ३ पल्य अन्तर है।

विशेषार्थ – मोहनीय कर्मकी २८ प्रकृतियोंकी सत्ता रखनेवाले तिर्यंच अथवा मनुष्य तीन पल्योपमकी आयुवाले पंचेन्द्रिय तिर्यंचत्रिक कुक्कुट, मर्कट आदिमें उत्पन्न हुए वा दो माह गर्भमें रहकर निकले। मुहूर्तपृथक्त्वसे विशुद्ध होकर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुए और आयुके अन्तमें आगामी आयुको बाँधकर मिथ्यात्वसहित मरण किया। पुनः इस प्रकार दो अन्तर्मुहूर्तोंसे तथा मुहूर्तपृथक्त्वसे अधिक दो मासोंसे न्यून तीन पल्योपम काल तीनों प्रकारके तिर्यंच मिथ्यादृष्टियोंका उत्कृष्ट अन्तर होता है। यही अन्तर मिथ्यात्व आदिका भी है।

साता-असाता वेदनीय, ५ नोकषाय, देवगति ४, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, और उच्चगोत्रका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। अप्रत्याख्यानावरण ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटि अन्तर है।

नपुंसकवेद, देवगतिके बिना ३ गति, ४ जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक अंगोपांग, छह संहनन, ३ आनुपूर्वी, अप्रशस्तविहायोगति, आताप, उद्योत, स्थावरादि ४, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रका जघन्य अन्तर एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटि है। चार आयुका तिर्यंचोंके ओघ समान है।

पंचेन्द्रिय तिर्यंच लब्ध्यपर्याप्तकमें–५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक–तैजस–कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पंच अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। साता-असाता वेदनीय, ७ नोकषाय, २ गति (मनुष्य-तिर्यंचगति), ५ जाति, ६ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि-दस-युगल, नीच-उच्च गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त अन्तर है। दो आयुका जघन्य तथा उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३. मणुस० ३–पंचणा०छदंसण०चदुसंज०भयदुगुं०तेजाकम्म०वण्ण०४ अगुरु० उप० णिमिण० तित्थय०-पंचंत० जहण्णु० अंतो०। थीणगिद्धितिग-दंडओ इत्थिदंडओ साददंडओ णपुंसदंडओ आयुदंडओ पंचिंदिय-तिरिक्ख-पज्जत्तभंगो। णवरि मणुसा० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिसादि०। आहारदुगं जह० अंतो०, उक्क० पुव्व-कोडिपुध०।

सभी अपर्याप्तक त्रस-स्थावरोंका इसी प्रकार अन्तर समझना चाहिए।

विशेषार्थ—सामान्य कथनकी अपेक्षा तिर्यंचोंका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्टसे सागरोपम-शत-पृथक्त्व कहा है। खुद्दाबंधकी टीकामें लिखा है तिरिक्खस्स तिरिक्खेहिंतो णिग्गयस्स सेसागदीसु सागरोवमसदपुधत्तादो उवरि अवट्ठाणाभावादो (पृ० १८२)—तिर्यंच जीवके तिर्यंचोंमें-से निकलकर शेष गतियोंमें सागरोपमशत पृथक्त्व कालसे ऊपर ठहरनेका अभाव है।

३३. मनुष्य-सामान्य, मनुष्यपर्याप्तक, मनुष्यिनीमें–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्मण वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अंतरायोंका जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर अंतर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धित्रिक–दंडक, स्त्रीदंडक, सातादंडक, नपुंसकदंडक, आयुदंडकमें पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्च-पर्याप्तकके समान अंतर है। विशेष मनुष्यायुका जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक पूर्वकोटि है।

आहारकद्विकका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट पूर्वकोटिपृथक्त्व है।[1]

विशेषार्थ—२८ मोहनीयकी प्रकृतियोंकी सत्तावाला अन्य गतियोंसे आकर कोई जीव मनुष्य हुआ। गर्भको आदि लेकर ८ वर्षका हुआ। सम्यक्त्व एवं अप्रमत्त गुणस्थानको एक साथ प्राप्त हुआ। (१) पुनः प्रमत्तसंयत हो अंतरको प्राप्त हुआ और ४८ पूर्वकोटियाँ परिभ्रमण कर अंतिम पूर्वकोटिमें देवायुको बाँधता हुआ अप्रमत्तसंयत हो गया। (२) इस प्रकार अंतर प्राप्त हुआ। तत्पश्चात् प्रमत्तसंयत होकर (३) मरा और देव हुआ। ऐसे तीन अंतर्मुहूर्तोंसे अधिक आठ वर्षोंसे कम ४८ पूर्वकोटियाँ उत्कृष्ट अंतर होता है। (ध० टी०,अंत०,पृ० ५२)

आहारकद्विकके बंधक अप्रमत्तगुणस्थानवर्ती होते हैं। इस कारण यह वर्णन-क्रम उसमें भी सुघटित है।

'खुद्दाबंध'में मनुष्यों तथा पंचेन्द्रिय-तिर्यंचोंका जघन्य अंतर क्षुद्रभवग्रहण काल तथा उत्कृष्ट अंतर असंख्यातपुद्गल परिवर्तन प्रमाण अनंतकाल कहा है। सूत्रोंके शब्द इस प्रकार हैं– **"पंचिंदियतिरिक्खा पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्ता पंचिंदियतिरिक्खजोगिणी पंचिंदिय-तिरिक्खअपज्जता मणुसगदीए मणुस्सा मणुसपज्जता मणुसिणी मणुसअपज्जत्ताणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण खुद्दाभवगहणं। उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा"** (सूत्र ८, ९, १०,पृष्ठ १८९, १९०)।

---

१. संजदासंजदप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? णाणाजीवं पडुच्च णत्थि अंतरं णिरंतरं। एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण पुव्वकोडिपुधत्तं। सूत्र ६७, ६८, ६९, अंत०,पृ० ५२। उत्कर्षेण पूर्वकोटिपृथक्त्वानि। स० सि०,१, ८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४. देवेसु-पंचणा० छदंसणा० बारसक० भयदुगुं० ओरालिय-तेजाक० वण्ण०-४ अगु०४ बादर-पज्जत्त-पत्तेय०णिमिणं तित्थय०पंचंतरा०णत्थि अंत०। थीण-गिद्धितिगं मिच्छत्तं अणंताणु०४ जह० अंतो०। इत्थि० णवुंसक० पंचसंठा० जह० एग०, उक्क० अट्ठारस-सा० सादिरेगाणि। एइंदिय-आदाव-थाव०जह० एग०, उक्क० बेसाग० सादिरे०। एवं सव्वदेवेसु अप्पप्पणो ट्ठिदिअंतरं कादव्वं। एइंदिएसु पंचणा० णवदंस० मिच्छत्तं सोलस० भयदुगुं० ओरालियतेजाक० वण्ण०४ जह० एग०, उक्क० अंतो०। ❀दोआयु० णिरयभंगो०। तिरिक्खगदि--तिरिक्ख० उज्जो० जह० एग०, उक्क० अट्ठारससा०सादिरेगाणि। एइंदिय-आदाव-थाव० जह० एग०, उक्क० बे साग० सादिरे०। एवं सव्वदेवेसु अप्पप्पणोट्ठिदि अंतरं कादव्वं।❀

३४. देवोंमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-शरीर, तैजस-कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु ४, बादर, पर्याप्तक, प्रत्येक, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबंधी४ का जघन्य अंतर्मुहूर्त है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद तथा पाँच संस्थानका जघन्य अंतर एक समय, उत्कृष्ट साधिक १८ सागर है। एकेन्द्रिय, आताप और स्थावरका जघन्य एक समय अंतर है, उत्कृष्ट कुछ अधिक दो सागर है। इसी प्रकार सम्पूर्ण देवोंमें अपनी-अपनी स्थितिका अंतर लगाना चाहिए।

विशेषार्थ—सौधर्म-ईशान स्वर्ग पर्यन्त एकेन्द्रिय, आताप तथा स्थावर प्रकृतियोंका बन्ध होता है। इनके बन्धका अन्तर देवगतिकी अपेक्षा साधिक दो सागर उक्त स्वर्ग-युगलकी अपेक्षा है।

दो आयुका नरकगतिके समान अन्तर है, जो जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम ६ माह है। तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, उद्योतका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक १८ सागर है।

विशेष—शतार-सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी, तथा उद्योतका बन्ध होता है। इन स्वर्ग-युगलमें आयु साधिक १८ सागर प्रमाण कही है। इस दृष्टिसे यहाँ बन्धका अन्तर कहा है।

खुदाबन्धमें देवगति सामान्यको लक्ष्य कर यह कथन किया गया है – देवोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है "**जहण्णेण अंतोमुहुत्तं**" सूत्र १२। इस पर 'धवला' टीकामें यह स्पष्टीकरण किया गया है, 'देवगतिसे आकर गर्भोपक्रान्तिक पर्याप्त तिर्यंचों व मनुष्योंमें उत्पन्न होकर पर्याप्तियाँ पूर्ण कर देवायु बाँध पुनः देवोंमें उत्पन्न हुए जीवके देवगतिसे अन्तर्मुहूर्त मात्र अन्तर पाया जाता है। (क्षु० २,७ पृ० १६०) इस कथनसे यह स्पष्ट होता है कि कोई-कोई जीव अल्पायु युक्त मनुष्य होनेसे गर्भावस्थामें ही मरण कर मंदकषायवश देवगतिको प्राप्त करते हैं।

देवोंका उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल असंख्यात, पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है, **उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा**, "कारण धवला टीकामें लिखा है, देवगतिसे चयकर शेष तीन गतियोंमें अधिकसे अधिक आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र पुद्गलपरिवर्तन

❀ एतच्चिह्नान्तर्गतः पाठोऽधिकः प्रतिभाति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिभ्रमण कर पुनः देवगतिमें आगमन करनेमें कोई विरोध नहीं आता" (पृ० १९१)। भवनत्रिक तथा सौधर्य ईशान स्वर्गोंमें पूर्वोक्त अन्तर है। सनत्कुमारादिमें इस प्रकार अन्तर कहा है: **'सणक्कुमार-माहिंदाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण मुहुत्तपुधत्तं। उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं"**। इस सूत्रकी व्याख्या करते हुए धवला टीकाकार कहते हैं; "तिर्यंच या मनुष्यायुको बाँधनेवाले सनत्कुमार-माहेन्द्र देवोंके तिर्यंच व मनुष्य मत सम्बन्धी जघन्य स्थितिका प्रमाण मुहूर्त-पृथक्त्व पाया जाता है। इसी मुहूर्त-पृथक्त्व प्रमाण जघन्य तिर्यंच व मनुष्यायुको बाँधकर तिर्यंचों वा मनुष्योंमें उत्पन्न होकर परिणामोंके निमित्तसे पुनः सनत्कुमार-माहेन्द्र देवोंकी आयु बाँधकर सनत्कुमार-माहेन्द्र देवोंमें उत्पन्न हुए जीवोंका मुहूर्त पृथक्त्वप्रमाण जघन्य अन्तर होता है, ऐसा सूत्र-द्वारा बतलाया गया है।

आगेका सूत्र इस प्रकार है: **'बम्ह-बम्हुत्तर-लांतवकाविट्ठ-कप्पवासियदेवाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण दिवसपुधत्तं।'** सूत्र १८, १९

शंका – दिवस पृथक्त्वकी आयुमें तो तिर्यंच व मनुष्य गर्भसे भी नहीं निकल पाते और इसलिए उनमें अणुव्रत व महाव्रत भी नहीं हो सकते। ऐसी अवस्थामें वे दिवस पृथक्त्वमात्रकी आयुके पश्चात् पुनः देवोंमें कैसे उत्पन्न हो सकते हैं।

समाधान – परिणामोंके निमित्तसे दिवस-पृथक्त्वमात्र जीवित रहनेवाले तिर्यंच व मनुष्य पर्याप्तक जीवोंके देवोंमें उत्पन्न होनेमें कोई विरोध नही आता।

शुक्र, महाशुक्र, शतार, सहस्रार स्वर्गवासी देवोंका देवगतिसे जघन्य अन्तर **"जहण्णेण पक्खपुधत्तं"**– पक्षपृथक्त्व कहा है। आनतादिका जघन्य अन्तरवाला सूत्र इस प्रकार है– **"आणद-पाणद-आरण-अच्चुदकप्पवासियदेवाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण मास-पुधत्तं"** – सूत्र २४-२५। इसपर भाष्यकार महत्त्वपूर्ण शंका उत्पन्न कर समाधान भी करते हैं।

शंका – जब आनत आदि चार कल्पवासी देव मनुष्योंमें उत्पन्न होते हैं, तब मनुष्य होकर भी वे गर्भसे आठ वर्ष व्यतीत हो जानेपर अणुव्रत व महाव्रतोंको ग्रहण करते हैं। अणुव्रतों व महाव्रतोंको ग्रहण न करनेवाले मनुष्योंकी आनतादि देवोंमें उत्पत्ति ही नहीं होती; क्योंकि वैसा उपदेश नहीं पाया जाता। अतएव आनत आदि चार देवोंका मास पृथक्त्व अन्तर कहना युक्त नहीं है। उनका अन्तर वर्ष पृथक्त्व होना चाहिये?

समाधान – शंकाका समाधान इस प्रकार है – अणुव्रत व महाव्रतोंसे संयुक्त ही तिर्यंच व मनुष्य (तिरिक्ख-मणुस्सा) आनत-प्रानत देवोंमें उत्पन्न हों, ऐसा नियम नहीं है, क्योंकि ऐसा माननेपर तो तिर्यंच असंयत-सम्यग्दृष्टि जीवोंका जो छह राजू स्पर्शन बतलानेवाला सूत्र है, उससे विरोध उत्पन्न हो जायेगा। (देखो, षट्खंडागम, जीवट्ठाण, स्पर्शानुगम सूत्र २८, पुस्तक ४, पृ० २०७)

आनत-प्राणत कल्पवासी असंयतसम्यग्दृष्टिदेव जब मनुष्यायुकी जघन्य स्थिति बाँधते हैं, तब वे वर्ष पृथक्त्वसे कमकी आयु-स्थिति नहीं बाँधते है, क्योंकि महाबन्धमें जघन्य-स्थितिबन्धके कालविभागमें सम्यग्दृष्टि जीवोंकी आयुस्थितिका प्रमाण वर्ष पृथक्त्वमात्र प्ररूपित किया गया है। **सोधम्मीसाणे आयु० जह० ट्ठिदि० अंतो०, अंतोमु० आबा०। सणक्कुमारमाहिंदे मुहुत्त-पुधत्तं; बम्ह-बम्हुत्तर-लांतव-काविट्ठ० दिवसपुधत्तं। सुक्क-महासुक्क-सदारसहस्सार-कप्प० पक्खपुधत्तं, आणद-पाणद-आरणच्चुद० मासपुधत्तं, उवरि सव्वाणं वासपुधत्तं। सव्वत्थ अंतो० आबा०॥ आभिणि० सुद ओधि-खवगपगदीणं ओघं। मणुसायु० जह० ट्ठिदि० वास-पुध०, अंतो०, आबा०।** महाबन्ध ताम्रपत्रप्रति, स्थिति बन्धाधिकार, पृ० ७९, ८०। अतः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३५. एइंदिएसु-पंचणा० णवदंस० मिच्छत्तं० सोलस० भयदुगुं० ओरालिय-तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं पंचंत० णत्थि अंत०। सादासाद-सत्तणोक० तिरिक्खगदि-पंचजादि० छस्संठा० ओरालिय० अंगोवं०-छस्संघ० तिरिक्खाणु० परघादुस्सासं आदावुज्जो० दोविहाय० तसादि-दसयुगलं णीचा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० बावीसवस्ससहस्साणि सादिरे०। मणुसायु० जह० अंतो०, उक्क० सत्तवस्ससहस्साणि सादि०। मणुसगदि-मणुसाणु०उच्चागो० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। बादरेसु अंगुलस्स असंखे०। बादरपज्जत्ते० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। सुहुमे अंसंखेज्जा लोगा। सुहुम पज्जत्ते जह० एग०,

---

आनत-प्राणत कल्पवासी (आणद-पाणद-मिच्छाइट्ठिस्स) मिथ्यादृष्टि देवके मासपृथक्त्वमात्र मनुष्यायु बाँधकर फिर मनुष्योंमें उत्पन्न हो मास पृथक्त्व जीवित रहकर पुनः अन्तर्मुहूर्तमात्र आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचसम्मूर्छन पर्याप्त जीवोंमें उत्पन्न होकर संयमासंयम ग्रहण करके आनतादि कल्पोंकी आयु बाँधकर वहाँ उत्पन्न हुए जीवके सूत्रोक्त मास-पृथक्त्व प्रमाण जघन्य अन्तर होता है, ऐसा कहना चाहिए।

नवग्रैवेयक विमानवासियोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट अन्तर "**उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं** ॥२६॥" अनन्तकाल असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन रूप है। अनुदिशादि अपराजित पर्यन्त विमानवासियोंका जघन्य अन्तर '**जहण्णेण वासपुधत्तं**' ॥ ३१ ॥ कहा है। "**उक्कस्सेण बे सागरोवमाणि सादिरेयाणि**" ॥३२॥ उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो हजार सागरोपम है। इस विषयमें धवलाटीकामें इस प्रकार खुलासा किया गया है — अनुदिशादि देवके पूर्वकोटिकी आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न होकर एक पूर्व कोटि तक जीकर सौधर्म-ईशान स्वर्गको जाकर वहाँ अढ़ाई सागरोपमकाल व्यतीत कर पुनः पूर्वकोटिकी आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न होकर संयमको ग्रहण कर अपने-अपने विमानमें उत्पन्न होनेपर उनका अन्तरकाल साधिक दो सागरोपम प्रमाण प्राप्त होता है। (पृष्ठ १६७)

सर्वार्थसिद्धिसे चयकर एक ही भवमें मुक्ति होती है, अतः वहाँ अन्तरका अभाव सूचक यह सूत्र कहा है—"**सव्वट्ठसिद्धि-विमाणवासियदेवाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? णत्थि अन्तरं णिरंतरं**" ॥३४॥ खु०,पृ० १९७॥

३५. एकेन्द्रियोंमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्मण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। साता-असाता वेदनीय, ७ नोकषाय, तिर्यंचगति, पंच जाति, ६ संस्थान, औदारिक शरीरांगोपांग, ६ संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि दसयुगल और नीचगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। तिर्यंचायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट २२ हजार वर्ष कुछ अधिक अन्तर है। मनुष्यायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ अधिक ७ हजार वर्ष है। मनुष्यगति, मनुष्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट असंख्यात लोक है। बादरोंमें अंगुलका असंख्यातवाँ भाग अन्तर है। बादर पर्याप्तकमें संख्यात हजार वर्ष है। सूक्ष्ममें असंख्यात लोक है। सूक्ष्मपर्याप्तकमें जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्क० अंतो० । एवं पुढ० आउ० वणप्फदिका०-बादरवणप्फदि-पत्तेय-णियोदाणं च अप्पप्पणो-योगेहि० । णवरि मणुसगदितिगं सादभंगो । तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० बावीसं वस्ससहस्साणि, सत्त वस्ससहस्साणि, दस वस्ससहस्साणि सादि० । णियोदाणं अंतो० । मणुसायु० जह० अंतो०, उक्क० सत्त वस्ससहस्साणि, बे वस्ससहस्साणि तिण्णि वस्ससहस्साणि सादि० । णियोदाणं जहण्णु० अंतो० । तेउ० वाउ० एइंदियभंगो । णवरि मणुसगदिचदुक्कं वज्जं । तिरिक्खगदितिगं धुवभंगो कादव्वो । तिरिक्खायुगं जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि रादिंदियाणि, तिण्णि वस्ससह-

---

पृथ्वीकाय, अप्काय, वनस्पतिकाय, बादर वनस्पति, प्रत्येक तथा निगोद जीवोंका अपने-अपने योग्य अन्तर जानना चाहिए। इतना विशेष है कि मनुष्यगति-त्रिकमें सातके समान भंग जानना चाहिए। तिर्यंचायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त है, उत्कृष्ट साधिक बाईस हजार वर्ष, साधिक सात हजारवर्ष, साधिक दस हजार वर्ष तथा निगोदियोंमें अन्तर्मुहूर्त अन्तर है।

विशेष—खर पृथ्वीकायिकोंमें बाईस हजार, अप्कायिकोंमें सात हजार, वनस्पतिकायिकोंमें दस हजार और निगोदिया जीवोंकी अन्तर्मुहूर्त आयुको[1] लक्ष्यमें रखकर तिर्यंचायुका अन्तर कहा गया है।

मनुष्यायुका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक सात हजार वर्ष, साधिक दो हजार वर्ष और साधिक तीन हजार वर्ष है। निगोदियोंका जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तेजकाय, वायुकायमें एकेन्द्रियके समान अन्तर जानना चाहिए। विशेष यह है कि यहाँ मनुष्यगतिचतुष्कको नहीं ग्रहण करना चाहिए। यहाँ तिर्यंचगतित्रिकका ध्रुव भंग जानना चाहिए। तिर्यंचायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक तीन रात्रि-दिन और साधिक तीन हजार वर्ष अन्तर है।

विशेषार्थ—खुद्दाबन्धमें एकेन्द्रियोंका अन्तर '**जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं**'—जघन्यसे क्षुद्रभवग्रहण काल प्रमाण है। "**उक्कस्सेण बेसागरोवमसहस्साणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि**" (सूत्र ३७, टीका, पृ० १९८) उत्कृष्टसे पूर्वकोटि पृथक्त्वसे अधिक दो हजार सागरोपम एकेन्द्रिय जीवोंका अन्तर है। इसपर धवला टीकामें इस प्रकार प्रकाश डाला गया है : एकेन्द्रिय जीवोंमें-से निकलकर केवल त्रसकायिक जीवोंमें ही भ्रमण करनेवाले जीवके पूर्वकोटि पृथक्त्वसे अधिक दो हजार सागरोपममात्र स्थितिसे ऊपर त्रसकायिकोंमें रहनेका अभाव है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस कालके व्यतीत होनेपर जीवको एकेन्द्रिय पर्याय धारण करनी पड़ेगी। एकेन्द्रिय पर्यायसे निकलकर यह जीव पुनः त्रसपर्यायको प्राप्त कर सकता है, किन्तु एकेन्द्रिय पर्यायमें पहुँचनेके पश्चात् त्रसपर्यायको प्राप्त करना शास्त्रकारोंने अत्यन्त कठिन बताया है। यदि जीवका संसार परिभ्रमण निकट आ चुका है, तो वह क्षुद्रभवग्रहण कालके पश्चात् पुनः त्रसपर्यायको प्राप्त कर सकता है। द्वीन्द्रियादिके जघन्य

---

१. "तत्र पृथ्वीकायिकाः द्विविधाः, शुद्धपृथ्वीकायिकाः खरपृथ्वीकायिकाश्चेति। तत्र शुद्धपृथ्वीकायिकानामुत्कृष्टा स्थितिर्द्वादशवर्षसहस्राणि। खरपृथ्वीकायिकानां द्वाविंशतिवर्षसहस्राणि। वनस्पतिकायिकानां दशवर्षसहस्राणि। अप्कायिकानां सप्तसहस्राणि, वायुकायिकानां त्रीणि वर्षसहस्राणि। तेजःकायिकानां त्रीणि रात्रिंदिवानि।" – त० रा०, पृ० १४६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्साणि सादिरेयाणि। विगलिंदियेसु एइंदियभंगो। णवरि मणु०अपज्ज०देतिगं सादभंगो। तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० बारसवस्ससहस्साणि (बारसवस्साणि) एगूणवण्णं रादिंदियाणि छम्मासाणि सादिरे०। मणुसायु० जह० अंतो०, उक्क० चत्तारि वस्साणि देसू०, सोलस रादिं० सादिरे०, बे मासाणि देसू०।

३६. पंचिंदिय-तस-तेसिं चेव पज्जत्ता० पंचणा० छदंसणा० सादासा० चदुसंज० सत्तणोक० पंचिंदि० तेजाक० समचदु० वण्ण०४ अगु०४ पसत्थ० तस०४ थिरादिदोण्णियुग०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-णिमिणं तित्थयं० पंचंत० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णवरि णिद्दापचलाणं जहण्णु० अंतो०। थीणगिद्धि३ मिच्छ० अणंताणु०४

उत्कृष्ट अन्तरको इन सूत्रों-द्वारा कहा गया है—"**बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदिय-पंचिंदियाणं तस्सेव पज्जत्त-अपज्जत्ताणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं ॥ ४४, ४५, ४६ ॥**" द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय जीवोंका तथा उन्हींके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंका अन्तर कितने काल तक होता है? कमसे कम क्षुद्रभवग्रहण काल तक अन्तर होता है, उत्कृष्टसे अनन्तकाल, असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण अनन्तकाल तक उक्त द्वीन्द्रियादि जीवोंका अन्तर होता है। इस सम्बन्धमें वीरसेन स्वामीका कथन है कि विवक्षित इन्द्रियोंवाले जीवोंमें-से निकलकर अविवक्षित एकेन्द्रिय आदि जीवोंमें आवलीके असंख्यातवें भाग पुद्गल परिवर्तनरूप भ्रमण करनेसे कोई विरोध नहीं आता (खु० बं०, पृ० २०१-२०२)।

विकलत्रयमें एकेन्द्रियके समान अन्तर है। यहाँ इतना विशेष है कि मनुष्यगतित्रिकका सातावेदनीयके समान भंग है। तिर्यंचायुका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक बारह वर्ष, साधिक उनचास रात्रि-दिन, साधिक छह मास अन्तर है[1]। मनुष्यायुका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट देशोन चार वर्ष, कुछ अधिक सोलह रात्रि-दिन तथा कुछ कम दो माह अन्तर है।

३६. पंचेन्द्रिय, त्रसकाय तथा उनके पर्याप्तकोंमें[2]—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता, असाता वेदनीय, ४ संज्वलन, ७ नोकषाय, पंचेन्द्रियजाति, तैजस, कार्मण, समचतुरस्र संस्थान, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि २ युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर और पाँच अन्तरायोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। विशेष, निद्रा, प्रचलाका जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है, स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानु-

---

१. "द्वीन्द्रियाणामुत्कृष्टा स्थितिर्द्वादशवर्षाः, त्रीन्द्रियाणां एकान्नपञ्चाशद्रात्रिदिवानि, चतुरिन्द्रियाणां षण्मासाः।"—त० रा०, पृ० १४६।

२. "पंचिंदिय-पंचिंदियपज्जत्तएसु'''सासणसम्मादिट्ठि-सम्मामिच्छादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो, अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण सागरोवमसहस्साणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि सागरोवमसदपुधत्तं। असंजदसम्मादिट्ठिप्पहुडि जाव अपमत्तसंजदाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण सागरोवमसहस्साणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि सागरोवमसदपुधत्तं।"—षट्खं०, अंतरा०, सूत्र ११४-१२१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इत्थिवे० अंतो० । इत्थि० [जह०] एगस० उक्क० बे छावट्ठिसागरो० सादिरे० देसू० । अट्ठक० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिदेसू० । णपुंस० पंचसंठा० पंचसंघ० अप्पसत्थ० दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचा० जह० एग०, उक्क०बे छावट्ठि० सादिरे०, तिण्णि पलिदोव० देसू० । तिण्णि आयु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोपमसदपु० । मणुसायु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोपमसहस्साणि० पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि । पज्जत्ते सागरोपमसदपु० । तसेसु–तिण्णि-आयु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोपमसदपुध० । मणुसायु० जह० अंतो०, उक्क० बेसागरोवमसह पुव्वकोडिपु० । पज्जत्ते बेसागरोपम० देसू० । णिरयगदि चदुजादि-णिरयाणुपुव्वि-आदाव-थावरादि०४ जह० एग० उक्क० पंचासीदि-सागरोपमसदं । तिरिक्खगदि-तिरिक्खग०पाओ० उज्जोव० जह० एग०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसदं । मणुस० मणुसाणु० उच्चा० देवगदि०४ जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादिरे० । ओरालि० ओरालि० अंगो वज्जरिसभसंघ० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरे० । आहारदुग० जह०अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी० ।

बन्धी ४ और स्त्रीवेदका जघन्य अन्तर्मुहूर्त है । विशेष—स्त्रीवेदका [जघन्य] एक समय है तथा इन सबका साधिक दो छ्यासठ सागरमें किंचित् न्यून उत्कृष्ट अन्तर है । आठ कषायका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटि है । नपुंसकवेद, ५ संस्थान, ५ संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक दो छ्यासठ सागर कुछ कम तीन पल्य प्रमाण है । तीन आयुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट सागर शतपृथक्त्व है । मनुष्यायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट सहस्रसागरोपम पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक है । पर्याप्तकोंमें सागर शतपृथक्त्व है । त्रसोंमें—तीन आयुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट सागरोपम शतपृथक्त्व अन्तर है । मनुष्यायुका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्टसे दो हजार सागरोपम पूर्वकोटि पृथक्त्वसे अधिक है । पर्याप्तकोंमें दो हजार सागरोपममें कुछ कम अन्तर है । नरकगति, ४ जाति, नरकानुपूर्वी, आताप, स्थावरादि ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट एकसौ पचासी सागरोपम है । तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी और उद्योतका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट एकसौ त्रेसठ सागरोपम है । मनुष्यगति, मनुष्यानुपूर्वी, उच्चगोत्र, देवगतिचतुष्कका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर है । औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभ संहननका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तीन पल्य अन्तर है । आहारकद्विकका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अपनी स्थिति प्रमाण अन्तर है ।

---

(१) "तसकाइय-तसकाइयपज्जत्तएसु''''सासणसम्मादिट्ठि-सम्मामिच्छादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो, अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण बे सागरोवमसहस्साणि पुव्वकोडि-पुधत्तेणब्भहियाणि बे सागरोवमसहस्साणि देसूणाणि, असंजदसम्मादिट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्त संजदाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण बे सागरोवमसहस्साणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि, बे सागरोवमसहस्साणि देसूणाणि ।"— षट्खं०, अंतरा०, सूत्र १३६–१४५ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७. पंचमण० पंचवचि०-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलस० भयदुगुं० चदुआयु० तेजाकम्म० आहारदुग० वण्ण०४ अगु० उपघा०-णिमिणं तित्थय० पंचंत० णत्थि अंत०। सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतो०। कायजोगीसु-पंचणा० छदंसणा०

३७. पाँच मनोयोग, पाँच वचनयोगमें – ५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, ४ आयु, तैजस, कार्मण, आहारकद्विक, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। शेषका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

मनोयोगी, वचनयोगी जीवोंके योगोंके अन्तरपर खुद्दाबन्धमें यह कथन पाया जाता है, "**जोगाणुवादेण पंचमणजोगि-पंचवचिजोगीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं**" – सूत्र ५९-६०। योगमार्गणाके अनुसार पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी जीवोंका अन्तर कितने काल तक होता है? कमसे कम अन्तर्मुहूर्त अन्तर है। महाबन्धमें जो ज्ञानावरणादि अन्तराय पर्यन्त प्रकृतियोंके सिवाय शेष प्रकृतियोंका अन्तर उक्त योगोंमें "**जह० एग०**"–जघन्यसे एक समय कहा है। उसका भाव यह है कि उक्त योगोंमें बँधनेवाली प्रकृतियोंके बन्धका विरहकाल कमसे कम एक समय जानना चाहिए। क्षुद्रकबन्धमें सामान्य अपेक्षासे योगका अन्तर बताया है। एक योगसे अन्य योगको प्राप्त करनेके पश्चात् पुनः पूर्व-योगको प्राप्त करनेमें मध्यवर्ती काल कमसे कम अन्तर्मुहूर्त होगा। धवलाटीकामें यह शंका-समाधान आया है।

शंका – इन पाँच मनोयोगी और पाँच वचनयोगी जीवोंका एक योगसे दूसरेमें जाकर पुनः उसी योगमें लौटनेपर एक समय प्रमाण अन्तर क्यों नहीं पाया जाता?

समाधान – नहीं पाया जाता; क्योंकि जब एक मनोयोग या वचनयोगका विघात हो जाता है या विवक्षित योगवाले जीवका मरण हो जाता है, तब केवल एक समयके अन्तरसे पुनः अनन्तर समयमें उसी मनयोग या वचनयोगकी प्राप्ति नहीं हो सकती।

उक्त योगोंका उत्कृष्ट अन्तरका काल असंख्यातपुद्गल परिवर्तन प्रमाण अनन्तकाल है। सूत्रकार भूतबलि स्वामी कहते हैं–"**उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्ज-पोग्गल-परियट्ट**" (६१ सूत्र)। इसका स्पष्टीकरण धवला टीकामें इस प्रकार किया गया है – मनयोगसे वचन योगमें जाकर वहाँ अधिक काल तक रहकर पुनः काययोगमें जाकर और वहाँ भी सबसे अधिक काल व्यतीत करके एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होकर आवलीके असंख्यातवें भागप्रमाण पुद्गल परिवर्तन परिभ्रमण कर पुनः मनयोगमें आये हुए जीवके उक्त प्रमाण अन्तर पाया जाता है। शेष चार मनयोगी पाँच वचनयोगी जीवोंका भी इसी प्रकार अन्तर प्ररूपित करना चाहिए, क्योंकि इस अपेक्षासे उनमें कोई विशेषता नहीं है। (पृ० २०६, खु० बं०)

इस प्रकरणमें खुद्दाबंधका यह कथन ध्यान देने योग्य है – "**कायजोगीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं**" सूत्र ६२, ६३, ६४। काययोगी

१. "जोगाणुवादेण—पंचमणजोगि-पंचवचिजोगीसु, कायजोगि-ओरालियकायजोगीसु मिच्छादिट्ठि-असंजदसम्मादिट्ठि-संजदासंजद-पमत्त-अप्पमत्तसंजद-सजोगिकेवलीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? णाणेगजीवं पडुच्च णत्थि अंतरं, णिरंतरं। सासणसम्मादिट्ठि-सम्मामिच्छादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? एगजीवं पडुच्च णत्थि अंतरं, णिरंतरं। चदुण्हमुवसामगाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? एगजीवं पडुच्च णत्थि अंतरं णिरंतरं। चदुण्हं खवगाणमोघं।"—षट्खं०, अंतरा०, सूत्र १५३, १५६-१५९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादासाद० चदुसंज० णवणोक० तिण्णिगo-पंचजादि-चदुसरी०-छसंठा०-दो अंगो०-छसंघ० वण्ण०४ तिण्णि-आणु० अगु०४ आदावुज्जो०-दोविहा० तसादि-दस-युगल-णिमिणं तित्थय० णीचा० पंचत० जह० एग०, उक्क० अंतो०। थीणगिद्धि०३ मिच्छत्त० बारसक० दोआयु० आहारदु० णत्थि अंत०। तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० बावीसवस्ससहस्साणि सादिरे०। मणुसा० ओघं०। मणुसगदितिगं ओघं। ओरालिय०-पंचणा० णवदंस० मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं० दो आयु० आहारदुगं० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं तित्थय० पंचंत० णत्थि अंत०। दो आयु० जह० अंतो०, उक्क० सत्तवस्ससहस्सा० सादि०। सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतो०। ओरालिमि०-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलक० भयदुगुं० देवगदि०४ ओरालिय-तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमि० तित्थ० पंचंत० णत्थि अंत०। दो आयु० जहण्णु० अंतो०। सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतो०। वेउव्वियकायजो०-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोल० भयदुगुं० ओरालिय० तेजा० वण्ण०४ अगुरु०४ बादर-पज्जत्त-पत्तेय-णिमि० तित्थय० पंचंत० णत्थि अंत०। सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं

जीवोंका अन्तर कितने काल तक होता है? कमसे कम एक समय, उत्कृष्टसे अन्तर्मुहूर्त है। इसपर वीरसेन स्वामीने इस प्रकार प्रकाश डाला है—काययोगसे मनयोग और वचनयोगमें क्रमशः जाकर और उन दोनों ही योगोंमें उनके सर्वोत्कृष्ट काल तक रहकर पुनः काययोगमें आये हुए जीवके अन्तर्मुहूर्त प्रमाण काययोगका अन्तर प्राप्त होता है।" जघन्य अन्तरके विषयमें धवलाटीकामें लिखा है, "काययोगसे मनयोगमें या वचनयोगमें जाकर एक समय रहकर दूसरे समयमें मरण करने या योगके व्याघातित होनेपर पुनः काययोगको प्राप्त हुए जीवके एक समयका जघन्य अन्तर पाया जाता है।

काययोगियोंमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता-असाता, ४ संज्वलन, ६ नोकषाय, ३ गति, ५ जाति, ४ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ६ संहनन, वर्ण ४, ३ आनुपूर्वी, अगुरुलघु ४, आताप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि १० युगल, निर्माण, तीर्थंकर, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, १२ कषाय, देव – नरकायु और आहारद्विकका अन्तर नहीं है। तिर्यंचायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट साधिक बाईस हजार वर्ष है। मनुष्यायुका ओघके समान है। मनुष्यगतित्रिकका भी ओघके समान है।

औदारिक काययोगमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, देव–नरकायु, आहार द्विक, तैजस, कार्मण, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। दो आयुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक सात हजार वर्ष है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

औदारिकमिश्र काययोगमें – ५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, देवगति चार, औदारिक, तैजस, कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। दो आयु अर्थात् मनुष्य-तिर्यंचायुको जघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चेव वेउव्वियमि० । णवरि दो आयु० णत्थि । आहार० आहारमिस्स०–पंचणा० छदंसणा० चदुसंज० पुरिस० भयदुगुं० तेजाक० देवायु० देवगदि० पंचिंदि० वेउव्वि० समचदु० वेउव्वि० अंगो० वण्ण०४ देवाणुपु० अगुरु०४ पसत्थवि० तस०४ सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमिणं तित्थयर० उच्चा० पंचंत० णत्थि अंत० । सादासा०-चदुणोक०-

तथा उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ।

औदारिक तथा औदारिक काययोगी जीवोंका अन्तर खुदाबन्धमें "**जहण्णेण एक-समओ उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि**" (६५, ६६, ६७ सूत्र) जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे साधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है । धवला टीकामें कहा है–

शंका – औदारिकमिश्र काययोगी तो अपर्याप्त अवस्थामें होता है, जब कि जीवके मनयोग और वचनयोग होता ही नहीं है, अतः औदारिक मिश्र काययोगका एक समय अन्तर किस प्रकार हो सकता है ?

समाधान—नहीं, हो सकता है । औदारिक मिश्र काययोगसे एक विग्रह करके कार्मण काययोगमें एक समय रहकर दूसरे समयमें औदारिकमिश्रमें आये हुए जीवके औदारिक-मिश्र काययोगका एक समय अन्तर प्राप्त हो जाता है । औदारिक काययोगका उत्कृष्ट अन्तर इस प्रकार जानना चाहिए–औदारिक काययोगसे चार मनयोगों व चार वचनयोगोंमें परिणमित हो मरण कर तेतीस सागरोपम प्रमाण आयु स्थितिवाले देवोंमें उत्पन्न होकर वहाँ अपनी स्थितिप्रमाण रहकर, पुनः दो विग्रह कर मनुष्यमें उत्पन्न हो औदारिकमिश्र काययोग-सहित दीर्घकाल रहकर पुनः औदारिक काययोगमें आये हुए जीवके नौ अन्तर्मुहूर्तों व दो समयोंसे अधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण औदारिक काययोगका अन्तर प्राप्त होता है ।

औदारिकमिश्र काययोगका अन्तर अन्तर्मुहूर्त कम पूर्वकोटिसे अधिक तेतीस सागरोपम होता है, क्योंकि नारकी जीवोंमें-से निकलकर पूर्वकोटि आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न हो औदारिकमिश्र काययोगको प्रारम्भ कर कमसे कम कालमें पर्याप्तियोंको पूर्ण कर औदारिक काययोगके द्वारा औदारिकमिश्र काययोगका अन्तर कर कुछ कम पूर्व कोटिकाल व्यतीत करके तेतीस सागरकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न हो पुनः विग्रह करके औदारिकमिश्र काययोगमें जानेवाले जीवके सूत्रोक्त प्रमाण अन्तर पाया जाता है । (धवला टीका, खु० बं०, पृ० २०८)

वैक्रियिक काययोगमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक, तैजस, कार्मण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है । शेषका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त अन्तर है । इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगका समझना चाहिए । विशेष, यहाँ मनुष्य-तिर्यंचायु नहीं है । आहारक और आहारकमिश्रकाययोगमें[1] – ५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण शरीर, देवायु, देवगति, पंचेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, वर्णचतुष्क, देवानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्च गोत्र और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है । साता-असातावेदनीय, ४ नोकषाय, स्थिरादि

१. आहारककायजोगि-आहारकमिस्सकायजोगीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं ७४, ७५, ७६ सूत्र, खु० बं०, पृ० २१० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थिरादि-तिण्णि युग० जह० एग०, उक्क० अंतो० । कम्मइ० का०-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलस० तिण्णिवे०-भयदु०तिण्णि ग०-पंचजा०-चदुसरी०-छस्संठा० दोअंगो०छस्संघ०-वण्ण०४ तिण्णि आणु०-अगुरु०४ दोविहा०-तसथावरादिचदुयुगल-सुभादि-तिण्णियुग०-णिमि०-तित्थय० णीचुच्चा०-पंचंत० णत्थि अंत० । सादासा० चदुणोक० आदावुज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ० जस० अज्जस० जहण्णु० एगस० ।

३८. इत्थिवे०-पंचणा० छदंसणा० चदुसंज० भयदुगुं० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उपघा०-णिमि० तित्थय० पंचंत० णत्थि० अंत० । थीणगिद्धि०३ मिच्छ० अणंताणु०४ जह० अंतो०, उक्क०पणवण्णं पलिदो० देसू० । सादासा० पंचणोक०

तीन युगलका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। कार्मण-काययोगियोंमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, ३ वेद, भय, जुगुप्सा, ३ गति (नरकगति छोड़कर), ५ जाति, ४ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ६ संहनन, वर्ण ४, ३ आनुपूर्वी, अगुरुलघु ४, दो विहायोगति, त्रसस्थावरादि ४ युगल, शुभादि ३ युगल, निर्माण, तीर्थंकर, नीच-उच्च गोत्र और पाँच अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। साता-असाता वेदनीय, ४ नोकषाय, आताप, उद्योत, स्थिर-अस्थिर, शुभ-अशुभ, यशःकीर्ति, अयशःकीर्तिका जघन्य उत्कृष्ट अन्तर एक समय है।

विशेषार्थ— कार्मणकाययोगका उत्कृष्ट काल उत्कृष्टसे तीन समय प्रमाण है। तीन समयके बीचमें अन्तरका काल एक समयसे अधिक अथवा न्यून न होगा। एक समय बन्धका होगा, एक समय अबन्धका और एक समय पुनः बन्धका। इस कारण जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर एक समय प्रमाण कहा है।

विशेषार्थ—खुद्दा बन्धमें कार्मणकाययोगियोंके विषयमें ये सूत्र हैं —**कम्मइयकायजोगीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं तिसमऊणं, उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो असंखेज्जासंखेज्जाओ ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ** (७७, ७८, ७९,) कार्मणकाययोगी जीवोंका कितने काल अन्तर होता है? जघन्यसे तीन समय कम क्षुद्रभवग्रहण काल अन्तर है, उत्कृष्टसे अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणी उत्सर्पिणी काल होता है। इस संबन्धमें धवलाटीकाकारने इस प्रकार खुलासा किया है — तीन विग्रह करके क्षुद्रभव धारण करनेवाले जीवोंमें उत्पन्न हो, पुनः विग्रह करके निकलनेवाले जीवके तीन समय कम क्षुद्रभवग्रहणमात्र कार्मण-काययोगका अन्तर प्राप्त होता है।

कार्मण-काययोगसे औदारिक मिश्र अथवा वैक्रियिकमिश्र काययोगमें जाकर असंख्यात-संख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणीप्रमाण अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक रहकर पुनः विग्रहगतिको प्राप्त हुए जीवके कार्मण-काययोगका सूत्रोक्त अन्तर काल पाया जाता है। (खु० भा० २ पृ० २१२-२१३)

३८. स्त्रीवेदमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम ५५ पल्य है।

---

१. गो० क०,गा० ११६, ११९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचिंदि० समचदु० परघादुस्सा० पसत्थ० तस०४ थिरादितिण्णियु० सुभग-सुस्सर-आदे० उच्चा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अट्ठक० जह० अंतो०, उक्क० पुव्व-कोडिदेसू०। इत्थि० णवुंस० तिरिक्खग० एइंदिय० पंचसंठा० पंचसंघ० तिरि-क्खाणु० आदावुज्जो० अप्पसत्थवि० थावर-दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचा० जह० एग०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसू०। णिरयायुजह० अंतो०। उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू०। तिरिक्खायु-मणुसायु जह० अंतो०। उक्क० पलिदोपमसदपुध०। देवायु० जह० अंतो०। उक्क० अट्ठावण्णं पलिदो० पुव्वकोडिपुध०। दोगदि० तिण्णि जा० वेउव्वि० वेउव्विय० अंगो० दोआणुपु० सुहुम-अपज्जत्त० साधार०जह०एग० उक्क०

विशेषार्थ—मोहनीयकी २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाला कोई एक पुरुषवेदी या नपुंसक-वेदी जीव ५५ पल्योपमवाली देवीमें उत्पन्न हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्ण कर,(१) विश्राम ले (२) विशुद्ध हो (३) वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त कर अन्तरको प्राप्त हुआ। आयुके अन्तमें आगामी भवकी आयुको बाँधकर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ और मरण किया। इस प्रकार कुछ कम ५५ पल्योपम स्त्रीवेदी मिथ्यादृष्टिका उत्कृष्ट अन्तर होता है। इसी प्रकार मिथ्यात्वादिका अन्तर जानना चाहिए। (ध० टी०,अन्तरा० पृ० ६५)

साता-असाता वेदनीय, ५ नोकषाय, पंचेन्द्रियजाति, समचतुरस्र संस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिरादि तीन युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। आठ कषायोंका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटि अन्तर है।

विशेषार्थ—मोहनीयकी २८ प्रकृतिकी सत्तावाला कोई जीव मरण कर भाव-स्त्रीवेदी किन्तु द्रव्य पुरुष हुआ। एक कोटिपूर्वकी आयु प्राप्त की। गर्भसे लेकर आठ वर्ष बीतनेपर सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके साथ-साथ सकलसंयमको भी प्राप्त किया। पश्चात् संक्लेशवश गिरकर अप्रत्याख्यानावरण तथा प्रत्याख्यानावरणरूप ८ कषायका बन्ध करके मरण किया। इस प्रकार अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरण रूप आठ कषायोंके बन्धकका अन्तर कुछ कम एक कोटिपूर्व कहा है।

स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, निर्यंच गति, एकेन्द्रिय जाति, ५ संस्थान, ५ संहनन, तिर्यंचानु-पूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीच गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम ५५ पल्य प्रमाण है। नरकायुका जघन्य अन्त-र्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम कोटिपूर्वका त्रिभाग है। तिर्यंचायु, मनुष्यायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट पल्यशतपृथक्त्व है।

विशेषार्थ—कोई २८ मोहकी प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव स्त्रीवेदी था। मरणकर देवोंमें उत्पन्न हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्ण कर (१) विश्राम ले (२) विशुद्ध हो (३) वेदक-सम्यक्त्वी हुआ,(४) पश्चात् मिथ्यात्वी हो गया। तिर्यंच आयु अथवा मनुष्यायुका बन्ध कर मरण किया और पल्यशत पृथक्त्व कालप्रमाण परिभ्रमण कर तिर्यंचायु या मनुष्यायुका बन्ध कर सम्यक्त्वसहित हो मरण किया। इस प्रकार असंयत सम्यकदृष्टि स्त्रीवेदी जीवकी अपेक्षा पल्यशत पृथक्त्व प्रमाण अन्तर होता है। (ध० टी०,अन्तरा० पृ० ९६)

देवायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट ५८ पल्योपम पूर्वकोटि पृथक्त्व है। दो गति, तीन जाति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक अंगोपांग, दो आनुपूर्वी, सूक्ष्म, अपर्याप्तक, साधारणका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पणवण्णं पलिदो० सादिरे० । मणुसग० ओरालिय० ओरालिय० अंगो० वज्जरिसभसंघ० मणुसाणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलि० देसू० । आहारदुगं जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमसदपु० । पुरिस०-पंचणा० चदुदंसणा० चदुसंज० पंचंत० णत्थि अंत० । थीणगिद्धि०३ मिच्छ० अणंताणु०४ अट्ठक० । इत्थिवे० ओघं । णिद्दापयला ओघं । सादासा० सत्तणो० पंचिंदि० तेजाक० समचदु० वण्ण०४ अगु०४ पसत्थ० तस०४ थिरादिदोण्णियुग०-सुभग-सुस्सर-आदे० णिमि० तित्थय० उच्चा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णपुंस० पंचसंठा० पंचसंघ० अप्पसत्थ० दूभग-दुस्सर० अणादे०णीचा० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठि-सादि० तिण्णि पलिदो०देसू० । णिरयायु० इत्थिवेदभंगो । दोआयु० जह० अंतो०, उक्क०सागरोपमसदपु० । देवायु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । णिरयगदि-चदुजादि-णिरयाणुपु०-आदावुज्जो०-थावरादि०४ जह० एगस० उक्क० तेवट्ठिसाग० सदं० । एवं तिरिक्खगदिदुगं । मणुसगदिपंचगं जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि० । देवगदि०४ जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । आहारदुगं जह० अंतो०, उक्क० सागरोपमसदपु० । णपुंस०-पंचणा० छदंस० चदुसंज० भयदुगुं० तेजाकम्म० वण्ण०४ अगुरु० उप० णिमि० पंचंत० णत्थि अंत० । थीणगिद्धि०३ मिच्छ० अणं-

---

जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ अधिक ५५ पल्य अन्तर है। मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग, वज्र-वृषभसंहनन, मनुष्यानुपूर्वीका जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। आहारकद्विकका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट पल्यशत पृथक्त्व प्रमाण अन्तर है।

पुरुषवेदमें–५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४, ८ कषाय, स्त्रीवेदका ओघके समान जानना चाहिए। निद्रा, प्रचलाका भी ओघके समान है। साता-असाता वेदनीय, ७ नोकषाय, पंचेन्द्रिय जाति, तैजस, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्च गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। नपुंसकवेद, ५ संस्थान, ५ संहनन, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीच गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम तीन पल्य अधिक दो छ्यासठ सागर प्रमाण अन्तर है। नरकायुका स्त्रीवेदके समान जानना। मनुष्य, तिर्यंचआयुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट सागरोपम शत-पृथक्त्व अन्तर है। देवायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर है। नरकगति, ४ जाति, नरकानुपूर्वी, आताप, उद्योत, स्थावरादि ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट ६३ सागरोपम अन्तर है। तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वीमें इसी प्रकार जानना चाहिए। मनुष्यगतिपंचकका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तीन पल्य है। देवगति ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर है। आहारकद्विकका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट सागर शत-पृथक्त्व अन्तर है।

नपुंसकवेदमें–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अन्तरायोंमें अन्तर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ताणु०४ इत्थि णपुंसक० तिरिक्खगदि-पंचसंठा० पंचसंघ० तिरिक्खाणु० उज्जोव० अप्पसत्थ० दूभग० दुस्सरअणादे० णीचा० जह० अंतो०, एगस०। उक्क० तेत्तीसं० देसू०। सादासादा० पंचणो० पंचिंदि० समचदु० परघादु०-पसत्थ० तस०४ थिरादि-दोण्णियु०-सुभ०-सुस्सर-आदे० जह० एग०, उक्क० अंतोमु०। अट्ठक० दोआयु० वेउव्वि० छक्क० मणुसगदितिगं आहारदुगं ओघभंगो। तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोपमसदपुध०। देवायु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू०। चदुजा० आदाव-थावरादि०४ जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं० सादिरे०। ओरालिय० ओरालि०अंगो० वज्जरिसभ० जह० एक०, उक्क० पुव्वकोडिदेसू०। तित्थय० जहण्णु० अंतो०। अवगद०-पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० जसगि० उच्चा० पंचंत० जहण्णु०

मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यंचगति, ५ संस्थान, ५ संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीचगोत्रका जघन्य अन्तर्मुहूर्त अथवा एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर है।[1]

विशेषार्थ–मोहनीय कर्मकी अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाला कोई जीव मिथ्यात्वयुक्त हो, सातवें नरकमें उत्पन्न हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्ण कर (१) विश्राम ले (२) विशुद्ध हो (३) सम्यक्त्वको प्राप्त किया। आयुके अन्तमें मिथ्यात्वको पुनः प्राप्त करके (४) आयुको बाँध, (५) विश्राम ले, (६) मरा और तिर्यंच हुआ। इस प्रकार छह अन्तर्मुहूर्तोंसे कम तेतीस सागरोपम नपुंसकवेदी मिथ्यात्वीका उत्कृष्ट अन्तर रहा। (पृ० १०७) यही अन्तर मिथ्यात्व आदि प्रकृतियोंका होगा।

साता-असाता वेदनीय, ५ नोकषाय, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेयका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। ८ कषाय, २ आयु, वैक्रियिक षट्क, मनुष्यगतित्रिक, आहारकद्विकका ओघवत् जानना चाहिए। तिर्यंच आयुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट सागर शतपृथक्त्व है। देवायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटिका त्रिभाग है। जाति ४, आताप, स्थावरादि ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर है। औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग, वज्र-वृषभसंहननका जघन्य एक समय उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटि है। तीर्थंकरका जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—खुद्दाबंधमें स्त्रीवेदीका जघन्य अन्तर क्षुद्रभव-ग्रहणकाल "**जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं**" (सूत्र ८१) कहा है। उत्कृष्ट अन्तर "**उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं**" (८२) असंख्यातपुद्गलपरावर्तन प्रमाण अनन्तकाल कहा है।

पुरुषवेदीका जघन्य अन्तर एक समय "**जहण्णेण एगसमओ**" (८४) कहा है। इसका खुलासा वीरसेन स्वामीने इस प्रकार किया है : पुरुषवेदसहित उपशम श्रेणीको चढ़कर अपगतवेदी हो, एक समय तक पुरुषवेदका अन्तर करके दूसरे समयमें मरणकर पुरुषवेदी जीवोंमें उत्पन्न होनेवाले जीव पुरुषवेदका अन्तर एक समय मात्र पाया जाता है। (खु०

---

१. "णउंसगवेदेसु मिच्छादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ?.....एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि।" —षट् खं०, अंतरा० २०७-९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतो० । सादावे० णत्थि अंत० ।

३६. कोध०–पंचणा० सत्तदंसणा० मिच्छ० सोलस० चदुआयु० आहारदुग० पंचंत० णत्थि अंत० । णिद्दा–पचला० जहण्णु० अंतो० । सेसाणं जह० एग०, उक्क०

बं० टीका पृ० २१४) इनका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात पुद्गलपरावर्तन प्रमाण अनन्तकाल है, "**उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं**" (सूत्र २३)

नपुंसक वेदीका जघन्य अन्तर "**जहण्णेण अंतोमुहुत्तं**" (८७) अन्तर्मुहूर्त है ।

शंका—नपुंसकवेदी जीवोंका जघन्य अन्तर क्षुद्रभवग्रहण प्रमाण क्यों नहीं प्राप्त हो सकता ?

समाधान—क्षुद्रभवग्रहणमात्र आयुवाले अपर्याप्तक जीवोंमें नपुंसकवेदको छोड़कर स्त्री व पुरुषवेद नहीं पाया जाता और पर्याप्तकोंमें अन्तर्मुहूर्तके सिवाय क्षुद्रभवग्रहण काल नहीं पाया जाता ।

नपुंसकवेदीका उत्कृष्ट अन्तर "**उक्कस्सेण सागरोवमसदपुधत्तं**" (८८) सागेरापमशत पृथक्त्व है । क्योंकि नपुंसकवेदसे निकलकर स्त्री और पुरुष वेदोंमें ही भ्रमण करनेवाले जीवके सागरोपम शत-पृथक्त्वसे ऊपर वहाँ रहना संभव नहीं है । पृ० २१५ ।

अपगत वेदमें–५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र, ५ अन्तरायोंका जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । साता वेदनीयका अन्तर नहीं है ।

विशेषार्थ—अपगतवेदीके "**उवसमं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं**" (९०) उपशमकी अपेक्षा अपगतवेदी जीवोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । इसका स्पष्टीकरण धवलाटीकामें इस प्रकार है, उपशम श्रेणीसे उतरकर सबसे कम अन्तर्मुहूर्तमात्र सवेदी होकर, अपगत-वेदित्वका अन्तर कर, पुनः उपशमश्रेणीको चढ़कर अपगत वेदभावको प्राप्त होनेवाले जीवके अपगतवेदित्वका अन्तर्मुहूर्तमात्र अन्तर पाया जाता है । उपशमकी अपेक्षा अपगतवेदी जीवों-का उत्कृष्ट अन्तर देशोन अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है–"**उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं**" (९१) । इसका स्पष्टीकरण वीरसेन आचार्यने इस प्रकार किया है : किसी अनादि मिथ्यादृष्टि जीवने तीनों करण करके, अर्धपुद्गल परिवर्तनके आदि समयमें सम्यक्त्व और संयमको एक साथ ग्रहण किया और अन्तर्मुहूर्त रहकर उपशम श्रेणीको चढ़कर अपगतवेदी हो गया । वहाँसे फिर नीचे उतरकर सवेदी हो, अपगतवेदका अन्तर प्रारम्भ किया और उपार्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण भ्रमण कर पुनः संसारके अन्तर्मुहूर्तमात्र शेष रहनेपर उपशमश्रेणी-को चढ़कर अपगतवेदी हो अन्तरको समाप्त किया । पश्चात् फिर नीचे उतरकर क्षपकश्रेणीको चढ़कर अबन्धक भावको प्राप्त किया । ऐसे जीवके अपगतवेदित्वका कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण अन्तर-काल प्राप्त हो जाता है ।

३६. क्रोधमें–५ ज्ञानावरण, ७ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, ४ आयु, आहारकद्विक और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है । निद्रा, प्रचलाका जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—निद्रा, प्रचलाका बन्ध अपूर्वकरणके प्रथमभागपर्यन्त होता है । इन प्रकृतियोंका बन्धक जीव उपशमश्रेणीका आरोहण करके, उपशान्तकषाय पर्यन्त चढ़कर तथा

---

१. "अवगदवेदेसु अणियट्टि-उवसंम-सुहुम-उवसमाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।" —षट्खं०, अंतरा०, २१४–२१७ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतो०। माणे-तिण्णि संजलणा०णत्थि अंत०। मायाए दोण्णि संज० णत्थि अंत०। सेसाणं कोधभंगो। लोभे-पंचणा० सत्तदंसणा० मिच्छ० बारसक० चदुआयु० आहारदु० पंचंत० णत्थि अंत०। सेसाणं जह० एग०, उक्क अंतो०। णवरि णिद्दापचला जहण्णु० अंतो०। अकसाई-साद० णत्थि अंत०। केवलणा०-यथाक्खाद० केवलदंस० एवं चेव।

४०. मदि० सुद०-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० णत्थि अंत०। सादासा० छण्णोक० पंचिंदि० समचदु० परघादुस्सा० पसत्थवि० तस०४ थिरादिदोण्णियु०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णपुंस० ओरालियस० पंचसंठा० ओरालिय० अंगो० छस्संघ० अप्पसत्थ० दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचा० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदोप० दे०। तिण्णि आयु० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं असंखे०। तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोपमसदपुध०। वेउव्वियछक्क० जह० एग०, उक्क०

उतरते हुए अपूर्वकरणके प्रथमभागमें पुनः बन्ध प्रारम्भ कर देता है। इस कारण इनका जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्रमाण कहा है।

मानमें-३ संज्वलनका अन्तर नहीं है। मायामें-दो संज्वलनका अन्तर नहीं है। शेष प्रकृतियोंमें क्रोधके समान भंग जानना चाहिए। लोभकषायमें-५ ज्ञानावरण, ७ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १२ कषाय, ४ आयु, आहारकद्विक और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। विशेष-निद्रा, प्रचलाका जघन्य-उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। अकषायीमें-सातावेदनीयका अन्तर नहीं है।

विशेषार्थ—सातावेदनीयका अप्रमत्तसे लेकर सयोगीकेवली पर्यन्त निरन्तर बन्ध होता है। इस कारण उपशान्तकषाय या क्षीणकषायमें साताका अन्तर नहीं बताया है।

केवलज्ञान, यथाख्यात संयम, केवलदर्शनका अकषायकी तरह वर्णन जानना चाहिए।

४०. मत्यज्ञान, श्रुताज्ञानमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है।

विशेषार्थ—ज्ञानावरणादिके अबन्धक उपशान्त कषायादि गुणस्थानमें होंगे। इन कुज्ञानयुगलमें आदिके दो गुणस्थान ही पाये जाते हैं। इससे ज्ञानावरणादिका अन्तर नहीं कहा।

साता-असाता वेदनीय, ६ नोकषाय, पंचेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि २ युगल, सुभग, सुस्वर, आदेयका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। नपुंसकवेद, औदारिक शरीर, ५ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीच गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम तीन पल्य है। तीन आयु अर्थात् देव, नर, नरक आयुका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अनन्तकाल असंख्यात पुद्गल परावर्तन है। तिर्यंच आयुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट सागर शतपृथक्त्व अन्तर है। वैक्रियिक षट्कका जघन्य एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंतकालं असंखे०। तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु० उज्जोव० जह० एग०, उक्क० एक्कतीसं सादि०। मणुसगदितिगं ओघं। चदुजादि० आदाव-थावरादि०४ जह० एगस०, उक्क० एक्कतीसं सादि०। एवं अब्भवसिद्धियमिच्छादिट्ठि०। विभंगे-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० भयदुगु० णिरय० देवायु० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उपघा० णिमि० पंचंत० णत्थि अंत०। दोआयु० देवोओघं। सेसाणं० जह० एग०, उक्क० अंतो। आभि० सुद० ओधि०-पंचणा० छदंस० चदुसंज० सादासा० सत्तणोक० पंचिंदि० तेजाकम्म० समचतु० वण्ण०४ अगुरु०४ पसत्थवि०

समय, उत्कृष्ट अनन्तकाल असंख्यात पुद्गल परावर्तन है। तिर्यंच गति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, उद्योतका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक ३१ सागर है। मनुष्यगतित्रिकमें ओघकी तरह जानना चाहिए। ४ जाति, आताप, स्थावरादि ४ का जघन्य अन्तर एक समय, उत्कृष्ट साधिक ३१ सागर है। अभव्यसिद्धिकमिथ्यादृष्टिका भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

विशेषार्थ—मति अज्ञानी, श्रुताज्ञानी जीवोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। इसका स्पष्टीकरण धवला टीकामें इस प्रकार किया गया है: "मति अज्ञान तथा श्रुताज्ञानसे सम्यक्त्व ग्रहण कर मतिज्ञान व श्रुतज्ञानमें आकर कमसे कम कालका अन्तर देकर पुनः मति अज्ञान, श्रुताज्ञान भावमें गये हुए जीवके अन्तर्मुहूर्त प्रमाण अन्तरकाल पाया जाता है।

उक्त अज्ञानी जीवोंका उत्कृष्ट अन्तर "**उक्कस्सेण बेछावट्ठि-सागरोपमाणि**" (९९) दो छ्यासठ सागरोपम अर्थात् एक सौ बत्तीस सागरोपमकाल है। इसपर वीरसेन स्वामीने इस प्रकार प्रकाश डाला है: किसी कुमति-कुश्रुतज्ञानी जीवके सम्यक्त्वग्रहण करके कुछ कम छ्यासठ सागरोपमकाल प्रमाण सम्यक्ज्ञानोंका अन्तर देकर पुनः सम्यक्त्व-मिथ्यात्वको जाकर मिश्रज्ञानोंका अन्तर देकर पुनः सम्यक्त्वग्रहण करके कुछ कम छयासठ सागरोपम-प्रमाण परिभ्रमण कर मिथ्यात्वको जानेसे दो छ्यासठ सागरोपम प्रमाण मतिश्रुत-अज्ञानोंका अन्तरकाल पाया जाता है।

शंका—दो छयासठ सागरोपमोंमें जो कुछ कम काल बतलाया है उसका क्या हेतु है?

समाधान—इसका कारण यह है कि उपशम सम्यक्त्व कालसे दो छयासठ सागरोपमोंके भीतर मिथ्यात्वका अधिक काल पाया जाता है (जीवट्ठाण, अंतराणुगम सूत्र, ४ की टीका)। सम्यग्मिथ्यादृष्टिज्ञानको मतिश्रुत अज्ञान रूप मानकर कितने ही आचार्य उपर्युक्त अन्तर-प्ररूपणामें सम्यग्मिथ्यात्वका अन्तर नहीं दिलाते, पर यह बात घटित नही होती; क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वभावके अधीन हुआ ज्ञान सम्यग्मिथ्यात्वके समान एक अन्य जातिका बन जाता है। अतः उस ज्ञानको कुमति कुश्रुत रूप माननेमें विरोध आता है।

विभंगावधिमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, नरक, देवायु, तैजस, कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, और ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। दो आयुका देवोंके ओघवत् जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

मतिज्ञान, श्रुतज्ञान तथा अवधिज्ञानमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, साता-असाता वेदनीय, ७ नोकषाय, पंचेन्द्रिय जाति, तैजस-कार्मण, समचतुरस्रसंस्थान,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तस०४ थिरादि-दोण्णियुग०-सुभग-सुस्सर-आदे० णिमि०तित्थय०उच्चा०पंचंत० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अट्ठक० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिदेसू०। दोआयु० देवग०४ जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं० सादि०। मणुसगदिपंचगं जह० वासपुध०, उक्क० पुव्वकोडि०। आहारदुगं जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसा० सादिरे०। एवं ओधिदं० सम्मादिट्ठित्ति।

मणपज्जवणा०-पंचणा० छदंस० चदुसंज० पुरिस० भयदु० देवगदि-पंचिंदि० चदुसरीर० समचदु० दोअंगो० वण्ण०४ देवाणुपु० अगुरु०४ पसत्थवि० तस०४ सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमिण-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० जहण्णु० अंतो०। सादासा०-चदुणोक० थिरादितिण्णियु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। देवायु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू०।

वर्ण ४, अगुरुलघु४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस४, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंका बन्धक जीव उपशमश्रेणीका आरोहण कर जब उपशान्तकषाय गुणस्थानमें पहुँचा, तब इन ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंका बन्ध रुक गया। बादमें जैसे ही वह जीव नीचे गिरा कि इनका बन्ध पुनः प्रारम्भ हो गया। इस दृष्टिसे इन ज्ञानोंमें बन्धका अन्तर जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त प्रमाण कहा गया है।

आठ कषायोंका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटि है।

विशेषार्थ—एक मनुष्यने अविरत दशामें अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरणरूप कषायाष्टकका बन्ध किया। आठ वर्षकी अवस्थाके अनन्तर सम्यक्त्व तथा महाव्रतको एक साथ धारण कर एक पूर्व कोटिसे अवशिष्ट बची आयु प्रमाण महाव्रती रह मरणकालमें असंयमी बन पुनः ८ कषायोंका बन्ध किया। इस प्रकार देशोन पूर्व कोटि अन्तर होता है।

दो आयु, देवगति ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट कुछ अधिक ३३ सागर है। मनुष्य गतिपंचकका जघन्य वर्षपृथक्त्व और उत्कृष्ट पूर्वकोटि है। आहारकद्विकका जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट साधिक ६६ सागर है। अवधिदर्शन तथा सम्यक्त्वमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

मनःपर्ययज्ञानमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पंचेन्द्रिय जाति, ४ शरीर, समचतुरस्र संस्थान, दो अंगोपांग, वर्ण ४, देवानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और ५ अन्तरायका जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—कोई मनःपर्ययज्ञानी उपशमश्रेणी चढ़कर उपशान्तकषाय गुणस्थानमें पहुँचा, तब अन्तर्मुहूर्तपर्यन्त ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंका अबन्ध हो गया। पश्चात् वह सूक्ष्मसाम्परायादि गुणस्थानोंमें उतरा, तो पुनः उन प्रकृतियोंका बन्ध प्रारम्भ हो गया। इस प्रकार यहाँ अन्तर जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त प्रमाण कहा है।

साता-असातावेदनीय, ४ नोकषाय, स्थिरादि ३ युगलका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। देवायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटिका त्रिभाग अन्तर है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१. एवं संजद० । एवं चेव सामाइ० छेदो० परिहार० संजदासंजदा० । णवरि धुविगाणं णत्थि अंत० । सुहुमसंप० सव्वपगदीणं णत्थि अंत० । असंजदे धुविगाणं णत्थि अंत० । थीण०३ मिच्छ० अणंताणु०४ इत्थि० णपुंस० तिरिक्खगदि-पंचसंठा० पंचसंघ० तिरिक्खाणु० अप्पसत्थ० उज्जो० दूभग-दुस्स०-अणादे० णीचागो० जह० एग० उक्क० तेत्तीसं० देसू० णवरि थीणगिद्धि०३ मिच्छ० अणंताणु०४ जह० अंतो० । चदुआयु० वेउव्वियछक्क० मणुसगदितिगं च ओघं । एइंदिय-दंडओ तित्थयरं च णपुंसकवेदभंगो । चक्खुदंस० तसपज्जत्तभंगो । अचक्खुदं० ओघं ।

विशेषार्थ—कोई एक कोटिपूर्वकी आयुवाला जीव मनःपर्ययज्ञानी हुआ। आयुका त्रिभाग शेष रहनेपर देवायुका प्रथम अन्तर्मुहूर्तमें बन्ध किया। इसके अनन्तर मरणकाल आनेपर पुनः आयुका बन्ध किया। इस प्रकार कुछ कम पूर्वकोटिका त्रिभाग देवायुका अन्तर होगा।

विशेषार्थ—मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्ययज्ञानवालोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। क्योंकि मति, श्रुत, और अवधिज्ञानी देव या नारकी जीवके मिथ्यात्वको प्राप्त कर मति-अज्ञान, श्रुताज्ञान, व विभंगज्ञानके द्वारा अन्तर करके पुनः मतिज्ञान, श्रुतज्ञान व अवधिज्ञानमें आनेपर उक्त ज्ञानोंका अन्तर्मुहूर्तप्रमाण जघन्य अन्तर प्राप्त होता है।

इसी प्रकार मनःपर्ययज्ञानीका भी जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होता है। यहाँ यह विशेषता है कि मनःपर्ययज्ञानी संयत जीव मनःपर्ययज्ञानको नष्ट करके अन्तर्मुहूर्त काल तक उस ज्ञानके बिना रहकर फिर उसी मनःपर्ययज्ञानमें लाया जाना चाहिए। (धवला-टीका, खु० बं०, पृ० २२०)

४१. संयममें भी इसी प्रकार है। सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि तथा संयतासंयतोंमें भी इस प्रकार जानना चाहिए। विशेष यह है कि यहाँ ध्रुव प्रकृतियोंमें अन्तर नहीं है। सूक्ष्मसाम्परायमें—सर्व प्रकृतियोंका अन्तर नहीं है। असंयतमें—ध्रुव प्रकृतियोंका अन्तर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४, स्त्रीवेद, नपुंसक वेद, तिर्यंचगति, ५ संस्थान, ५ संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, अप्रशस्तविहायोगति, उद्योत, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीच गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम ३३ सागर है।

विशेषार्थ—कोई मनुष्य या तिर्यंच मोहनीयकी २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाला मरणकर सातवीं पृथ्वीमें उत्पन्न हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्ण कर,(१) विश्राम ले,(२) विशुद्ध हो,वेदक-सम्यक्त्वी हुआ (३) उस समय मिथ्यात्वादि प्रकृतियोंका बन्ध रुका। इस प्रकारकी अवस्था आयुके अल्पकाल अवशेष रहने तक रही। पश्चात् वह जीव मिथ्यात्व गुणस्थानको प्राप्त हुआ (४) इस प्रकार अन्तर प्राप्त हुआ। पुनः तिर्यंच आयुका बन्ध कर (५) विश्राम ले (६) निकला। इस प्रकार ६ अन्तर्मुहूर्त कम ३३ सागर प्रमाण मिथ्यात्वादिका बन्ध नहीं होनेसे उतना अन्तर रहा। (ध० टी० अन्तरा० पृ० १३४)

विशेष यह है कि स्त्यानगृद्धि ३, मिथ्यात्व तथा अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। चार आयु वैक्रियिक षट्क, मनुष्यगतित्रिकका ओघवत् जानना चाहिए। एकेन्द्रिय दण्डक तथा तीर्थंकरका नपुंसकवेदके समान भंग जानना चाहिए। चक्षुदर्शनमें—त्रस पर्याप्तकोंका भंग जानना चाहिए। अचक्षुदर्शनमें—ओघवत् अन्तर जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४२. किण्णाए–पंचणा० छदंसणा० बारसक० भयदु० तेजाकम्म० वण्ण०४ अगु० उप० णिमि० तित्थ०-पंचंत० दो-आयु० णत्थि अंत० । थीणगिद्धि०३ मिच्छ० अणंताणु०४ जह० अंतो० । इत्थि० णपुंसक० दोगदि० पंचसंठा० पंचसंघ० दोआणु० उज्जो० अप्पसत्थ० दूभग-दुस्स० अणादे० णीचुच्चागो० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं० दे० । दोआयुगस्स णिरयभंगो । वेउव्विय० वेउव्विय०अंगो० जह० एग०, उक्क० बावीसं सा० (१) । सेसाणं जह० एग०, उक्क अंतो० ।

४३. एवं णील-काऊणं । णवरि मणुसगदितिगं सादभंगो । वेउव्वि० वेउव्वि०-अंगो० जह० एग०, उक्क० सत्तारस-सत्तसागरो० ।

खुद्दाबन्धमें चक्षुदर्शनी जीवोंका जघन्य अन्तर "जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं" (सूत्र ११६) क्षुद्रभवग्रहण प्रमाण है। इसपर धवलाटीकाकार इस प्रकार प्रकाश डालते हैं जो चक्षुदर्शनी जीव क्षुद्रभवग्रहण मात्र आयु-स्थितिवाले किसी भी एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, व त्रीन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें अचक्षुदर्शनी होकर उत्पन्न होता है और क्षुद्रभवग्रहण मात्र काल चक्षुदर्शनका अन्तर कर पुनः चतुरिन्द्रियादिक जीवोंमें चक्षुदर्शनी होकर उत्पन्न होता है, उस जीवके चक्षुदर्शनका क्षुद्रभवग्रहण मात्र अन्तरकाल पाया जाता है।

चक्षुदर्शनीका उत्कृष्ट अन्तर "उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं" (१२० सूत्र) असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण अनन्तकाल है।

अचक्षुदर्शनी जीवोंके विषयमें 'णत्थि अंतरं णिरंतरं' (सूत्र १२२) अन्तर नहीं है, वे निरन्तर होते हैं। अचक्षुदर्शनीका अन्तर केवलदर्शनी होनेपर हो सकता है, किन्तु केवलदर्शनी होनेपर अचक्षुदर्शनकी उत्पत्तिका अभाव है। क्षायिक दर्शनके होनेपर क्षायोपशमिक दर्शनका अभाव हो जाता है।

४२. कृष्णलेश्यामें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थंकर, ५ अन्तराय तथा २ आयुका अन्तर नहीं है।

स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त है [उत्कृष्ट कुछ कम ३३ सागर अन्तर है]। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, २ गति, ५ संस्थान, ५ संहनन, २ आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीचगोत्र, उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम ३३ सागर है। दो आयुका नरकगतिके समान भंग जानना चाहिए। वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक अंगोपांगका जघन्य अन्तर एक समय, उत्कृष्ट २२ सागर जानना चाहिए। शेषका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

४३. इसी प्रकार नील तथा कापोत लेश्यामें जानना चाहिए। विशेष, मनुष्यगतित्रिकमें सातावेदनीयके समान भंग जानना चाहिए। वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक अंगोपांगका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट सत्रह सागर तथा सात सागर अन्तर है।

---

१. लेस्साणुवादेण किण्हलेस्सिय–णीललेस्सिय–काउलेस्सियाणमन्तरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तेत्तीस सागरोवमाणि सादिरेयाणि ॥ तेउलेस्सिय-पम्मलेस्सिय-सुक्कलेस्सियाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं ॥ —खुद्दाबंध, सूत्र १२५-१३०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४४. तेउ०–पंचणा० छदंसणा० बारसक० भयदु० ओरालिय० आहारतेजाकम्म० आहार०-अंगो० वण्ण०४ अगु०४ बादर-पज्जत्त-पत्तेय-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० णत्थि अंत०। थीणगिद्धि०३ मिच्छ० अणंताणु०४ जह० अंतो०। इत्थि० णवुंस० तिरिक्खगदि० एइंदि० पंचसंठाण० पंचसंघ० तिरिक्खाणु० आदावुज्जो० अप्पसत्थ० दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचा० जह० एग०, उक्क० बेसाग० सादि०। सादासाद-पंचणोक० मणुस० पंचिंदि० समचदु० ओरालिय०-अंगो० वज्जरिस० मणुसाणु० पसत्थ० तस० थिरादिदोण्णियु०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० उच्चा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। तिरिक्ख-मणुसायु० देवोघं। देवायुगं णत्थि अंतरं। देवगदि०४ जह० दसवस्ससह० अथवा पलिदो०-सादि०। उक्क० बेसागरो० सादि०।

४५. पम्माए–पंचणा० छदंसणा० बारसक० भयदु० पंचिंदिय० चदुसरी०-ओरालियअंगो० आहारस० अंगो० वण्ण०४ अगु०४ तस०४ णिमिणं तित्थय० पंचंत० णत्थि अंत०। सेसं तेउभंगो। णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा। एइंदिय-आदाव-थावरं

विशेषार्थ—कृष्णलेश्याके समान नील तथा कापोतलेश्यायुक्त दो जीवोंने वैक्रियिक शरीर तथा वैक्रियिक अंगोपांगका बन्ध करके मरण किया और क्रमशः पाँचवें तथा तीसरे नरकमें जन्म धारण किया। वहाँ सत्रह सागर तथा सात सागरपर्यन्त उक्त दोनों प्रकृतियोंका बन्ध नहीं हो सका। पश्चात् मरण कर वे मनुष्य हुए, जहाँ उन प्रकृतियोंका पुनः बन्ध हो सका। इस प्रकार सत्रह तथा सात सागर प्रमाण अन्तर सिद्ध हुआ।

४४. तेजोलेश्यामें–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक, आहारक, तैजस, कार्मण शरीर, आहारक अंगोपांग, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, बादर, पर्याप्तक, प्रत्येक, निर्माण, तीर्थंकर तथा ५ अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त [और उत्कृष्ट साधिक दो सागर] है।

विशेषार्थ—तेजोलेश्यावाले किसी मिथ्यात्वी जीवने सौधर्मद्विकमें उत्पन्न हो साधिक दो सागर प्रमाण स्थिति प्राप्त की। वहाँ छहों पर्याप्ति पूर्ण कर विश्राम ले, विशुद्ध हो, सम्यक्त्वको ग्रहण कर आयुके अन्तमें मिथ्यात्वी हो मरण किया। उसकी अपेक्षा यहाँ मिथ्यात्व आदिका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागरोपम कहा है।

स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यंचगति, एकेन्द्रिय जाति, ५ संस्थान, ५ संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय तथा नीचगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक दो सागर है। साता-असाता वेदनीय, ५ नोकषाय, मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभ संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। तिर्यंचायु-मनुष्यायुका देवोंके ओघ समान है। देवायुका अन्तर नहीं है। देवगति ४ का जघन्य दस हजार वर्ष अथवा साधिक पल्यप्रमाण है। उत्कृष्ट कुछ अधिक दो सागर है।

४५. पद्मलेश्यामें–५ ज्ञानावरण ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, पंचेन्द्रिय जाति, चार शरीर, औदारिक अंगोपांग, आहारकशरीर, अंगोपांग, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, त्रस ४, निर्माण, तीर्थंकर तथा ५ अन्तरायोंके बन्धकोंका अन्तर नहीं है। शेषका तेजोलेश्या-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णत्थि। देवगदि०४ जह० बेसाग० सादि०, उक्क० अट्ठारस० सादिरे०।

४६. सुक्काए—पंचणा० छदंसणा० सादासाद० चदुसंज० सत्तणोक० पंचिंदि० तेजाकम्म० समचदु० वज्जरिस० वण्ण०४ अगुरु०४ पसत्थवि० तस०४ थिरादिदोण्णियु०-सुभग-सुस्स०-आदे० णिमि० तित्थय० उच्चा०-पंचंत० जह० एगस०, उक्क० अंतो०। णवरि णिद्दा-पचला ओघं। थीणगिद्धि०३ मिच्छ० अणंताणु०४ जह० अंतो०। इत्थि० णपुंस० पंचसंठा० पंचसंघ० अप्पसत्थ० दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचा० जह० एगस०, उक्क० एक्कात्तीसं देसू०। अट्ठक० देवायु० मणुसग० ओरालिय० ओरालियअंगो० मणुसाणु० णत्थि अंतरं०। मणुसायु० देवोघं। देवगदि०४ जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। आहारदुगं जहण्णु० अंतो०। भवसिद्धिया[1] ओघं।

के समान भंग जानना चाहिए। विशेष यह है कि अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण अन्तर ग्रहण करना चाहिए। यहाँ एकेन्द्रिय, आताप तथा स्थावरका अन्तर नहीं है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रिय, आताप तथा स्थावरका बन्ध सौधर्मद्विक पर्यन्त होता है। वहाँ पीतलेश्या पायी जाती है। पद्मलेश्यामें इनका बन्ध नहीं है, अतः अन्तर नहीं कहा है।

देवगति ४ का जघन्य अन्तर साधिक दो सागर तथा उत्कृष्ट साधिक १८ सागर है।

विशेषार्थ—पद्मलेश्यावाले देवोंकी जघन्य स्थिति साधिक दो सागर है और उत्कृष्ट साधिक १८ सागर है। इनके देवगतिचतुष्कका बन्ध नहीं होगा। इस अपेक्षा ऊपरोक्त अन्तर कहा है।

४६. शुक्ललेश्यामें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता-असातावेदनीय, ४ संज्वलन, ७ नोकषाय, पंचेन्द्रियजाति, तैजस-कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वज्रवृषभ-संहनन, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र तथा पंच अन्तरायोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। विशेष—निद्रा-प्रचलाका ओघवत् जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त अन्तर है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त है। [उत्कृष्ट कुछ कम इकतीस सागर है।]

विशेषार्थ—शुक्ललेश्यावाला द्रव्यलिंगी जीव ३१ सागरोंकी स्थितिवाले अन्तिम ग्रैवेयकमें उत्पन्न हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्ण कर, विश्राम ले, विशुद्ध हो, सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। आयुके अन्तमें पुनः मिथ्यात्वको प्राप्त कर मरण किया। इस प्रकार देशोन ३१ सागर प्रमाण मिथ्यात्वीका उत्कृष्ट अन्तर हुआ। इस अपेक्षा मिथ्यात्व अनन्तानुबन्धी आदिका अन्तर उतना ही कहा गया है।

स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, ५ संस्थान, ५ संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीचगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम ३१ सागर है। आठ कषाय, देवायु, मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग, मनुष्यानुपूर्वीका अन्तर नहीं है। मनुष्यायुका देवोंके ओघ समान है। देवगति ४ का जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है। आहारकद्विकका जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। भव्यसिद्धिकोंमें—ओघवत् जानना चाहिए।

---

१. भवियाणुवादेण भवसिद्धिय-अभवसिद्धियाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? णत्थि अंतरं, णिरंतरं॥ —खुद्दाबंध सूत्र, १३१-१३२, पृ. २३०

कुदो ? भवियाणमभवियाणं च अण्णोण्णसरूवेण परिणामाभावादो।—खुद्दाबंध टीका, पृ० २३०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४७. खइगसम्मादिट्ठि धुविगाणं अट्ठकसायाणं च ओधिभंगो। मणुसायु देवोघं। देवायु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू०। मणुसगदिपंचगं णत्थि अंत०। देवगदि०४ आहारदुगं जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं० सादि०। सादादीणं ओधिभंगो।

४८. वेदगे धुविगाणं तित्थयरस्स च णत्थि अंत०। अट्ठक० दोआयु० मणुसगदिपंचगं ओधिभंगो। देवगदि०४ जह० पलिदोप० सादि०, उक्क० तेत्तीसं सा०। आहारदुगं जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसागरो० देसूणा, अथवा तेत्तीसं सादिरे०। सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतो०।

४९. उवसम०-पंचणा० चदुदंस० सादासाद० चदुसंज० सत्तणोक० पंचिंदि० तेजाक० समचदु० वण्ण०४ अगु०४ पसत्थवि० तस०४ थिरादिदोण्णियु०

४७. क्षायिकसम्यक्त्वमें-ध्रुव प्रकृति तथा आठ कषायोंका अवधिज्ञानके समान भंग जानना चाहिए। मनुष्यायुका देवोंके ओघ समान है। देवायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटिका त्रिभाग है।

विशेषार्थ—कोई क्षायिकसम्यक्त्वी जीव एक कोटिपूर्वकी आयुवाला मनुष्य उत्पन्न हुआ। आयुका त्रिभाग शेष रहनेपर उसने आगामी देवायुका बन्ध किया और आयुके पूर्ण होनेके पूर्व पुनः उसी आयुका बन्ध किया। इस प्रकार कुछ कम एक कोटि पूर्वका त्रिभाग देवायुका अन्तर रहा।

मनुष्यगतिपंचकमें अन्तर नहीं है। देवगति ४, आहारकद्विकका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है। सातादि प्रकृतियोंका अवधिज्ञानके समान भंग जानना चाहिए।

४८. वेदकसम्यक्त्वमें ध्रुव प्रकृतियों तथा तीर्थंकर प्रकृतिका अन्तर नहीं है। आठ कषाय, (अप्रत्याख्यानावरण ४, प्रत्याख्यानावरण ४, दो आयु, मनुष्यगतिपंचकका अवधिज्ञानके समान भंग जानना चाहिए। देवगति ४ का जघन्य साधिक पल्य है तथा उत्कृष्ट १३ सागर है।

विशेषार्थ—किसी वेदकसम्यक्त्वी मनुष्यने सुरचतुष्कका बन्ध करनेके अनन्तर मरण करके सौधर्मद्विक या सर्वार्थसिद्धिमें जन्म धारण किया। वहाँ सौधर्मद्विककी जघन्य आयु साधिक पल्यप्रमाण वेदकसम्यक्त्वी रहा और सुरचतुष्कका बन्ध नहीं हुआ। मरणके बाद पुनः मनुष्य हो उनका बन्ध प्रारम्भ कर दिया। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिमें तेतीस सागरप्रमाण वेदकसम्यक्त्वयुक्त रहकर सुरचतुष्कका बन्ध नहीं किया। मरण करके मनुष्य हो सुरचतुष्कका बन्ध पुनः प्रारम्भ कर दिया। इस प्रकार पूर्वोक्त बन्धका अन्तर जानना चाहिए।

आहारकद्विकका जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट कुछ कम ६६ सागर है। अथवा साधिक तेतीस सागर है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

४९. उपशमसम्यक्त्वमें-५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, साता-असाता वेदनीय, ४ संज्वलन, ७ नोकषाय, पंचेन्द्रियजाति, तैजस- कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्ण ४, अगुरुलघु ४,

१. खइयसम्माइट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? णत्थि अन्तरं, णिरंतरं। -खु० बंध २, पृ० २३२।
२. सौधर्मैशानयोः सागरोपमेऽधिके अपरा पल्योपममधिकम्। -त० सूत्र, अ० ४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुभ० सुस्स० आदे० णिमि० तित्थ० उच्चा० पंचंत० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णिद्दा-प० अट्ठक० देवगदि०४ आहारदुग० जहण्णु० अंतो०। मणुसगदिपंचगं णत्थि अंतरं।

५०. सासगे-पंचणा० णवदंस० सोलसक० भयदुगुं० तिण्णिआयु० पंचिंदि० तेजाक० वण्ण०४ अगु०४ तस०४ णिमि० पंचंत० णत्थि अंत०। सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतो०।

५१. सम्मामि०-दो वेदणी०-चदुणो० थिरादितिण्णियु० जह० एग० उक्क० अंतो०। सेसाणं णत्थि अंतरं।

५२. सण्णि-पंचिंदियपज्जत्तभंगो।[2] असण्णि-धुविगाणं णत्थि अंत०।[3]

प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र तथा पंच अन्तरायोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—किसी उपशमसम्यक्त्वी जीवने उपशमश्रेणीका आरोहण कर जब उपशान्त-कषाय गुणस्थान प्राप्त किया, तब ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंके बन्धकी व्युच्छित्ति हो गयी, पुनः नीचे गिरनेपर उन प्रकृतियोंका बन्ध प्रारम्भ हो गया। इस दृष्टिसे यहाँ अन्तर कहा है।

निद्रा-प्रचला, आठ कषाय, देवगति ४, आहारकद्विकका जघन्य उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—निद्रादिका बन्धक कोई उपशमसम्यक्त्वी उपशम श्रेणीमें चढ़ा। वह जब अपूर्वकरणके अन्तिम भाग तथा आगेके गुणस्थानोंमें चढ़ा, तब निद्रादिका बन्ध होना रुक गया। पश्चात् नीचे उतरनेपर पुनः बन्ध आरम्भ हो गया। इसका अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होगा।

मनुष्यगतिपंचकका अन्तर नहीं है।

५०. सासादनसम्यक्त्वमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, नरकको छोड़ तीन आयु, पंचेन्द्रिय, तैजस- कार्मण वर्ण ४, अगुरुलघु ४, त्रस ४, निर्माण ५, अन्तरायोंका अन्तर नहीं है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

५१. सम्यक्त्वमिथ्यात्वीमें—दो वेदनीय, ४ नोकषाय, स्थिरादि तीन युगलका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंमें अन्तर नहीं है।

५२. संज्ञीमें—पंचेन्द्रियपर्याप्तकका भंग जानना चाहिए। असंज्ञीमें-ध्रुव प्रकृतियोंका

---

१. सम्मत्ताणुवादेण सम्माइट्ठि-वेदकसम्माइट्ठि-उवसमसम्माइट्ठि-सम्मामिच्छाइट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? ॥१३३॥ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं ॥१३४-१३५॥ —खुद्दाबंध २, पुस्तक ७, पृ० २३१।

२. सण्णियाणुवादेण सण्णीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं।

३. असण्णीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण सागरोवमसदपुधत्तं ॥ खुद्दाबंध सूत्र, १४२-१४७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चदुआयु० वेउव्वियछक्क० मणुसगदितिगं च तिरिक्खोघं। सेसाणं जह० एग० स०, उक्क० अंतो०।

५३. आहारगे-पंचणा० छदंसणा० सादासाद० चदुसंज० सत्तणोक० पंचिंदि० तेजाक० समचतु० वण्ण०४ अगु०४ पसत्थवि० तस०४ थिरादि दोण्णियुग० सुभग-सुस्स०-आदे० णिमि० तित्थय०-पंचत० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णवरि णिद्दा-पचलाणं जहण्णु० अंतो०। तिण्णि आयु० आहारदुगं जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे०। एवं चेव वेउव्वियछक्क-मणुसगदितिगं च। णवरि जह० एग०। ओरालिय० ओरालि०-अंगो० वज्जरिस० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि०। सेसाणं ओघं। अणाहार०[1] कम्मइगभंगो।

एवं अंतरं समत्तं।

अन्तर नहीं है। चार आयु, वैक्रियिकषट्क, मनुष्यगतित्रिकका तिर्यंचोंके ओघ समान जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त अन्तर है।

५३. आहारकमें-५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता-असातावेदनीय, संज्वलन ४, ७ नोकषाय, पंचेन्द्रियजाति, तैजस- कार्मण-शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर तथा पंच अन्तरायोंका जघन्य एक समय तथा उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। विशेष, निद्रा-प्रचलाका जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। ३ आयु, आहारकद्विकका जघन्य अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्ट अंगुलके असंख्यातवें भाग है। इसी प्रकार वैक्रियिकषट्क, मनुष्यगतित्रिकका जानना चाहिए। विशेष, इनका जघन्य एक समय प्रमाण है। औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग, वज्र-वृषभसंहननका अन्तर जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तीन पल्य है। शेष प्रकृतियोंका ओघवत् है।

अनाहारकोंमें— कार्मण काययोगके समान जानना चाहिए।

इस प्रकार एक जीवकी अपेक्षा अन्तर समाप्त हुआ।

---

१. कम्मइयकायजोगीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? ॥७७॥ जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं तिसमऊणं ॥७८॥ उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो असंखेज्जासंखेज्जाओ ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ ॥७९॥ —खुद्दाबंध खंड २, पु० ७, पृ० २१२।

२. "आहाराणुवादेण सासणसम्मादिट्ठि-सम्मामिच्छादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो, अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो, असंखेज्जा-सखेज्जाओ ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ। असंजदसम्मादिट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो, असंखेज्जाओ ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ।।"— पु. ५, पृ. १७३-७५, सूत्र ३८४-९०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[सण्णियासपरूवणा]

५४. सण्णियासो दुविधो सत्थाणसण्णियासो चेव परत्थाणसण्णियासो चेव। सत्थाणसण्णियासे पगदं। दुविधो णिद्देसो ओघे० आदेसे०।

५५. ओघे०—आभिणिबोधिय-णाणावरणीयं बंधंतो चदुण्णं णाणावरणीयाणं णियमा बंधगो। एवं एक्कमेक्कस्स बंधगो। णिद्दाणिद्दं बंधंतो अट्ठदंसणा० णियमा बंध०। एवं थीणगिद्धितियस्स। णिद्दं बंधं० थीणगिद्धितियं सिया बंधगो सिया अबंधगो, पंचदंसणा० णियमा बंधगो। एवं पचला०। चक्खुदंसणा० बंध० पंच-

[सन्निकर्षप्ररूपणा]

५४. सन्निकर्ष दो प्रकारका है, एक स्वस्थान सन्निकर्ष और दूसरा परस्थान सन्निकर्ष है। यहाँ स्वस्थान सन्निकर्ष प्रकृत है। उसका ओघ और आदेशकी अपेक्षा दो प्रकारसे निर्देश करते हैं।

विशेषार्थ—स्वस्थान सन्निकर्षमें एक साथ बँधनेवाली एकजातीय प्रकृतियोंका ग्रहण किया गया है। परस्थान सन्निकर्षमें एक साथ बँधनेवाली सजातीय एवं विजातीय प्रकृतियोंका ग्रहण किया गया है।

५५. ओघसे—आभिनिबोधिक ज्ञानावरणका बन्ध करनेवाला शेष श्रुतादि ज्ञानावरणचतुष्टयको नियमसे बाँधता है। इसी प्रकार एक प्रकृतिका बन्ध करनेवाला ज्ञानावरणकी शेष प्रकृतियोंका बन्धक है।

विशेषार्थ—ज्ञानावरणकी मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय, केवलज्ञानावरणरूप किसी भी प्रकृतिका बन्ध होनेपर शेष चार प्रकृतियोंका भी नियमसे बन्ध होगा। ऐसा नहीं है कि अवधिज्ञानावरणका तो बन्ध होता रहे और मनःपर्ययज्ञानावरणादिका बन्ध न हो। पाँचों ज्ञानावरणके भेदोंका सदा एक साथ बन्ध होता रहता है।

निद्रानिद्राका बन्ध करनेवाला ८ दर्शनावरणका नियमसे बन्धक है। इसी प्रकार स्त्यानगृद्धित्रिकमें भी समझना चाहिए। निद्राका बन्धक स्त्यानगृद्धित्रिकका बन्धक है भी और नहीं भी है। किन्तु वह दर्शनावरणपंचक अर्थात् चक्षु-अचक्षु-अवधि-केवलदर्शनावरण तथा प्रचलाका नियमसे बन्धक है।

विशेषार्थ—स्त्यानगृद्धित्रिकका बन्ध सासादन गुणस्थान तक होता है और निद्रा प्रकृतिका अपूर्वकरण गुणस्थानके प्रथमभागपर्यन्त बन्ध होता है, अतः निद्राका बन्ध होनेपर स्त्यानगृद्धित्रिकका बन्ध होना अनिवार्य नहीं है; हो भी सकता है, नहीं भी होवे।

निद्राके समान प्रचलाका भी वर्णन जानना चाहिए। चक्षुदर्शनावरणका बन्धक जीव निद्रादिक पाँच दर्शनावरणका कथंचित् बन्धक है, कथंचित् अबन्धक है, किन्तु अचक्षु-अवधि-केवलदर्शनावरणका नियमसे बन्धक है। इसी प्रकार अचक्षु-अवधि-केवलदर्शनावरणमें जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दंसणा० सिया बंधगो सिया अबंधगो, तिण्णि दंसणा० णियमा बंधगो। एवं तिण्णि दंसणा०। सादं बंधंतो असादस्स अबं०। असादं बंध० साद० अबं०।

५६. मिच्छत्तं बंधंतो सोलसक०-भयदुगुं० णियमा बंधगो। इत्थिवेदं सिया बंधगो, सिया अबंधगो। पुरिसवेदं सिया अबंधगो [बंधगो], सिया अबंधगो। णपुंस० सिया बंध० सिया अबंध०। तिण्णि वेदाणं एक्कतरं बंधगो, ण चेव अबंध०। हस्स-रदि सिया बंध० सिया अबंध०। अरदि-सोगा० सिया बंध० सिया अबंध०। दोण्णं युगलाणं एक्कतरं बंधगो ण चेव अबंध०।

५७. अणंताणुबंधिकोधं बंधंतो मिच्छत्तं सिया बंध० सिया अबं०, पण्णारसक०-भयदुगुं० णियमा बंधगो। इत्थिवेदं सिया बं०, पुरिस० सिया बं०, णपुंस० सिया बं०। तिण्णि वेदाणं एक्कतरं बंधओ ण चेव अबंध०। हस्सरदि सिया बं०। अरदिसोगं सिया बंध०। दोण्णं युगला० एक्कतरं बंध०, ण चेव अबं०। एवं तिण्णि कसायाणं।

विशेषार्थ—चक्षुदर्शनावरणका बन्ध सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानपर्यन्त होता है और पंच निद्राओंका अपूर्वकरणपर्यन्त होता है, इस कारण चक्षुदर्शनावरणके बन्धकके निद्रादिका बन्ध विकल्प रूपसे कहा है।

सातका बन्ध करनेवाला असाताका अबन्धक है। असाताका बन्धक सातका अबन्धक है।

विशेषार्थ—साता और असाता परस्पर प्रतिपक्षी प्रकृतियाँ हैं। अतः एकके बन्ध होते समय दूसरीका अबन्ध होगा।

५६. मिथ्यात्वका बन्ध करनेवाला—सोलह कषाय, भय, जुगुप्साका नियमसे बन्धक है। स्त्रीवेदका स्यात् (कथंचित्) बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। पुरुषवेदका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। नपुंसकवेदका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। तीन वेदोंमें-से अन्यतमका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। हास्य, रतिका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। अरति-शोकका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। दोनों युगलोंमें-से अन्यतरका बन्धक है, अबन्धक नहीं है।

५७. अनन्तानुबन्धी क्रोधका बन्ध करनेवाला मिथ्यात्वका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। किन्तु शेष १५ कषाय, भय, जुगुप्साका नियमसे बन्धक है।

विशेषार्थ—अनन्तानुबन्धीका सासादनपर्यन्त बन्ध होता है, किन्तु मिथ्यात्वका प्रथम गुणस्थान पर्यन्त। अतः अनन्तानुबन्धीके बन्धकके साथ मिथ्यात्वका बन्ध हो भी और न भी हो।

स्त्रीवेदका स्यात् बन्धक है, पुरुषवेदका स्यात् बन्धक है, नपुंसकवेदका स्यात् बन्धक है, तीनों वेदोंमें-से किसी एकका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। हास्य-रतिका स्यात् बन्धक है, अरति-शोकका स्यात् बन्धक है। दो युगलोंमें-से किसी एक युगलका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी मान, माया तथा लोभके बन्धकमें जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५८. अपच्चक्खाणं कोधं बंधंतो मिच्छत्त० अणंताणु०४ सिया बंधगो। सिया अबंध०। एक्कारसक०-भयदुगु० णियमा बंध०। इत्थिवे० सिया बंध०। पुरिसबं०[वे०] सिया बंध०। णवुंस० सिया बंध०। तिण्णि वेदाणं एक्कतरं बंधगो। ण चेव अबंध०। हस्सरदि सिया बंध०। अरदिसो० सिया बं०। दोण्णि युग० एक्कतरं बंधगो ण चेव अबंध०। एवं तिण्णि कसायाणं।

५९. पच्चक्खाणावर० कोधं बंधंतो मिच्छ० अट्ठकसा० सिया बं० सिया अबं०। सत्तक०-भयदु० णियमा बंधगो। इत्थि० सिया बं०। पुरिस० सिया बं०। णवुंस० सिया बं०। तिण्णि वेदाणं एक्कतरं बं०, ण चेव बंध० [अबंधगो]। हस्सरदि सिया बंध०। अरदिसोगाणं सिया बंधगो। दोण्णं युगलाणं एक्कतरं बंध०, ण चेव अबंध०। एवं तिण्णि कसायाणं।

६०. कोधसंज० बंधं० मिच्छ० बारसक० भयदुगुं० सिया बंध० तिण्णि संज०

---

५८. अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका बन्ध करनेवाला मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४ का स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है।

विशेषार्थ—अप्रत्याख्यानावरणका बन्ध चतुर्थ गुणस्थान पर्यन्त होता है और मिथ्यात्व तथा अनन्तानुबन्धी ४ का क्रमशः मिथ्यात्व, सासादन गुणस्थान तक बन्ध होता है; इस कारण अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धके साथ मिथ्यात्व तथा अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धकी अनिवार्यता नहीं है।

अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ तथा अप्रत्याख्यानावरण क्रोधको छोड़कर शेष ग्यारह कषाय, भय, जुगुप्साका नियमसे बन्धक है। स्त्रीवेदका स्यात् बन्धक है। पुरुषवेदका स्यात् बन्धक है। नपुंसकवेदका स्यात् बन्धक है। तीनों वेदोंमें-से अन्यतरका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। हास्य, रतिका स्यात् बन्धक है। अरति, शोकका स्यात् बन्धक है। दो युगलोंमें-से अन्यतरका बन्धक है, अबन्धक नहीं है।

विशेषार्थ—हास्य-शोक, रति-अरति ये परस्पर विरोधी प्रकृतियाँ हैं। अतः जब हास्य-रतिका बन्ध होगा, तब शोक-अरतिका बन्ध नहीं होगा।

अप्रत्याख्यानावरण मान, माया, लोभमें अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके समान जानना चाहिए।

५९. प्रत्याख्यानावरण क्रोधका बन्ध करनेवाला—मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी तथा अप्रत्याख्यानावरणरूप कषायाष्टकका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। शेष प्रत्याख्यानावरण ३ तथा संज्वलन ४ इस प्रकार ७ कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक है। स्त्रीवेदका स्यात् बन्धक है। पुरुषवेदका स्यात् बन्धक है। नपुंसकवेदका स्यात् बन्धक है। तीन वेदोंमें-से किसी एकका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। हास्य-रतिका स्यात् बन्धक है। अरति-शोकका स्यात् बन्धक है। दो युगलोंमें-से अन्यतरका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण मान, माया तथा लोभका भी वर्णन जानना चाहिए।

६०. संज्वलन क्रोधका बन्ध करनेवाला—मिथ्यात्व, १२ कषाय, भय, जुगुप्साका स्यात्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णियमा बंध० । इत्थि० सिया बं० । पुरिस० सिया बं० । णपुंस० सिया बं० । तिण्णि वेदाणं एक्कदरं बंध० । अथवा तिण्णं पि अबं० । हस्सरदि सिया बं० । अरदिसोग० सिया बं० । दोण्णं युग० एक्कतरं बं० अथवा दोण्णं पि अबं० । एवं तिण्णं संजलणाणं । णवरि माणं बं० मायालो० णियमा बंध० । तेरसक० भयदुगुं० सिया बं० । मायं बंधं० लोभं णियमा बंध० । चोद्दसक० भयदु० सिया बं० । लोभसंज० बंधं० पण्णारसक० भयदु० सिया [बंधगो] ।

६१. इत्थिवेदं बंधंतो मिच्छत्तं सिया [बं०] । सोलसक० भयदु० णियमा बं० । हस्सरदि सिया० । अरदिसोग० सिया० । दोण्णं युगलाणं एक्कतरं बंध० णव (?) चेव अबं० ।

६२. पुरिसवेदं बंधंतो मिच्छत्तं बारसक० भयदु० सिया बं० हस्सरदि सिया बं० अरदिसोग० सिया बं० । दोण्णं युगलाणं एक्कतरं बं० । अथवा दोण्णं पि अबं० । चदुसंज० णियमा बं० ।

बन्धक है, किन्तु शेष मान, माया, लोभरूप संज्वलनका नियमसे बन्धक है। स्त्रीवेदका स्यात् बन्धक है। पुरुषवेदका स्यात् बन्धक है। नपुंसकवेदका स्यात् बन्धक है। तीनों वेदोंमें-से किसी एकका बन्धक है, अथवा तीनोंका भी अबन्धक है।

विशेषार्थ—वेदका बन्ध अनिवृत्तिकरणके प्रथम भाग पर्यन्त है, किन्तु संज्वलन क्रोधका बन्ध अनिवृत्तिकरणके अवेदभाग तक होता है। अतः संज्वलन क्रोधके बन्धकको वेदत्रयका अबन्धक भी कहा है।

हास्य-रतिका स्यात् बन्धक है। अरति-शोकका स्यात् बन्धक है। दो युगलोंमें-से किसी एक युगलका बन्धक है अथवा दोनों युगलोंका ही अबन्धक है।

विशेषार्थ—अरति-शोकका प्रमत्त गुणस्थानपर्यन्त तथा हास्य-रतिका अपूर्वकरण पर्यन्त बन्ध है। अतः संज्वलन क्रोधके बन्धकमें इनके बन्धका स्यात् सद्भाव है, स्यात् नहीं भी है।

संज्वलन मान, माया, लोभमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए। इतना विशेष है कि संज्वलन मानको बाँधनेवाला संज्वलन माया और लोभका नियमसे बन्धक है। तेरह कषाय अर्थात् संज्वलन मान-माया-लोभरहित शेष कषाय, भय तथा जुगुप्साका स्यात् बन्धक है। संज्वलन मायाको बाँधनेवाला संज्वलन लोभको नियमसे बाँधता है। शेष १४ कषाय तथा भय, जुगुप्साका स्यात् बन्धक है। संज्वलन लोभको बाँधनेवाला-१५ कषाय, भय, जुगुप्साका स्यात् बन्धक है।

६१. स्त्रीवेदको बाँधनेवाला मिथ्यात्वका स्यात् बन्धक है, १६ कषाय, भय, जुगुप्साका नियमसे बन्धक है। हास्य-रतिका स्यात् बन्धक है। अरति-शोकका स्यात् बन्धक है। दोनों युगलोंमें-से एकका बन्धक है, अबन्धक नहीं है।

विशेषार्थ—स्त्रीवेदकी बन्धव्युच्छित्ति सासादन गुणस्थानके अन्तमें होती है, अतः स्त्रीवेदके बन्धकके मिथ्यात्वका बन्ध विकल्प रूपसे कहा है।

६२. पुरुषवेदको बाँधनेवाला-मिथ्यात्व, संज्वलन ४ को छोड़कर शेष १२ कषाय, भय, जुगुप्साका स्यात् बन्धक है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६३. णपुंसं बंधं० मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगु० णियमा बं०। हस्सरदि सिया० [बं०] अरदिसोग० सिया बं०। दोण्णं युगलाणं एक्कतरं बं०, ण चेव अबं०।

६४. हस्सं बंधं० मिच्छत्त० बारसक० सिया बं०। चदुसंज० रदि-भय-दुगुं णियमा बं०। इत्थि० पुरिस० णपुंस० सिया बं०। तिण्णि वेदाणं एक्क० [बंधगो] ण चेव अबं०। एवं रदि।

६५. अरदिं बंधं० मिच्छ० बारसक० सिया [बं०]। चदुसंज० सोग-भयदुगु० णियमा बं०। इत्थि० पुरिस० णपुंस० सिया०। तिण्णं वेदाणं एक्कद० बंध०, ण चेव अबंध०। एवं सोगं।

६६. भयं बंधंतो मिच्छत्त-बारसक० सिया० [बंधगो]। चदुसंजल० दुगु० णियमा बं०। इत्थि० पुरिस० णपुंस० सिया०। तिण्णं वेदाणं एक्कद० [बंधगो]

विशेषार्थ—पुरुषवेदके बन्धकके संज्वलन ४ का अनिवृत्तिकरण गुणस्थान पर्यन्त नियमसे बन्ध होता है। अतः यहाँ संज्वलनचतुष्टयको छोड़कर बारह कषायोंका विकल्प रूपसे बन्ध कहा है।

हास्य-रतिका स्यात् बन्धक है। अरति-शोकका स्यात् बन्धक है। दोनों युगलोंमें-से किसी एक युगलका बन्धक है अथवा दोनोंका ही अबन्धक है। चार संज्वलनका नियमसे बन्धक है।

६३. नपुंसकवेदको बाँधनेवाला—मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्साका नियमसे बन्धक है। हास्य-रतिका स्यात् बन्धक है। अरति-शोकका स्यात् बन्धक है। दोनों युगलोंमें-से अन्यतरका बन्धक है; अबन्धक नहीं है।

विशेषार्थ—नपुंसकवेद तथा स्त्रीवेदके बन्धकोंके १६ कषायोंका नियमसे बन्ध कहा है, किन्तु पुरुषवेदके बन्धकोंके संज्वलनको छोड़कर शेष १२ कषायोंका स्यात् बन्ध कहा है। इसका कारण यह है कि नपुंसकवेद तथा स्त्रीवेदके बन्धक क्रमशः मिथ्यात्व, सासादन तक होते हैं, वहाँ १६ कषायोंका बन्ध होता है। पुरुषवेदका बन्ध अनिवृत्तिकरणगुणस्थान पर्यन्त होता है, इस कारण पुरुषवेदके बन्धकोंके १२ कषायोंके कथंचित् बन्धका वर्णन किया गया है; किन्तु संज्वलन ४ का नियमसे बन्ध कहा है।

६४. हास्यका बन्ध करनेवाला—मिथ्यात्व तथा १२ कषायका स्यात् बन्धक है।

विशेषार्थ—हास्यका बन्ध अपूर्वकरणगुणस्थानपर्यन्त होता है, किन्तु मिथ्यात्व एवं १२ कषायोंका उसके नीचे पर्यन्त बन्ध होता है। इस कारण हास्यके बन्धकके मिथ्यात्वादिका बन्ध विकल्प रूपसे बताया है।

चार संज्वलन, रति, भय, जुगुप्साका नियमसे बन्धक है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेदका स्यात् बन्धक है। तीनों वेदोंमें-से एकका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। इसी प्रकार रति प्रकृतिमें जानना चाहिए।

६५. अरतिका बन्ध करनेवाला—मिथ्यात्व, १२ कषायका स्यात् बन्धक है। ४ संज्वलन, शोक, भय, जुगुप्साका नियमसे बन्धक है। स्त्री-पुरुष-नपुंसकवेदका स्यात् बन्धक है। तीनों वेदोंमें-से एक वेदका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। इसी प्रकार शोकमें जानना चाहिए।

६६. भयका बन्ध करनेवाला—मिथ्यात्व, १२ कषायका स्यात् बन्धक है। ४ संज्वलन तथा जुगुप्साका नियमसे बन्धक है। स्त्री-पुरुष-नपुंसकवेदका स्यात् बन्धक है। तीनों वेदोंमें-से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ण चेव अबं० । हस्सरदी सिया [बं०], अरदिसोग० सिया [बं०] । दोण्णं युग० एक्कद० ण चेव अबं० । एवं दुगु० ।

६७. णिरयायुगं बंधंतो तिरिक्खायुगं मणुसायुगं देवायुगं अबंधगो । एवमण्णमण्णस्स अबंधगो ।

६८. णिरयगतिं [दिं] बंधंतो पंचिंदि०वेउव्विय-तेजाक० हुंडसंठाणं वेउव्वि० अंगो० वण्ण०४ णिरयाणुपु० अगु०४ अपस० तस०४ अथिरादिछ० णिमिण० णियमा बं० । एवं णिरयाणुपुव्वि० ।

६९. तिरिक्खगतिं बंधंतो ओरालिय-तेजाक० वण्ण०४ तिरक्खाणु० अगु० उप० णिमिण० णियमा बंध० । एइंदियजादि सिया० । एवं बेइं० तेइं० चदु० पंचिंदि० सिया [बंधगो] । पंचण्णं जादीणं एक्कदरं बंधगो, ण चेव अबंधगो । एवं छसंठा० एक्कतरं बंधगो । ण चेव अबंधगो । ओरालि० अंगो० परघादुस्सा० आदावुज्जो० सिया बं० सिया अबं० । छस्संघ० सिया० । दो विहाय० सिया० । दो सरं सिया बंधगो,

---

किसी एकका बन्धक है; अबन्धक नहीं है । हास्य, रतिका स्यात् बन्धक है । अरति, शोकका स्यात् बन्धक है । दोनों युगलोंमें-से एक युगलका बन्धक है; अबन्धक नहीं है । जुगुप्साका बन्ध करनेवालेके इसी प्रकार जानना चाहिए।

६७. नरकायुका बन्ध करनेवाला–तिर्यंचायु, मनुष्यायु तथा देवायुका अबन्धक है । इसी प्रकार किसी अन्य आयुका बन्ध करनेवाला शेषका अबन्धक है । जैसे तिर्यंचायुका बन्धक शेष तीन आयुओंका अबन्धक होगा । कारण एक समयमें बध्यमान एक ही आयु होगी ।

६८. नरकगतिका बन्ध करनेवाला–पंचेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक, तैजस, कार्मण शरीर, हुंडक संस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, वर्ण ४, नरकानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, अप्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, अस्थिरादिषट्क, निर्माणका नियमसे बन्धक है ।

विशेषार्थ—नरकगतिमें संहननका अभाव होनेसे उसका बन्ध नहीं बताया है । कारण संहनन अस्थिबन्धन विशेषरूप है, वैक्रियिक शरीरमें अस्थिका अभाव है ।

नरकानुपूर्वीका बन्ध करनेवालेके–नरकगतिके समान जानना चाहिए ।

६९. तिर्यंचगतिका बन्ध करनेवाला–औदारिक, तैजस, कार्मण शरीर, वर्ण ४, तिर्यंचानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात तथा निर्माणका नियमसे बन्धक है । एकेन्द्रिय जातिका स्यात् बन्धक है । इसी प्रकार दो, तीन, चार, पंचेन्द्रिय जातिका स्यात् बन्धक है । पंचजातियोंमें-से एकका बन्धक है; अबन्धक नहीं है । इसी प्रकार छह संस्थानोंमें-से किसी एकका बन्धक है; अबन्धक नहीं है । औदारिक अंगोपांग, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योतका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है । ६ संहननोंका स्यात् बन्धक है ।

विशेषार्थ—तिर्यंचगतिके बन्धकके ६ संहननका बन्ध अविनाभावी नहीं है; कारण एकेन्द्रियोंमें संहनन नहीं होता है । अस्थिबन्धनविशेषको संहनन कहते हैं । एकेन्द्रियोंके अस्थियाँ नहीं पायी जाती हैं । उनके द्वारा गृहीत आहारका मांस रुधिरादिरूप परिणमन नहीं होता है । इस कारण उनके संहननका अभाव कहा है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिया अबंधगो। अथवा छण्णं दोण्णं दोण्णं पि अबं०। तस० सिया०। थावरं सिया०। दोण्णं पगदी० एक्कतरं बं०, ण चेव अबं०। एवं अट्ठयुगलाणं। एवं तिरिक्खाणुं०।

७०. मणुसगदिं बं० पंचिंदि० ओरालिय-तेजाक० ओरालि० अंगो० वण्ण०४ मणुसाणु० अगु० उप० तस-बादर-पत्ते० णिमि० णियमा [बंधगो]। छस्संठा० छस्संघ०पज्जत्ता० अपज्ज० थीरादि-पंच-युग० सिया बं०, सिया अबं०। एदेसिं एक्कतरं बं०, ण चेव अबं०। परघादुस्सा० तित्थय० सिया बं०, सिया अबं०। दो विहा० दो सर० सिया बंध०, सिया अ०। अथवा दोण्णं दोण्णं पि अबं०। एवं मणुसाणु०।

७१. देवगदिं बंधंतो पंचिंदि० वेउव्विय-तेजाक० समचदु० वेउव्वि० अंगो० वण्ण०४ देवाणु० अगु०४ पसत्थ० तस०४ सुभग-सुस्सर-आदे० णिमि० णियमा बं०। आहारदुग-तित्थय० सिया० [बं० सिया] अबं०। थिरादितिण्णि यु० सिया बं०, सिया अबंध०। तिण्णि युगलाणं एक्कतरं बंध०, ण चेव अबं०। एवं देवाणुपु०।

दो विहायोगतिका स्यात् बन्धक है। दो स्वरका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। अथवा ६ संहनन, दो विहायोगति, तथा दो स्वरोंका भी अबन्धक है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंमें संहननके समान विहायोगति तथा स्वरका अभाव है। इस कारण ६, २, २ का अबन्धक भी कहा है।

त्रसका स्यात् बन्धक है। स्थावरका स्यात् बन्धक है। दोनोंमें-से किसी एकका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, शुभ, सुभग, आदेय, यशःकीर्ति और स्थिर इनके आठ युगलोंका इसी प्रकार वर्णन समझना चाहिए अर्थात् प्रत्येक युगलमें-से अन्यतरका बन्धक है, अबन्धक नहीं है। तिर्यंचानुपूर्वीका बन्ध करनेवालेके तिर्यंचगतिके समान भंग है।

७०. मनुष्यगतिका बन्ध करनेवाला—पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, औदारिक अंगोपांग, वर्ण ४, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्धक है। ६ संस्थान, ६ संहनन, पर्याप्त, अपर्याप्त, स्थिरादि पंचयुगलका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। इनमें-से किसी एकका बन्धक है, अबन्धक नहीं है। परघात, उच्छ्वास, तीर्थंकरका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। दो विहायोगति, २ स्वरका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। अथवा दो विहायोगति, दो स्वरका भी अबन्धक है। मनुष्यानुपूर्वीमें मनुष्यगतिके समान जानना चाहिए।

७१. देवगतिका बन्ध करनेवाला—पंचेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस-कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, वर्ण ४, देवानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्त-विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय तथा निर्माणका नियमसे बन्धक है। आहारकद्विक, तीर्थंकरका [स्यात् बन्धक] स्यात् अबन्धक है। स्थिरादि तीन युगलका स्यात् बन्धक स्यात् अबन्धक है। तीन युगलोंमें-से किसी एक युगलका बन्धक है, अबन्धक नहीं है।

देवानुपूर्वीमें देवगतिके समान जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७२. एइंदियं बंधंतो तिरिक्खग० ओरालिय-तेजाक० हुंड० वण्ण०४ तिरिक्खाणु० अगु०उप० थावर-दूभग-अणा० णिमि० णियमा०। पर० उस्सा० आदावुज्जो० सिया बं०, सिया अबं०। बादरसुहुम० सिया [बं०]। दोण्णं० एक्कदरं बं०, ण चेव अबं०। एवं पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय-साधारण-थिराथिर-सुभासुभ-जस-अज० सिया एक्कतरं बं०, ण चेव अ०। एवं थावरं०।

७३. बीइंदि० बंध० तिरिक्खग० ओरालि० तेजाकम्म० हुंडसं० ओरालि० अंगो० असंपत्त० वण्ण०४ तिरिक्खाणुपु० अगु० उप० तस० बादरपत्ते० दूभग-अणा० णिमि० णियमा० [बंधगो]। परघादुस्सा० उज्जोव० अप्पसत्थ० दुस्सर० सिया [बं०] सिया अबं०। पज्जत्ता अपज्ज० सिया [बं०] सिया [अबं०]। दोण्णं युगजो० (१) एक्क० बं०, ण चेव अबं०। एवं थिरादि-तिण्णियुगलाणं एक्कतरं बं०, ण चेव अबं० एवं तीइंदि० चतुरिंदि०।

७४. पंचिंदिय-जादिणामं बंधंतो णिरयगदिं सिया बं०, सिया अबं०। एवं तिरिक्ख-मणुस-देवगदि०। चदुण्णं गदीणं एक्कदरं० बं०, णव चेव अबं०। एवं दो सरीरं० छस्संठा० दो-अंगो० चदुआणु० पज्जत्तापज्जत्त० थिरादि पंचयुगलाणं। आहारदुगं परघादुस्सा० उज्जो० तित्थय० सिया बं०, सिया अ०। तेजाक० वण्ण०४

---

७२. एकेन्द्रिय जातिका बन्ध करनेवाला—तिर्यंचगति, औदारिक-तैजस-कार्मण शरीर, हुंडक संस्थान, वर्ण ४, तिर्यंचानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और निर्माणका नियमसे बन्धक है। परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योतका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। बादर, सूक्ष्मका स्यात् बन्धक है। दोमें-से एकका बन्धक है, अबन्धक नहीं है। इसी प्रकार पर्याप्त-अपर्याप्त, प्रत्येक साधारण, स्थिर-अस्थिर, शुभ-अशुभ, यशःकीर्ति-अयशःकीर्तिमें-से एकतरका स्यात् बन्धक है; अबन्धक नहीं है। स्थावरके विषयमें एकेन्द्रियके समान जानना चाहिए।

७३. दो इन्द्रियका बन्ध करनेवाला—तिर्यंचगति, औदारिक-तैजस-कार्मण शरीर, हुंडक संस्थान, औदारिक अंगोपांग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्ण ४, तिर्यंचानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, दुर्भग, अनादेय तथा निर्माणका नियमसे बन्धक है। परघात, उच्छ्वास, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति तथा दुस्वरका स्यात् बन्धक, स्यात् अबन्धक है। पर्याप्त-अपर्याप्तक स्यात् बन्धक, स्यात् अबन्धक है। दोनोंमें-से एकका बन्धक है, अबन्धक नहीं है। स्थिरादि तीन युगलमें-से एकतरका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। त्रीन्द्रिय, चौइन्द्रियका बन्ध करनेवालेके इसी प्रकार जानना चाहिए।

७४. पंचेन्द्रिय जाति नामकर्मका बन्ध करनेवाला—नरकगतिका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। इसी प्रकार तिर्यंच-मनुष्य-देवगतिमें जानना चाहिए अर्थात् स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। चारों गतियोंमें-से एकका बन्धक है, अबन्धक नहीं है। दो शरीर (औदारिक, वैक्रियिक), छह संस्थान, दो अंगोपांग, ४ आनुपूर्वी, पर्याप्त, अपर्याप्त, स्थिरादि पंच युगलमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए। आहारकद्विक, परघात, उच्छ्वास, उद्योत तथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अगु० उप० तस-बादर-पत्ते० णिमि० णियमा [बंधगो]। छस्संघ० दोविहा० दोस० सिया बंधगो। छण्णं दोण्णं दोण्णं पि एक्कदरं बं०, अथवा छण्णं दोण्णं दोण्णं पि अबं०।

७५. ओरालियसरीरं बंधं० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं णियमा बंध०। तिरिक्खमणुसगदि सिया [बं०]। दोण्णं एक्कदरं बंधगो, ण चेव अबं०। एवं भंगो पंचजादि-छस्संठाणं दो आणु० तसथावरादि-णव-युगलाणं। ओरालि० अंगो० परघादु० आदावुज्जो० तित्थय० सिया बं०, सिया अबं०। छस्संघ० दोविहा० दो सरं सिया बंध०, सिया अबं०। अथवा [छण्णं] दोण्णं दोण्णं पि अबंध०।

७६. वेगुव्वियस० बंधंतो पंचिंदि० तेजाक० वेगुव्विय० अंगो० वण्ण०४ अगु०४ तस०४ णिमिणं णियमा बं०, णिरयगदि-देवगदी० सिया बंध०। दोण्णं एक्कदरं बं०, ण चेव अबंध०। एवं समचदु० हुंडसंठा० दोण्णं आणुपु० दो विहाय०

तीर्थंकर प्रकृतिका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। तैजस, कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, त्रस-बादर, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्धक है। ६ संहनन, दो विहायोगति तथा दो स्वरका स्यात् बन्धक है। इन, ६, २, २ में-से एकतरका बन्धक है, अथवा ६, २, २ का भी अबन्ध है।

७५. औदारिक शरीरका बन्ध करनेवाला – तैजस, कार्मण वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माणका नियमसे बन्धक है। तिर्यंचगति, मनुष्यगतिका स्यात् बन्धक है। दोनोंमें-से अन्यतरका बन्धक है; अबन्धक नहीं है।

विशेषार्थ—देवगति, नरकगतिका सन्निकर्ष वैक्रियिक शरीरके साथ है औदारिकके साथ नहीं है, इससे यहाँ उनका उल्लेख नहीं किया गया है।

पाँच जाति, ६ संस्थान, दो आनुपूर्वी, त्रस-स्थावरादि ९ युगलमें भी तिर्यंच मनुष्यगतिके समान जानना चाहिए।

औदारिक अंगोपांग, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योत और तीर्थंकरका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है।

विशेषार्थ—औदारिक शरीरको धारण करनेवाले एकेन्द्रियके औदारिक अंगोपांग नहीं पाया जाता है। इस कारण औदारिक अंगोपांगका बन्ध यहाँ विकल्प रूपसे कहा गया है।

छह संहनन, दो विहायोगति, दो स्वरका स्यात् बन्धक है, स्यात् अबन्धक है। अथवा [६] २, २ का भी अबन्धक है।

७६. वैक्रियिक शरीरका बन्ध करनेवाला – पंचेन्द्रिय जाति, तैजस-कार्मण शरीर, वैक्रियिक अंगोपांग, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, त्रस ४ और निर्माणका नियमसे बन्धक है।

विशेषार्थ—वैक्रियिक शरीरके साथ वैक्रियिक अंगोपांगका नियमसे बन्ध होता है। इस कारण यहाँ औदारिक शरीर और औदारिक अंगोपांगके समान विकल्प नहीं है।

नरकगति, देवगतिका स्यात् बन्धक है। दोमें-से एकका बन्धक है; अबन्धक नहीं है। समचतुरस्र संस्थान, तथा हुंडक संस्थानमें इसी प्रकार जानना चाहिए अर्थात् इनमें अन्यतरका बन्धक है; अबन्धक नहीं।

विशेषार्थ—वैक्रियिक शरीरधारी देवोंमें समचतुरस्र संस्थान होता है और नारकियोंमें हुंडक संस्थान पाया जाता है। अन्य संस्थानोंका वैक्रियिक शरीरके साथ सन्निकर्ष नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थिरादि-छयुग० सिया एदेसिं एक्करं बं०ध० ण चेव अबं०। आहारदुगं सिया [बं०] तित्थयरं सिया [बं] एवं वेगुव्विय अंगो०।

७७. आहारसरीरं बंधंतो देवगदिपंचिंदियजादि-तिण्णं सरीरं० समचदु० दो अंगो० वण्ण०४ देवाणु० अगुरु० पसत्थ० तस०४ थिरादिछ० णिमि० णियमा बं०। तित्थयरं सिया [बं०] एवं आहारंगोव०।

७८. तेजासरी० बं० चदुगदि० सिया बं०। चदुण्णं गदीणं एक्कदरं बं०, ण चेव अबं०। पंचजादि-दोसरी० छसंठा० चदुआणु० तस-थावरादि-णवयुगलं गदि-भंगो। आहारदुगं पर० उस्सा० आदावुज्जोव-तित्थय० सिया बं०। दो अंगो० छसंघ० दो विहाय-दोस [र]० सिया बं० सिया अबं०। दोण्णं छण्णं दोण्णं दोण्णं पि एक्कदरं बं०। अथवा दोण्णं छण्णं दोण्णं दोण्णं पि अबंधगो। एवं कम्मइय०।

७९. वण्ण०४ अगु० उप० णिमि० समचदु० बंधंतो तिरिक्ख-मणुस-देवगदि

दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थिरादि छह युगलमें-से अन्यतरका स्यात् बन्धक है, अबन्धक नहीं है।

विशेषार्थ—वैक्रियिक शरीरके साथ संहननका बन्ध नहीं होता है, कारण देव-नारकियोंके संहनन नहीं पाया जाता है।

बन्धसामित्तविचयखण्डमें लिखा है कि तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धके भवको मिलाकर तीसरे भवमें तीर्थंकर प्रकृतिकी सत्तावाला जीव मोक्ष जाता है, ऐसा नियम है। अर्थात् इससे अधिक वह संसारमें भवधारण नहीं करता है।

१८४. संयतासंयतोंमें—तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धक संख्यात हैं, अबन्धक असंख्यात हैं।

विशेष—'सेसं बंधा० आयु दो० प०' असंखेज्जा'—इस पंक्तिका स्पष्ट भाव समझमें नहीं आया, अतः नहीं लिखा।

असंयतोंमें—ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धक अनन्त हैं, अबन्धक नहीं हैं। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४, औदारिक शरीरके बन्धक अनन्त हैं, अबन्धक संख्यात हैं। तीर्थंकरके बन्धक असंख्यात हैं, अबन्धक अनन्त हैं। शेष प्रकृतियोंमें तिर्यंचोंके ओघवत् जानना चाहिए। कृष्ण, नील, कापोत लेश्यामें इसी प्रकार है। विशेष, कृष्ण, नील लेश्यामें तीर्थंकरके बन्धक संख्यात तथा अबन्धक अनन्त हैं। तेजोलेश्यामें—[1]मनुष्यायु, आहारकद्विकके बन्धक संख्यात, अबन्धक असंख्यात हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके बन्धक, अबन्धक असंख्यात हैं। पद्मलेश्यामें—इसी प्रकार है। इसमें जो कुछ विशेषता है उसे जान लेना चाहिए।

विशेष—इस लेश्यामें तेजोलेश्याकी अपेक्षा एकेन्द्रिय, स्थावर तथा आतपका बन्ध नहीं होता है।

शुक्ललेश्यामें—मनोयोगीके समान भंग है। विशेष, दो आयु, आहारकद्विकके बन्धक संख्यात, अबन्धक असंख्यात हैं।

१८५. भव्यसिद्धिकोंमें—काययोगीके समान भंग है। विशेष, यहाँ वेदनीयके अबन्धक संख्यात हैं।

विशेष—भव्यजीवोंमें अयोगकेवली गुणस्थान भी पाया जाता है, इस अपेक्षा वेदनीयके अबन्धक यहाँ कहे गये हैं।

सम्यक्त्वे इति भिन्नविभक्तिकरणं तत्सम्यक्त्वे स्तोकान्तर्मुहूर्तकालत्वात् षोडशभावना-समृद्धयभावात् तद्बन्ध प्रारम्भो न इति केषांचित् पक्षं ज्ञापयति॥ —संस्कृतटीका, पृ० ७८। पारद्धतित्थयबंधभवादो तदियभवे। तित्थयरसंतकम्मियजीवाणं मोक्खगमणनियमादो॥ —बंधसामित्तविचय, ताम्रपत्र प्रति पृ० ७५।

१. मिच्छस्संतिमणवयं वारं णहि तेउपम्मेसु।" —गो० क०, गा० १२०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्मादिट्ठि धुविगाणं बंधगा असंखेज्जा, अबंधगा अणंता। सेसाणं धुविगाणं भंगो। पत्तेगेण साधारणेण वि मणुसायुआहारदुगं बंधगा संखेज्जा। एवं खइगसम्मादिट्ठीणं। णवरि देवायुबंधगा संखेज्जा, अबंधगा अणंता। वेदग०–धुविगाणं बंधगा असंखेज्जा।

विशेषार्थ—भव्यसिद्धिक जीव द्रव्य प्रमाणसे कितने हैं? इसके उत्तरमें 'खुद्दाबन्ध' सूत्रमें आचार्य कहते हैं "अणंता" (१५६)। अभव्यसिद्धिक जीव भी 'अणंता' अनंत कहे गये हैं। 'धवला'टीकामें यह शंका-समाधान दिया गया है:—

शंका– व्ययके न होनेसे व्युच्छित्तिको प्राप्त न होनेवाली अभव्यराशिके 'अनन्त' यह संज्ञा कैसे सम्भव है?

समाधान—नहीं, क्योंकि अनन्तरूपके केवलज्ञानके ही विषयमें अवस्थित संख्याके उपचारसे अनन्तपना माननेमें कोई विरोध नहीं आता।

यद्यपि अभव्य जीवराशि भव्य राशिके समान अनन्त कही गयी है, किन्तु उनमें बहुत अन्तर है। 'गोम्मटसार' जीवकाण्डमें लिखा है:

अवरो जुत्ताणंतो अभव्वरासिस्स होदि परिमाणं।
तेण विहीणो सव्वो संसारी भव्वरासिस्स ॥५६०॥

अभव्यराशिका परिमाण जघन्य मुक्तानन्त है। उससे रहित संसारी जीवोंकी संख्या प्रमाण भव्य जीवराशि कही है।

अभव्यराशिको अनन्तगुणा किया जाये, तो सिद्ध राशिके अनन्तवें भाग प्रमाण संख्या आती है। उतना समय प्रबद्धका प्रमाण कहा गया है। कहा भी है:—

[2]सिद्धाणंतिमभागं अभव्वसिद्धादणंतगुणमेव।
समयपबद्धं बंधदि जोगविसादो दु विसरित्थं ॥ गो० क०४ ॥

'धवला'टीकामें लिखा है—**"सिद्धि-पुरक्कदा भविया णाम"** सिद्धि पुरस्कृत जीवोंको भव्य कहते हैं। **'तव्विदीया अभविया णाम'** - इसके विपरीत जीवोंको अभव्य कहते हैं। **"सिद्धा पुण न भविया, ण च अभविया तव्विवरीद-सरूवत्तादो"** (खु० बं०,पृ० २४२) सिद्ध जीव न तो भव्य हैं और न अभव्य हैं, क्योंकि उनका स्वरूप भव्य तथा अभव्यसे विपरीत है। भव्योंकी राशि अक्षय अनन्त कही गयी है। भूतबलि स्वामी कहते हैं: **"अणंताणंता हि ओसप्पिणी-उस्सप्पिणीहि ण अवहिरंति कालेण"** (खु० बं०,सू० १५७) भव्यसिद्धिक जीव अनन्तानन्त अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी प्रमाणकालसे अपहृत नहीं होते।

सम्यग्दृष्टियोंमें – ध्रुवप्रकृतियोंके बन्धक असंख्यात हैं; अबन्धक अनन्त हैं। शेष प्रकृतियोंका ध्रुव प्रकृतिवत् भंग है। प्रत्येक तथा सामान्यसे मनुष्यायु तथा आहारकद्विकके बन्धक संख्यात हैं।

क्षायिक सम्यक्त्वियोंमें – इसी प्रकार जानना चाहिए। विशेष, देवायुके बन्धक संख्यात, अबन्धक अनन्त हैं। **वेदकसम्यक्त्वमें** – ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धक असंख्यात हैं,

---

२. सिद्धराश्यनन्तैकभागं, अभव्यसिद्धेभ्योऽनन्तगुणं तु पुनः योगवशाद् विसदृशं समयप्रबद्धं बध्नाति। समये समये प्रबध्यते इति समयप्रबद्धः।

ण य जे भव्वाभव्वा मुत्तिसुहातीदणंतसंसारा।
ते जीवा णायव्वा णेव य भव्वा अभव्वा य ॥ –गो० जी०,५५६॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अबंधगा णत्थि। सेसं पत्तेगेण ओधिभंगो। साधारणे अबंधगा णत्थि। आयुवज्ज-रिसहाणं ओधिभंगो। सासणे–मणुसायुबंधगा संखेज्जा। सेसभंगा असंखेज्जा। सम्मा-मिच्छे–सव्वभंगा असंखेज्जा। अणाहारगेसु–पंचणा० णवदंस० मिच्छत्त-सोलसक० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ अगुरु०४ आदाउज्जो० णिमि० पंचंतराइगाणं बंधगा अबंधगा अणंता। सादासादबंधगा अबंधगा अणंता। एवं सेसाणं पि। णवरि देवगदिपंचगं बंधगा संखेज्जा, अबंधगा अणंता।

एवं परिमाणं समत्तं

अबन्धक नहीं हैं। शेष प्रकृतियोंका प्रत्येक रूपसे अवधिज्ञानके समान भंग है। सामान्यसे अबन्धक नहीं है। आयु तथा वज्रवृषभसंहननका अवधिज्ञानके समान भंग जानना चाहिए। सासादनमें – मनुष्यायुके बन्धक संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके भंग असंख्यात हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंमें – सर्व भंग असंख्यात जानना चाहिए। अनाहारकोंमें – ५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, आतप, उद्योत, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंके बन्धक अबन्धक अनन्त हैं। साता-असाताके बन्धक-अबन्धक अनन्त हैं। इसी प्रकार शेष प्रकृतियोंमें भी जानना चाहिए। विशेष यह है कि देवगति ५ के बन्धक संख्यात हैं, अबन्धक अनन्त हैं।

इस प्रकार परिमाणानुगम समाप्त हुआ।

---

१. आहाराणुवादेण आहारा अणाहारा दव्वपमाणेण केवडिया ? अणंता। अणंताणंताहि ओसप्पिणि उस्सप्पिणीहि न अवहिरंति कालेण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[खेत्ताणुगम-परूवणा]

१८६. खेत्ताणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण पंचणा० णवदंस० मिच्छत्त-सोलसक० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमि० पंचतराइगाणं बंधा (बंधगा) केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे। अबंधगा केवडिखेत्ते ? लोगस्स

[क्षेत्रानुगम]

क्षेत्रानुगम ओघ तथा आदेशसे दो प्रकारसे निर्देश करते हैं।

विशेषार्थ—जीवादि द्रव्योंका वर्तमान आवासस्थल क्षेत्र हैं। यह नामक्षेत्र, स्थापना-क्षेत्र, द्रव्यक्षेत्र तथा भावक्षेत्रके भेदसे चार प्रकारका है। यहाँ द्रव्यक्षेत्रसे प्रयोजन है। इसके भेद तद्व्यतिरिक्त नोआगमका दूसरा भेद जो नोकर्मद्रव्य है, वह औपचारिक तथा पारमार्थिक भेदयुक्त है। धान्यादिक्षेत्र औपचारिक क्षेत्र हैं, आकाशद्रव्य पारमार्थिक नोकर्म तद्व्यतिरिक्त तो आगम द्रव्य-क्षेत्र है। वीरसेन स्वामीने धवलाटीका (जीवट्ठाण भाग ३ पृ० ७) में कहा है, "**तत्थ ओवयारियं णोकम्मदव्वखेत्तं लोगपसिद्धं सालिखेत्तं वीहिखेत्तमेवमादि। पारमत्थियं णोकम्मदव्वखेत्तं आगासदव्वं ··· एदेसु खेत्तेसु केणं खेत्तेण पयदं णोआगमदो दव्वखेत्तेण पयदं।**"

जिस प्रकारसे द्रव्य अवस्थित है, उस प्रकारसे उनको जानना अनुगम कहलाता है। क्षेत्रके अनुगमको क्षेत्रानुगम कहते हैं, "**जधा दव्वाणि ट्ठिदाणि तधावबोधो अणुगमो। खेत्तस्स अणुगमो खेत्ताणुगमो।**" निर्देशका अर्थ है प्रतिपादन करना अथवा कथन करना, "**णिद्देसो पडुप्पायणं कहणमिदि एयट्ठो**" (पृ०६)। जीवादि द्रव्य आकाशके जितने भागमें पाये जाते हैं, उसे लोक कहते हैं। उसके सिवाय अवशिष्ट आकाशको अलोकाकाश कहते हैं। इस क्षेत्रानुगमका लोकाकाशसे सम्बन्ध है। अलोकाकाशमें आकाशके सिवाय अन्य द्रव्योंका अभाव होनेसे प्रस्तुत प्ररूपणामें उससे प्रयोजन नहीं है। 'पंचास्तिकाय'में कुन्दकुन्द स्वामीने इस अलोकाकाशको "**अंतवदिरित्तं**" अन्तरहित (अनन्त) कहा है। लोकाकाश तीन सौ तेंतालीस घन राजू प्रमाण कहा गया है।

ओघसे – ५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंके बन्धक जीव कितने क्षेत्रमें हैं ? सर्वलोकमें।

विशेषार्थ—लोक शब्दका अर्थ है—"**लोक्यंते उपलभ्यन्ते यस्मिन् जीवादि द्रव्याणि स लोकः तद्विपरीतो लोकः।**" देशके भेदसे क्षेत्रके तीन भेद कहे हैं। वीरसेन स्वामीने लिखा है—"**मंदरचूलियादो उवरिमुड्ढलोगो, मंदरमूलादो हेट्ठा अधोलोगो मंदर-परिच्छिण्णो मज्झलोगो त्ति**" (जी० खे०,पृ० ६) – मंदराचल अर्थात् सुमेरु पर्वतकी चूलिकासे ऊपर ऊर्ध्वलोक है। मन्दरगिरिके मूलसे नीचेका क्षेत्र अधोलोक है। मन्दराचलसे परिच्छिन्न मध्यलोक है। इस लोक-विभाजनमें सुमेरु गिरिकी प्रधानताको लक्ष्यमें रखकर आचार्य अकलंकदेव उसे लोकका मानदण्ड कहते हैं, "**मेरुरयं त्रयाणां लोकानां मानदण्डः**" (त० रा०)'**खुदा-**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बन्ध' सूत्रकी टीकामें लोकको पंचविध कहा है—"एत्थ लोगो पंचविहो उड्ढलोगो अधोलोगो तिरियलोगो मणुसलोगो सामण्णलोगो चेदि। एदेसिं पंचण्हं पि लोगाणं लोगग्गहणेण गहणं कादव्वं" (पृ० ३०१) – यहाँ लोक ऊर्ध्वलोक, अधोलोक, तिर्यग्लोक, मनुष्यलोक, सामान्य लोक इस प्रकार पंचभेदसहित है। लोकके ग्रहण करनेसे पाँचों लोकोंका ग्रहण करना चाहिए। मनुष्य लोकका तिर्यग्लोकमें अन्तर्भाव होनेसे लोकत्रयकी मान्यताका सर्वत्र प्रचार है। धवला-टीकाकारने पंचविध लोकोंको लक्ष्यमें रखकर तत्त्व-प्रतिपादन किया है। तीनसौ तेतालीस घनराजू प्रमाण सामान्य लोक है। एकसौ छयानवे घनराजू प्रमाण अधोलोक है, एकसौ सैंतालीस घनराजु प्रमाण ऊर्ध्वलोक है। एक लाख योजन ऊँचा, पूर्व पश्चिममें एक राजू चौड़ा तथा उत्तर दक्षिणमें सात राजू लम्बा तिर्यग्लोक है। पैंतालीस लाख योजन लम्बे तथा चौड़े और एक लाख योजन ऊँचे क्षेत्रको मनुष्यलोक कहा गया है।

इस पंचविधलोकमें जीवका संचार होता है। 'खुद्दाबन्ध' क्षेत्रानुगम प्ररूपणामें स्वस्थान, समुद्घात तथा उपपादकी अपेक्षा क्षेत्रका कथन किया है। 'धवला'टीकामें यह महत्त्वपूर्ण तथा उपयोगी कथन किया गया है। स्वस्थान पद स्वस्थान-स्वस्थान तथा विहारवत्स्वस्थानके भेदसे दो प्रकार है। अपने-अपने उत्पन्न होनेके ग्रामादिकोंकी सीमाके भीतर परिभ्रमण करनेको स्वस्थान-स्वस्थान कहते हैं। इससे बाह्य प्रदेशमें घूमनेको विहारवत्स्वस्थान कहते हैं।

नेत्रवेदना, शिरोवेदना आदिके द्वारा जीवोंके प्रदेशोंका उत्कृष्टतः शरीरसे तिगुने प्रमाण विसर्पणको वेदना समुद्घात कहते हैं। क्रोध, भय आदिके द्वारा जीवके प्रदेशोंका शरीरसे तिगुने प्रमाण (शरीर-तिगुण) प्रसर्पणको कषाय समुद्घात कहा है। वैक्रियिक शरीरके उदयवाले देव और नारकी जीवोंका अपने स्वाभाविक आकारको छोड़कर अन्य आकारसे रहनेका नाम वैक्रियिक समुद्घात है। अपने वर्तमान शरीरको नहीं छोड़कर ऋजुगति-द्वारा या विग्रहगति-द्वारा आगे जिसमें उत्पन्न होना है ऐसे क्षेत्र तक जाकर शरीरसे तिगुने विस्तार-से अथवा अन्य प्रकारसे (शरीरतिगुण-बाहल्लेण अण्णहा वा) अन्तर्मुहूर्त तक रहनेको मारणान्तिक समुद्घात कहा है। मारणान्तिक समुद्घात निश्चयसे आगामी जहाँ उत्पन्न होना है, ऐसे क्षेत्रकी दिशाके अभिमुख होता है। अन्य समुद्घातोंमें दशों दिशाओंमें गमन पाया जाता है। जिसने आगामी भवकी आयु बाँध ली है, ऐसे बद्धायुष्क जीवके ही मारणान्तिक समुद्घात होता है। इस समुद्घातका आयाम अर्थात् विस्तार उत्कृष्टतः अपने उत्पद्यमान क्षेत्रके अन्त तक है, इतर समुद्घातोंमें यह नियम नहीं है।

तैजस शरीरके विसर्पणको तैजस समुद्घात कहते हैं। यह निस्सरणात्मक तथा अनि-स्सरणात्मक भेदसे दो प्रकारका है। निस्सरणात्मक तैजसके प्रशस्त तैजस, अप्रशस्त तैजस ये दो भेद हैं। अप्रशस्त-निस्सरणात्मक तैजसशरीर समुद्घात बारह योजन लम्बा, नौ योजन विस्तारवाला सूच्यंगुल संख्यातवें भाग मोटाईवाला, जपापुष्पके समान लालवर्णवाला, भूमि और पर्वतादिके दहन करनेमें समर्थ, प्रतिपक्षरहित, रोषरूप इन्धनवाला, बायें कन्धेसे उत्पन्न होनेवाला और इच्छित क्षेत्र प्रमाण विसर्पण करनेवाला होता है। जो प्रशस्त निस्सरणात्मक तैजसशरीर समुद्घात है, वह भी विस्तार आदिमें अप्रशस्त तैजसके ही समान है, किन्तु इतनी विशेषता है कि वह हंसके समान धवलवर्णवाला है। सीधे कन्धेसे उत्पन्न होता है। प्राणियों-पर अनुकम्पाके निमित्तसे उत्पन्न होता है। मारी रोग आदिके प्रशमन करनेमें समर्थ होता है। अप्रशस्त तैजसके विषयोंमें 'राजवार्तिक'में लिखा है कि वह उग्र चारित्रवाले तथा अत्यन्त क्रुद्ध मुनिके निकलता है (यतेरुग्रचारित्रस्यातिक्रुद्धस्य)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक हस्तप्रमाण, सर्वांग सुन्दर, समचतुरस्र संस्थानयुक्त, हंसके समान धवल, रुधिर मांसादि सप्त धातुओंसे रहित, विष, अग्नि एवं शस्त्रादि समस्त बाधाओंसे मुक्त; वज्र, शिला, स्तम्भ, जल, व पर्वतमें-से गमन करनेमें दक्ष तथा मस्तकसे उत्पन्न हुए शरीरसे तीर्थंकरके पाद मूलमें जानेका नाम आहारक समुद्घात है। 'गोम्मटसार' जीवकाण्डमें आहारक शरीरको असंहणणं – संहननरहित कहा है, क्योंकि इस देहमें अस्थिबन्धन विशेषका असद्भाव है। जीवकाण्डमें यह भी कहा है कि निजक्षेत्रमें केवली श्रुतकेवलीका अभाव हो और सुदूर क्षेत्रमें केवलिद्वय विद्यमान हों तथा तीर्थंकर भगवान्के तपादि कल्याणकत्रय हो तब असंयम परिहार हेतु, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तरायके क्षयोपशमकी मंदता होनेपर धर्मध्यानका विरोधी श्रुत (शास्त्र) के अर्थमें सन्देह उत्पन्न हो, उस सन्देह निवारणार्थ तथा 'जिण-जिणघर-वंदणट्ठं' जिन तथा जिन-मन्दिरकी वन्दनार्थ आहारक शरीर उत्पन्न होता है।[1] यह शरीर अव्याघाती होता है। कदाचित् पर्याप्ति पूर्ण होनेपर आयु क्षय होनेसे इस शरीरधारी मुनिका मरण भी होना सम्भव है। आहारक तथा तैजस समुद्घात मनुष्यनीके नहीं होते (मणुसिणीसु तेजाहारं णत्थि- खु० ब०)

वेदनीय कर्मके निषेकोंकी बहुलता हो तथा आयुकी स्थिति अल्प हो, तब आयु कर्मके समान शेष कर्मोंकी स्थिति करनेके लिए दण्ड, कपाट, प्रतर तथा लोकपूरणरूप केवलि समुद्घात होता है।

जिसकी अपने विष्कम्भसे कुछ अधिक तिगुनी परिधि है ऐसे पूर्व शरीरके बाहल्यरूप अथवा पूर्व शरीरसे तिगुने बाहल्य रूप दण्डाकारसे केवलीके जीव प्रदेशोंका कुछ कम चौदह राजू फैलनेका नाम दण्डसमुद्घात है। दण्डसमुद्घातमें कथित बाहल्य और आयामके द्वारा वात-वलयसे रहित सम्पूर्ण क्षेत्रके व्याप्त करनेका नाम कपाटसमुद्घात है। केवली भगवान्के जीव प्रदेशोंका वातवलयसे रुके हुए क्षेत्रको छोड़कर सम्पूर्ण लोकमें व्याप्त होनेका नाम प्रतर-समुद्घात है। घनलोक प्रमाण केवली भगवान्के जीव प्रदेशोंका सर्वलोकमें व्याप्त करनेको केवलिसमुद्घात कहते हैं।

उपपाद एक प्रकारका है। वह भी उत्पन्न होनेके पहले समयमें ही होता है। उपपादमें ऋजुगतिसे उत्पन्न हुए जीवोंका क्षेत्र बहुत नहीं पाया जाता है, क्योंकि इसमें जीवके समस्त प्रदेशोंका संकोच होता है (संकोचिदासे सजीवपदेसादो)।

इस प्रकार स्वस्थानके दो भेद, समुद्घातके सात भेद तथा एक उपपाद इन दश विशेषणोंसे यथासम्भव विशेषताको प्राप्त क्षेत्रका निरूपण किया गया है।

अबन्धक कितने क्षेत्रमें हैं ? लोकके असंख्यातवें भागमें अथवा असंख्यात भागोंमें वा सर्वलोकमें रहते हैं।

विशेषार्थ—ज्ञानावरणादिके अबन्धक उपशान्तकषायादि गुणस्थानवर्ती जीवोंका क्षेत्र लोकका असंख्यातवाँ भाग है। सयोगी जिनके प्रतर-समुद्घातकी अपेक्षा लोकके असंख्यात बहुभाग हैं। क्योंकि यहाँ वातवलयोंमें जीव प्रदेश नहीं पाये जाते। लोकपूरण समुद्घातकी

१. आहारस्सुदएण य पमत्तविरदस्स होदि आहारं।
असंजमपरिहरणट्ठं संदेहविणासणट्ठं च ॥२३५॥
णियखेत्ते केवलिदुगविरहे णिक्कमणपहुदिकल्लाणे।
परखेत्ते संवित्ते जिण-जिणघर वंदणट्ठं च ॥२३६॥ –गो० जी०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखेज्जदिभागे, असंखेज्जेसु वा भागेसु वा सव्वलोगे वा। सादासाद-बंधगा अबंधगा केवडिखेत्ते? सव्वलोगे। दोण्णं वेदणीयाणं बंधगा केवडिखेत्ते? सव्वलोगे। अबंधगा केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। एवं सेसाणं पत्तेगेण वेदणीय-भंगो। साधारणेण धुविगाणं भंगो। णवरि तिण्णि-आयु-वेउव्वियछक्क-आहारदुगं तित्थयरं बंधगा केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अबंधगा सव्वलोगे। चदु-आयु-दो-अंगोवंग-छस्संघ०-दोविहायगदि-दोसराणं बंधगा अबंधगा केवडिखेत्ते? सव्वलोगे। एवं परघादुस्सासाणं। एवं कायजोगि-कम्मइग०भवसिद्धिया-अणाहारगाणं। णवरि कम्मइगस्स यं हि केवलिभंगो तं हि लोगस्स असंखेज्जेसु वा भागेसु सव्वलोगे वा। एवं

अपेक्षा सर्वलोक क्षेत्र कहा है।[1]

साता-असाताके बन्धक अबन्धक जीव कितने क्षेत्रमें रहते हैं? सर्व लोकमें रहते हैं। दोनों वेदनीयके बन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं? सर्वलोकमें। अबन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं? लोकके असंख्यातवें भागमें रहते हैं।

विशेष—दोनोंके अबन्धक अयोगी जिन हैं। उनकी अपेक्षा लोकका असंख्यातवाँ भाग कहा है।

इसी प्रकार शेष प्रकृतियोंका पृथक्-पृथक् रूपसे वेदनीयके समान भंग जानना चाहिए। सामान्य रूपसे शेष प्रकृतियोंका ध्रुव प्रकृतिवत् भंग जानना चाहिए। विशेष, ३ आयु, वैक्रियिकषट्क, आहारकद्विक तथा तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं? लोकके असंख्यातवें भागमें रहते हैं। अबन्धक सर्वलोकमें रहते हैं।

४ आयु, २ अंगोपांग, ६ संहनन, २ विहायोगति और २ स्वरोंके बन्धक, अबन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं? सर्वलोकमें रहते हैं। इसी प्रकार परघात तथा उच्छ्वास प्रकृतिमें भी लगा लेना चाहिए।

इसी प्रकार काययोगी, कार्मण[2] काययोगी, भव्यसिद्धिकों तथा अनाहारकोंमें जानना चाहिए। विशेष यह है कि कार्मण काययोगीमें जो केवलीका भंग है, उसमें लोकका असंख्यात बहुभाग अथवा सर्वलोकप्रमाण क्षेत्र जानना चाहिए।

विशेषार्थ— कार्मण-काययोग चारों गतिसम्बन्धी विग्रहगतिमें, प्रतर-लोक-समुद्घात मुक्त केवलीके होता है, "**कार्मणकाययोगः स्यात् स चतुर्गतिविग्रहकाले सयोगस्य प्रतरलोकपूरणकाले च भवति**" [गो० जी०, टी० पृ० ११२५, गा० ६८४] प्रतर समुद्घातमें लोकका असंख्यात बहुभाग, लोकपूरण समुद्घातमें नामानुसार लोकपूर्णता होनेसे सर्वलोक क्षेत्र कहा है।

---

१. पदरसमुग्घादे लोयस्स असंखेज्जेसु भागेसु अवट्ठाणं होदि। वादवलएसु जीवपदेसाणमभावादो। लोगपूरणसमुग्घादे सव्वलोगे अवट्ठाणं होदि।—खु० ३११। २. "कम्मइयकायजोगिसु सजोगिकेवली केवडिखेत्ते लोगस्स असंखेज्जेसु भागेसु, सव्वलोगे वा।"— षट्खं०—खु० बं० ४०, ४२। भवियाणुवादेण भवसिद्धिया अभवसिद्धिया सत्थाणेण उववादेण केवडिखेत्ते? सव्वलोगे। अणाहाराकेवडिखेत्ते? सव्वलोए॥ १०७, १०८; १२३, १२४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरालियसरीर-ओरालियमिस्स-अचक्खुदंसण-आहारग त्ति। णवरि केवलिभंगो णत्थि।

१८७. आदेसेण णेरइएसु–सव्वे भंगा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। एवं सव्वणेरइएसु, सव्वपंचिंदिय-तिरिक्ख-मणुस-अपज्जत्त-सव्वदेव-सव्वविगलिंदिय-तस-अपज्जत्त-बादर-पुढवि० आउ० तेउ० बादरवणप्फदि-पत्तेय० पज्जत्ता-पंचमण० पंचवचि० [वेउव्विय] वेउव्वियमिस्स० आहार० आहारमिस्स० इत्थि० पुरिस० विभंग० आभिणि० सुद० ओधि० मणपज्जव० सामाइय० छेदोव० परिहार० सुहुमसंप० संजदासंज० चक्खुदं० ओधिदंसण-तेउलेस्सा-पम्मलेस्सा-वेदगसम्मा० उवसमसम्मा० सासण० सम्मामिच्छाइट्ठि सण्णि त्ति। तिरिक्खेसु–धुविगाणं बंधगा केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे। अबंधगा

इसी प्रकार औदारिक काययोगी, औदारिक मिश्र काययोगी, अचक्षुदर्शनी तथा आहारकमें जानना चाहिए। विशेष यह है कि इसमें केवलीका भंग नहीं है।[1]

विशेषार्थ—औदारिककाययोगी स्वस्थान, वेदनासमुद्घात, कषाय तथा मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा सर्वलोकमें रहते हैं। विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा तीन लोकोंके असंख्यातवें भागमें, तिर्यग्लोकके संख्यातवें भागमें और मनुष्यलोकसे असंख्यातगुणे क्षेत्रमें रहते है। वैक्रियिक समुद्घात, तैजससमुद्घात और दण्डसमुद्घातको प्राप्त उक्त जीव चार लोकोंके असंख्यातवें भागमें और अढ़ाई द्वीपसे असंख्यात गुणे क्षेत्रमें रहते हैं। इतना विशेष है कि तैजससमुद्घातको प्राप्त उक्त जीव मानुषक्षेत्रके संख्यातवें भागमें रहते हैं। यहाँ कपाटप्रतर तथा लोकपूरण और आहारक समुद्घात पद नहीं हैं। औदारिककाययोगीके उपपाद नहीं है।

१८७. [2]आदेशसे – नारकियोंमें सर्व भंग लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। इसी प्रकार सर्व नारकी जीवोंमें जानना चाहिए। सर्व पंचेन्द्रिय-तिर्यंच-मनुष्यके अपर्याप्तक, संपूर्ण देव, सर्व विकलेन्द्रिय, त्रस, इनके अपर्याप्त, बादर-पृथ्वी-जल-अग्नि, बादर वनस्पति प्रत्येक, इनके पर्याप्तक, ५ मनयोगी, ५ वचनयोगी, [वैक्रियिक] वैक्रियिकमिश्र, आहारक, आहारकमिश्र योगी, स्त्री-पुरुषवेद, विभंगज्ञान सुमति, सुश्रुत, अवधि-मनःपर्ययज्ञान, सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय, संयतासंयत, चक्षुदर्शन, अवधिदर्शन, तेज-पद्मलेश्या, वेदकसम्यक्त्वी, उपशमसम्यक्त्वी, सासादन सम्यक्त्वी, मिश्रसम्यक्त्वी तथा संज्ञीपर्यन्त इसी प्रकार है। अर्थात् यहाँ क्षेत्र लोकका असंख्यातवाँ भाग है।[3]

---

१. कायजोगी–ओरालियमिस्सकायजोगी सत्थाणेण समुग्घादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोए। ओरालियकायजोगी सत्थाणेण समुग्घादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोए। उववादं णत्थि। अचक्खुदंसणी असंजदभंगो। असंजदा णवुंसयभंगो। णवुंसयवेदा सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोए। आहाराणुवादेण आहारा सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते सव्वलोगे॥ —खुद्दाबंध, खेत्ताणुगम। २. "आदेसेण गदियाणुवादेण णिरयगदीए णेरइएसु मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्माइट्ठित्ति केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। एवं सत्तसु पुढवीसु णेरइया।" –ध० टी०, खे० सू० ५, ६,। ३. पंचिंदियतिरिक्ख-पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्ता-पंचिंदियतिरिक्ख-जोणिणी पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्ता सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? (६) लोगस्स असंखेज्जदिभागे (७)। मणुसगदीए मणुसा मणुसपज्जत्ता मणुसिणी सत्थाणेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। असंखेज्जेसु वा भाएसु सव्वलोगे वा। मणुस-अपज्जत्ता सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णत्थि। सादासादबंधगा अबंधगा केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे। दोण्णं वेदणीयाणं

विशेषार्थ—धवलाटीकामें लिखा है—"णेरइया सव्वपदेहि चदुण्णं लोगाणमसंखेज्जदिभागे होंति माणुसलोगादो असंखेज्जगुणे" [खु० बं०,पृ० ३०१] नारकी जीव सर्वपदोंसे ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक, अधोलोक, सामान्यलोक रूप चार लोकोंके असंख्यातवें भागमें तथा मनुष्यलोकसे असंख्यातगुणे क्षेत्रमें रहते हैं। इनमें वेदना, कषाय, वैक्रियिक तथा मारणान्तिक समुद्घात होते हैं। तैजस, आहारक तथा केवलसमुद्घात नहीं होते, क्योंकि उनका असंयमियोंमें असद्भाव है।

तिर्यंचोंमें[1]—ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं ? सर्वलोकमें। अबन्धक नहीं हैं। साता और असाताके बन्धक,अबन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं ? सर्वलोकमें।

असंखेज्जदिभागे। (८-१४)। देवगदीए देवा सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। (१५,१६) बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय तस्सेव पज्जत्ता-अपज्जत्त सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे (२४,२५)। तसकाइय-तसकाइयपज्जत्त-अपज्जत्ता पंचिंदिय-पज्जत्त-अपज्जत्ताणं भंगो (५१)। पंचिंदिय-पंचिंदियपज्जत्ता सत्थाणेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे, असंखेज्जेसु वा भागेसु, सव्वलोगे वा। पंचिंदिय-अपज्जत्ता सत्थाणेण, समुग्घादेण, उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे (२६-३१)। बादरपुढविकाइय-बादरआउकाइय-बादरतेउकाइय-बादरवणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीरा, तस्सेव अपज्जत्ता सत्थाणेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे (३४-३७)। जोगाणुवादेण पंचमणजोगि पंचवचिजोगी सत्थाणेण समुग्घादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे (५२,५३) उववादं णत्थि, मणजोग-वचिजोगाणं विवक्खादो — खु० बं०,ध० टी०,पृ० ३४१। वेउव्विमिस्सकायजोगी सत्थाणेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घात-उववादा णत्थि (६२, ६३, ६४)। आहारकायजोगी वेउव्वियकायजोगिभंगो। वेउव्वियकायजोगीसत्थाणेण केवडिखेत्तं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। उववादो णत्थि (६५, ५९—६१) आहारमिस्सकायजोगी वेउव्वियमिस्सभंगो (६६)। वेदाणुवादेण इत्थिवेदा पुरिसवेदा सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे (७०,७१) विभंगणाणि-मणपज्जवणाणी सत्थाणेण समुग्घादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। उपवादं णत्थि (८२,८३) एदेसिं दोण्हं णाणायामपज्जत्तकाले संभवाभावादो। आभिणिबोहियसुद-ओधिणाणी सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। (८४, ८५) सामाइयच्छेदोवट्ठावण-सुद्धिसंजदा परिहार-सुद्धिसंजदा सुहुमसांपराइय सुद्धिसंजदा संजदासंजदा मणपज्जवणाणिभंगो (९२)। दंसणाणुवादेण चक्खु-दंसणी सत्थाणेण समुग्घादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। (९४,९५) उववादं सिया अत्थि, सिया णत्थि। लद्धिं पडुच्च अत्थि, णिव्वत्तिपडुच्च णत्थि। जदि लद्धिं पडुच्च णत्थि केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। (९६,९७)। ओधिदंसणी ओधिणाणिभंगो ॥९९॥ तेउ-पम्मलेस्सिया सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे (१०२, १०३)। वेदगसम्माइट्ठि-उवसमसम्माइट्ठि-सासण-सम्माइट्ठी सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। सम्मामिच्छाइट्ठी सत्थाणेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे (११२-११५) सण्णियाणुवादेण सण्णी सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। (११७, ११८) — खुद्दाबन्धसूत्राणि।

१. तिरिक्खगदीए तिरिक्खा सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधगा सव्वलोगे। अबंधगा णत्थि। एवं सव्वाणं पगदीणं। णवरि तिण्णि आयु वेउव्वि-यछक्कस्स बंधगा केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अबंधगा सव्वलोगे। चदु-आयु० दोअंगो० छस्संघ०-परघादुस्सा० आदाउज्जो० दोविहा० दोसराणं बंधगा अबंधगा केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे। थीणगिद्धितियं मिच्छत्तं अट्ठकसा० ओरालि० बंधगा केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे। अबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। एवं मदि० सुद० असंज० तिण्णिलेस्सा-अब्भवसिद्धि० मिच्छादि० असण्णि त्ति।

१८८. मणुस०३-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० भयदु० तेजाक०

दोनों वेदनीयोंके बन्धक सर्वलोकमें रहते हैं; अबन्धक नहीं हैं। इसी प्रकार सर्व प्रकृतियोंमें जानना चाहिए। विशेष यह है कि ३ आयु, वैक्रियिकषट्कके बन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं ? लोकके असंख्यातवें भागमें रहते हैं; अबन्धक सर्वलोकमें रहते हैं। ४ आयु, २ अंगोपांग, ६ संहनन, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, २ विहायोगति, २ स्वरके बन्धक, अबन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं ? सर्वलोकमें। स्त्यानगृद्धि ३, मिथ्यात्व, ८ कषाय तथा औदारिक शरीरके बन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं ? सर्वलोकमें रहते हैं। अबन्धक लोकके असंख्यातवें भागमें रहते हैं।

विशेष—इनके अबन्धक देशसंयमी होंगे; उनका क्षेत्र यहाँ कहा है।[1]

विशेषार्थ—तिर्यंचोंमें स्वस्थान-स्वस्थान, विहारवत् स्वस्थान, वेदना-कषाय-वैक्रियिक-मारणान्तिक समुद्घात और उपपाद ये पद होते हैं; शेष नहीं होते हैं। तिर्यंचोंका क्षेत्र सर्व-लोक कहा है, इसपर धवलाटीकाकार कहते हैं, सर्वलोकमें तिर्यंच रहते हैं, क्योंकि वे अनन्त हैं। अनन्त होनेसे वे लोकमें नहीं समाते ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि लोका-काशमें अनन्त अवगाहन शक्ति संभव है। विहारवत्स्वस्थान क्षेत्र तीन लोकोंके असंख्यातवें भाग, तिर्यग्लोकके संख्यातवें भाग और अढ़ाई द्वीपसे असंख्यातगुणा है, क्योंकि त्रस पर्याप्त तिर्यंचोंका लोकके संख्यातवें भागमें विहार पाया जाता है।

वैक्रियिक समुद्घातका क्षेत्र चार लोकोंके असंख्यातवें भाग और मनुष्यक्षेत्रसे असं-ख्यातगुणा है, क्योंकि तिर्यंचोंमें विक्रिया करनेवाली राशि पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र घनांगुलोंसे गुणित जगश्रेणी प्रमाण है, 'गुरूवदेसादो' क्योंकि ऐसा गुरुका उपदेश है। (खु० ध० पृ० ३०५)

मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान, असंयम, कृष्णादि तीन लेश्या, अभव्यसिद्धिक, मिथ्यादृष्टि तथा असंज्ञी पर्यन्त इसी प्रकार जानना चाहिए।[2]

१८८. मनुष्यत्रिक (मनुष्यसामान्य, मनुष्यपर्याप्त, मनुष्यनियों) में – ५ ज्ञानावरण,

---

१. षट्खं०, खे० सू० ८। २. णाणाणुवादेण मदिअण्णाणी सुदअण्णाणी णवुंसयवेदभंगो (सूत्र ८०) णवुंसयवेदा सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोए (७१, ७२)। असंजदा णवुंसयभंगो (९३)। लेस्साणुवादेण किण्हलेस्सिया णीललेस्सिया काउलेस्सिया असंजदभंगो (१०१)। भवियाणुवादेण भवसिद्धिया-अभवसिद्धिया सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे (१०६, १०७)। मिच्छाइट्ठी असंजदभंगो (११६)। असण्णी सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे। —सू० ११६, १२०, खु० बं०, पृ. ३६५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आहारदुग० वण्ण०४ अगु०४ आदाउज्जो० णिमिणतित्थयर-पंचंतराइगाणं बंधगा केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अबंधगा केवलिभंगो कादव्वो। सादबंधगा केवलिभंगो। अबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। असादबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अबंधगा केवलिभंगो। दोण्णं पगदीणं बंधगा. केवलिभंगो। अबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागो (गे)। इत्थि० पुरिस० णवुंसग-बंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अबंधगा केवलिभंगो। एवं सव्वपगदीणं वेदभंगो कादव्वो। एवं पंचिंदिय-तस० तेसिं

---

९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भयद्विक, तैजस, कार्मण, आहारकद्विक, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, आतप, उद्योत, निर्माण, तीर्थंकर तथा पाँच अन्तरायोंके बन्धक कितने क्षेत्रमें रहते हैं[1] ? लोकके असंख्यातवें भागमें रहते हैं। अबन्धकोंमें केवलीके समान भंग जानना चाहिए अर्थात् लोकका असंख्यातवाँ भाग, असंख्यात बहुभाग अथवा सर्वलोक है।

विशेष—केवलीभंगमें लोकका असंख्यातवाँ भाग क्षेत्र दंड तथा कपाटसमुद्घातकी अपेक्षा है। असंख्यात बहुभाग क्षेत्र प्रतरसमुद्घातकी तथा सर्वलोक लोकपूरणसमुद्घातकी अपेक्षा है।[2]

साता वेदनीयके बन्धकोंमें केवलीके समान भंग है। अबन्धकलोकके असंख्यातवें भागमें रहते हैं।

असाताके बन्धक लोकके असंख्यातवें भागमें रहते हैं। अबन्धकोंमें केवलीके समान भंग है। दोनों प्रकृतियोंके बन्धकोंमें केवलीके समान भंग है। अबन्धकोंमें लोकका असंख्यातवाँ भाग भंग है। स्त्री, पुरुष, नपुंसक वेदके बंधक लोकके असंख्यातवें भागमें पाये जाते हैं। अबंधकोंमें केवलीके समान भंग जानना चाहिए। इस प्रकार सर्व प्रकृतियोंमें वेदके समान भंग है।

विशेषार्थ—वेदना, कषाय, वैक्रियिक, तैजस, और आहारक समुद्घातको प्राप्त मनुष्य, मनुष्य-पर्याप्त तथा मनुष्यनी चार लोकोंके असंख्यातवें भागमें रहते हैं। इतना विशेष है कि मनुष्यनियोंमें तैजस तथा आहारक समुद्घात नहीं होते। मारणान्तिक समुद्घातको प्राप्त उक्त तीन प्रकारके मनुष्य तीन लोकोंके असंख्यातवें भागमें तथा मनुष्यलोक और तिर्यग्लोकके असंख्यातगुणे क्षेत्रमें रहते हैं, क्योंकि यहाँ मनुष्य-अपर्याप्तकोंका क्षेत्र प्रधान है। इतना विशेष है कि मनुष्य-पर्याप्त और मनुष्यनियोंका मारणांतिक क्षेत्र चार लोकोंके असंख्यातवें भाग तथा मानुष क्षेत्रसे असंख्यातगुणा है। इसी प्रकार दण्ड और कपाट क्षेत्रोंका भी प्रमाण कहना चाहिए। इतना विशेष है कि कपाट क्षेत्र तिर्यग्लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण है। प्रतरसमुद्घातकी अपेक्षा लोकके असंख्यात बहुभागोंमें अवस्थान होता है, क्योंकि "**वादवलएसु जीवपदेसाणमभावादो**" वातवलयोंमें जीवप्रदेशोंका अभाव रहता है। लोकपूरण समुद्घातकी अपेक्षा सर्वलोकमें अवस्थान होता है, क्योंकि इस अवस्थामें जीवप्रदेशोंसे रहित लोकाकाशके प्रदेशोंका अभाव है (जीवपदेस-विरहिद-लोगागास-पदेसा भावादो)। (खुद्दाबंध, टीका, पृ० ३१०)।

---

१. मणुसगदीए मणुसा मणुसपज्जत्ता मणुसिणी सत्थाणेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। असंखेज्जेसु वा भाएसु सव्वलोगे वा —सू० ८-१२, खु० बं०। २. ध० टी०, क्षे०, पृ० ४८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चेव पज्जत्ता। एवं चेव अवगदवेद-अकसाइ० केवलणा० संजदा-यथाक्खाद० केवलदंसण० सुक्कलेस्सा-सम्मादिट्ठि-खइगसम्मादिट्ठि त्ति।

१८६. एइंदिय-सव्वसुहुम० पुढवि० आउ० तेउ० वाउ० वणप्फदिणिगोद-तेसिं च सव्वसुहुम० मणुसा० बंधगा केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अबंधगा केवडिखेत्ते? सव्वलोगे। सेसाणं सव्वे भंगा सव्वलोगे। बादर-एइंदिय-पज्जत्ता-अपज्जत्ता-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० भयदु० तिण्णिसरीर-वण्ण०४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० बंधगा सव्वलोगे। अबंधा (धगा) णत्थि। सादासाद-बंधगा अबंधगा केव० खेत्ते? सव्वलोगे। दोण्णं पगदीणं बंधगा सव्वलोगे। अबंधगा णत्थि।

पंचेन्द्रिय-त्रस तथा उन दोनोंके पर्याप्तकोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए। अपगतवेद, अकषाय, केवलज्ञान, संयम, यथाख्यात, केवलदर्शन, शुक्ललेश्या, सम्यक्दृष्टि, क्षायिक-सम्यग्दृष्टि पर्यंत इसी प्रकार जानना चाहिए[1]।

१८६. एकेन्द्रिय, सर्वसूक्ष्म, पृथ्वी, जल, [2]तेज, वायु (?) वनस्पति-निगोद तथा उनके सर्वसूक्ष्म जीवोंमें मनुष्यायुके बंधक कितने क्षेत्रमें रहते हैं? लोकके असंख्यातवें भागमें रहते हैं। अबंधक कितने क्षेत्रमें रहते हैं? सर्वलोकमें रहते हैं[3]। शेष प्रकृतियोंके संपूर्ण भंगोंमें सर्वलोक प्रमाण क्षेत्र जानना चाहिए। बादर-एकेन्द्रिय-पर्याप्तक तथा बादर-एकेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, [4]मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, ३ शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंके बंधकोंका सर्वलोक क्षेत्र है। अबंधक नहीं हैं। साता-असाताके बंधक-अबंधक कितने क्षेत्रमें पाये जाते हैं? सर्वलोकमें। दोनोंके बंधक सर्व-

---

१. पंचिंदिय पंचिंदियपज्जत्ता सत्थाणेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे, असंखेज्जेसु वा भागेसु सव्वलोगे वा (सू० २६–२९) तसकाइय-तसकाइय-पज्जत्त-अपज्जत्ता पंचिंदिय-पज्जत्त-अपज्जत्ताणं भंगो (सू० ५१)। अवगदवेदा सत्थाणेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे, असंखेज्जेसु वा भागेसु, सव्वलोगे वा। उववादं णत्थि (सू० ७३–७७)। अकसाई अवगदवेदभंगो (७९)। केवलणाणी सत्थाणेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे असंखेज्जेसु वा भागेसु सव्वलोगे वा। उववादं णत्थि (सू० ८६–९०)। संजमाणुवादेण संजदा जहाक्खादविहार सुद्धिसंजदा अकसाईभंगो। (९१) केवलदंसणी केवलणाणिभंगो। (सू० १००)। सुक्कलेस्सिणा सत्थाणेण उववादेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे समुग्घादेण लोगस्स असंखेज्जदिभागे असंखेज्जेसु वा भागेसु सव्वलोगे वा। (सू० १०४–१०६) सम्मत्ताणुवादेण सम्मादिट्ठी खइयसम्मादिट्ठी सत्थाणेण उववादेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण लोगस्स असंखेज्जदिभागे असंखेज्जेसु वा भागेसु, सव्वलोगे वा (सू० १०९–१११)। २. "तेजकाय, वायुकायमें मनुष्यायुका बंध नहीं होता।"—गो० क०, गा० ११४। ३. इंदियाणुवादेण एइंदिया सुहुमेइंदिया पज्जत्ता अपज्जत्ता सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते? सव्वलोगे। —खु० बं०, सू० १८, १९। ४. बादरेइंदिया पज्जत्ता अपज्जत्ता सत्थाणेण केवडिखेत्ते? लोगस्स संखेज्जदिभागे समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते? सव्वलोए। —सू० २२, २३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इत्थि-पुरिस० बंधगा केवडिखेत्ते ? लोगस्स संखेज्जदिभागे। अबंधगा सव्वलोगे। णवुंस० बंधगा केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे। अबंधगा लोगस्स संखेज्जदिभागे। तिण्णि-वेदाणं बंधगा सव्वलोगे। अबंधगा णत्थि। एवं इत्थिभंगो चदुजादि-पंचसंठा० ओरालि० अंगो० छस्संघ० आदाउज्जो० दोविहा० तस-बादर-दोसर-सुभग-आदेज्ज-जसगित्ति। णवुंसगभंगो एइंदि० हुंडसंठा० थावर-दूभग-अणादेज्ज-अजसगित्ति। हस्सादि४ बंधगा अबंधगा सव्वलोगे। हस्सादिदोयुगलं बंधगा सव्वलोगे, अबंधगा णत्थि। एवं परघा-दुस्सास-पज्जत्ता-अपज्जत्त-पत्तेय-साधारण-थिराथिरसुभासुभा त्ति। तिरिक्खायु-बंधगा केवडिखेत्ते ? लोगस्स संखेज्जदिभागे। अबंधगा सव्वलोगे। मणुसायु-बंधगा केवडि-खेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अबंधगा सव्वलोगे। दोआयु तिरिक्खायु-भंगो। तिरिक्खगदितियं बंधगा सव्वलोगे। अबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। मणुसगदितियं मणुसायुभंगो। दोगदि-दोआणुपुव्वि-दोगोदं बंधगा के० खेत्ते ? सव्वलोगे। अबंधगा णत्थि। सुहुमबंधगा सव्वलोगे। अबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। एवं पत्तेगेण साधारणेण वि वेदणीयभंगो। एवं बादरवाउ० बादरवाउ० अपज्जत्ताणं। एवं चेव बादर-

---

लोकमें पाये जाते हैं; अबंधक नहीं है। स्त्रीवेद, पुरुषवेदके बंधक कितने क्षेत्रमें है। लोकके संख्यातवें भागमें। अबंधक सर्वलोकमें है। नपुंसकवेदके बंधक कितने क्षेत्रमें है ? सर्वलोकमें। अबंधक लोकके संख्यातवें भागमें पाये जाते हैं। तीनों वेदोंके बंधक सर्वलोकमें पाये जाते हैं। अबंधक नहीं हैं। ४ जाति, ५ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, दो स्वर, सुभग, आदेय, यशःकीर्ति पर्यन्त स्त्रीवेदके समान भंग जानना चाहिए। एकेन्द्रिय जाति, हुंडक संस्थान, स्थावर, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्तिमें नपुंसकवेदका भंग जानना चाहिए। हास्यादि चारके बंधक-अबंधक सर्वलोकमें पाये जाते हैं। हास्यादि दो युगलोंके बंधक सर्वलोकमें पाये जाते हैं; अबंधक नहीं हैं। इस प्रकार परघात, उच्छ्वास, पर्याप्तक, अपर्याप्तक, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ पर्यन्त जानना चाहिए। तिर्यंच आयुके बंधक कितने क्षेत्रमें रहते हैं ? लोकके संख्यातवें भागमें। अबंधक सर्वलोकमें पाये जाते हैं। मनुष्य आयुके बंधक कितने क्षेत्रमें पाये जाते हैं ? लोकके असं-ख्यातवें भागमें; अबंधक सर्वलोकमें पाये जाते हैं। दो आयुमें तिर्यंच आयुका भंग जानना चाहिए। तिर्यंचगतित्रिकके बंधक सर्वलोकमें और अबंधक लोकके असंख्यातवें भागमें पाये जाते हैं। मनुष्यगतित्रिकमें मनुष्य आयुके समान भंग जानना चाहिए। २ गति, २ आनुपूर्वी, २ गोत्रके बंधक कितने क्षेत्रमें हैं ? सर्वलोकमें हैं; अबंधक नहीं हैं। सूक्ष्मके बंधक सर्वलोकमें और अबंधक लोकके असंख्यातवें भागमें पाये जाते हैं। इस प्रकार प्रत्येक और साधारणसे वेदनीयके समान भंग जानना चाहिए।

विशेषार्थ—बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तक, अपर्याप्तक जीवोंका क्षेत्र लोकका संख्यात भाग कहा है, उसका स्पष्टीकरण 'धवला' टीकामें इस प्रकार किया गया है :—

मन्दर पर्वतके मूल भागसे ऊपर शतार-सहस्रार कल्प पर्यन्त पाँच राजू ऊँची सम-चतुष्कोण लोकवाली वायुसे परिपूर्ण है। उसमें उनचास प्रतर राजुओंका यदि एक जगप्रतर प्राप्त होता है, तो पाँच प्रतर राजुओंका कितना जगत् प्रतर प्राप्त होगा ? इस प्रकार फलराशिसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुढवि० आउ० तेउ० बादरवणप्फदि-पत्तेयाणं तेसिं चेव अपज्जत्ता, बादरवणप्फदिणिगोद-पज्जत्ता-अपज्जत्ता। णवरि यं हि लोगस्स संखेज्जदिभागो तं हि लोगस्स असंखेज्जदिभागो कादव्वो। बादरवाउकाइय-पज्जत्ते सव्वे भंगा लोगस्स संखेज्जदिभागे।

एवं खेत्तं समत्तं।

गुंजित इच्छाराशिको प्रमाणराशिसे अपवर्तित करनेपर दो बटे पाँच भाग कम उनहत्तर रूपोंसे धनलोकके भाजित करनेपर लब्ध एक भाग प्रमाण प्राप्त होता है। पुनः उसमें संख्यात योजन बाहल्य रूप जग-प्रतर प्रमाण लोक पर्यन्त स्थित वात-क्षेत्रको, संख्यात योजन बाहल्य-रूप जग-प्रतर प्रमाण ऐसे बादर जीवोंके आधारभूत आठ पृथिवी क्षेत्रको और आठ पृथिवियोंके नीचे स्थिति संख्यात योजन बाहल्य रूप जग-प्रतर प्रमाण वातक्षेत्रको लाकर मिला देनेपर लोकके संख्यातवें भाग मात्र अनन्तानन्त बादर एकेन्द्रिय-पर्याप्त व बादर एकेन्द्रिय-अपर्याप्त जीवोंसे परिपूर्ण क्षेत्र होता है। इस कारण ये तीनों ही बादर एकेन्द्रिय स्वस्थानसे तीन लोकोंके संख्यात भागमें एवं मनुष्यलोक व तिर्यग्लोकसे असंख्यात गुणे क्षेत्रमें रहते हैं, ऐसा कहा है। —खु० बं०, पृ० ३२२, ३२३।

[1]बादर वायुकायिक (पर्याप्तकों) और बादर वायुकायिक अपर्याप्तकोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए। [2]बादर पृथ्वीकायिक, बादर अप्कायिक, बादर तेजकायिक, बादर वनस्पतिकायिक, प्रत्येक तथा इनके अपर्याप्तकोंमें एवं [3]बादर वनस्पतिकायिक-निगोदके पर्याप्त-अपर्याप्त भेदोंमें इसी प्रकार जानना जाहिए। इतना विशेष है कि जहाँ लोकका संख्यातवाँ भाग कहा है, वहाँ लोकका असंख्यातवाँ भाग करना चाहिये। [4]बादर वायुकायिक पर्याप्तकोंमें सम्पूर्ण भंग लोकसे संख्यातवें भाग जानना चाहिए।

इस प्रकार क्षेत्र-प्ररूपणा समाप्त हुई।

---

१. बादरपुढविकाइय-बादरआउकाइय-बादरतेउकाइय-बादरवणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीरा तस्सेव अपज्जत्ता सत्थाणेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे।

२. बादरपुढविकाइया बादरआउकाइया बादरतेउकाइया बादरवणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीरपज्जत्ता सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। बादरवाउकाइया तस्सेव अपज्जत्ता सत्थाणेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे। बादरवणप्फदिकाइय-णिगोदजीवा सुहुमवणप्फदिकाइय-सुहुमणिगोदजीवा तस्सेव पज्जत्त-अपज्जत्ता सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोए। बादर-वणप्फदिकाइया बादर-णिगोदजीवा तस्सेव पज्जत्ता अपज्जत्ता सत्थाणेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? सव्वलोए।—३४-४६ सूत्र, खु० बं०।

४. बादरवाउपज्जत्ता सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडिखेत्ते ? लोगस्स संखेज्जदिभागे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[फोसणाणुगमपरूवणा]

१९०. फोसणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण-

[स्पर्शनानुगम]

१९०. ओघ तथा आदेशसे स्पर्शानुगमका दो प्रकार निर्देश करते हैं।

विशेषार्थ—स्पर्शनके छह भेद कहे हैं— **णामफोसणं, ठवणफोसणं, दव्वफोसणं, खेत्तफोसणं, कालफोसणं, भावफोसणं चेदि छव्विहं फोसणं**'– नाम स्पर्शन, स्थापना स्पर्शन, क्षेत्र स्पर्शन, काल स्पर्शन, भाव स्पर्शन ये स्पर्शनके छह प्रकार हैं। इन छह स्पर्शनोंमें-से यहाँ किस स्पर्शनसे प्रयोजन है ?

समाधान—"**एदेसु फोसणेसु जीवखेत्तफोसणं पयदं**"—इन स्पर्शनोंमें-से यहाँ जीव द्रव्य सम्बन्धी क्षेत्र स्पर्शन प्रकृत है। शेष द्रव्योंका आकाशके साथ जो संयोग है वह क्षेत्र स्पर्शन है।

शंका—अमूर्त आकाशके साथ शेष अमूर्त और मूर्त द्रव्योंका स्पर्श कैसे संभव है ?

समाधान—वह कोई दोष नहीं है, क्योंकि अवगाह्य-अवगाहक भावको ही उपचारसे स्पर्श संज्ञा प्राप्त है। अथवा सत्त्व, प्रमेयत्व आदिके द्वारा मूर्त द्रव्यके साथ अमूर्त द्रव्योंकी परस्पर समानता होनेसे भी स्पर्शका व्यवहार बन जाता है। (जी० फो० टी०)

पूज्यपाद स्वामीने स्पर्शनको त्रिकाल गोचर कहा है, किन्तु 'धवला'-टीकाकारने लिखा है-'जो भूतकालमें स्पर्श किया गया और वर्तमानमें स्पर्श किया जा रहा है, वह स्पर्शन कहलाता है। (अस्पर्शि, स्पृश्यत इति स्पर्शनम्)

सब द्रव्योंको निवासभूमि प्रदान करनेकी क्षमता आकाश द्रव्यमें है। यद्यपि एवंभूतनयकी अपेक्षा सर्व द्रव्य स्वप्रतिष्ठ हैं; किन्तु धर्मादिका अधिकरण आकाश है यह कथन व्यवहार नयसे किया गया है। जैसे कहा जाता है "**क्व भवानास्ते ?**" आप कहाँ रहते हैं ? '**आत्मनि**' – मैं अपनी आत्मामें रहता हूँ, क्योंकि एक वस्तुकी अन्य वस्तुमें वृत्ति नहीं पायी जाती है। यदि एक वस्तुकी अन्य पदार्थमें वृत्ति हो, तो आकाशमें ज्ञानादिक तथा रूपादिककी वृत्ति हो जाये (स० सि० ५८)[1]

जो व्यक्ति एकान्त नयका पक्ष पकड़ता है, वह तत्त्वको नहीं समझ पाता है। पूज्यपाद स्वामी इन सप्त नयोंपर विवेचन करते हुए कहते हैं "**एते गुणप्रधानतया परस्परतन्त्राः सम्यग्दर्शनहेतवः ··· स्वतन्त्राश्चासमर्थाः**" (स० सि० पृ० ५९) ये नय मुख्य तथा गौणरूपता धारण करते हुए सम्यग्दर्शनके हेतु हैं। स्वतन्त्रता धारण करनेपर ये असमर्थ हो जाते हैं। इसीसे सर्व द्रव्योंको अवकाश देनेवाले आकाश द्रव्यके विषयमें कुन्दकुन्द स्वामी कहते हैं :

१. धर्मादीनां पुनरधिकरणमाकाशमित्युच्यते व्यवहारनयवशात्। एवंभूतनयापेक्षया तु सर्वाणि द्रव्याणि स्वप्रतिष्ठान्येव तथा चोक्तं क्व भवानास्ते ? आत्मनीति धर्मादीनि लोकाकाशान्न बहिः सन्तीत्येतावदत्राधाराधेयकल्पना साध्यं फलम्। –स० सि०, पृ० १२९, अध्याय ५, सूत्र १२। यथा क्व भवानास्ते ? आत्मनीति कुतः ? वस्त्वन्तरे वृत्त्यभावात्। यद्यन्यस्यान्यत्र वृत्तिः स्यात्, ज्ञानादीनां रूपादीनां चाकाशे वृत्तिः स्यात्–(पृ० ५८, स० सि०, अ० १, सू० ३३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचणा० छदंसणा० अट्ठक० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमि० पंचंतराइगाणं बंधगेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? सव्वलोगो। अबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागो, असंखेज्जा वा भागा वा, सव्वलोगो वा। सादबंधगा अबंधगा केवडि[यं]खेत्तं फोसिदं ? सव्वलोगो। असादबंधगा अबंधगा केवडि खेत्तं फोसिदं ? सव्वलोगो।

सव्वेसिं जीवाणं सेसाणं तह य पोग्गलाणं च।

जं देदि विवरमखिलं तं लोए हवदि आयासं ॥९०॥ पंचास्तिकाय।

जो सर्व जीवोंको, पुद्गल आदि शेष द्रव्योंको स्थान देता है, वह समस्त आकाश इस लोकमें होता है।

इस स्पर्शनानुयोगद्वारको लक्ष्य कर धवलाकार यह शंका-समाधान करते हैं :

शंका—यहाँ स्पर्शनानुयोग द्वारमें वर्तमानकाल सम्बन्धी क्षेत्रकी प्ररूपणा भी सूत्रनिबद्ध ही देखी जाती है, इसलिए स्पर्शन अतीत काल विशिष्ट क्षेत्रका प्रतिपादन करनेवाला नहीं है ? किन्तु वर्तमान और अतीतकालसे विशिष्ट क्षेत्रका प्रतिपादन करनेवाला है।

समाधान—यहाँ स्पर्शनानुयोगद्वारमें वर्तमानक्षेत्रकी प्ररूपणा नहीं की जा रही है, किन्तु पहले क्षेत्रानुयोगद्वारमें प्ररूपित उस उस वर्तमान क्षेत्रको स्मरण कराकर अतीतकाल विशिष्ट क्षेत्रके प्रतिपादनार्थ उसका ग्रहण किया गया है। अतएव स्पर्शनानुयोग द्वार अतीतकालसे विशिष्ट क्षेत्रका ही प्रतिपादन करनेवाला है यह सिद्ध हुआ। (जी० फो० टीका पृ० १४६)[1]

ओघसे—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, प्रत्याख्यानावरणादि ८ कषाय, भय-जुगुप्सा, तैजस-कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, ५ अन्तरायके बन्धकोंने कितना क्षेत्र स्पर्शन किया है ? सर्वलोक स्पर्शन किया है। अबन्धकोंने लोकका असंख्यातवाँ भाग, असंख्यात बहुभाग वा सर्वलोक स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—[2]ज्ञानावरणादिके अबन्धक उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय तथा अयोगकेवली-की अपेक्षा लोकका असंख्यातवाँ भाग स्पर्शन कहा है। सयोगकेवलीकी अपेक्षा लोकका असंख्यातवाँ भाग है। प्रतरसमुद्घातगत सयोगकेवलीकी अपेक्षा लोकका असंख्यात बहुभाग तथा लोकपूरण समुद्घातकी अपेक्षा सर्वलोक स्पर्शन है।

सातके बन्धकों-अबन्धकोंने कितना क्षेत्र स्पर्शन किया है ? सर्वलोक। असाताके

---

१. त्रिकालविषयार्थोपश्लेषणं स्पर्शनं मतम्। क्षेत्रादन्यत्वभाग्वर्तमानार्थश्लेषलक्षणात् ॥४१॥" – त० श्लो०,पृ० १६०। 'एदेसु फोसणेसु जीवखेत्तफोसणेण पयदं। अस्पर्शि स्पृश्यत इति स्पर्शनम्। फोसणस्स अणुगमो फोसणाणुगमो, तेण फोसणाणुगमेण। णिद्देसो कहणं वक्खाणमिदि एयट्ठो। सो दुविहो जहा पयई। ओघेण पिंडेण अभेदेणेत्ति एयट्ठो। आदेसेण भेदेण विसेसेणेत्ति समाणट्ठो।"– ध० टी०,फो०,पृ० १४४, १४५। क्षेत्रं निवासो वर्तमानकालविषयः। तदेव स्पर्शनं त्रिकालगोचरम् स० सि०,५-१०। निर्ज्ञातसंख्यस्य निवासविप्रतिपत्तेः क्षेत्राभिधानम्। अवस्थाविशेषस्य वैचित्र्यात् त्रिकालविषयोपश्लेष निश्चयार्थं स्पर्शनम्। अवस्थाविशेषो विचित्रस्त्रयस्र – चतुरस्रादिस्तस्य त्रिकालविषयमुपश्लेषणं स्पर्शनम्। कस्यचित् क्षेत्रमेव स्पर्शनं कस्यचित् द्रव्यमेव, कस्यचिद्रज्जवः षडष्टौ वेति। एक-सर्वजीवसन्निधौ तन्निश्चयार्थं तदुच्यते—त० रा०,पृ० ३०। २. "पमत्तसंजदप्पहुडि जाव अजोगिकेवली हि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। सजोगिकेवली हि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो, असंखेज्जा वा भागा, सव्वलोगो वा।"–षट्खं०,फो०,सू० १७०, १७२। "पदरगदो केवली केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जेसु भागेसु। लोगपूरणगदो केवली केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे।"–ध० टी०,फो०,पृ० ५०, ५४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोण्णं पगदीणं बंधगा सव्वलोगो, अबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागो। थीणगिद्धितिय-अणंताणु० ४ बंधगा सव्वलोगो। अबंधगा अट्ठचोद्दसभागा वा केवलिभंगो। मिच्छत्त-बंधगा सव्वलोगो, अबंधगा अट्ठबारस-चोद्दसभागा वा केवलिभंगो वा। अपच्चक्खाण० ४ बंधगा सव्वलोगो, अबंधगा छचोद्दसभागा वा केवलिभंगं च। इत्थि० पुरिस०

बन्धकों, अबन्धकोंने कितना क्षेत्र स्पर्शन किया है ? सर्वलोक। दोनों प्रकृतियोंके बन्धकोंने सर्वलोक स्पर्श किया है। अबन्धकोंने लोकका असंख्यातवाँ भाग स्पर्श किया है।

विशेष—दोनोंके अबन्धक अयोगकेवलियोंकी अपेक्षा लोकका असंख्यातवाँ भाग है।

स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धकोंके सर्वलोक, अबन्धकोंके अष्ट चतुर्दश भाग अर्थात् $\frac{८}{१४}$ अथवा केवली भंग है। अर्थात् लोकका असंख्यातवाँ भाग, असंख्यात बहुभाग अथवा सर्वलोक है।

विशेषार्थ—स्त्यानगृद्धित्रिक तथा अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक सम्यग्मिथ्यादृष्टि असंयत-सम्यग्दृष्टि जीवोंकी अपेक्षा $\frac{८}{१४}$ भाग कहा है। विहारवत्-स्वस्थान, वेदना, कषाय, वैक्रियिक समुद्घातकी अपेक्षा मिश्र गुणस्थानवर्ती जीवोंने देशोन $\frac{८}{१४}$ भाग स्पर्श किया है। विहारवत् स्वस्थान, वेदना, कषाय, वैक्रियिक, मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा असंयतसम्यग्दृष्टियोंने ऊपर ६ राजू तथा नीचे दो, इस प्रकार देशोन $\frac{८}{१४}$ भाग स्पर्श किया है। मिश्रगुणस्थानमें मरणका अभाव होनेसे मारणान्तिक समुद्घातका वर्णन नहीं किया गया है। (ध० टी० पृ० १६६, १६७)।

मिथ्यात्वके बन्धकोंने सर्वलोक स्पर्शन किया है। अबन्धकोंमें $\frac{८}{१४}$, $\frac{१३}{१४}$ अथवा केवली-भंग अर्थात् लोकका असंख्यातवाँ भाग, असंख्यात बहुभाग अथवा सर्व लोक है।[1]

विशेषार्थ—मिथ्यात्वके अबन्धक सासादन सम्यक्त्वी जीवोंने विहारवत् स्वस्थान, वेदना, कषाय, वैक्रियिक समुद्घातकी अपेक्षा देशोन $\frac{८}{१४}$ भाग स्पर्श किया है। मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा $\frac{१३}{१४}$ भाग स्पर्श किया है। यह इस प्रकार है कि सुमेरु पर्वतके मूलभागसे लेकर ऊपर ईषत्प्राग्भार पृथ्वी तक सात राजू होते हैं और नीचे छठी पृथ्वी तक ५ राजू होते हैं। इस प्रकार $\frac{१३}{१४}$ भाग है। सातवीं पृथ्वीमें मिथ्यात्व गुणस्थानमें ही मरण होनेसे छठवी पृथ्वी तकका ही उल्लेख किया गया है। (ध० टी०, पृ० १६२)

अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धकोंने सर्वलोक, अबन्धकोंने $\frac{८}{१४}$ भाग वा केवलीभंग प्रमाण क्षेत्र स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक देशसंयमी जीवोंने अतीत कालकी अपेक्षा मारणान्तिक समुद्घातकी दृष्टिसे देशोन $\frac{८}{१४}$ भाग स्पर्श किया। यहाँ सुमेरुसे नीचेके एक हजार योजनसे और आरण-अच्युत विमानोंके उपरिम भागसे कम करना चाहिए (पृ० १७०)

पूर्वमें वर्तमानकाल विशिष्ट क्षेत्रका प्ररूपण किया जा चुका है, इसलिए यह सूत्र (८) अतीत काल सम्बन्धी है, यह बात जानी जाती है, किन्तु यह अनागत अर्थात् भविष्यकाल सम्बन्धी नहीं है, क्योंकि उसके साथ व्यवहारका अभाव है। अथवा पीछेके सभी सूत्र अतीत

---

१. ओघेण मिच्छादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? सव्वलोगो। सासणसम्मादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। अट्ठ-बारह चोद्दसभागा वा देसूणा। सम्मामिच्छाइट्ठि-असंजदसम्माइट्ठीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। अट्ठचोद्दसभागा वा देसूणा **-जी०, फो०, सू० २-६।**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवुंसग० बंधगा अबंधगा सव्वलोगो। तिण्णं वेदाणं बंधगा सव्वलोगो, अबंधगा केवलिभंगो। वेदाणं भंगो हस्सादिदोयुगलं पंचजादि छस्संठा० तसथावरादिणवयुगलं दोगोदं च। वेदणीयायु (?) आहारदुग-बंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागो, अबंधगा सव्वलोगो। तिरिक्खायुबंधगा अबंधगा सव्वलोगो। मणुसायुबंधगा लोगस्स असंखेज्जदिभागो, अट्ठचोद्दसभागा वा सव्वलोगो वा। अबंधगा सव्वलोगो। चदुआयुबंधगा अबंधगा केव० खेत्तं फोसिदं? सव्वलोगो। णिरयदेवगदिबंधगा के० खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो, छचोद्दसभागा वा। अबंधगा सव्वलोगो। तिरिक्खमणुसगदिबंधगा अबंधगा सव्वलोगो। चदुगदिबंधगा सव्वलोगो। अबंधगे केवलिभंगो।

और अनागतकाल विशिष्ट क्षेत्रोंकी प्ररूपणा करनेवाले हैं, ऐसा निश्चय करना चाहिए, क्योंकि भूतकाल और भविष्यकालमें स्पर्शनकी अपेक्षा कोई भेद नहीं है। धवलाटीकाके ये शब्द महत्त्वपूर्ण हैं–"**अधवा अदीदाणागद काल विसिट्ठखेत्ताणं परूवणाणि पच्छिमसव्वसुत्ताणि त्ति णिच्छओ कायव्वो उभयत्थ विसेसाभावादो**" ध० टी०, पृ० १६८। इस कथनने सर्वार्थसिद्धि आदिके आर्ष वाक्योंका समर्थन कर दिया है, जिनमें "**स्पर्शनं त्रिकालगोचरम्**" स्पर्शनको त्रिकालगोचर कहा गया है।

स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेदके बन्धकों, अबन्धकोंने सर्वलोक स्पर्शन किया है। तीनों वेदोंके बन्धकोंने सर्वलोक स्पर्श किया है। इनके अबन्धकोंमें केवलीके समान भंग है।

विशेषार्थ—स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेदके अबन्धकोंका प्रत्येक वेदकी अपेक्षा अबन्धकोंके सर्वलोक स्पर्शन कहा है, कारण यहाँ एक वेदका अबन्ध होते हुए अन्य वेदका बन्ध हो जाता है। वेदत्रयके अबन्धक अनिवृत्तिकरण गुणस्थानसे अयोगकवली पर्यन्त हैं। उनकी अपेक्षा केवली भंग अर्थात् लोकका असंख्यातवाँ भाग, असंख्यात बहुभाग अथवा सर्वलोक स्पर्श कहा है।

हास्य, रति, अरति, शोक, एकेन्द्रियादि पंच जाति, ६ संस्थान, त्रस-स्थावरादि नवयुगल तथा २ गोत्रमें वेदके समान भंग है। वेदनीय, आयु, आहारकद्विकके बन्धकोंके लोकका असंख्यातवाँ भाग है; अबन्धकोंके सर्वलोक है। तिर्यंचायुके बन्धकों-अबन्धकोंके सर्वलोक है। मनुष्यायुके बन्धकोंके लोकका असंख्यातवाँ भाग, $\frac{२}{१४}$ वा[1] सर्वलोक है। अबन्धकोंके सर्वलोक है।

विशेष—यहाँ ऊपरके ६ राजू तथा नीचेके २ राजू; इस प्रकार $\frac{८}{१४}$ राजू स्पर्शन हैं।

चार आयुके बन्धकों, अबन्धकोंने कितना क्षेत्र स्पर्शन किया है? सर्वलोक। नरकगति, देवगतिके बन्धकोंने कितना क्षेत्र स्पर्शन किया है? लोकका असंख्यातवाँ भाग वा $\frac{८}{१४}$ भाग है। अबन्धकोंके सर्वलोक है।

विशेष—यहाँ सप्तम नरकके स्पर्शनकी अपेक्षा नरकगतिका स्पर्शन $\frac{१}{१४}$ है तथा सोलहवें स्वर्गके स्पर्शनकी अपेक्षा देवगतिका स्पर्शन $\frac{६}{१४}$ कहा है।

तिर्यंचगति-मनुष्यगतिके बन्धकों, अबन्धकोंका सर्वलोक है। चारों गतियोंके बन्धकोंका

---

१. 'असंजदसम्माइट्ठीहि विहारस्सादिसत्थाण-वेदणकसाय-वेउव्विय मारणंतियसमुग्घादगदेहि अट्ठचोद्दसभागा देसूणा फोसिदा उवरि छ रज्जू, हेट्ठा दो रज्जू त्ति।"–ध० टी०, फो०, पृ० १६७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं चदुआणुपुव्वि०। ओरालि० बंधगा सव्वलोगो। अबंधगा बारहचोद्दसभागो वा, केवलिभंगं च। वेउव्वियस० बंधगा बारह०। अबंधगा सव्वलोगो। दोण्णं बंधगा सव्वलोगो। अबंधगा केवलिभंगो। ओरालिय० अंगो० बंधगा अबंधगा सव्वलोगो। वेउव्विय० अंगो० बंधगा बारहभागा वा। अबंधगा सव्वलोगो। दोअंगो० बंधगा अबंधगा सव्वलोगो। छस्संघ० परघादुस्सा० आदाउज्जो० दोविहा० दोसरबंधगा अबंधगा सव्वलोगो। तित्थय० बंधगा अट्ठचोद्दसभागो वा। अबंधगा सव्वलोगो।

१६१. आदेसेण–णेरइएसु धुविगाणं बंधगा छचोद्दसभागो, अबंधगा णत्थि।

सर्वलोक है। अबन्धकोंका केवली भंग है। चार आनुपूर्वीमें इसी प्रकार जानना चाहिए। औदारिक शरीरके बन्धकोंका सर्वलोक है। अबन्धकोंके $\frac{१}{६४}$ भाग, वा केवली भंग है। वैक्रियिक शरीरके बन्धकोंका $\frac{१३}{६४}$ भाग, अबन्धकोंका सर्वलोक है। दोनों शरीरोंके बन्धकोंका सर्वलोक है, अबन्धकोंका केवली भंग है।

विशेष—औदारिक शरीरका बन्ध चतुर्थ गुणस्थान पर्यन्त, वैक्रियिक शरीरका अपूर्वकरण छठे भाग पर्यन्त बन्ध होता है। दोनोंके अबन्धकोंके अयोगिकेवली पर्यन्त लोकका असंख्यातवाँ भाग है, सयोगी जिनकी अपेक्षा लोकका असंख्यात बहुभाग तथा सर्वलोक भी भंग है।

औदारिक अंगोपांगके बन्धकों, अबन्धकोंका सर्वलोक है। वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धकोंका $\frac{१३}{६४}$ है, अबन्धकोंके सर्वलोक है। दोनों अंगोपांगोंके बन्धकों, अबन्धकोंका सर्वलोक है।

विशेष—वैक्रियिक शरीरके बन्धकों तथा औदारिक शरीरके अबन्धकोंका स्पर्शन $\frac{१३}{६४}$ कहा है, किन्तु उसी प्रकार वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धकों तथा औदारिक अंगोपांगके अबन्धकोंका $\frac{१३}{६४}$ नहीं कहा है। इसका कारण यह है कि जिस प्रकार औदारिक शरीरका अबन्धक वैक्रियिक शरीरका बन्धक होता है अथवा वैक्रियिक शरीरका अबन्धक औदारिकका बन्धक होता है, वैसा नियम औदारिक अंगोपांग और वैक्रियिक अंगोपांगका नहीं है। एकेन्द्रियमें अंगोपांगका अभाव होनेसे शरीरके समान यहाँ व्याप्ति नहीं है।

छह संहनन, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, दो स्वरके बन्धकों, अबन्धकोंका सर्वलोक स्पर्शन है। तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धकोंका $\frac{६}{६४}$ है। अबन्धकोंका सर्वलोक है।

विशेष—तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धक अविरतसम्यक्त्वीकी अपेक्षा $\frac{६}{६४}$ कहा है। विहारवत् स्वस्थान, वेदना-कषाय वैक्रियिक-मारणान्तिक समुद्घात गत असंयतसम्यक्त्वी जीवोंमें मेरुके मूलसे ऊपर छह राजू तथा नीचे दो राजू प्रमाण स्पर्शन किया है (ध. टी., पृ. १६७)।

१६१. आदेशसे–नारकियोंमें–ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धकोंके $\frac{६}{६४}$ है; अबन्धक नहीं है।

विशेष—मारणान्तिक समुद्घात तथा उपपाद पदवाले मिथ्यादृष्टि नारकियोंने अतीत कालमें $\frac{६}{६४}$ स्पर्श किया है। (पृ० १७५) सातवीं पृथ्वीके नारकीकी मारणान्तिक समुद्घात अथवा उपपादकी अपेक्षा कर्मभूमिया संज्ञी मनुष्य या तिर्यंचपर्याप्तपर्याय प्राप्तिकी दृष्टिसे छ राजू

---

१. असंजदसम्माइट्ठीहि विहारवदिसत्थाण–वेदण-कसाय-वेउव्वियमारणंतिय समुग्घादगदेहि अट्ठचोद्दसभागा देसूणा फोसिदा। उवरि छ रज्जू हेट्ठा दोरज्जु त्ति –ध० टी०, पृ० १६७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थीणगिद्धितिय-अणंताणु०४ बंधगा छच्चोद्दसभागो, अबंधगा खेत्तभंगो। सादासाद-बंधगा-अबंधगा छच्चोद्दसभागो। दोण्णं पगदीणं बंधगा छच्चोद्दसभागो, अबंधगा णत्थि। एवं सत्तणोक० छस्संठा० छस्संघ० दोविहा० थिरादिछयुगलं। मिच्छत्तबंधगा छच्चोद्दस-भागो, अबंधगा पंचचोद्दसभागो। दोआयु० खेत्तभंगो। अबंधगा छच्चोद्दसभागा। एवं तित्थयरं। तिरिक्खगदिबंधगा छच्चोद्दस०, अबंधगा खेत्तभंगो। मणुसगदिबंधगा खेत्त-भंगो। अबंधगा छच्चोद्दस०। दोण्णं पगदिबंधगा छच्चोद्दस०। अबंधगा णत्थि। एवं दोआणुपुव्वि दोगोदं च। उज्जोव० बंधगा अबंधगा छच्चोद्दस०। एवं सव्वणेरइयाणं।

स्पर्शन है। ध्रुव प्रकृतियोंका सभी नारकी बन्ध करते हैं, अतः $\frac{६}{६}$ ध्रुव प्रकृतिके बन्धकोंका स्पर्श कहा है।[1]

स्त्यानगृद्धित्रिक तथा अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धकोंके $\frac{६}{६}$ भाग हैं, अबन्धकोंके क्षेत्रके समान भंग हैं। अर्थात् लोकका असंख्यातवाँ भाग है[2]। साता, असाताके बन्धकों, अबन्धकोंके $\frac{६}{६}$ हैं। दोनों प्रकृतियोंके बन्धकोंके $\frac{६}{६}$ हैं; अबन्धक नहीं हैं।

१. सुहुमसांपराइयसुद्धिसंजदाणं अंतरं केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण एगसमयं उक्कस्सेण छम्मासाणि -खु० बं०,सू० ४२-४४। २. 'चदुण्हं खवगअजोगिकेवलीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं उक्कस्सेण छम्मासं।" -१६, १७। ३. "चदुण्हमुवसामगाणमंतर केवचिरं कालादो होदि? णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं उक्कस्सेण वासपुधत्तं।" -षट्खं०,अं० सू० ३४३, ४४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदेज्ज-णिमिण-उच्चागोदं पंचंतराइगाणं बंधगा जहण्णेण एगस० उक्कस्सेण सत्तरादिंदियाणि। [अबंधगा] जहण्णेण एगस०, उक्कस्सेण वासपुधत्तं। णवरि वज्जरिस० अबंधगा सत्तरादिंदियाणि। मणुसगदि०४ वज्जरिसभ-भंगो। दोवेदणी० बंधा-अबंधगा जहण्णेण एगस०। उक्कस्सेण सत्तरादिंदियाणि। दोण्णं बंधगा जहण्णे० एगस०। उक्कस्सेण सत्तरादिंदियाणि। अबंधगा णत्थि। चदुणोक० बंधा-बंधगा जहण्णेण एगस०। उक्कस्सेण सत्तरादिंदियाणि। दोण्णं युगलाणं बंधगा जहण्णेण एगस०। उक्कस्सेण सत्तरादिंदियाणि। अबंधगा जहण्णेण एगस०। उक्क० वासपुधत्तं। एवं परियत्ति [माणि] याणं। अपच्चक्खाणावरण०४ बंधगा जहण्णेण एगस०। उक्क० सत्तरादिंदियाणि। अबंधगा जह० एगस०। उक्क० चोद्दसरादिंदियाणि। पच्चक्खाणावरण०४ बंधगा जह० एगस०। उक्क० सत्तरादिंदि०। अबंधगा जह० एगस०। उक्क० पण्णारसरादिंदि०। आहारदुगं तित्थयरं बंधगा जह० एगस०। उक्क० वास-

---

अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायोंके बन्धकोंका अन्तर जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे सात रात-दिन है[1]।

विशेषार्थ—रात्रिंदिव शब्द द्वारा दिवसका ग्रहण किया गया है, क्योंकि सम्मिलित दिन तथा रात्रिमें दिवसका व्यवहार देखा जाता है। (खु० बं० टीका पृ० ४६२)

[अबन्धकोंका] जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे वर्षपृथक्त्व अन्तर है।

विशेष—इन प्रकृतियोंके अबन्धक उपशान्तकषायी होंगे, उनका जघन्य अन्तर एक समय, उत्कृष्ट वर्षपृथक्त्व है।

विशेष यह है कि वज्रवृषभनाराचके अबन्धकोंका अन्तर सात दिन-रात है। मनुष्यगति ४ के बन्धकोंका अन्तर वज्रवृषभनाराचसंहननके समान है। दो वेदनीयके बन्धकों, अबन्धकोंका अन्तर जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे सात दिन-रात है। साता-असाताके बन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे सात दिन-रात है; अबन्धक नहीं है। चार नोकषायों अर्थात् हास्यादिचतुष्कके बन्धकों, अबन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे ७ दिन-रात अन्तर है। दोनों युगलोंके बन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे ७ दिन-रात अन्तर है। अबन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे वर्षपृथक्त्व है। परिवर्तमान प्रकृतियोंमें इसी प्रकार भंग जानना चाहिए। अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे सात दिनरात अन्तर है। अबन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे १४ दिन-रात है[2]। प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे ७ दिनरात अन्तर है। अबन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे १५ दिनरात है। आहारकद्विक तथा तीर्थंकरके

---

१. "उवसमसम्मादिट्ठीसु असंजदसम्मादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं उक्कस्सेण सत्तरादिंदियाणि।" –षट्खं०, अं० सू० ३५६, ३५७। रादिंदियमिदि दिवसस्स सण्णा। अहोरत्तेहि मिलिएहि दिवसववहारदंसणादो। एत्थ उवसंहारगाहा – सम्मत्ते सत्त दिणा विरदाविरदीए चोद्दस हवंति। विरदीसु अ पण्णरसा विरहिदकालो मुणेयव्वो॥ –खु० बं०, टी० पृ० ४६२। २. "संजदासंजदाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं उक्कस्सेण चोद्दसरादिंदियाणि।" –षट्खं०, अं० सू० ३६०, ३६१। ३. "पमत्तअप्पमत्तसंजदाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं उक्कस्सेण पण्णारसरादिंदियाणि।" –३६४, ६५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुधत्तं । अबंधगा जह० एगस० । उक्कस्सेण सत्तरादिंदियाणि ।

२६७. सासणे–सव्वे विगप्पा जहण्णेण एगस० । उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । एवं सम्मामि० ।

२६८. अणाहारे—धुविगाणं बंधा-अबंधगा णत्थि अंतरं । एवं सेसाणं । णवरि देवगदि०४ बंधगा जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण मासपुधत्तं अंतरं । तित्थयरं बंधगा जहण्णेण एगसमओ । उक्कसेण वासपुधत्तं अंतरं । अबंधगा णत्थि ।

एवं अंतरं समत्तं ।

बन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे वर्षपृथक्त्व है। अबन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे ७ दिनरात है।

२६७. [1]सासादनमें सर्व विकल्प जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग हैं। इसी प्रकार सम्यङ्मिथ्यात्वमें जानना।

२६८. अनाहारकोंमें[2]–ध्रुवप्रकृतियोंके बन्धकों, अबन्धकोंका अन्तर नहीं है। इसी प्रकार शेष प्रकृतियोंमें भी जानना चाहिए। विशेष, देवगति चारके बन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे मासपृथक्त्व अन्तर है। तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धकोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे वर्षपृथक्त्व अन्तर है; अबन्धक नहीं हैं।

इस प्रकार अन्तरानुगम समाप्त हुआ।

---

१. "सासणसम्मादिट्ठी- सम्मामिच्छादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ?· णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं, उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो।" –३७५, ७६। २. आहाराणुवादेण आहार-अणाहाराणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? णत्थि अंतरं, णिरंतरं। –खु० बं०,सू० ६६-६८, पृ. ४६४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२६९. भावाणुगमेण दुविहो णिद्देसो। ओघेण आदेसेण य।

[भावानुगम]

२६९. भावानुगमका ओघ तथा आदेशसे दो प्रकार निर्देश करते हैं।

विशेषार्थ—यहाँ नाम, स्थापना, द्रव्य तथा भाव रूप चतुर्विध निक्षेप रूप भावोंमें-से नोआगम भाव रूप भावनिक्षेपका अधिकार है। वीरसेन स्वामीने 'धवलाटीकामें भावानुगमपर प्रकाश डालते हुए लिखा है—"**एदेसु चदुसु भावेसु केण भावेण अहियारो? णोआगमभावभावेण।**"

शंका—यह कैसे जाना जाता है?

समाधान—"**णामादि-सेस-भावेहि चोद्दस-जीवसमासाणमणप्पभूदेहि इह पओजणाभावा**" – चौदह जीव समासोंके लिए अनात्मभूत नामादि शेष भावनिक्षेपोंसे यहाँपर कोई प्रयोजन नहीं है। इससे ज्ञात होता है कि यहाँ नोआगमभाव – भावनिक्षेपसे ही प्रयोजन है।

भावप्राभृतका ज्ञाता तथा उपयोग विशिष्ट जीव आगमभावरूप भावनिक्षेप है। नोआगमभाव – भावनिक्षेप औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक तथा पारिणामिकके भेदसे पंच प्रकार है। कर्मोदयजनित औदयिक भाव है। कर्मोंके उपशमसे उद्भूत औपशमिक भाव है। कर्मोंके क्षयसे प्रकट होनेवाला जीवका भाव क्षायिक है।[1] कर्मोदय होते हुए भी जो जीवके गुणका खण्ड (अंश) प्राप्त होता है, वह क्षायोपशमिक भाव है। पूर्वोक्त चार भावोंसे व्यतिरिक्त जीव तथा अजीवगत भाव पारणामिक नाम युक्त है।

ये पाँचों भाव जीवमें पाये जाते हैं। पुद्गल द्रव्योंमें औदयिक तथा पारिणामिक भाव पाये जाते हैं – "**पोग्गलदव्वेसु ओदइय-पारिणामियाणं दोण्हं चेव भावाणमुवलंभा।**" धर्म, अधर्म, आकाश तथा काल द्रव्योंमें पारिणामिक भाव है।

भावका क्या स्वरूप है, इसपर धवला टीकाकार इस प्रकार प्रकाश डालते हैं—"**भावो णाम जीवपरिणामो तिव्व-मंद-णिज्जराभावादिरूवेण अणेयपयारो**" (जीवट्ठाण, भावाणुगम ध० टी०, पृ० १८५, १८६) – भाव नाम जीवके परिणामका है। वह तीव्र, मंद, निर्जराभाव आदिके रूपसे अनेक प्रकारका है।

अभव्य जीवोंके असिद्धता, धर्मास्तिकायमें गमनहेतुता, अधर्म द्रव्यमें स्थितिहेतुता, आकाशमें अवगाहनत्व, कालमें परिणमनहेतुता आदि अनादि-निधन भाव हैं। भव्यमें असिद्धता, भव्यत्व, मिथ्यात्व, असंयम आदि अनादि-सान्त भाव हैं। केवलज्ञान, केवलदर्शन आदि सादि-अनन्त भाव हैं। सम्यक्त्व और संयमको धारण कर पीछे आये हुए जीवके मिथ्यात्व तथा असंयम आदि सादि-सान्त भाव हैं।

---

१. "कम्मोदए संते वि जं जीवगुणक्खंडमुवलंभदि सो खओवसमिओ भावो णाम" – जी०, भाव० टीका, पृ० १८५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२७०. तत्थ ओघेण-पंचणा० छदंसणा० मिच्छ० (?) सोलसक० (चदुसंज०) भयदुगुं० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणपंचंतराइगाणं बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ? उवसमिगो वा खइगो वा। थीणगिद्धितिगं बारसकसा० बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ? उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा। मिच्छत्त-बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ? उवसमिओ वा खइगो वा खयोवसमिगो वा पारिणामिगो वा। साद-बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ?

---

२७०. ओघसे - ५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व(?), १६ कषाय, (४ संज्वलन), भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अन्तरायोंके बन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक भाव हैं।

विशेषार्थ—मिथ्यात्वका वर्णन आगे आया है अतः यहाँ उसका पाठ असंगत प्रतीत होता है। बारह कषायोंका वर्णन आगे किया गया है, अतः सोलह कषायके स्थानमें चार संज्वलनका पाठ सम्यक् प्रतीत होता है।

अबन्धकोंके कौन भाव हैं ? औपशमिक भाव वा क्षायिकभाव हैं।

विशेष—इन प्रकृतियोंका अबन्ध उपशान्त कषाय अथवा क्षीणमोहमें होगा, अतएव उपशम श्रेणीकी अपेक्षा औपशमिक और क्षपकश्रेणीकी अपेक्षा क्षायिकभाव है।

स्त्यानगृद्धित्रिक, १२ कषायके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंमें कौन भाव है ? औपशमिक वा क्षायिक वा क्षायोपशमिक है।

विशेष—इनके अबन्धकोंका प्रमत्तसंयत गुणस्थान होगा। वहाँकी अपेक्षा तीन भाव कहे गये हैं।

मिथ्यात्वके बन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? औदयिक है। अबन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? औपशमिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक या पारिणामिक।

विशेष—मिथ्यात्वके अबन्धकोंमें पारिणामिकभाव सासादन गुणस्थानकी अपेक्षा कहा गया है।

शंका—सासादन गुणस्थानमें अनन्तानुबन्धी चतुष्कके उदयकी अपेक्षा औदयिक भाव क्यों नहीं कहा ?

समाधान—यहाँ दर्शनमोहनीयकर्मके सिवाय अन्य कर्मोंके उदयकी विवक्षा नहीं की गयी है।[1]

---

१. "मिच्छे खलु ओदइओ विदिए पुण पारणामिओभावो।
मिस्से खओवसमिओ अविरदसम्मम्हि तिण्णेव ॥ ११ ॥
एदे भावा णियमा दंसणमोहं पडुच्च भणिदा हु।
चारितं णत्थि जदो अविरदअंतेसु ठाणेसु ॥ १२ ॥" गो० जी०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओदइगो वा खइगो वा [असाद-बंधगात्ति को भावो ?] ओदइ० । [अबंधगात्ति को भावो ? ओदइगो वा] खइगो वा खयोवसमिगो वा । दोण्णं बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो । अबंधगात्ति को भावो ? खइगो भावो । इत्थि० णवुंस० बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो । अबंधगात्ति को भावो । ओदइगो वा उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा । णवरि णवुंस० पारिणामिगो भावो । पुरिसवे० बंधगात्ति ओदइगो भावो । अबंधगात्ति को भावो ? ओदइगो वा उवसमिगो वा खइगो वा ।

सातावेदनीयके बन्धकोंमें कौन भाव है ? औदयिक भाव है । अबन्धकोंमें कौन भाव है ? औदयिक या क्षायिक है ।

विशेष—सातावेदनीयकी बन्धव्युच्छित्तिवाले अयोगकेवली गुणस्थानमें क्षायिकभाव है, किन्तु असाताके बन्धक किन्तु सातके अबन्धकके औदयिक भाव है; कारण साता और असाताके परस्पर प्रतिपक्षी होनेसे असाताके बन्धकालमें सातका अबन्ध होगा । इस दृष्टिसे औदयिक भावका निरूपण किया है ।

[असाता वेदनीयके बन्धकोंके कौन-सा भाव है ?] औदयिक है । [अबन्धकोंके कौन-सा भाव है ? औदयिक] या क्षायिक या क्षायोपशमिक है ।[1]

विशेष—असाताकी बन्धव्युच्छित्ति प्रमत्तसंयतमें होती है, अतएव अप्रमत्त गुणस्थानकी अपेक्षा क्षायोपशमिक भाव कहा है ।

दोनोंके बन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? औदयिक भाव है । अबन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? क्षायिकभाव है ।।

विशेष—यहाँ दोनोंके अबन्धक अयोगकेवलीकी अपेक्षा क्षायिकभाव कहा है ।

स्त्रीवेद, नपुंसकवेदके बन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? औदयिक भाव है । अबन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? औदयिक, औपशमिक, क्षायिक या क्षायोपशमिक है । इतना विशेष है कि नपुंसकवेदके अबन्धकोंमें पारिणामिक भाव भी पाया जाता है ।

विशेष—यहाँ स्त्रीवेद, नपुंसकवेदके अबन्धकोंमें औदयिक भावका निरूपण पुरुषवेदके बन्धककी अपेक्षासे किया है । नपुंसकवेदके अबन्धक सासादन गुणस्थानमें होते हैं । वहाँ दर्शनमोहनीयके उदय, उपशम, क्षय, क्षयोपशमका अभाव होनेसे पारिणामिक भाव कहा है ।

पुरुषवेदके बन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? औदयिक भाव है । अबन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? औदयिक, औपशमिक वा क्षायिक है ।

विशेष—पुरुषवेदके अबन्धक अनिवृत्तिकरणके अवेद भागमें होंगे । वहाँ चारित्र मोहनीयके उपशम अथवा क्षयमें तत्पर जीवोंकी अपेक्षा औपशमिक तथा क्षायिक भाव है । पुरुषवेदके अबन्धक किन्तु स्त्री-नपुंसकवेदके बन्धककी अपेक्षा औदयिक भाव होगा ।

---

१. देसविरदे पमत्ते इदरे य खओवसमियभावो दु ।
सो खलु चरित्तमोहं पडुच्च भणियं तहा उवरिं ॥ १३ ॥
तत्तो उवरिं उवसमभावो उवसामगेसु खवगेसु ।
खइओ भावो णियमा अजोगिचरमोत्ति सिद्धे य ॥ १४ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णं वेदाणं बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ? खइगो वा उवसमिगो वा। इत्थि णवुंसकभंगो [अरदिसोग] चदु-आयु-तिण्णिगदि-चदुजादि-ओरालि० पंचसंठा० ओरालि० अंगो० छस्संघ० तिण्णि आणु० आदावुज्जो० अप्पसत्थवि० थावरादि०४ अप्पसत्थवि० (अथिरादिछक्कं) उच्चागोदं (णीचागोदं) च। पुरिसभंगो हस्सरदि-देवगदि-पंचिंदि० वेउव्वि० आहार० समचदु० दोआंगो० देवाणु० परघादुस्सा० पसत्थविहाय० तस०४ थिरादि-छक्कं तित्थयरं [उच्चागोदं च]। पत्तेगेण साधारणेण चदुआयु-दो-अंगो० छस्संघ०२ विहाय० दोसराणं बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो वा उवसमिगो वा खइगो वा। णवरि चदुआयु० छस्संघ० अबंधगात्ति को भावो ? ओदइगो वा उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा। दो युगल-चदुगदि-पंचजादि-दोसरीर० छस्संठा० चदुआणु० तसथावरादिणवयुगलं दोगोदं च बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ? उवसमिगो वा खइगो वा। एवं ओघभंगो मणुसगदि (?) तिगं

तीनों वेदोंके बन्धकोंमें कौन-सा भाव है ? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन-सा भाव है ? क्षायिक या औपशमिक है।

विशेष—वेदत्रयके अबन्धकके अनिवृत्तिकरणके अवेद भागमें क्षायिक तथा औपशमिक भाव कहे हैं।

[अरति शोक] ४ आयु, देवगतिको छोड़कर तीन गति, ४ जाति, औदारिक शरीर, समचतुरस्रसंस्थानको छोड़कर शेष पाँच संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, देवानुपूर्वीके बिना तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावरादि ४, अप्रशस्त विहायोगति(?) तथा उच्च गोत्रके(?) बन्धकोंमें स्त्रीवेद और नपुंसक वेदके बन्धकोंके समान भाव जानना चाहिए अर्थात् बन्धकोंके औदयिक भाव हैं तथा अबन्धकोंके औदयिक, औपशमिक, क्षायिक वा क्षायोपशमिक है।

विशेष—यहाँ अप्रशस्त विहायोगतिका दो बार उल्लेख आया है। प्रतीत होता है, अस्थिरादिषट्कके स्थानमें अप्रशस्तविहायोगतिका पुनः उल्लेख हो गया है। यहाँ उच्चगोत्रके स्थानमें नीचगोत्रका पाठ उचित प्रतीत होता है।

हास्य, रति, देवगति, पंचेन्द्रियजाति, वैक्रियिक शरीर, आहारक शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक तथा आहारक-अंगोपांग, देवानुपूर्वी, परघात, उछ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि ६, तीर्थंकर प्रकृति, [उच्च गोत्र] के बन्धकोंमें पुरुषवेदके समान भंग है अर्थात् बन्धकोंमें औदयिक भाव है, अबन्धकोंमें औदयिक, क्षायिक वा क्षायोपशमिक है। प्रत्येक तथा सामान्यसे ४ आयु, २ अंगोपांग, ६ संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरोंके बन्धकोंमें कौन भाव है ? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक, औपशमिक तथा क्षायिक भाव हैं। विशेष, ४ आयु, ६ संहननके अबन्धकोंमें कौन भाव हैं ? औदयिक, औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव हैं। हास्य रति युगल, ४ गति, ५ जाति, औदारिक, वैक्रियिक शरीर, ६ संस्थान, ४ आनुपूर्वी, त्रसस्थावरादि ९ युगल और दो गोत्रोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? औपशमिक या क्षायिक भाव है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचिंदिय-तस०२ पंचमण० पंचवचि० काजोगि-ओरालिय का० चक्खु० अचक्खु० सुक्कले० भवसिद्धि० सण्णि-अणाहारग (?) त्ति। णवरि जोगादिसु (अजोगिसु) वेदणीय बंधगा णत्थि।

२७१. आदेसेण णेरइगेसु-धुविगाणं बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। थीणगिद्धितिगं अणंताणुबंधि०४ बंधगात्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो? उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा। सादासादबंधगा अबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। दोण्णं बंधगा त्ति०? ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। एवं चदुणोकसा० थिरादि-तिण्णियुगलं०। मिच्छत्तं बंधगा

विशेष—गोत्रादिके अबन्धक उपशान्तकषाय या क्षीणकषाय गुणस्थानमें होंगे, वहाँ औपशमिक क्षायिक भाव कहे हैं।

मनुष्यत्रिक (मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त तथा मनुष्यनी), पंचेन्द्रिय, पंचेन्द्रिय पर्याप्तक, त्रस, त्रसपर्याप्तक, पंच मनोयोगी, पंच वचनयोगी, काययोगी, औदारिक काययोगी, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, शुक्ललेश्यक, भव्यसिद्धिक, संज्ञी तथा अनाहारकोंमें (?) ओघके समान भंग है। इतना विशेष है कि (अ)योगादिकोंमें वेदनीयके बन्धक नहीं है (?)।

विशेष—अनाहारकोंका कथन आगे पृष्ठ २७८ पर आया है, अतः यहाँ आहारकोंका पाठ सम्यक् प्रतीत होता है। वेदनीयके अबन्धक, अयोगकेवली होते हैं। इस दृष्टिसे 'जोगादिसु'के स्थानपर 'अजोगी' पाठ संगत प्रतीत होता है।

२७१. आदेशसे-नारकियोंमें ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धक नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औपशमिक, क्षायिक वा क्षायोपशमिक है। साता-असाताके बन्धकों,अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव है।

विशेष—नरक गतिमें सातका बन्धक असाताका अबन्धक होगा, असाताका बन्धक साताका अबन्धक होगा, इसलिए अन्यतरके बन्धककी अपेक्षा औदयिक भाव कहा है।

दोनोंके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है; अबन्धक नहीं है। इसी प्रकार चार नोकषाय, स्थिरादि तीन युगलमें जानना चाहिए। मिथ्यात्वके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है।

विशेषार्थ—इस प्रसंगमें 'धवलाटीकामें महत्त्वपूर्ण शंका-समाधान किया गया है।

शंका—मिथ्यात्वके बन्धक मिथ्यादृष्टिके सम्यक्मिथ्यात्व प्रकृतिके सर्वघाती स्पर्धकोंके उदय-क्षयसे, उनके सदवस्थारूप उपशमसे तथा सम्यक्त्व प्रकृतिके देशघाती स्पर्धकोंके उदय-क्षयसे, उनके सदवस्थारूप उपशमसे अथवा अनुदय रूप उपशमसे और मिथ्यात्व प्रकृतिके सर्वघाती स्पर्धकोंके उदयसे मिथ्यादृष्टिरूप भाव उत्पन्न होता है। अतः उसके क्षायोपशमिक भाव क्यों नहीं माना जाये?

समाधान—सम्यक्त्व और सम्यक्मिथ्यात्व प्रकृतियोंके देशघाती स्पर्धकोंके उदय-क्षय अथवा सदवस्थारूप उपशम अथवा अनुदयरूप उपशमसे मिथ्यादृष्टि भाव नहीं होता। कारण, ऐसा माननेमें दोष आता है। जो जिससे नियमतः उत्पन्न होता है, वह उसका कारण होता है। ऐसा न माननेपर अनवस्था दोष आयेगा। कदाचित् यह कहा जाये कि मिथ्यात्वके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो ? उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा पारिणामिगो वा। इत्थि० णवुंस-बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ? ओदइगो वा उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा। णवरि णवुंस० अबंधगात्ति पारिणामियो वि। पुरिस बंधा-अबंधगा त्ति ओदइगो भावो। तिण्णि वेदाणं बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। एवं इत्थि-णवुंसभंगो तिरिक्खायु-तिरिक्खगदि-पंचसंठा० पंचसंघ० तिरिक्खाणु०उज्जोव-अप्पसत्थवि०दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचागोदं च। पुरिसभंगो मणुसायु-मणुसगदि-समचदु०-वज्जरिसभ० मणुसाणु० पसत्थवि० सुभग० सुस्सर० आदे० तित्थय० उच्चागोदं

उत्पन्न होनेके कालमें जो भाव विद्यमान हैं, वे उसके कारणपनेको प्राप्त होते हैं, तो फिर ज्ञान,दर्शन,असंयम आदि भी मिथ्यात्वके कारण हो जायेंगे, किन्तु ऐसा नहीं है; कारण इस प्रकारका व्यवहार नहीं पाया जाता। अतएव यह सिद्ध होता है कि मिथ्यात्वके उदयसे मिथ्यादृष्टि भाव होता है,कारण इसके बिना मिथ्यात्व भावकी उत्पत्ति नहीं होती (ध० टी०, भा० पृ० २०७)। इससे मिथ्यात्वके बन्धकोंके औदयिक भाव कहा है।

मिथ्यात्वके अबन्धकोंके कौन भाव है ? औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक वा पारिणामिक है।[1]

स्त्रीवेद, नपुंसकवेदके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक, औपशमिक, क्षायिक वा क्षायोपशमिक है।

विशेष—यहाँ उक्त वेदद्वयके अबन्धक, किन्तु पुरुषवेदके बन्धककी अपेक्षा औदयिक भाव कहा है।

यहाँ इतना विशेष है कि नपुंसकवेदके अबन्धकोंमें पारिणामिक भाव भी पाया जाता है।

पुरुषवेदके बन्धकों,अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है।

विशेष—नरक गतिमें आदिके चार ही गुणस्थान होते हैं और पुरुषवेदकी बन्ध-व्युच्छित्ति नवें गुणस्थानमें होती है, तब पुरुषवेदके अबन्धकका भाव अन्य वेदोंके बन्धका समझना चाहिए। अन्य वेदोंका बन्ध होते हुए पुरुषवेदका बन्ध न होना यहाँ पुरुषवेदका अबन्धकपना है। इस अपेक्षासे अबन्धकके औदयिक भाव कहा है।

तीन वेदोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक है; अबन्धक नहीं है।

तिर्यंच आयु, तिर्यंचगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त-विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, तथा नीच गोत्रमें स्त्रीवेद तथा नपुंसक वेदके समान भंग जानना चाहिए। अर्थात् बन्धकोंके औदयिक भाव हैं; अबन्धकोंके औदयिक, औपशमिक, क्षायिक व क्षायोपशमिक हैं। मनुष्यायु, मनुष्यगति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रवृषभसंहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय, तीर्थंकर तथा उच्चगोत्रमें पुरुषवेदके समान भंग है; अर्थात् बन्धकों,अबन्धकोंके औदयिक भाव है। शेष प्रकृ-

---

१. अणंताणुबंधीणमुदएणेव सासणसम्मादिट्ठी होदि त्ति ओदइयो भावो किण्ण उच्चदे ? आइल्लेसु चदुसु वि गुणट्ठाणेसु चारित्तावरणतिव्वोदएण पत्तासंजमेसु दंसणमोहणिबंधणेसु चारित्तमोहविवक्खाभावा। अप्पिदस्स दंसणमोहणीयस्स उदएण उवसमेण, खएण, खओवसमेण वा सासणसम्मादिट्ठी ण होदित्ति पारणामिओ भावो। –ध० टी०,भा०,पृ० २०७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

च। पत्तेगेण साधारणेण सेसाणं सव्वाणं बंधगा ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। एवं पढमाए। विदियाए याव सत्तमा त्ति एवं चेव। णवरि खइगं णत्थि। सत्तमाए मिच्छत्त-तिरिक्खायु बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो वा उवसमिगो वा खयोवसमिगो वा पारिणामियो वा। णवरि मिच्छत्त-अबंधगात्ति को भावो? ओदइगो णत्थि।

तियोंके बन्धकोंमें प्रत्येक तथा साधारणसे औदयिक भाव है अबन्धक नहीं हैं। इस प्रकार पहली पृथ्वीमें जानना। दूसरीसे लेकर सातवीं पृथ्वी पर्यन्त इसी प्रकार जानना। विशेष यह है कि द्वितीय आदि पृथ्वियोंमें क्षायिक भाव नहीं है।[1] [कारण क्षायिकसम्यक्त्वी जीवका प्रथम पृथ्वीपर्यन्त उत्पाद होता है।] सातवीं पृथ्वीमें मिथ्यात्व तथा तिर्यंचायुके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव हैं? औदयिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक वा पारिणामिक है। विशेष, मिथ्यात्वके अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव नहीं है अर्थात् यहाँ औपशमिक, क्षायोपशमिक वा पारिणामिक भाव हैं।

विशेष—[2]सासादन गुणस्थानकी अपेक्षा पारिणामिक भाव है, मिश्र गुणस्थानकी अपेक्षा क्षायोपशमिक है तथा अविरत सम्यक्त्वीकी अपेक्षा औपशमिक तथा क्षायोपशमिक भाव है।

'धवलाटीकामें नारकीके औपशमिकभावके सम्बन्धमें लिखा है—दर्शनमोहनीयके उदयाभाव लक्षणवाले उपशमके द्वारा उपशम सम्यग्दृष्टि उत्पन्न होता है, इससे वह औपशमिक है।

शंका—यदि उदयाभावको भी उपशम कहते हैं, तो देवपना भी औपशमिक होगा, क्योंकि वह देवपना नरकादि शेष तीन गतियोंके उदयाभावसे उत्पन्न होता है?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहाँ तीनों गतियोंका[3] स्तिबुक-संक्रमणके द्वारा उदय पाया जाता है अर्थात् स्तिबुक संक्रमणके द्वारा अनुदय प्राप्त तीनों गतियोंका संक्रमण होकर विपाक होता है। (**तिण्हं गईणं त्थिउक्कसंकमेण उदयस्सुवलंभा**) अथवा देवगति नामकर्मका उदय होनेसे देवगतिको औपशमिक नहीं कहा है। (पृ०२१०)

क्षायोपशमिक भावके विषयमें यह कथन ध्यान देने योग्य है—दर्शनमोहनीयकी सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयसे जो चल, मलिन तथा अगाढ सम्यक्त्व होता है, वह वेदक सम्यक्त्व है।'जीवकाण्ड गोम्मटसारमें लिखा है :

"दंसणमोहुदयादो उप्पज्जइ जं पयत्थसद्दहणं।
चल-मलिणमगाढं तं वेदयसम्मत्तमिदि जाणे ॥६४६॥"

---

१. "विदियादिसु पुढवीसु खइयसम्मादिट्ठीणमुप्पत्तीए अभावा।" – जीव० भा० टी० पृ० २११।

२. "आदेसेण गइयाणुवादेण णिरयगईए णेरइएसु मिच्छादिट्ठि त्ति को भावो, ओदइओ भावो। सासणसम्मादिट्ठि त्ति को भावो, पारिणामिओ भावो। सम्मामिच्छाइट्ठि त्ति को भावो, खओवसमिओ भावो। असंजदसम्मादिट्ठि त्ति को भावो? उवसमिओ वा खइयो वा खओवसमिओ वा भावो।" – जी० भावाणु० सूत्र १०-१४।

३. "पिंडपगईण जा उदयसंगया तीए अणुदयगयाओ।
संकामिऊण वेयइ जं एसो थिबुकसंकामो॥" – पंच०सं०,संक्रम,८०॥

—पिंड प्रकृतियोंमें-से किसीके उदय आनेपर अनुदय प्राप्त शेष प्रकृतियोंका उस प्रकृतिमें संक्रमण होकर उदय आनेको स्तिबुक संक्रमण कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'धवला'टीकामें सम्यक्त्व प्रकृतिको 'वेदगसम्मत्तफद्दय'-वेदक-सम्यक्त्व स्पर्धक कहा है। वहाँ कहा है-"दर्शन मोहनीयकी अवयव स्वरूप देशघाती लक्षणवाले वेदक सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयसे उत्पन्न होनेवाला सम्यग्दृष्टिभाव क्षायोपशमिक कहलाता है।

वेदकसम्यक्त्व प्रकृतिके स्पर्धकोंकी क्षय संज्ञा है, क्योंकि उसमें सम्यग्दर्शनकीप्रतिबन्धक शक्तिका अभाव है। मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दोनोंके उदयाभावको उपशम कहते हैं। इस प्रकार उपर्युक्त क्षय तथा उपशम इन दोनोंके द्वारा उत्पन्न होनेसे सम्यग्दृष्टिभाव क्षायोपशमिक कहलाता है।

'गोम्मटसार'जीवकाण्डकी संस्कृत टीकामें लिखा है-"**एवं सम्यक्त्वप्रकृत्युदयमनुभवतो जीवस्य जायमानं तत्त्वार्थश्रद्धानं वेदकसम्यक्त्वमित्युच्यते। इदमेव क्षायोपशमिक-सम्यक्त्वं नाम दर्शनमोहसर्वघातिस्पर्धकानामुदयाभावलक्षणक्षये देशघातिस्पर्धकरूपसम्यक्त्वप्रकृत्युदये तस्यैवोपरितनानुदयप्राप्तस्पर्धकानां सदवस्थालक्षणोपशमे च सति समुत्पन्नत्वात्**" (पृ० ५०) -इस प्रकार सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयका अनुभव करनेवाले जीवके उत्पन्न होनेवाला तत्त्वार्थका श्रद्धान वेदक सम्यक्त्व कहा जाता है। इसे ही क्षायोपशमिक सम्यक्त्व कहा है, क्योंकि दर्शन मोहके सर्वघाती स्पर्धकोंके उदयका अभाव लक्षणक्षय होनेसे तथा देशघाति स्पर्धक रूप सम्यक्त्व प्रकृतिके उदय होनेपर तथा उसके आगेके अनुदय अवस्थाको प्राप्त स्पर्धकोंका सदवस्था लक्षण उपशम होनेपर यह उत्पन्न होता है।

आचार्य पूज्यपाद भी क्षायोपशमिक भावके लक्षणमें देशघाति स्पर्धकोंका उदय, सर्वघातिस्पर्धकोंका उदय क्षय तथा उनका सदवस्था रूप उपशम कहते हैं। उन्होंने 'सर्वार्थसिद्धि'में लिखा है-"**सर्वघातिस्पर्धकानामुदयक्षयात्तेषामेव सदुपशमात् देशघातिस्पर्धकानामुदये क्षायोपशमिको भावो भवति** (स० सि०, अ०२, सू० ५ की टीका, पृ० ६३) 'तत्त्वार्थराजवार्तिक'में आचार्य अकलंकदेवने सर्वार्थसिद्धिकी उपरोक्त परिभाषाको स्वीकार कर उसपर भाष्य लिखकर स्पष्टीकरण किया है। (रा० वा०, पृ० ७४, सू० ५, अ० २)।

इस समस्त विवेचनको दृष्टिमें रखनेपर यह ज्ञात होता है कि 'धवला'टीकामें क्षयोपशमकी भिन्न प्रकार व्याख्या की गयी है। वहाँ आचार्य सर्वघातिके स्पर्धकोंके उदयाभावको क्षय न कहकर देशघातिके स्पर्धकोंको 'क्षय' संज्ञा प्रदान करते हैं तथा सर्वघातिके स्पर्धकोंके उदयाभावको उपशम कहते हैं। इस प्रकार क्षय और उपशम युक्त भावको 'धवला'टीकामें क्षयोपशम कहा है। पूज्यपाद, अकलंकदेव आदिने देशघातिके उदयका प्रतिपादन किया है, अतः उन्होंने देशघातिकी 'क्षय' संज्ञाका समर्थन नहीं किया है। जब देशघातिके उदयसे चल, मल तथा रुचिशैथिल्य रूप[1] अगाढ दोष उत्पन्न होते हैं, तब देशघातिको 'क्षय' स्वीकार करनेमें कठिनता उपस्थित होती है।

क्षयोपशमके विषयमें 'गोम्मटसार' टीकामें पं० टोडरमलजीने इस प्रकार स्पष्टीकरण किया है: "सर्वत्र क्षयोपशमका स्वरूप ऐसा ही जानना जहाँ प्रतिपक्षी कर्मके देशघातिया स्पर्धकनिका उदय पाइये तोहि सहित सर्वघातिया स्पर्धक उदयनिषेक सम्बन्धी तिनिका उदय

१. आप्तागमपदार्थश्रद्धानावस्थायामेव स्थितं कम्प्रमेव अगाढमिति कीर्त्यते। तद्यथा सर्वेषामर्हत्परमेष्ठिनां अनन्तशक्तित्वे समाने स्थितेऽपि अस्मै शान्तकर्मणे शान्तिक्रियायै शान्तिनाथदेवः प्रभुर्भवति, अस्मै विघ्नविनशनादिक्रियायै पार्श्वनाथदेवः प्रभुरित्यादिप्रकारेण रुचिशैथिल्यसम्भवात्, यथा वृद्धकरतलगतयष्टिः शिथिलसंबन्धतया अगाढा तथा वेदकसम्यक्त्वमपि ज्ञातव्यम्। -गो०, जी० संस्कृत टीका, पृ० ५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२७२. तिरिक्खेसु-दु(धु)विगाणं बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। थीणगिद्धि०३ मिच्छत्त-अणंताणुबं०४ बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो ? उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा। णवरि मिच्छत्त-अबंधगा पारिणामिगो भावो। वेदणी० णिरयभंगो। एवं चदुणोकसा०। थिरादितिण्णियुग० तिण्णिवेदं णिरयभंगो। अपच्चक्खाणा०४ बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो ? खयोवसमिगो भावो। इत्थि-णवुंसभंगो

न पाइए बिना ही उदय दीये निर्जरै सोई क्षय अर जे उदय न प्राप्त भए आगामी निषेक तिनिका सत्तास्वरूप उपशम तिनि दोऊनि कौं होतै क्षायोपशम हो है" (गो० जी०,पृ० ३७)

इस प्रकार क्षायोपशमके विषयमें दो प्रकारसे निरूपण किया गया है।

२७२. तिर्यंचोंमें-ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक भाव हैं; अबन्धक नहीं है।

विशेष—इनके अबन्धक उपशान्त कषायादि गुणस्थानवाले होंगे। तिर्यंचोंमें केवल आदिके पाँच गुणस्थान होते हैं; इस कारण तिर्यंचोंमें ध्रुव प्रकृतियोंके अबन्धकोंका अभाव कहा है।

स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चारके बन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक हैं। अबन्धकोंके कौन भाव हैं ? औपशमिक, क्षायिक वा क्षायोपशमिक हैं। इतना विशेष है कि मिथ्यात्वके अबन्धकोंके पारिणामिक भाव भी पाया जाता है। वेदनीयका नरक गतिके समान भंग है, अर्थात् साता-असाताके बन्धक, अबन्धकोंमें औदयिक भाव हैं। दोनोंके बन्धकोंमें औदयिक भाव है; अबन्धक नहीं हैं।

चार नोकषायमें इसी प्रकार है। स्थिरादि तीन युगल, तीन वेदके बन्धकों,अबन्धकोंमें नरकगतिके समान भंग है। अप्रत्याख्यानावरण चारके बन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक हैं। अबन्धकोंके कौन भाव हैं ? क्षायोपशमिक भाव हैं।

विशेष—यहाँ देशसंयमी तिर्यंचोंकी अपेक्षा क्षायोपशमिक भाव कहा है। इस सम्बन्धमें धवलाकार इस प्रकार स्पष्टीकरण करते हैं – क्षयोपशमरूप संयमासंयम परिणाम चारित्र मोहनीयके उदय होनेपर उत्पन्न होते हैं। यहाँ प्रत्याख्यानावरण, संज्वलन और नोकषायोंके उदय होते हुए भी पूर्णतया चारित्रका विनाश नहीं होता। इस कारण प्रत्याख्यानादिके उदयकी क्षय संज्ञा की गयी है। उन्हीं प्रकृतियोंकी उपशम संज्ञा भी है, कारण वे चारित्र अथवा श्रेणीको आवरण नहीं करतीं। इस प्रकार क्षय और उपशमसे उत्पन्न हुए भावको क्षायोपशमिक भाव कहा है[1]।

कोई आचार्य कहते हैं – अप्रत्याख्यानावरणचतुष्कके सर्वघाती स्पर्धकोंके उदय-क्षयसे उन्हींके सदवस्थारूप उपशमसे तथा चारों संज्वलन और नव नोकषायोंके सर्वघाती स्पर्धकोंके उदयाभावी क्षय, उनके सदवस्थारूप उपशम तथा देशघाती स्पर्धकोंके उदयसे और प्रत्याख्यानावरण चारके सर्वघाती स्पर्धकोंके उदयसे देशसंयम होता है।

इस सम्बन्धमें धवलाकारका यह कथन है कि – उदयके अभावकी उपशम संज्ञा करनेसे उदयसे विरहित सर्व प्रकृतियोंकी तथा उन्हींके स्थिति, अनुभागके स्पर्धकोंको उपशम

---

१. "देशविरदे पमत्ते इदरे य खओवसमियभावो दु।" – गो० जीव० गा० १३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णि-आयु० तिण्णिगदि-चदुजादि-ओरालि० पंचसंठा० ओरालि० अंगो० छस्संघ० तिण्णि आणु० आदावुज्जो० अप्पसत्थवि० थावरादि०४ दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचागोदं च। पुरिसवेदभंगो देवायु-देवगदि-पंचिंदि० वेउव्विय० समचदु० वेउव्वि० अंगो० देवाणु० परघादुस्सा० पसत्थवि० तस०४ सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-उच्चागोदं च। एवं पत्तेगेण साधारणेण वेदणीय-भंगो। णवरि चदुआयु-दोअंगोवंग० छस्संघ० दोविहा० दोसर० बंधगा-अबंधात्ति को भावो? ओदइगो भावो। णवरि छस्संघडणाणं अबंधगात्ति ओदइगादिचत्तारिभावो।

संज्ञा प्राप्त हो जाती है। जिसका वर्तमानमें क्षय नहीं है, किन्तु उदय विद्यमान है उसका क्षय नामकरण अयुक्त है; इसलिए ये तीनों ही भाव उदयोपशमिकपनेको प्राप्त होते हैं। किन्तु इस बातका प्रतिपादक कोई सूत्र नहीं है। फलको देकर तथा निर्जराको प्राप्त होकर दूर हुए कर्म-स्कन्धोंकी 'क्षय' संज्ञा करके देशविरत गुणस्थानको क्षायोपशमिक कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसा होनेपर मिथ्यादृष्टि आदि सभी भावोंके क्षायोपशमिकत्वका प्रसंग प्राप्त होगा। (ध० टी०,भावानु० पृ० २०२-२०३)

तीन आयु (देवायुको छोड़कर) तीन गति, चार जाति, औदारिक शरीर, समचतुरस्र-संस्थान बिना शेष पाँच संस्थान, औदारिक अंगोपांग, छह संहनन, देवानुपूर्वी बिना तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावरादिक ४, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय तथा नीच गोत्रमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेदके समान भंग है। अर्थात् बन्धकोंके औदयिक भाव हैं। अबन्धकोंके औदयिक, औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव हैं।

देवायु, देवगति, पंचेन्द्रिय जाति, वैक्रियिकशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, देवानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय तथा उच्च गोत्रके बन्धकोंमें पुरुषवेदके समान भंग हैं; अर्थात् बन्धकों अबन्धकोंमें औदयिक भाव है।

विशेष—तिर्यंच गतिमें देवायु, देवगति, आदिकी बन्ध-व्युच्छित्तिवाले गुणस्थानका अभाव है, कारण यहाँ देश संयम गुण-स्थान तक ही पाये जाते हैं; अतः अबन्धकोंका यह भाव है कि इन प्रकृतियोंके स्थानमें नरकायु आदिका बन्ध होता है; अतः देवायु आदिकी अबन्ध स्थितिमें नरकायु आदिके बन्धकी अपेक्षा अबन्धकोंमें औदयिक भाव कहा है।

इस प्रकार प्रत्येक तथा साधारणसे वेदनीयके समान भंग है अर्थात् बन्धकोंके औदयिक भाव हैं; अबन्धक नहीं है। विशेष यह है कि चार आयु, दो अंगोपांग, छह संहनन, दो विहायोगति, दो स्वरके बन्धकों,अबन्धकोंके कौन भाव हैं? औदयिक भाव हैं। विशेष छह संहननके अबन्धकोंमें औदयिक आदि चार भाव (पारिणामिकको छोड़कर) हैं।

विशेष—शंका – दो अंगोपांग, छह संहनन, दो विहायोगति, दो स्वर, चार आयुके बन्धकोंके औदयिक भाव ठीक हैं, इनके अबन्धकोंमें औदयिक कैसे कहा? दूसरी बात यह है कि जब छह संहननके अबन्धकोंमें औदयिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक तथा क्षायिक भाव कहे गये, तब यहाँ भी विहायोगति आदिके अबन्धकोंमें केवल औदयिक भाव क्यों कहा?

समाधान—तिर्यंच गतिमें छह संहनन, दो विहायोगति, दो स्वर तथा दो अंगोपांगके अबन्धक एकेन्द्रियत्वके साथ हैं, कारण एकेन्द्रियमें संहनन, विहायोगति, स्वर तथा अंगोपांग-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२७३. एवं पंचिंदिय-तिरिक्ख०३। णवरि जोणिणीसु खइगं णत्थि। सव्व-अपज्जत्ताणं तसाणं सव्वे० (?) खयोवसम-पारिणामियं णत्थि। विगप्पा ओदइ०।

२७४. एवं अणुदिस याव सव्वट्ठत्ति।

२७५. सव्वएइंदिय-सव्वविगलिंदिय-सव्वपंचकाय० आहार० आहारमि० मदि०

का उदय नहीं है; इससे एकेन्द्रियकी अपेक्षा औदयिक भाव कहा है। एकेन्द्रियके सिवाय देव और नारकी भी संहननरहित पाये जाते हैं, उनकी अपेक्षा सम्यक्त्वत्रयकी दृष्टिसे औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव भी अबन्धकोंमें कहे हैं।

२७३. पंचेन्द्रिय तिर्यंच, पंचेन्द्रिय तिर्यंचपर्याप्त तथा पंचेन्द्रिय योनिमती तिर्यंचोंमें इसी प्रकार जानना। इतना विशेष है कि योनिमती तिर्यंचोंमें क्षायिक भाव नहीं है।

विशेष—तिर्यंच-स्त्रीमें क्षायिक भावके अभावका कारण यह है कि दर्शन मोहनीयका क्षपण मनुष्य गतिमें ही होता है और बद्धायुष्क क्षायिकसम्यक्त्वी जीवकी स्त्रीवेदी रूपसे उत्पत्ति नहीं होती। अतः स्त्रीतिर्यंचमें क्षायिक भाव नहीं पाया जाता।[1] (ध० टी०,भावा० पृ० २१३)

सर्व अपर्याप्त त्रसोंमें [औपशमिक, क्षायिक] क्षायोपशमिक तथा पारिणामिक नहीं है। [सर्व] विकल्पोंमें औदयिक भाव है।

२७४. अनुदिश स्वर्गसे सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त इसी प्रकार है।

विशेषार्थ—अनुदिश आदिसे लेकर सर्वार्थसिद्धि विमानवासी देवोंमें सभी सम्यग्दृष्टि होते हैं। उनके औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक भाव भी है।[2]

इसपर धवलाकार इन शब्दोंमें प्रकाश डालते हैं—"जैसे वेदक सम्यग्दृष्टि देवोंके क्षायोपशमिक भाव, क्षायिक सम्यग्दृष्टि देवोंके क्षायिक भाव और उपशम सम्यग्दृष्टि देवोंके औपशमिक भाव होता है।

शंका—अनुदिश आदि विमानोंमें मिथ्यादृष्टि जीवोंका अभाव होते हुए उपशम सम्यग्दृष्टियोंका होना कैसे सम्भव है, क्योंकि कारणका अभाव होनेपर कार्यकी उत्पत्तिका विरोध है।

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि उपशम सम्यक्त्वके साथ उपशम श्रेणीपर चढ़ते और उतरते हुए मरणकर देवोंमें उत्पन्न होनेवाले संयतोंके उपशम सम्यक्त्व पाया जाता है। (जी० भावा० टीका पृ० २१६)

२७५. सर्व एकेन्द्रिय, सर्व विकलेन्द्रिय, सर्व पंचकाय, आहारक,[3] आहारकमिश्र,

---

१. खइयसम्मादिट्ठीणं बद्धाउआणं त्थीवेदएसु उप्पत्तीए अभावा। मणुसगइचदिरित्तसेसगईसु दंसण-मोहणीयक्खवणाए अभावादो च।—ध० टी०,पृ० २१३। २. अणुदिसादि जाव सव्वट्ठसिद्धिविमाणवासियदेवेसु असंजदसम्मादिट्ठि त्ति को भावो? ओवसमिओ वा खइओ वा खओवसमिओ वा भावो। —जी० भावा०, सूत्र २८। ३. आहारक, आहारक मिश्रमें चार संज्वलन और सात नोकषायोंके उदय प्राप्त देशघाती स्पर्धकोंकी उपशम संज्ञा है; कारण पूर्णतया चारित्रके घातनेकी शक्तिका वहाँ उपशम पाया जाता है। उन्हीं ग्यारह चारित्र मोहनीयकी प्रकृतियोंके सर्वघाती स्पर्धकोंकी क्षय संज्ञा है; क्योंकि उनका उदय भाव नष्ट हो चुका है। इस प्रकार क्षय और उपशमसे उत्पन्न संयम क्षायोपशमिक है। पूर्वोक्त ग्यारह प्रकृतियोंके उदयकी ही क्षयोपशम संज्ञा है; कारण चारित्रके घातनेकी शक्तिके अभावकी ही क्षयोपशम संज्ञा है। इस प्रकार क्षयोपशमसे उत्पन्न प्रमादयुक्त संयम क्षायोपशमिक है। —ध० टी०,भावाणु०,पृ० २२१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुद० विभंग० अब्भवसि० सासण० सम्मामि० मिच्छादि० असण्णि त्ति। णवरि मदि० सुद० विभंगे मिच्छ० अबंधगात्ति को भावो ? पारिणामिगो भावो।

२७६. देवाणं णिरयोघं याव णवगेवज्जा त्ति। णवरि देवोघादो याव सोधम्मीसाणा त्ति। एइंदिय-आदाव-थावर-बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ? ओदइगो वा उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा पारिणामिगो वा। तप्पडिपक्खाणं बंधा-अबंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। दोण्णं बंधगा त्ति

मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान, विभंगावधि, अभव्यसिद्धिक, सासादन, सम्यग्मिथ्यात्वी, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञीमें इसी प्रकार जानना चाहिए। विशेष, मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान तथा विभंगावधिमें मिथ्यात्वके अबन्धकोंके कौन भाव है ? पारिणामिक भाव है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय, पंचकाय, अभव्यसिद्धिक, असंज्ञी, मिथ्यादृष्टिके मिथ्यात्व गुणस्थान कहा है। अतः इनके औदयिक भाव जानना चाहिए। मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान, विभंगज्ञानमें मिथ्यात्व, सासादन गुणस्थान पाये जाते हैं। उनमें मिथ्यात्वके अबन्धक सासादन गुणस्थानवाले जीवोंके दर्शन मोहनीयकी अपेक्षा पारिणामिक भाव कहा गया है। सासादन गुणस्थानमें पारिणामिक भाव है, मिश्रगुणस्थानमें क्षायोपशमिक भाव कहा है। 'गोम्मटसार' जीवकाण्डमें लिखा है—"**मिश्रगुणस्थाने क्षायोपशमिकभावो भवति। कुतः ? मिथ्यात्वप्रकृतेः सर्वघातिस्पर्धकानामुदयाभावलक्षणे क्षये सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृत्युदये विद्यमाने सत्यनुदयप्राप्तनिषेकाणामुपशमे च समुद्भूतत्वादेव कारणात्**" (संस्कृत टीका, पृ० ३४)—मिश्रगुणस्थानमें क्षायोपशमिक भाव किस प्रकार होता है ? मिथ्यात्व प्रकृतिके सर्वघाति-स्पर्धकोंका उदयाभाव लक्षण क्षय होनेपर तथा सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिके उदय होनेपर और उदयको प्राप्त न हुए तिर्यंचोंके उपशम होनेपर यह क्षायोपशमिक भाव होता है।

आचार्य वीरसेन[1] धवलाटीकामें इस परिभाषासे असहमति प्रकट करते हुए कहते हैं—"तण्ण घडदे" यह परिभाषा घटित नहीं होती है। उनका कथन है—"**सम्मामिच्छत्तुदए संते सद्दहणासद्दहणप्पओ करंचिओ जीवपरिणामो उप्पज्जइ। तत्थ जो सद्दहणंसो सो सम्मत्तावयवो। तं सम्मामिच्छत्तुदओ ण विणासेदि त्ति सम्मामिच्छत्तं खओवसमियं** (जी० भा० टीका, पृ० १९८) सम्यक्त्व-मिथ्यात्व कर्मके उदय होनेपर श्रद्धानाश्रद्धानात्मक करंचित अर्थात् शबलित (मिश्रित) जीव परिणाम उत्पन्न होता है, उसमें जो श्रद्धानांश है, वह सम्यक्त्वका अवयव है। उसे सम्यग्मिथ्यात्व कर्मका उदय नष्ट नहीं करता है, इससे सम्यग्मिथ्यात्व भाव क्षायोपशमिक है।

विशेष—यहाँ सासादन गुणस्थानकी दृष्टिसे दर्शन मोहनीयकी अपेक्षा पारिणामिक भाव कहा गया है।

२७६. देवोंमें-नव ग्रैवेयकपर्यन्त देवोंमें नारकियोंके ओघवत् जानना चाहिए। सामान्य देवोंसे सौधर्म ईशान स्वर्ग पर्यन्त विशेष है। एकेन्द्रिय आतप स्थावरके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक, औपशमिक, क्षायिक वा क्षायोपशमिक वा पारिणमिक भाव है। इनकी प्रतिपक्षी प्रकृतियोंके बन्धकों, अबन्धकोंके

---

१. ज्ञानानुवादेन मत्यज्ञान-श्रुताज्ञान-विभंगज्ञानेषु मिथ्यादृष्टिः सासादनसम्यग्दृष्टिश्चास्ति॥ -स० सि०, पृ० ११। एकेन्द्रियादिषु चतुरिन्द्रियपर्यन्तेषु एकमेव मिथ्यादृष्टिस्थानम्। पृथ्वीकायादिषु वनस्पतिकायान्तेषु एकमेव मिथ्यादृष्टिस्थानम्। असंज्ञिषु एकमेव मिथ्यादृष्टिस्थानम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधा णत्थि। भवणवासि-वाणवेंतर जोदिसिगेसु खइगं णत्थि।

२७७. ओरालिमि० पंचणा० छदंस० बारसक० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ अगु० उप० णिमि० पंचंतराइगाणं बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो ? खइगो भावो। थीणगिद्धि०३ मिच्छत्त-अणंताणु०४ बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो ? खइगो वा खयोवसमिगो वा। णवरि मिच्छत्त-पारिणामियो वि अत्थि। सादबंधाबंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। असाद-बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो वा, खइगो वा। दोण्णं बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंधगा

कौन भाव है ? औदयिक है। दोनोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक है; अबन्धक नहीं है। भवनवासी, वाणव्यन्तर तथा ज्योतिषियोंमें क्षायिक भाव नहीं है।

विशेषार्थ—धवलाटीकामें यह शंका-समाधान दिया गया है—

शंका—भवनत्रिक आदि देव और देवियोंमें क्षायिक भाव क्यों नहीं कहा ?

समाधान—नहीं, क्योंकि भवनवासी वाणव्यन्तर, ज्योतिषी देव, द्वितीयादि छह पृथिवियोंके नारकी, सर्वविकलेन्द्रिय, सर्वलब्ध्यपर्याप्तक और स्त्रीवेदियोंमें सम्यग्दृष्टि जीवोंकी उत्पत्ति नहीं होती है। तथा मनुष्यगतिके अतिरिक्त अन्य गतियोंमें दर्शन मोहनीयकी क्षपणाका अभाव है। इससे उक्त भवनत्रिक आदि देव-देवियोंमें क्षायिक भाव नहीं बतलाया गया। (जीव० ध०,टीका भावा० पृ० २१५)

२७७. औदारिक मिश्र काययोगमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तथा ५ अन्तरायोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? क्षायिक भाव है।

विशेष—यहाँ ध्रुव प्रकृतियोंके अबन्धक कपाट समुद्घातयुक्त सयोगकेवलीकी अपेक्षा क्षायिक भाव कहा है।

स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? क्षायिक वा क्षायोपशमिक है। मिथ्यात्वके अबन्धकोंमें पारिणामिक भाव भी पाया जाता है।

विशेषार्थ—**शंका**—यहाँ औपशमिक भाव क्यों नहीं कहा गया ?

समाधान—चारों गतियोंके उपशमसम्यक्त्वी जीवोंका मरण न होनेसे इस योगमें उपशमसम्यक्त्वका सद्भाव नहीं पाया जाता।

शंका—उपशम श्रेणीपर चढ़ते-उतरते हुए संयतजीवोंका उपशमसम्यक्त्वके साथ मरण पाया जाता है।

---

१. ओवसमिओ भावो एत्थ किण्ण परुविदो ? ण, चउग्गइ उवसमसम्मादिट्ठीणं मरणाभावादो ओरालियमिस्सम्हि उवसमसम्मत्तस्सुवलंभाभावा। उवसमसेढि चढंत-ओअरंत संजदाणमुवसमसम्मत्तेण मरणं, अत्थि त्ति चे सच्चमत्थि, किंतु ण ते उवसमसम्मत्तेण ओरालियमिस्सकायजोगिणो होंति, देवगदिं मोत्तूण तेसिमण्णत्थ उप्पत्तीए अभावा। —ध० टी०,भा०,पृ० २१९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णत्थि । इत्थिणवुंसबंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो । अबंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो वा खइगो वा खयोवसमियो वा । णवरि णवुंसगेसु पारिणामियो वि अत्थि। पुरिसवेदगेसु बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो । अबंधगा त्ति को भावो ?

समाधान—यह सत्य है, किन्तु उपशम श्रेणीमें मरनेवाले उपशमसम्यक्त्वीके औदारिक मिश्रकाययोग नहीं होता, कारण इनकी देवोंके सिवाय अन्यत्र उत्पत्तिका अभाव है। (ध० टी०,भावाणु० पृ० २१९)।

सातके बन्धकों,अबन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक भाव है। असातके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक वा क्षायिक भाव है। साता-असातके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है; अबन्धक नहीं है।

विशेष—शंका—जब सातके बन्धकों-अबन्धकोंमें औदयिक भाव कहा, तब असातके बन्धकों,अबन्धकोंमें औदयिक भाव ही कहना था। यहाँ असातके अबन्धकोंमें औदयिकके साथ क्षायिक भाव क्यों कहा है ?

समाधान—यहाँ यह ध्यान देना चाहिए कि औदारिक मिश्रयोगमें मिथ्यात्व, सासादन, अविरत तथा सयोगकेवली गुणस्थान होते हैं। सातके अबन्धक अयोगकेवली ही होंगे, जिनने सातकी बन्ध-व्युच्छित्ति कर ली है। औदारिक मिश्रकाययोगमें अयोगकेवली गुणस्थान न होनेसे साता-असातके युगलके अबन्धकोंका यहाँ अभाव कहा है।

साता और असातके बन्धकोंके औदयिक भाव हैं। सातका बन्ध होनेपर असातका बन्ध नहीं होता और असातका बन्ध होनेपर सातका बन्ध नहीं होता, कारण ये परस्पर प्रतिपक्षी प्रकृतियाँ हैं। एकके बन्ध होनेपर अन्यका अबन्ध होगा। यह अबन्ध बन्धव्युच्छित्तिका द्योतक नहीं है। अबन्धके अनन्तर तो पुनः बन्ध हो भी जाता है; किन्तु जिस गुणस्थानमें बन्धव्युच्छित्ति हुई है; उसमें आनेके पूर्व उस प्रकृतिका बन्ध नहीं होगा। सातकी बन्धव्युच्छित्ति जब सयोगकेवली गुणस्थानमें होती है,तब सातके अबन्धका अर्थ है-असातका बन्ध। असातकी बन्धव्युच्छित्ति प्रमत्तसंयतमें होती है,उसके पूर्व असातके अबन्धका तात्पर्य सातके बन्धका होगा। प्रमत्तसंयतके आगे असातके अबन्धका भाव उसकी बन्धव्युच्छित्तिका होगा। इस कारण औदारिक मिश्रयोगकी अपेक्षा सातके अबन्धक तथा बन्धकके औदयिक भाव कहा है। कारण यहाँ सातके अबन्धकके असातका बन्ध होगा। असाता वेदनीयकी बात दूसरी है, वहाँ असातके बन्धकके औदयिक भाव होगा और असातके अबन्धक अर्थात् सातके बन्धक सयोगी जिनकी अपेक्षा क्षायिक भाव होगा। असातके अबन्धकके अप्रमत्त आदि गुणस्थान इस योगमें नहीं होंगे, इसलिए यहाँ औदयिक भावके साथ क्षायिक भाव भी असातके अबन्धकके साथ जोड़ा गया है। सातका अबन्धक इस योगमें चतुर्थ गुणस्थान पर्यन्त ही पाया जायेगा, उसके असातका बन्ध होगा। इससे बन्धक,अबन्धकके औदयिक भाव कहा है।

स्त्रीवेद, नपुंसक वेदके बन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके बन्धक कौन भाव हैं ? औदयिक, क्षायिक वा क्षायोपशमिक हैं। इतना विशेष है कि नपुंसक वेदके अबन्धकोंके पारिणामिक भाव भी पाया जाता है।

विशेष—इस योगमें उपशम सम्यक्त्वका अभाव होनेसे औपशमिक भाव नहीं कहा।

पुरुष वेदके बन्धकोंके कौन भाव हैं ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव हैं ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओदइगो वा खइगो वा। तिण्णं वेदाणं बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? खइगो भावो। इत्थि-णवुंस० भंगो दोआयु-दोगदि-चदु-जादि-ओरालि० पंचसंठा० ओरालिय-अंगो० छस्संघ० दोआणु० आदावुज्जो० अप्प-सत्थवि० थावरादि०४ दूभग-दुस्सर-अणा० णीचागोदं च। पुरिसवेदभंगो चदुणोक० देवगदि-पंचिंदि० वेउव्वि० समचदु० वेउव्वि० अंगो देवाणु० परघादुस्सा० पसत्थवि० तस०४ थिरादिदोण्णियुगलं सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-उच्चागोदं च। एवं पत्तेगेण साधार-णेण वि। दो आयुबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा पारिणामियो वा। एवं दो अंगो० छस्संघ० दो विहा० दो सर० किंचि विसेसो जाणिदूण णेदव्वं। सेसाणं बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? खइगो भावो। तित्थयरं बंधगात्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो वा खइगो वा।

औदयिक वा क्षायिक भाव हैं।

विशेष—पुरुष वेदके अबन्धक;किन्तु स्त्री-नपुंसक वेदके बन्धकोंकी अपेक्षा औदयिक भाव कहा है। पुरुष वेदकी बन्धव्युच्छित्तियुक्त गुणस्थान इस योगमें सयोगकेवलीका होगा उस अपेक्षासे क्षायिक भाव कहा है।

तीनों वेदोंके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है? क्षायिक भाव है।

विशेष—औदारिकमिश्रकाययोगमें तीनों वेदोंके अबन्धक सयोगी जिन होंगे, इस कारण उपशम भाव न कहकर, क्षायिक भाव ही कहा है।

दो आयु, दो गति, चार जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक अंगोपांग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावरादि चार, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय तथा नीचगोत्रके बन्धकोंका स्त्रीवेद, नपुंसक वेदके समान जानना चाहिए। हास्यादि चार नोकषाय, देवगति, पंचेंद्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, देवानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चार, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय तथा उच्चगोत्रमें पुरुषवेदके समान जानना चाहिए। इसी प्रकार प्रत्येक तथा साधारणसे जानना चाहिए। दो आयुके बन्धकोंके कौन भाव हैं? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक वा पारिणामिक हैं।

विशेष—इस योगमें उपशम सम्यक्त्व न होनेसे तथा उपशम चारित्रका भी सद्भाव न होनेके कारण औपशमिक भाव नहीं कहा है।

इस प्रकार दो अंगोपांग, छह संहनन, दो विहायोगति, दो स्वरके विषयमें किंचित् विशेषताको जानकर भंग निकाल लेना चाहिए। शेष प्रकृतियोंके बन्धकोंके कौन भाव हैं? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है? क्षायिक भाव है। तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धकोंके कौन भाव हैं? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव हैं? औदयिक वा क्षायिक भाव है।

विशेष—तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध न करनेवाले मिथ्यात्वीके दर्शनमोहनीयके उदयकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२७८. वेउव्वियका०–देवोघं। वेउव्वि० मि० तं चेव। णवरि आयु-णत्थि।

२७९. कम्मइगका० धुविगाणं बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो? खइगो भावो। थीणगिद्धितियं मिच्छत्त-अणंताणु०४ बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा। मिच्छ०[अ]बंध० पारिणामियो भावो। साद-बंधाबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। असादबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो खइगो वा। दोण्णं बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। इत्थि-णवुंसबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो वा उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा।

अपेक्षा औदयिक भाव कहा जा सकता है। तीर्थंकर प्रकृतिकी बन्ध-व्युच्छित्तियुक्त इस योगमें सयोगी जिनकी अपेक्षा क्षायिक भाव कहा है।

२७८. वैक्रियिक काययोगियोंमें देवोंके ओघवत् जानना चाहिए।

वैक्रियिक मिश्रकाययोगियोंमें देवोंके ओघवत् है। इतना विशेष है कि यहाँ आयुका बन्ध नहीं पाया जाता है।

विशेष—इस योगमें मिथ्यात्वीके औदयिक, सासादन सम्यक्त्वीके पारिणामिक तथा असंयत सम्यक्त्वीके औपशमिक, क्षायोपशमिक और क्षायिक भाव हैं।

२७९. कार्मण काययोगियोंमें ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? क्षायिक भाव है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चारके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव हैं।

विशेष—यहाँ उक्त प्रकृतियोंके अबन्धक अविरत सम्यक्त्वीकी अपेक्षा औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव कहे हैं। सयोगकेवलीकी भी अपेक्षा क्षायिक भाव है।

मिथ्यात्वके बन्धकों(?)के कौन भाव हैं? पारिणामिक भी है।

विशेष—यहाँ बन्धकोंके स्थानपर अबन्धक पाठ ठीक बैठता है, कारण पारिणामिक भाव सासादन गुणस्थानमें पाया जाता है जहाँ मिथ्यात्वका अबन्ध है।

साताके बन्धकों,अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव है। असाताके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक वा क्षायिक भाव है। साता-असाता दोनोंके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है; अबन्धक नहीं है।

स्त्रीवेद, नपुंसकवेदके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक, औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव है। नपुंसकवेदके

---

१ "कम्मइयकायजोगीसु मिच्छादिट्ठी सासणसम्मादिट्ठी असंजदसम्मादिट्ठी सजोगिकेवली ओघं। कुदो? मिच्छादिट्ठीणमोदइएण, सासणाणं पारणामिएण, कम्मइयकायजोगि-असंजदसम्मादिट्ठीणं ओवसमिय-खइय-खओवसमियभावेहि सजोगिकेवलीणं खइएण भावेण ओघम्मि गदगुणट्ठाणेहि साधम्मुवलंभा।" –जी० भा०,सू० ४०,पृ० २२१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवुंस० पारिणामियो भावो। पुरिस० बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगात्ति को भावो? ओदइगो वा खइगो वा। तिण्णं बंधगात्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? खइगो भावो। एवं इत्थिभंगो तिरिक्खग० चदुसंठा० चदुसंघ० तिरिक्खाणु० उज्जो० अप्पसत्थ० दूभग-दुस्सर-अणा० णीचागोदं च। णवुंसकभंगो चदुजादि-हुंडसंठा० असंपत्तसे० आदाव-थावरादि०४। पुरिसभंगो चदुणोक० दोगदि० पंचिंदि० दोसरीर-समचदु० दोअंगो० वज्जरिसभ० दो-आणु० परघादुस्सा० पसत्थवि० तस०४ थिरादि दोण्णि युगलं सुभग-सुस्सर-आदे० उच्चागोदं च। एवं पत्तेगेण साधारणेण वि ओरालियमिस्स-भंगो।

२८०. इत्थिवेदेसु-पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० पंचंतराइगाणं बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। थीणगिद्धि-तिय-मिच्छत्त-बारसक० बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? उवसमिगो वा खइगो वा

अबन्धकोंमें पारिणामिक भाव भी पाया जाता है।

विशेष—इसके अबन्धक सासादन गुणस्थानवर्ती जीवोंकी अपेक्षा पारिणामिक भाव कहा है।

पुरुष वेदके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक वा क्षायिक है।

विशेष—इस योगमें पुरुषवेदके बन्धका अभाव प्रतर तथा लोकपूरण समुद्घातगत सयोगकेवलीके होगा, यहाँ मोह-क्षयजनित क्षायिक भाव है। अन्य वेदद्वयके बन्धककी अपेक्षा औदयिक भाव भी कहा है।

तीनों वेदोंके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? क्षायिक है।

विशेष—यहाँ सयोगी जिनकी अपेक्षा क्षायिक भाव कहा है।

तिर्यंचगति, चार संस्थान, चार संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, तथा नीच गोत्रका स्त्रीवेदके समान भंग जानना चाहिए। चार जाति, हुण्डक संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप तथा स्थावरादि चारमें नपुंसकवेदके समान भंग जानना चाहिए। चार नोकषाय, दो गति, पंचेन्द्रिय जाति, दो शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो अंगोपांग, वज्रवृषभसंहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चार, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्च गोत्रके बन्धकोंमें पुरुषवेदके समान भंग जानना चाहिए। प्रत्येक और सामान्यसे औदारिक मिश्रकाययोगके समान भंग जानना चाहिए।

२८०. स्त्रीवेदमें[1]—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, ५ अन्तरायोंके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है; अबन्धक नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, बारह कषायके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औपशमिक, क्षायिक

---

१. वेदानुवादेन त्रिषु वेदेषु मिथ्यादृष्ट्यादीनि अनिवृत्तिबादरस्थानान्तानि सन्ति। —स० सि०, पृ० ११।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खयोवसमिगो वा। मिच्छत्त० पारिणामि०। णिद्दापचला० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ अगुरु० उप० णिमि० बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? उवसमिगो वा खइगो वा। साद-बंधाबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। असाद-बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा। दोण्णं बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। तिण्णं वेदाणं पत्तेगेण ओघं। णवरि पुरिस० अबंधगा त्ति ओदइगो भावो। साधारणेण बंधा० ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। हस्सादि०४ पत्तेगेण ओघभंगो। साधारणेण बंधगा

तथा क्षायोपशमिक भाव है। विशेष, मिथ्यात्वके अबन्धकोंके पारिणामिक भाव भी है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माणके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औपशमिक तथा क्षायिक हैं।

सातके बन्धकों अबन्धकोंके कौन भाव हैं? औदयिक है।

विशेष—यहाँ सातके अबन्धकोंके असातके बन्धककी अपेक्षा औदयिक भाव कहा है।

असातके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक हैं। दोनोंके बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धक नहीं हैं। तीनों वेदोंका पृथक्-पृथक् रूपसे ओघवत् जानना चाहिए। विशेष यह है कि पुरुष-वेदके अबन्धकोंमें औदयिक भाव है। सामान्यसे इनके बन्धकोंके औदयिक भाव है। अबन्धकोंका अभाव है। हास्यादि चारका प्रत्येकसे ओघवत् भंग जानना चाहिए। सामान्य-से हास्यादिके बन्धकोंके औदयिक भाव है। अबन्धकोंके औपशमिक तथा क्षायिक भाव है। इस प्रकार शेष प्रकृतियोंमें ओघके समान भंग जानना चाहिए।

विशेष—हास्यादिकके अबन्धक अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें होंगे। उनके उपशम तथा क्षायिक चारित्रकी दृष्टिसे औपशमिक तथा क्षायिक भाव कहे हैं।

शंका—अनिवृत्तिकरणमें कर्मोंका उपशम न होनेसे औपशमिक भाव कैसे कहा जायेगा?

समाधान—उपशम शक्तिसे समन्वित अनिवृत्तिकरणके औपशमिक भाव माननेमें आपत्ति नहीं है। इस प्रकार उपशम होनेपर उत्पन्न होनेवाला तथा उपशम होने योग्य कर्मोंके उपशमनार्थ उत्पन्न हुआ भाव औपशमिक कहलाता है। अथवा, भविष्यमें उत्पन्न होनेवाले उपशम भावमें भूतकालका उपचार करनेसे अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें औपशमिक भाव बन जाता है। जैसे, सब प्रकारके असंयममें प्रवृत्त हुए चक्रवर्ती तीर्थंकरके 'तीर्थंकर' यह संज्ञा-करण बन जाता है।

शंका—अनिवृत्तिकरणमें मोहनीयका क्षय न होनेसे क्षायिक भावका [illegible] उचित नहीं है।

समाधान—मोहनीयका एकदेश क्षय करनेवाले बादरसाम्पराय सूक्ष्मसाम्पराय क्षपकोंके भी कर्मक्षयजनित भाव पाया जाता है। कर्मक्षयके निमित्तभूत परिणाम पाये जाने-से अपूर्वकरण गुणस्थानमें भी क्षायिकभाव माना है। अथवा उपचारसे अपूर्वकरण संयतके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओदइ० । अबंध० उवसमि० खइगो० । एवं सव्वाणं ओघं । णवरि जस० अज्जस० दोगोदं पत्तेगेण साधारणेण वि वेदणीयभंगो ।

२८१. एवं पुरिस० णवुंस कोधादि०४ । णवरि कोधे पुरिस० हस्सभंगो । माणे तिण्णं संजलणा० । मायाए दोण्णं संजलणा० । लोभे लोभ-संजल० धुविगाणं भंगो । सेस-संजलणं णिद्दाभंगो ।

२८२. अवगदवेदेसु-पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० जस० उच्चागोद-पंचंतराइगाणं बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो । अबंधगा त्ति को भावो ? उवसमिगो वा खइगो वा । सादबंध० को भावो ? ओदइगो भावो । अबंधगा त्ति को भावो ? खइगो भावो ।

२८३. अकसाइगेसु-साद-बंधगा० ओदइगो भावो । अबंधगा० खइगो भावो ।

क्षायिक भाव मानना चाहिए। इसमें अतिप्रसंगकी आशा नहीं करनी चाहिए । कारण, प्रत्यासत्ति अर्थात् समीपवर्ती अर्थके प्रसंगवश अतिप्रसंग दोषका परिहार होता है । (ध० टी०, भावाणु० पृ० २०१-६)

इतना विशेष है कि यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, तथा दो गोत्रोंका प्रत्येक सामान्यकी अपेक्षा वेदनीयके समान भंग है।

२८१. पुरुषवेद, नपुंसकवेद तथा क्रोध आदि चार कषायोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए।[1] विशेष यह है कि क्रोधमें, पुरुषवेदके बन्धकोंका हास्यके समान भंग है । मानमें, तीन संज्वलन, मायामें, दो संज्वलन तथा लोभमें लोभ संज्वलनके बन्धकोंका ध्रुव प्रकृतिके समान भंग है; अर्थात् बन्धकोंके औदयिक और अबन्धकोंके औपशमिक तथा क्षायिक भाव हैं । संज्वलन कषायमें बन्ध होनेवाली शेष प्रकृतियोंके बन्धकोंका निद्राके समान भंग है । अर्थात् बन्धकोंके औदयिक, अबन्धकोंके औपशमिक तथा क्षायिक हैं ।

२८२. अपगत वेदमें – ५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्च गोत्र तथा ५ अन्तरायोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक है । इनके बन्धकोंके कौन भाव है ? औपशमिक तथा क्षायिक है ।

साता वेदनीयके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है ? अबन्धकोंके कौन भाव है ? क्षायिक भाव है ।

विशेषार्थ—अपगत वेदियोंमें द्रव्य वेदका नाश नहीं होता । यहाँ भाव वेदका विनाश होता है । धवला टीकामें लिखा है – मोहनीयके द्रव्य कर्म स्कन्धको अथवा मोहनीय कर्मसे उत्पन्न होनेवाले जीवके परिणामको वेद कहते हैं । उनमें वेदजनित जीवके परिणामका अथवा परिणामके साथ मोहकर्म-स्कन्धका अभाव होनेसे जीव अपगत वेदी होता है । (ध० टी० भा०, पृ० २२२)

अपगतवेदमें सातके अबन्धक अयोगकेवली होंगे, उनके क्षायिक भाव है ।

२८३. अकषायियोंमें – सातके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है । अबन्धकोंके कौन भाव है ? क्षायिक भाव है ।

---

१. "क्रोधमानमायासु मिथ्यादृष्ट्यादीनि अनिवृत्तिबादरस्थानान्तानि सन्ति । लोभकषाये तान्येव सूक्ष्मसाम्परायस्थानाधिकानि ।" –स० सि०, पृ० ११ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२८४. एवं केवलणा० यथाखा० केवल-दंसणा० ।

२८५. आभि० सुद० ओधि० मणपज्जव० संजद० ओधि० सम्मादि० खइग० ओघं । णवरि मिच्छ-संयुत्ताओ वज्ज० ।

२८६. सामाइ० छेदो०-पंचणा० चदुदंस० लोभसंजल० उच्चागोद-पंचंतराइगाणं बंधगा० ओदइगो भावो । अबंधा णत्थि । सेसं मणपज्जव-भंगो । परिहारे-देवायु-बंध० ओदइगो भावो । अबंध० ओदइ० खयोवसमिगो वा । एवं असादादिछ० । सेसं ओदइ० भावो । सुहुमसं०-संजदासंजद-सव्वाणं बंध० ओदइ० ।

विशेष—शंका – अकषाय मार्गणा नहीं बन सकती, कारण जीवका जैसे ज्ञानदर्शन गुण है, उसी प्रकार कषाय नामका भी गुण है । गुणका विनाश माननेपर गुणीका भी विनाश होगा । इस प्रकार अकषायमार्गणा माननेपर जीवका अभाव हो जायगा ।

समाधान—ज्ञानदर्शनके समान कषाय नहीं है, अतएव कषाय जीवका लक्षण नहीं हो सकता । कर्मजनित कषाय भावको, जीवका लक्षण या गुण मानना अयुक्त है । कषायोंका कर्मोंसे उत्पन्न होना असिद्ध नहीं है, कारण कषायकी वृद्धि होनेपर जीवके ज्ञानकी हानि अन्य प्रकारसे नहीं बन सकती है, इसलिए कषायका कर्मसे उत्पन्न होना सिद्ध है । गुण गुणान्तरका विरोधी नहीं होता, क्योंकि अन्यत्र वैसा नहीं देखा जाता । (ध० टी०, भावा० ५, पृ० २२३) .

२८४. केवलज्ञान, यथाख्यातसंयम, केवलदर्शनमें इसी प्रकार जानना चाहिए ।

२८५. आभिनिबोधिक, श्रुत, [1]अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, संयत, अवधिदर्शन, सम्यग्दृष्टि, क्षायिक [2]सम्यग्दृष्टिके ओघवत् भाव जानना चाहिए । इतना विशेष है कि यहाँ मिथ्यात्वसंयुक्त प्रकृतियोंको नहीं लेना चाहिए ।

२८६. सामायिक, छेदोपस्थापना संयममें-५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्च गोत्र, तथा ५ अन्तरायोंके बन्धकोंके औदयिक भाव है ; अबन्धक नहीं है । शेष प्रकृतियोंके बन्धकों-अबन्धकोंमें मनःपर्ययज्ञानके समान भंग जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—यह संयम छठेसे नवें गुणस्थान पर्यन्त पाया जाता है, इससे इसमें ज्ञानावरणादिके अबन्धकोंका अभाव कहा है । उनके अबन्धक उपशान्तकषायादि होते हैं ।

परिहारविशुद्धि संयममें – देवायुके बन्धकोंके औदयिक भाव है । अबन्धकोंके औदयिक तथा क्षायोपशमिक भाव है ।

विशेष—[3]परिहारविशुद्धि संयम प्रमत्त-अप्रमत्त गुणस्थानमें पाया जाता है । वहाँ देवायुका बन्ध न करनेवाले जीवोंके चारित्रमोहनीयकी अपेक्षा क्षायोपशमिक भाव कहा है । अन्य प्रकृतियोंके बन्धकोंकी अपेक्षा औदयिक भाव है ।

इसी प्रकार असाता, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति, शोक तथा अरतिमें जानना चाहिए । शेषमें औदयिक भाव है । सूक्ष्मसाम्पराय तथा संयमासंयममें – सब प्रकृतियोंके बन्धकोंके औदयिक भाव है ।

---

१. "यथाख्यातविहारशुद्धिसंयता उपशान्तकषायादयोऽयोगकेवल्यन्ताः।" २. "आभिनिबोधिकश्रुतावधिज्ञानेषु असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनि क्षीणकषायान्तानि सन्ति । मनःपर्ययज्ञाने प्रमत्तसंयतादयः क्षीणकषायान्ताः सन्ति । संयताः प्रमत्तादयोऽयोगकेवल्यन्ताः । क्षायिकसम्यक्त्वे असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनि अयोगकेवल्यन्तानि सन्ति ।"—स० सि०, पृ० १२ । ३. "तेजःपद्मलेश्ययोर्मिथ्यादृष्ट्यादीनि अप्रमत्तस्थानान्तानि ।" —स० सि०, पृ० १२ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२८७. असंजद० तिण्णि ले०-तिरिक्खोघं। णवरि अपच्चक्खाणा०४ अबंधगा णत्थि। तित्थय० बंधगा अत्थि।

२८८. तेऊए-पंचणा० छदंसणा० चदुसंज० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ अगु०४ बादर-पज्जत्त-पत्तेय-णिमि० पंचंत० बंधगा०, ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। थीणगिद्धि०३ अणंताणुबंधि०४ बंधगा० ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति उवसमि० खइ० खयोवस०। मिच्छत्त० ओघं। साद० बंधा-अबंधगा त्ति ओदइगो भावो। असाद० बंध० ओदइगो भावो। अबंध० ओदइ० खयोवसमिगो वा। दोण्णं बंधा० ओदइगो भावो। अबंधा णत्थि। एवं चदुणोक० थिरादि-तिण्णियुगल-इत्थि-णवुंस० बंधगा ओदइगो भावो। अबंधगा ओदइ० उवसमि० खइगो० खयोवस०। णवुंस० पारिणामि०। पुरिसवे० बंधा अबं० ओदइगो भावो। तिण्णि बंधा० ओदइगो भावो। अबंधगा णत्थि। तिरिक्खायुबंधा० ओदइगो भावो। अबंधगा ओदइ० उवस० खइ०

---

२८७. असंयतों तथा कृष्णादि तीन लेश्यावालोंमें - तिर्यंचोंके ओघवत् जानना चाहिए। विशेष यह है कि यहाँ अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक नहीं हैं, किन्तु यहाँ तीर्थंकरके बन्धक हैं।

विशेष—[1]अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक देशसंयमी होते हैं उनका यहाँ अभाव है, कारण अशुभ-त्रिक लेश्या असंयतोंमें ही होती है।

२८८. तेजोलेश्यामें - ५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, भय-जुगुप्सा, तैजस-कार्मण, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंके बन्धकोंके औदयिक भाव है; अबन्धक नहीं है।

विशेष—[2]तेजोलेश्या अप्रमत्त संयतपर्यन्त पायी जाती है, अतः यहाँ ज्ञानावरणादिके अबन्धक नहीं पाये जाते हैं।

स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक है। मिथ्यात्वमें ओघके समान है। साता वेदनीयके बन्धकों, अबन्धकोंमें औदयिक भाव है? असाताके बन्धकोंमें औदयिक भाव है। अबन्धकोंमें कौन भाव है? औदयिक अथवा क्षायोपशमिक भाव है।

विशेष—असाताकी बन्धव्युच्छित्तियुक्त अप्रमत्त गुणस्थानकी अपेक्षा क्षायोपशमिक भाव है। असाताके अबन्धक, किन्तु साताके बन्धककी अपेक्षा औदयिक भाव कहा है।

साता-असाता दोनोंके बन्धकोंके औदयिक भाव है; अबन्धक नहीं हैं। इस प्रकार ४ नोकषाय, स्थिरादि ३ युगलमें जानना चाहिए। स्त्रीवेद, नपुंसकवेदके बन्धकोंके औदयिक भाव है। अबन्धकोंके औदयिक, औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव है। विशेष यह है कि नपुंसकवेदके अबन्धकोंमें पारिणामिक भाव भी है।

पुरुषवेदके बन्धकों, अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक भाव है। तीनों वेदोंके बन्धकोंमें औदयिक भाव है; अबन्धक नहीं है। तिर्यंचायुके बन्धकोंमें औदयिक भाव है।

---

१. "परि[illegible] वशुद्धिसंयताः प्रमत्ताप्रमत्ताश्च।" -स० सि०,१२। २. "कृष्णनीलकापोतलेश्यासु मिथ्यादृष्ट्यादीनि [illegible] असंयतसम्यग्दृष्ट्यन्तानि सन्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खयोवस० । मणुस-देवायु बंधा० ओदइ० । अबंधगा ओदइ० खयोव० । तिण्णिआयु० बंधा० ओदइ० । अबंध० ओदइ० खयोव० । इत्थि-णवुंसग-भंगो तिरिक्खगदि-एइंदियजादि-पंचसंठा० पंचसंघ० तिरिक्खाणु० आदा-उज्जो० अप्पसत्थवि० थावरदूभग-दुस्सर-अणा० णीचागोदं च । मणुसगदि-ओरालि० ओरालि० अंगो० वज्जरिस० मणुसाणु० बंध० ओदइगो भावो । अबं० ओदइ० खयोवसमिगो वा । देवगदि०४ पंचिंदि० आहारदुग-समचदु० पसत्थवि० तस० सुभग-सुस्सर-आदे० तित्थय० बंध० अबं० ओदइगो भावो । तिण्णं गदीणं बंध० ओदइ० । अबंधगा णत्थि । एदेण बीजपदेण णेदव्वं ।

२८९. एवं पम्माए, एइंदिय० आदाव-थावरं वज्ज ।

२९०. वेदगे–धुविगाणं बंधगा० ओदइगो भावो । अबंधा णत्थि । सेसाणं तेउ-भंगो ।

अबन्धकोंमें औदयिक, औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव है ।

विशेष—अन्य आयुबन्धकी अपेक्षा औदयिक भाव है तथा तिर्यंचायुके अबन्धक अविरतसम्यक्त्वीके सम्यक्त्वत्रयवालोंकी अपेक्षा औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक भाव है । देशविरत, प्रमत्त, अप्रमत्तकी अपेक्षा क्षायोपशमिक भाव है ।

मनुष्यायु-देवायुके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक[1] भाव है । अबन्धकोंके औदयिक, क्षायोपशमिक भाव है । तिर्यंच-मनुष्य-देवायुके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक है ।

विशेष—तेजोलेश्यामें नरकायुका बन्ध नहीं होनेसे उसका ग्रहण नहीं किया है ।

आयुत्रयके अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक तथा क्षायोपशमिक है ।

तिर्यंचगति, एकेन्द्रियजाति, ५ संस्थान, ५ संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त-विहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय तथा नीच गोत्रमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेदके समान भंग जानना चाहिए । अर्थात् बन्धकोंके औदयिक है; अबन्धकोंके औदयिक, औपशमिक, क्षायिक तथा क्षायोपशमिक हैं ।

मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभसंहनन तथा मनुष्यानुपूर्वीके बन्धकोंके औदयिक भाव है । अबन्धकोंके औदयिक वा क्षायोपशमिक भाव है ।

देवगति ४, पंचेन्द्रिय जाति, आहारकद्विक, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर, आदेय तथा तीर्थंकरके बन्धकों,अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है । तीन गतियोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है; अबन्धक नहीं है । इसी बीजपदके द्वारा अन्य प्रकृतियोंका वर्णन जानना चाहिए ।

२८९. पद्मलेश्यामें – इसी प्रकार जानना चाहिए । विशेष यह है कि यहाँ एकेन्द्रिय, आतप तथा स्थावर प्रकृतियोंको नहीं ग्रहण करना चाहिए ।

२९०. वेदकसम्यक्त्वमें – ध्रुव प्रकृतियोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है; अबन्धक नहीं है ।

---

१. "मिच्छस्संतिमणवयं वारं न हि तेउपम्मेसु ।" –गो० क०,गा० १२० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२९१. उवसम०–पंचणा० छदंस० चदुसंज० पुरिस० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ पंचिंदि० अगुरु०४ पसत्थवि० तस०४ सुभग-सुस्सर-आदे० णिमि० तित्थयर० उच्चागोदं पंचंत० बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंध० उवसमियो भावो। साद-बंधा-अबंध० ओदइगो भावो। असाद-बंधगा त्ति को भावो ? ओदइ०। अबंधगा त्ति०-ओदइग० उवस० खयोवस०। दोण्णं बंधगा० ओदइ०। अबंधा णत्थि। अट्ठकसा० बंध० ओदइगो भावो। अबंध० उवस० खयोवसमिगो वा। हस्सरदि० बंधगात्ति को भावो ? ओदइगो भावो। अबंध० ओदइगो वा उवसमिगो वा। अरदिसोगं बंधगा त्ति ओदइ०। अबंधगा० ओदइ० उवस० खयोव०। दोण्णं बंधगा त्ति

विशेष—वेदकसम्यक्त्व अप्रमत्त गुणस्थान पर्यन्त पाया जाता है और ध्रुव प्रकृतियोंके अबन्धक [1]उपशान्तकषायी होते हैं। इस कारण यहाँ ध्रुव प्रकृतियोंके अबन्धक नहीं कहे हैं।

शेष प्रकृतियोंमें तेजोलेश्याके समान भंग है।

२९१. उपशम सम्यक्त्वमें [2] – ५ ज्ञानावरण, स्त्यानगृद्धित्रिक रहित ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, तैजस- कार्मण शरीर, वर्ण ४, पंचेन्द्रिय जाति, अगुरुलघु, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्च गोत्र तथा पाँच अन्तरायोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके औपशमिक भाव है। साता वेदनीयके बन्धकों,अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। असाता वेदनीयके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक, औपशमिक तथा क्षायोपशमिक है।

साता-असाताके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक है; अबन्धक नहीं हैं। आठ कषायोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? औपशमिक वा क्षायोपशमिक है।

हास्य-रतिके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक वा औपशमिक है। अरति-शोकके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक, क्षायोपशमिक तथा औपशमिक भाव है।

विशेष—अरति-शोकके अबन्धक,किन्तु हास्य-रतिके बन्धककी दृष्टिसे औदयिक भाव है। अरति, शोककी बन्ध-व्युच्छित्ति प्रमत्तसंयतोंके होती है। अतएव अरति, शोकके, अबन्धक अप्रमत्त संयतोंकी अपेक्षा क्षायोपशमिक भाव कहा है। उपशम श्रेणीकी अपेक्षा औपशमिक भाव कहा है।

हास्य-रति, अरति-शोक इन दोनों युगलोंके बन्धकोंके कौन भाव है ? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है ? औपशमिक भाव है।

विशेष—इन चारोंके अबन्धक अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवर्ती होंगे, वहाँ चारित्रमोहनीयकी अपेक्षा औपशमिक भाव कहा है।

---

१. "क्षायोपशमिकसम्यक्त्वे असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनि अप्रमत्तान्तानि।" –स० सि०, पृ० १२।
२. "औपशमिकसम्यक्त्वे असंयतसम्यग्दृष्ट्यादीनि उपशान्तकषायान्तानि।" –पृ० १२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओदइ०। अबंध० उवसमिगो भावो। एवं दोगदि-दोआणु० दोसरीर-दोअंगोवंग-आहारदुग-थिरादि-तिण्णियुगलं।

२९२. अणाहारे-कम्मइगभंगो। णवरि साद० ओघं। साधारणेण वि ओघं। मिच्छत्त-संजुत्ताओ सोलस-पगदीओ ओघाओ। सव्वत्थ याव अणाहारग त्ति बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। अबंधगा त्ति को भावो? ओदइगो वा उवसमिगो वा खइगो वा खयोवसमिगो वा पारिणामिओ वा भावो।

एव भावं समत्तं।

इस प्रकार मनुष्य-देव गति, दो आनुपूर्वी, औदारिक-वैक्रियिक शरीर, २ अंगोपांग, आहारकद्विक, स्थिरादि तीन युगलोंके बन्धकोंमें कौन भाव है? औदयिक भाव है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औपशमिक भाव है।

२९२. अनाहारकमें— कार्मण-काययोगके समान भंग है[1]। विशेष यह है कि यहाँ साता वेदनीयका ओघवत् भंग जानना चाहिए। इसी प्रकार सामान्यसे भी ओघवत् जानना चाहिए। मिथ्यात्व संयुक्त[2] १६ प्रकृतियोंका ओघवत् भंग है। अनाहारकपर्यन्त सर्वत्र बन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक है। अबन्धकोंके कौन भाव है? औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक वा पारिणामिक है।

विशेषार्थ—अनाहारकोंमें मिथ्यात्व गुणस्थानकी अपेक्षा औदयिकभाव है। सासादनकी अपेक्षा पारिणामिक है। चतुर्थ गुणस्थानकी अपेक्षा औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपमिक है। समुद्घातगत सयोगी तथा अयोगी जिनकी अपेक्षा क्षायिक भाव है।

इस प्रकार भावानुगम समाप्त हुआ।

---

१. "मिच्छत्तहुंडसंढा संपत्तेयक्खथावरादावं। सुहुमतियं वियलिंदी णिरयदुणिरयायुगं मिच्छे॥" -गो० क०, गा० ९५। २. "अणाहाराणं कम्मइयभंगो। णवरि विसेसो अजोगिकेवलि त्ति को भावो? खइओ भावो। -जी० भावा०, सूत्र० ९२, ९३। अनाहारकेषु विग्रहगत्यापन्नेषु त्रीणि गुणस्थानानि, मिथ्यादृष्टिः सासादनसम्यग्दृष्टिरसंयतसम्यग्दृष्टिश्च। समुद्घातगतः सयोगकेवल्ययोगकेवली च॥" -स० सि०, सू० ८, अ० १, पृ० १२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[अप्पाबहुगपरूवणा]

२९३. अप्पाबहुगं दुविधं, जीव-अप्पाबहुगं चेव, अद्धा-अप्पाबहुगं चेव। तत्थ जीव-अप्पाबहुगं दुविधं, सत्थाणं परत्थाणं च। सत्थाण-जीवअप्पाबहुगे दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सव्वत्थोवा पंचणाणावरणं अबंधगा जीवा, [बंधगा] अणंतगुणा। सव्वत्थोवा चदुदंसणावरणाणं अबंधगा जीवा। णिद्दापचलाणं अबंधगा

[अल्पबहुत्व]

२९३. अल्पबहुत्वके दो भेद हैं—एक जीव अल्पबहुत्व, दूसरा काल अल्पबहुत्व। जीव अल्पबहुत्व भी स्वस्थान जीव अल्पबहुत्व और परस्थान जीव अल्पबहुत्वके भेदसे दो प्रकार है।

विशेष—अल्पता, बहुलताका वर्णन करनेवाला अनुगम अल्पबहुत्वानुगम है। ओघ-वर्णनमें अभेद दृष्टिको ग्रहण करनेवाले द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन लिया जाता है। आदेश वर्णनमें भेदयुक्त दृष्टिको ग्रहण करनेवाले पर्यायार्थिक नयका आश्रय लिया गया है।[1]

यह अल्पबहुत्व नाम, स्थापना, द्रव्य तथा भावके भेदसे चार प्रकारका है। द्रव्य अल्पबहुत्व आगम, नोआगमके भेदसे दो प्रकार है। जो अल्पबहुत्वविषयक प्राभृतको जाननेवाला है, परन्तु वर्तमानमें उसके उपयोगसे रहित है, उसे आगमद्रव्य अल्पबहुत्व कहते हैं। नोआगम द्रव्य अल्पबहुत्व ज्ञायक शरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्तके भेदसे तीन प्रकारका है। इसमें तद्व्यतिरिक्त अल्पबहुत्व सचित्त, अचित्त और मिश्रके भेदसे त्रय युक्त है। इनमें जीव द्रव्यविषयक अल्पबहुत्व सचित्त है—"**जीवदव्वप्पाबहुअं सच्चित्तं**"। शेष द्रव्य विषयक अल्पबहुत्व अचित्त है। दोनोंका अल्पबहुत्व मिश्र है।

प्रश्न—"**एदेसु अप्पाबहुएसु केण पयदं**"—इन अल्पबहुत्वोंमें-से प्रकृतमें किससे प्रयोजन है?

उत्तर—'**सचित्तदव्वप्पाबहुएण पयदं**'—यहाँ सचित्त द्रव्य अल्पबहुत्वसे प्रयोजन है।

इस अल्पबहुत्व प्ररूपणाका सबके अन्तमें निरूपण किया गया है, क्योंकि वह पूर्वोक्त सभी अनुपयोग द्वारोंसे सम्बद्ध है।[2]

स्वस्थान जीव अल्पबहुत्वमें ओघ तथा आदेशसे दो प्रकार निर्देश किया जाता है।

ओघसे—५ ज्ञानावरणके अबन्धक जीव सबसे कम है। [बन्धक] जीव उनसे अनन्तगुणे हैं।

चार दर्शनावरणके अबन्धक जीव सबसे कम हैं। निद्रा, प्रचलाके अबन्धक जीव

---

१. "अप्पं च बहुअं च अप्पाबहुआणि। तेसिमणुगमो अप्पाबहुआणुगमो। तेण अप्पाबहुआणुगमेण णिद्देसो दुविहो होदि। ओघो आदेसो त्ति। संगहिदवयणकलावो दव्वट्ठियणिबंधणो ओघो णाम। असंगहिद-वयणकलाओ पुव्विल्लत्थावयवणिबंधो पज्जवट्ठियणिबंधो आदेसो णाम।" –ध० टी०, अप्पाबहु० पृ० २४३। अल्पबहुत्वमन्योन्यापेक्षया विशेषप्रतिपत्तिः –स० सि०, पृ० १०। २. एदेसिं पच्छा अप्पाबहुगाणुगमो परूविदो, सव्वाणिओगद्दारेसु पडिबद्धत्तादो –खु० बं०, सामित्ताणुगम टीका, पृ० २७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवा विसेसाहिया। थीणगिद्धि०३ अबंधगा जीवा विसेसाहिया। बंधगा जीवा अणंतगुणा। णिद्दापचलाबंधगा जीवा विसेसाहिया। चदुदंस० बंधगा जीवा विसेसाहिया। सव्वत्थोवा सादासादाणं दोण्णं पगदीणं अबंधगा जीवा। सादबंधगा जीवा अणंतगुणा। असादबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसाहिया।

२६४. सव्वत्थोवा लोभसंजलण-अबंधगा जीवा। माय-संजलण-अबंधगा जीवा विसेसाहिया। माण-संजलणअबंधगा जीवा विसेसाहिया। कोधसंजलण-अबंधगा जीवा विसेसाहिया। पच्चक्खाणा०४ अबंधगा जीवा विसेसाहिया। अपच्चक्खाणावर०४ अबंधगा जीवा विसेसाहिया। अणंताणुबंधि०४ अबंधगा जीवा विसेसाहिया। मिच्छत्त-अबंधगा जीवा विसेसाहिया, बंधगा जीवा अणंतगुणा। अणंताणुबंधि०४ बंधगा जीवा विसेसाहिया। अपच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसेसाहिया। पच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसेसाहिया। कोधसंजलण-बंधगा जीवा विसे०। माणसंजलण-बंधगा जीवा विसे०। मायसंजलण-बंधगा जीवा विसे०। लोभसंजलण-बंधगा जीवा विसे०।

२६५. सव्वत्थोवा णवणोकसायाणं अबंधगा जीवा। पुरिसवेदस्स बंधगा जीवा

इनसे विशेष अधिक हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। इनके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। निद्रा, प्रचलाके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। चार दर्शनावरणके बन्धक जीव इनसे विशेषाधिक हैं।

साता-असाता दोनों प्रकृतियोंके अबन्धक जीव सबसे कम अर्थात् स्तोक हैं। साताके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। असाताके बन्धक जीव संख्यातगुणित हैं। दोनोंके बन्धक जीव इनसे विशेषाधिक हैं।

विशेषार्थ—साता-असाताके अबन्धक अयोगकेवली हैं। उनकी संख्या ५६८ है। 'गोम्मटसार' जीव काण्डमें लिखा है—प्रमत्त गुणस्थानवाले ५६३९८२०६ हैं, अप्रमत्त गुणस्थानवाले २९६९१०३ हैं, उपशम श्रेणीवाले चार गुणस्थानवर्ती ११९६, क्षपक श्रेणीवाले चारों गुणस्थानवर्ती २३९२ हैं, सयोगीजिन ८९८५०२ हैं। इनको जोड़नेपर ८९९९९३९९ संख्या होती है। तीन घाटि नव कोटि प्रमाण समस्त सकल संयमियोंकी संख्यामें-से उक्त प्रमाण घटानेपर ५९८ अयोगीजिन कहे गये हैं। (गो० जी०,सं० टीका पृ० १०८५)

२६४. सबसे स्तोक लोभ संज्वलनके अबन्धक जीव हैं। माया संज्वलनके अबन्धक जीव इनसे विशेषाधिक है। मान संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। क्रोध संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। मिथ्यात्वके बन्धक जीव इनसे अनन्तगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। क्रोध संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। मान संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। माया संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। लोभ संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

२६५. नव नोकषायोंके अबन्धक जीव सर्वसे स्तोक अर्थात् अल्प हैं। पुरुषवेदके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंतगुणा। इत्थिवेदस्स बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। हस्सरदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अरदिसोगाणं बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। णवुंसगवेदस्स बंधगा जीवा विसेसाहिया। भयदुगुं० बंधगा जीवा विसे०।

२९६. सव्वत्थोवा मणुसायु-बंधगा जीवा। णिरयायुबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। देवायुबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। तिरिक्खायुबंधगा जीवा अणंतगुणा। चदुण्णं आयुगाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा।

२९७. सव्वत्थोवा देवगदि-बंधगा जीवा। णिरयगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। चदुण्णं गदीणं अबंधगा जीवा अणंतगुणा। मणुसगदि-बंधगा जीवा अणंतगुणा। तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। चदुण्णं गदीणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। सव्वत्थोवा पंचण्णं जादीणं अबंधगा जीवा। पंचिंदिय०-बंधगा जीवा अणंतगुणा। चदुरिंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। तीइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। बीइंदिय बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। एइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। पंचण्हं जादीणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। सव्वत्थोवा आहारसरीरस्स बंधगा जीवा। वेउव्वियसरीरस्स बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। पंचण्णं सरीराणं अबंधगा जीवा अणंतगुणा। ओरालिय-सरीरस्स बंधगा जीवा अणंतगुणा। तेजाकम्मइग-सरीरस्स बंधगा जीवा विसेसाहिया। यथा जादिणामाणं तथा संठाणणामाणं। सव्वत्थोवा आहार० अंगोवंग० बंधगा जीवा। वेउव्विय-अंगो० बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। ओरालिय-अंगो० बंधगा जीवा अणंत-

---

बन्धक जीव इनसे अनन्तगुणे हैं। स्त्रीवेदके बन्धक जीव इनसे संख्यातगुणे हैं। हास्य, रतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अरति, शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। नपुंसक वेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

२९६. सर्वस्तोक मनुष्यायुके बन्धक जीव हैं। नरकायुके बन्धक इनसे असंख्यातगुणे हैं। देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। चारों आयुओंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

२९७. देवगतिके बन्धक जीव सर्वस्तोक अर्थात् सबसे कम हैं। नरकगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। चारों गतियोंके अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। चारों गतियोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। पाँच जातियोंके अबन्धक जीव सबसे अल्प हैं। पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। चतुरिन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। त्रीन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। द्वीन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। एकेन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। पाँचों जातियोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। आहारक शरीरके बन्धक सबसे स्तोक हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक असंख्यातगुणे हैं। पाँचों शरीरोंके अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तैजस-कार्मण शरीरके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। जाति नामकर्मके अल्पबहुत्वके समान संस्थान नामकर्मका अल्पबहुत्व जानना चाहिए। आहारक अंगोपांगके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणा। तिण्णि अंगोवंगाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा वज्जरिसभसंघडणं बंधगा जीवा। वज्जणारायाणं बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। णारायाण बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अद्धणारायाण बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। खीलिय० बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। असंपत्तसेवट्ट० बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। छस्संघडण-बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा वण्ण०४ णिमिण-अबंधगा जीवा, बंधगा जीवा, अणंतगुणा। यथागदि तथाआणुपुव्वि। सव्वत्थोवा अगुरु० उपघा० अबंधगा जीवा। परघादुस्सा० बंधगा जीवा अणंतगुणा। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अगुरु० उपघा० बंधगा जीवा विसेसाहिया। सव्वत्थोवा आदावुज्जो० बंधगा जीवा, अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा पसत्थविहाय० सुस्सर० बंधगा जीवा। अप्पसत्थविहाय० दुस्सर० बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा तसथावर-अबंधगा जीवा। तस० बंधगा जीवा अणंतगुणा। थावरबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसाहिया। एवं सेसाणं जुगलाणं गोदंतियाणं। सव्वत्थोवा तित्थयर-बंधगा जीवा। अबंधगा जीवा अणंतगुणा। सव्वत्थोवा पंचंतराइगाणं अबंधगा जीवा। बंधगा जीवा अणंतगुणा।

जीव असंख्यातगुणे हैं। औदारिक अंगोपांगके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तीनों अंगोपांगोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। वज्रवृषभसंहननके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। वज्रनाराचसंहननके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। नाराचसंहननके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अर्धनाराचसंहननके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। कीलित संहननके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। असंप्राप्तासृपाटिका संहननके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। छह संहननके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। वर्णचतुष्क तथा निर्माणके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। इनके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। गतिके समान आनुपूर्वीका अल्पबहुत्व जानना चाहिए। अगुरुलघु, उपघातके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। परघात, उच्छ्वासके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अगुरुलघु, उपघातके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। आतप, उद्योतके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। प्रशस्त विहायोगति, सुस्वरके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। अप्रशस्त विहायोगति, दुःस्वरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। त्रस-स्थावरके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। त्रसके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। स्थावरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं।

इस प्रकार गोत्र कर्म है अन्तमें जिनके-ऐसे शेष युगलोंका क्रम जानना चाहिए।

विशेष—बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, सुभग, आदेय-सदृश नामकर्मकी शेष युगल प्रकृतियोंका अल्पबहुत्व त्रस-स्थावरके समान जानना चाहिए। गोत्र कर्मका भी ऐसा ही है।

तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं; अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। ५ अन्तरायोंके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं; बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२९८. आदेसेण—गदियाणुवादेण णिरयगदि-णेरइएसु-सव्वत्थोवा थीणगिद्धि० ३ अबंधगा जीवा, बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। छदंस० बंधगा जीवा विसेसाहिया।

२९९. सव्वत्थोवा सादबंधगा जीवा, असादबंधगा जीव संखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीव विसेसाहिया।

३००. सव्वत्थोवा अणंताणुबं०४ अबंधगा जीवा। मिच्छत्त-अबंधगा जीवा विसेसाहिया। बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। अणंताणुबंधि०४ बंधगा जीवा विसेसाहिया। बारसकसायाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। सव्वत्थोवा पुरिसवेदस्स बंधगा जीवा। इत्थिवेदस्स बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। हस्सरदिबंधगा जीवा विसेसाहिया। णवुंसकवेदस्स बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अरदिसोगाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। भयदु० बंधगा जीवा विसे०।

३०१. सव्वत्थोवा मणुसायुबंधगा जीवा। तिरिक्खायुबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। दोण्णं आयुगाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा मणुसगदिबंधगा जीवा। तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा णत्थि। एवं दो आणु० दो विहाय० थिरादिछयुगलं दोगोदं च। समचदु० बंधगा जीवा सव्वत्थोवा। सेससंठाणं बंधगा जीवा

---

२९८. आदेशसे—गतिके अनुवादसे नरक गतिके नारकियोंमें स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं; बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। छह दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेष—५ ज्ञानावरण, ५ अन्तरायके सर्व नारकी बन्धक हैं; अबन्धक नहीं हैं। इस कारण उनका अल्पबहुत्व यहाँ नहीं कहा है। उनका एक साथ निरन्तर बन्ध होता है।

२९९. सातके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। असातके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

३००. अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। १२ कषायोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। पुरुषवेदके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। स्त्रीवेदके बन्धक संख्यातगुणे हैं। हास्य, रतिके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। नपुंसकवेदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अरति, शोकके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

३०१. मनुष्यायुके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनों आयुओंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

मनुष्यगतिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं; अबन्धक नहीं हैं। इसी प्रकार २ आनुपूर्वी, २ विहायोगति, स्थिरादि छह युगल तथा दो गोत्रोंमें जानना चाहिए।

समचतुरस्रसंस्थानके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। शेष संस्थानोंके बन्धक जीव संख्यात-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संखेज्जगुणा। एवं संघड०। सव्वत्थोवा उज्जोवं बंधगा जीवा। अबंधगा जीवा संखेज्ज-गुणा। सव्वत्थोवा तित्थयरं बंधगा जीवा। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा।

३०२. एवं सत्तसु पुढवीसु। णवरि मज्झिमासु सव्वत्थोवा मणुसायुबंधगा जीवा। तिरिक्खायुबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। दोण्णं आयुगस्स बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा सत्तमाए पुढवीए मणुसगदि-मणुसाणुपुव्वि-उच्चागोदाणं बंधगा जीवा। तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणुपुव्वि-णीचागोदाणं बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा जीवा णत्थि। सव्वत्थोवा तिरिक्खायुबंधगा जीवा, अबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा।

३०३. तिरिक्खेसु—सव्वत्थोवा थीणगिद्धि०३ अबंधगा जीवा। बंधगा जीवा अणंतगुणा। छदंसणा० बंधगा जीवा विसेसाहिया। सव्वत्थोवा सादबंधगा जीवा। असादबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसाहिया। अबंधगा णत्थि। सव्वत्थोवा अपच्चक्खाणा०४ अबंधगा जीवा। अणंताणुबं०४ अबंधगा असंखेज्जगुणा। मिच्छत्त-अबंधगा जीवा विसे०। बंधगा जीवा अणंतगुणा। अणंताणुबं०४ बंधगा जीवा विसेसा०। पच्चक्खाणावरण०४ (?) बंधगा जीवा विसेसा०। अट्ठकसायाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। सव्वत्थोवा पुरिसवेदस्स बंधगा जीवा। इत्थिवेदस्स बंधगा जीवा

गुणे हैं। इस प्रकार संहननमें भी जानना चाहिए।

उद्योतके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तीर्थंकर प्रकृति-के बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

३०२. इसी प्रकार सात पृथिवियोंमें जानना चाहिए। विशेष यह है कि मध्यम पृथिवियों-में मनुष्यायुके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनों आयुओंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं; अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

सातवीं पृथ्वीमें—मनुष्यगति, मनुष्यानुपूर्वी तथा उच्च गोत्रके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी तथा नीच गोत्रके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनोंके (मनुष्यगति, तिर्यंचगति आदि) बन्धक जीव विशेष अधिक हैं; अबन्धक नहीं हैं। तिर्यं-चायुके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं; अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

३०३. तिर्यंचोंमें—स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं; बन्धक जीव अनन्त गुणे हैं। ६ दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

सातावेदनीयके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं; असाताके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं; अबन्धक नहीं हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इसके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। ८ कषाय, ८ प्रत्याख्यानावरण तथा संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेष—यहाँ प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धकके स्थानमें अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक पाठ सम्यक् प्रतीत होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संखेज्जगुणा। हस्सरदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अरदिसोगाणं बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। णवुंसकवेदस्स बंधगा जीवा विसेसाहिया। भयदुगुंच्छाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। आयु० अंगोवं० संघ० आदा० उज्जो० विहाय० संठाणं च मूलोघं। सव्वत्थोवा पंचिंदिय-बंधगा जीवा। सेस-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा देवगदिबंधगा जीवा। णिरयगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। मणुसगदिबंधगा जीवा अणंतगुणा। तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। चदुण्णं गदीणं बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा वेउव्विय-बंधगा जीवा। ओरालियबंधगा जीवा अणंतगुणा। तेजाकम्मइगबंधगा जीवा विसेसा०। संठाणं णिरयभंगो। सव्वत्थोवा परघादुस्सा० बंधगा जीवा। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अगु० उप० बंधगा जीवा विसेसा०। सेसाणं युगलाणं सादासादभंगो। एवं पंचिंदियतिरिक्खाणं। णवरि यं हि अणंतगुणं तं हि असंखेज्जगुणं कादव्वं।

३०४. पंचिंदिय-तिरिक्ख-जोणिणीसु-दंसणावरण-मोहणीय-गोदे एसेव भंगो। सव्वत्थोवा मणुसायुबंधगा जीवा। णिरयायुबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। देवायु-बंधगा

पुरुषवेदके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। स्त्रीवेदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। हास्य, रतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अरति, शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। नपुंसकवेदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

आयु, अंगोपांग, संहनन, आतप, उद्योत, विहायोगति, संस्थानके बन्धकोंमें मूलके ओघवत् जानना चाहिए।

पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। शेष जातियोंके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। देवगतिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। नरक गतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। चारों गतिके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तैजस, कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

संस्थानोंके बन्धकोंमें नरकगतिके समान भंग हैं। अर्थात् समचतुरस्र संस्थानके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। शेषके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। परघात, उछ्वासके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अगुरुलघु, उपघातके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। शेष युगलोंके बन्धकोंमें साता-असाताका भंग जानना चाहिए। पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए। विशेष यह है कि जहाँ 'अनन्तगुणा' है वहाँ 'असंख्यातगुणा' लगाना चाहिए।

विशेषार्थ—पंचेन्द्रिय-तिर्यंच-पर्याप्तकोंका पृथक् वर्णन नहीं किया गया है, अतः प्रतीत होता है कि पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंके समान उनका वर्णन होगा।

३०४. पंचेन्द्रिय-तिर्यंच-योनिमतियोंमें – दर्शनावरण, मोहनीय और गोत्रके बन्धकोंमें यही भंग जानना चाहिए।

मनुष्यायुके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। नरकायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। चारों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवा असंखे गुणा। तिरिक्खायुबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। चदुण्णं आयुगाणं बंधगा जीवा विसेसा०। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा देवगदि-बंधगा जीवा। मणुसगदि-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। तिरिक्खगदि-बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। णिरयगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा चदुरिंदिय-बंधगा (?) जीवा। तीइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। बीइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। एइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। पंचिंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा (?)। सव्वत्थोवा ओरालिय-सरीरबंधगा जीवा। वेउव्विय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। तेजाकम्मइग० बंधगा जीवा विसेसा०। संठाणं संघडणं पंचिंदिय-तिरिक्खभंगो। सव्वत्थोवा ओरालिय-अंगोवंग-बंधगा जीवा। दोण्णं अंगो० अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। वेउव्विय-अंगो० बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। दोण्णं अंगो० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा परघादुस्सा० अबंधगा जीवा। बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अगु० उप० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा पसत्थविहायगदि-बंधगा जीवा सुस्सर-बंधगा जीवा०। दोण्णं अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अप्पसत्थ-विहायगदि-बंधगा, दुस्सरबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा थावरादि०४ बंधगा जीवा। तसादि०४ बंधगा जीवा संखेज्जगुणा।

आयुके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

देवगतिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। नरक गतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। चतुरिन्द्रिय जातिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। त्रीन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दो इन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। एकेन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।[1] पंचेन्द्रियके बन्धक(?)जीव संख्यातगुणे हैं।

विशेषार्थ—पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव सर्व स्तोक होना चाहिए,। कारण "**सव्वत्थोवा पंचिंदिया**" – पंचेन्द्रिय सर्व स्तोक हैं। अतः पंचेन्द्रियके बन्धक संख्यातगुणे हैं, यह पाठ असम्यक् प्रतीत होता है। पंचेन्द्रियकी अपेक्षा चौइन्द्रियपना विशेष सुलभ है, अतः पंचेन्द्रियके बन्धक सर्व स्तोक होंगे।

औदारिक शरीरके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तैजस, कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। संस्थान और संहननके बन्धकोंमें पंचेन्द्रिय तिर्यंचका भंग जानना चाहिए। औदारिक अंगोपांगके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। दोनों अंगोपांगके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनों अंगोपांगके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। परघात, उच्छ्वासके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अगुरुलघु, उपघातके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। प्रशस्तविहायोगति तथा सुस्वरके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। दोनोंके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अप्रशस्त विहायोगतिके बन्धक और दुस्वरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। स्थावरादि ४ के बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। त्रसादि ४ के बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

---

१. "पंचण्हमिंदियाणं खवोवसमलद्धीए सुट्ठु दुल्लभत्तादो। चउरिंदिया विसेसाहिया, कुदो? पंचण्हमिंदियाणं सामग्गीदो चदुण्हमिंदियाणं सामग्गीए अइसुलभत्तादो। –खु० बं०,टीका,पृ० ५२४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३०५. पंचिंदिय-तिरिक्ख-अपज्जत्तगेसु-सव्वत्थोवा पुरिसवेदबंधगा जीवा। इत्थिवेदबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। हस्सरदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। अरदिसोगबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। णवुंस० बंधगा जीवा विसेसा०। भयदु० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा मणुसायु-बंधगा जीवा। तिरिक्खायुबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसा०। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा मणुसगदिबंधगा जीवा। तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसा०। अबंधगा णत्थि। सव्व[त्थोवा] पंचिंदिय-बंधगा जीवा०। चदुरिंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। तीइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्ज०। बीइंदि० बंधगा जीवा संखेज्ज०। एइंदियबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सव्वत्थोवा ओरालिय-अंगो० आदा-उज्जो० बंध० जीवा। अबंधगा जोवा संखेज्ज०। संठाण-संघडण० पर० उस्सा० दो विहा० तस-थावरादि-दसयुगलं दोगोदं च पंचिंदिय-तिरिक्खभंगो। एवं सव्व-अपज्जत्तगाणं तसाणं सव्वएइंदिय-विगलिंदिय-सव्वपंचकायाणं च। णवरि वणप्फदि काय-णिगोदेसु सव्वत्थोवा मणुसायु-बंधगा जीवा। तिरिक्खायुबंधगा जीवा अणंतगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसे०। अबंधगा जीवा संखेज्ज०।

३०६. मणुसेसु-सव्वत्थोवा पंचणा० अबंधगा जीवा, बंधगा जीवा असंखेज्ज-

---

३०५. पंचेन्द्रिय तिर्यंच लब्ध्यपर्याप्तकोंमें – पुरुषवेदके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। स्त्रीवेदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। हास्य, रतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अरति, शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। नपुंसकवेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

मनुष्यायुके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक संख्यातगुणे हैं।

मनुष्यगतिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक विशेषाधिक हैं; अबन्धक नहीं हैं। पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। चौइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। त्रीन्द्रिय जातिके बन्धक संख्यातगुणे हैं। दोइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। एकेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। औदारिक अंगोपांग, आतप, उद्योतके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं; अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। संस्थान, संहनन, परघात, उच्छ्वास, दो विहायोगति, त्रस-स्थावरादि दस युगल तथा दो गोत्रोंके बन्धकोंमें पंचेन्द्रिय तिर्यंचके समान भंग जानना चाहिए।

इसी प्रकार सर्व लब्ध्यपर्याप्तक त्रसों, सर्व एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और सर्व पंचकायवालोंमें है। विशेष यह है, कि वनस्पति काय-निगोदियोंमें मनुष्यायुके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। दोनोंके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

३०६. मनुष्योंमें – ५ ज्ञानावरणके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। बन्धक जीव असं-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणा। एवं अंतराइगाणं चेव। सव्वत्थोवा चदुदंस० अबंधगा जीवा। णिद्दापचला-अबंधगा जीवा विसेसा०। थीणगिद्धि०३ अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। णिद्दापचला-बंधगा जीवा विसेसा०। चदुदंस० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा सादासाद-अबंधगा जीवा। साद-बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। असाद-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा लोभसंजल० अबंधगा जीवा। मायासंज० अबं० जीवा विसेसा०। माणसंज० अबं० जीवा विसेसा०। कोधसंज० अबं० जीवा विसेसा०। पच्चक्खाणावरण०४ अबं० जीवा संखेज्ज०। अपच्चक्खाणाव०४ अबं० जीवा संखेज्ज०। अणंताणुबंधि०४ अबं० जीवा संखेज्जगु०। मिच्छ० अबं० जीवा विसेसा०। बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। अणंता-णुबं०४ बंधगा जीवा विसेसा०। अपच्चक्खाणावर०४ बंधगा जीवा विसेसा०। पच्चक्खाणावर०४ बंधगा जीवा विसेसा०। कोधसंज० बंधगा जीवा विसेसा०। माणसंज० बंधगा जीवा विसेसा०। माया-संज० बंधगा जीवा विसेसा०। लोभसंज० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा णवण्णं णोकसायाणं अबंधगा जीवा। पुरिस० बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। सेसं तिरिक्खोघं। सव्वत्थोवा णिरयायु-बंधगा जीवा। देवायु-बंधगा

ख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार अन्तरायोंमें भी जानना। अर्थात् अबन्धक जीव सर्व स्तोक और बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

चार दर्शनावरणके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। निद्रा-प्रचलाके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव असंख्यात-गुणे हैं। निद्रा-प्रचलाके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। चार दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

साता, असाता वेदनीयके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। साताके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। असाताके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषा-धिक हैं।

लोभ-संज्वलनके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। माया-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। मान-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। क्रोध-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अप्रत्याख्याना-वरण ४ के अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अनन्तानु-बन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। क्रोध-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। मान-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। माया-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। लोभ-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

नव नोकषायके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। पुरुषवेदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंके तिर्यंचोंके ओघवत् जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवा संखेज्जगु० । मणुसायु-बंधगा जीवा असंखेज्जगु० । तिरिक्खायु-बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । चदुण्णं आयुगाणं बंधगा जीवा विसेसा० । अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा । सव्वत्थोवा चदुण्णं गदीणं अबंधगा जीवा । देवगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा । णिरयगदि-बंधगा जीवा संखेज्जगु० । मणुसगदिबंधगा जीवा संखेज्ज० । तिरिक्खगदि-बंधगा जीवा संखेज्ज० । सव्वत्थोवा पंचण्णं जादीणं अबंध० जीवा । पंचिंदि० बंधगा जीवा असंखेज्ज-गुणा । सेसं बंधगा जीवा संखेज्जगुणा । सव्वत्थोवा आहारसरीर-बंधगा जीवा । पंचण्णं सरीराणं अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा । वेउव्वियसरीरबंधगा जीवा संखेज्ज० । ओरालि० बंधगा जीवा असंखे० । तेजाक० बंधगा जीवा विसेसा० । सव्वत्थोवा छण्णं संठाणाणं अबंधगा जीवा । समचदु० बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । सेसं ओघं । सव्वत्थोवा आहार० अंगो० बंधगा जीवा । वेउव्वियअंगो० बंधगा जीवा संखेज्जगु० । ओरालि० अंगो० बंधगा जीवा असंखेज्जगु० । तिण्णि अंगोवंगाणं बंधगा जीवा विसेसा० । अबंधगा जीवा संखेज्जगु० । संघड० आदाउज्जो० दो विहा० दोसर० ओघं । सव्वत्थोव वण्ण०४ णिमिण-अबंधगा जीवा । बंधगा जीवा असंखेज्ज० । सव्वत्थोवा अगु० उप०

विशेष—स्त्रीवेदके बन्धक संख्यातगुणे हैं । हास्यरतिके बन्धक संख्यातगुणे हैं । अरति शोकके बन्धक संख्यातगुणे हैं । नपुंसकवेदके बन्धक विशेषाधिक हैं । भय-जुगुप्साके बन्धक विशेषाधिक हैं ।

नरकायुके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । देवायुके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । मनुष्यायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । चारों आयुओंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ।

चारों गतिके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । देवगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । नरकगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । मनुष्यगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । तिर्यंच गतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । पाँचों जातिके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष जातियोंके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । आहारक शरीरके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । पाँचों शरीरोंके अबन्धक जीव संख्यात-गुणे हैं । वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । औदारिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तैजस, कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । ६ संस्थानोंके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । समचतुरस्रसंस्थानके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

शेष संस्थानोंमें ओघवत् जानना चाहिए । अर्थात् शेषके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । आहारक अंगोपांगके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धक जीव संख्यात-गुणे हैं । औदारिक अंगोपांगके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तीनों अंगोपांगके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । संहनन, आतप, उद्योत, २ विहायो-गति, २ स्वरोंमें ओघवत् जानना चाहिए । वर्ण ४ और निर्माणके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । अगुरुलघु, उपघातके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । परघात, उच्छ्वासके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । अगुरु-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अबंधगा जीवा। परघादुस्सा० बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। अबंधगा जीवा संखेज्जगु०। अगुरु० उप० बंधगा जीवा विसेसा०। सेसाणं युगलाणं ओघ-भंगो। णवरि यं हि अणंतगुणं तं हि असंखेज्जगुणं कादव्वं। सव्वत्थोवा तित्थयरबंधगा जीवा। अबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा।

३०७. मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु एसेव भंगो। णवरि यं हि असंखेज्जगुणं दव्वं, तं हि संखेज्जगुणं कादव्वं। यासु सरिसताओ इमाओ पगदीओ गदिसु च जादिसु च णिरयगदि-पंचिंदिय पच्छा कादव्वा। आहारसरीरबंधगा थोवा। पंचण्णं सरीराणं अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। ओरालि० बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। वेउव्वि० बंधगा जीवा संखेज्ज०। तेजाक० बंधगा जीवा विसेसा०। तसादि-चदुयुगलाणं च। सव्वत्थोवा अबंधगा जीवा अप्पसत्थाणं बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। तसादि०४ बंधगा जीवा संखेज्ज०। विहाय० सरणाम तिरिक्खिणीभंगो।

३०८. देवेसु—णिरयभंगो। एवं याव सदरसहस्सारत्ति। किंचि विसेसो देवोघादो याव ईसाण त्ति, तं पुण इमं। सव्वत्थोवा पुरिसवे० बंधगा जीवा। इत्थिवे०

लघु, उपघातके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। शेष युगलोंमें ओघके समान भंग जानना चाहिए। इतना विशेष है कि जहाँ 'अनन्तगुणा' कहा है वहाँ 'असंख्यातगुणा' कर लेना चाहिए।

तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

३०७. मनुष्यपर्याप्तक, मनुष्यनियोंमें—इसी प्रकार भंग जानना चाहिए। यह विशेष है कि जहाँ असंख्यातगुणित द्रव्य कहा है, वहाँ संख्यातगुणित कर लेना चाहिए।

जो गति और जाति नामकी समान प्रकृतियाँ हैं उनमें नरक गति और पंचेन्द्रिय जातिको पीछे कर लेना चाहिए।

विशेष—चारों गतिके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। देवगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं; मनुष्यगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं; तिर्यंच गतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं, नरकगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

पंच जातियोंके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। पंचेन्द्रियको छोड़कर शेषके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। पंचेन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

आहारक शरीरके बन्धक स्तोक हैं। ५ शरीरके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तैजस, कार्मण शरीरके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

यही क्रम त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकके युगलोंमें भी लगा लेना चाहिए।

स्थावर, सूक्ष्म अपर्याप्तक साधारण इन अप्रशस्त प्रकृतियोंके अबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। त्रसादिक चतुष्कके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। विहायोगति, स्वर नामक प्रकृतियोंमें तिर्यंचिनीके समान भंग जानना चाहिए।

३०८. देवोंमें नारकियोंके समान भंग जानना चाहिए। यह बात शतार, सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त जाननी चाहिए। किन्तु देवोघकी अपेक्षा ईशान स्वर्ग पर्यन्त किंचित् विशेषता है, वह यह है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। हस्सरदि-बंधगा जीवा संखेज्ज०। अरदिसोग-बंधगा जीवा संखेज्ज०। णवुंस० बंधगा जीवा विसेसा०। भयदु० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा पंचिंदियस्स बंधगा जीवा। एइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्ज०। सव्वत्थोवा ओरालि० अंगो० बंधगा जीवा। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। संघड० आदा-उज्जो० दोविहाय० दोसर० ओघभंगो। एवं विसेसो णादव्वो आणद याव णवगेवज्जा त्ति। सव्वत्थोवा थीणगिद्धि०३ बंधगा जीवा। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। सेसाणं बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा मिच्छत्त-बंधगा जीवा। अणंताणुबं०४ बंधगा जीवा विसेसा०। अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। मिच्छत्तस्स अबंधगा जीवा विसेसा०। सेसबंधगा जीवा विसे०। सव्वत्थोवा इत्थि-बंधगा जीवा। णवुंसबंधगा जीवा संखेज्ज-गुणा। हस्सरदि-बंधगा जीवा संखेज्जगु०। अरदिसो० बंध० जीवा संखेज्ज०। पुरिसवे०

विशेष—सौधर्मद्विक पर्यन्त एकेन्द्रिय, स्थावर, आतपका बन्ध होता है। सहस्रार पर्यन्त तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी, तिर्यंचायु तथा उद्योतका बन्ध होता है।

पुरुषवेदके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। स्त्रीवेदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। हास्य-रतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अरति, शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। नपुंसक वेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। एकेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

विशेषार्थ—देवोंका विकलत्रयमें उत्पाद नहीं होता। इससे दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय चौइन्द्रिय जातिके बन्धकोंका उल्लेख नहीं है। देवोंका एकेन्द्रियमें उत्पाद होनेसे एकेन्द्रिय जातिका वर्णन किया गया है।

औदारिक अंगोपांगके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। संहनन, आतप, उद्योत, २ विहायोगति, २ स्वरका ओघवत् जानना चाहिए।

आनतसे लेकर नव ग्रैवेयक पर्यन्त विशेषता निकाल लेनी चाहिए।

विशेष—आनतादि [1]स्वर्गोंमें तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, तिर्यंचायु तथा उद्योतका बन्ध नहीं होता है। सानत्कुमारादिमें एकेन्द्रिय, [2]स्थावर तथा आतपका बन्ध नहीं होता है।

स्त्यानगृद्धित्रिकके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

मिथ्यात्वके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। शेष प्रकृतियोंके बन्धक विशेषाधिक हैं। स्त्रीवेदके बन्धक सबसे स्तोक हैं। नपुंसक वेदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। हास्य, रतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अरति शोकके बन्धक

---

१. "कप्पित्थीसु ण तित्थं सदरसहस्सारगोत्ति तिरियदुगं।
तिरियाऊ उज्जोवो अत्थि तदो णत्थि सदरचऊ॥" –गो० क०,गा० ११२।

२. "णिरयेव होदि देवे आईसाणोत्ति सत्त वाम छिदी।
सोलस चेव अबंधा भवणतिए णत्थि तित्थयरं॥" –गो० क०,गा० ११३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधगा जीवा विसेसा० । भयदु० बंध० जीवा विसेसा० । मणुसायुबंध० जीवा थोवा । अबंधगा जीवा असंखेज्ज० । णग्गोद० बंध० जीवा थोवा । सादिय० बंध० जीवा संखेज्जगु० । खुज्ज० बंध० जीवा संखेज्ज० । वामण० बंध० जीवा संखेज्जगु० । हुंडसं० बंध० जीवा संखेज्ज० । समचदु० बंध० जीवा संखेज्ज० । संघडणं संठाणभंगो । अप्पसत्थवि० दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचागोदाणं बंधगा जीवा थोवा । तप्पडिपक्खाणं बंधगा जीवा संखेज्ज० । सेसाणं युगलाणं णिरयभंगो । तित्थयरं बंधगा जीवा थोवा । अबंधगा जीवा संखेज्ज० । अणुदिस याव सव्वट्ठ त्ति सव्वत्थोवा हस्सरदि बंध० जीवा । अरदिसोग-बंध० जीवा संखेज्ज० । पुरिसवे० भयदु० बंध० जीवा विसेसा० । सेसाणं युगलाणं णिरयभंगो । आयु० तित्थय० आणदभंगो । णवरि सवट्ठे आयु० बंधगा जीवा थोवा । अबंध० जीवा संखेज्ज० ।

३०६. पंचिंदियेसु–पंचणा० सव्वत्थोवा अबंध० जीवा । बंधगा जीवा असं-

---

जीव संख्यातगुणे हैं । पुरुषवेदके बन्धक विशेष अधिक हैं । भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

मनुष्यायुके बन्धक जीव स्तोक हैं । अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

विशेष—आनतादि स्वर्गोंमें एक मनुष्यायुका ही बन्ध होता है ।

न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । स्वाति संस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । कुब्जकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । वामनके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । हुण्डकसंस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । समचतुरस्र संस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ।

संहननोंमें संस्थानके समान भंग है । अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय तथा नीचगोत्रके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं ।

इनकी प्रतिपक्षी प्रकृतियाँ अर्थात् सुभग, सुस्वर, आदेय तथा उच्चगोत्रके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । शेष युगलोंके विषयमें नरक गतिके समान भंग हैं । तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ।

अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धिमें – हास्य-रतिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । अरति-शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । पुरुषवेद तथा भय-जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । शेष युगलोंमें नरक गतिके समान भंग हैं ।

आयु तथा तीर्थंकरके बन्धकोंमें आनतके समान भंग हैं । विशेष, सर्वार्थसिद्धिमें आयुके बन्धक सर्व स्तोक हैं । अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ।

विशेषार्थ—सर्वार्थसिद्धिके देवोंकी संख्या संख्यात होनेसे यहाँ 'असंख्यात'का उल्लेख नहीं किया गया है । जीवट्ठाणमें उनका प्रमाण मनुष्यनीके प्रमाणसे तिगुना कहा है, '**मणुसिणिरासीदो तिउणमेत्ता हवंति**' (ताम्रपत्र प्रति पृ० २८६) ।

३०९. पंचेन्द्रियोंमें – ५ ज्ञानावरणके अबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । बन्धक जीव

---

१. "सव्वट्ठसिद्धिविमाणवासियदेवा दव्वपमाणेण केवडिया ? संखेज्जा ।" – जीव० ताम्रपत्र प्रति पृ० २८६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेज्ज०। चदुदंस० अबंध० जीवा थोवा। णिद्दापचला-अबंध० जीवा विसेसा०। थीणगिद्धि०३ अबंध० जीवा असंखेज्ज०। बंध० जीवा असंखेज्ज०। णिद्दा-पचलाणं बंध० जीवा विसेसा०। चदुण्णं दंसणावरणाणं बंध० जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा लोभ-संजल० अबंधगा जीवा। माया-संज० अबंध० जीवा विसेसा०। माणसंज० अबंध० जीवा विसेसा०। कोधसंज० अबं० जीवा विसेसा०। पच्चक्खाणावरणी०४ अबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा (?)। [अपच्चक्खाणा०४ अबंधगा जीवा असंखेज्ज०।] अणंताणुबंध०४ अबंध० जीवा असंखेज्ज०। मिच्छत्त-अबंध० जीवा विसेसा०[1]। बंधगा जीवा असंखेज्ज०। एत्तो पडिलोमं विसेसाहियं। सादा-साद-पंचजादि-संठाण-संघड० वण्ण०४ अगुरु०४ आदाउज्जो० दोविहाय० तसादि-दसयुगल० तित्थय० दोगोद० पंचंतराइगाणं मणुसोघं। मणुसायुबंधगा जीवा थोवा। णिरयायु-बंधगा जीवा असं-

असंख्यातगुणे हैं। ४ दर्शनावरणके अबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। निद्रा-प्रचलाके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। निद्रा, प्रचलाके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। ४ दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

लोभ-संज्वलनके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। माया-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। मान-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। क्रोध-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेष अधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

विशेषार्थ—प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक सकल संयमी हैं। उनकी संख्या तीन घाटि नव कोटि प्रमाण है, अतः 'असंखेज्जगुणा'के स्थानमें 'संखेज्जगुणा' पाठ सम्यक् प्रतीत होता है।

अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

विशेषार्थ—अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक देशसंयमी तेरह करोड़ प्रमाण कहे गये हैं। उनसे अधिक तिर्यंच पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। (गो० जी०, गा० ६२४)

अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

इससे विपरीत क्रम विशेष अधिकका शेष बन्धकोंमें लगाना चाहिए अर्थात् अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। इसी प्रकार अप्रत्याख्यानावरण ४, प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीवोंमें विशेषाधिकका क्रम जानना चाहिए तथा क्रोध, मान, माया तथा लोभ संज्वलनमें विशेषाधिककी योजना प्रत्येकमें करनी चाहिए।

साता, असाता, पंचजाति, ६ संस्थान, ६ संहनन, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, आतप, उद्योत, २ विहायोगति, त्रसादि दस युगल, तीर्थंकर, दो गोत्र, ५ अन्तरायोंके बन्धकोंमें मनुष्योंके ओघवत् जानना चाहिए।

१. सासादनसम्यग्दृष्टयः सम्यग्मिथ्यादृष्टयोऽसंयतसम्यग्दृष्टयः संयतासंयताश्च पल्योपमासंख्येयभागप्रमिताः। -स० सि०, पृ० १३।

मिच्छा सावय-सासण-मिस्साऽविरदा दुवारणंता य।
पल्लासंखेज्जदिमसंखगुणं संखसंखगुणं ॥-गो० जी०, गा० ६२४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेज्ज० । देवायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तिरिक्खायुबंधगा जीवा असंखेज्ज० । चदुण्णं आयुगाणं बंधगा जीवा विसेसा० । अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा । सव्वत्थोवा चदुण्णं गदीणं अबंधगा जीवा । देवगदि बंध० जीवा असंखेज्ज० । णिरयगदि-बंधगा जीवा संखेज्जगु० । मणुसगदिबंधगा जीवा असंखेज्ज० । तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्ज० । सव्वत्थोवा आहारस० बंध० जीवा । पंचण्णं सरीराणं अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा । वेउव्वि० बंध० जीवा असंखेज्जगुणा । ओरालि० बंध० जीवा असंखेज्जगुणा । तेजा-कम्मइ-बंधगा जीवा विसेसाहिया । आहार०अंगो० बंधगा जीवा थोवा । वेउव्वि० अंगो० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । ओरालि० अंगो० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तिण्णं अंगोवंगाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया । अ धगा जीवा संखेज्जगुणा । गदिभंगो आणुपुव्वीए ।

३१०. पंचिंदिय पज्जत्तगेसु—एसेव भंगो । णवरि आयु० पंचिंदिय-तिरिक्ख-पज्जत्तभंगो । चदुगदिअबंधगा जीवा थोवा । देवगदिबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । मणुसगदिबंधगा संखेज्जगुणा । तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा (?) णिरयगदि-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा । चदुण्णं गदीणं बंधगा जीवा विसेसा० । पंचजादीणं अबंधगा जीवा थोवा । चदुरिंदियबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । तीइंदि० बंध० जीवा संखेज्ज० ।

मनुष्यायुके बन्धक जीव स्तोक हैं । नरकायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । चारों आयुओंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ।

४ गतिके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । नरकगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । मनुष्यगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । आहारक शरीरके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । पाँचों शरीरोंके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । औदारिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तैजस, कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । आहारक अंगोपांगके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं । वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । औदारिक शरीर अंगोपांगके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तीनों अंगोपांगके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । आनुपूर्वीमें गतिके समान भंग जानना चाहिए ।

३१०. पंचेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें—ऐसे ही (पंचेन्द्रिय समान) भंग जानना चाहिए । विशेष यह है कि आयुके बन्धक जीवोंमें पंचेन्द्रिय तिर्यंच पर्याप्तकके समान भंग करना चाहिए । चारों गतिके अबन्धक जीव स्तोक हैं । देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । मनुष्यगति-के बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । नरकगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । चारों गतिके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । पाँचों जातिके अबन्धक जीव स्तोक हैं । चौइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । त्रीन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । दो इन्द्रिय जातिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीइंदि० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । एइंदियबंधगा जीवा संखेज्ज० । पंचिंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा (?) आहारस० बंध० जीवा थोवा । पंचण्णं सरीराणं अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा । ओरालि० बंध० जीवा असंखेज्ज० । वेउव्वि० बंधगा जीवा संखेज्ज० । तेजाक० बंध० जीवा विसेसाहिया । आहारस० अंगो० बंधगा जीवा थोवा । ओरालि० अंगो० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तिण्णि अंगो० अबंधगा जीवा संखेज्ज० । वेउव्वि० अंगो० बंधगा जीवा संखेज्ज० । तिण्णं अंगोवंगाणं बंधगा जीवा विसेसाहिया । [तस] थावरादि०४ अबंधगा जीवा थोवा । [थावरादि] बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । तसादि४ बंधगा जीवा संखेज्जगुणा । थिरादि६ युगल-दोगोदाणं अबंधगा थोवा । थिरादिछक्क-उच्चगोदाणं च बंधगा असंखेज्जगुणा । तप्पडिपक्खाणं बंधगा जीवा संखेज्जगुणा । णवरि दोविहा० दोसर० पंचिंदिय-तिरिक्ख-पज्जत्तभंगो । एवं विसेसो तसेसु पंचिंदियोघं । णवरि पज्जत्तगेसु तिरिक्खायुबंधगा जीवा संखेज्जगुणा । णामस्स सव्व-त्थोवा चदुगदि-अबंधगा जीवा । देवगदिबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । मणुसगदि-बंध० जीवा संखेज्ज० । णिरयगदि-बंधगा जीवा संखेज्जगु० । तिरिक्खगदि-बंधगा जीवा संखेज्ज० । पंचण्णं जादीणं अबंधगा जीवा थोवा । चदुरिंदियबंधगा असंखेज्जगुणा । तीइंदियबंधगा जीवा संखेज्ज० । बीइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्ज० । पंचिंदिय-

---

एकेन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं (?)।

आहारक शरीरके बन्धक जीव स्तोक हैं । पाँचों शरीरोंके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तैजस, कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

आहारक शरीरांगोपांगके बन्धक जीव स्तोक हैं। औदारिक अंगोपांगके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तीनों अंगोपांगके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तीनों अंगोपांगके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। [त्रस] स्थाव-रादि चतुष्कके अबन्धक जीव स्तोक हैं। [स्थावरादिके] बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। त्रसादिचतुष्कके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। स्थिरादि छह युगल, २ गोत्रोंके अबन्धक जीव स्तोक हैं। स्थिरादिषट्क तथा उच्च गोत्रके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनकी प्रति-पक्षी प्रकृतियोंके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं अर्थात् अस्थिरादि षट्क तथा नीच गोत्रके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। विशेष यह है कि २ विहायोगति, २ स्वरोंके विषयमें पंचेन्द्रिय तिर्यंच पर्याप्तकके समान भंग जानना चाहिए।

त्रस जीवोंमें—पंचेन्द्रियके ओघवत् विशेषता जाननी चाहिए। इतना विशेष है कि यहाँ पर्याप्तकोंमें तिर्यंचायुके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

नामकर्मसम्बन्धी चार गतियोंके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। नरकगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। पाँचों जातियोंके अबन्धक जीव स्तोक हैं। चौइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। त्रीन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधगा जीवा संखेज्ज० । एइंदिय-बंध० जीवा संखेज्जगुणा । तस-थावरादि चदुयुगलं [अ]बंधगा जीवा थोवा । तसादि०४ बंधगा जीवा असंखेज्ज० । थावरादि४ बंधगा जीवा संखेज्जगु० । एदेण बीजेण णेदव्वं । पंचमण० तिण्णिवचि० छण्णं कम्माणं पंचिंदियभंगो । णवरि वेदणी० अबंधा णत्थि । मणुसायु-बंधगा जीवा थोवा । णिरयायुबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । देवायु बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तिरिक्खायुबंधगा जीवा असंखेज्ज० । चदुआयु-बंधगा जीवा विसेसा० । अबंधगा जीवा संखेज्जगुणा । चदुण्णं गदीणं अबंधगा जीवा थोवा । णिरयगदिबंधगा जीवा असंखेज्ज० । देवगदिबंधगा जीवा असंखेज्ज० । मणुसगदिबंधगा जीवा संखेज्ज० । तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगु० । चदुण्णं गदीणं बंधगा जीवा विसेसा० । पंचण्णं जादीणं अबंधगा जीवा थोवा । चदुरिंदिय-बंध० जीवा असंखेज्ज० । तीइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्ज० । बीइंदि० बंधगा जीवा संखेज्ज० । पंचिंदिय० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । एइंदिय० बंधगा जीवा संखेज्ज० । पंचण्णं जादीणं बंधगा जीवा विसेसा० । पंचण्णं सरीराणं अबंधगा जीवा थोवा । आहारस० बंधगा जीवा संखेज्ज० । वेउव्विय० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । ओरालि० बंधगा जीवा संखेज्जगुणा । तेजाक०

जीव संख्यातगुणे हैं । एकेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ।

त्रस-स्थावरादि चार युगलके [अ]बन्धक जीव स्तोक हैं । त्रसादि चारके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । स्थावरादि ४ के बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इस बीजसे अर्थात् इस ढंगसे अन्य प्रकृतियोंमें जानना चाहिए ।

विशेष—त्रस-स्थावरादि चार युगलके समान शेष बचे स्थिर, शुभ, सुभगादि युगलों-का वर्णन जानना चाहिए ।

५ मनोयोगी, ३ वचनयोगियोंमें ६ कर्मोंके बन्धक जीवोंमें पंचेन्द्रियके समान भंग निकालना चाहिए । विशेष यह है कि वेदनीयके अबन्धक नहीं हैं ।

मनुष्यायुके बन्धक जीव स्तोक हैं । नरकायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । चारों आयुके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं ।

चारों गतिके अबन्धक जीव स्तोक हैं । नरक गतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । मनुष्य गतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । तिर्यंच-गतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । चारों गतिके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं ।

पाँचों जातिके अबन्धक जीव स्तोक हैं । चौइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव असंख्यात-गुणे हैं । त्रीन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । दोइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । एकेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । पाँचों जातियोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

पाँचों शरीरके अबन्धक जीव स्तोक हैं । आहारक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । औदारिक शरीरके बन्धक जीव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधगा जीवा विसेसाहिया। संठाणं अंगोवं० संघड० वण्ण०४ आदा-उज्जो० दोविहाय० तसथावरादिछयुगल-णिमिण-तित्थयर० पंचिंदियभंगो। गदिभंगो आणुपुव्वि०। अगु० उप० अबं० जीवा थोवा। परघादुस्सा० अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। बंधगा जीवा असंखेज्ज०। अगु० उप० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा बादरादि-तिण्णि-युगलाणं अबंधगा जीवा। सुहुमादितिण्णिबंधगा जीवा असंखेज्ज०। बादरादि-तिण्णि बंधगा जीवा असंखेज्जगु०। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसा०।

३११. वचिजोगि-असच्चमोसवचि० तसपज्जत्तभंगो। कायजोगीसु ओरालियका०-ओघभंगो, किंचि विसेसा० (सो०)। ओरालिय-मिस्से—सव्वत्थोवा छदंसणा० अबंधगा जीवा। थीणगिद्धि३ अबंधगा० संखेज्ज०। अबंधगा (बंधगा) जीवा अणंतगु०। छदंसणा० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा बारसक० अबंधगा जीवा। अणंताणु०४ अबंधगा० संखेज्ज०। मिच्छ० अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। बंधगा जीवा अणंतगुणा। अणंताणुबंधि०४ बंधगा० विसेसा०। बारसक० बंधगा० जीवा विसेसा०।

संख्यातगुणे हैं। तैजस, कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

संस्थान, अंगोपांग, संहनन, वर्ण ४, आतप, उद्योत, २ विहायोगति, त्रस-स्थावर तथा स्थिरादि ६ युगल, निर्माण और तीर्थंकरके बन्धकोंमें पंचेन्द्रियके समान भंग जानना चाहिए।

आनुपूर्वीमें गतिके समान जानना चाहिए।

अगुरुलघु, उपघातके अबन्धक जीव स्तोक हैं। परघात, उच्छ्वासके अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अगुरुलघु उपघातके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

बादरादि तीन युगलोंके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। सूक्ष्मादि तीनके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बादरादि तीनके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

३११. वचनयोगी, असत्यमृषा वचनयोगी अर्थात् अनुभय वचनयोगीमें त्रस पर्याप्तक के समान भंग हैं।

काययोगियों तथा औदारिक काययोगियोंमें – ओघके समान भंग है। किन्तु उसमें जो विशेषता है उसे जानना चाहिए।

औदारिक मिश्रमें – ६ दर्शनावरणके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धक (बन्धक) जीव अनन्तगुणे हैं। ६ दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेष—द्वितीय बार आगत स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धकके स्थानमें बन्धकका पाठ उपयुक्त प्रतीत होता है।

अप्रत्याख्यानावरणादि बारह कषायके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। बारह कषायके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णं गदीणं [अ]बंधगा जीवा थोवा। देवगदिबंधगा जीवा संखेज्ज०। मणुसगदिबंधगा जीवा अणंतगुणा। तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। तिण्णि गदीणं बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा चदुण्णं सरीराणं अबंधगा जीवा। वेउव्वियसरीरं बंधगा जीवा संखेज्ज०। ओरालि० बंधगा० अणंतगु०। तेजाक० बंधगा० विसेसा०। वेउव्विय अंगो० बंधगा जीवा थोवा। ओरालि० अंगो० बंधगा जीवा अणंतगु०। दोण्णं बंधगा जीवा विसे०। अबंधगा जीवा संखेज्ज०। गदिभंगो आणुपुव्वि। सेसं ओघं।

३१२. वेउव्वियका० वेउव्वियमि० देवोघं।

३१३. आहार० आहारमि० सव्वट्ठभंगो।

३१४. कम्मइ० ओरालिय-मिस्स-भंगो। णवरि सव्वत्थोवा छदंसणा० अबंधगा जीवा। थीणगिद्धि३ अबंधगा जीवा असंखे०। बंधगा जीवा अणंतगुणा। छदंसणा० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा बारसक० अबंधगा जीवा। अणंताणुबंधि०४ अबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। मिच्छ० अबंधगा जीवा विसेसाहिया। बंधगा जीवा अणंतगु०। अणंताणुबं०४ बंधगा जीवा विसेसा०। बारसक० बंध० जीवा

तीन गतिके[अ]बन्धक जीव स्तोक हैं। देवगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तिर्यंच गतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तीनों गतिके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेष—यहाँ नरकगतिका बन्ध नहीं होता है। इस कारण तीन गतियोंका वर्णन किया गया है।

चारों शरीरके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तैजस कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं

वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धक जीव स्तोक हैं। औदारिक अंगोपांगके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

आनुपूर्वीमें गतिके समान भंग कहना चाहिए। शेष प्रकृतियोंमें ओघवत् जानना चाहिए।

३१२. वैक्रियिक काययोगी और वैक्रियिक मिश्रयोगीमें देवोंके ओघवत् जानना चाहिए।

३१३. आहारक काययोगी और आहारक मिश्रयोगीमें सर्वार्थसिद्धिके समान भंग हैं।

३१४. कार्मण काययोगियोंमें – औदारिक मिश्र काययोगीके समान भंग कहना चाहिए। विशेष यह है कि ६ दर्शनावरणके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। स्त्यानगृद्धि ३ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। ६ दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। १२ कषायके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। १२ कषायके बन्धक जीव विशेषाधिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसेसा०। सव्वत्थोवा तिण्णं गदीणं अबंधगा जीवा। देवगदि-बंधगा जीवा संखेज्ज०। मणुसगदिबंधगा जीवा अणंतगु०। तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। एदेण कमेण णेदव्वं।

३१५. इत्थिवेद०—सव्वत्थोवा णिद्दापचलाणं अबंधगा जीवा। थीणगिद्धि३ अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। बंधगा जीवा असंखेज्ज०। णिद्दापचलाणं बंधगा जीवा विसेसा०। चदुदंसण० बंधगा जीवा विसेसा०। वेदणीयं मणभंगो। सव्वत्थोवा पच्चक्खाणा० चदु० अबंधगा जीवा। अपच्चक्खाणा०४ अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। अणंताणुबं०४ अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। मिच्छत्त-अबंध० जीवा विसेसा०। बंधगा जीवा असंखेज्ज०। अणंताणु०४ बंध० जीवा विसेसा०। अपच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसेसा०। पच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसेसा०। चदुसंजलण-बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा पुरिसवेद-बंधगा जीवा। इत्थिवेद-बंधगा जीवा संखेज्जगु०। हस्सरदि-बंधगा जीवा संखेज्जगु०। अरदिसोग-बंधगा जीवा संखेज्ज०। णवुंस० बंधगा जीवा विसेसा०। भय-दुगुं० बंधगा जीवा विसेसा०। णवणोक० बंधगा जीवा विसेसा०। आयुचदुक्क-पंचिंदि०-तिरिक्ख-पज्जत्तभंगो। सव्वत्थोवा चदुण्णं गदीणं

हैं। तीनों गतिके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। देवगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इस क्रमसे अन्यत्र जानना चाहिए।

विशेष—इस योगमें नरकगतिका बन्ध नहीं होता है।

३१५. स्त्रीवेदमें – निद्रा, प्रचलाके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। निद्रा, प्रचलाके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। चारों दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेष—यहाँ दर्शनावरण ४ के अबन्धक जीव नहीं पाये जाते। वे उपशान्तकषाय गुणस्थानमें पाये जाते हैं।

वेदनीयके बन्धक जीवोंमें मनोयोगीके समान भंग हैं।

प्रत्याख्यानावरण ४के अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। ४ संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

पुरुषवेदके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। स्त्रीवेदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। हास्य, रतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अरति, शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। नपुंसक वेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। नव नोकषायके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। ४ आयुके बन्धकोंमें पंचेन्द्रिय तिर्यंचपर्याप्तकका भंग जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अबंधगा जीवा। देवगदिबंधगा जीवा असंखेज्ज०। णिरयगदिबंधगा जीवा संखेज्ज०। मणुसगदिबंधगा संखेज्ज०। तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्जगुणा। चदुण्णं गदीणं बंधगा जीवा विसे०। सव्वत्थोवा पंचजादि-अबंधगा जीवा। चदुरिंदिय-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तीइंदि० बंध० जीवा संखेज्ज०। बीइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्ज०। एइंदि० बंधगा जीवा संखेज्ज०। पंचजादीणं बंधगा जीवा विसेसाहिया। पंचसरीर० छसंठाणं तिण्णि-अंगो० छस्संघ० दोविहा० दोसरं मणजोगिभंगो। सव्वत्थोवा अगु० उप० अबंधगा जीवा। परघादुस्सा० अबंध० जीवा असंखेज्ज०। बंधगा जीवा संखेज्ज०। अगुरु० उप० बंधगा जीवा विसेसा०। तसथावरादि पंचयुगल-तित्थयर-दोगोदाणं मणजोगिभंगो। णवरि जस-अजस० दोगोदाणं साधारणेण अबंधगा णत्थि। सव्वत्थोवा बादरादि-तिण्णि-युगल-अबंधगा जीवा। सुहुमादितिण्णि युगल (?) बंधगा जीवा असंखेज्ज०। बादरादि-तिण्णि युगल (?) बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। एवं पुरिसवे०। णवुंसगवे० ओघभंगो। णवरि विसेसो वि इत्थिवेदेण साधिज्जदि। अवगद-

---

चारों गतिके अबन्धक जाव सर्वस्तोक हैं। देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। नरक गतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तिर्यंच गतिके बन्धक जीव संख्यातेगुणे हैं। चारों गतिके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

पंच जातियोंके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। चौइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। त्रीइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दो इन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। एकेन्द्रिय जातिके बन्धक जाव संख्यातगुणे हैं। पाँचों जातियोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेष—यहाँ पंचेन्द्रिय जातिके बन्धकोंका प्रमाण वर्णन करनेसे छूट गया प्रतीत होता है।

५ शरीर, ६ संस्थान, ३ अंगोपांग, ६ संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरके बन्धक जीवोंमें मनोयोगियोंके समान भंग जानना चाहिए।

अगुरुलघु, उपघातके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। परघात, उच्छ्वासके अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अगुरुलघु, उपघातके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

त्रस, स्थावर, स्थिरादि ५ युगल, तीर्थंकर, २ गोत्रके विषयमें मनोयोगियोंमें समान भंग हैं। विशेष यह है कि यशःकीर्त्ति, अयशःकीर्त्ति तथा दोनों गोत्रोंके सामान्यसे अबन्धक नहीं हैं। बादरादि तीन युगलके अबन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। सूक्ष्मादि तीन युगल (?) के बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बादरादि तीन युगल (?) के बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

विशेष—यहाँ सूक्ष्मादि तीन तथा बादरादि तीनके बन्धकोंके साथमें युगल शब्द अधिक प्रतीत होता है। कारण सूक्ष्मादि तीन युगलके ही अन्तर्गत बादरादि तीन प्रकृतियाँ हैं, एवं बादरादि तीन युगलमें सूक्ष्मादि तीन प्रकृतियाँ हैं।

पुरुषवेदमें—स्त्रीवेदके समान भंग है।

नपुंसकवेदमें—ओघवत् भंग है। विशेष, स्त्रीवेदसे जो विशेषता हो, उसे निकाल लेना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदेसु–सव्वत्थोवा पंचणा० बंधगा० । अबंधगा जीवा अणंतगुणा । एवं चदुदंसणा०, साद० जस० उच्चगो० पंचंत० । सव्वत्थोवा कोध-संजल० बंधगा । माण-संजल० बंधगा जीवा विसेसा० । माया-संज० बंधगा जीवा विसेसा० । लोभसंज० बंध० जीवा विसेसा० । तस्सेव अबंधगा जीवा अणंतगुणा । मायासंज० अबंधगा जीवा विसे० । माण-संज० अबं० जीवा विसे० । कोध-संज० अबंध० जीवा विसेसा० ।

३१६. कोधे–णवुंसकभंगो । णवरि णव णोकसायं ओघं । माणे–सव्वत्थोवा कोध-संज० अबं० जीवा । सेसं ओघं । णवरि कोध बंधगा जीवा विसे० । माण-माय-लोभ-संजलणबंधगा जीवा विसेसा० । मायाए–सव्वत्थोवा माणसंज० अबं० जीवा । सेसं माणकसाइ-भंगो । णवरि मायलोभसंज० बंधगा जीवा विसे० । लोभे–मोह० ओघं । सेसं कोधभंगो । अकसाइ–सव्वत्थोवा साद-बंध० । अबंधगा जीवा अणंतगु० । एवं केवलणा० केवलदंसणा० ।

३१७. मदि० सुद०–सव्वत्थोवा मिच्छत्त-अबंधगा जीवा । बंधगा जीवा

अपगतवेदियोंमें—५ ज्ञानावरणके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं । अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं । इसी प्रकार ४ दर्शनावरण, साता वेदनीय, यशःकीर्त्ति, उच्चगोत्र और ५ अन्तरायोंके बन्धकों, अबन्धकोंमें भी जानना चाहिए ।

क्रोध-संज्वलनके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । मान संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । माया-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । लोभ-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । लोभ संज्वलनके अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं । माया-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । मान-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । क्रोध-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

३१६. क्रोधमें—नपुंसकवेदके समान जानना चाहिए । विशेष यह है कि ९ नोकषायोंके बन्धकोंमें ओघवत् जानना चाहिए ।

मानमें—क्रोध-संज्वलनके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं । शेष प्रकृतियोंमें ओघवत् जानना चाहिए । विशेष, क्रोधके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । मान, माया, लोभ संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

मायामें—मान-संज्वलनके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं । शेष प्रकृतियोंमें मान-कषायियोंके समान भंग जानना । विशेष यह है कि माया, लोभ संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

लोभमें—मोहनीयके प्रकृतियोंमें ओघके समान भंग है । शेष प्रकृतियोंमें क्रोधके समान भंग हैं ।

अकषाय जीवोंमें—साता वेदनीयके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं । अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं । इसी प्रकार केवलज्ञानी, केवलदर्शनवाले जीवोंमें जानना चाहिए ।

३१७. मत्यज्ञान, श्रुताज्ञानमें—मिथ्यात्वके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं । बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं ।

विशेषार्थ—मत्यज्ञान तथा श्रुताज्ञानमें मिथ्यात्व तथा सासादन गुणस्थान पाये जाते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंतगुणा। सोलसक० बंधगा जीवा विसेसा०। सेसं तिरिक्खोघं। णवरि सम्मत्त-संयुत्तं णत्थि। विभंगे–सव्वत्थोवा मिच्छत्त-अबं० जीवा। बंधगा जीवा असंखेज्ज०। सोलसक० बंधगा जीवा विसेसा०। दोवेदणी० णवणोक० छस्संठाण छस्संघ० दोविहा० तसथावरादि छयुगलाणं दोगोद० देवोघ-भंगो। सव्वत्थोवा मणुसायु-बंधगा जीवा। णिरयायु-बंधगा जीवा असंखेज्जगु०। देवायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तिरिक्खायु-बंध० जीवा असंखेज्ज०। चदुण्णं आयुबंधगा जीवा विसे०। अबंधगा जीवा संखेज्ज०। णिरयगदि-बंध० जीवा थोवा। देवगदि-बंध० जीवा असंखेज्ज०। मणुसगदि बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तिरिक्खगदि-बंधगा जीवा संखेज्ज०। चदुण्णं गदीणं बंधगा जीवा विसेसा०। एवं आणुपु०। चदुरिंदिय-बंधगा जीवा थोवा। तीइंदियबंधगा जीवा संखेज्ज०। बीइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्ज०। पंचिंदि० बंध० जीवा असंखेज्ज०। एइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्ज०। पंचजादीणं बंधगा जीवा विसेसा०। वेउव्वियसरीरबंधगा जीवा थोवा। ओरालि० बंधगा जीवा असंखेज्ज०।

हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक सासादन गुणस्थानकी अपेक्षा कहे गये हैं। मिथ्यात्वके बन्धक अनन्तगुणे कहे गये हैं, क्योंकि मिथ्यात्वी जीवोंकी संख्या अनन्त है। परिमाणानुगममें कहा है–"**मिच्छत्तस्स बंधगा अणंता**"।

सोलह कषायके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। शेष प्रकृतियोंके बारेमें तिर्यंचोंके ओघ-समान जानना चाहिए। विशेष यह है कि यहाँ सम्यक्त्वके साथ बँधनेवाली प्रकृतियोंका अभाव है।

विशेष—तीर्थंकर तथा आहारकद्विकका सम्यक्त्वके साथ ही बन्ध होता है। अतः यहाँ इनका बन्ध न होगा।

विभंगज्ञानियोंमें–मिथ्यात्वके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। सोलह कषायके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। २ वेदनीय, ६ नोकषाय, ६ संस्थान, ६ संहनन, २ विहायोगति, त्रस-स्थावर स्थिरादि ६ युगल तथा दो गोत्रोंमें देवोंके ओघवत् भंग हैं।

मनुष्यायुके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। नरकायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। चारों आयुके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

नरकगतिके बन्धक जीव स्तोक हैं। देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। चारों गतिके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

इसी प्रकार आनुपूर्वियोंमें जानना चाहिए।

चौइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव स्तोक हैं। त्रीइन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। द्वीन्द्रिय जातिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। पंचेन्द्रिय जातिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। एकेन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। ५ जातियोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव स्तोक हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यात-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेजाक० बंध० जीवा विसे० । सव्वत्थोवा वेउव्वि० अंगो० बंधगा जीवा । ओरालि० अंगो० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । दोण्णं अंगो० बंधगा जी० विसेसा० । अबंधगा जीवा असंखेज्ज० । परघादुस्सा० अबंध० जीवा थोवा । बंधगा जीवा असंखेज्ज० । अगु० उप० बंधगा जीवा विसेसा० । आदावुज्जोव-देवोघं । सव्वत्थोवा सुहुमादितिण्णि बंधगा जीवा । तप्पडिपक्खाणं बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । दोण्णं बंधगा जीवा विसेसा० । आभि० सुद० ओधि०-सव्वत्थोवा पंचणा० अबंधगा जीवा । बंधगा जीवा असंखेज्ज० । एवं अंतराइगं । सव्वत्थोवा चदुदंस० अबं० जीवा । णिद्दापचला-अबं० जी० विसेसा० । बंधगा जीवा असंखेज्जगु० । चदुदंस० बंध० जीवा विसेसा० । दोवेदणी० देवोघं । सव्वत्थोवा लोभसंज० अबं० जीवा । मायासंज० अबं० जीवा विसेसा० । माणसंज० अबं० जीवा विसेसा० । कोधसंज० अबं० जीवा विसेसाहिया । पच्चक्खाणावर०४ अबंध० जीवा संखेज्ज० । अपच्चक्खाणावर०४ अबंध० जीवा असंखेज्जगु० । बंध० जीवा असंखेज्ज० । पच्चक्खाणा०४ बंध० जीवा विसेसा० । कोधसंज० बंध० जीवा विसेसा० । माणसंज० बंध० जीवा विसे० । मायासंज० बंध०

गुणे हैं । तैजस, कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं । औदारिक अंगोपांगके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । दोनों अंगोपांगके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव असंख्यात-गुणे हैं ।

विशेषार्थ—आहारकद्विकका बन्ध अप्रमत्त गुणस्थानमें होनेसे यहाँ उनका वर्णन नहीं किया गया है ।

परघात, उच्छ्वासके अबन्धक जीव स्तोक हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अगुरुलघु, उपघातके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । आतप, उद्योतके विषयमें देवोघवत् जानना चाहिए ।

सूक्ष्मादि ३ के बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं । इनके प्रतिपक्षी बादरादि ३ के बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

आभिनिबोधिक, श्रुत, अवधिज्ञानमें ५ ज्ञानावरणके अबन्धक जीव स्तोक हैं । बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । ऐसा ही अन्तराय वर्णन जानना चाहिए अर्थात् अबन्धक जीव सर्व-स्तोक है और बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

४ दर्शनावरणके अबन्धक जीव सबसे कम हैं । निद्रा, प्रचलाके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । इसके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । ४ दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

दो वेदनीयके बन्धक,अबन्धक जीवोंमें देवोघवत् जानना ।

लोभ-संज्वलनके अबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । माया-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेष अधिक हैं । मान-संज्वलनके अबन्धक जीव इनसे कुछ अधिक हैं । क्रोध-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेष अधिक हैं । प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं तथा बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । क्रोध-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । मान-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । माया-संज्वलनके बन्धक जीव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवा विसे० । लोभसंज० बंध० जीवा विसेसा० । सव्वत्थोवा सत्तणोक० अबंधगा जीवा । हस्सरदिबंधगा जीवा असंखेज्जगु० । अरदिसोग-बंधगा जीवा विसेसा० । भयदुगुंच्छाबंधगा जीवा विसेसा० । ❀लोभसंज० बंधगा जीवा विसेसा० । सव्वत्थोवा सत्तणोक०❀ पुरिस० बंधगा जीवा विसेसा० । मणुसायु-बंधगा जीवा थोवा । देवाउगं बंधगा जीवा असंखेज्ज० । दोण्णं बंधगा जीवा विसे० । अबं० जीवा असंखेज्ज० । दोण्णं गदीणं अबंध० जीवा थोवा । देवगदि-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । मणुसगदि-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । दोण्णं बंध० जीवा विसेसा० । सव्वत्थोवा पंचिंदि० सम-चदुर० वज्जरिसभ-संघ० वण्ण०४ अगुरु०४ पसत्थवि० तस०४ सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमिण-उच्चागोदाणं अबंधगा । बंध० जीवा असंखेज्ज० । पंचसरी० अबंधगा जीवा थोवा । आहारसरीर-बंधगा जीवा संखेज्जगु० । वेउव्विय० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । ओगालि० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तेजाक० बंधगा जीवा विसेसा० । सव्वत्थोवा तिण्णि-अंगो० अबंधगा जीवा । आहार० अंगो० बंधगा जीवा संखेज्ज० । वेउव्विय०

विशेषाधिक हैं । लोभ-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

सात नोकषायके अबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। हास्य-रतिके बन्धक जीव असंख्यात-गुणे हैं। अरति शोकके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। भय-जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। पुरुषवेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेषार्थ—नपुंसकवेदके बन्धक मिथ्यात्व गुणस्थानवर्ती है। स्त्रीवेदके बन्धक सासादन पर्यन्त हैं। अतः इस सम्यक्ज्ञानके वर्णनमें उक्त वेदद्वयका छोड़कर सात नोकषायका कथन किया गया है।

मनुष्यायुके बन्धक जीव स्तोक हैं। देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

विशेषार्थ—नरकायुकी बन्धव्युच्छित्ति मिथ्यात्व गुणस्थानमें होती है। तिर्यंचायुकी सासादनमें बन्ध व्युच्छित्ति कही है, इससे यहाँ इन दो आयुओंका कथन नहीं किया गया है।

दोनों गतिके अबन्धक जीव स्तोक हैं। देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मनुष्य गतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रवृषभसंहनन, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और उच्च गोत्रके अबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

५ शरीरके अबन्धक जीव स्तोक हैं। आहारक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यात-गुणे हैं। तैजस, कार्मण के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

तीनों अंगोपांगके अबन्धक जीव सबसे कम हैं। आहारक अंगोपांगके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। वैक्रियिक अंगोपांगके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। औदारिक अंगोपांगके

❀ एतच्चिह्नान्तर्गतः पाठोऽधिकः प्रतिभाति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंगो० बंधगा जीवा असंखेज्ज०। ओरालि० अंगो० बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तिण्णं बंधगा जीवा विसे०। थिरादि-तिण्णि-युगलं पंचिंदिय-भंगो। तित्थयरं बंधगा जीवा थोवा। अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। एवं ओधिदंस०। मणपज्जवणा० ओधिभंगो। णवरि असंखेज्जगदीओ णत्थि। संखेज्जगुणं कादव्वं।

३१८. एवं संजद० वेदणीयमणुसिभंगो।

३१९. सामाइ० छेदो०-सव्वत्थोवा मायासंज० अबं० जीवा। माणसंज० अबं० जीवा विसेसा०। कोधसंज० अबं० जीवा विसेसा०। बंधगा जीवा असंखेज्ज० (?) माणसंज० बंधगा जीवा विसेसा०। मायासंज० बंधगा जीवा विसे०। लोभ-संज० बंधगा जीवा विसे०। सेसाणं किंचि विसेसेण मणपज्जवभंगो।

३२०. परिहार०-आहारकाजोगिभंगो। णवरि आहारदुगं अत्थि। सुहुमसंपरा-

---

बन्धक असंख्यातगुणे हैं। तीनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

स्थिरादि ३ युगलोंका पंचेन्द्रियके समान भंग जानना चाहिए।

तीर्थंकरके बन्धक जीव स्तोक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार अवधि-दर्शनमें जानना चाहिए। मनःपर्ययज्ञानमें अवधिज्ञानके समान भंग है। विशेष यह है कि यहाँ मनःपर्ययज्ञानमें असंख्यातगुणी संख्यावाली प्रकृति नहीं है। उनके स्थानमें संख्यातगुणेका पाठ करना चाहिए। तात्पर्य यह है कि मनःपर्ययज्ञानमें संख्यातगुणेका क्रम लगाना चाहिए।

"**मणपज्जवणाणी दव्वपमाणेण केवडिया ? संखेज्जा**" (दव्वपमाणाणुगम सूत्र १२४, १२५)। इस कारण यहाँ संख्यातगुणे करनेका विशेष कथन किया गया है।

३१८. इसी प्रकार संयममार्गणामें जानना चाहिए। वेदनीयका मनुष्यनीके समान भंग है। अर्थात् साता-असाताके अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। साताके बन्धक संख्यातगुणे हैं। असाताके बन्धक संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक विशेषाधिक हैं।

३१९, सामायिक छेदोपस्थापना संयममें – माया-संज्वलनके अबन्धक जीव सबसे कम हैं। मान-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। क्रोध-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। क्रोध-संज्वलनके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं (?) मान-संज्वलनके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। माया-संज्वलनके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। लोभ-संज्वलनके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष प्रकृतियोंमें कुछ विशेषताके साथ मनःपर्ययज्ञानके समान भंग हैं।

विशेषार्थ–खुदाबन्धमें इन संयमियोंकी संख्या 'कोडि पुधत्तं' – कोटि पृथक्त्व कही है (सू० १२६ द० प्र०)। इससे क्रोध-संज्वलनके बन्धक 'असंख्यातगुणे'के स्थानमें 'संख्यातगुणे' होना चाहिए।

३२०. परिहार विशुद्धि संयममें – आहारक काययोगीके समान भंग है। विशेष, इस संयममें आहारकद्विकका बन्ध पाया जाता है।

विशेष – परिहारविशुद्धि संयममें आहारकद्विकके उदयका विरोध है, बन्धका नहीं है।[1]

---

१. "मणपज्जवपरिहारे णवरि ण संढित्थिहारदुगं।" –गो० क०,३२७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इयस्स–णत्थि अप्पाबहुगं। यथाक्खादस्स–अबंधगा जीवा थोवा। बंधगा जीवा संखेज्जगुणा। संजदासंजदा–परिहारभंगो। णवरि थोवा देवायु-तित्थयर-बंधगा जीवा। अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। असंजद-तिरिक्खोघं। णवरि अपच्चक्खाणावरणस्स अबंधगा णत्थि। तित्थयरं ओघं।

३२१. चक्खुदंस०–तसपज्जत्तभंगो। अचक्खुदं० ओघं। णवरि एदेसिं दोण्णं विसेसो णादव्वो।

३२२. तिण्णिलेस्सा–असंजदभंगो। तेऊए–सव्वत्थोवा थीणगिद्धि३ अबं०। बंधगा जीवा असंखेज्ज०। छदंसण० बंधगा जीवा विसेसा०। दोवेदणी० णवणोक० छस्संठाण-छसंघ० आदाउज्जो० दोविहा० तसथाव० थिरादिछयुगं दोगोदं देवोघं। सव्वत्थोवा पच्चक्खाणा०४ अबंधगा जीवा। अपच्चक्खाणा०४ अबंध० जीवा असंखेज्ज०। अणंता-

---

सूक्ष्मसाम्परायमें अल्पबहुत्व नहीं है।

विशेष—यहाँ ज्ञानावरण ५, अन्तराय ५, दर्शनावरण ४, यशःकीर्ति, उच्च गोत्र तथा सातावेदनीयका बन्ध होता है। इनके बन्धकोंमें हीनाधिकपनेका अभाव है। यहाँ इन १७ प्रकृतियोंका बन्ध सबके पाया जायेगा।

यथाख्यातसंयममें—अबन्धक जीव स्तोक हैं। बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

विशेषार्थ—यथाख्यात संयम उपशान्त कषायसे अयोगी जिन पर्यन्त पाया जाता है। अयोगी जिनको छोड़कर शेष जीवोंके साता वेदनीयका ही बन्ध होता है। अयोगी जिन ५६८ कहे गये हैं। ये अबन्धक हैं। इनकी अपेक्षा बन्धक संख्यातगुणे कहे हैं।

संयतासंयतोंमें-परिहारविशुद्धिके समान भंग है। विशेष, देवायु तथा तीर्थंकरके बन्धक स्तोक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। असंयममें—तिर्यंचोंके ओघवत् हैं। विशेष, यहाँ अप्रत्याख्यानावरणके अबन्धक नहीं हैं। तीर्थंकर प्रकृतिका ओघवत् जानना चाहिए।

विशेषार्थ—असंयममें अप्रत्याख्यानावरणका बन्ध होता है। इससे उसके अबन्धकका निषेध किया है।

३२१. चक्षुदर्शनमें—त्रस पर्याप्तकके समान भंग हैं।

अचक्षुदर्शनमें—ओघवत् जानना चाहिए। विशेष यह है कि इन दोनोंमें जो विशेषता है उसे जान लेना चाहिए।

विशेषार्थ—चक्षुदर्शन त्रसोंके ही होता है। चक्षुदर्शनी असंख्यात कहे हैं। अचक्षुदर्शन स्थावरोंके भी होता है। अचक्षुदर्शनी अनन्त हैं। (खु० बं०, द्र० प्र० सू० १४१, १४४)

३२२. कृष्णादि तीन लेश्यामें—असंयतके समान भंग हैं।

तेजोलेश्यामें—स्त्यानगृद्धिके अबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। ६ दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

२ वेदनीय, ६ नोकषाय, ६ संस्थान, ६ संहनन, आतप, उद्योत, २ विहायोगति, त्रस, स्थावर, स्थिरादि ६ युगल तथा २ गोत्रका देवोघके समान समझना चाहिए।

प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव सबसे कम हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के अब-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णुबं०४ अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। मिच्छत्त० अबं० जीवा विसेसा०। बंधगा जीवा असंखेज्ज०। अणंताणु०४ बंधगा जीवा विसेसा०। अपच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसेसा०। पच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसेसा०। चदुसंज० बंधगा जीवा विसेसा०। सव्वत्थोवा मणुसायु-बंधगा जीवा। तिरिक्खायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। देवायु-बंधगा जीवा विसेसा०। तिण्णि बंधगा जीवा विसेसा०। अबं० जीवा असंखेज्ज०। एवं चिंतिज्जदि। एवं पुण परिज्जदि। सव्वत्थोवा मणुसायु-बंधगा जीवा। देवायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तिरिक्खायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तिण्णं बंधगा जीवा विसेसा०। अबंधगा जीवा संखेज्ज०। देवगदि-बंधगा जीवा थोवा। मणुसगदिबंधगा जीवा संखेज्ज०। तिरिक्खगदिबंधगा जीवा संखेज्ज०। तिण्णं गदीणं बंधगा जीवा विसे०। एवं आणुपुव्वि०। पंचिंदिय-बंधगा जीवा थोवा। एइंदिय-बंधगा जीवा संखेज्जगु०। दोण्णं बंधगा जीवा विसे०। आहारस० बंधगा जीवा थोवा। वेउव्वियबंधगा जीवा

न्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। इसके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। चारों संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेषार्थ—संज्वलनके अबन्धक सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें होते हैं। तेजोलेश्या देशविरतित्रिकमें पायी जाती है, इस कारण इस लेश्यामें संज्वलनके अबन्धक नहीं कहे हैं।

मनुष्यायुके बन्धक जीव सबसे कम हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। देवायुके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। तीनों आयुके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

विशेष—अशुभत्रिक लेश्यामें नरकायुका बन्ध होता है। इस लेश्यामें नरकायुका बन्ध नहीं होता है।

यह चिन्तनीय है तथा ऐसा समझमें आता है कि मनुष्यायुके बन्धक जीव सबसे कम हैं। देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तीनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

विशेष—आयुके विषयमें दो प्रकारकी प्रतिपादना सम्भवतः दो परम्पराओंको बताती है।

देवगतिके बन्धक जीव स्तोक हैं। मनुष्यगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तीनों गतिके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

इसी प्रकार आनुपूर्वीमें भी जानना चाहिए।

पंचेन्द्रियके बन्धक जीव स्तोक हैं। एकेन्द्रियके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेषार्थ—**शंका**—तेजोलेश्यामें जब द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चौइन्द्रियके बन्धकोंका कथन नहीं है, तब यहाँ एकेन्द्रियके बन्धकका निषेध क्यों नहीं किया गया?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखे०। ओरालि० बंध० जीवा संखेज्ज०। तेजाक० बंधगा जीवा विसेसा०। तिण्णं अंगो० एवं चेव। णवरि तिण्णं अंगो० बंधगा जीवा विसे०। अबं० जीवा संखेज्ज०। एवं पम्माए। णवरि थोवा इत्थिवेदाणं बंध० जीवा। णवुंस० बंधगा जीवा संखेज्ज०। हस्सरदि-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। अरदिसोग-बंधगा जीवा संखेज्ज०। पुरिस० बंधगा जीवा विसेसा०। भयदु० बंधगा जीवा विसेसा०। मणुसायु-बंधगा जीवा थोवा। तिरिक्खायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। देवायु-बंधगा जीवा विसे०। तिण्णं बंधगा जीवा विसे०। अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। मणुसगदि-बंधगा जीवा थोवा। तिरिक्खगदि-बंधगा जीवा संखेज्ज०। देवगदि-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तिण्णं बंधगा जीवा विसे०। एवं आणुपुव्वि०। सव्वत्थोवा आहारस० बंधगा जीवा। ओरालि० बंधगा जीवा असंखेज्ज०। वेउव्वि० बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तेजाक० बंधगा जीवा विसे०। एवं अंगो०। सव्वत्थोवा णग्गोदपरि० बंधगा जीवा। सादियसं० बंधगा जीवा संखेज्ज०। खुज्जसं० बंधगा जीवा संखेज्ज०। वामणसं० बंधगा जीवा संखेज्ज०।

समाधान—सौधर्म,ईशान स्वर्ग तकके देव तेजोलेश्याधारी होते हुए विकलत्रयमें जन्म न ले, एकेन्द्रिय पर्याय प्राप्त करते हैं, इस कारण यहाँ एकेन्द्रियके बन्धक कहे गये हैं। ऐसी आगमकी आज्ञा है।

आहारक शरीरके बन्धक जीव स्तोक हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तैजस, कार्मणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

तीनों अंगोपांगमें ऐसा ही है, किन्तु तीनों अंगोपांगके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

पद्मलेश्यामें इसी प्रकार जानना चाहिए। यहाँ इतना विशेष है, स्त्रीवेदके बन्धक जीव स्तोक हैं। नपुंसकवेदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। हास्य-रतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। अरति-शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। पुरुषवेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। भय-जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

मनुष्यायुके बन्धक जीव स्तोक हैं। तिर्यंचायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। देवायुके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। तीनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

मनुष्यगतिके बन्धक जीव स्तोक हैं। तिर्यंचगतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तीनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

इसी प्रकार आनुपूर्वीमें भी समझना चाहिए।

आहारक शरीरके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। औदारिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तैजस, कार्मणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

इसी प्रकार अंगोपांगमें भी समझना चाहिए।

न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थानके बन्धक जीव सबसे कम हैं। स्वातिकसंस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। कुब्जकसंस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। वामनसंस्थानके बन्धक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुंडसंठाण-बंधगा जीवा संखेज्ज० । समचदुर० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । छण्णं बंधगा जीवा विसेसा० । वज्जरिसभ-संघ० बंधगा जीवा थोवा । वज्जणाराच० बंधगा जीवा संखेज्ज० । उवरि संखेज्जगुणं कादव्वं । छस्संघड० बंधगा जीवा विसेसा० । अबंधगा जीवा असंखेज्ज० । उज्जोव-तित्थय० बंधगा जीवा थोवा । अबंधगा जीवा असंखेज्ज० । अप्पसत्थवि० दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचागो० बंधगा जीवा थोवा । तप्पडिपक्खं बंधगा जीवा असंखेज्ज० । दोण्णं बंधगा जीवा विसेसा० । थिरादि तिण्णि-युगलं देवोघं । सुक्काए–पंचणा० पंचिंदि० वण्ण०४ अगु०४ तस०४ णिमि० पंचंतराइगाणं अबंधगा जीवा थोवा । बंधगा जीवा असंखेज्ज० । चदुदं० अबंधगा जीवा थोवा । णिद्दापचला० अबंधगा जीवा विसेसाहिया । थीणगिद्धि ३ [अ] बंधगा जीवा असंखेज्ज० । बंधगा जीवा संखेज्जगुणा । णिद्दा-पचला-बंधगा जीवा विसे० । चदुदं० बंधगा जीवा विसेसा० । वेदणीयं देवोघं । लोभ-संज० अबंधगा जीवा थोवा । माया-संज० अबं० जीवा विसे० । माण संज० अबं० जीवा विसे० । कोध संज० अबं० जीवा विसे० । पच्चक्खाण०४ अबं० जीवा संखेज्ज० । अपच्चक्खाण०४ अबं० जीवा असंखेज्ज० । मिच्छत्त-अबंधगा जीवा असंखेज्ज० । अणंताणु०४ [अ]बंधगा जीवा

जीव संख्यातगुणे हैं। हुण्डकसंस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। समचतुरस्रसंस्थानके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। छहों संस्थानोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

वज्रवृषभसंहननके बन्धक जीव स्तोक हैं। वज्रनाराचसंहननके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। आगेके संहननोंमें संख्यातगुणे अधिकका क्रम लगाना चाहिए। छह संहननोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

उद्योत, तीर्थंकरके बन्धक जीव स्तोक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके बन्धक जीव स्तोक हैं। इनके प्रतिपक्षी प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्रके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

स्थिरादि ३ युगलोंका देवोघके समान जानना चाहिए।

शुक्ल लेश्यामें – ५ ज्ञानावरण, पंचेन्द्रिय जाति, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, त्रस ४, निर्माण और ५ अन्तरायके अबन्धक जीव स्तोक हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

४ दर्शनावरणके अबन्धक जीव स्तोक हैं। निद्रा, प्रचलाके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके [अ]बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। निद्रा-प्रचलाके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। ४ दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

वेदनीयका देवोघके समान जानना चाहिए।

लोभ-संज्वलनके अबन्धक जीव स्तोक हैं। माया-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। मान-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेष अधिक हैं। क्रोध संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसेसा० । अबंधगा (बंधगा) जीवा संखेज्जगुणा । मिच्छत्त-अबंधगा (?) बंधगा जीवा विसेसा० । अपच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसे० । पच्चक्खाणावरण० बंधगा जीवा बिसे० । कोधसंज० बंधगा जीवा विसे० । माणसंज० बंधगा जीवा विसे० । मायासंज० बंधगा जीवा विसेसा० । लोभसंज० बंधगा जीवा विसे० । सव्वत्थोवा णवणोक० अबंधगा जीवा । इत्थिवे० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । णवुंसक० बंधगा जीवा संखेज्ज० । हस्सरदि-बंधगा जीवा संखेज्ज० । अरदिसोग-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा । पुरिसवे० बंधगा जीवा विसेसा० । भयदु० बंधगा जीवा विसे० । सव्वत्थोवा मणुसायुबंधगा जीवा । देवायु-बंधगा जीवा विसेसा० । दोण्णं बंधगा जीवा विसेसा० । अबंधगा जीवा असंखेज्ज० । सव्वत्थोवा दोण्णं गदीणं अबंधगा जीवा । देवगदि-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । मणुसगदि-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । दोण्णं गदीणं बंधगा जीवा विसेसा० । पंचण्णं सरीराणं अबंधगा जीवा थोवा । आहारस० बंध० जीवा संखेज्ज० । वेउव्विय-बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा । ओरालि० बंध० जीवा असंखेज्ज० । तेजाक० बंधगा जीवा विसे० । एवं अंगो० । सव्वत्थोवा छस्संठा० अबं० जीवा । णग्गोद-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । सादिय-बंधगा जीवा संखेज्जगु० । खुज्जसं० बंधगा जीवा संखेज्ज० ।

अनन्तानुबन्धी ४ के [अ]बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । इनके अबन्धक (बन्धक) जीव संख्यातगुणे हैं । मिथ्यात्वके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । क्रोध-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । मान-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । माया-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । लोभ-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

नव नोकषायके अबन्धक जीव सबसे कम हैं । स्त्रीवेदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । नपुंसकवेदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । हास्य-रतिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । अरतिशोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । पुरुषवेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

मनुष्यायुके बन्धक जीव सबसे कम हैं । देवायुके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

दोनों गति (देव-मनुष्यगति) के अबन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । देवगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । मनुष्यगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । दोनों गतियोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

पाँचों शरीरके अबन्धक जीव स्तोक हैं । आहारक शरीरके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । वैक्रियिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । औदारिक शरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तैजस, कार्मणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । इसी प्रकार अंगोपांगमें भी जानना ।

६ संस्थानोंके अबन्धक जीव सबसे कम हैं । न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । स्वातिक संस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । कुब्जकके बन्धक जीव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वामणसं० जीवा संखेज्ज०। हुंडसं० बंध जीवा संखेज्ज०। समचदु० बंधगा जीवा संखेज्ज०। छण्णं बंधगा जीवा विसेसा०। एवं छस्संघ०। दोविहा० सुभगादि-तिण्णि-युगल-णीचुच्चागो० अबं० जीवा थोवा। अप्पसत्थवि० दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचागो० बंधगा जीवा असंखेज्ज०। तप्पडिपक्खाणं बंधगा जीवा संखेज्ज०। थिरादितिण्णियुग० मणभंगो। सव्वत्थोवा तित्थयरबंधगा जीवा। अबंधगा जीवा संखेज्ज०। भवसिद्धि०—ओघं। अब्भवसिद्धिया—मदिभंगो। णवरि मिच्छत्त-अबंधगा जीवा णत्थि।

३२३. सम्मादिट्ठीसु—सव्वत्थोवा पंचणा० पंचिंदि० समचदु० वज्जरिसभ० वण्ण०४ अगुरु०४ पसत्थविहा० तस०४ सुभगादितिण्णियु० णिमिण-तित्थय० उच्चागो० पंचंत० बंधगा जीवा। अबंध० अणंतगुणा। सव्वत्थोवा णिद्दापचला-बंधगा जीवा। चदुदंस० बंधगा जीवा विसेसा०। अबं० अणंतगुणा। णिद्दापचला अबंधगा जीवा विसेसा०। साद-बंधगा जीवा थोवा। असाद-बंधगा जी० संखेज्ज०। दोण्णं बंधगा जीवा विसेसा०। अबंधगा जीवा अणंतगु०। अपच्चक्खाणा०४ बंध० जीवा थोवा।

संख्यातगुणे हैं। वामनसंस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। हुण्डकसंस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। समचतुरस्रसंस्थानके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। छहों संस्थानोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

इस प्रकार ६ संहननमें जानना चाहिए।

२ विहायोगति, सुभगादि ३ युगल, नीच तथा उच्चगोत्रके अबन्धक जीव स्तोक हैं। अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, नीच गोत्रके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनके प्रतिपक्षी प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय तथा उच्चगोत्रके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। स्थिरादि ३ युगलोंमें मनोयोगियोंके समान भंग हैं।

तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। भव्यसिद्धिकोंमें ओघवत् जानना चाहिए। अभव्यसिद्धिकोंमें—मत्यज्ञानके समान जानना चाहिए। विशेष, मिथ्यात्वके अबन्धक जीव नहीं हैं।

३२३. सम्यग्दृष्टियोंमें—५ ज्ञानावरण, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रवृषभ-संहनन, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभगादि तीन युगल, निर्माण, तीर्थंकर, उच्च गोत्र, ५ अन्तरायके बन्धक जीव स्तोक हैं। अबन्धक अनन्तगुणे हैं।

निद्रा, प्रचलाके बन्धक जीव सर्व स्तोक हैं। ४ दर्शनावरणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। इनके अबन्धक अनन्तगुणे हैं। निद्रा, प्रचलाके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

सातके बन्धक जीव स्तोक हैं। असातके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं।

विशेषार्थ—साता तथा असातके अबन्धक अयोगकेवली अल्पसंख्या युक्त हैं। यहाँ अबन्धक जीव अनन्तगुणे कहे गये हैं, क्योंकि सम्यग्दृष्टि होते हुए वेदनीयका अबन्धकपना अनन्त सिद्धोंमें भी पाया जाता है। 'खुद्दाबन्ध'में सम्यक्त्व मार्गणामें अल्पबहुत्वका कथन करते हुए सिद्धोंकी अनन्तराशिका वर्णन किया गया है, "**यथा सम्मत्ताणुवादेण सव्वत्थोवा सम्मा-मिच्छाइट्ठी। सम्माइट्ठी असंखेज्जगुणा, सिद्धा अणंतगुणा, मिच्छाइट्ठी अणंतगुणा**" (सू० १८२-१९२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसे० । कोध-सं० बं० जी० विसे० । माणसंज० बंध० जी० विसेसा० । मायासंज० बंध० जी० विसेसा० । लोभसंज० बंधगा जीवा विसे० । अबंध० अणंतगुणा । मायासं० अबं० जीवा विसे० । माणसंज० अबं० जीवा विसेसा० । कोधसंज० अबं० जीवा विसे० । पच्चक्खाणा०४ अबं० जीवा विसे० । अपच्चक्खाणा०४ अबं० जीवा विसेसा० । हस्सरदि-बंधगा जीवा थोवा । अरदिसोग-बंधगा जीवा संखेज्जगुणा । भयदु० बंध० जीवा विसे० । पुरिस-वे० बंधगा जीवा विसे० । अबंध० अणंतगुणा । भयदु० अबं० जीवा विसे० । अरदिसोग-अबं० जीवा विसे० । हस्सरदि-अबं० जी० विसे० । मणुसायु-बंधगा जीवा थोवा । देवायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । दोण्णं बंधगा जीवा विसे० । अबंध० जीवा अणंतगुणा । देवगदि-बं० जीवा थोवा । मणुसगदि-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । दोण्णं बंध० जीवा विसे० । अबं० अणंतगुणा । एवं दो आणुपुव्वि० । आहारसरी० बंधगा जीवा थोवा । वेउव्वि० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । ओरालि० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तेजाक० बंधगा जीवा विसेसा० । अबंधगा जीवा अणंतगुणा । एवं तिण्णि-अंगो० । थिरादि-तिण्णियुगलं

अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव स्तोक हैं । प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । क्रोध-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । मान-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । माया-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । लोभ-संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । इसके अबन्धक अनन्तगुणे हैं । माया-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । मान-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । क्रोध-संज्वलनके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

हास्य, रतिके बन्धक जीव स्तोक हैं । अरतिशोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । भय-जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । पुरुषवेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं । भय, जुगुप्साके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अरति, शोकके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं । हास्य, रतिके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

मनुष्यायुके बन्धक जीव स्तोक हैं । देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं ।

विशेषार्थ—यहाँ नरकायु तथा तिर्यंचायुका कथन नहीं किया गया है, कारण नरकायुकी बन्धव्युच्छित्ति मिथ्यात्व गुणस्थानमें तथा तिर्यंचायुकी बन्धव्युच्छित्ति सासादन गुणस्थानमें होती है ।

देवगतिके बन्धक जीव स्तोक हैं । मनुष्यगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । इनके अबन्धक अनन्तगुणे हैं ।

इसी प्रकार दो आनुपूर्वी (देवमनुष्यानुपूर्वी) में भी जानना चाहिए ।

आहारक शरीरके बन्धक जीव स्तोक हैं । वैक्रियिकशरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । औदारिकशरीरके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । तैजस, कार्मणके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं । अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं । इसी प्रकार ३ अंगोपांगमें भी जानना चाहिए ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदणीय-भंगो। एवं खइग-सम्मा०। णवरि थोवा देवायु-बंधगा जीवा। मणुसायु-बंधगा जीवा विसे०। सव्वत्थोवा अपच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा। पच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसे०। एवं चदुसंजल० बंधगा जीवा विसे०। अबं० अणंतगुणा। सेसं पडिलोमेण भाणिदव्वं। हस्सरदि-बंधगा जीवा थोवा। अरदिसोग-बंधगा जीवा संखेज्ज०। भयदु० बंधगा जीवा विसे०। पुरिसवेद-बंधगा जीवा विसे०। अबं० अणंतगुणा। सेसं पडिलोमेण भाणिदव्वं। वेदगे—सव्वत्थोवा पच्चक्खाणा०४ अबंधगा जीवा। अपच्चक्खाणा०४ अबंधगा जीवा असंखेज्ज०। बंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। पच्चक्खाणा०४ बंधगा जीवा विसे०। चदुसंज० बंधगा जीवा विसे०। सव्वत्थोवा हस्सरदि-बंधगा जीवा। अरदिसोग-बंधगा जीवा संखेज्ज०। भयदु० पुरिसवे० बंधगा जी० विसे०। मणुसायु-बंधगा जीवा थोवा। देवायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज०। दोण्णं बंधगा जीवा विसे०। अबं० जीवा असंखेज्ज०। देवगदि-बंधगा जीवा थोवा। मणुसगदि-बंधगा

स्थिरादि ३ युगलके बन्धकोंमें वेदनीयके समान भंग जानना चाहिए।

क्षायिकसम्यक्त्वमें - इसी प्रकार जानना चाहिए। विशेष यह है कि देवायुके बन्धक स्तोक हैं। मनुष्यायुके बन्धक विशेषाधिक हैं।

अप्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। इसी प्रकार ४ संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक अनन्तगुणे हैं।

शेष भंग प्रतिलोमसे जानना चाहिए, अर्थात् प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं, अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

हास्य, रतिके बन्धक जीव स्तोक हैं। अरति, शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। भय, जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। पुरुषवेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। शेष भंगमें प्रतिलोमसे जानना चाहिए अर्थात् भय, जुगुप्साके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अरति-शोकके अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं। हास्य-रतिके अबन्धक जीव भी संख्यातगुणे हैं।

वेदकसम्यक्त्वमें - प्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। अप्रत्याख्यानावरण ४ के अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। प्रत्याख्यानावरण ४ के बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। ४ संज्वलनके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

विशेष—संज्वलनचतुष्कके अबन्धक जीवोंका यहाँ वर्णन नहीं किया गया। कारण वेदकसम्यक्त्व ४ से ७ वें गुणस्थान तक पाया जाता है, और संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभकी बन्धव्युच्छित्ति आनवृत्तिकरणमें होती है। अतः वेदकसम्यक्त्वकी अपेक्षा संज्वलन ४ के अबन्धक जीवका अभाव होनेसे वर्णन नहीं किया गया।

हास्य-रतिके बन्धक जीव सर्वस्तोक हैं। अरति-शोकके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। भय-जुगुप्साके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। पुरुषवेदके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

मनुष्यायुके बन्धक जीव स्तोक हैं। देवायुके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं। अबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखेज्ज० । दोण्णं बंधगा जीवा विसे० । एवं दो आणुपुव्वि० । आहार० बंधगा जीवा थोवा । वेउव्विय० बंधगा जीवा असंखेज्ज० । ओरालि० बंधगा असंखेज्ज० । तेजाक० बंधगा जीवा विसे० । एवं तिण्णि अंगोवंग० । वज्जरिसभ-संघ ओधिभंगो । सेसं युगलं देवोघं । उवसमसं०-ओधिभंगो । सासणे-वेदणीय-पंचसंठा० उज्जोव-दोविहाय० थिरादि-छयुग० दोगोदं णिरयोघं । सव्वत्थोवा पुरिसवे० बंधगा जीवा । हस्सरदि-बंधगा जीवा विसे० । इत्थिवे० बंधगा जीवा संखेज्ज० । अरदिसोग-बंधगा जीवा विसे० । भयदु० बंधगा जीवा विसे० । मणुसायु-बंधगा जीवा थोवा । देवायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तिरिक्खायु-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तिण्णं बंधगा जीवा विसे० । अबं० जीवा असंखेज्ज० । देवगदि-बंधगा जीवा थोवा । मणुसगदि-बंधगा जीवा असंखेज्ज० । तिरिक्खगदि-बंधगा जीवा संखेज्ज० । तिण्णं बंधगा जीवा विसे० । एवं आणुपुव्वि० । वेउव्वियस० बंधगा जीवा थोवा । ओरालि० बंधगा जीवा असंखेज्ज० ।

देवगतिके बन्धक जीव स्तोक हैं । मनुष्यगतिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । दोनोंके बन्धक जीव विशेषाधिक हैं ।

इसी प्रकार दोनों आनुपूर्वियोंमें भी जानना चाहिए ।

